[जिह्वा] जीभ का अग्र-भाग। °णिय, °णी वि [°णी] अगुआ, मुखिया, नायक ; (कप्प ; नाट)। °तावसग पुं [°तापसक] ऋषि-विशेष का नाम ; (सुज्ज १०)। °द्ध न [°र्ध] पूर्वार्ध ; (निचू १)। °पिंड पुं [°पिण्ड] एक प्रकारका भिक्षान्न ; (आचा)। °प्पहारि वि [°प्रहारिन्] पहले प्रहार करनेवाला ; (आव १)। °बीय वि [°बीज] जिसमें बीज पहले ही उत्पन्न हो जाता है या जिसकी उत्पत्ति में उसका अग्र-भाग ही कारण होता है ऐसी आम, कोरंटक आदि वनस्पति ; (पण्ण १ ; ठा ४,१) °मणि पुं (°मणि) मुख्य, श्रेष्ठ शिरोमणि ; (उप ७२८ टी)। °महिसी स्त्री [°महिषी] पट्टरानी ; (सुपा ४६)। °य वि [°ज] १ आगे उत्पन्न होने वाला। २ पुं. ब्राह्मण। ३ बड़ा भाई। ४ स्त्री. बड़ी बहन ; (नाट)। °लोग पुं [°लोक] मुक्ति-स्थान सिद्धि-क्षेत्र ; (श्रा १२)। °हत्थ पुं [°हस्त] १ हाथ का अग्र भाग; (उवा)। २ हाथ का अवलम्बन, सहारा ; (से ४, ३)। ३ अंगुली ; (प्राप)।

अग्ग वि [अग्र्य] १ श्रेष्ठ, उत्तम ; (से ८, ४४)। २ प्रधान, मुख्य ; (उत्त १४)।

अग्गओ अ [अग्रतस्] सामने, आगे ; (कुमा)।

अग्गंथ वि [अग्रन्थ] १ धन-रहित। २ पुं. जैन साधु ; (औप)।

अग्गक्खंध पुं [दे] रण-भूमि का अग्र-भाग ; (दे १, २७)।

अग्गल न [अर्गल] १ किवाड़ बंद करने की लकड़ी, आगल ; (दस ५, २)। २ पुं. एक महाग्रह ; (सुज्ज २०)। °पासय पुं [°पाशक] जिसमें आगल दिया जाता है वह स्थान ; (आचा २, १, ५)। °पासाय पुं [°प्रासाद] जहां आगल दिया जाता है वह घर (राय)।

अग्गल वि [दे) अधिक; "बीसा एक्कग्गला" (पिंग)।

अग्गला स्त्री [अर्गला] आगल, हुड़का ; (पाअ)।

अग्गलिअ वि [अर्गलित] जो आगल से बंद किया गया हो वह ; (सुर ६, १०)।

अग्गवेअ पुं [दे] नदी का पूर ; (दे १, १६)।

अग्गह पुं (आग्रह] आग्रह, हठ, अभिनिवेश ; (सुअ १, १, ३; स ५१२)।

अग्गहण न [अग्रहण] १ अज्ञान ; (सुर १२, ४६)। २ नहीं लेना ; (से ११, ६८)।

अग्गहण न [दे. अग्रहण] अनादर, अवज्ञा ; (दे १, १७ ; से ११, ६८)।

अग्गहणिया स्त्री [दे] सीमंतोन्नयन, गर्भाधान के बाद किया जाता एक संस्कार और उसके उपलक्ष्य में मनाया जाता उत्सव, जिसको गुजराती भाषा में "अघरणी" कहते हैं ; (सुपा २३)।

अग्गाहि वि [आग्रहिन्] आग्रही, हठी ; (सूअ १, १३)।

अग्गहिअ वि [दे] १ निर्मित, विरचित ; २ स्वीकृत, कबूल किया हुआ ; (षड्)।

अग्गाणी वि [अग्रणी] मुख्य, प्रधान, नायक "दक्खिण्ण-दयाकलिओ अग्गाणी सयलवणियसत्थस्स" (सुर ६, १३८)।

अग्गारण न [उद्गारण] वमन, वान्ति ; (वाड ७)।

अग्गाह वि [अगाध] अगाध, गंभीर ; "खीरादहिणुव्व अग्गाहा" (गुरु ४)।

अग्गाहार पुं [अग्राधार] ग्राम-विशेष का नाम ; (सुपा ५४५)।

अग्गि पुंस्त्री [अग्नि] १ आग, वह्नि ; (प्रासू २२), "एस पुण कावि अग्गी" (सट्ठि ६१)। २ कृत्तिका नक्षत्र का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३)। ३ लोकान्तिक देव-विशेष; (आवम)। °आरिआ स्त्री [°कारिका] अग्नि-कर्म, होम; (कप्पू)। °उत्त पुं [°पुत्र] ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थकर का नाम ; (सम १५३)। °कुमार पुं [°कुमार] भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति ; (पण्ण १)। °कोण पुं [°कोण] पूर्व और दक्षिण के बीच की दिशा ; (सुपा ६८)। °जस पुं [°यशस्] देव-विशेष ; (दीव)। °ज्जोअ पुं [°द्योत] भगवान् महावीर का पूर्वीय बीसवें ब्राह्मण-जन्म का नाम ; (आचू)। °ट्ठ वि [°स्थ] आग में रहा हुआ ; (हे ४, ४२६)। °ट्ठोम पुं [°ष्टोम] यज्ञ-विशेष; (पि १०; १५६)। °थंभणी स्त्री [°स्तम्भनी] अग्नि की शक्ति को रोकने वाली एक विद्या ; (पउम ७, १३६)। °दत्त पुं [°दत्त] १ भगवान् पार्श्वनाथ के समकालीन ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव; (तित्थ) २। भद्रबाहुस्वामी का एक शिष्य ; (कप्प)। °दाण पुं

[°दाम] सातवें वासुदेव के पिता का नाम ; (पउम २०, १८२)। °देव पुं. [°देव] देव-विशेष; (दीव)। °भूइ पुं [°भूति] १ भगवान् महावीर का द्वितीय गणधर; (कप्प)। २ भगवान् महावीर का पूर्वीय अट्ठारहवें ब्राह्मण-जन्म का नाम ; (आचू)। °माणव पुं [°माणव] अग्निकुमार देवों का उत्तर-दिशा का इन्द्र ; (ठा २, ३)। °माली स्त्री [°माली] एक इन्द्राणी; (दीव)। °वेस पुं [°वेश] १ इस नाम का एक प्रसिद्ध ऋषि ; (णंदि)। २ न. एक गोत्र ; (कप्प)। °वेस पुं [°वेश्मन्] १ चतुर्दशी तिथि ; (जं)। २ दिवस का बाइसवाँ मुहूर्त ; (चंद १०)। °वेसायण पुं [°वेश्यायन) १ अग्निवेश ऋषि का पौत्र ; (णंदि; स २२५)। २ अग्निवेश-गोत्र में उत्पन्न ; (कप्प)। ३ गोशालक का एक दिक्चर ; (भग १५)। ४ दिन का बाइसवाँ मुहूर्त ; (सम ५१)। °सक्कार पुं [°संस्कार] विधि-पूर्वक जलाना, दाह देना ; (आवम)। °सप्पभा स्त्री [°सप्रभा] भगवान् वासुपूज्य की दीक्षा समय की पालखी का नाम ; (सम)। °सम्म पुं [°शर्मन्] एक प्रसिद्ध तपस्वी ब्राह्मण ; (आचा)। °सिह पुं [°शिख] १ सातवें वासुदेव का पिता ; (सम १५२)। २ अग्निकुमार देवों का दक्षिण-दिशा का इन्द्र ; (ठा २, ३)। °सिह पुं [°सिंह] एक जैन मुनि ; (उप ४८६)। °सिहा-चारण पुं [°शिखाचारण] अग्नि-शिखा में निर्बाधितया गमन करने की शक्ति वाला साधु ; (पव ६८)। °सीह पुं [°सिंह] सातवें वासुदेव के पिता का नाम ; (ठा ६)। °सेण पुं [°षेण] ऐरवत क्षेत्र के तीसरे और बाईसवें तीर्थंकर ; (तित्थ, सम १५३)। °होत्त न [°होत्र] १ अग्न्याधान, होम ; (विसे १६४०)। २ पुं. ब्राह्मण ; (पउम ३५, ६)। °होत्तवाइ वि [°होत्रवादिन्] होम से ही स्वर्ग की प्राप्ति माननेवाला (सूअ १, ७)। °होत्तिय वि [°होत्रिक] होम करनेवाला ; (सुपा ७०)।

अग्गिअ पुं [**अग्निक**] १ यमदग्नि-नामक एक तापस ; (आचू)। २ भस्मक रोग, जिससे जो कुछ खाय वह तुरंत ही हजम हो जाता है ; (विपा १, १ ; विसे २०४८)।

अग्गिअ पुं [**दे**] इन्द्रगोप, एक जातका क्षुद्र कीट ; (दे १, ५३)। २ वि. मन्द ; (दे १, ५३)।

अग्गिआय पुं [**दे**] इन्द्रगोप, क्षुद्र कीट-विशेष; (षड्)।

अग्गिच्च वि [**आग्नेय**] १ अग्नि-संबन्धी। २ पुं. लोकान्तिक देवों की एक जाति ; [णाया १, ८)। ३ न. गोत्र-विशेष, जो गोतम गोत्र की शाखा है ; (ठा ७)।

अग्गिच्चाभ न [**आग्नेयाभ**] देव-विमान विशेष; (सम १४)।

अग्गिज्झ वि [**अग्राह्य**] लेने के अयोग्य ; (पउम ३१, ५४)।

अग्गिम वि [**अग्रिम**] १ प्रथम, पहला ; (कप्पू)। २ श्रेष्ठ, प्रधान, मुख्य ; (सुपा १)।

अग्गियय पुं [**आग्नेयक**] इस नाम का एक राजपुत्र; (उप ६३७)।

अग्गिलिय देखो **अग्गिम** ; (पंचव २)।

अग्गिल्ल पुं [**अग्निल**] एक महाग्रह ; (ठा २, ३)।

अग्गीय देखो **अगीय** ; (उप ८४०)।

अग्गीवय न [**दे**] घर का एक भाग ; (पउम १६, ६४)।

अग्गुच्छ वि (**दे**) प्रमित, निश्चित ; (षड्)।

अग्गे अ [**अग्रे**] आगे, पहले ; (पिंग)। °तण वि [°तन] आगे का, पहले का ; (आवम)। °सर वि [°सर] अगुआ, मुखिया, नायक; (श्रा २८)।

अग्गेई स्त्री [**आग्नेयी**) अग्निकोण, दक्षिण-पूर्व दिशा ; (भग १८)।

अग्गेणिय न [**अग्रायणीय**] दूसरा पूर्व, बारहवें जैनागम का दूसरा महान् भाग ; (सम २६)।

अग्गेणी देखो **अग्गेई** ; (आवम)।

अग्गेणीय देखो **अग्गेणिय** ; (णंदि)।

अग्गेय वि (**आग्नेय**) १ अग्नि-संबंधी, अग्नि का ; (पउम १२,१२६ ; विसे १६६०)। २ न. शस्त्र-विशेष ; (सुर ८, ४१)। ३ एक गोत्र, जो वत्स गोत्र की शाखा है ; (ठा ७)। ४ अग्नि-कोण, दक्षिण-पूर्व दिशा ; (भवि)।

अग्गोदय न (**अग्रोदक**) समुद्रीय वेला की वृद्धि और हानि ; (सम ७६)।

अग्घ अक [**राज्**] बिराजना, शोभना, चमकना। अग्घइ ; (हे ४, १००)।

अग्घ सक [**अर्ह**] योग्य होना, लायक होना "कलं ण अग्घइ" (णाया १, ८)।

अग्घ सक [**अर्घ्**] १ अच्छी किम्मत से बेचना, २ आदर करना, सम्मान करना ।
"पहिएण पुणो भणियं, तुब्भेहिं सिद्दि ! कम्मि नयरम्मि । गंतव्वं सो साहइ, पवियं अग्घिस्सए जत्थ" (सुपा ५०१)। वकृ—**अग्घायमाण** (णाया १, १)।

अग्घ पुं (**अर्घ**) १ मछली की एक जाति ; (जीव ३)। २ पूजा-सामग्री ; (णाया १, १६)। ३ पूजा में जलादि देना ; (कुमा)। ४ मूल्य, मोल, किम्मत ; (निचू २)। °**वत्त** न [°**पात्र**] पूजा का पात्र ; (गउड)।

अग्घ वि [**अर्घ्य**) १ पूजा में दिया जाता जलादि द्रव्य ; (कप्पू)। २ कीमती, बहु-मूल्य ; (प्राप)।

अग्घव सक [**पूर्**] पूर्ति करना, पूरा करना। अग्घवइ ; (हे ४, ६६)।

अग्घविय वि [**पूर्ण**] १ भरा हुआ, संपूर्ण ; २ पूरा किया गया ; (सुपा १०६, कुमा)।

अग्घविय वि [**अर्घित**] पूजित, सत्कृत, सम्मानित ; (से ११, १६ ; गउड)।

अग्घा सक [**आ+घ्रा**] सूँघना। वकृ—**अग्घाअंत, अग्घायमाण** ; (गा ५६५ ; णाया १, ८)। कवकृ—**अग्घाइज्जमाण** ; (पगग २८)।

अग्घाइ वि [**आघ्रायिन्**] सूँघनेवाला "सभमरपउमग्घाइणि ! वारियवामे ! सहसु इरिहं" (काप्र २६४)।

अग्घाइअ वि [**आघ्रात**] सूँघा हुआ ; (गा ६७)।

अग्घाइज्जमाण देखो **अग्घा**।

अग्घाइर वि [**आघ्रातृ**] सूँघनेवाला। स्त्री—°**री** ; (गा ८८६)।

अग्घाड सक [**पूर्**] पूर्ति करना, पूरा करना। अग्घाडइ ; (हे ४,१६६)।

अग्घाड } पुं [**दे**] वृक्ष-विशेष, अपामार्ग, चिचड़ा,
अग्घाडग } लटजीरा ; (दे १,८ ; पण्ण १)।

अग्घाण वि [**दे**] तृप्त, संतुष्ट ; (दे १,१८)।

अग्घाय वि [**आघ्रात**] सूँघा हुआ ; (पाअ)। २ आहूत बुलाया हुआ ; "बलभद्देणग्घाया भणंति" (विसे २३८४)।

अग्घायमाण देखो **अग्घ=अर्घ्**।

अग्घायमाण देखो **अग्घा**।

अग्घिय वि [**राजित**] विराजित, शोभित ; (कुमा)।

अग्घिय वि [**अर्घित**] १ बहु-मूल्य, कीमती "अग्घियं नाम बहुमोल्लं" (निसी २)। २ पूजित ; (दे १,१०७ ; से २०२)।

अग्घोदय न [**अर्घोदक**] पूजा का जल ; (अभि ११८)।

अघ न [**अघ**] १ पाप कुकर्म ; (कुमा)। २ वि शोचनीय, शोक का हेतु, "अघं बम्हणभावं" (प्रयौ ८०)।

अघो देखो **अहो** ; (नाट)।

अचक्खु पुंन [**अचक्षुस्**] १ आँख सिवाय बाकी इन्द्रियाँ और मन ; (कम्म १, १०)। २ आँख को छोड़ बाकी इन्द्रिय और मन से होनेवाला सामान्य ज्ञान ; (दं १६)। ३ वि अंधा, नेत्र-हीन ; (कम्म ४)। °**दंसण** न [°**दर्शन**] आँख को छोड़ बाकी इन्द्रियां और मनसे होनेवाला सामान्य ज्ञान ; (सम १५)। °**दंसणावरण** न [°**दर्शनावरण**] अचक्षुर्दर्शन को रोकनेवाला कर्म ; (ठा ६)। °**फास** पुं [°**स्पर्श**) अंधकार, अंधेरा ; (णाया १ १४)।

अचक्खुस वि [**अचाक्षुष**] जो आँख से देखा न जा सके ; (पगह १,१)।

अचक्खुस्स वि [**अचक्षुष्य**] जिसको देखनेको मन न चाहता हो ; (बृह ३)।

अचर वि (**अचर**) पृथिव्यादि स्थिर पदार्थ, स्थावर ; (दंस)।

अचल वि [**अचल**] १ निश्चल, स्थिर ; (आचा)। २ पुं. यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि के एक पुत्र का नाम ; (अंत ३)। एक बलदेव का नाम ; (पव २०६)। ४ पर्वत पहाड़ ; (गउड १२०)। ५ एक राजा, जिसने रामचन्द्र के छोटे भाई के साथ जैन दीक्षा ली थी ; (पउम ८५,४)। °**पुर** न [°**पुर**] ब्रह्म-द्वीप के पास का एक नगर ; (कप्प)। °**प्प** न [°**आत्मन्**] हस्तप्रहेलिका को ८४ लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह, अन्तिम संख्या ; (इक)। °**भाय** पुं [°**भ्रातृ**] भगवान् महावीर का नववाँ गणधर ; (कप्प)।

अचल न (**दे**) १ घर ; २ घर का पिछला भाग ; ३ वि. कहा हुआ ; ४ निष्ठुर, निर्दय ; ५ नीरस, सूखा ; (दे १, ५३)।

अचला स्त्री [**अचला**] पृथिवी। २ एक इन्द्राणी ; (णाया २)।

अचिंत वि [**अचिन्त**] निश्चिन्त, चिन्ता-रहित।

अचिंत वि [**अचिन्त्य**] अनिर्वचनीय, जिसकी चिन्ता भी न हो सके वह, अद्भुत ; (लहुअ ३)।

अचिंतणिज्ज } वि [**अचिन्तनीय**] ऊपर देखो ; (अभि
अचिंतणीअ } २०३; महा) ।
अचिंतिय वि [**अचिन्तित**] आकस्मिक, असंभवित ; (महा) ।
अचित्त वि [**अचित्त**] जीव-रहित, अचेतन " चित्तमचित्त वा णेव सयं अजिन्नं गिरहेज्जा " (दस ४) ।
अचियंत } वि [**दे**] १ अनिष्ट, अप्रीतिकर ; (सूअ २,२ ;
अचियत्त } पण्ह २, ३) । २ न. अप्रीति, द्वेष; (ओघ २६१) ।
अचिरा देखो **अइरा** ; (पउम ३७, ३७) ।
अचिराभा स्त्री [**अचिराभा**] बिजली, विद्युत् ; (पउम ४२, ३२) ।
अचिरेण देखो **अइरेण** ; (प्राकृ) ।
अचेयण वि [**अचेतन**] चैतन्य-रहित निर्जीव ; (पण्ह १, २) ।
अचेल न [**अचेल**] १ वस्त्रों का अभाव । २ अल्प-मूल्यक वस्त्र ; ३ थोड़ा वस्त्र ; (सम ४०) । ४ वि. वस्त्र-रहित, नग्न ; ५ जीर्ण वस्त्र वाला ; ६ अल्प वस्त्र वाला ; ७ कुत्सित वस्त्र वाला, मैला " तह थोव-जुन्न-कुत्थियचेलेहिवि भण्णए अचेलोत्ति " (विसे २६०१) । °**परिसह**, °**परीसह** पुं [°**परिषह**, °**परीषह**] वस्त्र के अभाव से अथवा जीर्ण, अल्प या कुत्सित वस्त्र होने से उसे अदीन भाव से सहन करना ; (सम ४०; भग ८, ८) ।
अचेलग } वि [**अचेलक**] १ वस्त्र-रहित, नग्न ; २ फटा-
अचेलय } टुटा वस्त्र वाला ; ३ मलिन वस्त्र वाला ; ४ अल्प वस्त्र वाला ; ५ निर्दोष वस्त्र वाला ; ६ अनियत रूप से वस्त्र का उपभोग करने वाला ; (ठा ५, ३) ।
" परिसुद्धजिण्ण-कुच्छियथोवानिययन्नभोगभोगेहिं " ।
मुणओ मुच्छारहिया, संतेहिं अचेलया हु 'ति" (विसे२५९९) ।
अच्च सक [**अर्च्**] पूजना, सत्कार करना । अच्चेइ ; (औप) । अच्च ; (दे २, ३५ टी) । वकृ— **अच्चिज्जंत**, (सुपा ७८) । कृ—**अच्चणिज्ज** ; (णाया १, १) ।
अच्च पुं [**अर्च्य**] १ लव (काल-मान) का एक भेद ; (कप्प) । २ वि. पूज्य, पूजनीय ; (हे १,१७७) ।
अच्चंग न [**अत्यङ्ग**] विलासिता के प्रधान अंग, भोग के मुख्य साधन " अच्चंगाणं च भोगाओ माणं " (पंचा १) ।
अच्चंत वि [**अत्यन्त**] हद से ज्यादः, अत्यधिक, बहुत ; (सुर ३, २२) । °**थावर** वि [°**स्थावर**] अनादि-काल से स्थावर-जाति में रहा हुआ ; (आवम) । °**दूसमा** स्त्री [°**दुष्षमा**] देखो **दुस्समदुस्समा** ; (पउम २०, ७२) ।
अच्चंतिअ वि [**आत्यन्तिक**] १ अत्यन्त, अधिक, अतिशयित । २ जिसका नाश कभी न हो वह, शाश्वत ; (सूअ २,६) ।
अच्चग वि [**अर्चक**] पूजक ; (चैत्य १२) ।
अच्चण न [**अर्चन**] पूजा, सम्मान ; (सुर ३, १३ ; सत्त १२ टी) ।
अच्चणा स्त्री [**अर्चना**] पूजा; (अच्चु ५७) ।
अच्चत्त वि [**अत्यक्त**] नहीं छोड़ा हुआ, अपरित्यक्त ; (उप पृ १०७) ।
अच्चत्थ वि [**अत्यर्थ**] १ अतिशयित, बहुत ; (पण्ह १,१) । २ गंभीर अर्थ वाला ; (राय) । ३ क्रिवि. ज्यादः, अत्यंत; (सुर १,७) ।
अच्चब्भुय वि [**अत्यद्भुत**] बड़ा आश्चर्य-जनक ; (प्रासू ४२) ।
अच्चय पुं [**अत्यय**] १ विपरीत आचरण ; (बृह ३) । २ विनाश, मरण ; (उव) ।
अच्चय वि [**अर्चक**] पूजक, " अच्चयाणां च चिरंतणाणं, जहारिहं रक्खणावट्टणाति " (विवे ७० टी) ।
अच्चर
अच्चरिअ } न [**आश्चर्य**] विस्मय, चमत्कार; (विक्र ६४;
अच्चरीअ } प्रबो १७ ; रंभा ; भवि ; नाट) ।
अच्चहम वि [**अत्यधम**] अति नीच ; (कप्पू) ।
अच्चा स्त्री [**अर्चा**] पूजा, सत्कार; (गउड) ।
अच्चासणया स्त्री [**अत्यासनता**] खूब बैठना, देर तक या वारंवार बैठना ; (ठा ६) ।
अच्चासणया स्त्री [**अत्यशनता**] खूब खाना ; (ठा ६) ।
अच्चासण्ण } न [**अत्यासन्न**] अति समीप, खूब
अच्चासन्न } नजदीक ; (भग १,१ ; उवा) ।
अच्चासाइय } वि [**अत्याशातित**] अपमानित, हैरान
अच्चासाविय } किया गया ; (ठा १० ; भग ३,२) ।
अच्चासाय सक [**अत्या+शातय्**] अपमान करना, हैरान करना । वकृ—**अच्चासायमाण** ; (ठा १०) । हेकृ-**अच्चासाइत्तए** ; (भग ३, २) ।

अच्चाहिअ } वि [**अत्याहित**] १ महा-भीति, बड़ा भय;
अच्चाहिद } २ झुठा, असत्य ; (स्वप्न ४७) । ३ ऐसा जोखमी कार्य, जिसमें प्राण-हानि की संभावना हो ; (अभि ३७) ।

अच्चि स्त्री [**अर्चिस्**] १ कान्ति, तेज ; (भग २,५) । २ अग्नि की ज्वाला ; (पण्ण १) । ३ किरण ; (राय) । ४ दीप की शिखा ; (उत्त ३) । ५ न. लोकान्तिक देवों का एक विमान ; (सम १४) । °**मालि** पुं [°**मालिन्**] १ सूर्य, रवि ; (सुअ १,६) । २ वि. किरणों से शोभित ; (राय) । ३ न. लोकान्तिक देवों का एक विमान; (सम १४) । °**माली** स्त्री [°**माली**] १ चन्द्र और सूर्य की तृतीय अग्र-महिषी का नाम ; (ठा ४,१) । २ 'ज्ञातासूत्र' के द्वितीय श्रुतस्कन्ध के एक अध्ययन का नाम ; (णाया २) । ३ शक्रेन्द्र की तृतीय अग्रमहिषी की राजधानी का नाम ; (ठा ४,२) । °**मालिणी** स्त्री [°**मालिनी**] चन्द्र और सूर्य की एक अग्रमहिषी का नाम ; (भग १०,५ ; इक) ।

अच्चिअ वि [**अर्चित**] १ पूजित, सत्कृत ; (गा १५०) । २ न. विमान-विशेष; (जीव ३—पत्र १३७) ।

अच्चित्त देखो **अचित्त**; (ओघ २२; सुर १२,२७) ।

अच्चीकर सक [**अर्ची+कृ**] १ प्रशंसा करना । २ खुशामद करना । अच्चीकरेइ । वकृ— **अच्चीकरंत** ; (निचू ५) ।

अच्चीकरण न [**अर्चीकरण**] १ प्रशंसा ; २ खुशामद ; " अच्चीकरणं रण्णो, गुणवयणं तं समासओ दुविहं । संतमसंतं च तहा, पच्चक्खपरोक्खमेक्केक्कं ॥ " (निचू ५) ।

अच्चुअ पुं [**अच्युत**] १ विष्णु ; (अच्चु ५) । २ बारहवाँ देवलोक ; (सम ३६) । ३ ग्यारहवें और बारहवें देवलोक का इन्द्र ; (ठा २,३) । ४ अच्युत-देवलोकवासी देव ; " तं चेव आरणच्चुय ओहिण्णाणेण पासंति " (विसे ६६६) । °**नाह** पुं [°**नाथ**] बारहवें देवलोक का इन्द्र ; (भवि) । °**वइ** पुं [°**पति**] इन्द्र-विशेष; (सुपा ६१) । °**वडिंसग** न [°**ावतंसक**] विमान-विशेष का नाम ; (सम ४१) । °**सग्ग** पुं [**स्वर्ग**] बारहवाँ देवलोक ; (भवि) ।

अच्चुआ स्त्री [**अच्युता**] छठवें और सतरहवें तीर्थंकर की शासन-देवी ; (संति ६; १०) ।

अच्चुइंद पुं [**अच्युतेन्द्र**] ग्यारहवें और बारहवें देवलोक का स्वामी, इन्द्र-विशेष ; (पउम ११७,७) ।

अच्चुक्कड वि [**अत्युत्कट**] अत्यंत उग्र ; (आवम) ।

अच्चुग्ग वि [**अत्युग्र**] ऊपर देखो ; (पव २२४) ।

अच्चुच्च वि [**अत्युच्च**] खूब ऊंचा, विशेष उन्नत ; (उप ६८६ टी) ।

अच्चुट्ठिय वि [**अत्युत्थित**] अकार्य करनेको तय्यार ; (सूअ १,१४) ।

अच्चुण्ह वि [**अत्युष्ण**] खूब गरम ; (ठा ५,३) ।

अच्चुत्तम वि [**अत्युत्तम**] अति श्रेष्ठ ; (कप्पू) ।

अच्चुदय न [**अत्युदक**] १ बड़ी वर्षा ; (ओघ ३०) । २ प्रभूत पानी ; (जीव ३) ।

अच्चुदार वि [**अत्युदार**] अत्यन्त उदार ; (स ६००) ।

अच्चुन्नय वि [**अत्युन्नत**] बहुत ऊंचा ; (कप्प) ।

अच्चुब्भड वि [**अत्युद्भट**] अति-प्रबल ; (भवि) ।

अच्चुवयार पुं [**अत्युपकार**] महान् उपकार ; (गा ५१४) ।

अच्चुवयार पुं [**अत्युपचार**] विशेष सेवा-सुश्रूषा ; (गा ५१४) ।

अच्चुव्वाय वि [**अत्युद्वात**] अत्यंत थका हुआ ; (बृह ३) ।

अच्चुसिण वि [**अत्युष्ण**] अधिक गरम ; (आचा २,१,७) ।

अच्चेअर न [**आश्चर्य**] आश्चर्य, विस्मय ; (विक्र १५) ।

अच्छ अक [**आस्**] बैठना । अच्छइ ; (हे १,२१४) । वकृ—**अच्छंत**, **अच्छमाण** ; (सुर ७,१३ ; णाया १,१) कृ—**अच्छियव्व** ; **अच्छेयव्व** ; (पि ५७० ; सुर १२,२२८) ।

अच्छ वि [**अच्छ**] १ स्वच्छ, निर्मल; (कुमा) । २ पुं. स्फटिक रत्न ; (पव २७५) । ३ पुं. ब. आर्य देश-विशेष ; (प्रव २७५) ।

अच्छ पुं [**ऋक्ष**] रींछ, भालुक ; (पण्ह १,१) ।

अच्छ वि [**आच्छ**] अच्छ-देश में उत्पन्न, (पण्ण ११) ।

अच्छ न [**दे**] १ अत्यन्त, विशेष ; २ शीघ्र, जल्दी ; (दे १,४६) ।

°**अच्छ** वि [°**अक्षि**] आंख, नेत्र ; (कुमा) ।

°**अच्छ** पुं [**कच्छ**] १ अधिक पानीवाला प्रदेश ; २ लताओं का समूह ; ३ तृण, घास ; (से ६,४७) ।

°**अच्छ** पुं [**वृक्ष**] वृक्ष, पेड़ ; (से ६,४७) ।

अच्छअ पुं [**अक्षक**] १ बहेड़ा का वृक्ष ; २ न. स्वच्छ जल ; (से ६, ४७) ।

अच्छअर न [**आश्चर्य**] विस्मय, चमत्कार ; (कुमा) ।

अच्छंद वि [**अच्छन्द**] जो स्वाधीन न हो, पराधीन " अच्छंदा जे ण भुंजंति ण से चाइत्ति वुच्चइ " (दस २) ।

अच्छक्क देखो **अत्थक्क** ; (गउड) ।

अच्छण न [**आसन**] १ बैठना ; (णाया १, १) । २ पालखी वगैरः सुखासन ; (ओघ ७८) । °**घर** न [°**गृह**] विश्राम-स्थान ; (जीव ३) ।

अच्छण न [**दे**] १ सेवा, शुश्रूषा ; (बृह ३) । २ देखना, अवलोकन ; (वव १) । ३ अहिंसा, दया ; (दस ८) ।

अच्छणिउर न [**अच्छनिकुर**] अच्छनिकुरांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा २, १) ।

अच्छणिउरंग न [**अच्छनिकुराङ्ग**] संख्या-विशेष, नलिन को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा २, १) ।

अच्छण्ण वि [**अच्छन्न**] अगुप्त, प्रकट ; (बृह ३) ।

अच्छभल्ल पुं [**ऋक्षभल्ल**] रींछ, भालुक ; (दे १, ३७ ; पण्ह १, १) ।

अच्छभल्ल पुं [**दे**] यक्ष, देव-विशेष ; (दे १, ३७) ।

अच्छरआ देखो **अच्छरा** ; (षड्) ।

अच्छरय पुं [**आस्तरक**] शय्या पर बिछानेका वस्त्र-विशेष ; (णाया १, १) ।

अच्छरसा } स्त्री [**अप्सरस्**] १ इन्द्र की एक पटरानी ;
अच्छरा } (ठा ६) । २ 'ज्ञाताधर्मकथा' का एक अध्ययन ; (णाया २) । ३ देवी ; (पउम २, ४१) । ४ रूपवती स्त्री ; (पण्ह १, ४) ।

अच्छराणिवाय पुं [**दे**] १ चुटकी ; २ चुटकी बजाने में जितना समय लगता है वह, अत्यल्प समय ; (पण्ण ३६) ।

अच्छरिअ }
अच्छरिज्ज } न [**आश्चर्य**] विस्मय, चमत्कार ; (हे १, ५८ ; प्रयौ ४२) ।
अच्छरीअ }

अच्छल न [**अच्छल**] निर्दोषता, अनपराध ; (दे १, २०) ।

अच्छवि वि [**अच्छवि**] जैन-दर्शन में जिसको स्नातक कहते हैं वह, जीवन्मुक्त योगी ; (भग २५, ६) ।

अच्छविकर पुं [**अक्षपिकर**] एक प्रकार का मानसिक विनय ; (ठा ८) ।

अच्छहल्ल पुं [**ऋक्षभल्ल**] रींछ, भालुक ; (पाअ) ।

अच्छा स्त्री (**अच्छा**) वरुण देश की राजधानी ; (पव २७५) ।

°**अच्छा** स्त्री [**कक्षा**] गर्व, अभिमान ; (से ६, ४७) ।

अच्छाइ वि [**आच्छादिन्**] ढकने वाला, आच्छादक ; (स ३५१) ।

अच्छायण न [**आच्छादन**] १ ढकना ; (दे ७, ४५) । २ वस्त्र, कपड़ा ; (आचा) ।

अच्छायणा स्त्री [**आच्छादना**] ढकना, आच्छादित करना ; (वव ३) ।

अच्छायंत वि [**अच्छातान्त**] तीक्ष्ण, धारदार ; (पाअ) ।

अच्छि लि [**अक्षि**] आँख, नेत्र ; (हे १, ३३ ; ३५) । °**चमढण** न [°**मलन**] आँख का मलना ; (बृह २) । **णिमीलिय** न [**निमीलित**] १ आँख का मूँदना मींचना ; २ आँख मिंचने में जो समय लगे वह " अच्छिणिमीलियमेत्तं, णत्थि सुहं दुक्खमेव अणुबद्धं । णरए णेरइआणं, अहोणिसं पच्चमाणाणं " (जीव ३) । °**पत्त** न [°**पत्र**] आँख का पक्ष्म, पपनी ; (भग १४, ८) । °**वेहग** पुं [°**वेधक**] एक चतुरिन्द्रिय जन्तु, क्षुद्र जीव-विशेष ; (उत्त ३६) । °**रोडय** पुं [°**रोडक**] एक चतुरिन्द्रिय जन्तु, क्षुद्र कीट-विशेष ; (उत्त ३६) । °**ल्ल** वि [°**मत्**] १ आँख वाला प्राणी ; २ चौइन्द्रिय जन्तु ; (उत्त ३६) । °**मल** पुं [°**मल**] आँख का मैल, कीट्ट ; (निचू ३) ।

अच्छिंद सक [**आ+छिद्**] १ थोड़ा छेद करना । २ एक वार छेद करना । ३ बलात्कार से छीन लेना । वकृ—**अच्छिंदमाण** ; (भग ८, ३) ।

अच्छिंद पुं [**अक्षीन्द्र**] गोशालक के एक दिक्चर (शिष्य) का नाम ; (भग १५) ।

अच्छिंदण न [**आच्छेदन**] १ एक वार छेदना ; (निचू ३) । २ छीनना । ३ थोड़ा छेद करना, थोड़ा काटना ; (भग १५) ।

अच्छिक्क वि [**दे**] अस्पृष्ट, नहीं छुआ हुआ ; (वव १) ।

अच्छिघरुल्ल वि [**दे**] अप्रीतिकर ; २ पुं. वेष, पोशाक ; (दे १, ४१) ।

अच्छिज्ज वि [**आच्छेद्य**] १ जबरदस्ती जो दूसरे से छीन लिया जाय ; (पिंड) । २ पुं. जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष ; (आचा) ।

अच्छिज्ज वि [**अच्छेद्य**] जो तोड़ा न जा सके ; (ठा ३, २) ।

अच्छित्ति स्त्री [**अच्छित्ति**] १ नाश का अभाव, नित्यता। २ वि. नाश-रहित; (विसे)। °**णय** पुं [°**नय**] नित्यता-वाद, वस्तु को नित्य माननेवाला पक्ष; (पव)।

अच्छिद्द वि [**अच्छिद्र**] १ छिद्र-रहित, निबिड, गाढ़; (जं २)। २ निर्दोष; (भग २, ५)।

अच्छिण्ण } **अच्छिन्न** } वि [**आच्छिन्न**] १ बलात्कार से छीना हुआ। २ छेदा हुआ, ताड़ा हुआ; (पाअ)।

अच्छिण्ण } **अच्छिन्न** } वि [**अच्छिन्न**] १ नहीं तोड़ा हुआ, अलग नहीं किया हुआ; (ठा १०)। २ अव्यवहित, अन्तर-रहित; (गउड)।

अच्छिप्प वि [**अस्पृश्य**] छूने को अयोग्य; (सुपा २८१)।

अच्छिप्पंत वि [**अस्पृशत्**] स्पर्श नहीं करता हुआ; (श्रा १२)।

अच्छिय वि [**आसित**] बैठा हुआ; (पि ४८०; ५६५)।

अच्छिवडण न [**दे**] आँख का मूँदना; (दे १, ३६)।

अच्छिविअच्छि स्त्री [**दे**] परस्पर-आकर्षण, आपस की खींचतान; (दे १, ४१)।

अच्छिहरिल्ल } **अच्छिहरुल्ल** } देखो **अच्छिघरुल्ल**; (दे १, ४१)।

अच्छी देखो **अच्छि**; (रंभा)।

अच्छुक्क न [**दे**] अक्षि-कूप-तुला, आँख का कोटर; (सुपा २०)।

अच्छुत्ता स्त्री [**अच्छुप्ता**] १ एक विद्याधिष्ठात्री देवी; (ति ८)। २ भगवान् मुनिसुव्रत-स्वामी की शासन-देवी; (संति १०)।

अच्छुद्धसिरी स्त्री [**दे**] इच्छा से अधिक फल की प्राप्ति, असंभावित लाभ; (षड्)।

अच्छुल्लूढ वि [**दे**] निष्कासित, बहार निकाला हुआ, स्थान-भ्रष्ट किया हुआ; (बृह १)।

अच्छेज्ज देखो **अच्छिज्ज**; (ठा ३, २; ४)।

अच्छेर } **अच्छेरग** } **अच्छेरय** } न [**आश्चर्य**] १ विस्मय, चमत्कार; (हे १, ५८)। २ पुंन. विस्मय-जनक घटना, अपूर्व घटना; (ठा १०, १३८)। °**कर** वि [°**कर**] विस्मय-जनक, चमत्कार उपजानेवाला; (श्रा १४)।

अच्छोड सक [**आ+छोटय्**] १ पटकना, पछाड़ना। २ सिंचना, छिटकना। "अच्छोडेमि सिलाए, तिलं तिलं किं नु छिंदामि" (सुर १५, २३; सुर २, २४५)।

अच्छोड पुं [**आच्छोट**] १ सिंचन। २ आस्फालन करना, पटकना; (ओघ ३५७)।

अच्छोडण न [**आच्छोटन**] १ सिंचन। २ आस्फालन; (सुर १३, ४१; सुपा ५६३; वेणी १०६)। ३ मृगया, शिकार; (दे १, ३७)।

अच्छोडाविय वि [**दे. अच्छोटित**] बन्धित, बँधाया हुआ; (स ५२५; ५२६)।

अच्छोडिअ वि [**दे**] आकृष्ट, खींचा हुआ "अच्छोडिअवत्थद्धं"; (गा १६०)।

अच्छोडिअ वि [**आच्छोटित**] सिक्त, सिंचा हुआ; (सुर २, २४५)।

अछिप्प वि [**अस्पृश्य**] स्पर्श करने को अयोग्य "सो सुणओव्व अछिप्पो कुलुग्गयाणं, न उण पुरिसो" (सुपा ४८७)।

अज देखो **अय**=अज; (पउम ११, २५; २६)।

अजगर देखो **अयगर**; (भवि)।

अजड पुं [**दे**] जार, उपपति; (षड्)।

अजड वि [**अजड**] १ पक्व, विकसित; (गउड)। २ निपुण, चतुर; (कुमा)।

अजम वि [**दे**] १ सरल, ऋजु; (षड्)। २ जमाईन; (पभा १५)।

अजय वि [**अयत**] १ पाप-कर्म से अविरत, नियम-रहित; (कम्म ४)। २ अनुयोगी, यत्न-रहित; (ओघ ५४)। ३ उपयोग-शून्य, बे-ख्याल; (सुपा ५२२)। ४ क्रिवि. बे-ख्याल से, अनुपयोग से "अजयं चरमाणो य पाणभूयाइ हिंसइ; (दस ४; उवर ४ टी)।

अजय पुं [**अजय**] षट्पद छंद का एक भेद; (पिंग)।

अजयणा स्त्री [**अयतना**] अनुपयोग, ख्याल नहीं रखना, गफलती; (गच्छ ३)।

अजर वि [**अजर**] १ वृद्धावस्था-रहित, बुढ़ापा-वर्जित। २ पुं. देव देवता; (आवम)। ३ मुक्त-आत्मा; (ओघ)।

अजराउर वि [**दे**] उष्ण, गरम; (दे १, ४५)।

अजरामर वि [**अजरामर**] १ बुढ़ापा और मृत्यु से रहित "णत्थि कोइ जगम्मि अजरामरो" (महा)। २ न. मुक्ति, मोक्ष। ३ स्त्री—°**रा** विद्या-विशेष; (पउम ७, १३६)।

अजस पुं [**अयशस्**] १ अपयश, अपकीर्ति; (उप ७६८)। °**किक्तिणाम** न [°**कीर्तिनामन्**] अपकीर्ति का कारण-भूत एक कर्म; (सम ६७)।

अजस्स क्रिवि [**अजस्र**] निरन्तर, हमेशां "आमरणंतमजस्सं संजमपरिपालणं विहिणा" (पंचा ८)।

अजा देखो **अया**; (कुमा)।

अजाण वि [अज्ञान] अनजान, मूर्ख; (रयण ८५)।
अजाणअ वि [अज्ञायक] अनजान, जानकारी-रहित; (काल)
अजाणणा स्त्री [अज्ञान] अ-जानकारी बे-समझी "अजाणणाए तव्वत्ती न कया तम्मि केणवि" (श्रा २८)।
अजाणुय वि [अज्ञायक] अज्ञ, नहीं जानने वाला; (ठा ३, ४)।
अजाय वि. [अजात] अनुत्पन्न, अ-निष्पन्न। °**कप्प** पुं [°कल्प] शास्त्रोंको पूरा २ नहीं जाननेवाला जैन साधु, अगीतार्थ "गीयत्थ जायकप्पो अगीओ खलु भवे अजाओ अ" (धर्म ३)। °**कप्पिय** पुं [°कल्पिक] अगीतार्थ जैन साधु; (गच्छ १)।
अजिअ वि [अजित] १ अपराजित, अपराभूत; २ पुं. दुसरे तीर्थंकर का नाम; (अजि १)। ३ नववें तीर्थंकर का अधिष्ठाता देव; (संति ७)। ४ एक भावी बलदेव; (ती २१)। °**बला** स्त्री [°बला] भगवान् अजितनाथ की शासन-देवी; (पव २७)। °**सेण** पुं [°सेन] १ एक प्रसिद्ध राजा; (आव)। २ चौथा कुलकर; (ठा १०)। ३ एक विख्यात जैन मुनि; (अंत ४)।
अजिअ वि [अजीव] जीव-रहित, अचेतन; (कम्म १,१५)।
अजिअ वि [अजय्य] जो जिता न जा सके; (सुपा ७५)।
अजिआ स्त्री [अजिता] १ भगवान् अजितनाथ की शासन-देवी; (संति ६)। २ चतुर्थ तीर्थंकर की एक मुख्य शिष्या; (तित्थ)।
अजिण न [अजिन] १ हरिण-आदि पशुओं का चमड़ा; (उत्त ५; दे ७, २७)। २ वि. जिसने राग-द्वेष का सर्वथा नाश नहीं किया है वह; (भग १५)। ३ जिन-भगवान् के तुल्य सत्योपदेशक जैन साधु "अजिणा जिणसंकासा, जिणा इवावितहं वागरमाणा" (औप)।
अजिण्ण देखो **अइन्न**=अजीर्ण; (आव)।
अजिर न [अजिर] आँगन, चौक; (सण)।
अजीर } देखो **अइन्न**=अजीर्ण; (वव १; णाया १,
अजीरय } १३)।
अजीव पुं [अजीव] अचेतन, निर्जीव, जड पदार्थ; (नव २)। °**काय** पुं [°काय] धर्मास्तिकाय आदि अजीव पदार्थ; (भग ७, १०)।
अजुअ पुं [दे] वृक्ष-विशेष, सप्तच्छद, सतौना; (दे १,१७)
अजुअ न [अयुत] दश हजार "दोण्णि सहस्सा रहाणं, पंच अजुयाणि हयाणं" (महा)।
अजुअलवण्ण पुं [अयुगलपर्ण] सतौना; (दे१,४८)।
अजुअलवण्णा स्त्री [दे] इम्ली का पेड़; (दे १, ४८)।
अजुत्त वि [अयुक्त] अयोग्य, अनुचित; (विसे)। °**कारि** वि [°कारिन्] अयोग्य कार्य करनेवाला; (सुपा ६०४)।
अजुत्तोय वि [अयुक्तिक] युक्ति-शून्य, अन्याय्य; (सुर १२, ५४)।
अजेअ वि [अजय्य] जो जिता न जा सके "सो मउडरयणपहावेण अजेओ दोमुहराया" (महा)।
अजोग पुं [अयोग] मन, वचन और काया के सब व्यापारों का जिसमें अभाव होता है वह सर्वोत्कृष्ट योग, शैलेशी-करण; (औप)।
अजोग वि [अयोग्य] अयोग्य, लायक नहीं वह; (निचू ११)।
अजोगि पुं [अयोगिन्] १ सर्वोत्कृष्ट योग को प्राप्त योगी; २ मुक्त आत्मा; (ठा २, १; कम्म ४, ४७; ५०)।
अज्ज सक [अर्ज्] पैदा करना, उपार्जन करना, कमाना। अज्जइ; (हे ४, १०८)। संकृ—**अज्जिय**; (पिंग)।
अज्ज वि [अर्य] १ वैश्य; २ स्वामी, मालक; (दे१, ५)।
अज्ज वि [आर्य] १ उत्तम, श्रेष्ठ; (ठा ४, २)। २ मुनि, साधु; (कप्प)। ३ सत्कार्य करनेवाला; (वव १)। ४ पूज्य, मान्य; (विपा १, १)। ५ पुं. मातामह; (निसी)। ६ पितामह; (णाया १,८)। ७ एक ऋषि का नाम; (णंदि)। ८ न. गोत्र-विशेष; (णंदि)। ९ जैन साधु, साध्वी और उनकी शाखाओं के पूर्व में यह शब्द प्रायः लगता है, जैसे **अज्जवइर**, **अज्जचंदणा**, **अज्जपोमिला**; (कप्प)। °**उत्त** पुं [°पुत्र] १ पति, भर्ता; (नाट)। २ मालक का पुत्र; (नाट)। °**घोस** पुं [°घोष] भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर; (ठा ८)। °**मंगु** पुं [°मङ्गु] एक प्राचीन जैनाचार्य; (सार्ध २२)। °**मिस्स** वि [°मिश्र] पूज्य, मान्य; (अभि १३)। °**समुद्द** पुं [°समुद्र] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य; (सार्ध २२)।
अज्ज अ [अद्य] आज; (सुर २, १६७)। °**त्त** वि [°तन] अधुनातन, आजकलका; (रंभा)। °**त्ता** स्त्री [°ता] आज कल; (कप्प)। °**प्पभिइ** अ [°प्रभृति] आज से ले कर; (उवा)।
अज्जज पुं [दे] १ जिनेन्द्र देव; २ बुद्ध देव; (दे १,५)।

अज्ज न [**आज्य**] घी, घृत ; (पाअ) ।
अज्ज देखो **रि=ऋ** ।
अज्जं अ [**अद्य**] आज ; (गा ५८) ।
अज्जंत वि [**आयत्**] आगामी । °**काल** पुं [°**काल**] भविष्य काल ; (पाअ) ।
अज्जंहिज्जो अ [**अद्यहः**] आजकल, (उप पृ ३३४) ।
अज्जग देखो **अज्जय=**अर्जक ; " अज्जगतरुमंजरिव्व " (सुपा ५३) ।
अज्जग देखो **अज्जय=**आर्यक ; (निर १, १) ।
अज्जण) [**अर्जन**] उपार्जन पैदा करना ; (श्रा
अज्जणण) १२; सत्त १८) " रज्जं केरिसमेवं कसमुवायं तदज्जणे " (उप ७ टी) ।
अज्जम पुं [**अर्यमन्**] १ सूर्य ; (पि २६१) । २ देव-विशेष ; (जं ७) । ३ उत्तर-फाल्गुनी नक्षत्र का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३) । ४ न उत्तर-फाल्गुनी नक्षत्र ; (ठा २, ३) ।
अज्जय पुं [**आर्यक**] १ मातामह, मां का बाप ; (पउम ५०,२) । २ पितामह, पिता का पिता; (भग ६,३३); "जं पुण अज्जय-पज्जय-जणयज्जियअत्थमज्झओ दाणं । परमत्थओ कलंकं तयं तु पुरिसाभिमाणीणं " (सुर १, २२०) ।
अज्जय वि [**अर्जक**] १ उपार्जन करने वाला, पैदा करने वाला; (सुपा १२४) । २ पुं. वृक्ष-विशेष; (पण्ण १) ।
अज्जय पुं [**दे**] १ सुरस-नामक तृण ; २ गुरंटक-नामक तृण ; (दे १, ५४) । ३ तृण, घास ; (निचू ११) ।
अज्जल पुं [**आर्यल**] म्लेच्छों की एक जाति; (पण्ण १) ।
अज्जव न [**आर्जव**] सरलता, निष्कपटता; (नव २६) ।
अज्जव (अप) देखो **अज्ज=**आर्य । °**खंड** पुं [**खण्ड**] आर्य-देश ; (भवि) ।
अज्जवया स्त्री [**आर्जव**] ऋजुता, सरलता; (पंचव) ।
अज्जवि वि [**आर्जविन्**] सरल, निष्कपट; (आचा) ।
अज्जा स्त्री [**आर्या**] १ साध्वी ; (गच्छ २) । २ गौरी, पार्वती ; (दे १, ५) । ३ आर्या-छन्द ; (जं २) । ४ भगवान् मल्लिनाथ की प्रथम शिष्या ; (सम १५२) । ५ मान्या, पूज्या स्त्री (पि १०६, १४३, १४५) । ६ एक कला ; (औप) ।
अज्जा स्त्री [**आज्ञा**] आदेश, हुकुम ; (हे २, ८३) ।
अज्जाव सक [**आ+ज्ञापय्**] आज्ञा करना, हुकुम फरमाना । कृ—**अज्जावेयव्व** ; (सूअ २, १) ।

अज्जिअ वि [**अर्जित**] उपार्जित, पैदा किया हुआ ; (श्रा १४) ।
अज्जिआ स्त्री [**आर्यिका**] १ मान्या, पूज्या स्त्री ; २ साध्वी; संन्यासिनी ; (सम ६५ ; पि ४४८) । ३ माता की माता ; (दस ७) । ४ पिता की माता ; (स २५५) ।
अज्जिणण देखो **अज्जणण** ; (उप ६६४) ।
अज्जीव देखो [**अजीव**] " धम्माधम्मा पुग्गल, नह कालो पंच हुंति अज्जीवा " (नव १०) ।
अज्जु (अप) अ [**अद्य**] आज; (हे ४,३४३; भवि; पिंग) ।
अज्जुअ (शौ) देखो **अज्ज=**आर्य ; (नाट) ।
अज्जुआ (शौ) देखो **अज्जा=**आर्या ; (पि १०५) ।
अज्जुण पुं [**अर्जुन**] १ तीसरा पांडव ; (णाया १, १६) । २ वृक्ष-विशेष ; (णाया १, ६ ; औप) । ३ गोशालक के एक दिक्चर (शिष्य) का नाम ; (भग १५) । ४ न श्वेत सुवर्ण, सफेद सोना ; "सव्वज्जुणसुवण्णगमई" (औप) । ५ तृण-विशेष ; (पण्ण १) । ६ अर्जुन वृक्ष का पुष्प ; (णाया १, ६) ।
अज्जुणग) [**अर्जुनक**] १-६ ऊपर देखो । ७ एक
अज्जुणय) मालीका नाम ; (अंत १८) ।
अज्जू स्त्री [**आर्या**] सासु, श्वश्रू ; (हे १, ७७) ।
अज्जोग देखो **अजोग=**अयोग ; (पंच १) ।
अज्जोगि देखो **अजोगि** ; (पंच १) ।
अज्जोरुह न [**दे**] वनस्पति-विशेष ; (पण्ण १) ।
अज्झक्ख वि [**अध्यक्ष**] अधिष्ठाता ; (कप्पू) ।
अज्झ पुं [**दे**] यह (पुरुष, मनुष्य); (दे १, ५०) ।
अज्झत्त देखो **अज्झप्प** ; (सूअ १, २, २, १२) ।
अज्झत्थ वि [**दे**] आगत, आया हुआ ; (दे १, १०) ।
अज्झत्थ) न [**अध्यात्म**] १ आत्मा में, आत्म-
अज्झप्प) संबंधी, आत्म-विषयक ; (उत्त १; आचा) । २ मन में, मन-संबंधी, मनो-विषयक ; (उत्त ६; सूअ १, १६, ४) । ३ मन, चित्त " अज्झप्पसाणयणं " (दसनि १, २६) । ४ शुभ-ध्यान " अज्झप्प-रए सुसमाहिअप्पा, सुत्तत्थं च विआणइ जे स भिक्खू " (दस १०, १५) । ५ पुं. आत्मा ; (ओघ ७४५) । °**जोग** पुं [°**योग**] योग-विशेष, चित्त की एकाग्रता ; (सूअ १, १६, ४) । °**दोस** पुं [°**दोष**] आध्यात्मिक दोष—क्रोध, मान, माया और लोभ ; (सूअ १, ६) ।

°**त्तिय** वि [°**प्रत्ययिक**] चित्त-हेतुक, मन से ही उत्पन्न होने वाला, शोक, चिन्ता आदि ; (सूअ २, २, १६) । °**विसोहि** स्त्री [°**विशुद्धि**] आत्म-शुद्धि ; (ओघ ७४५) । °**संवुड** वि [°**संवृत**] मनो-निग्रही, मन को काबू में रखनेवाला ; (आचा) । °**सुइ** स्त्री [°**श्रुति**] अध्यात्म-शास्त्र, आत्म-विद्या, योग-शास्त्र ; (पण्ह २, १)। °**सुद्धि** स्त्री [°**शुद्धि**] मन की शुद्धि ; (आचू १) । °**सोहि** स्त्री [°**शुद्धि**] मनः-शुद्धि ; (आचू १) ।

अज्झत्थिय वि [**आध्यात्मिक**] आत्म-विषयक, आत्मा या मन से संबंध रखनेवाला ; (विपा १,१; भग २,१) ।

अज्झय वि [**दे**] प्रातिवेश्मिक. पडौसी ; (दे १, १७) ।

अज्झयण पुंन [**अध्ययन**] १ शब्द, नाम ; (चंद १)। २ पढ़ना, अभ्यास ; (विसे) । ३ ग्रन्थ का एक अंश ; (विपा १, १) ।

अज्झयणि वि [**अध्ययनिन्**] पढ़ने वाला, अभ्यासी ; (विसे १४६५) ।

अज्झयाव सक [**अधि+आप्**] पढ़ाना, सीखाना । अज्झयाविंति ; (विसे ३१६६) ।

अज्झवस सक [**अध्यव+सो**] विचार करना, चिंतन करना । वकृ—**अज्झवसंत** ; (सुपा ५६५) ।

अज्झवसण } न [**अध्यवसान**] चिन्तन, विचार, **अज्झवसाण** } आत्म-परिणाम, "तो कुमरेणं भणियं, मुणिपुंगव ! रइमुहज्झवसणंपि । किं इयफलयं जायइ ?" (सुपा ५६५ ; प्रासू १०४ ; विपा १, २) ।

अज्झवसाय पुं [**अध्यवसाय**] विचार, आत्म-परिणाम, मानसिक संकल्प ; (आचा ; कम्म ४, ८२) ।

अज्झवसिय वि [**अध्यवसित**] १ जिसका चिन्तन किया गया हो वह; (औप) । २ न. चिन्तन, विचार; (अणु) ।

अज्झवसिय न [**दे**] मुँडा हुआ मुंह ; (दे १, ४०) ।

अज्झसिय वि [**दे**] देखा हुआ, दृष्ट; (दे १, ३०) ।

अज्झस्स सक [**आ+क्रुश**] आक्रोश करना, अभिशाप देना । अज्झस्सइ ; (दे १, १३) ।

अज्झस्स } वि [**आक्रुष्ट**] जिस पर आक्रोश किया **अज्झस्सिय** } गया हो वह ; (दे १, १३) ।

अज्झहिय वि [**अभ्यधिक**] अत्यंत, अतिशयित; (महा) ।

अज्झा स्त्री [**दे**] १ असती, कुलटा ; २ प्रशस्त स्त्री ; ३ नवोढ़ा, दुलहिन ; ४ युवती स्त्री ; ५ वह (स्त्री) ; (दे १, ५० ; गा ८३८, ८५८; वज्जा ६४) ।

अज्झाइअव्व वि [**अध्येतव्य**] पढ़ने योग्य ; "सुअं मे भविस्सइ त्ति अज्झाइअव्वं भवइ" (दस ६, ४, ३) ।

अज्झाय पुं [**अध्याय**] १ पठन, अभ्यास ; (नाट) । २ ग्रन्थ का एक अंश ; (विसे १११५; प्राप) ।

अज्झारुह पुं [**अध्यारुह**] १ वृक्ष-विशेष ; २ वृक्षों के ऊपर बढ़नेवाली वल्ली या शाखा वगैरः ; (पण्ण १) ।

अज्झारोवण न [**अध्यारोपण**] १ आरोपण, ऊपर चढ़ाना । २ पूछना, प्रश्न करना ; (विसे २६२८) ।

अज्झारोह पुं [**अध्यारोह**] देखो **अज्झारुह** ; (सूअ २, ३, ७; १८; १६) ।

अज्झावणा स्त्री [**अध्यापना**] पढ़ाना; (कम्म १,६०) ।

अज्झावय वि [**अध्यापक**] पढ़ानेवाला, शिक्षक, गुरु ; (वसु; सुर ३,२६) ।

अज्झावस अक [**अध्या+वस्**] रहना, वास करना । वकृ—**अज्झावसंत** ; (उवा) ।

अज्झास पुं [**अध्यास**] १ ऊपर बैठना ; २ निवास-स्थान ; (सुपा २०) ।

अज्झासणा स्त्री [**अध्यासना**] सहन करना ; (राज) ।

अज्झासिअ वि [**अध्यासित**] १ आश्रित, अधिष्ठित ; २ स्थापित, निवेशित ; (नाट) ।

अज्झाहय वि [**अध्याहत**] १ उत्तेजित "सीयलेणं सुरहिगंधमट्टियागंधेणं हत्थी अज्झाहओ वणं संभरइ" (महा) ।

अज्झीण वि [**अक्षीण**] १ अक्षय, अखूट ; २ न. अध्ययन ; (विसे ६५८) ।

अज्झुववज्ज देखो **अज्झोववज्ज** ; (पि ७७; औप) ।

अज्झुववण्ण देखो **अज्झोववण्ण** ; (विपा १, १) ।

अज्झुववाय देखो **अज्झोववाय** ; (उप पृ २८१) ।

अज्झुसिर वि [**अशुषिर**] छिद्र-रहित ; (ओघ ३१३) ।

अज्झेउ वि [**अध्येतृ**] पढ़नेवाला ; (विसे १४६५) ।

अज्झेल्ली स्त्री [**दे**] दोहनेपर भी जिसका दोहन हो सके ऐसी गैया ; (दे १, ७) ।

अज्झेसणा स्त्री [**अध्येषणा**] अधिक प्रार्थना, विशेष याचना ; (राज) ।

अज्झोयरग } पुं [**अध्यवपूरक**] १ साधु के लिए अधिक **अज्झोयरय** } रसोई करना ; २ साधु के लिए बढ़ाकर की हुई रसोई ; (औप; पव ६७) ।

अज्झोल्लिआ स्त्री [**दे**] वक्षः-स्थल के आभूषण में की जाती मोतीओं की रचना ; (दे १, ३३) ।

अज्झोवगमिय वि [**आभ्युपगमिक**] स्वेच्छा से स्वीकृत; (पराण ३४)।

अज्झोववज्ज अक [**अभ्युप+पद्**] अत्यासक्त होना, आसक्ति करना। अज्झोववज्जइ; (पि ७७)। भवि-अज्झोववज्जिहिइ; (औप)।

अज्झोववण्ण } वि [**अभ्युपपन्न**] अत्यंत आसक्त;
अज्झोववन्न } (विपा १, २; णाया १, २; महा; पि ७७)।

अज्झोववाय पुं [**अभ्युपपाद**] अत्यन्त आसक्ति, तल्लीनता; (पगह २, ५)।

अट } सक [**अट्**] भ्रमण करना, घूमना। अटइ;
अट्ट } (षड्; हे १, १६५)। परिअट्टइ; (हे ४, २३०)।

अट्ट सक [**क्वथ्**] क्वाथ करना। अट्टइ; (हे ४, ११६; षड्; गउड)।

अट्ट अक [**शुष्**] सूकना, शुष्क होना। अट्टंति (से ५, ६१)। वकृ—**अट्टंत**; (से ५, ७३)।

अट्ट वि [**आर्त**] १ पीडित, दुःखित; (विपा १, १)। २ ध्यान-विशेष—इष्ट-संयोग, अनिष्ट-वियोग, रोग-निवृत्ति और भविष्य के लिए चिन्ता करना; (ठा ४, १)। °**ण्ण** वि [°**ज्ञ**] पीडित की पीडा को जाननेवाला; (षड्)।

अट्ट वि [**ऋत**] गत, प्राप्त; (णाया १,१; भग १२,२)।

अट्ट पुंन [**अट्ट**] १ दुकान, हाट; (श्रा १४)। २ महल के ऊपर का घर, अटारी; (कुमा)। ३ आकाश; (भग २०, २)।

अट्ट वि [**दे**] १ कृश, दुर्बल; २ बड़ा, महान्; ३ निर्लज्ज, बेशरम; ४ आलसु, सुस्त; ५ पुं. शुक, तोता; ६ शब्द, अवाज; ७ न. सुख; ८ झूठ, असत्योक्ति; (दे १,५०)।

अट्टट्ट वि [**दे**] गया हुआ, गत; (दे १, १०)।

अट्टट्टहास पुं [**अट्टट्टहास**] देखो **अट्टहास**, (उव)।

अट्टण न [**अट्टन**] १ व्यायाम, कसरत; (औप)। २ पु. इस नाम का एक प्रसिद्ध मल्ल; (उत्त ४)। °**साला** स्त्री [°**शाला**] व्यायाम-शाला, कसरत-शाला; (औप; कप्प)।

अट्टण न [**अटन**] परिभ्रमण; (धर्म ३)।

अट्टमट्ट पुं [**दे**] १ आलवाल, कियारी; (हे २, १७४)। २ अशुभ संकल्प-विकल्प, पाप-संबद्ध अव्यवस्थित विचार; "अणवट्ठियं मणो जस्स झाइ बहुयाइं अट्टमट्टाइं। तं चिंतियं च न लहइ, संचिणइ य पावकम्माइं" (उव)।

अट्टय पुं [**अट्टक**] १ हाट, दुकान; (श्रा १२)। २ पाल के छिद्र को बन्ध करने में उपयुक्त द्रव्य-विशेष; (बृह १)।

अट्टयक्कली स्त्री [**दे**] कमर पर हाथ रख कर खड़ा रहना; (पाअ)।

अट्टहास पुं [**अट्टहास**] बहुत हँसना, खिलखिला कर हँसना; (पि २७१)।

अट्टालग } पुंन [**अट्टालक**] महल का उपरि-भाग, अटारी;
अट्टालय } (सम १३७; पउम २, ८)।

अट्टि स्त्री [**आर्ति**] पीड़ा, दुःख; (आचा)।

अट्टिय वि [**आर्तित**] शोकादि से पीडित "अट्टा अट्टिय-चित्ता, जह जीवा दुक्खसागरमुवेंति" (औप)।

अट्टिय वि [**अर्दित**] व्याकुल, व्यग्र "अट्टदुहट्टियचित्ता" (औप)।

अट्ठ पुंन [**अर्थ**] १ वस्तु, पदार्थ; (उवा २; अच्चु); "अट्ठदंसी" (सूअ १, १४) 'अट्ठाइं, हेऊइं, पसिणाइं' (भग २, १)। २ विषय "इंदियट्ठा" (ठा ६)। ३ शब्द का अभिधेय, वाच्य; (सूअ १, ६)। ४ मतलब, तात्पर्य; (विपा २,१; भास १८)। ५ तत्त्व, परमार्थ "तुब्भेत्थ भो भारहरा गिराणं, अट्ठं न याणाह अहिज्ज वेए" (उत्त १२, ११)। "इओ चुएसु दुहमट्ठदुग्गं" (सूअ १, १०, ८)। ६ प्रयोजन, हेतु; (हे २, ३३)। ७ अभिलाष, इच्छा "अट्ठो भंते! भोगेहिं, हंता अट्ठो" (णाया १, १६; उत्त ३)। ८ उद्देश्य, लक्ष्य; (सूअ १, २, १)। ९ धन, पैसा; (श्रा १४; आचा)। १० फल, लाभ "अट्ठजुत्ताणि सिक्खिज्जा णिरट्ठाणि उ वज्जए" (उत्त १)। ११ मोक्ष, मुक्ति; (उत्त १)। °**कर** पुं [°**कर**]। १ मंत्री; २ निमित्त शास्त्र का विद्वान्; (ठा ८, ३)। °**जाय** वि (**जातार्थ**) जिसकी आवश्यकता हो, जिसका प्रयोजन हो वह "अट्ठेण जस्स कज्जं संजातं एस अट्ठजाओ य" (वव २)। °**जाय** वि [°**याच**] धनार्थी, धन की चाह वाला; (वव २)। °**सइय** वि [°**शतिक**] सौ अर्थवाला, जिसका सौ अर्थ हो सके ऐसा (वचन आदि); जं २)। °**सेण** पुं [°**सेन**] देखो **अट्ठिसेण**। देखो **अत्थ**=अर्थ।

अट्ठ त्रि.ब. [**अष्टन्**] संख्या-विशेष, आठ, ८ ; (जी ४१)। °**चत्ताल** वि [°**चत्वारिंश**] अठतालीसवाँ ; (पउम ४८, १२६)। °**चत्तालीस** त्रि [°**चत्वरिंशत्**] अठतालीस ; (पि ४४५)। °**ट्ठमिया** स्त्री [°**ष्टमिका**] जैन साधुओं का ६४ दिन का एक व्रत, प्रतिमा-विशेष; (सम ७७)। °**तालोस** वि [°**चत्वारिंशत्**] अठतालीस; (नाट)। °**तीस** त्रि [°**त्रिंशत्**] संख्या-विशेष, अठतीस ; (सम ६५; पि.४४२;४४५)। °**तीसइम** वि [°**त्रिंश**] अठतीसवाँ ; (पउम ३८, ५८)। °**त्तरि** स्त्री [°**सप्तति**] अठत्तर, ७८ की संख्या ; (पि ४४६)। °**त्तीस** त्रि [°**त्रिंशत्**] अठतीस ; (सुपा ६५६ ; पि ४४५)। °**दस** त्रि [°**दशन्**] अठारह, १८ ; (संति ३)। °**दसुत्तरसय** वि [°**दशोत्तरशत**] एक सौ अठारहवाँ ; (पउम ११८, १२०) । °**दह** त्रि [°**दशन्**] अठारह, १८ की संख्या ; (पिंग)। °**पएसिय** वि [°**प्रदेशिक**] आठ अवयव वाला ; (ठा १०)। °**पया** स्त्री [°**पदा**] एक वृत्त. छन्द-विशेष ; (पिंग) °**पाहरिअ** वि [°**प्राहरिक**] आठ प्रहर संबंधी ; (सुर १५, २१८)। °**भाइया** स्त्री [°**भागिका**] तरल वस्तु नापने का बत्तीस पलों का एक परिमाण ; (अणु) । °**म** न [°**म**] तेला, लगा तार तीन दिनों का उपवास ; (सुर ४, ५५)। °**मंगल** पुंन [°**मङ्गल**] स्वस्तिक आदि आठ मांगलिक वस्तु ; (गय)। °**मभत्त** पुंन [°**मभक्त**] तेला, लगा तार तीन दिनों का उपवास ; (णाया १, १)। °**मभत्तिय** वि [°**मभक्तिक**] तेला करनेवाला ; (विपा २, १)। °**मी** स्त्री [°**मी**] तिथि-विशेष अष्टमी ; (विपा २, १)। °**मुत्ति** पुं [°**मूर्ति**] महादेव, शिव ; (ठा ९)। °**याल** त्रि [°**चत्वारिंशत्**] अठतालीस ; (भवि)। °**वन्न** त्रि [°**पञ्चाशत्**] संख्या-विशेष. अट्ठावन, ५८ ; (कम्म १, ३२)। °**वरिस**, °**वारिस** वि [°**वार्षिक**] आठ वर्ष की उम्र का ; (सुर २, १४६ ; ८, १०१)। °**विह** वि [°**विध**] आठ प्रकार का ; (जी २४)। °**वीस** त्रि [°**विंशति**] अट्ठाईस ; (कम्म १, ५)। °**सट्ठि** स्त्री [°**षष्टि**] संख्या-विशेष, अठसठ ; (पि ४४२-६)। °**समइय** वि (°**समयिक**) जिसकी अवधि आठ 'समय' की हो वह ; (औप)। °**सय** न [°**शत**] एक सौ आठ, १०८; (ठा १०)। °**सहस्स** न [°**सहस्र**] एक हजार और आठ; (औप) । °**सामइय** देखो °**समइय** ; (ठा ८) । °**सिर** वि [°**शिरस्**, °**सिर**] अष्ट-कोण, आठ काण वाला ; (औप)। °**सेण** पुं [°**सेन**] देखो **अट्ठिसेण** । °**हत्तर** वि [°**सप्ततितम**] अठत्तरवाँ ; (पउम ७८, ५७)। °**हत्तरि** स्त्री [°**सप्तति**] अठत्तर की संख्या, ७८; (सम ८६)। °**हा** अ [°**धा**] आठ प्रकार का ; (पि ४५१)।

°**अट्ठ** न [**काष्ठ**] काष्ठ, लकड़ी ; (प्रयौ ७४) ।

अट्ठंग वि [**अष्टाङ्ग**] जिसका आठ अंग हो वह । °**णिमित्त** न [°**निमित्त**] वह शास्त्र. जिसमें भूमि, स्वप्न, शरीर, स्वर आदि आठ विषयों के फलाफल का प्रतिपादन हो ; (सूअ १, १२)। °**महाणिमित्त** न [°**महानिमित्त**) अनन्तर-उक्त अर्थ ; (कप्प) ।

अट्ठा स्त्री [**अष्टा**] १ मुष्टि "चउहिं अट्ठाहिं लोयं करइ" (जं २ ; स १८२)। २ मुट्ठीभर चोज ; (पंचव २)।

अट्ठा स्त्री [**आस्था**] श्रद्धा, विश्वास ; (सूअ २, १)।

अट्ठा स्त्री [**अर्थ**] लिए, वास्ते "तइया य मणी दिव्वो, समप्पिओ जीवरक्खट्ठा" (सुर ६, ९ ; ठा ५, २)। °**दंड** पुं [°**दण्ड**] कार्य के लिए की गई हिंसा ; (ठा ५, २) ।

अट्ठाइस वि [**अष्टाविंश**] अठाईसवाँ ; (पिंग) ।

अट्ठाइस, **अट्ठाईस** स्त्री [**अष्टाविंशति**] संख्या-विशेष, अठाईस ; (पिंग; पि ४४२) ।

अट्ठाण न [**अस्थान**] १ अयोग्य स्थान ; (ठा ६ ; विसे ८४५)। २ कुत्सित स्थान, वेश्या का मुहल्ला वगैरः ; (वव २)। ३ अयोग्य, गैरव्याजबी "अट्ठाणमेयं कुसला वयंति, दगेण जे सिद्धिमुयाहरंति" (सूअ १,७)।

अट्ठाण न [**आस्थान**] सभा, सभा-गृह ; (ठा ५, १) ।

अट्ठाणउइ स्त्री [**अष्टानवति**] अठाणवे, ९८ ; (सम ९९) ।

अट्ठाणउय वि [**अष्टानवत**] अठाणवाँ, ९८ वाँ; (पउम ९८, ७८) ।

अट्ठाणिय न [**अस्थान**] अपात्र, अनाश्रय । "अट्ठाणिए होइ बहू गुणाणं, जेणाणसंकाइ मुसं वएज्जा" (सूअ १, १३) ।

अट्ठायमाण वकृ [**अतिष्ठत्**] नहीं बैठता हुआ ; (पंचा १६) ।

अट्ठार } त्रि. ब. [**अष्टादशन्**] संख्या-विशेष, अठारह ;
अट्ठारस } (पउम ३५, ७६ ; संति ५) । °**विह** वि [°**विध**] अठारह प्रकार का ; (सम ३५) ।

अट्ठारसम वि [**अष्टादश**] १ अठारहवाँ ; (पउम १८, ५८) । २ न. लगा तार आठ दिनों का उपवास ; (णाया १, १) ।

अट्ठारसिय वि [**अष्टादशिक**] अठारह वर्ष की उम्र का ; (वव ४) ।

अट्ठारह } देखो **अट्ठार** ; (षड् ; पिंग) ।
अट्ठाराह }

अट्ठावण्ण } स्त्रीन [**अष्टपञ्चाशत्**] संख्या-विशेष, पचास
अट्ठावन्न } और आठ, ५८ ; (पि २६५ ; सम ७४) ।

अट्ठावन्न वि [**अष्टपञ्चाश**] अठावनवाँ ; (पउम ५८, १६) ।

अट्ठावय पुं [**अष्टापद**] १ स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, कैलास ; (पराह १, ४) । २ न. एक जात का जुआ ; (पगह १, ४) । द्यूत-फलक, जिस पर जुआ खेला जाता है वह ; (पराह १, ४) । ४ सुवर्ण, सोना ; (धरा ८) । °**सेल** पुं [°**शैल**] १ मेरु-पर्वत ; २ स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, जहां भगवान् ऋषभदेव निर्वाण पाये थे, "जम्मि तुमं अहिसित्तो, जत्थ य सिवसुक्खसंपयं पत्तो । ते अट्ठावयसेला, सीसामेला गिरिकुलस्स " (धरा ८) ।

अट्ठावय न [**अर्थपद**] अर्थ-शास्त्र, सपत्ति-शास्त्र, (सूत्र १, ७; पगह १, ४) ।

अट्ठावीस स्त्रीन [**अष्टाविंशति**] अठाईस, २८; (पि ४४२, ४४५) ।

अट्ठावीसइ स्त्री [**अष्टाविंशति**] संख्या-विशेष, अठाईस, २८ । °**विह** वि [°**विध**] अठाईस प्रकार का, (पि ४५१) ।

अट्ठावीसइम वि [**अष्टाविंश**] १ अठाईसवां ; (पउम २८, १४१) । २ न. तेरह दिनों के लगातार उपवास ; (णाया १, १) ।

अट्ठासट्ठि स्त्री [**अष्टाषष्टि**] संख्या-विशेष, अठसठ, ६८ ; (पिंग) ।

अट्ठासि } स्त्री [**अष्टाशीति**] संख्या-विशेष ; अठासी,
अट्ठासीइ } ८८ ; (पिंग ; सम ७३) ।

अट्ठासीय वि [**अष्टाशीत**] अठासीवाँ; (पउम ८८, ४४) ।

अट्ठाह न [**अष्टाह**] आठ दिन ; (णाया १, ८) ।

अट्ठाहिया स्त्री [**अष्टाहिका**] १ आठ दिनों का एक उत्सव; (पंचा ८) । २ उत्सव ; (णाया १, ८) ।

अट्ठि वि [**अर्थिन्**] प्रार्थी, गरज वाला, अभिलाषी; (आचा)।

अट्ठि } स्त्रीन [**अस्थि, °क**] १ हड्डी, हाड; (कुमा;
अट्ठिग } पगह १, ३) । २ जिसमें बीज उत्पन्न न
अट्ठिय } हुए हों ऐसा अपरिपक्व फल ; (बृह १) । ३ पुं. कापालिक ' अट्ठी विज्जा कुच्छियभिक्खू '' (बृह १; वव २) । °**मिंजा** स्त्री [°**मिञ्जा**] हड्डी के भीतर का रस ; (ठा ३, ४) । °**सरक्ख** पुं [°**सरजस्क**] कापालिक ; (वव ७) । °**सेण** न [°**षेण**] १ वत्स-गोत्र की शाखारूप एक गोत्र; २ पुं. इस गोत्र का प्रवर्तक पुरुष और उसकी संतान ; (ठा ७) ।

अट्ठिय वि [**अर्थिक**] १ गरजू, याचक, प्रार्थी ; (सूअ १, २, ३) । २ अर्थ का कारण, अर्थ-संबन्धी ; ३ मोक्ष का हेतु, मोक्ष का कारण-भूत "पसन्ना लाभइस्संति पिउलं अट्ठियं सुयं " (उत्त १) ।

अट्ठिय वि [**आर्थिक**] १ अर्थ का कारण, अर्थ-संबन्धी, २ मोक्ष का कारण ; (उत्त १) ।

अट्ठिय वि [**अर्थित**] अभिलषित, प्रार्थित ; (उत्त १) ।

अट्ठिय वि [**अस्थित**] १ अव्यवस्थित, अनियमित ; (पगह १, ३) । २ चंचल, चपल ; (से २, २४) ।

अट्ठिय वि [**आस्थिक**] हड्डी-संबन्धी, हाड का, "अट्ठियं रसं सुणआ " (भत्त १४२) ।

अट्ठिय वि [**अस्थित**] स्थित, रहा हुआ , (से १, ३५) ।

अट्ठुत्तर वि [**अष्टोत्तर**] आठ से अधिक ; (औप) । °**सय** न [°**शत**] एक सौ और आठ; (काल) । °**सय** वि [°**शततम**] एक सौ आठवां ; (पउम १०८, ५०) ।

अठ } देखो **अट्ठ**=अष्टन् ; (पिंग; पि ४४२; १४६ ; भग;
अड } सम १३४) ।

अड सक [**अट्**] भ्रमण करना, फिरना " अडंति संसारे " (पगह १, १) । वकृ—**अडमाण** ; (णाया १,१४) ।

अड पुं [**अवट**] १ कूप, इनारा ; (पाअ) । २ कूप के पास पशुओं के पानी पीने के लिये जो गर्त किया जाता है वह ; (हे १, २७१) ।

°**अड** देखो **तड**=तट ; (गा ११७ ; से १, ५५) ।

अडइ } स्त्री [**अटवि, °वी**] भयानक जंगल, वन ; (सुपा
अडई } १८१, नाट) ।

अडडज्झिय न [दे] विपरीत मैथुन ; (दे १, ४२)।

अडक्खम्म सक [दे] सँभालना, रक्षण करना। कर्म—"अडक्खम्मिज्जंति सवरिआहि वणे" (दे १, ४१)।

अडक्खम्मिअ वि [दे] सँभाला हुआ, रक्षित ; (दे १, ४१)।

अडड न [अटट] 'अटटांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा ३, ४)।

अडडंग न [अटटाङ्ग] संख्या-विशेष, 'तुडिय' या 'महातुडिय' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा ३, ४)।

अडण न [अटन] भ्रमण, घूमना ; (ठा ६)।

अडणी स्त्री [दे] मार्ग, रास्ता ; (दे १, १६)।

अडपल्लण न [दे] वाहन-विशेष ; (जीव ३)।

अडयणा } स्त्री [दे] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री, (दे १,
अडया } १८; पाअ; गा २७४; ६६२ ; वज्जा ८६)।

अडयाल न [दे] प्रशंसा, तारीफ ; (पण्ण २)।

अडयाल } स्त्रीन [अष्टचत्वारिंशत्] अडतालीस,
अडयालीस } ४८ की संख्या ; (जीव ३; सम ७०)।

°**सय** न [°शत] एक सौ और अडतालीस, १४८ ; (कम्म २, २५)।

अडवडण न [दे] स्खलना, रुक रुक कर चलना, "तुरगावि परिस्संता अडवडणं काउमारद्धा" (सुपा ६४५)।

अडवि } स्त्री [अटवि, °वी] भयंकर जंगल, गहरा वन;
अडवी } (पण्ह १, १; महा)।

अडसट्ठि स्त्री [अष्टषष्टि] अडसठ ; (पि ४४२)। °**म** वि [तम] अडसठवाँ ; (पउम ६८, ५१)।

अडाड पुं [दे] बलात्कार, जबरदस्ती ; (दे १, १६)।

अडिल्ल पुं [अटिल] एक जात का पक्षी ; (पण्ण १)।

अडिल्ला स्त्री [अडिल्ला] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

अडोलिया स्त्री [अटोलिका] १ एक राज-पुत्री, जो यवराज की पुत्री और गर्दभराज की बहिन थी ; २ मूषिका, चूही ; (बृह १)।

अडोविय वि [अटोपित] भरा हुआ ; (पण्ह १, ३)।

अड्ड वि [दे] जो आड़े आता हो, बीच में बाधक होता हो वह, "सो कोहाडओ अड्डो आवडिओ" (उप १४६ टी)।

अड्डक्ख सक [क्षिप्] फेंकना, गिराना। अड्डक्खइ ; (हे ४, १४३; षड्)।

अड्डक्खिअय वि [क्षिप्त] फेंका हुआ ; (कुमा)।

अड्डण न [अड्डन] १ चर्म, चमड़ा ; २ ढाल, फलक "नवसुग्गवण्णअड्डणखेडकिआजाणुभीसणसरीरा" (सुर २,५)।

अड्डिया स्त्री [अड्डिका] मल्लों की क्रिया-विशेष ; (विसे ३३५७)।

अड्ढ देखो **अद्ध=अर्ध** ; (हे २, ४१; वंद १०; सुर ६, १२६; महा)।

अड्ढ वि [आढ्य] १ संपन्न, वैभव-शाली, धनी ; (पाअ; उवा)। २ युक्त, सहित ; (पंचा १२)। ३ पूर्ण, परिपूर्ण "विगुणमवि गुणड्ढं" (प्रासू ७१)।

अड्ढअक्कली स्त्री [दे] देखो **अट्टयक्कली**; (दे १,४५)।

अड्ढत्त वि [आरब्ध] शुरू किया हुआ, प्रारब्ध ; (से १३, ६)।

अड्ढाइज्ज } वि [अर्धतृतीय] ढाई ; (सम १०१; सुर
अड्ढाइय } १, ४४; भवि; विसे १४०१)।

°**अड्ढिय** वि [कृष्ट] खींचा हुआ ; (से ५, ७२)।

अड्ढुट्ठ वि [अर्धचतुर्थ] साढ़े तीन ; "अड्ढुट्ठाइं सयाइं" (पि ४५०)।

अड्ढेज्ज न [आढ्यत्व] धनिपन, श्रीमंताई ; (ठा १०)।

अड्ढेज्जा स्त्री [आढ्येज्या] श्रीमंत ने किया हुआ सत्कार ; (ठा १०)।

अड्ढोरुग पुं (अर्धोरुक] जैन साध्वीओं के पहननेका एक वस्त्र ; (ओघ ३१५)।

अढ (अप) देखो **अट्ठ=अष्टन्** ; (पि ६७; ३०४; ४४२; ४४५)।

अढाइस (अप) स्त्रीन [अष्टाविंशति] संख्या-विशेष, अठाईस, २८ ; (पि ४४५)।

अढारसम देखो **अट्ठारसम**; (भग १८; णाया १ १८)।

अण अ [अ°, अन्°] देखो अ°; (हे २, १९०; मे ११ ६४)।

अण सक [अण्] १ अवाज करना। २ जाना। ३ जानना। ४ समझाना। अणइ ; (विसे ३४४१)।

अण पुं [अण] १ शब्द, अवाज ; २ गमन गति ; (विसे ३४४०)। ३ कषाय, क्रोध आदि आन्तर शत्रु ; (विसे १२८७)। ४ गाली, आक्रोश अभिशाप ; (तंदु)। ५ न. पाप ; (पण्ह १, १)। ६ कर्म ; (आचा)। ७ वि. कुत्सित, खराब ; (विसे २७६७ टी)।

अण पुं [अन] देखो **अणंताणुबंधि** ; (कम्म २, ५; १४;२६)।

अण पुं [**अनस्**] शकट, गाड़ी ; (धर्म २) ।

अण देखो **अण्ण**=अन्य " अणहिअअ।वि पिआणं " (से ११, १६; २०) ।

अण न [**ऋण**] १ करजा, ऋण ; (हे १, १४१) । २ कर्म ; (उत्त १) । °**धारग** वि [°**धारक**] करजदार, ऋणी ; (णाया १, १७) । °**बल** वि [°**बल**] उत्तमर्ण, लेनदार; (पण्ह १, ३) । ° **भंजग** वि [°**भञ्जक**] देउलिया ; (पण्ह १, ३) ।

°**अण** देखो **गण** ; (से ६, ६६) ।

°**अण** देखो **जण** , " अणणं महिलाअणं रमंतस्स " (गा ४४) ; " गुरुअणपरवस पिअ किं (काप्र ६१) ; " दास-अणाणं " (अच्चु ३२) ।

अण देखो **तण**;' (से ६, ६६) ।

°**अणअरह** देखो **अणवरय** ; (नाट) ।

अणइवर वि [**अनतिवर**] जिससे बढ़कर दूसरा न हो, सर्वोत्तम ; " अच्छराओ.........अणइवरसोमचारुरूवाओ " (औप) ।

अणईइ वि [**अनीति**] ईति-रहित, शलभादि-कृत उपद्रव से रहित " अणईइपत्ता " (औप) ।

अणंग पुं [**अनङ्ग**] १ काम, विषयाभिलाष, रमणेच्छा; (श्रा १६; आव ६) । २ कामदेव, मन्मथ ; (गा २३३; गउड; कप्पू) । ३ एक राजकुमार, जो आनन्दपुर के राजा जितारि का पुत्र था ; (गच्छ २) । ४ न. विषय-सेवन के मुख्य अंगों के अतिरिक्त स्तन, कुक्षि, मुख आदि अंग; (ठा ५, २) । ५ बनावटी लिंग आदि; (ठा ५.२) । ६ बारह अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन शास्त्र; (विसे ८४४) । ७ वि. शरीर-रहित, अंग-हीन, मृत ; " पहरइ कह णु अणंगो, कह णु हु बिंधंति कोसुमा बाणा" (गउड); "पईव-मज्झे पडई पयंगो, रूवाणुरत्तो हवई अणंगो " (सत्त ४८) । °**घरिणी** स्त्री [°**गृहिणी**] रति, कामदेव की पत्नी ; (सुपा ६६७) । °**पडिसेविणी** स्त्री [°**प्रतिषेविणी**] अमर्यादित रीति से विषय-सेवन करनेवाली स्त्री; (ठा ५, २) । °**पविट्ठ** न [°**प्रविष्ट**] बारह अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन ग्रन्थ; (विसे ५२७) । °**बाण** पुं [°**बाण**] काम के बाण ; (गा ७४८) । °**लवण** पुं [°**लवन**] रामचन्द्रजी का एक पुत्र, लव; (पउम ६७,६) । °**सर** पुं [°**शर**] काम के बाण; (गा १०००) । °**सेणा** स्त्री [°**सेना**] द्वारका की एक विख्यात गणिका ; (णाया १, ५; १६) ।

अणंत पुं [**अनन्त**] चालु अवसर्पिणी काल के चौदहवें तीर्थंकर-देव " विमलमणंतं च जिणं " (पडि) । २ विष्णु, कृष्ण ; (पउम ५, १२२) । ३ शेष नाग ; (सं ६, ८६) । ४ जिसमें अनन्त जीव हों ऐसी वनस्पति, कन्द-मूल वगैरः ; (ओघ ४१) । ५ न. केवल-ज्ञान ; (णाया १, ८) । ६ आकाश ; (भग २०, २) । ७ वि. नाश-वर्जित, शाश्वत ; (सूअ १,१,४ ; पण्ह १, ३) । ८ निःसीम, अपरिमित, असंख्य से भी कहीं अधिक ; (विसे)। ९ प्रभूत, बहुल, विशेष ; (प्रासू २६ ; ठा ४, १) । °**काइय** वि [°**कायिक**] अनन्त जीव वाली वनस्पति, कन्द-मूल आदि ; (धर्म २) । °**काय** पुं [°**काय**] कन्द-मूल आदि अनन्त जीव वाली वनस्पति ; (पण्ण १)। °**खुत्तो** अ [°**कृत्वस्**] अनन्त वार ; (जी ४४) । °**जीव** पुं [°**जीव**] देखो °**काइय** ; (पण्ण १) । °**जीविय** वि [°**जीविक**] देखो °**काइय** ; (भग ८,३) । °**णाण** न [°**ज्ञान**] केवल-ज्ञान ; (दस २) । °**णाणि** वि [°**ज्ञानिन्**] केवल-ज्ञानी, सर्वज्ञ ; (सूअ १, ६) । °**दंसि** वि [°**दर्शिन्**] सर्वज्ञ ; (पउम ४८, १०५) । °**पासि** वि [°**दर्शिन्**] ऐरवत क्षेत्र के बीसवें जिन-देव ; (तित्थ) । °**मिस्सिया** स्त्री [°**मिश्रिका**] सत्य-मिश्र भाषा का एक भेद ; जैसे अनन्तकाय से भिन्न प्रत्येक-वनस्पति से मिली हुई अनन्तकाय को भी अनन्तकाय कहना ; (पण्ण ११) । °**मीसय** न [°**मिश्रक**] देखो °**मिस्सिया**; (ठा १०) । °**रह** पुं [°**रथ**] विख्यात राजा दशरथ के बड़े भाईका नाम; (पउम २२,१०१)। °**विजय** पुं [°**विजय**] भरतक्षेत्र के २४ वें और ऐरवत क्षेत्र के बीसवें भावि तीर्थंकर का नाम ; (सम १५४)। °**वीरिय** वि [°**वीर्य**] १ अनन्त बल वाला । २ पुं. एक केवलज्ञानी मुनि का नाम ; (पउम १४, १५८) । ३ एक ऋषि, जो कार्तवीर्य के पिता थे ; (आचू १)। ४ भरतक्षेत्र के एक भावि तीर्थंकर का नाम; (ती २१) । °**संसारिय** वि [°**संसारिक**] अनन्त काल तक संसार में जन्म-मरण पानेवाला; (उप ३८४) । °**सेण** पुं [°**सेन**] १ चौथा कुलकर ; (सम १५०) । २ एक अन्तकृद् मुनि ; (अंत ३) ।

अणंतइ पुं [**अनन्तजित्**] चालु काल के चौदहवें जिन-देव; (पउम ५, १४८) ।

अणंतग } १ देखो **अणंत**; (ठा ५, ३) । २ न. वस्त्र-विशेष;
अणंतय } (ओघ ३६) । ३ पुं. ऐरवत क्षेत्र के एक जिनदेव;

(सम १५३)।

अणंतर वि [**अनन्तर**] १ व्यवधान-रहित, अव्यवहित "अणंतरं चयं चइत्ता" (णाया १, ८)। २ पुं. वर्तमान समय; (ठा १०)। ३ क्रिवि. बाद में, पीछे, (विपा १, १)।

अणंतरहिय वि [**अनन्तर्हित**] १ अव्यवहित, व्यवधान-रहित ; (आचा)। २ सजीव, सचित्त, चेतन ; (निचू ७)।

अणंतसो अ [**अनन्तशस्**] अनन्त वार ; (दं ४५)।

अणंताणुबंधि पुं [**अनन्तानुबन्धिन्**] अनन्त काल तक आत्मा को संसार में भ्रमण कराने वाले कषायों की चार चौकडियों में प्रथम चौकड़ी, अतिप्रचंड क्रोध, मान, माया और लोभ ; (सम १६)।

अणक्क पुं [**दे**] १ एक म्लेच्छ देश ; २ एक म्लेच्छ जाति; (पण्ह १, १)।

अणक्ख पुं [**दे**] १ रोष, गुस्सा, क्रोध ; (सुपा १३; १३०; ६१४ ; भवि)। २ लज्जा ; (स ३७६)।

अणक्खर न [**अनक्षर**] श्रुत-ज्ञान का एक भेद—वर्णो के बिना संपर्क के, छींकना, चुटकी बजाना, सिर-हिलाना आदि संकेतों से दूसरे का अभिप्राय जानना ; (णंदि)।

अणगार वि [**अनगार**] १ जिसने घर-बार त्याग किया हो वह, साधु, यति, मुनि ; (विपा १, १ ; भग १७, ३)। २ घर-रहित, भिक्षुक, भीखमँगा; (ठा ६)। ३ पुं. भरतक्षेत्र के भावी पांचवें तीर्थंकर का एक पूर्वभवीय नाम; (सम १५४)। °**सुय** न [°**श्रुत**] 'सूत्रकृतांग' सूत्र का एक अध्ययन ; (सूअ २, ५)।

अणगार वि [**ऋणकार**] १ करजा करनेवाला ; २ दुष्ट शिष्य, अपात्र ; (उत्त १)।

अणगार वि [**अनाकार**] आकृति-शून्य, आकार-रहित "उवलंभव्ववहाराभावओ नाणगारं च" (विसे ६५)।

अणगारि पुं [**अनगारिन्**] साधु, यति, मुनि; (सम ३७)।

अणगारिय वि [**अनगारिक**] साधु-संबन्धी, मुनि का ; (विसे २६७३)।

अणगाल पुं [**अकाल**] दुर्भिक्ष, अकाल ; (बृह ३)।

अणगिण पुं [**अनग्न**] १ जो नंगा न हो, वस्त्रों से आच्छादित। २ कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देता है ; (तंदु)।

अणग्घ वि [**ऋणघ्न**] ऋण-नाशक, कर्म-नाशक ; (दंस)।

अणग्घ, **अणग्घेय** वि [**अनर्घ्य**] १ अमूल्य, बहुमूल्य, किंमती ; (आव ४) "रयणाइं अणग्घेयाइं हुंति पंचप्पयारवण्णाइं" (उप ५६७ टी ; स ८०)। २ महान, गुरु ; ३ उत्तम, श्रेष्ठ ; "तं भगवंतं अणह नियसत्तीए अणग्घभत्तीए, सक्कारेमि" (विवे ६५; ७१)।

अणघ वि [**अनघ**] शुद्ध, निर्मल, स्वच्छ ; (पंचव ४)।

अणच्छ देखो **करिस**=कृष्। अणच्छइ; (हे ४, १८७)।

अणच्छिआर वि [**दे**] अच्छिन्न, नहीं छेदा हुआ; (दे १,४४)।

अपाउड वि [**अप्रावृत**] नहीं ढका हुआ, वस्त्र-रहित, नग्न ; (ठा ५, १) ।
अपादाण न [**अपादान**] कारक-विशेष, जिसमें पञ्चमी विभक्ति लगती है ; (विसे २११७) ।
अपाण न [**अपान**] १ पान का अभाव ; (उप ८४५)। २ पानी जैसी ठंडी पेय वस्तु-विशेष ; (भग १५) । ३ पुंन. अपान वायु ; ४ गुदा ; (सुपा ६२०) । ५ वि. जल-वर्जित, निर्जल (उपवास), "छट्ठेणं भत्तणं अपाणएणं" (जं २) ।
अपार वि [**अपार**] पार-रहित, अनन्त ; (सुपा ४५०)।
अपारमग्ग पुं [**दे**] विश्राम, विश्रान्ति ; (दे १, ४३) ।
अपाव वि [**अपाप**] १ पाप-रहित ; (सुअ १, १, ३) । २ न. पुण्य ; (उव) ।
अपावा स्त्री [**अपापा**] नगरी-विशेष, जहां भगवान् महावीर का निर्वाण हुआ था, यह आजकल 'पावापुरी' नाम से प्रसिद्ध है और बिहार से आठ माईल पर है ; (राज) ।
अपिट्ठ वि [**दे**] पुनरुक्त, फिरसे कहा हुआ ; (षड्) ।
अपिय वि [**अप्रिय**] अनिष्ट ; (जीव १) ।
अपिह अ [**अपृथक्**] अ-भिन्न ; (कुमा) ।
अपुणबंधग, **अपुणबंधय** वि [**अपुनर्बन्धक**] फिर से उत्कृष्ट कर्म-बन्ध नहीं करने वाला, तीव्र भाव से पाप का नहीं करने वाला ; (पंचा ३ ; उप ५५३; ६५१) ।
अपुणब्भव पुं [**अपुनर्भव**] १ फिर से नहीं होना । २ वि. जिससे फिर जन्म न हो वह, मुक्ति-प्रद ; (पण्ह २, ४)।
अपुणब्भाव वि [**अपुनर्भाव**] फिर से नहीं होने वाला ; (पंच १) ।
अपुणभव देखो **अपुणब्भव** ; (कुमा) ।
अपुणरागम पुं [**अपुनरागम**] १ मुक्त आत्मा ; २ मुक्ति, मोक्ष ; (दसचू १) ।
अपुणरावत्तग, **अपुणरावत्तय** पुं [**अपुनरावर्त्तक**] १ फिर नहीं घूमने वाला, मुक्त आत्मा ; २ मोक्ष, मुक्ति ; (पि ३४३ ; औप ; भग १ १) ।
अपुणरावत्ति पुं [**अपुनरावर्तिन्**] मुक्त आत्मा ; (पि ३४३) ।
अपुणराविति पुं [**अपुनरावृत्ति**] मोक्ष, मुक्ति ; (पडि)।
अपुणरुत्त वि [**अपुनरुक्त**] फिर से अकथित, पुनरुक्ति-दोष से रहित " अपुणरुत्तेहिं महावित्तेहिं संथुणइ " (राय)।
अपुणागम देखो **अपुणरागम** ; (पि ३४३) ।
अपुणागमण न [**अपुनरागमन**] १ फिर से नहीं आना ; २ फिर से अनुत्पत्ति ; " अपुणागमणाय व तं निमिरं उम्मूलिअं रविणा " (गउड) ।
अपुण्ण न [**अपुण्य**] १ पाप ; २ वि. पुण्य-रहित, कम-नसीब, हत-भाग्य ; (विपा १, ७) ।
अपुण्ण [**अपूर्ण**] अधुरा, अपरिपूर्ण ; (विपा १, ७)।
अपुण्ण वि [**दे**] आक्रान्त ; (षड्) ।
अपुत्त, **अपुत्तिय** वि [**अपुत्र, °क**] १ पुत्र-रहित ; (सुपा ४१२; ३१४) । २ स्वजन-रहित, निर्मम ; निःस्पृह; (आचा) ।
अपुन्न देखो **अपुण्ण** ; (गाया १, १३) ।
अपुम न [**अपुंस्**] नपुंसक ; (ओघ २२३) ।
अपुल्ल देखो **अप्पुल्ल** ; (चंड) ।
अपुव्व वि [**अपूर्व**] १ नूतन, नवीन ; २ अद्भुत, आश्चर्य-कारक ; ३ असाधारण, अद्वितीय ; (हे ४, २७० ; उप

६ टी)। °करण न [°करण] १ आत्मा का एक अभूतपूर्व शुभ परिणाम ; (आचा)। २ आठवाँ गुण-स्थानक ; (पव २२४ ; कम्म २, ९)।

अपूय } पुं [**अपूप**] एक भक्ष्य पदार्थ, पूआ, पूड़ा ; (औप;
अपूव } पण्ण ३६ ; हे १, १३४ ; ६, ८१)।

अपेक्ख सक [**अप+ईक्ष्**] अपेक्षा करना, राह देखना। हेकृ—**अपेक्खिदुं** (शौ) ; (नाट)।

अपेच्छ वि [**अप्रेक्ष्य**] १ देखने को अशक्य ; २ देखने को अयोग्य ; (उव)।

अपेय वि [**अपेय**] पीने को अयोग्य, मद्य आदि ; (कुमा)।

अपेय वि [**अपेत**] गया हुआ, नष्ट ; " अपेयचक्खु " (बृह १)।

अपेहय वि [**अपेक्षक**] अपेक्षा करने वाला; (आव ४)।

अपोरिसिय } वि [**अपौरुषिक**] पुरुष से ज्यादः परिमाण
अपोरिसीय } वाला ; अगाध ; (णाया १, ५ ; १४)।

अपोरिसेय वि [**अपौरुषेय**] पुरुष ने नहीं बनाया हुआ, नित्य ; (ठा १०)।

अपोह सक [**अप+ऊह्**] निश्चय करना, निश्चय रूप से जानना। अपोहए ; (विसे ५६१)।

अपोह पुं [**अपोह**] १ निश्चय-ज्ञान ; (विसे ३९६)। २ पृथग्भाव, भिन्नता ; (ओघ ३)।

अप्प देखो **अत्त**=आप्त ; " अप्पोलंभमिमित्तं पढमस्स णाय-ज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्तेत्ति बेमि " (णाया १, १)।

अप्प वि [**अल्प**] १ थोड़ा ; स्तोक ; (सुपा २८० ; स्वप्न ६७)। २ अभाव ; (जीव ३ ; भग १४, १)।

अप्प पुं [**आत्मन्**] १ आत्मा, जीव, चेतन ; (णाया १, १)। २ निज, स्व, " अप्पणा अप्पणो कम्मक्खयं करित्तए " (णाया १, ५)। ३ देह, शरीर ; (उत्त ३)। ४ स्वभाव, स्वरूप ; (आचा)। °घाइ वि [°घातिन्] आत्म-हत्या करने वाला ; (उप ३५७ टी) °छंद वि [°च्छन्द] स्वैरी, स्वच्छन्दी ; (उप ८३३ टी)। °ज्ञ वि [°ज्ञ] १ आत्मज्ञ ; (हे २, ८३)। २ स्वाधीन ; (निचू १)। °ज्जोइ पुं [°ज्योतिस्] ज्ञान-स्वरूप, " किंजोइरयं पुरिसो अप्पज्जोइ त्ति णिद्दिट्ठो " (विसे)। °ण्णु वि [°ज्ञ] आत्म-ज्ञानी ; (षड्)। °वस वि [°वश] स्वतन्त्र, स्वाधीन ; (पाअ ; पउम ३७, २२)। °वह पुं [°वध] आत्म-हत्या, आपघात ; (सुर २, १९६ ; ५, २३७)। °वाइ वि [°वादिन्] आत्मा के अति-रिक्त दूसरे पदार्थ को नहीं मानने वाला ; (धर्मसं)।

अप्प पुं [**दे**] पिता, बाप ; (दे १, ६)।

अप्प सक [**अर्पय्**] अर्पण करना, भेंट करना। अप्पेइ ; (हे १, ६३)। अप्पमइ ; (नाट)। संकृ—**अप्पिअ** ; (सुपा २८०)। कृ—**अप्पेयव्व** ; (सुपा २६५; ५१९)।

अप्पइट्ठाण पुंन [**अप्रतिष्ठान**] १ मोक्ष, मुक्ति ; (आचा)। २ सातवीं नरक-भूमि का बीचला आवास ; (सम २ ; ठा ५, ३)।

अप्पआस देखो **अप्पगास** ; (नाट)।

अप्पआस सक [**श्लिष्**] आलिङ्गन करना। अप्पआसइ; (षड्)।

अप्पउलिय वि [**अपक्वौषधि**] नहीं पकी हुई फल फुलेरी ; (स ५०)।

अप्पंभरि वि [**आत्मम्भरि**] एकलपेटा, स्वार्थी ; (उप ५७०)।

अप्पकंप वि [**अप्रकम्प**] निश्चल, स्थिर ; (ठा १०)।

अप्पकेर वि [**आत्मीय**] स्वकीय, निजीय ; (प्रामा)।

अप्पक्क वि [**अपक्व**] नहीं पका हुआ, कच्चा ; (सुपा ४१३)।

अप्पग देखो **अप्प** ; (आव ४ ; आचा)।

अप्पगास पुं [**अप्रकाश**] प्रकाश का अभाव, अन्धकार ; (निचू १)।

अप्पगुत्ता स्त्री [**दे**] कपिकच्छू, कौंच वृक्ष; (दे १,२९)।

अप्पज्झ वि [**दे**] आत्म-वश, स्वाधीन ; (दे १, १४)।

अप्पडिआर वि [**अप्रतिकार**] इलाज-रहित, उपाय-रहित; (मा ४३)।

अप्पडिकंटय वि [**अप्रतिकण्टक**] प्रतिपक्ष-शून्य, प्रति-स्पर्धि-रहित ; (राय)।

अप्पडिकम्म वि [**अप्रतिकर्मन्**] संस्कार-रहित, परिष्कार-वर्जित, " सुण्णागारे व अप्पडिकम्मे " (पण्ह २, ५)।

अप्पडिक्कंत वि [**अप्रतिक्रान्त**] दोष से अनिवृत्त, व्रत-नियम में लगे हुए दूषणों की जिसने शुद्धि न की हो वह ; (औप)।

अप्पडिकुट्ठ वि [**अप्रतिक्रुष्ट**] अनिवारित, नहीं रोका हुआ; (ठा २,४)।

अप्पडिचक्क वि [**अप्रतिचक्र**] अ-तुल्य, अ-समान; (धर्मवि)।

अप्पडिण्ण } देखो **अपडिण्ण** ; (आचा) ।
अप्पडिन्न }

अप्पडिबंध पुं [**अप्रतिबन्ध**] १ प्रतिबन्ध का अभाव ; २ वि. प्रतिबन्ध-रहित ; (सुपा ६०८) ।

अप्पडिबद्ध देखो **अपडिबद्ध** ; (उत्त २६ ; पि २१८) ।

अप्पडिबुद्ध वि [**अप्रतिबुद्ध**] १ अ-जागृत । २ कोमल, सुकुमार ; (अभि १६१) ।

अप्पडिम वि [**अप्रतिम**] असाधारण, अनुपम; (उप ७६८ टी ; सुपा ३५) ।

अप्पडिरूव वि [**अप्रतिरूप**] ऊपर देखो ; (उप७२८ टी) ।

अप्पडिलद्ध वि [**अप्रतिलब्ध**] अप्राप्त ; (गाया १, १) ।

अप्पडिलेस्स वि [**अप्रतिलेश्य**] असाधारण मनो-बल वाला; (औप) ।

अप्पडिलेहण न [**अप्रतिलेखन**] अ-पर्यवेक्षण ; अनवलोकन, नहीं देखना ; (आव ६) ।

अप्पडिलेहणा स्त्री [**अप्रतिलेखना**] ऊपर देखो ; (कप्प) ।

अप्पडिलेहिय वि [**अप्रतिलेखित**] अ-पर्यवेक्षित, अनवलोकित, नहीं देखा हुआ; (उवा) ।

अप्पडिलोम वि [**अप्रतिलोम**] अनुकूल ; (भग २५, ७ ; अभि २४) ।

अप्पडिवरिय पुं [**अप्रतिवृत**] प्रदोष काल ; (बृह १) ।

अप्पडिवाइ वि [**अप्रतिपातिन्**] १ जिसका नाश न हो ऐसा, नित्य; (सुर १४, २६) । २ अवधिज्ञान का एक भेद, जो केवल ज्ञान को बिना उत्पन्न किये नहीं जाता ; (विसे) ।

अप्पडिहत्थ वि [**अप्रतिहस्त**] असमान, अद्वितीय ; (से १३, १२) ।

अप्पडिहय वि [**अप्रतिहत**] १ किसी से नहीं रुका हुआ ; (पगह २, ५) । २ अखण्डित, अबाधित ; " अप्पडिहयमासणे " (गाया १, १६) । ३ विसंवाद-रहित " अप्पडिहयवरनाणदंसणधरे " (भग १, १) ।

अप्पडीबद्ध देखो **अपडिबद्ध** ; " निम्ममनिरहंकारा निम्मयसरीरेवि अप्पडीबद्धा " (संथा ६०) ।

अप्पड्ढिय वि [**अल्पर्द्धिक**] थोड़ी ऋद्धि वाला, अल्प वैभव वाला ; (सुपा ४३०) ।

अप्पण न [**अर्पण**] १ भेंट, उपहार, दान ; (श्रा २७) । २ प्रधान रूप से प्रतिपादन ; (विसे १८४३) ।

अप्पण देखो **अप्प**=आत्मन् ; (आचा ; उत्त १; महा ; हे ४, ४२२) ।

अप्पण वि [**आत्मीय**] स्वकीय; निजका ; " नो अप्पणा पराया गुरुणो कइयावि होंति सुद्धाणं " (सट्टि १०५) ।

अप्पणय वि [**आत्मीय**] स्वकीय, निजीय ; (पउम ५०, १६ , सुपा २७६ ; हे २, १५३) ।

अप्पणा अ [**स्वयम्**] स्वयं, आप, निज, खुद ; (षड्) ।

अप्पणिज्ज } वि [**आत्मीय**] स्वकीय, स्वीय ; (ठा
अप्पणिज्जिय } १; आवम) ।

अप्पणो अ [**स्वयम्**] आप, खुद; निज ; " विअसंति अप्पणो च्चेव कमलसरा ; (हे २, २०६) ।

अप्पतक्किय वि [**अप्रतर्कित**] अवितर्कित, असंभावित ; (स ५३०) ।

अप्पत्त पुंन [**अपात्र**] १ अयोग्य, नालायक, कुपात्र, " अप्पेवि हु अप्पत्ता पररिद्धिं नेय विसहंति " (सुर ३, ४५; गा १५७) । २ वि. आधार-रहित, भाजन-शून्य ; (सुर १३, ४५) ।

अप्पत्त वि [**अपत्र**] १ पत्तों से रहित (वृक्ष) ; (सुर ३, ४५) । २ पांख से रहित (पक्षी); (सूअ १, १४) ।

अप्पत्त वि [**अप्राप्त**] अ-लब्ध, अनवाप्त ; (सुर १३, ४५ ; ओघ ८६) । °**कारि** वि [**कारिन्**] वस्तु का बिना ही स्पर्श किये (दूर से) ज्ञान उत्पन्न करने वाला, " अप्पत्तकारि नयणं " (विसे) ।

अप्पत्ति स्त्री [**अप्राप्ति**] नहीं पाना ; (सुर ४, २१२) ।

अप्पत्तिय पुंन [**अप्रत्यय**] अविश्वास ; (स ६६७ ; सुपा ५१२) ।

अप्पत्तिय न [**अप्रीति**] १ अप्रीति, प्रेम का अभाव ; (ठा ४, ३) । २ क्रोध, गुस्सा ; (सूअ १,१, ३) । ३ मानसिक पीड़ा ; (आचा) । ४ अपकार; (निचू १) ।

अप्पत्तिय वि [**अपात्रिक**] पात्र-रहित, आधार-वर्जित ; (भग १६, ३) ।

अप्पत्तियण न [**अप्रत्ययन**] अ-विश्वास, अ-श्रद्धा ; (उप ३१२) ।

अप्पत्थ वि [**अप्रार्थ्य**] १ प्रार्थना करने को अयोग्य ; २ नहीं चाहने लायक ; (सुपा ३३६) ।

अप्पत्थण न [**अप्रार्थन**] १ अयाच्ञा । २ अनिच्छा, अचाह ; (उत्त ३२) ।

अप्पत्थिय वि [**अप्रार्थित**] १ अयाचित ; २ अनभिलषित, अवांछित; (जं ३) । °**पत्थय, °पत्थिय** वि [°**प्रार्थक, °र्थिक**] मरणार्थी, मौत को चाहने वाला, " कीस णं एस अप्पत्थियपत्थए दुरंतपंतलक्खणे " (भग ३, २ ; णाया १, ६; पि ७१) ।

अप्पत्थुय वि [**अप्रस्तुत**] प्रसंग के अनुपयुक्त, विषयान्तर ; (सुपा १०६) ।

अप्पदुट्ठ वि [**अप्रद्विष्ट**] जिस पर द्वेष न हो वह, प्रीतिकर; ओघ ७४४) ।

अप्पदुस्समाण वकृ [**अप्रद्विष्यत्**] द्वेष नहीं करता हुआ ; (अंत १२) ।

अप्पप्प वि [**अप्राप्य**] प्राप्त करने को अशक्य ; (विसे २६८७) ।

अप्पभाय न [**अप्रभात**] १ बड़ी सवेर; २ वि. प्रकाश-रहित, कान्ति-वर्जित ; " अज्ज पुण अप्पभाए गयणे " (सुर ११, ११०) ।

अप्पभु वि [**अप्रभु**] १ असमर्थ ; (भग) । २ पुं. मालिक से भिन्न, नौकर वगैरः ; (धर्म ३) ।

अप्पमज्जिय वि [**अप्रमार्जित**] साफ नहीं किया हुआ ; (उवा) ।

अप्पमत्त वि [**अप्रमत्त**] प्रमाद-रहित, सावधान, उपयोग वाला ; (पण्ह २, ५; हे १, २३१ ; अभि १८५) । °**संजय** पुंस्त्री [°**संयत**] १ प्रमाद-रहित मुनि ; २ न. सातवाँ गुण-स्थानक ; (भग ३, ३) ।

अप्पमाण देखो **अपमाण** ; (बृह ३ ; पण्ह २, ३) ; " अइक्कमित्ता जिणरायआणं, तवंति तिव्वं तवमप्पमाणं । पढंति नाणं तह दिंति दाणं, सव्वंपि तेसिं कयमप्पमाणं " (सत्त २०) ।

अप्पमाय पुं [**अप्रमाद**] प्रमाद का अभाव ; (निचू १) ।

अप्पमेय वि [**अप्रमेय**] १ जिसका मान न हो सके ऐसा, अनन्त ; (पउम ७५, २३) । २ जिसका ज्ञान न हो सके ऐसा ; (धर्म १) । ३ प्रमाण से जिसका निश्चय न किया जा सके वह ; (पण्ह १, ४) ।

अप्पय देखो **अप्प** ; (उव ; पि ४०१) ।

अप्परिचत्त वि [**अपरित्यक्त**] नहीं छोड़ा हुआ ; अपरि-मुक्त; (सुपा ११०) ।

अप्परिवडिय वि [**अपरिपतित**] अ-नष्ट, विद्यमान ; (श्रा ६) ।

अप्पलहुअ वि [**अप्रलघुक**] महान्, बड़ा ; (से १, १) ।

अप्पलीण वि [**अप्रलीन**] अ-संबद्ध, सङ्ग-वर्जित ; (सूअ १, १, ४) ।

अप्पलीयमाण वकृ [**अप्रलीयमान**] आसक्ति नहीं करता हुआ ; (आचा) ।

अप्पवित्त वि [**अप्रवृत्त**] प्रवृत्ति-रहित ; (पंचा १४) ।

अप्पवित्ति स्त्री [**अप्रवृत्ति**] प्रवृत्ति का अभाव ; (धर्म १) ।

अप्पसंत वि [**अप्रशान्त**] अशान्त, कुपित ; (पंचा २) ।

अप्पसंसणिज्ज वि [**अप्रशंसनीय**] प्रशंसा के अयोग्य ; (तंदु) ।

अप्पसज्झ वि [**अप्रसह्य**] १ सहने को अशक्य ; २ सहन करने को अयोग्य ; (वव ७) ।

अप्पसण्ण वि [**अप्रसन्न**] उदासीन ; (नाट) ।

अप्पसत्थ वि [**अप्रशस्त**] अ-चारु, अ-सुन्दर, खराब ; (ठा ३, ३ ; भग ; श्रा ४) ।

अप्पसत्तिय वि [**अल्पसत्त्विक**] अल्प सत्त्व वाला, " सुसमत्थाविसमत्था कीरंति अप्पसत्तिया पुरिसा " (सूअ १, ४, १) ।

अप्पसारिय वि [**अप्रसारिक**] निर्जन, विजन (स्थान); (उप १७०) ।

अप्पहवंत वकृ [**अप्रभवत्**] समर्थ नहीं होता हुआ, नहीं पहुँच सकता हुआ ; (स ३०५) ।

अप्पहिय वि [**अप्रथित**] १ अ-विस्तृत ; २ अ-प्रसिद्ध ; (सुपा १२५) ।

अप्पाअप्पि स्त्री [**दे**] उत्कण्ठा, औत्सुक्य ; (पिंग) ।

अप्पाउड वि [**अप्रावृत**] अनाच्छादित, नग्न; (सूअ २, २) ।

अप्पाउय वि [**अल्पायुष्क**] थोड़ा आयुष्य वाला ; (ठा ३, ३ ; पउम १४, ३०) ।

अप्पाउरण वि [**अप्रावरण**] १ नग्न । २ न. वस्त्र का अभाव; ३ वस्त्र नहीं पहनने का नियम ; (पंचा ५ ; पव ४) ।

अप्पाण देखो **अप्प**=आत्मन् ; (पण्ह १, २ ; ठा २, २ ; प्राप्र ; हे ३, ५६) । °**रक्खि** वि [°**रक्षिन्**] आत्मा की रक्षा करने वाला ; (उत्त ४) ।

अप्पाबहु, **अप्पाबहुय** न [**अल्पबहुत्व**] न्यूनाधिकता, कम-बेशीपन; (नव ३२ ; ठा ४,२) ।

अप्पावय वि [**अप्रावृत**] १ वस्त्र-रहित, नग्न ; (पण्ह २, १) । २ खुला हुआ ; बँद नहीं किया हुआ ; (सूअ १, ५, १) ।

अप्पाविय वि [**अर्पित**] दिलाया हुआ ; (सुपा ३३१)।
अप्पाह सक [**सं+दिश्**] संदेश देना, खबर पहुँचाना। अप्पाहइ ; (षड् ; हे ४, १८०)। अप्पाहेइ (गा ६३२)। संकृ—**अप्पाहट्टु, अप्पाहिवि**; (पि ५७७ ; भवि)।
अप्पाह सक [**अधि+आपय्**] पढ़ाना, सीखाना। कर्म—अप्पाहिज्जइ ; (से १०, ७४)। वकृ—**अप्पाहेंत** ; (से १०, ७५)। हेकृ—**अप्पाहेउं** ; (पि २८६)।
अप्पाहण्ण न [**अप्राधान्य**] मुख्यता का अभाव, गौणता; (पंचा १ ; भास ११)।
अप्पाहिय वि [**संदिष्ट**] संदेश दिया हुआ; (भवि)।
अप्पाहिय वि [**अध्यापित**] १ पाठित, शिक्षित ; (से ११, ३८ ; १४, ६१)। २ न. सीख, उपदेश ; " अप्पाहियनरणं " (उप ५६२ टी)।
अप्पिड्ढिय वि [**अल्पर्द्धिक**] अल्प संपत्ति वाला ; (भग; पउम २, ७४)।
अप्पिण सक [**अर्पय्**] अर्पण करना, भेंट करना, देना। " अहीरोवि वारगेण अप्पिणइ " (आक)। अप्पिणामि ; (पि ५५७)। अप्पिणंति ; (विसे ७ टी)।
अप्पिणण न [**अर्पण**] दान, भेंट ; (उप १७४)।
अप्पिणिच्चिय वि [**आत्मीय**] स्वकीय, निजीय ; (भग)।
अप्पिय वि [**अर्पित**] १ दिया हुआ, भेंट किया हुआ ; (विपा १, २ ; हे १, ६३)। २ विवक्षित, प्रतिपादन करने को इष्ट, " जह दवियमप्पियं तं तहेव अत्थित्ति पज्जवनयस्स " (सम्म ४२)। ३ पुं. पर्यायार्थिक नय, " अप्पियमयं विसेसो सामन्नमणप्पियनयस्स " (विसे)।
अप्पिय वि [**अप्रिय**] १ अनिष्ट, अप्रीतिकर ; (भग १, ५ ; विपा १,१)। २ न. मन का दुःख; ३ चित्त की शङ्का, " अदु णाईणं व सुहीणं वा अप्पियं दट्ठु एगता होंति " (सूअ १, ४, १, १४)।
अप्पीइ स्त्री [**अप्रीति**] अप्रेम, अरुचि ; (सुपा २६४)।
अप्पीकय वि [**आत्मीकृत**] आत्मा से संबद्ध ; (विसे)।
अप्पुट्ठ वि [**अस्पृष्ट**] नहीं छूआ हुआ; असंयुक्त, "जं अप्पुट्ठा भावा ओहिनाणस्स हुंति पच्चक्खा " (सम्म ८१)।
अप्पुट्ठ वि [**अपृष्ट**] नहीं पूछा हुआ ; (सुपा १११)।
अप्पुण्ण वि [**दे. आपूर्ण**] पूर्ण ; (षड्)।
अप्पुल्ल वि [**आत्मीय**] आत्मा में उत्पन्न ; (हे २, १६३ ; षड् ; कुमा)।

अप्पुव्व देखो **अप्पुव्व** ; "अप्पुव्वो पडिबंधो जीवियमवि चयइ मह कज्जे " (सुपा ३११)।
अप्पेयव्व देखो **अप्प=अर्पय्**।
अप्पोलि स्त्री [**अप्रज्वलिता**] कच्ची फल-फुलेरी ; (श्रा २१)।
अप्पोल्ल वि [**दे**] पोल-रहित, नक्कर ; (बृह ३)।
अप्फडिअ वि [**आस्फालित**] आस्फालित, आहत ; (विसे २६८२ टी)।
अप्फाल सक [**आ+स्फालय्**] १ आस्फोटन करना, हाथ से आघात करना। २ ताडना, पीटना। ३ ताल ठोकना। अप्फालेइ ; (महा)। कवकृ—**अप्फालिज्जंत**; (राय)। संकृ—**अप्फालिऊण** ; (काप्र १८६ ; महा)।
अप्फालण न [**आस्फालन**] १ ताल ठोकना ; २ ताड़न, आघात ; (गा ५४८ ; से ५, २२ ; सुपा ८७)।
अप्फालिय वि [**आस्फालित**] १ हाथ से ताडित, आहत; (पि ३११)। २ वृद्धि-प्राप्त, उन्नत ; (राज)।
अप्फुंद सक [**आ+क्रम्**] १ आक्रमण करना। २ जाना। " संझाराओ व्व णहं अप्फुंदइ मलिअरविअरं कुसुमरओ " (से ६, ५७)।
अप्फुडिय देखो **अफुडिय** ; (जं २ ; दस ६)।
अप्फुण्ण वि [**दे. आक्रान्त**] आक्रान्त, दबाया हुआ ; (हे ४, २५८)।
अप्फुण्ण वि [**अपूर्ण**] अपूर्ण, अधूरा ; (गउड)।
अप्फुण्ण } वि [**दे. आपूर्ण**] पूर्ण, भरा हुआ ; (दे १,
अप्फुन्न } २० ; सुर १०, १७० ; पाअ) " महया पुत्तसोएणं अप्फुन्ना समाणी " (निर १, १)।
अप्फुल्लय देखो **अप्पुल्ल** ; (गउड)।
अप्फोआ स्त्री [**दे**] वनस्पति-विशेष ; (पण्ण १)।
अप्फोड सक [**आ+स्फोटय्**] १ आस्फालन करना, हाथ से ताल ठोकना। २ ताड़न करना। वकृ—**अप्फोडंत** ; (णाया १, ८; सुर १३, १८२)।
अप्फोडण न [**आस्फोटन**] आस्फालन ; (गउड)।
अप्फोडिय } वि [**आस्फोटित**] १ आस्फालित, आहत।
अप्फोलिय } २ न. आस्फालन, आघात ; (पण्ह १, ३ ; कप्प)।
अप्फोव वि [**दे**] वृक्षादि से व्याप्त, गहन, निबिड ; (उत्त १, १८)।
अफल वि [**अफल**] निष्फल, निरर्थक ; (द १)।

अफाय पुं [**दे**] भूमि-स्फोट, वनस्पति-विशेष ; (पराण १)।
अफास वि [**अस्पर्श**] १ स्पर्श-रहित ; (भग)। २ खराब स्पर्श वाला ; (सूत्र १, ५, १)।
अफासुय वि [**अप्रासुक**] १ सचित्त, सजीव ; (भग ५, ६)। २ अग्राह्य (भिक्षा) ; (ठा ३, १)।
अफुड वि [**अस्फुट**] अस्पष्ट, अव्यक्त ; (सुर ३, १०६; २१३ ; गा २६६ ; उप ७२८ टी)।
अफुडिअ वि [**अस्फुटित**] अखण्डित, नहीं टूटा हुआ ; (कुमा)।
अफुस वि [**अस्पृश्य**] स्पर्श करने को अयोग्य ; (भग)।
अफुलिय वि [**अभ्रान्त**] भ्रम-रहित ; (कुमा)।
अफुस्स देखो **अफुस** ; (ठा ३, २)।
अब्° स्त्री. ब. [**अप्**°] पानी, जल ; (श्रा २३)।
अबंभ न [**अब्रह्म**] मैथुन, स्त्री-सङ्ग ; (पगह १, ४)। °**चारि** वि [°**चारिन्**] ब्रह्मचर्य नहीं पालने वाला ; (पि ४०५; ५१५)।
अबद्धिय पुं [**अबद्धिक**] 'कर्मों का आत्मा से स्पर्श ही होता है, न कि क्षीर-नीर की तरह ऐक्य' ऐसा मानने वाला एक निह्नव—जैनाभास; २ न. उसका मत, (ठा ७; विसे)।
अबल वि [**अबल**] बल-रहित, निर्बल; (पउम ४८, ११७)।
अबला स्त्री [**अबला**] स्त्री, महिला, जनाना; (पाअ)।
अबश पुं [**अबश**] वडवानल ; (से १, १)।
अबहिट्ठ न [**दे. अबहित्थ**] मैथुन, स्त्री-सङ्ग; (सूत्र १, ६)।
अबहिम्मण वि [**अबहिर्मनस्क**] धर्मिष्ठ, धर्म-तत्पर ; (आचा)।
अबहिल्लेस } वि [**अबहिर्लेश्य**] जिसकी चित्त-वृत्ति **अबहिल्लेस्स** } बाहर न घूमती हो, संयत; (भग ; पगह २, ५)।
अबाधा देखो **अबाहा** ; (जीव ३)।
अबाह पुं [**अबाह**] देश-विशेष ; (इक)।
अबाहा स्त्री [**अबाधा**] १ बाध का अभाव ; (ओघ ५२ भा; भग १४,८)। २ व्यवधान, अन्तर ; (सम १६)। ३ बाध-रहित समय ; (भग)।
अबाहिर अ [**अबहिस्**] बाहर नहीं, भीतर; (कुमा)।
अबाहिरय वि [**अबाह्य**] भीतरी, आभ्यन्तर; (वव १)
अबाहिरिय वि [**अबाहिरिक**] जिसके किले के बाहर वसति न हो ऐसा गाँव या शहर; (बृह १)।
अबीय देखो **अबीय** ; (कप्प)।
अबुज्झ अ [**अबुद्ध्वा**] नहीं जान कर; "केसिंचि तक्काइ अबुज्झ भावं" (सूत्र १, १३, २०)।
अबुद्ध वि [**अबुध**] १ अजान, मूर्ख ; (दस २)। २ अविवेकी ; (सूत्र १, ११)।
अबुद्धसिरी स्त्री [**दे**] इच्छा से भी अधिक फल की प्राप्ति ; (दे १, ४२)।
अबुद्धिय } वि [**अबुद्धिक**] बुद्धि-रहित, मूर्ख; (णाया **अबुद्धीय** } १, १७; सूत्र १, २, १; पउम ८, ७४)।
अबुह वि [**अबुध**] १ अजान ; (सूत्र १, २, १ ; जी १)। २ मूर्ख, बेवकुफ ; (पगह १, १)।
अबोह वि [**अबोध**] १ बोध-रहित, अजान। २ पुं. ज्ञान का अभाव ; (धर्म १)।
अबोहि पुंस्त्री [**अबोधि**] १ ज्ञान का अभाव ; (सूत्र २, ६)। २ जैन धर्म की अप्राप्ति; ३ बुद्धि-विशेष का अभाव; (भग १, ६)। ४ मिथ्या-ज्ञान, "अबोहिं परियाणामि बोहिं उवसंपज्जामि" (आव ४)। ५ वि. बोधि-रहित ; (भग)।
अबोहिय न [**अबोधिक**] ऊपर देखो ; (दस ६; सूत्र १, १, २)।
अब्बंभ देखो **अबंभ**; (सुपा ३१०)।
अब्बंभण्ण } न [**अब्रह्मण्य**] ब्रह्मण्य का अभाव ; **अब्बम्हण्ण** } (नाट ; प्रयौ ७६)।
अब्बुय पुं [**अर्बुद**] पर्वत-विशेष, जो आजकल 'आबू' नाम से प्रसिद्ध है ; (राज)।
अब्भ न [**अभ्र**] १ आकाश ; (राय; पाअ)। २ मेघ, बद्दल ; (ठा ४, ४ ; पाअ)।
अब्भंग सक [**अभि+अञ्ज्**] तैल आदि से मर्दन करना, मालिश करना। अब्भंगइ, अब्भंगेइ ; (महा)। संकृ—**अब्भंगिउं, अब्भंगेत्ता, अब्भंगित्ता,** (ठा ३, १; पि २३४)। हेकृ—**अब्भंगेत्तए** ; (कस)।
अब्भंग पुं [**अभ्यङ्ग**] तैल-मर्दन, मालिश ; (निचू ३)।
अब्भंगण न [**अभ्यञ्जन**] ऊपर देखो ; (णाया १, १; महा)।
अब्भंगिएल्लय } वि [**अभ्यक्त**] तैलादि से मर्दित, **अब्भंगिय** } मालिश किया हुआ; (ओघ ८२; कप्प)।
अब्भंतर न [**अभ्यन्तर**] १ भीतर, में ; (गा ६२३)। २ वि. भीतर का, भीतरी; (राय; महा)। ३ समीप का,

नजदीक का (सम्बन्धी); (ठा ८)। °ठाणिज्ज वि [°स्थानीय] नजदीक के सम्बन्धी, कौटुम्बिक लोक; (विपा १, ३) °तव पुं [°तपस्] विनय, वैयावृत्य, प्रायश्चित्त, स्वाध्याय, ध्यान और कायोत्सर्ग रूप अन्तरंग तप; (ठा ६)। °परिसा स्त्री [°परिषद्] मित्र आदि समान जनों की सभा ; (राय)। °लद्धि स्त्री [°लब्धि] अवधिज्ञान का एक भेद ; (विसे)। °संबुक्का स्त्री [°शम्बूका] भिक्षा की एक चर्या, गति-विशेष ; (ठा ६)। °सगडुद्धिया स्त्री [°शकटोर्द्धिका] कायोत्सर्ग का एक दोष ; (पव ५)।

अब्भंतर वि [**अभ्यन्तर**] भीतरी, भीतर का ; (जं ७; ठा २, १ ; पराग ३६)।

अब्भंसि वि [**अभ्रंशिन्**] १ भ्रष्ट नहीं होने वाला ; (नाट)। २ अनष्ट ; (कुमा)।

अब्भक्खइज्ज देखो **अब्भक्खा**।

अब्भक्खण न [**दे**] अकीर्ति, अपयश ; (दे १, ३१)।

अब्भक्खा सक [**अभ्या+ख्या**] झूठा दोष लगाना, दोषारोप करना। अब्भक्खाइ; (भग ५; ७)। कृ—**अब्भक्खइज्ज** ; (आचा)।

अब्भक्खाण न [**अभ्याख्यान**] झूठा अभियोग, असत्य दोषारोप ; (पण्ह १, २)।

अब्भइ अ [**दे**] पीछे जा कर ; (हे ४, ३९५)।

अब्भणुजाण सक [**अभ्यनु+ज्ञा**] अनुमति देना, सम्मति देना। अब्भणुजाणिस्सदि (शौ); (पि ५३४)।

अब्भणुण्णा स्त्री [**अभ्यनुज्ञा**] अनुमति, सम्मति ; (राज)।

अब्भणुण्णाय वि [**अभ्यनुज्ञात**] अनुमत, संमत, (ठा ५, १)।

अब्भणुन्ना देखो **अब्भणुण्णा**।

अब्भणुन्नाय देखो **अब्भणुण्णाय**; (णाया १, १ ; कप्प ; सुर ३, ८८)।

अब्भण्ण न [**अभ्यर्ण**] १ निकट, नजदीक। २ वि. समीपस्थ ; (पउम ६८, ५८)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष ; (पउम ६८, ५८)।

अब्भत्त वि (**अभ्यक्त**) १ तैलादि से मर्दित, मालिश किया हुआ। २ सिक्त, सिञ्चा हुआ, "दिसि दिसि चब्भत्त-भरिकेयारो, पत्तो वासारत्तो " (सुर २, ७८)।

अब्भत्थ वि [**अभ्यस्त**] पठित, शिक्षित ; (सुपा ६७)।

अब्भत्थ सक [**अभि+अर्थय्**] १ सत्कार करना। २ प्रार्थना करना। अब्भत्थम्ह ; (पि ४७०)। संकृ—**अब्भत्थइअ, अब्भत्थिअ**; (नाट)। कृ—**अब्भत्थणीय** ; (अभि ७०)।

अब्भत्थण न [**अभ्यर्थन**] १ सत्कार ; २ प्रार्थना ; (कप्पू ; हे ४, ३८४)।

अब्भत्थणा, **अब्भत्थणिया** स्त्री [**अभ्यर्थना**] १ आदर, सत्कार; (से ४, ४८) ; २ प्रार्थना, विज्ञप्ति; (पंचा ११; सुर १, १६)।

"न सहइ अब्भत्थणियं, असइ गयाणंपि पिट्ठिमंसाइं।
दट्ठूण भासुरमुहं, खलसीहं को न बीहेइ" (वज्जा१२)।

अब्भत्थिय वि [**अभ्यर्थित**] १ आदृत, सत्कृत। २ प्रार्थित ; (सुर १, २१)।

अब्भन्न देखो **अब्भण्ण** ; (पाअ)।

अब्भपिसाअ पुं [**दे**] राहु ; (दे १, ४२)।

अब्भय पुं [**अर्भक**] बालक, बच्चा ; (पाअ)।

अब्भय पुं [**अभ्रक**] अभरख ; (जी ४)।

अब्भरहिय वि [**अभ्यर्हित**] सत्कार-प्राप्त, गौरव-शाली ; (बृह १)।

अब्भवहार पुं [**अभ्यवहार**] भोजन, खाना; (विसे २२१)।

अब्भव्व देखो **अभव्व**। "अब्भव्वाणं सिद्धा णंतगुणा णंतया भव्वा" (पसं ८४)।

अब्भस सक [**अभि+अस्**] सीखना, अभ्यास करना। वकृ—**अब्भसंत** ; (स ६०६)। कृ—**अब्भसियव्व** ; (सुर १४, ८५)।

अब्भसण न [**अभ्यसन**] अभ्यास ; (दसनि १)।

अब्भसिय वि [**अभ्यस्त**] सीखा हुआ ; (सुर १, १८० ; ६, १६)।

अब्भहिय वि [**अभ्यधिक**] विशेष, ज्यादः ; (सम २ ; सुर १, १७०)।

अब्भाअच्छ वि [**अभ्या+गम्**] संमुख आना, सामने आना। अब्भाअच्छइ; (षड्)।

अब्भाइक्ख देखो **अब्भक्खा**। अब्भाइक्खइ, अब्भाइक्खेज्जा; (आचा)।

अब्भागम पुं [**अभ्यागम**] १ संमुखागमन ; २ समीप स्थिति ; (निचू २)।

अब्भागमिय, **अब्भागय** वि [**अभ्यागत**] १ संमुखागत ; २ पुं. आगन्तुक, पाहुन, अतिथि ; (सुअ १, २, ३ ; सुपा ५)।

अब्भायत्त } वि [**दे**] प्रत्यागत, वापिस आया हुआ ;
अब्भायत्थ } (दे १, ३१)।

अब्भास न [**अभ्यास**] १ निकट, नजदीक ; (से ६, ६० ; पाअ) । २ वि. समीप-वर्ती, पार्श्व-स्थित ; (पाअ) । ३ पुं. शिक्षा, पढ़ाई, सीख ; ४ आवृत्ति; (पाअ ; बृह १) । ५ आदत ; (ठा ४, ४) । ६ आवृत्ति से उत्पन्न संस्कार ; (धर्म २) । ७ गणित का संकेत-विशेष ; (कम्म ४, ७८ ; ८३) ।

अब्भास सक [**अभि+अस्**] अभ्यास करना, आदत डालना।
"जं अब्भासइ जीवो, गुणं च दोसं च एत्थ जम्मम्मि।
तं पावइ पर-लोए, तेण य अब्भास-जोएणं" (धर्म २; भवि)।

अब्भाहय वि [**अभ्याहत**] आघात-प्राप्त ; (महा) ।

अब्भिंग देखो **अब्भंग**=अभि + अंज् । प्रयो—अब्भिंगावेइ; (पि २३४) ।

अब्भिंग देखो **अब्भंग**=अभ्यंग ; (णाया १, १८) ।

अब्भिंगण देखो **अब्भंगण** ; (कप्प) ।

अब्भिंगिय देखो **अब्भंगिय** ; (कप्प) ।

अब्भिंतर देखो **अब्भंतर** ; (कप्प ; सं ७; पण्ह ३, ५ ; णाया १, १३) ।

अब्भिंतरओ अ [**अभ्यन्तरतस्**] १ भीतर से ; २ भीतर-में ; (आवम) ।

अब्भिंतरिय वि [**आभ्यन्तरिक**] भीतर का, अन्तरङ्ग ; (सम ६७ ; कप्प ; णाया १, १) ।

अब्भिट्ट वि [**दे**] संगत, सामने आकर भीडा हुआ, "हत्थी हत्थीण समं अब्भिट्टो रहवरो सह रहेणं" (पउम ६,१८२ ; ६८, २७) ।

अब्भिड सक [**सं+गम्**] संगति करना, मिलना । अब्भिडइ ; (कुमा ; हे ४, १६४) । अब्भिडसु ; (सुपा १५२)।

अब्भिडिअ वि [**संगत**] संगत, युक्त ; (पाअ ; दे १, ७८) ।

अब्भिडिय वि [**दे**] सार, मजबूत ; (दे १, ७८) ।

अब्भिण्ण वि [**अभिन्न**] भेद को अप्राप्त ; (धर्म २) ।

अब्भुअअ देखो **अब्भुदय** ; (से १५, ६५ ; स ३०) ।

अब्भुक्ख सक [**अभि+उक्ष्**] सिञ्चन करना । वकृ—**अब्भुक्खंत** ; (वज्जा ८६) ।

अब्भुक्खण न [**अभ्युक्षण**] सिञ्चन करना, छिटकाव ; (स ५७६) ।

अब्भुक्खणीया स्त्री [**अभ्युक्षणीया**] सीकर, आसार, पवन से गिरता जल ; (बृह १) ।

अब्भुक्खिय वि [**अभ्युक्षित**] सिक्त ; (स ३४०) ।

अब्भुगम पुं [**अभ्युद्गम**] उदय, उन्नति ; (सूअ १,१४)।

अब्भुग्गय वि [**अभ्युद्गत**] १ उन्नत ; २ उत्पन्न ; (णाया १, १) । ३ ऊंचा किया हुआ, उठाया हुआ ; (औप) । ४ चारों तरफ फैला हुआ ; (चंद १८) ।

अब्भुग्गय वि [**अभ्रोद्गत**] ऊंचा, उन्नत ; (भग १२,५)।

अब्भुच्चय पुं [**अभ्युच्चय**] समुच्चय ; (भास ६५) ।

अब्भुज्जय वि [**अभ्युद्यत**] १ उद्यत, उद्यम-युक्त ; (णाया १, ५) । २ तय्यार ; (णाया १, १ ; सुपा २२२) । ३ पुं. एकाकी विहार ; (धम्म १२ टी) । ४ जिनकल्पिक मुनि ; (पंचव ४) ।

अब्भुट्ठ उभ [**अभ्युत्+स्था**] १ आदर करने के लिए खड़ा होना । २ प्रयत्न करना । ३ तय्यारी करना । अब्भुट्ठेइ; (महा) । वकृ—**अब्भुट्ठमाण** ; (स ४१६)। संकृ—**अब्भुट्ठित्ता** ; (भग) । हेकृ—**अब्भुट्ठित्तए** ; (ठा २, १) । कृ—**अब्भुट्ठेयव्व** ; (ठा ८) ।

अब्भुट्ठण न [**अभ्युत्थान**] आदर के लिए खड़ा होना ; (से १०, ११) ।

अब्भुट्ठा देखो **अब्भुट्ठ** ।

अब्भुट्ठाण देखो **अब्भुट्ठण** ; (सम ५१ ; सुपा ३७६) ।

अब्भुट्ठिय वि [**अभ्युत्थित**] १ सम्मान करने के लिए जो खड़ा हुआ हो ; (णाया १, ८) । २ उद्यत, तय्यार ; "अब्भुट्ठिएसु मेहेसु" (णाया १, १ ; पडि) ।

अब्भुट्ठेत्तु [**अभ्युत्थातृ**] अभ्युत्थान करने वाला ; (ठा ५, १) ।

अब्भुण्णय वि [**अभ्युन्नत**] उन्नत, ऊंचा ; (पण्ह १,४)।

अब्भुण्णयंत वकृ [**अभ्युन्नयत्**] १ ऊंचा करता हुआ; २ उत्तेजित करता हुआ ; "तीएवि जलंतिं दीववत्तिमब्भुण्णअंतीए" (गा २६४) ।

अब्भुत्त अक [**स्ना**] स्नान करना । अब्भुत्तइ ; (हे ४, १४) । वकृ—**अब्भुत्तंत** ; (कुमा) ।

अब्भुत्त अक [**प्र+दीप्**] १ प्रकाशित होना । २ उत्तेजित होना । अब्भुत्तइ ; (हे ४, १५२) । अब्भुत्तए ; (कुमा) । प्रयो—अब्भुत्तेंति ; (से ५, ५६) ।

अब्भुत्तिअ वि [**प्रदीप्त**] १ प्रकाशित ; २ उत्तेजित ; (से १५, ३८) ।

अब्भुत्थ वि [**अभ्युत्थ**] उत्पन्न, " पुव्वभवब्भुत्थसिणेहाओ " (महा) ।
अब्भुत्थ) देखो **अब्भुट्ठा** । वकृ—**अब्भुत्थंत** ; (से
अब्भुत्था) १२, १८) । संकृ—**अब्भुत्थित्ता**; (काल) ।
अब्भुदय पुं [**अभ्युदय**] १ उन्नति, उदय ; (प्रयौ २६) ; " अब्भुयभूयब्भुदयं लद्धूणं नरभवं सुदीहद्धं " (उप ७६८ टी) ।
अब्भुद्धर सक [**अभ्युद्+धृ**] उद्धार करना । अब्भुद्धरामि; (भवि) ।
अब्भुद्धरण न [**अभ्युद्धरण**] १ उद्धार ; (स ५४३) । २ त्रि. उद्धार-कारक ; (हे ४, ३६४) ।
अब्भुन्नय देखो **अब्भुण्णय** ; (गाया १, १) ।
अब्भुब्भड वि [**अभ्युद्भट**] अत्युद्भट, विशेष उद्धत; (भवि)।
अब्भुय न [**अद्भुत**] १ आश्चर्य, विस्मय ; (उप ७६८ टी) । २ वि. आश्चर्य-कारक ; (राय ; सुपा; ३५) । ३ पुं. साहित्य शास्त्र प्रसिद्ध रसों में से एक ;
" विम्हयकरो अपुव्वो, अभूयपुव्वो य जो रसो होइ ।
हरिसविसाउप्पत्ती, लक्खणओ अब्भुओ नाम " (अणु) ।
अब्भुवगच्छ सक [**अभ्युप+गम्**] १ स्वीकार करना । २ पास जाना । प्रयो,—संकृ—**अब्भुवगच्छाविय** ; (पि १६३) ।
अब्भुवगच्छाविअ वि [**अभ्युपगमित**] स्वीकार कराया हुआ ; " ताहे तेहिं कुमारेहिं सव्वो मज्जं पाएत्ता अब्भुवगच्छाविओ विगयमओ चिंतेइ " (आक पृ ३०) ।
अब्भुवगम पुं [**अभ्युपगम**] १ स्वीकार, अङ्गीकार ; (सम १४५ ; स १७०) । २ तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध सिद्धान्त-विशेष ; (बृह १ ; सूअ १, १२) ।
अब्भुवगमणा स्त्री [**अभ्युपगमना**] स्वीकार, अङ्गीकार ; (उप ८०५) ।
अब्भुवगय वि [**अभ्युपगत**] १ स्वीकृत ; (सुर ६, ५८)। २ समीप में गया हुआ ; (आचा) ।
अब्भुववण्ण वि [**अभ्युपपन्न**] अनुग्रह-प्राप्त, अनुगृहीत ; (नाट ; पि १६३; २७६) ।
अब्भुववत्ति स्त्री [**अभ्युपपत्ति**] अनुग्रह, महरबानी ; (अभि १०४) ।
अब्भो देखो **अव्वो** ; (षड्) ।
अब्भोक्खिय वि [**अभ्युक्षित**] सिक्त, सींचा हुआ ; (सुर ६, १६१) ।
अब्भोय (अप) देखो **आभोग** ; (भवि) ।
अब्भोवगमिय वि [**आभ्युपगमिक**] स्वेच्छा से स्वीकृत । °**ा** स्त्री [°**ा**] स्वेच्छा से स्वीकृत तपश्चर्यादि की वेदना ; (ठा ४, ३) ।
अब्भिड देखो **अब्भिड** । अब्भिडइ ; (षड्) ।
अब्भुत्त देखो **अब्भुत्त** । अब्भुत्तइ ; (षड्) ।
अभग्ग वि [**अभग्न**] १ अखण्डित, अत्रुटित ; (पडि) । २ इस नाम का एक चोर ; (विपा १,१) ।
अभत्त वि [**अभक्त**] १ भक्ति नहीं करने वाला ; (कुमा) । २ न. भोजन का अभाव; (वव ७) । °**ट्ठ** पुं [°**ार्थ**] उपवास ; (आचू ; पडि ; सुपा ३१७) । °**ट्ठिय** वि [°**ार्थिक**] उपोषित, जिसने उपवास किया हो वह ; (पंचव २) ।
अभय न [**अभय**] १ भय का अभाव, धैर्य ; (राय) । २ जीवित, मरण का अभाव ; (सूअ १, ६) । ३ वि. भय-रहित, निर्भीक ; (आचा) ४ पुं. राजा श्रेणिक का एक विख्यात पुत्र और मन्त्री, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी ; (अनु १; गाया १, १) । °**कुमार** पुं [°**कुमार**] देखो अनन्तरोक्त अर्थ; (पडि) । °**दय** वि [°**दय**] भय-विनाशक, जीवित-दाता ; (पडि) । °**दाण** न [°**दान**] जीवित-दान ; (पण्ह २, ४) । °**देव** पुं [°**देव**] कईएक विख्यात जैनाचार्य और ग्रन्थकारों का नाम; (मुणि १०८७४ ; गु १४; ती ४०; सार्ध ७३) । °**प्पदाण** न [**प्रदान**] जीवित का दान ; (सूअ १, ६) । °**वत्त** न [°**वत्त्व**] निर्भयता, अभय ; (सुपा १८) । °**सेण** पुं [°**सेन**] एक राजा का नाम; (पिंड) ।
अभयंकर वि [**अभयंकर**] अभय देने वाला, अहिंसक ; (सूअ १, ७, २८) ।
अभया स्त्री [**अभया**] १ हरीतकी, हरडई; (निचू १५) । २ राजा दधिवाहन की स्त्री का नाम ; (ती ३५) ।
अभयारिट्ठ न [**अभयारिष्ट**] मद्य-विशेष ; (सूअ १, ८) ।
अभवसिद्धिय) पुं [**अभवसिद्धिक**] अभव्य, मुक्ति के
अभवसिद्धिय) लिये अयोग्य जीव ; (ठा २, २ ; णंदि ; ठा १) ।
अभविय) वि [**अभव्य**] १ असुन्दर, अचारु; (विसे)
अभव्व) २ पुं. मुक्ति के लिये अयोग्य जीव ; (विसे ; कम्म ३, २३) ।

अभाअ वि [**अभाग**] अ-स्थान, अयोग्य स्थान ; (से ८, ४२)।

अभाइ वि [**अभागिन्**] अभागा, हत-भाग्य, कमनसीब ; (वाउ २६)।

अभागधेज्ज वि [**अभागधेय**] ऊपर देखो; (पउम २८,८६)

अभाव पुं [**अभाव**] १ ध्वंस, नाश ; (बृह १)। २ अ-विद्यमानता, असत्त्व ; (पंचा ३)। ३ असम्भव ; (दस १)। ४ अशुभ परिणाम ; (उत्त १)।

अभाविय वि [**अभावित**] अयोग्य, अनुचित ; (ठा १० ; बृह ३)।

अभावुग वि [**अभावुक**] जिस पर दूसरे के संग की असर न पड़ सके वह, "विसहरमणी अभावुगदव्वं जीवो उ भावुगं तम्हा" (सुपा १७५; ओघ ७७३)।

अभासग, **अभासय** वि [**अभाषक**] १ बोलने की शक्ति जिसको उत्पन्न न हुई हो वह ; २ नहीं बोलने वाला ; ३ पुं. केवल त्वग्-इन्द्रिय वाला, एकेन्द्रिय जीव; ४ मुक्त आत्मा ; (ठा २, ४; भग; अगु)।

अभासा स्त्री [**अभाषा**] १ असत्य वचन ; २ सत्य-मिश्रित असत्य वचन ; (भग २५, ३)।

अभि अ [**अभि**] निम्न-लिखित अर्थों में से किसी एक को बतलाने वाला अव्यय;— १ संमुख, सामने ; जैसे— 'अभिगच्छणाया' (औप)। २ चारों ओर, समन्तात् ; जैसे—'अभिदो' (स्वप्न ४२)। ३ बलात्कार ; जैसे— 'अभिओग' (धर्म २)। ४ उल्लंघन, अतिक्रमण ; जैसे— 'अभिक्कंत' (आचा)। ५ अत्यन्त, ज्यादः ; जैसे— 'अभिदुग्ग' (सूअ १, ५, २)। ६ लक्ष्य ; जैसे—'अभिमुहं'। ७ प्रतिकूल , जैसे—'अभिवाय' (आचा)। ८ विकल्प ; ६ संभावना ; (निचू १)। १० निरर्थक भी इस अव्यय का प्रयोग होता है; जैसे—'अभिमंतिय' (सुर १६, ६२)।

अभिअण पुं [**अभिजन**] १ कुल ; २ जन्म-भूमि ; (नाट)।

अभिआवण्ण वि [**अभ्यापन्न**] संमुख-आगत ; (सूअ १, ४,२)।

अभिइ स्त्री [**अभिजित्**] नक्षत्र-विशेष ; (ठा २, ३)।

अभिइ सक [**अभि + इ**] सामने जाना, संमुख जाना। वकृ— **अभिइंत** ; (उप १४२ टी)।

अभिउंज देखो **अभिजुंज**। संकृ—**अभिउंजिय** ; (ठा ३, ४ ; दस १०)।

अभिओअ, **अभिओग** पुं [**अभियोग**] १ आज्ञा, हुकुम; (औप; ठा १०)। २ बलात्कार, "अभिओगे अ-निओगे" (श्रा ५)। ३ बलात्कार से कोई भी कार्य में लगाना ; (धर्म २)। ४ अभिभव, परा-भव ; (आव ५)। ५ कार्मण-प्रयोग, वशीकरण, वश करने का चूर्ण या मन्त्र-तन्त्रादि ;

"दुविहो खलु अभिओगो, दव्वे भावे य होइ नायव्वो।
दव्वम्मि होइ जोगो, विज्जा मंता य भावम्मि"
(ओघ ५६७)।

६ गर्व, अभिमान; (आव ५)। ७ आग्रह, हठ; (नाट)। °**पण्णत्ति** स्त्री [°**प्रज्ञप्ति**] विद्या-विशेष ; (गाया १, १६)। देखो **अहिओय**।

अभिओगी स्त्री [**आभियोगी**] भावना-विशेष, ध्यान-विशेष, जो अभियोगिक देव-गति (नौकर-स्थानीय देव-जाति) में उत्पन्न होने का हेतु है ; (बृह १)।

अभिओयण न [**अभियोजन**] देखो **अभिओग** ; (आव; पण्ण २०)।

अभिंगण, **अभिंजण** देखो **अब्भंगण** ; (नाट ; रंभा)।

अभिकंख सक [**अभि+काङ्क्ष्**] इच्छा करना, चाहना। अभिकंखेज्जा ; (आचा)। वकृ—**अभिकंखमाण** ; (दस ६, ३)।

अभिकंखा स्त्री [**अभिकाङ्क्षा**] अभिलाषा, इच्छा ; (आचा)।

अभिकंखि, **अभिकंखिर** वि [**अभिकाङ्क्षिन्**] अभिलाषी, इच्छुक ; (पि ४०५ ; सुपा १२६)।

अभिक्कंत वि [**अभिक्रान्त**] १ गत, अतिक्रान्त, "अण-भिक्कंतं च खलु वयं संपेहाए" (आचा)। २ संमुख गत ; ३ आरब्ध ; ४ उल्लंघित ; (आचा ; सूअ २, २)।

अभिक्कम सक [**अभि + क्रम्**] १ जाना गुजरना। २ सामने जाना। ३ उल्लंघन करना। ४ शुरू करना। वकृ—**अभिक्कममाण** ; (आचा)। संकृ—**अभि-क्कम्म** ; (सूअ १, १, २)।

अभिक्कम पुं [**अभिक्रम**] १ उल्लंघन। २ प्रारम्भ। ३ संमुख-गमन। ४ गमन, गति ; (आचा)।

अभिक्ख, **अभिक्खण** अ [**अभीक्ष्ण**] बारंबार ; (उप १४७ टी ; ठा २, ४ ; वव ३)।

अभिक्खा स्त्री [**अभिख्या**] नाम ; (विसे १०४८)।

अभिगच्छ सक [**अभि + गम्**] सामने जाना। अभिगच्छंति ; (भग २, ५)।

अभिगच्छणया स्त्री [**अभिगमन**] संमुख-गमन; (औप)।

अभिगज्ज अक [**अभि+गर्ज्**] गर्जना, खूब जोर से अवाज करना। वकृ—**अभिगज्जंत**; (गाया १, १८ ; सुर १३, १८२)।

अभिगम पुं [**अभिगम**] १ प्राप्ति, स्वीकार ; (पक्खि)। २ आदर, सत्कार ; (भग २, ५)। ३ (गुरु का) उपदेश, सीख ; (गाया १, १)। ४ ज्ञान, निश्चय; (पव १४९)। ५ सम्यक्त्व का एक भेद ; (ठा २, १)। ६ प्रवेश ; (मे ८, ३३)।

अभिगमण न [**अभिगमन**] ऊपर देखो ; (स्वप्न १६ ; गाया १, १२)।

अभिगमि वि [**अभिगमिन्**] १ आदर करने वाला। २ उपदेशक। ३ निश्चय-कारक। ४ प्रवेश करने वाला। ५ स्वीकार करने वाला, प्राप्त करने वाला ; (पगह ३४)।

अभिगय वि [**अभिगत**] १ प्राप्त। २ सत्कृत। ३ उपदिष्ट। ४ प्रविष्ट ; (बृह १)। ५ ज्ञात, निश्चित ; (गाया १, १)।

अभिगहिय न [**अभिग्रहिक**] मिथ्यात्व-विशेष ; (कम्म ४, ५१)।

अभिगिज्झ अक [**अभि+ गृध्**] अति लोभ करना, आसक्त होना। वकृ—**अभिगिज्झंत** ; (सूत्र २, २)।

अभिगिण्ह, **अभिगिन्ह** सक [**अभि + ग्रह्**] ग्रहण करना, स्वीकारना। अभिगिरहइ; (कप्प)। संकृ—**अभिगिन्हित्ता, अभिगिज्झ**; (पि ५८२; ठा २, १)।

अभिग्गह पुं [**अभिग्रह**] १ प्रतिज्ञा, नियम ; (ओघ ३)। २ जैन साधुओं का आचार-विशेष ; (बृह १)। ३ प्रत्याख्यान, (नियम-विशेष) का एक भेद ; (आव ६)। ४ कदाग्रह, हठ ; (ठा २, १)। ५ एक प्रकार का शारीरिक विनय ; (वव १)।

अभिग्गहिय वि [**अभिग्रहिक**] अभिग्रह वाला ; (ठा २, १ ; पव ६)।

अभिग्गहिय वि [**अभिगृहीत**] १ जिसके विषय में अभिग्रह किया गया हो वह ; (कप्प ; पव ६)। २ न. अवधारण, निश्चय ; (पगण ११)।

अभिघट्ट सक [**अभि + घट्ट्**] वेग से जाना। कवकृ—**अभिघट्टिज्जमाण** ; (राय)।

अभिघाय पुं [**अभिघात**] प्रहार, मार-पीट, हिंसा ; (पगह १, १; बृह ४)।

अभिचंद पुं [**अभिचन्द्र**] १ यदु-वंश के राजा अन्धक-वृष्णि का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी ; (अंत ३)। २ इस नाम का एक कुलकर पुरुष ; (पउम ३, ५५)। ३ मुहूर्त-विशेष ; (सम ५१)।

अभिजण देखो **अभिअण** ; (स्वप्न २६)।

अभिजस न [**अभियशस्**] इस नाम का एक जैन साधुओं का कुल (एक आचार्य को संतति) ; (कप्प)।

अभिजाइ स्त्री [**अभिजाति**] कुलीनता, खानदानी ; (उत ११)।

अभिजाण सक [**अभि+ज्ञा**] जानना। वकृ— **अभिजाणमाण** ; (आचा)।

अभिजाय वि [**अभिजात**] १ उत्पन्न, " अभिजायसड्ढो " (उत १४)। २ कुलीन ; (राज)।

अभिजुंज सक [**अभि+युज्**] १ मन्त्र-तन्त्रादि से वश करना। २ कोई कार्य में लगाना। ३ आलिंगन करना। ४ स्मरण कराना, याद दिलाना। संकृ—**अभिजुंजिय, अभिजुंजियाणं, अभिजुंजित्ता** ; (भग २, ५ ; सूत्र १, ५, २; आचा ; भग ३, ५)।

अभिजुत्त वि [**अभियुक्त**] १ व्रत-नियम में जिसने दूषण न लगाया हो वह ; (गाया १, १४)। २ जानकार, पण्डित ; (णंदि)। ३ दुश्मन से घिरा हुआ ; (वेणी १२०)।

अभिज्झा स्त्री [**अभिध्या**] लोभ, लोलुपता, आसक्ति ; (सम ७१ ; पगह १, ५)।

अभिज्झिय वि [**अभिध्यित**] अभिलषित, वाञ्छित ; (पगण २८)।

अभिट्ठुय वि [**अभिष्टुत**] वर्णित, श्लाघित, प्रशंसित ; (आव २)।

अभिड्डुय देखो **अभिद्दुय** ; (सूत्र १, २, ३)।

अभिणअंत, **अभिणइज्जंत** देखो **अभिणी** ।

अभिणंद सक [**अभि+नन्द्**] १ प्रशंसा करना, स्तुति करना। २ आशीर्वाद देना। ३ प्रीति करना। ४ खुशी

मनाना । ५ चाहना, इच्छना । ६ बहुमान करना, आदर करना । अभिणंदइ ; (स १६३) । वकृ— **अभिणंदंत**; (औप ; गाया १, १ ; पउम ५, १३०) । कवकृ— **अभिणंदिज्जमाण** ; (ठा ६ ; णाया १, १) ।

अभिणंदिय वि [**अभिनन्दित**] जिसका अभिनन्दन किया गया हो वह ; (सुपा ३१०) ।

अभिणंदण न [**अभिनन्दन**] १ अभिनन्दन; २ पुं. वर्तमान अवसर्पिणी-काल के चतुर्थ जिन-देव ; (सम ४३) । ३ लोकोत्तर श्रावण मास ; (सुज्ज १०) ।

अभिणय पुं [**अभिनय**] शारीरिक चेष्टा के द्वारा हृदय का भाव प्रकाशित करना , नाट्य-क्रिया; (ठा ४, ४) ।

अभिणव वि [**अभिनव**] नूतन, नया ; (जीव ३) ।

अभिणिक्खंत वि [**अभिनिष्क्रान्त**] दीक्षित, प्रव्रजित ; (स २७८) ।

अभिणिगिण्ह सक [**अभिनि+ग्रह्**] रोकना, अटकाना । संकृ—**अभिणिगिज्झ** ; (पि ३३१; ५६१) ।

अभिणिचारिया स्त्री [**अभिनिचारिका**] भिक्षा के लिए गति-विशेष ; (वव ४) ।

अभिणिपया स्त्री [**अभिनिप्रजा**] अलग २ रही हुई प्रजा; (वव ६) ।

अभिणिबुज्झ सक [**अभिनि+बुध्**] जानना, इन्द्रिय आदि द्वारा निश्चित रूप से ज्ञान करना । अभिणिबुज्झए; (विसे ८१)।

अभिणिबोह पुं [**अभिनिबोध**] ज्ञान विशेष, मति-ज्ञान ; (सम्म ८६) ।

अभिणियट्टण न [**अभिनिवर्तन**] पीछे लौटना, वापिस जाना ; (आचा) ।

अभिणिविट्ठ वि [**अभिनिविष्ट**] १ तीव्र रूप से निविष्ट ; २ आग्रही ; (उत्त १४) ।

अभिणिवेस पुं [**अभिनिवेश**] आग्रह, हठ ; (गाया १, १२) ।

अभिणिवेह पुं [**अभिनिवेध**] उलटा मापना ; (आवम) ।

अभिणिव्वगड वि [**दे. अभिनिर्व्याकृत**] भिन्न परिधि वाला, पृथग्भूत (घर वगैरः); (वव १, ६) ।

अभिणिव्वट्ट सक [**अभिनि+वृत्**] रोकना, प्रतिषेध करना । " से मेहावी अभिणिव्वट्टेज्जा कोहं च माणं च मायं च लोभं च पेज्जं च दोसं च मोहं च गब्भं च जम्मं च मारं च नरयं च तिरियं च दुक्खं च " (आचा) ।

अभिणिव्वट्ट सक [**अभिनिर्+वृत्**] १ संपादित करना, निष्पन्न करना । २ उत्पन्न करना । संकृ—**अभिणिव्वट्टित्ता,** (भग ५, ४) ।

अभिणिव्वट्ट वि [**अभिनिर्वृत्त**] १ निष्पन्न । २ उत्पन्न; " इह खलु अत्तत्ताए तेहिं तेहिं कुलेहिं अभिसेएण अभिसंभूआ अभिसंजाया अभिणिव्वट्टा अभिसंवुड्ढा अभिसंबुद्धा अभिनिक्खंता अणुपुव्वेण महामुणी " (आचा) ।

अभिणिव्वुड वि [**अभिनिर्वृत**] १ मुक्त, मोक्ष-प्राप्त ; (सूअ १, २, १) । २ शान्त, अकुपित; (आचा) । ३ पाप से निवृत्त ; (सुअ १, २, १) ।

अभिणिसज्जा स्त्री [**अभिनिषद्या**] जैन साधुओं को रहने का स्थान-विशेष ; (वव १) ।

अभिणिसिट्ठ वि [**अभिनिसृष्ट**] बाहर निकला हुआ ; (जीव ३) ।

अभिणिसेहिया स्त्री [**अभिनैषेधिकी**] जैन साधुओं का स्वाध्याय करने का स्थान-विशेष ; (वव १) ।

अभिणिस्सड वि [**अभिनिस्सृत**] बाहर निकला हुआ ; (भग १४, ६) ।

अभिणी सक [**अभि+नी**] अभिनय करना, नाट्य करना । वकृ—**अभिणअंत** ; (मै ७५) । कवकृ—**अभिणइज्जंत** ; (सुपा ३५६) ।

अभिणूम न [**अभिनूम**] माया, कपट; (सुअ १, २, १) ।

अभिण्ण वि [**अभिज्ञ**] जानकार, निपुण ; (उप ५८०) ।

अभिण्ण वि [**अभिन्न**] १ अ-त्रुटित, अ-विदारित, अ-खण्डित ; (उवा ; पंचा ११) । २ भेद-रहित, अपृथग्भूत ; (बृह ३) ।

अभिण्णपुड पुं [**दे**] खाली पुड़िया, लोगों को ठगने के लिए लड़के लोग जिसको रास्ता पर रख देते हैं; (दे १,४४)।

अभिण्णाण न [**अभिज्ञान**] निशानी, चिह्न; (श्रा १४) ।

अभिण्णाय वि [**अभिज्ञात**] जाना हुआ, विदित; (आचा)।

अभितज्ज सक [**अभि+तर्ज्**] तिरस्कार करना, ताड़न करना । वकृ—**अभितज्जेमाण** ; (णाया १, १८) ।

अभितत्त वि [**अभितप्त**] १ तपाया हुआ, गरम किया हुआ ; (सूअ १, ४, १, २७) ।

अभितव सक [**अभि+तप्**] १ तपाना ; २ पीडा करना । " चत्तारि अगणिओ समारभित्ता जेहिं कूरकम्मा भितविंति, बालं " (सूअ १, ५, १, १३) । कवकृ—**अभितप्पमाण** ; " ते तत्थ चिट्ठंतिभितप्पमाणा मच्छा व जीवंतुवजोतिपत्ता " (सूअ १, ५, १, १३) ।

अभिताव सक [**अभि+तापय्**] १ तपाना, गरम करना । २ पीडित करना । अभितावयंति; (सूम १, ५, १, २१; २२) ।
अभिताव पुं [**अभिताप**] १ दाह ; २ पीडा ; (सूम १, ५, १ ; २, ६) ।
अभितास सक [**अभि+त्रासय्**] त्रास उपजाना, भय-भीत करना । वकृ—**अभितासेमाण** ; (गाया १,१८)।
अभित्थु सक [**अभि+स्तु**] स्तुति करना, श्लाघा करना, वर्णन करना । अभित्थुणंति, अभित्थुणामि ; (पि ४६४; विसे १०५४) । वकृ—**अभित्थुणमाण**; (कप्प) । कवकृ—**अभित्थुव्वमाण** ; (रयण ६८) ।
अभित्थुय वि [**अभिष्टुत**] स्तुत, श्लाघित ; (संथा) ।
अभिथु देखो **अभित्थु** । वकृ—**अभिथुणंत** ; (गाया १, १) । कवकृ—**अभिथुव्वमाण**; (कप्प ; ठा ६)।
अभिदुग्ग वि [**अभिदुर्ग**] १ दुःखोत्पादक स्थान ; २ अतिविषम स्थान ; (सूम १, ५, १, १७) ।
अभिदो (शौ) अ [**अभितः**] चारों ओर से; (स्वप्न ४२) ।
अभिद्दव सक [**अभि+द्रु**] पीड़ा करना, दुःख उपजाना, हैरान करना । "नुदंति वायाहिं अभिद्दवं णरा " (आचा २, १६, २) ।
अभिद्दविय वि [**अभिद्रुत**] उपद्रुत, हैरान किया हुआ ; (सुर १२, ६७) ।
अभिद्दुय देखो **अभिद्दविय** ; (गाया १, ६ ; स ५६) ।
अभिधाइ वि [**अभिधायिन्**] वाचक, कहने वाला ; (विसे ३४७२) ।
अभिधारण न [**अभिधारण**] धारणा, चिन्तन ; (बृह ३) ।
अभिधेज्ज } पुं [**अभिधेय**] अर्थ, वाच्य, पदार्थ ;
अभिधेय } (विसे १ टी) ।
अभिनंद देखो **अभिणंद** । वकृ --**अभिनंदमाण**; (कप्प) । कवकृ— **अभिनंदिज्जमाण**; (महा) ।
अभिनंदण देखो **अभिणंदण** ; (कप्प) ।
अभिनंदि स्त्री [**अभिनन्दि**] आनन्द, खुशी, "पावेउ अ नंदिसेणमभिनंदिं " (अजि ३७) ।
अभिनिक्खंत देखो **अभिणिक्खंत** ; (आचा) ।
अभिनिक्खम अक [**अभिनिर्+क्रम्**] दीक्षा (संन्यास) लेना, दीक्षा लेने की इच्छा करना, गृहवास से बाहर निकलना । वकृ—**अभिनिक्खमंत** ; (पि ३६७) ।
अभिनिगिण्ह देखो **अभिणिगिण्ह** ; (आचा) ।
अभिनिबुज्झ देखो **अभिणिबुज्झ** । अभिनिबुज्झइ ; (विसे ६८) ।
अभिनिवट्ट देखो **अभिणिवट्ट** । संकृ—**अभिनिवट्टित्ताणं**; (पि ५८३) ।
अभिनिविट्ठ देखो **अभिणिविट्ठ** ; (भग) ।
अभिनिवेसिय न (**अभिनिवेशिक**) मिथ्यात्व का एक प्रकार, सत्य वस्तु का ज्ञान होने पर भी उसे नहीं मानने का दुराग्रह ; (श्रा ६; कम्म ४, ५१) ।
अभिनिव्वट्ट देखो **अभिणिव्वट्ट** ; (कप्प; आचा) ।
अभिनिव्विट्ठ वि [**अभिनिर्विष्ट**] संजात, उत्पन्न ; (कप्प) ।
अभिनिव्वुड देखो **अभिणिव्वुड**; (पि २१६) ।
अभिनिस्सव अक [**अभिनि+स्रु**] टपकना, भरना । अभिनिस्सवइ; (भग) ।
अभिन्न देखो **अभिण्ण** ; (प्राप्र) ।
अभिन्नाण देखो **अभिण्णाण** ; (ओघ ४३६ ; सुर ७, १०१) ।
अभिन्नाय देखो **अभिण्णाय**; (कप्प) ।
अभिपल्लाणिय वि [**अभिपर्याणित**] अध्यारोपित, ऊपर रखा हुआ ; (कुमा) ।
अभिपाइय वि [**आभिप्रायिक**] अभिप्राय-संबन्धी, मनः-कल्पित ; (अणु) ।
अभिप्पाय पुं [**अभिप्राय**] आशय, मन-परिणाम; (आचा; स ३४ ; सुपा २६२) ।
अभिप्पेय वि [**अभिप्रेत**] इष्ट ; अभिमत ; (स २३) ।
अभिभव सक [**अभि+भू**] पराभव करना, परास्त करना । अभिभवइ ; (महा) । संकृ—**अभिभविय, अभिभूय** ; (भग ६, ३३; पराह १, २) ।
अभिभव पुं [**अभिभव**] पराभव, पराजय, तिरस्कार ; (आचा ; दे १, ५७) ।
अभिभवण न [**अभिभवन**] ऊपर देखो ; (सुपा ४७६) ।
अभिभास सक [**अभि+भाष्**] संभाषण करना। अभिभासे; (पि १६६) ।
अभिभूइ स्त्री [**अभिभूति**] पराभव, अभिभव ; (द ३०)।
अभिभूय वि [**अभिभूत**] पराभूत, पराजित; (आचा ; सुर ४, ७५)
अभिमंजु देखो **अभिमण्णु** ; (हे ४, ३०५) ।

अभिमंत सक [अभि+मन्त्रय्] मंत्रित करना, मन्त्र से संस्कारना। संकृ—**अभिमंतिऊण, अभिमंतिय** ; (निचू १; आवम)।

अभिमंतिय वि [अभिमन्त्रित] मन्त्र से संस्कारित; (सुर १६; ६२)।

अभिमन्न सक [अभि+मन्] १ अभिमान करना। २ सम्मत करना। अभिमन्नइ ; (विसे २१६०, २६०३)।

अभिमय वि [अभिमत] इष्ट, अभिप्रेत ; (सूअ २, ४)।

अभिमाण पुं [अभिमान] अभिमान, गर्व ; (निचू १)।

अभिमार पुं [अभिमार] वृक्ष-विशेष ; (राज)।

अभिमुह वि [अभिमुख] १ संमुख, सामने स्थित ; २ क्रिवि. सामने ; (भग)।

अभिरइ स्त्री [अभिरति] १ रति, संभोग, २ प्रीति, अनुराग ; (विसे ३२२३)।

अभिरम अक [अभि+रम्] १ क्रीड़ा करना, संभोग करना। २ प्रीति करना। ३ तल्लीन होना, आसक्ति करना। अभिरमइ ; (महा)। वकृ—**अभिरमंत, अभिरममाण** ; (सुपा १२० ; गाया १, २; ४)।

अभिरमिय वि [अभिरमित] अनुरक्त किया हुआ, "अभिरमियकुमुयवणसंडं ससिमंडलं पलोयइ" (सुपा ३४)।

अभिरमिय) वि [अभिरत] १ अनुरक्त; (सुपा ३४)। **अभिरय**) २ तल्लीन, तत्पर "साहू तवनियमसंजमाभिरया" (पउम ३७, ६३; स १२२)।

अभिराम वि [अभिराम] सुन्दर, मनोहर, (गाया १, १३ ; स्वप्न ४५)।

अभिरुइय वि [अभिरुचित] पसंद, मन का अभिमत; (गाया १, १ ; उवा ; सुपा ३४४ ; महा)।

अभिरुय सक [अभि+रुच्] पसंद पड़ना, रुचना। अभिरुयइ ; (महा)।

अभिरुह सक [अभि+रुह्] १ रोकना। २ ऊपर चढ़ना, आरोहना। संकृ—

"चत्तारि साहिए मासे बहवे पाणजाइया आगम्म।
अभिरुज्झ कायं विहरिंसु, आरुहिया णं तत्थ हिंसिंसु"
(आचा)।

अभिरोहिय वि [अभिरोधित] चारों ओर से निरुद्ध, रोका हुआ ; (गाया १, ६)।

अभिरोहिय वि [अभिरोहित] ऊपर देखो "परचक्करायाभिरोहिया" ("परचक्रराजेनापरसैन्यनृपतिनाभिरोहिताः सर्वतः कृतनिरोधा या सा तथा" टी); (गाया १,६)।

अभिलंघ सक [अभि+लङ्घ्] उल्लंघन करना। वकृ—**अभिलंघमाण** ; (गाया १, १)।

अभिलप्प वि [अभिलाप्य] कथन-योग्य, निर्वचनीय ; (आचू १)।

अभिलस सक [अभि+लष्] चाहना, वाञ्छना। अहिलसइ ; (उव)।

अभिलाअ) पुं [अभिलाप] १ शब्द, ध्वनि ; (ठा ३, **अभिलाव**) १ ; भास २७)। २ संभाषण ; (गाया १, ८ ; विसे)।

अभिलास पुं [अभिलाष] इच्छा, चाह ; (गाया १, ६ ; प्रयौ ६१)।

अभिलासि) वि [अभिलाषिन्] चाहने वाला, इच्छुक; **अभिलासिण**) (वसु ; स ६५४ ; पउम ३१, १२८)।

अभिलासुग वि [अभिलाषुक] अभिलाषी ; (उप ३५७ टी)।

अभिलोयण न [अभिलोकन] जहां खड़े रह कर दूर की चीज देखी जाय वह स्थान ; (पगह २, ४)।

अभिलोयण न [अभिलोचन] ऊपर देखो ; (पगह २, ४)।

अभिवंद सक [अभि+वन्द्] नमस्कार करना, प्रणाम करना। वकृ—**अभिवंदंत** ; (पउम २३, ६)। कृ— "जे साहुणो ते **अभिवंदियव्वा**" (गोय १४); **अभिवंदणिज्ज** ; (विसे २६४३)।

अभिवंदय वि [अभिवन्दक] प्रणाम करने वाला ; (औप)।

अभिवड्ढ अक [अभि+वृध्] बढ़ना, बड़ा होना, उन्नत होना। अभिवड्ढामो ; भूका—अभिवड्ढित्था ; (कप्प)। वकृ—**अभिवड्ढेमाण** ; (जं ७)।

अभिवड्ढि देखो **अभिवुड्ढि** ; (इक)।

अभिवड्ढिय वि [अभिवर्धित] १ बढ़ाया हुआ। २ अधिक मास, ३ अधिक मास वाला वर्ष ; (सम ५६ ; चन्द १२)।

अभिवत्ति स्त्री [अभिव्यक्ति] प्रादुर्भाव ; (उप २८५)।

अभिवय सक [अभि + व्रज्] सामने जाना। वकृ—**अभिवयंत** ; (गाया १, ८)।

अभिवाइय वि [**अभिवादित**] प्रणत, नमस्कृत ; (सुपा ३१०)।

अभिवात पुं [**अभिवात**] १ सामने का पवन; २ प्रतिकूल (गरम या रूक्ष) पवन ; (आचा)।

अभिवाद } सक [**अभि+वादय्**] प्रणाम करना,
अभिवाय } नमस्कार करना। अभिवाएइ; (महा)। अभिवादये (विसे १०५४)। वकृ—**अभिवायमाण** ; (आचा)। कृ—**अभिवायणिज्ज** ; (सुपा ५६८)।

अभिवाय देखो **अभिवात** ; (आचा)।

अभिवायण न [**अभिवादन**] प्रणाम, नमस्कार ; (आचा ; दसचू)।

अभिवाहरणा स्त्री [**अभिव्याहरणा**] बुलाहट, पुकार ; (पंचा २)।

अभिवाहार पुं [**अभिव्याहार**] प्रश्नोत्तर, सवाल-जवाब ; (विसे ३३६६)।

अभिविहि पुंस्त्री [**अभिविधि**] मर्यादा, व्याप्ति ; (पंचा १५ ; विसे ८७४)।

अभिवुड्ढ देखो **अभिवड्ढ** । संकृ—**अभिवुड्ढित्ता**; (सुज्ज १)।

अभिवुड्ढि स्त्री [**अभिवृद्धि**] १ वृद्धि, बढाव। २ उत्तर भाद्रपदा नक्षत्र ; (जं ७)।

अभिव्वंजण न [**अभिव्यञ्जन**] देखो **अभिवत्ति**; (सूअ १, १, १)।

अभिव्वाहार देखो **अभिवाहार** ; (विसे ३४१२)।

अभिसंका स्त्री [**अभिशङ्का**] संशय, संदेह; (सूअ १, ६, १, १४)।

अभिसंकि वि [**अभिशङ्किन्**] १ संदेह करने वाला। २ भीरु, डरने वाला ; " उज्जु माराभिसंकी मरणा पमुच्चति " (आचा ; णाया १, १८)।

अभिसंग पुं [**अभिष्वङ्ग**] आसक्ति ; (ठा ३, ४)।

अभिसंजाय वि [**अभिसंजात**] उत्पन्न ; (आचा)।

अभिसंथुण सक [**अभिसं+स्तु**] स्तुति करना, वर्णन करना। वकृ—**अभिसंथुणमाण** ; (णाया १, ८)।

अभिसंधारण न [**अभिसंधारण**] पर्यालोचन; विचारणा; (आचा)।

अभिसंधि पुंस्त्री [**अभिसंधि**] आशय, अभिप्राय; (उप २११ टी)।

अभिसंधिय वि [**अभिसंहित**] गृहीत, उपात्त ; (आचा)।

अभिसंभूय वि [**अभिसंभूत**] उत्पन्न, प्रादुर्भूत; (आचा)।

अभिसंबुद्ध वि [**अभिसंबुद्ध**] ज्ञान-प्राप्त, बोध-प्राप्त ; (आचा)।

अभिसंवुड्ढ वि [**अभिसंवृद्ध**] बड़ा हुआ, उन्नत अवस्था को प्राप्त ; (आचा)।

अभिसमण्णागय } वि [**अभिसमन्वागत**] १ अच्छी
अभिसमन्नागय } तरह जाना हुआ, सुनिर्णीत ; (भग ५, ४)। २ व्यवस्थित ; (सूअ २, १)। ३ प्राप्त, लब्ध ; (भग १५ ; कप्प ; णाया १, ८)।

अभिसमागम सक [**अभिसमा+गम्**] १ सामने जाना। २ प्राप्त करना। ३ निर्णय करना, ठीक २ जानना। संकृ—**अभिसमागम्म** ; (आचा ; दस ५)।

अभिसमागम पुं [**अभिसमागम**] १ संमुख गमन। २ प्राप्ति। ३ निर्णय ; (ठा ३, ४)।

अभिसमे सक [**अभिसमा + इ**] देखो **अभिसमागम**=अभिसमा+गम्। अभिसमेइ ; (ठा ३, ४)। संकृ—**अभिसमेच्च** ; (आचा)।

अभिसरण न [**अभिसरण**] १ सामने जाना, संमुख गमन; (पण्ह १,१)। २ प्रिय के पास जाना; (कुमा)।

अभिसव पुं [**अभिषव**] १ मद्य आदि का अर्क ; २ मद्य-मांस आदि से मिश्रित चीज ; (पव ६)।

अभिसारिआ देखो **अहिसारिआ** ; (गा ८७१)।

अभिसिंच सक [**अभि+सिच्**] अभिषेक करना। अभिसिंचति; (कप्प)। कवकृ—**अभिसिच्चमाण**; (कप्प)। प्रयो, हेकृ—**अभिसिंचावित्तए**; (पि ५७८)।

अभिसित्त वि [**अभिषिक्त**] जिसका अभिषेक किया गया हो वह ; (आवम)।

अभिसेअ } पुं [**अभिषेक**] १ राजा, आचार्य आदि पद पर
अभिसेग } आरूढ करना ; (संथा ; महा) ; २ स्नान-महोत्सव ; " जिणाभिसेगे " (सुपा ५०)। ३ स्नान ; (औप; स ३२)। ४ जहां पर अभिषेक किया जाता है वह स्थान ; (भग)। ५ शुक्र-शोणित का संयोग " इह खलु अत्तत्ताए तेहिं तेहिं कुलेहिं अभिसेएण अभिसंभूया " (आचा १, ६,१)। ६ वि. आचार्य आदि पद के योग्य; (बृह ३)। ७ अभिषिक्त; (निचू १५)।

अभिसेगा स्त्री [**अभिषेका**] १ साध्वी, संन्यासिनी ; (निचू १५)। २ साध्वीओं को मुखिया, प्रवर्तिनी ; (धर्म ३; निचू ६)।

अभिसेज्जा स्त्री [**अभिशय्या**] देखो **अभिणिसज्जा** ; (वव १)। २ भिन्न स्थान ; (विसे ३४६१)।

अभिसेवण न [**अभिषेवण**] पूजा, सेवा, भक्ति ; (पउम १४, ४६)।

अभिस्संग पुं [**अभिष्वङ्ग**] आसक्ति; (विसे २६६४)।

अभिहट्टु अ [**अभिहृत्य**] बलात्कार करके, जबरदस्ती करके ; (आचा ; पि ५७७)।

अभिहड वि [**अभिहृत**] १ सामने लाया हुआ ; (पंचा १३)। २ जैन साधुओं की भिक्षा का एक दोष ; (ठा ३, ४)।

अभिहण सक [**अभि+हन्**] मारना, हिंसा करना। (पि ४६६)। वकृ—**अभिहणमाण** ; (जं ३)।

अभिहणण न [**अभिहनन**] अभिघात ; हिंसा ; (भग ८, ७)।

अभिहय वि [**अभिहत**] मारा हुआ, आहत ; (पडि)।

अभिहा स्त्री [**अभिधा**] नाम, आख्या ; (सण)।

अभिहाण न [**अभिधान**] १ नाम, आख्या ; (कुमा)। २ वाचक, शब्द ; (वव ६)। ३ कथन, उक्ति; (विसे)।

अभिहिय वि [**अभिहित**] कथित, उक्त ; (आचा)।

अभिहेअ पुं [**अभिधेय**] वाच्य, पदार्थ ; (विसे ८४१)।

अभीइ) स्त्री [**अभिजित्**] १ नक्षत्र-विशेष ; (सम ८;
अभीजि) १५)। २ पुं. एक राज-कुमार; (भग १३,६)। ३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी ; (अनु)।

अभीरु वि [**अभीरु**] १ निडर, निर्भीक; (आचा)। २ स्त्री. मध्यम-ग्राम की एक मूर्च्छना ; (ठा ७)।

अभेज्झा देखो **अभिज्झा** ; (पण्ह १, ३)

अभोज्ज वि [**अभोज्य**] भोजन के अयोग्य ; (णाया १, १६)। °**घर** न [°**गृह**] भिक्षा के लिए अयोग्य घर, धोबी आदि नीच जाति का घर ; (बृह १)।

अम सक [**अम्**] १ जाना। २ आवाज करना। ३ खाना। ४ पीडना। ५ अक. रोगी होना। " अम गत्याईसु " (विसे ३४५३) ; " अम रोगे वा " (विसे ३४५४)। **अमइ** ; (विसे ३४५३)।

अमग्ग पुं [**अमार्ग**] १ कुमार्ग, खराब रास्ता ; (उव)। २ मिथ्यात्व , कषाय आदि हेय पदार्थ; " अमग्गं परियाणामि मग्गं उवसंपज्जामि " (आव ४)। ३ कुमत, कुदर्शन ; (दंस)।

अमग्घाय पुं [**अमाघात**] १ द्रव्य का अ-हरण; २ अमारि-निवारण, अभय-घोषणा ; (पंचा ६)।

अमच्च पुं [**अमात्य**] मन्त्री, प्रधान ; (औप ; सुर ४, १०४)।

अमच्च पुं [**अमर्त्य**] देव, देवता ; (कुमा)।

अमज्झ वि [**अमध्य**] १ मध्य-रहित, अखण्ड; (ठा ३,२)। २ परमाणु ; (भग २०, ६)।

अमण न [**अमन**] १ ज्ञान, निर्णय ; (ठा ३, ४)। २ अन्त, अवसान ; (विसे ३४५३)।

अमण) वि [**अमनस्क**] १ अप्रीतिकर, अभीष्ट; (ठा
अमणक्ख) ३, ३)। २ मन-रहित; (आव ४; सूअ २, ४, २)।

अमणाम वि [**अमनआप**] अनिष्ट, अ-मनोहर ; (सम १४६ ; विपा १, १)।

अमणाम वि [**अमनोम**] ऊपर देखो ; (भग; विपा १, १)।

अमणाम वि [**अवनाम**] पीड़ा-कारक, दुःखोत्पादक ; (सुअ २, १)।

अमणुस्स पुं [**अमनुष्य**] १ मनुष्य-भिन्न देव आदि ; (णंदि)। २ नपुंसक ; (निचू १)।

अमत्त न [**अमत्र**] भाजन, पात्र ; (सुअ १, ६)।

अमम वि [**अमम**] १ ममता-रहित, निःस्पृह ; (पण्ह २, ५; सुपा ५००)। २ पुं. आगामी काल में होने वाले एक जिन-देव का नाम ; (सम १५३)। ३ युग्म रूप से होने वाले मनुष्यों की एक जाति ; (जं ४)। ४ न. दिन के २५ वाँ मुहुर्त का नाम ; (चंद १०)। °**त्त** वि [°**त्व**] निःस्पृह, ममता-रहित ; (पंचव ४)।

अमय वि [**अमय**] विकार-रहित,
"अमओ य होइ जीवो, कारणविरहा जहेव आगासं।
समयं च होअनिच्चं, मिम्मयघडतंतुमाईयं " (विसे)।

अमय न [**अमृत**] १ अमृत, सुधा ; (प्रासू ६६)। २ क्षीर समुद्र का पानी; (राय)। ३ पुं. मोक्ष, मुक्ति ; (सम्म १६७; प्रामा)। ४ वि. नहीं मरा हुआ, जीवित, "अमओ हं नय विमुञ्चामि" (पउम ३३, ८२)। °**कर** पुं [°**कर**] चन्द्र, चन्द्रमा ; (उप ७६८ टी)। °**किरण** पुं [°**किरण**] चन्द्र ; (सुपा ३७७)। °**कुंड** पुं पुं [°**कुण्ड**] चन्द्र, चाँद ; (श्रा २७)। °**घोस** पुं [°**घोष**] एक राजा का नाम ; (संथा)। °**फल** न [°**फल**] अमृतोपम फल ; (णाया १, ६)। °**मइय**,

°**मय** वि [°**मय**] अमृत-पूर्ण ; (कुमा ; सुर ३, १२१ ; २३३) । °**मऊह** पुं [°**मयूख**] चन्द्र ; (से ६८) । °**वल्लरि**, °**वल्लरी** स्त्री [°**वल्लरि**, °**री**] अमृतलता, वल्ली-विशेष, गुडूची । °**वल्लि**, °**वल्ली** स्त्री [°**वल्लि**, °**ल्ली**] वल्ली-विशेष, गुडूची ; (श्रा २० ; पव ४) । °**वास** पुं [°**वर्ष**] सुधा-वृष्टि; (आचा) । देखो **अमिय**=अमृत ।

अमय पुं [**दे**] १ चन्द्र, चन्द्रमा ; (दे १, १५) । २ असुर, दैत्य ; (षड्) ।

अमयणिग्गम पुं [**दे. अमृतनिर्गम**] १ चन्द्र, चन्द्रमा ; (दे १, १५) ।

अमर वि [**आमर**] दिव्य, देव-संबन्धी, "अमरा आउहभेया" (पउम ६१, ४६) ।

अमर पुं [**अमर**] १ देव, देवता ; (पाअ) । २ मुक्त आत्मा ; (औप) । ३ भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र ; (राज) । ४ अनन्तवीर्य-नामक भावी जिन-देव के पूर्व-जन्म का नाम; (ती २१) । ५ वि मरण-रहित "पावंति अविग्घेणं जीवा अयरामरं ठाणं" (पडि) । °**कंका** स्त्री [°**कङ्का**] एक नगरी का नाम ; (उप ६४८ टी) । °**केउ** पुं [°**केतु**] एक राज-कुमार ; (दंस) । °**गिरि** पुं [°**गिरि**] मेरु पर्वत ; (पउम ६५, ३७) । °**गेह** न [°**गेह**] स्वर्ग; (उप ७२८ टी) । °**चन्दण** न [**चन्दन**] १ हरिचन्दन वृक्ष ; २ एक प्रकार का सुगन्धित काष्ठ ; (पाअ) । °**तरु** पुं [°**तरु**] कल्प-वृक्ष; (सुपा ४४) । °**दत्त** पुं [°**दत्त**] एक श्रेष्ठि-पुत्र का नाम; (धम्म) । °**नाह** पुं [**नाथ**] इन्द्र ; (पउम १०१, ७५) । °**पुर** न [°**पुर**] स्वर्ग ; (पउम २, १४) । °**पुरी** स्त्री [°**पुरी**] स्वर्ग-पुरी, अमरावती; (उप पृ १०५) । °**पभ** पुं [°**प्रभ**] वानर-द्वीप का एक राजा ; (पउम ६, ६६) °**वइ** पुं [°**पति**] इन्द्र ; (पउम १०१, ७० ; सुर १, १) । °**वहू** स्त्री [°**वधू**] देवी; (महा) । °**सामि** पुं [**स्वामिन्**] इन्द्र; (विसे १४३६ टी) । °**सेण** पुं [°**सेन**] १ एक राजा का नाम ; (दंस) । २ एक राज-कुमार का नाम ; (णाया १, ८) । °**लय** लि [°**लय**] स्वर्ग ; "चविउममरालयाए" (उप ७२८ टी ; सुपा ३५) । °**वई** स्त्री [°**वती**] १ देव-नगरी, स्वर्ग-पुरी ; (पाअ) । २ मर्त्य-लोक की एक नगरी, राजा श्रीसेण की राजधानी ; (उप ६८६ टी) ।

अमरंगणा स्त्री [**अमराङ्गना**] देवी ; (श्रा २७) ।

अमरिंद पुं [**अमरेन्द्र**] देवों का राजा, इन्द्र ; (भवि) ।

अमरिस पुं [**अमर्ष**] १ असहिष्णुता ; (हे २, १०५) । २ कदाग्रह ; (उत ३४) । ३ क्रोध, गुस्सा ; (पण्ह १, ३; पाअ) ।

अमरिसण न [**अमर्षण**] १—३ ऊपर देखो । ४ वि असहिष्णु, क्रोधी ; (पण्ह १, ४) । ५ सहिष्णु, क्षमा-शील ; (सम १५३) ।

अमरिसण वि [**अमसृण**] उद्यमी, उद्योगी ; (सम १५३) ।

अमरिसिय वि [**अमर्षित**] १ मत्सरी, असहिष्णु ; (आवम ; स ५६५) ।

अमरी स्त्री (**अमरी**) देवी ; (कुमा) ।

अमल वि [**अमल**] १ निर्मल, स्वच्छ; (उव ; सुपा ३४) । २ पुं भगवान् ऋषभदेव के एक पुत्र का नाम ; (राज) ।

अमला स्त्री [**अमला**] शक्र को एक अग्र-महिषी का नाम, इन्द्राणी-विशेष ; (ठा ८) ।

अमाइ, **अमाइल्ल** वि [**अमायिन्**] निष्कपट, सरल ; (आचा ; ठा १० ; द ४७) ।

अमाघाय देखो **अमग्घाय** ; (उवा) ।

अमाण वि [**अमान**] १ गर्व-रहित, नम्र ; (कप्प) । २ असंख्य, "ठाणट्ठाणविलोइज्जमाणमाणोसहिसमूहो" (उव ६ टी) ।

अमाय वि [**अमात**] नहीं माया हुआ ; "सुसाहुवग्गस्स मणे अमाया" (सत्त ३५) ।

अमाय वि [**अमाय**] निष्कपट, सरल ; (कप्प) ।

अमायि देखो **अमाइ** ; (भग) ।

अमारि स्त्री [**अमारि**] हिंसा-निवारण, जीवित-दान ; (सुपा ११२) । °**घोस** पुं [°**घोष**] अहिंसा की घोषणा ; (सुपा ३०६) । °**पडह** पुं [°**पटह**] हिंसा-निषेध का डिण्डिम, "अमारिपडह व घोसावेइ" (रयण ६०) ।

अमावसा, **अमावस्सा**, **अमावासा** स्त्री [**अमावास्या**] तिथि-विशेष, अमावस; (कप्प ; सुपा २२६ ; णाया १, १० ; चंद १०) ।

अमिज्ज वि [**अमेय**] माप करने के लिये अशक्य, असंख्य; (कप्प) ।

अमिज्झ न [**अमेध्य**] १ अशुचि वस्तु, "भरियममिज्झस्स दुरहिगंधस्स" (उप ७२८ टी) । २ विष्ठा ; (सुपा ३१३) ।

अमित्त पुंन [**अमित्र**] रिपु, दुश्मन ; (ठा ४, ४; से ५, १७) ।

अमिय देखो **अमय**=अमृत; (प्रासू १; गा १; विसे; आवम; पिंग)। °**कुंड** न [°**कुण्ड**] नगर-विशेष का नाम; (सुपा ५७८)। °**गइ** स्त्री [°**गति**] एक छन्द का नाम; (पिंग)। °**णाणि** पुं [°**ज्ञानिन्**] ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव का नाम; (सम १५३)। °**भूय** वि [**भूत**] अमृत-तुल्य; (आउ)। °**मेह** पुं [°**मेघ**] अमृत-वर्षा; (जं ३)। °**रुइ** पुं [°**रुचि**] चन्द्र, चन्द्रमा; (श्रा १६)।

अमिय वि [**अमित**] परिमाण-रहित, असंख्य, अनन्त; (भग ५, ४; सुपा ३१; श्रा २७)। °**गइ** पुं [°**गति**] दक्षिण दिशा के एक इन्द्र का नाम, दिक्कुमारों का इन्द्र; (ठा २, ३)। °**जस** पुं [°**यशस्**] एक चक्रवर्ती राजा का नाम; (महा)। °**णाणि** वि [°**ज्ञानिन्**] १ सर्वज्ञ; (विसे)। २ ऐरवत क्षेत्र के एक जिन-देव का नाम; (सम १५३)। °**तेय** पुं [°**तेजस्**] एक जैन मुनि का नाम; (उप ७६८ टी)। °**बल** पुं [°**बल**] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ४)। °**वाहण** पुं [°**वाहन**] दिक्कुमार देवों के एक इन्द्र का नाम; (ठा २, ३)। °**वेग** पुं [°**वेग**] राक्षस वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, २६१)। °**ासणिय** वि [°**ासनिक**] एक स्थान पर नहीं बैठने वाला, चंचल; (कप्प)।

अमिल न [**दे**] ऊन का बना हुआ वस्त्र; (श्रा १८)। २ पुं. मेष, भेड़; (ओघ ३६८)।

अमिला स्त्री [**अमिला**] १ बीसवें जिन-देव की प्रथम शिष्या; (सम १५२)। २ पाड़ी, छोटी भैंस; (बृह १)।

अमिलाण } **अमिलाय** } वि [**अम्लान**] १ म्लानि-रहित, ताजा, हृष्ट; (सुर ३, ६५; भग ११, ११)। २ पुं. कुरण्टक वृक्ष; ३ न. कुरण्टक वृक्ष का पुष्प; (दे १, ३७)।

अमु स [**अदस्**] वह, अमुक; (पि ४३२)।

अमुअ स [**अमुक**] वह, कोई, अमका-ढमका; (ओघ ३२ भा; सुपा ३१४)।

अमुअ देखो **अमय**=अमृत; (प्रासू ५१; गा ६७६)।

अमुअ देखो **अमय**=अमय; (काप्र ७७७)।

अमुअ वि [**अस्मृत**] स्मरण में नहीं आया हुआ; (भग ३, ६)।

अमुइ वि [**अमोचिन्**] नहीं छोड़ने वाला; (उव)।

अमुग देखो **अमुअ**=अमुक; (कुमा)।

अमुगत्थ वि [**अमुत्र**] अमुक स्थान में; (सुपा ६०२)।

अमुण वि [**अज्ञ**] अजान, मूर्ख; (बृह १)।

अमुणिय वि [**अज्ञात**] अविदित; (सुर ४, २०)।

अमुणिय वि [**अज्ञान**] मूर्ख, अजान; (पण्ह १, २)।

अमुत्त वि [**अमुक्त**] अपरित्यक्त; (ठा १०)।

अमुत्त वि [**अमूर्त्त**] रूप-रहित, निराकार; (सुर १४, ३६)।

अमुदग्ग } **अमुयग्ग** } न [**अमुदग्र**] १ अतीन्द्रिय मिथ्याज्ञान विशेष, जैसे देवताओं के पुद्गल-रहित शरीर को देख कर जीव का शरीर पुद्गल से निर्मित नहीं है ऐसा निर्णय; (ठा ७)।

अमुसा स्त्री [**अमृषा**] सत्य वचन; (सूअ १, १०)। °**वाइ** वि [°**वादिन्**] सत्यवादी; (कुमा)।

अमुह वि [**अमुख**] निरुत्तर; (वव ६)।

अमुहरि वि [**अमुखरिन्**] अ-वाचाट, मित-भाषी; (उत्त १)।

अमूढ वि [**अमूढ**] अ-मुग्ध, विचक्षण; (णाया १, ६)। °**णाण** न [°**ज्ञान**] सत्य ज्ञान; (आवम)। °**दिट्ठि** स्त्री [°**दृष्टि**] १ सम्यग्दर्शन; (पव ६)। २ अविचलित बुद्धि; (उत्त २)। ३ वि. अविचलित दृष्टि वाला, सम्यग्दृष्टि; (गच्छ १)।

अमूस वि [**अमृष**] सत्यवादी; (कुमा)।

अमेज्ज देखो **अमिज्ज**; (भग ११, ११)।

अमेज्झ देखो **अमिज्झ**; (महा)।

अमोल्ल वि [**अमूल्य**] जिसकी कीमत न हो सके वह, बहुमूल्य; (गउड; सुपा ५१६)।

अमोसलि न [**दे. अमुशलि**] वस्त्रादि-निरीक्षण का एक प्रकार; (ओघ २५)।

अमोसा देखो **अमुसा**; (कुमा)।

अमोह वि [**अमोघ**] १ अवन्ध्य, सफल; (सुपा ८३; ५७५)। २ पुं. सूर्य के उदय और अस्त के समय किरणों के विकार से होने वाली रेखा-विशेष; (भग ३, ६)। ३ एक यक्ष का नाम; (विपा १, ४)। °**दंसि** वि [°**दर्शिन्**] १ ठीक २ देखने वाला; (दस ६)। २ न. उद्यान-विशेष; ३ पुं. यक्ष-विशेष; (विपा १, ३)। °**पहारि** वि [**प्रहारिन्**] अचूक प्रहार करने वाला, निशान-बाज; (महा)। °**रह** पुं [°**रथ**] इस नाम का एक रथिक; (महा)।

अमोह पुं [**अमोह**] १ मोह का अभाव, सत्य-ग्रह ; (विमे) । २ रुचक पर्वत का एक शिखर; (ठा ८) । ३ वि. मोह-रहित, निर्मोह ; (सुपा ८३) ।
अमोहण न [**अमोहन**] १ मोह का अभाव; (वव १०)। २ वि. मुग्ध नहीं करने वाला ; (कप्प) ।
अमोहा स्त्री [**अमोघा**] १ एक जम्बू-वृक्ष, जिसके नाम से यह जम्बूद्वीप कहलाता है; (जीव ३)। २ एक पुष्करिणी; (दीव) ।
अम्म देखो **अंब**=आम्ल ; (उर २, ६) ।
अम्मएव पुं [**आम्रदेव**] एक जैन आचार्य ; (पव २७६-गा ६०६) ।
अम्मगा देखो **अम्मया** ; (उवा) ।
अम्मच्छ वि [**दे**] असंबद्ध; (षड्) ।
अम्मड देखो **अंबड** ; (औप) ।
अम्मडी (अप) स्त्री [**अम्बा**] माता, माँ ; (हे ४, ४२४)।
अम्मणुअंचिय न [**दे**] अनुगमन, अनुसरण; (दे १,४६)।
अम्मधाई देखो **अंबधाई**; (विपा १, ६) ।
अम्मया स्त्री [**अम्बा**] १ माता, जननी ; (उवा) । २ पांचवें वासुदेव की माता का नाम ; (सम १५२) ।
अम्महे (शौ) अ. हर्ष-सूचक अव्यय ; (हे ४, २८४) ।
अम्मा स्त्री (**दे. अम्बा**) माता; माँ ; (दे १, ५) । °**पिइ** , °**पिउ** , °**पियर**, °**पीइ** पुंब. [°**पितृ**] माँ-बाप, माता-पिता ; (वव ३ ; कप्प; सुर ३, ८३ ; ठा ३, १ ; सुर ३, ८८ ; ७, १७०) । °**पेइय** वि [°**पैतृक**] माँ-बाप-संबन्धी ; (भग १, ७) ।
अम्माइआ स्त्री [**दे**) अनुसरण करने वाली स्त्री, पीछे २ जाने वाली स्त्री (दे १, २२) ।
अम्मो अ [ ] १ आश्चर्य-सूचक अव्यय ; (हे २, २०८ ; स्वप्न २६)। २ माता का संबोधन, हे माँ ; (उवा ; कुमा) ।
अम्मोस वि [**अमर्ष्य**] असह्य, क्षमा के अयोग्य; (सुपा ४८७) ।
अम्ह स [**अस्मत्**] हम, निज, खुद ; (हे २, ६६ ; १४२) । °**केर**, °**क्केर**, °**च्चय** वि [° **ीय**] अस्मदीय, हमारा ; (हे २, ६६ ; सुपा ४६६) ।
अम्हत्त वि [**दे**] प्रमृष्ट, प्रमार्जित ; (षड्) ।
अम्हार } (अप) वि [**अस्मदीय**] हमारा ; (षड् ;
अम्हारय } कुमा) ।
अम्हारिच्छ वि [**अस्मादृक्ष**] हमारे जैसा ; (प्रामा) ।
अम्हारिस वि [**अस्मादृश**] हमारे जैसा; (हे १, १४२; षड्) ।
अम्हेच्चय वि [**आस्माक**] अस्मदीय, हमारा ; (कुमा ; हे २, १४६) ।
अम्हो अ [**अहो**] आश्चर्य-सूचक अव्यय ; (षड्) ।
अय पुं [**अग**] १ पहाड़, पर्वत ; २ साँप, सर्प ; ३ सूर्य, सूरज ; (श्रा २३) ।
अय पुं [**अज**] १ छाग, बकरा ; (विपा १, ४) । २ पूर्व भाद्रपदा नक्षत्र का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३) । ३ महादेव ; ४ विष्णु ; ५ रामचन्द्र ; ६ ब्रह्मा ; ७ कामदेव ; (श्रा २३) । ८ महाग्रह-विशेष ; (ठा ६) । ६ बीजोत्पादक शक्ति से रहित धान्य ; (पउम ११, २५) । °**करक** पुं [°**करक**] एक महाग्रह का नाम ; (ठा २, ३) । °**वाल** पुं [°**पाल**] आभोर ; (श्रा २३) ।
अय पुं [**अय**] १ गमन, गति ; (विसे २७६३; श्रा २३) । २ लाभ, प्राप्ति; ३ अनुभव ; (विसे) । ४ न. पुण्य ; (ठा १०) । ५ भाग्य, नसीब; (श्रा २३) ।
अय न [**अक**] १ दुःख ; २ पाप ; (श्रा २३) ।
अय न [**अयस्**] लोहा, लोह ; (ओघ ६२) । °**आगर** पुं [°**आकर**] १ लोहे की खान ; (निचू ५) । २ लोहे का कारखाना ; (ठा ८)। °**कंत** °**क्कंत** पुं [°**कान्त**] लोह-चुम्बक; (आवम) । °**कडिल्ल** न [**दे** °**कडिल्ल**] कड़ाह ; (आव) । °**कुंडी** स्त्री [°**कुण्डी**] लोहे का भाजन-विशेष ; (विपा १, ६) । °**कोट्ठय** पुं [°**कोष्ठक**] लोहे का कुशूल, लोहे का गोला ; " पाहं अयकोट्ठओ व्व वट्टे" (उवा) । °**गोलय** पुं [°**गोलक**] लोहे का गोला ; (श्रा १६) । °**ब्वी** स्त्री [°**दर्वी**] लोहे की कड़छी , जिसमें दाल, कढ़ी आदि हलाया जाता है ; (दे २, ७) । °**पाय** न [°**पात्र**] लोहे का भाजन । °**सलागा** स्त्री [°**शलाका**] लोहे की सलाई ; (उप २११ टी) ।
अय सक [**अय्**] १ गमन करना, जाना । २ प्राप्त करना । ३ जानना । वकृ—**अयमाण** ; (सम ६३) ।
अयंछ सक [**कृष्**] १ खींचना । २ जोतना, चास करना । ३ रेखा करना । अयंछइ ; (हे ४, १८७) ।
अयंछिर वि [**कर्षिन्**] कर्षण-शील, खींचने वाला ; (कुमा) ।

अयंड पुं [**अकाण्ड**] १ अनुचित समय ; (महा)। २ अकस्मात्, हठात् ; (पउम ५, १६४; से ६,४४; गउड)। ३ क्रिवि. अनधारा, अतर्कित ; (पाअ)।

अयंत वकृ [**आयत्**] आता हुआ, प्रवेश करता हुआ ; (आवम)।

अयंपिर वि [**अजल्पितृ**] नहीं बोलने वाला, मौनी ; (पि २६६; ५६६)।

अयंपुल पुं [**अयंपुल**] गो-शालक का एक शिष्य ; (भग ८, ५)

अयंस पुं [**आदर्श**] दर्पण, काँच। °**मुह** पुं [°**मुख**] १ इस नाम का एक द्वीप ; २ द्वीप-विशेष का निवासी ; (इक)।

अयंसंधि वि [**इदंसंधि**] उपयुक्त कार्य को यथासमय करने वाला ; (आचा)।

अयक } **अयग** } पुं [**दे**] दानव, असुर ; (दे १, ६)।

अयगर पुं [**अजगर**] अजगर, मोटा साँप ; (पण्ह १, १ ; पउम ६३, ५४)।

अयड पुं [**दे. अवट**] कूप, कुँआ ; (दे १, १८)।

अयण न [**अतन**] सतत होना, निरन्तर होना ; (विसे ३५७८)।

अयण न [**अयन**] १ गमन ; २ प्राप्ति, लाभ ; (विसे ८३)। ३ ज्ञान, निर्णय ; (विसे ८३)। ४ गृह, मन्दिर " चंडियायणं " (स ४३५)। ५ वि. प्रापक, प्राप्त करने वाला ; (विसे ६६०)। ६ पुंन. वर्ष का आधा भाग, जिसमें सूर्य दक्षिण से उत्तर में या उत्तर से दक्षिण में आता है ; ((ठा २, ४) ;

" एक्के अयणे दिअहा, बीए रयणीओ होंति दोहाओ।
विरहाअणो अउव्वो, इत्थ दुवे च्चेअ वड्ढंति "
(गा ८४६)।

अयण न [**अदन**] १ भक्षण ; २ खुराक, भोजन ; (स १३० ; उर ८, ७)।

अयण्णु वि [**अज्ञ**] अजान, मूर्ख ; (सुर ३, १६६)।

अयणु वि [**अतनु**] स्थूल, मोटा, महान् ; (सण)।

अयतंखिअ वि [**दे**] पुष्ट, उपचित; (दे १, ४७)।

अयर वि [**अजर**] वृद्धावस्था-रहित " अयरामरं ठाणं " (पडि; उव)।

अयर पुंन [**अतर**] १ सागर, समुद्र ; (दं २८)। २ समय का मान-विशेष, सागरोपम ; (संग २१, २५ ; धण ४३)। ३ वि. तरने को अशक्य ; (बृह १)। ४ असमर्थ, अशक्त ; (निचू १)। ५ ग्लान, बिमार ; (बृह १)।

अयरामर वि [**अजरामर**] १ जरा और मरण से रहित ; (नव २)। २ न. मुक्ति, मोक्ष ; (पउम ८, १२७)।

अयल देखो **अचल**=अचल ; (पाअ ; गउड; उप पृ १०५; अंत ३ ; पउम ८५, ४; सम ८८ ; कप्प ; सम १६)।

अयला देखो **अचला**; (पउम १२०, १५६)।

अयस देखो **अजस** ; (गउड ; प्रासू २३; १५३ ; गा १७८)।

अयसि वि [**अयशस्विन्**] अजसी, यशो-रहित, कीर्ति-शून्य; (गउड)।

अयसि } स्त्री [**अतसी**] धान्य-विशेष, अलसी ; (भग; **अयसी** } ठा ७ ; णाया १, ५)।

अया स्त्री [**अजा**] १ बकरी ; २ माया, अविद्या ; ३ प्रकृति, कुदरत; (हे ३, ३२;७३)। °**किवाणिज्ज** पुं [°**कृपाणीय**] न्याय-विशेष, जैसे बकरी के गले पर अनधारी छुरी पड़ती है उस माफिक अनधारा किसी कार्य का होना; (आचा)। °**पाल** पुं [°**पाल**] आभीर, बकरी चराने वाला ; (स २६०)। °**वय** पुं [°**व्रज**] बकरी का वाडा ; (भग १६, ३)।

अयागर देखो **अय-आगर**; (ठा ८)।

अयाण न [**अज्ञान**] ज्ञान का अभाव ; (सत्त ६३)।

अयाण वि [**अज्ञ, अज्ञान**] अजान, अज्ञानी, मूर्ख ; (ओघ ७४ ; पउम २२, ८३ ; गा २७५ ; दे ७, ७३)।

अयाणअ वि [**अज्ञायक**] ऊपर देखो ; (पाअ; भवि)।

अयाणंत देखो **अजाणंत** ; (ओघ ११)।

अयाणमाण देखो **अजाणमाण** ; (नव ३६)।

अयाणिय देखो **अजाणिय** ; (उप ७२८ टी)।

अयाणुय देखो **अजाणुय** ; (सुर ३, १६८ ; सुपा ५४३)।

अयार पुं [**अकार**] 'अ' अक्षर; (विसे ४७८)।

अयाल पुं [**अकाल**] अयोग्य समय, अनुचित काल ; (पउम २२, ८५)।

अयालि पुं [**दे**] दुर्दिन, मेघाच्छन्न दिवस ; (दे १, १३)।

अयालिय वि [**अकालिक**] आकस्मिक, अकाण्डोत्पन्न, " पडउ पडउ एयस्स हत्थतले अयालिया विज्जू " (रंभा)।

अयि देखो **अइ**=अयि ; (हे १, १७)।

अयुअरेवइ स्त्री [**दे**] अचिर-युवति, नवोढा, दुलहिन ; (षड्)।
अयोमय देखो **अओ-मय** ; (अंत १६)।
अय्यावत्त (शौ) पुं [**आर्यावर्त**] भारत, हिन्दुस्थान ; (कुमा)।
अय्युण (म) देखो **अज्जुण** ; (हे ४, २६२)।
अर पुं [**अर**] १ धूरी, पहिये का बीचका काष्ठ; २ अठारहवाँ जिनदेव और सातवाँ चक्रवर्ती राजा; " सुमिणे अरं महरिहं पासइ जणणी अरो तम्हा " (आव २ ; सम ५३ ; उत्त १८)। ३ समय का एक परिमाण, कालचक्र का बारहवाँ हिस्सा ; (ती २१)।
°**अर** पुं [°**कर**] १ किरण ; (गा ३४३ ; से १, १७)। हस्त; हाथ ; (से १, २८)। ३ शुल्क, चुंगी ; (से १, २८)।
अरइ स्त्री [**अरति**] १ बेचैनी ; (भग ; आचा ; उत्त २)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] अरति का हेतु-भूत कर्म-विशेष ; (ठा ६)। °**परिसह, परीसह** पुं (°**परिषह, परीषह**) अरति को सहन करना; (पंच ८)। °**मोहणिज्ज** न [°**मोह-नीय**] अरति का उत्पादक कर्म-विशेष ; (कम्म १)। °**रइ** स्त्री [°**रति**] सुख-दुःख ; (ठा १)।
°**अरंग** देखो **तरंग** ; (से २, २६)।
अरंजर पुंन [**अरञ्जर**] घड़ा, जल-घट ; (ठा ४, ४)।
°**अरक्ख** देखो **वरक्ख** ; (से ६, ४४)।
अरक्खरी स्त्री [**अराक्षरी**] नगरी-विशेष ; (आक)।
अरग देखो **अर** ; (पण्ह २, ४ ; भग ३, ५)।
अरज्झिय वि [**अरहित**] निरन्तर, सतत " अरज्झि-याभितावा " (सूअ १, ५, १)।
अरडु पुं [**अरडु**] वृक्ष-विशेष ; (उप १०३१ टी)।
अरण न [**अरण**] हिंसा ; (उव)।
अरणि पुं [**अरणि**] १ वृक्ष-विशेष ; २ इस वृक्ष की लकड़ी, जिसको घिसने पर अग्नि जल्दी पैदा होती है; (आवम; गाया १, १८)।
अरणि पुंस्त्री [**दे**] १ रास्ता, मार्ग ; २ पङ्क्ति, कतार ; (षड्)।
अरणिया स्त्री [**अरणिका**] वनस्पति-विशेष ; (आचा)।
अरणेट्टय पुं [**दे. अरणेटक**] पत्थरों के टुकडों से मिली हुई सफेद मिट्टी ; (जी ३)।
अरण्ण न [**अरण्य**] वन, जंगल ; (हे १, ६६)। °**वडिंसग** न [°**ावतंसक**] देव-विमान विशेष ; (सम ३६)। °**साण** पुं [°**श्वन्**] जंगली कुत्ता; (कुमा)।
अरण्णय वि [**आरण्यक**] जंगली, जंगल-वासी ; (अभि ५२)।
अरत्त वि [**अरक्त**] राग-रहित, नीराग ; (आचा)।
अरन्न देखो **अरण्ण** ; (कप्प ; उव)।
अरमंतिया स्त्री [**अरमन्तिका**] अ-रमणता, कार्य में अत-त्परता ; (उवा)।
अरय देखो **अर** ; (खेत्त १०८)।
अरय वि [**अरजस्**) १ रजोगुण-रहित ; (पउम ६, १४६)। २ *एक महाग्रह का नाम* ; (ठा २, ३)। ३ वि. धूली-रहित, निर्मल ; (कप्प)। ४ न. पांचवें देव-लोक का एक प्रतर ; (ठा ६)। ५ रजोगुण का अभाव ; " अरो य अरयं पत्तो पत्तो गइमणुत्तरं " (उत्त १८)।
अरय वि [**अरत**] अनासक्त, निःस्पृह ; (आचा)।
अरया स्त्री [**अरजा**] कुमुद-नामक विजय की राजधानी ; (जं ४)।
अरयणि पुं [**अरत्नि**] परिमाण-विशेष, खुली अंगुली वाला हाथ ; (ठा ४, ४)।
अरर न [**अरर**] १ युद्ध ; २ ढकना। °**कुरी** स्त्री [°**कुरी**] नगरी-विशेष ; (धम्म ६ टी)।
अररि पुंन [**अररि**] किवाड, द्वार ; (प्रामा)।
अरल न [**दे**] १ चीरी, कीट-विशेष ; २ मशक, मच्छड़ ; (दे १, ५३)।
अरलाया स्त्री [**दे**] चीरी, कीट-विशेष ; (दे १, २६)।
अरलु देखो **अरडु** ; (पउम ४२, ८)।
अरविंद न [**अरविन्द**] कमल, पद्म ; (पण्ह २, ४)।
अरविंदर वि [**दे**] दीर्घ, लम्बा ; (दे १, ४५)।
अरस पुं [**अरस**] रस-रहित, नीरस ; (णाया १, ५)।
अरस पुं [**अर्शस्**] व्याधि-विशेष, बवासीर ; (श्रा २२)।
अरह वकृ [**अर्हत्**] १ पूजा के योग्य, पूज्य ; (षड् ; हे २, १११)। २ पुं. जिन-देव, तीर्थंकर ; (सम्म ६७)। °**मित्त** पुं [°**मित्र**] एक व्यापारी का नाम ; (गच्छ २)।
अरह वि [**अरहस्**] १ प्रकट। २ जिससे कुछ भी छिपा न हो। ३ पुं. जिन-देव, सर्वज्ञ ; (ठा ४, १ ; ६)।
अरह वि [**अरथ**] परिग्रह-रहित ; (भग)।

अरहंत वकृ [**अर्हत्**] १ पूजा के योग्य, पूज्य ; (षड् ; हे २, १११ ; भग ८, ५)। २ पुं. जिन भगवान्, तीर्थंकर-देव ; (आचा; ठा ३, ४)।

अरहंत वि [**अरहोन्तर्**] १ सर्वज्ञ, सब कुछ जानने वाला। २ पुं. जिन भगवान् ; (भग २, १)।

अरहंत वि [**अरथान्त**] १ निःस्पृह, निर्मम ; २ पुं. जिन-देव ; (भग)।

अरहंत वकृ [**अरहयत्**] १ अपने स्वभाव को नहीं छोडने वाला ; २ पुं. जिनेश्वर देव ; (भग)।

अरहट्ट पुं [**अरघट्ट**] अरहट, पानी का चरखा, पानी निकालने का यन्त्र-विशेष ; (गा ४६० ; प्रासू ५५ ; "भमिश्रो कालमणंतं अरहट्टघडिव्व जलमज्झे" (जीवा १)।

अरहण्णय पुं [**अरहन्नक**] एक व्यापारी का नाम ; (णाया १, ८)।

अराइ पुं [**अराति**] रिपु, दुश्मन ; (कुमा)।

अराइ स्त्री [**अरात्रि**] दिन, दिवस ; (कुमा)।

अरागि वि [**अरागिन्**] राग-रहित; वीतराग ; (पउम ११७, ४१)।

अरि पुं [**अरि**] दुश्मन, रिपु ; (पउम ७३, १६)। °**छव्वग्ग** पुं [°**षड्वर्ग**] छः आन्तरिक शत्रु—काम, क्रोध, लोभ, मान, मद, हर्ष ; (सुअ १, १, ४)। °**दमण** वि [°**दमन**] १ रिपु-विनाशक। २ पुं. इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, ७)। ३ एक जैन मुनि जो भगवान् अजितनाथ के पूर्वजन्म के गुरु थे ; (पउम २०, ७)। °**दमणी** स्त्री [°**दमनी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १४५)। °**विद्धंसी** स्त्री [°**विध्वंसिनी**] रिपु का नाश करने वाली एक विद्या ; (पउम ७, १४०)। °**संतास** पुं [°**संत्रास**] राक्षस वंश में उत्पन्न लङ्का का एक राजा ; (पउम ५, २६५)। °**हंत** वि [°**हन्तृ**] १ रिपु-विनाशक ; २ पुं जिन-देव ; (आवम)।

अरिस देखो **अरस** ; (णाया १, १३)।

अरिसल्ल } वि [**अर्शस्वत्**] बवासीर रोग वाला ;
अरिसिल्ल } (पाअ ; विपा १, ७)।

अरिह वि [**अर्ह**] १ योग्य, लायक ; (सुपा २६६ ; प्राप्र)। २ जिन-देव ; (औप)।

अरिह सक [**अर्ह्**] १ योग्य होना। २ पूजा के योग्य होना। ३ पूजा करना। अरिहइ ; (महा)। अरिहेति ; (भग)।

अरिह देखो **अरह**=अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड्)। °**दत्त**, °**दिण्ण** पुं [°**दत्त**] जैन मुनि-विशेष का नाम ; (कप्प)।

अरिहंत देखो **अरहंत** = अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड् ; णाया १, १)। °**चेइय** न [°**चैत्य**] १ जिन-मन्दिर ; (उवा ; आचू)। °**सासण** न [°**शासन**] १ जैन आगम-ग्रन्थ ; २ जिन-आज्ञा ; (पण्ह २, ५)।

°**अरु** देखो **तरु** ; (से २, १६; ५, ८५)।

अरुग न [**दे. अरुक**] व्रण, घाव, "अरुगं इहरा कुत्थइ" (बृह ३)।

अरुण पुं [**अरुण**] १ सूर्य, सूरज ; (से ३, ६)। २ सूर्य का सारथि ; ३ संध्याराग, सन्ध्या की लाली ; (से ८, ७)। ४ द्वीप-विशेष ; ५ समुद्र-विशेष, "गंतूण होइ अरुणो, अरुणो दीवो तओ उदही" (दीव)। ६ एक ग्रह-देवता का नाम ; (ठा २, ३—पत्र ७८)। ७ गन्धावती-पर्वत का अधिष्ठाता देव ; (ठा २, ३—पत्र ६६)) । ८ देव-विशेष ; (णंदि)। ६ रक्त रंग, लाली ; (गउड)। १० न. विमान-विशेष ; (सम १४)। ११ वि. रक्त, लाल ; (गउड)। °**कंत** न [°**कान्त**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)। °**कील** न [°**कील**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)। °**गंगा** स्त्री [°**गङ्गा**] महाराष्ट्र देश की एक नदी; (ती २८)। °**गव** न [°**गव**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)। °**ज्झय** न [°**ध्वज**] एक देव-विमान का नाम ; (उवा)। °**प्पभ**, °**प्पह** न [°**प्रभ**] इस नाम का एक देव-विमान ; (उवा)। °**भद्द** पुं [°**भद्र**] एक देवता का नाम ; (सुज्ज १६)। °**भूय** न [°**भूत**] एक देव-विमान ; (उवा)। °**महाभद्द** पुं [°**महाभद्र**] देव-विशेष ; (सुज्ज १६)। °**महावर** पुं [°**महावर**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; (इक)। °**वडिंसय** न [°**ावतंसक**] एक देव-विमान ; (उवा)। °**वर** पुं [°**वर**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; (सुज्ज १६)। °**वरोभास** पुं [°**वरावभास**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष; (सुज्ज १६)। °**सिट्ठ** न [°**शिष्ट**] एक देव-विमान ; (उवा)। °**ाभ** न [°**ाभ**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)।

अरुण न [**दे**] कमल, पद्म ; (दे १, ८)।

अरुणिय वि [**अरुणित**] रक्त, लाल ; (गउड)।

अरुणुत्तरवडिंसग न [**अरुणोत्तरावतंसक**] इस नाम का एक देव-विमान ; (सम १४)।

अरुणोदग पुं [**अरुणोदक**] समुद्र-विशेष ; (सुज्ज १६)।

अरुणोदय पुं [**अरुणोदय**] समुद्र-विशेष ; (भग)।

अरुणोववाय पुं [**अरुणोपपात**] ग्रन्थ-विशेष का नाम ; (णंदि)।

अरुय वि [**अरुष्**] व्रण, घाव ; (सुअ १, ३, ३)।

अरुय वि [**अरुज्**] नीरोगी, रोग-रहित ; (सम १ ; अजि २१)।

अरुह देखो **अरह**=अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड् ; भवि)।

अरुह वि [**अरुह**] १ जन्म-रहित ; २ पुं. मुक्त आत्मा ; (पव २७५ ; भग १, १)। ३ जिन-देव ; (पउम ५, १२२)।

अरुह देखो **अरिह**=अर्ह्। अरुहसि ; (अभि १०४)। वकृ—**अरुहमाण** ; (षड्)।

अरुह वि [**अर्ह**] योग्य ; (उत्तर ८४)।

अरुहंत देखो **अरहंत**=अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड्)।

अरुहंत वि [**अरोहत्**] १ नहीं उगता हुआ, जन्म नहीं लेता हुआ ; (भग १, १)।

अरूव वि [**अरूप**] रूप-रहित, अमूर्त ; (पउम ७५, २६)।

अरूवि वि [**अरूपिन्**] ऊपर देखो ; (ठा ५, ३ ; आचा ; पण्ण १)।

अरे अ [**अरे**] १—२ संभाषण और रति-कलह का सूचक अव्यय ; (हे २, २०१ ; षड्)।

अरोअ अक [**उत्+लस्**] उल्लास पाना, विकसित होना। अरोअइ ; (हे ४, २०२ ; कुमा)।

अरोअअ पुं [**अरोचक**] रोग-विशेष, अन्न की अरुचि ; (श्रा २२)।

अरोइ वि [**अरोचिन्**] अरुचि वाला, रुचि-रहित, " अरोइ अत्थे कहिए विलावो " (गोय ७)।

अरोग वि [**अरोग**] रोग-रहित ; (भग १८, १)। °**या** स्त्री [°**ता**] आरोग्य, नीरोगता ; (उप ७२८ टी)।

अरोगि वि [**अरोगिन्**] नीरोग, रोग-रहित। °**या** स्त्री [°**ता**] आरोग्य, तंदुरस्ती ; (महा)।

अरोस वि [**अरोष**] १ गुस्सा-रहित। २—३ पुं. एक म्लेच्छ देश और उसमें रहने वाली म्लेच्छ-जाति ; (पण्ह १, १)।

अल न [**अल**] १ बिच्छू के पुच्छ का अग्र भाग,
" अलमेव विच्छुआणं, मुहमेव अहीणं तह य मंदस्स।
दिट्ठि-विसं पिसुणाणं, सव्वं सव्वस्स भय-जणयं "
(प्रासू १६)।
२ अला-देवी का एक सिंहासन ;(णाया २)। ३ वि. समर्थ ; (आचा)। °**पट्ट** न [°**पट्ट**] बिच्छू के पूंछ जैसे आकार वाला एक शस्त्र ; (विपा १, ६)।

°**अल** देखो **तल** ; (गा ७५ ; से १, ७८)।

अलं अ [**अलम्**] १ पर्याप्त, पूर्ण ; " अलमाणंदं अणंतीए " (सुर १३, २१)। २ प्रतिषेध, निवारण, बस ; (उप २, ७)।

अलंकर सक [**अलं+कृ**] भूषित करना, बिराजित करना। अलंकरेंति ; (पि ५०६)। वकृ—**अलंकरंत** ; (माल १४३)। संकृ—**अलंकरिअ** ; (पि ५८१)। प्रयो, कर्म—अलंकरावीयउ ; (स ६४)।

अलंकरण न [**अलङ्करण**] १ आभूषण, अलंकार; (रयण ७४, भवि)। २ वि. शोभा-कारक ; " मज्झमलोअस्स अलंकरणिं सुलोअणिं " (विक्र १४)।

अलंकरिय वि [**अलंकृत**] सुशोभित, विभूषित, " किं नयरमलंकरियं जम्ममहेणं तए महापुरिस। " (सुपा ५८४ ; सुर ४, ११८)।

अलंकार पुं [**अलंकार**] १ भूषण, गहना; (औप ; राय)। २ भूषा, शोभा ; (ठा ४, ४)। °**सहा** स्त्री [°**सभा**] भूषा-गृह, शृङ्गार-घर ; (इक)।

अलंकारिय पुं [**अलंकारिक**] नापित, नाई, हजाम ; (णाया १, १३)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] हजामत, क्षौर-कर्म ; (णाया १, १३)। °**सहा** स्त्री [°**सभा**] हजामत बनाने का स्थान ; (णाया १, १३)।

अलंकिय वि [**अलंकृत**] १ विभूषित, सुशोभित ; (कप्प; महा)। २ न. संगीत का एक गुण ; (जीव ३)।

अलंकुण देखो **अलंकर**। अलंकुणंति; (रयण ५२)।

अलंघ वि [**अलङ्घ्य**] १ उल्लंघन करने को अयोग्य ; (सुर १, ४१)। २ उल्लंघन करने को अशक्य ; (उप ५६७ टी)।

अलंघणिय, **अलंघणीय** वि [**अलङ्घनीय**] ऊपर देखो ; (महा ; सुपा ६०१ ; पि ६६ ; नाट)।

अलंप पुं [**दे**] कुर्कुट, मुर्गा ; (दे १, १३)।

अलंबुसा स्त्री [**अलम्बुषा**] १ एक दिक्कुमारी देवी का नाम ; (ठा ८) । २ गुल्म-विशेष ; (पाअ) ।
अलंभि स्त्री [**अलाभ**] अ-प्राप्ति ; (ओघ २३ भा) ।
अलका स्त्री [**अलका**] नगरी-विशेष, पहले प्रतिवासुदेव की राजधानी ; (पउम २०, २०१) । देखो **अलया** ।
अलक्ख पुं [**अलक्ष**] १ इस नामका एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ले कर मुक्ति पाई थी ; (अंत १८) । २ न. 'अंतगडदसा' सूत्र के एक अध्ययन का नाम ; (अंत १८) ।
अलक्ख वि [**अलक्ष्य**] लक्ष्य में न आ सके ऐसा ; (सुर ३, १३६ ; महा) ।
अलक्खमाण वि [**अलक्ष्यमाण**] जो पिछाना न जा सकता हो, गुप्त ; (उप ५६३ टी) ।
अलक्खिय वि [**अलक्षित**] १ अज्ञात, अपरिचित ; (से १३, ४५) । २ नहीं पिछाना हुआ ; (सुर ४, १४०)।
अलग देखो **अलय**=अलक ; (महा) ।
अलगा देखो **अलया** ; (अंत १) ।
अलग्ग न [**दे**] कलंक देना, दोष का झूठा आरोप ; (दे १, ११) ।
अलचपुर न [**अचलपुर**] नगर-विशेष ; (कुमा) ।
अलज्ज वि [**अलज्ज**] निर्लज्ज, बेशरम ; (पगह १, ३)।
अलज्जिर वि [**अलज्जालु**] ऊपर देखो ; (गा ६० ; ४४५ ; ६६१ ; महा) ।
अलट्टपल्लट्ट न [**दे**] पार्श्व का परिवर्तन ; (दे १, ४८)।
अलत्त पुं [**अलक्त**] आलता, स्त्री-लोक हाथ-पैर को लाल करने के लिए जो रंग लगाती है वह ; (अनु ५) ।
अलत्तय पुं [**अलक्तक**] १ ऊपर देखो ; (सुपा ४०६)। २ आलता से रँगा हुआ ; (अनु) ।
°**अलधोय** देखो **कलधोय** ; (से ६, ४६) ।
अलमंजुल वि [**दे**] आलसी, सुस्त ; (दे १, ४६) ।
अलमंथु वि [**अलमस्तु**] १ समर्थ ; २ निषेधक, निवारक ; (ठा ४, २)।
अलमल पुं [**दे**] दुर्दान्त बैल ; (दे १, २५) ।
अलमलवसह पुं [**दे**] उन्मत्त बैल ; (दे १, २५) ।
अलय न [**दे**] विद्रुम, प्रवाल ; (दे १, १६ ; भवि) ।
अलय पुं [**अलक**] १ बिच्छू का कांटा ; (विपा १, ६)। २ केश, घुंघराले बाल ; (पाअ ; स ६६) ।

अलया स्त्री [**अलका**] कुबेर की नगरी ; (पाअ ; णाया १, ४) । देखो **अलका** ।
अलव वि [**अलप**] मौनी, नहीं बोलने वाला ; (सुअ २, ६)।
अलवलवसह पुं [**दे**] धूर्त बैल ; (षड्) ।
अलस वि [**अलस**] १ आलसी, सुस्त ; (प्रासू ७) । २ मन्द, धीमा ; (पाअ) । ३ पुं. क्षुद्र कीट-विशेष, भू-नाग, वर्षा-ऋतु में साँप-सरीखा लाल रंग का जो लम्बा जन्तु उत्पन्न होता है वह ; (जी १५ ; पुप्फ २६५) ।
अलस वि [**दे**] १ मधुर अवाज वाला "खं अलसं कलमंजुलं" (पाअ) । २ कुसुम्भ रंग से रँगा हुआ ; ३ न. मोम ; (दे १, ५२) ।
°**अलस** देखो **कलस** ; (से १, ६ ; ११, ४० ; गा ३६६)।
अलसग } पुं [**अलसक**] १ विसूचिका रोग ; (उवा)।
अलसय } २ श्वयथु, सूजन ; (आचा) ।
अलसाइअ वि [**अलसायित**] जिसने आलसी की तरह आचरण किया हो, मन्द ; (गा ३५२) ।
अलसाय अक [**अलसाय्**] आलसी होना, आलसी की तरह काम करना । अलसाअइ ; (पि ५५८) । वकृ— **अलसायंत, अलसायमाण** ; (से १४, १ ; उप पृ ३१५ ; गच्छ १) ।
अलसी देखो **अयसी** ; (आचा ; षड् ; हे २, ११) ।
अला स्त्री [**अला**] १ इस नाम की एक देवी ; (ठा ६)। २ एक इन्द्राणी का नाम ; (णाया २) । °**वडिंसग** न [°**वतंसक**] अलादेवी का भवन ; (णाया २) ।
°**अला** देखो **कला** ; (गा ६५७) ।
अलाउ न [**अलाबु**] तुम्बी-फल, तुम्बा ; (औप; प्रासू १५१) ।
अलाऊ } स्त्री [**अलाबू**] तुम्बी-लता ; (कुमा ; षड्) ।
अलाबू }
अलाय न [**अलात**] १ उल्मुक, जलता हुआ काष्ठ ; (दे १, १०७ ; ओघ २१ भा) । २ अङ्गार, कोयला ; (से ३, ३४) ।
अलाबु देखो **अलाउ** ; (जं ३) ।
अलावू देखो **अलाऊ** ; (पि १४१; २०१) ।
अलाह पुं [**अलाभ**] नुकसान, गैरलाभ; "ववहरमाणाण पुणो होइ सुलाहो कयावलाहो वा" (सुपा ४४६) ।

अलाहि देखो **अलं** ; (उव ७२८ टी; हे २, १८६ ; गाया १, १ ; गा १२७)।
अलि पुं [**अलि**] भ्रमर ; (कुमा)। °**उल** न [°**कुल**] भ्रमरों का समूह ; (हे ४, २५३)। °**विरुय** न [°**विरुत**] भ्रमर का गुञ्जारव ; (पाअ)।
अलिअल्ली स्त्री [**दे**] १ कस्तूरी ; २ व्याघ्र, शेर ; (दे १, ५६)।
अलिआ स्त्री [**दे**] सखी ; (दे १, १६)।
अलिआर न [**दे**] दूध ; (दे १, २३)।
अलिंजर न [**अलिञ्जर**] १ घड़ा, कुम्भ ; (ठा ४, २)। २ कुण्ड, पात्र-विशेष ; (दे १, ३७)।
अलिंजरअ पुं [**अलिञ्जरक**] १ घड़ा ; (उवा)। २ रंगने का कुंडा, रंग-पात्र ; (पाअ)।
अलिंद न [**अलिन्द**] पात्र-विशेष, एक प्रकार का जल-पात्र; (ओघ ४७६)।
अलिंदग पुं [**अलिन्दक**] १ द्वार का प्रकोष्ठ ; (स ४७६)। २ घर के बाहर के दरवाजे का चौक ; ३ बाहर का अग्र-भाग ; (बृह २ ; राज)।
अलिण पुं [**दे**] वृश्चिक, बिच्छू ; (दे १, ११)।
अलिणी स्त्री [**अलिनी**] भ्रमरी ; (कुमा)।
अलित्त न [**अरित्र**] नौका खेवने का डाँड़, चप्पू ; (आचा २, ३ १)।
अलिय न [**अलिक**] कपाल, (पाअ)।
अलिय न [**अलीक**] १ मृषावाद, असत्य वचन ; (पाअ)। २ वि. झूठा, खोटा, " अलिअपलालाव—" (पाअ)। ३ निष्फल, निरर्थक ; (पण्ह १, २)। °**वाइ** वि [°**वादिन्**] मृषावादी ; (पउम ११, २७; महा)।
अलिल्ल सक [**कथय्**] कहना, बोलना। अलिल्लह ; (पिंग)।
अलिल्लह न [**दे**] १ छन्द-विशेष का नाम ; २ वि. अप्रयोजक, नियम-रहित ; (पिंग)।
अलिल्ला स्त्री [**अलिल्ला**] इस नाम का एक छन्द ; (पिंग)।
अलीग } देखो **अलिय**=अलीक ; (सुर ४ २२३ ; सुपा
अलीय } ३०० ; महा)।
अलीवहू स्त्री [**अलिवधू**] भमरी ; (कुमा)।
अलीसअ पुं [**दे**] शाक-वृक्ष, साग का पेड़ ; (दे १, २७)।

अलुक्खि वि [**अरूक्षिन्**] कोमल ; (भग ११, ४)।
अलेसि वि [**अलेश्यिन्**] १ लेश्या-रहित ; २ पुं. मुक्त आत्मा ; (ठा ३, ४)।
अलोग पुं [**अलोक**] जीव-पुद्गल आदि रहित आकाश ; (भग)।
अलोणिय वि [**अलवणिक**) लूण-रहित, नमक-शून्य, " नय अलोणियं सिलं कोइ चट्टेइ " (महा)।
अलोय देखो **अलोग** ; (सम १)।
अलोभ पुं [**अलोभ**] १ लोभ का अभाव, संतोष। २ वि. लोभ-रहित, संतोषी ; (भग; उव)।
अलोल वि [**अलोल**] अ-लम्पट, निर्लोभ ; (दस १० ; पि ८५)।
अलोह देखो **अलोभ** ; (कप्प)।
अल्ल न [**दे**] दिन, दिवस ; (दे १, ५)।
अल्ल देखो **अद्द** ; (हे १, ८२)।
अल्ल अक [**नम्**] नमना, नीचे झुकना। ओअल्लंति ; (से ६, ४३)।
अल्लई स्त्री [**आर्द्रकी**] लता-विशेष, आर्द्रक-लता ; (पण्ण १७)।
अल्लग देखो **अल्लय**=आर्द्रक ; (धर्म २)।
अल्लत्थ सक [**उत्+क्षिप्**] ऊंचा फेंकना। अल्लत्थइ ; (हे ४, १४४)।
अल्लत्थ न [**दे**] १ जलार्द्रा, गिला पंखा ; २ केयूर, भूषण-विशेष ; (दे १, ५४)।
अल्लत्थिअ वि [**उत्क्षिप्त**] ऊंचा फेंका हुआ ; (कुमा)।
अल्लय न [**आर्द्रक**] आदा ; (जी ६)। °**तिय** न [°**त्रिक**] आदा, हल्दी और कचूरा ; (जी ६)।
अल्लय वि [**दे**] परिचित, ज्ञात ; (दे १, १२)।
अल्लय पुं [**अल्लक**] इस नाम का एक विख्यात जैन मुनि और ग्रन्थकार, उद्द्योतनसूरि का उपाध्याय-अवस्था का नाम; (सुर १६, २३६)।
अल्लल्ल पुं [**दे**] मयूर, मोर ; (दे १, १३)।
अल्लविय [**अप**] देखो **आलत्त**=आलपित ; (भवि)।
अल्ला स्त्री [**दे**] माता, माँ ; (दे १, ५)।
अल्लि } देखो **अल्ली**। अल्लिइ ; (षड्)। अल्लि-
अल्लिअ } अइ ; (दे १, ५८ ; हे ४, ५४)। वकृ—**अल्लिअंत** ; (से १२, ७१ ; पउम १२, ५१)।

अल्लिअ सक [उप + सृप्] समीप में जाना। अल्लिअइ; (हे ४, १३६)। वकृ—**अल्लिअंत**; (कुमा)। प्रयो—अल्लियावेइ; (पि ४८२; ५५१)।

अल्लिअ वि [आर्द्रित] गिला किया हुआ; (गा ४४०)।

अल्लियावण न [आलायन] आलीन करना, श्लिष्ट करना, मिलान; (भग ८, ६)।

अल्लिल्ल पुं [दे] भमरा; (षड्)।

अल्लिव सक [अर्पय्] अर्पण करना। अल्लिवइ; (हे ४ ३६; भवि; पि १९६; ४८५)।

अल्ली, **अल्लीअ** सक [आ + ली] १ आना। २ प्रवेश करना। ३ जोड़ना। ४ आश्रय करना। ५ आलिंगन करना। ६ अक. संगत होना। अल्लीअइ; (हे ४, ५४)। भूका—अल्लीसी; (प्रामा)। हेकृ—**अल्लीउं** (बृह ६)।

अल्लीण वि [आलीन] १ आश्लिष्ट; २ आगत; ३ प्रविष्ट; ४ संगत; ५ योजित; ६ थोड़ा लीन; (हे ४, ५४)। ७ आश्रित; (कप्प)। ८ तल्लीन, तत्पर; (वव १०)।

अल्लेस वि [अलेश्य] लेश्या-रहित; (कम्म ४, ५०)।

अल्हाद पुं [आह्लाद] खुशी, प्रमाद, आनन्द; (प्राप्र)।

अव अ [अप] इन अर्थों का सूचक अव्यय; — १ विपरीतता, उल्टापन; जैसे—'अवकय, अवंगुय'। २ वापिसी, पीछेपन; जैसे—'अवक्कमइ'। ३ बुरापन, खराबपन; जैसे—'अवमग्ग, अवसद्द'। ४ न्यूनता, कमी; जैसे—'अवड्ढ'। ५ रहितपन, वियोग; जैसे—'अवबाण'। ६ बाहरपन; जैसे—'अवक्कमण'।

अव अ [अव] निम्न-लिखित अर्थों का सूचक अव्यय; १ निम्नता; जैसे—'अवइण्ण'। २ पीछेपन; जैसे—'अवचुल्ली'। ३ तिरस्कार; अनादर; जैसे—'अवगणंत' ४ खराबी, बुराई; जैसे—'अवगुण'। ५ गमन; ६ अनुभव; (राज)। ७ हानि, ह्रास; जैसे—'अवक्कास'। ८ अभाव; जैसे—'अवलद्धि'। ९ मर्यादा; (विसे ८२)। १० निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है; जैसे—'अवपुट्ठ, अवगल्ल'।

अव सक [अव्] १ रक्षण करना;—"अवंतु मुणिणो य पयकमलं" (रयण ६)। २ जाना, गमन करना; ३ इच्छा करना; ४ जानना; ५ प्रवेश करना; ६ सुनना; ७ माँगना, याचना; ८ करना, बनाना; ९ चाहना; १० प्राप्त करना; ११ आलिङ्गन; १२ मारना, हिंसा करना; १३ जलाना; १४ अक. प्रीति करना; १५ तृप्त होना; १६ प्रकाशना; १७ बढ़ना। अव; (श्रा २३; विसे २०२०)

अव पुं [अव] शब्द, अवाज; (श्रा २३)।

अवअक्ख सक [दृश्] देखना। अवअक्खइ; (हे ४, १८१; कुमा)।

अवअक्खिअ न [दे] निवापित मुख, मुंडाया हुआ मुँह; (दे १, ४०)।

अवअच्छ न [दे] [कक्षा-वस्त्र; (दे १,२६)।

अवअच्छ अक [ह्लाद्] आनन्द पाना, खुश होना। अवअच्छइ; (हे ४, १२२)।

अवअच्छ सक [ह्लादय्] खुश करना। अवअच्छइ; (हे ४, १२२)।

अवअच्छिअ [दे] देखो **अवअक्खिअ**; (दे १, ४०)।

अवअच्छिअ वि [ह्लादित] १ हृष्ट, आह्लाद-प्राप्त। २ खुश किया हुआ, हर्षित; (कुमा)।

अवअज्झ सक [दृश्] देखना। अवअज्झइ; (षड्)।

अवअणिअ वि [दे] असंघटित, असंयुक्त; (दे १, ४३)।

अवअण्ण पुं [दे] ऊखल, गूगल; (दे १, २६)।

अवअस्स वि [अपवृत्त] स्खलित; (से १०, १८)।

अवआस सक [दृश्] देखना। अवआसइ; (हे ४, १८१; कुमा)।

अवइ वि [अव्रतिन्] व्रत-शून्य, अ-विरत, असंयत; (बृह १)।

अवइण्ण वि [अवतीर्ण] १ उतरा हुआ, नीचे आया हुआ। २ जन्मा हुआ; (कप्पू; पउम ७६, २८)।

अवइद (शौ) वि [अवचित] एकत्रित, इकट्ठा किया हुआ; (अभि ११७)।

अवइद (शौ) वि [अपकृत] १ जिसका अहित किया गया हो वह। २ न. अपकार, अ-हित; (चारु ४०)।

अवइन्न देखो **अवइण्ण**; (सुर ३, १२२)।

अवउज्ज सक [अवकुब्ज] नीचे नमना। संकृ—**अवउज्जिय**; (आचा २, १, ७)।

अवउज्झ सक [अप + उज्झ्] परित्याग करना; छोड़ देना। संकृ—**अवउज्झिऊण**; (बृह ३)।

अवउडग, **अवउडय** देखो **अवओडग**; (णाया १, २; अनु)।

अवउंठण न [**अवगुण्ठन**] १ ढकना । २ मुँह ढकने का वस्त्र, घूँघट ; (वाउ ७०) ।

अवऊढ वि [**अवगूढ**] आलिंगित ; " संझावहूमवऊढो णववारिहरोव्व विज्जुलापडिभिन्नो " (हे २, ६ ; स ४६६)।

अवऊसण न [**अपवसन**] तपश्चर्या-विशेष ; (पंचा १६)।

अवऊसण न [**अपजोषण**] ऊपर देखो ; (पंचा १६)।

अवऊहण न [**अवगूहन**] आलिङ्गन ; (गा ३३४ ; ५५६ ; वज्जा ७४) ।

अवएड पुं [**अवएज**] तापिका-हस्त, पात्र-विशेष ; (णाया १, १ टी—पत्र ४३) ।

अवएस पुं [**अपदेश**] बहाना, छल ; (पाअ) ।

अवओडग न [**अवकोटक**] गले को मरोड़ना, कृकाटिका को नीचे ले जाना ; (विपा १, २) । °**बंधण** न [°**बन्धन**] १ हाथ और सिर को पृष्ठ भाग से बाँधना ; (पगह १, २) । २ वि. रस्सी से गला और हाथ को मोड़ कर पृष्ठ भाग के साथ जिसको बांधा जाय वह ; (विपा १, २) ।

अवंग पुं [**अपाङ्ग**] नेत्र का प्रान्त भाग ; (सुर ३,१२४; ११, ६१) ।

अवंग पुं [**दे**] कटाक्ष ; (दे १, १५) ।

अवंगु } वि [**दे. अपावृत**] नहीं ढका हुआ, खुला ;
अवंगुय } (ओप ; पगह २, ४) ।

अवंचिअ वि [**अवञ्चित**] अधोमुख, अवाङ्मुख ; (वज्जा १०) ।

अवंचिअ वि [**अवञ्चित**] नहीं ठगा हुआ ; (वज्जा १०)।

अवंझ वि [**अवन्ध्य**] सफल, अचूक , (सुपा ३२५) । °**पवाय** न [°**प्रवाद**] ग्यारहवाँ पूर्व, जैन ग्रन्थांश-विशेष ; (सम २६) ।

अवंतर वि [**अवान्तर**] भीतरी, बीचका ; (आवम) ।

अवंति } स्त्री [**अवन्ति** °**न्ती**] १ मालव देश ; २ मालव
अवंती } देश की राजधानी, जो आजकल राजपूताना में ' उजैन ' नाम से प्रसिद्ध है ; (महा ; सुपा ३६६ ; आवम)। °**गंगा** स्त्री [°**गङ्गा**] आजीविक मत में प्रसिद्ध काल-विशेष ; (भग २४, १) । °**वड्ढण** पुं [°**वर्धन**] इस नाम का एक राजा , (आव ४) । °**सुकुमाल** पुं [°**सुकुमाल**] एक श्रेष्ठि-पुत्र जो आर्यसुहस्ति आचार्य के पास दीक्षा ले कर देव-लोक के नलिनीगुल्म विमान में उत्पन्न हुआ है; (पडि)। °**सेण** पुं [°**षेण**] एक राजा; (आक)।

अवंदिम वि [**अवन्द्य**] वन्दन करने को अयोग्य, प्रणाम के अयोग्य ; (दसचू १) ।

अवकंख सक [**अव+काङ्क्ष्**] १ चाहना । २ देखना । अवकंखइ ; (भग) । वकृ—**अवकंखमाण** ; (णाया १, ६) ।

अवकंत देखो **अवक्कंत** ; " कुमरोवि सत्थराओ उद्वेंता सणियमवकंतो " (महा) ।

अवकय वि [**अपकृत**] १ जिसका अपकार किया गया हो वह ; (उव) । २ अपकार, अहित ; (सुपा ६४१) ।

अवकर सक [**अप+कृ**] अहित करना । अवकरेंति ; (सूअ १, ४, १, २३) ।

अवकरिस पुं [**अपकर्ष**] अपकर्ष, ह्रास, हानि ; (सम ६०) ।

अवकलुसिय वि [**अपकलुषित**] मलिन ; (गउड) ।

अवकस सक [**अव+ [ ]**] त्याग करना । संकृ—**अवकसित्ता** ; (चउ १४) ।

अवकारि वि [**अपकारिन्**] अहित करने वाला ; (पउम ६, ८५) ।

अवकिण्ण वि [**अवकीर्ण**] परित्यक्त ; (दे १, १३०) ।

अवकिण्णग } पुं [**अपकीर्णक**] करकण्डु-नामक एक
अवकिण्णय } जैन महर्षि का पूर्व नाम ; (महा) ।

अवकित्ति स्त्री [**अपकीर्त्ति**] अपयश ; (दे १, ६०) ।

अवकीरण न [**अवकरण**] छाड़ना, त्याग, उत्सर्ग ; (आव ५) ।

अवकीरिअ वि [**दे**] विरहित, वियुक्त ; (दे १, ३८) ।

अवकीरियव्व वि [**अवकरितव्य**] त्याज्य, छाड़ने लायक; (पगह १, ५) ।

अवकूजिय न [**अवकूजित**] हाथ को ऊंचा-नीचा करना ; (निचू १७) ।

अवकेसि पुं [**अवकेशिन्**] फल-वन्ध्य वनस्पति ; (उप २, ८) ।

अवकोडक देखो **अवओडग** ; (पगह १, १) ।

अवक्कंत वि [**अपक्रान्त**] १ पीछे हटा हुआ, वापस लौटा हुआ; (सुपा २६२; उप १३४ टी ; महा) । २ निकृष्ट, जघन्य ; (ठा ६) ।

अवक्कंति स्त्री [**अपक्रान्ति**] १ अपसरण ; २ निर्गमन ; (णाया १, ८) ।

अवक्कंति स्त्री [**अवक्रान्ति**] गमन, गति ; (आचा) ।

अवक्कम अक [**अप + क्रम्**] १ पीछे हटना । २ बाहर निकलना । अवक्कमइ ; (महा, कप्प)। वकृ—**अवक्कममाण** ; (विपा १, ६) । संकृ—**अवक्कमइत्ता, अवक्कम्म** ; (कप्प, वव १)।

अवक्कम सक [**अव + क्रम्**] जाना । अवक्कमइ ; (भग)। संकृ—**अवक्कमित्ता**; (भग) ।

अवक्कमण न [**अपक्रमण**] १ बाहर निकलना ; (ठा ५, २)। २ पलायन, भागना ; "निग्गमणमवक्कमणं निस्सरणं पलायणं च एगट्ठा" (वव १०)। ३ पीछे हटना ; (णाया १, १)।

अवक्कय पुं [**अवक्रय**] भाड़ा, भाटि ; (बृह १)।

अवक्करस पुं [**दे**] दारु, मद्य ; (दे १, ४६ ; पाअ) ।

अवक्करिस } [**अपकर्ष**] हानि, अपचय; (विसे १७६६;
अवक्कास } भग १२, ५)।

अवक्कास पुं [**अवकर्ष**] ऊपर देखो ; (भग १२, ५)।

अवक्कास पुं [**अप्रकाश**] अन्धकार, अँधेरा ; (भग १२, ५)।

अवक्कोस पुं [**अवक्रोश**] मान, अहंकार ; (सम ७१)।

अवक्ख सक [**दृश्**] देखना । अवक्खइ ; (षड्) । अवक्खए ; (भवि)। वकृ—**अवक्खंत** ; (कुमा) ।

अवक्खंद पुं [**अवस्कन्द**] १ शिबिर, छावनी, सैन्य का पड़ाव ; २ नगर का रिपु-सैन्य द्वारा वेष्टन, घेरा ; (हे २, ४ ; स ४१२) ।

अवक्खारण न [**अपक्षारण**] १ निर्भर्त्सना, कठोर वचन; २ सहानुभूति का अभाव ; (पराह १, २) ।

अवक्खेव पुं [**अवक्षेप**] विघ्न, बाधा ; (विपा १, ६) ।

अवक्खेवण न [**अवक्षेपण**] १ बाधा ; अन्तराय ; २ क्रिया-विशेष, नीचे जाना ; (आवम; विसे २४६२)।

अवक्खेर सक [**दे**] १ खिन्न करना । २ तिरस्कार करना। अवक्खेरइ ; (भवि) । वकृ—**अवक्खेरंत** ; (भवि) ।

अवगइ स्त्री [**अपगति**] १ खराब गति ; २ गोपनीय स्थान ; (सुपा ३४५) ।

अवगंड न [**अवगण्ड**] १ सुवर्ण ; २ पानी का फेन ; (सुअ १, ६) ।

अवगंतव्व देखो **अवगम=अवगम्** ।

अवगच्छ सक [**अव + गम्**] जानना । अवगच्छइ ; (महा) । अवगच्छे ; (स १५२) ।

अवगच्छ अक [**अप + गम्**] दूर होना ; निकल जाना । अवगच्छइ ; (महा) ।

अवगण } सक [**अव+गणय्**] अनादर करना, तिरस्कारना।
अवगण्ण } वकृ—**अवगणंत**; (श्रा २७) । संकृ—**अवगण्णिय** ; (आरा १०५) ।

अवगणणा स्त्री [**अवगणना**] अवज्ञा, अनादर ; (दे १, २७) ।

अवगणिय } वि [**अवगणित**] अवज्ञात, तिरस्कृत;
अवगण्णिय } (दे ; जीव १) ।

अवगद वि [**दे**] विस्तीर्ण, विशाल ; (दे १, ३०) ।

अवगन्न देखो **अवगण**। अवगन्नइ ; (भवि)। संकृ—**अवगन्निवि** ; (भवि)।

अवगन्निय देखो **अवगण्णिय** ; (सुपा ४२१ ; भवि) ।

अवगम पुं [**अपगम**] १ अपसरण ; (सुपा ३०२) । २ विनाश ; (स १५३, विसे ११८२) ।

अवगम सक [**अव + गम्**] १ जानना, २ निर्णय करना । संकृ—**अवगमित्तु** ; (मार्ध ६३) । कृ—**अवगंतव्व** ; (स ५२६) ।

अवगम पुं [**अवगम**] १ ज्ञान ; २ निर्णय, निश्चय ; (विसे १८०) ।

अवगमण न [**अवगमन**] ऊपर देखो ; (स ६७०, विसे १८६ ; ४०१) ।

अवगमिअ } वि [**अवगत**] १ ज्ञात, विदित ; (सुपा
अवगय } २१८)। २ निश्चित, अवधारित ; (दे ३, २३ ; स १४०) ।

अवगय वि [**अपगत**] गुजरा हुआ, विनष्ट ; (णाया १, १ ; दस १०, १६) ।

अवगर सक [**अप + कृ**] अपकार करना, अहित करना । अवगरेइ ; (स ६३६) ।

अवगरिस देखो **अवक्करिस** ; (विसे १५८३) ।

अवगल वि [**दे**] आक्रान्त ; (षड्) ।

अवगल्ल वि [**अवग्लान**] बिमार ; (ठा २, ४) ।

अवगाढ देखो **ओगाढ** ; (ठा १ ; भग ; स १७२) ।

अवगाढु वि [**अवगाहितृ**] अवगाहन करने वाला ; (विसे २८२२) ।

अवगार पुं [**अपकार**] अपकार, अहित-करण ; (सुर २, ४३) ।

अवगास पुं [**अवकाश**] १ फुरसद ; (महा) । २ जगह, स्थान ; (आवम) । ३ अवस्थान, अवस्थिति ; (ठा ४, ३) ।

अवगाह सक [**अव+गाह्**] अवगाहन करना । अवगाहइ ; (सण) ।

अवगाह पुं [**अवगाह**] १ अवगाहन ; २ अवकाश ; (उत्त २८) ।

अवगाहण न [**अवगाहन**] अवगाहन " तित्थावगाहणत्थं आगंतव्वं तए तत्थ " (सुपा ५६३) ।

अवगाहणा देखो **ओगाहणा** ; (ठा ४, ३ ; विसे २०८८) ।

अवगिंचण न [**दे. अववेचन**] पृथक्करण ; (उप पृ ६६) ।

अवगिज्झ देखो **ओगिज्झ** । संकृ—**अवगिज्झिय** ; (कप्प) ।

अवगीय वि [**अवगीत**] निन्दित ; (उप पृ १८१) ।

अवगुंठण देखो **अवउंठण** ; (दे १, ६) ।

अवगुंठिय वि [**अवगुण्ठित**] आच्छादित ; (महा) ।

अवगुण पुं [**अवगुण**] दुर्गुण, दोष ; (हे ४, ३६५) ।

अवगुण सक [**अव + गुणय्**] खोलना, उद्घाटन करना । अवगुणेज्जा ; (आचा २, २, २, ४) । वकृ —**अवगुणंत**; (भग १५) ।

अवगूढ वि [**अवगूढ**] १ आलिंगित; (हे २, १६८) । २ व्याप्त ; (गाया १, ८) ।

अवगूढ न [**दे**] व्यलीक, अपराध ; (दे १, २०) ।

अवगूहण न [**अवगूहन**] आलिंगन ; (सुर १४, २२० ; पउम ७४, २४) ।

अवग्ग वि [**अव्यक्त**] १ अस्पष्ट । २ पुं. अगीतार्थ, शास्त्रानभिज्ञ साधु; (उप ८७४) ।

अवग्गह देखो **उग्गह** ; (पव ३०) ।

अवग्गहण न [**अवग्रहण**] देखो **उग्गह** ; (विसे १८०) ।

अवच देखो **अवय=अवच** ; (भग) ।

अवचइय वि [**अपचयिक**] अपकर्ष-प्राप्त, ह्रास वाला ; (आचा) ।

अवचय पुं [**अपचय**] ह्रास, अपकर्ष ; (भग ११, ११ ; स १८२) ।

अवचय पुं [**अवचय**] इकट्ठा करना ; (कुमा) ।

अवचयण न [**अवचयन**] ऊपर देखो ; (दे ३, ५६) ।

अवचि अक [**अप + चि**] हीन होना, कम जाना । अवचिज्जइ ; (भग) । अवचिउजंति ; (भग २५, २) ।

अवचि } सक [**अव+चि**] इकट्ठा करना (फूल आदि **अवचिण** } को वृक्ष से तोड़ कर) । अवचिणइ ; (नाट) । भवि—अवचिणिस्सं ; (पि ५३१) । हेकृ—**अवचिणेदुं** (शौ); (पि ५०२) ।

अवचिय वि [**अपचित**] हीन, ह्रास-प्राप्त; (विसे ८६७) ।

अवचिय वि [**अवचित**] इकट्ठा किया हुआ ; (पाअ) ।

अवचुण्णिय वि [**अवचूर्णित**] तोड़ा हुआ, चूर २ किया हुआ ; (महा) ।

अवचुल्ली स्त्री [**अवचुल्ली**] चूल्हे का पीछला भाग ; (पिंड) ।

अवचूल देखो **ओऊल** ; (गाया १, १६—पत्र २१६) ।

अवच्च न [**अपत्य**] संतान, बच्चा ; (कप्प ; आव १ ; प्रासू ८३) । °**व** वि [°**वत्**] संतान वाला ; (सुपा १०६) ।

अवच्चीय वि [**अपत्यीय**] संतानीय, संतान-संबन्धी ; (ठा ६) ।

अवच्छुण्ण न [**दे**] क्रोध से कहा जाता मार्मिक वचन ; (दे १, ३६) ।

अवच्छेय पुं [**अवच्छेद**] विभाग, अंश ; (ठा ३, ३) ।

अवछंद वि [**अपच्छन्दस्क**] छन्द के लक्षण से रहित, छन्दो-दोष-दुष्ट ; (पिंग) ।

अवजस पुं [**अपयशस्**] अपकीर्ति ; (उप पृ १८७) ।

अवजाण सक [**अप+ज्ञा**] १ अपलाप करना । " बालस्स मंदयं बीयं जं च कडं अवजाणई भुज्जो " (सूअ १, ४, १, २६) ।

अवजाय पुं [**अपजात**] पिता की अपेक्षा से हीन वैभव वाला पुत्र ; (ठा ४, १) ।

अवजीव वि [**अपजीव**] जीव-रहित, मृत, अ-चेतन ; (गउड) ।

अवजुय वि [**अवयुत**] पृथग्भूत, भिन्न ; (वव ७) ।

अवज्ज न [**अवद्य**] १ पाप ; (पण्ह २, ४) । २ वि. निन्दनीय ; (सूअ १, १, २) ।

अवज्जस सक [**गम्**] जाना, गमन करना । अवज्जसइ ; (हे ४, १६२) । वकृ— **अवज्जसंत** ; (कुमा) ।

अवज्ञा स्त्री [**अवज्ञा**] अनादर ; (स ६०४)।
अवज्झ वि [**अवध्य**] मारने के अयोग्य ; (गाया १, १६)।
अवज्झस न [**दे**] १ कटी, कमर ; २ वि. कठिन ; (दे १, ५६)।
अवज्झा स्त्री [**अवध्या**] १ अयोध्या नगरी ; (इक)। २ विदेह-वर्ष की एक नगरी ; (ठा २, ३)।
अवज्झाण न [**अपध्यान**] बुरा चिन्तन, दुर्ध्यान ; (सुपा ५४६ ; उप ४६६ ; सम ५० ; विसे ३०१३)।
अवज्झाय वि [**अपध्यात**] १ दुर्ध्यान का विषय ; २ अवज्ञात, तिरस्कृत ; (गाया १, १४)।
अवज्झाय (अप) देखो **उवज्झाय** ; (दे १, ३७)।
अवट्ट सक [**अप+वृत्**] घुमाना, फिराना। "अवट्ट अवट्ट त्ति वाहरंते कण्णहारे रज्जुपरिवत्तणुज्जएसु निज्जामएसु अयंडम्मि चेव गिरिसिहरनिवडियं पिव विवन्नं जाणवत्तं" (स ३५५)।
अवट्टा स्त्री [**आवर्त्ता**] राज-मार्ग से बाहर की जगह ; (उप ६६१)।
अवट्टंभ पुं [**अवष्टम्भ**] अवलम्बन, आश्रय ; (पउम २६, २७ ; स ३३१)।
अवट्ठव सक [**अव+स्तम्भ्**] अवलम्बन करना, सहारा लेना। संकृ—**अवट्ठविअ** ; (विक ६४)।
अवट्ठद्ध वि [**अवष्टब्ध**] १ अवलम्बित। २ आक्रान्त, "अवट्ठद्धा महाविसाएणं" (स ५८४)।
अवट्ठाण न [**अवस्थान**] १ अवस्थिति, अवस्था। २ व्यवस्था ; (बृह ५)।
अवट्ठिअ वि [**अवस्थित**] १ स्थिर रहा हुआ ; (भग)। २ नित्य, शाश्वत ; (ठा ३, ३)। ३ जो बढ़ता-घटता न हो ; (जीव ३)।
अवट्ठिइ स्त्री [**अवस्थिति**] अवस्थान ; (ठा ३, ४ ; विसे ७५८)।
अवठंभ सक [**अव+स्तम्भ्**] अवलम्बन करना। संकृ—
"घाएण मओ, मद्देण मई, चोज्जेण वाहवहुयावि।
अवठंभिऊण धणुहं वाहेणवि मुक्किया पाणा"
(वज्जा ४६)।
अवठंभ पुं [**दे**] ताम्बूल, पान ; (दे १, ३६)।
अवड पुं [**अवट**] कूप, कुँआ ; (गउड)।
अवड } पुं [**दे**] १ कूप, कुँआ ; २ आराम, बगीचा ;
अवडअ } (दे १, ५३)।
अवडअ पुं [**दे**] १ चञ्चा, तृण-पुरुष ; (दे १, २०)।
अवडंक पुं [**अवटङ्क**] प्रसिद्धि, ख्याति, "जणकयावडंकेण निग्घिणसम्मो णाम" (महा)।
अवडक्किअ वि [**दे**] कूप आदि में गिर कर मरा हुआ, जिसने आत्म-हत्या की हो वह ; (दे १, ४७)।
अवडाह सक [**उत्+क्रुश्**] ऊंचे स्वर से रुदन करना। अवडाहेमि ; (दे १, ४७)।
अवडाहिअ न [**दे**] १ ऊंचे स्वर से रोदन ; (दे १, ४७)। २ वि. उत्क्रुष्ट ; (षड्)।
अवडिअ वि [**दे**] खिन्न, परिश्रान्त ; (दे १, २१)।
अवडु पुं [**अवटु**] कृकाटिका, घंडी, कण्ठ-मणि ; (पाअ)।
अवडुअ पुं [**दे**] उदूखल, उलूखल ; (दे १, २६)।
अवडुल्लिअ वि [**दे**] कूप आदि में गिरा हुआ, (षड्)।
अवड्ढ वि [**अपार्ध**] १ आधा ; (सुज्ज १०)। २ आधा दिन "अवड्ढं पच्चक्खाइ" (पडि ; भग १६, ३)। ३ आधे से कम ; (भग ७, १ ; नव ४१)।
°**क्खेत्त** न [°**क्षेत्र**] १ नक्षत्र-विशेष ; (चंद १०)। २ मुहूर्त-विशेष ; (ठा ६)।
अवण पुं [**दे**] १ पानी का प्रवाह ; २ घर का फलहक ; (दे १, ५५)।
अवण न [**अवन**] १ गमन ; २ अनुभव ; (णंदि ; विसे ८३)।
अवणद्ध वि [**अवनद्ध**] १ संबद्ध, जोड़ा हुआ ; (सुर २, ७)। २ आच्छादित ; (भग)।
अवणम अक [**अव+नम्**] नीचे नमना। वकृ—**अवणमंत** ; (राय)।
अवणमिय वि [**अवनत**] अवनत ; (सुपा ४२६)।
अवणमिय वि [**अवनमित**] नीचे किया हुआ, नमाया हुआ ; (सुर २, ४१)।
अवणय वि [**अवनत**] नमा हुआ ; (दस ५)।
अवणय पुं [**अपनय**] १ अपनयन, हटाना, (ठा ८)। २ निन्दा ; (पव १४३ ; विसे १४०३ टी)।
अवणयण न [**अपनयन**] हटाना, दूर करना ; (सुपा ११ ; स ४८३ ; उप ४६६)।

अवणि स्त्री [**अवनि**] पृथिवी, भूमि; (उप ३३६ टी)।
अवणिंत देखो **अवणी**=अप+नी।
अवणिंद पुं [**अवनीन्द्र**] राजा, भूप ; (भवि)।
अवणिय देखो **अवणीय** ; " तं कुणसु चित्तनिवसणमवणिय-नीसेसदोसमलं " (विवे १३८)।
अवणी देखो **अवणि**; (सुपा ३१०)। °**सर** पुं [°**श्वर**] राजा, भूमि-पति ; (भवि)।
अवणी सक [**अप+नी**] दूर करना, हटाना। अवणेइ, अवणेमि ; (महा)। वकृ—**अवणिंत, अवणेंत** ; (निचू १ ; सुर २, ८)। कवकृ—**अवणेज्जंत** ; (उप १४६ टी)। कृ—**अवणेअ** ; (द ३७)।
अवणीय वि [**अपनीत**] दूर किया हुआ ; (सुपा ५४)।
अवणेंत देखो **अवणी**=अप+नी।
अवणोय पुं [**अपनोद**] अपनयन, हटाना ; (विसे ६८२)।
अवणोयण न [**अपनोदन**] अपनयन ; दूरीकरण ; (स ६२१)।
अवण्ण वि [**अवर्ण**] १ वर्ण-रहित, रूप-रहित; (भग)। २ पुं. निन्दा ; (पंचव ४)। ३ अपकीर्ति ; (ओघ १८४ भा)। °**व** वि [°**वत्**] निन्दक " तेसिं अवण्णवं बाले महामोहं पकुव्वइ " (सम ५१)। °**वाय** पुं [°**वाद**] निन्दा ; (द २६)।
अवण्ण न [**दे**] अवज्ञा, निरादर ; (दे १, १७)।
अवण्णा स्त्री [**अवज्ञा**] निरादर, तिरस्कार ; (औप)।
अवण्हअ पुं [**अपह्नव**] अपलाप ; (षड्)।
अवण्हवण न [**अपह्नवन**] अपलाप ; (आचा)।
अवण्हाण न [**अवस्नान**] साबु आदि से स्नान करना ; (णाया १, १३ ; विपा १, १)
अवतंस देखो **अवयंस**=अवतंस ; (कुमा)।
अवतंसिय वि [**अवतंसित**] विभूषित ; (कुमा)।
अवतट्ठ वि [**अवतष्ट**] तनूकृत, छिला हुआ; (सूअ १, ५,२)।
अवतट्ठि देखो **अवयट्ठि**=अवतष्टि ; (सूअ १, ७)।
अवतारण न [**अवतारण**] १ उतारना ; २ योजना करना; (विसे ६४०)।
अवतित्थ न [**अपतीर्थ**] कुत्सित घाट, खराब किनारा ; (सुपा १५)।
अवत्त वि [**अव्यक्त**] १ अ-स्पष्ट ; (विसे)। २ कम उमर वाला ; (बृह १)। ३ अ-संस्कृत ; (गच्छ १)। °पुं. देखो **अवग्ग** ; (निचू २)।
अवत्त वि [**अवात**] पवन-रहित ; (गच्छ १)।
अवत्त वि [**अवाप्त**] प्राप्त, लब्ध ।
अवत्त न [**अवत्र**] आसन-विशेष ; (निचू १)।
अवत्तय वि [**दे**] विसंस्थुल, अव्यवस्थित ; (दे १, ३४)।
अवत्तव्व वि [**अवक्तव्य**] १ वचन से कहने को अशक्य, अनिर्वचनीय ; २ सप्त-भंगी का चतुर्थ भंग ; "अत्थंतरभूएहि अ नियएहिं दोहिं समयमाईहिं। वयणविसेसाईअं दव्वमवत्तव्वयं पडइ " (सम्म ३६)।
अवत्तिय न [**अव्यक्तिक**] १ एक जैनाभास मत, निह्नव-प्रचालित एक मत; २ वि. इस मत का अनुयायी; (ठा ७)।
अवत्थंतर न [**अवस्थान्तर**] जुदी दशा, भिन्न अवस्था ; (सुर ३, २०६)।
अवत्थग वि [**अपार्थक**] १ निरर्थक, व्यर्थ ; २ अ-संबद्ध अर्थ वाला (सुत्त वगैरः); (विसे)।
अवत्थद्ध वि [**अवष्टब्ध**] अवलम्बन-प्राप्त, जिसको सहारा मिला हो वह ; (णाया १, १८)।
अवत्थय वि [**अपार्थक**] निरर्थक ; (विसे ६६६ टी)।
अवत्थरा स्त्री [**दे**] पाद-प्रहार, लात मारना ; (दे १, २२)।
अवत्था स्त्री [**अवस्था**] दशा, अवस्थिति ; (ठा ८, कुमा)।
अवत्थाण न [**अवस्थान**] अवस्थिति ; (ठा ४, १ ; स ६२७ ; महा ; सुर १, २)।
अवत्थाव सक [**अव+स्थापय्**] १ स्थिर करना, ठहराना। २ व्यवस्थित करना। हेकृ—**अवत्थाविदुं** ; **अवत्था-वइदुं** (शौ); (पि ५७३ ; नाट)।
अवत्थाविद (शौ) वि [**अवस्थापित**] अवस्थित किया हुआ ; (नाट)।
अवत्थिय देखो **अवट्ठिय** ; (महा ; स २७४)।
अवत्थिय वि [**अवस्तृत**] फैलाया हुआ, प्रसारित ; (णाया १, ८)।
अवत्थु न [**अवस्तु**] १ अभाव, असत्त्व ; (भवि ; आवम)। २ वि. निरर्थक, निष्फल ; (पण्ह १, २)।
अवदग्ग देखो **अवयग्ग** (सूअ २, २, ५)
अवदल वि [**अपदल**] १ निःसार, सार-रहित ; २ कच्चा, अपक्व ; (ठा ४, ४)।
अवदहण न [**अवदहन**] दम्भन, गरम लोहे की कोश आदि से चर्म (फोड़े आदि) पर दागना ; (णाया १,४)।

अवदाय वि [**अवदात**] १ पवित्र, निर्मल "दिणयरकरावदायं भत्तं पेहितु चक्खुणा सम्मं" (सुपा ४६१)। २ श्वेत, सफेद ; (पराह १, ४ ; पात्र)।

अवदार न [**अपद्वार**] १ छोटी खिड़की ; २ गुप्त द्वार ; (उप ६६१)।

अवदाल सक [**अव+दलय्**] खोलना। अवदालेइ ; (औप)। संकृ—**अवदालेत्ता** ; (औप)।

अवदालिय वि [**अवदलित**] विकसित, विजृम्भित ; "अवदालियपुंडरीयनयणे" (औप; पराह १, ४ ; उवा)।

अवदिसा स्त्री [**अपदिक्**] भ्रान्त दिशा ; (स ५२६)।

अवदेस देखो **अवएस** ; (अभि ७६)।

अवद्दार } देखो **अवदार** ; (गाया १, २ ; प्राकृ)।
अवद्दाल }

अवद्दाहणा स्त्री. देखो **अवदहण** ; (विपा १, १)।

अवद्दुस न [**दे**] उलूखल आदि घर का सामान्य उपकरण, गुजराती में जिसको 'राचरचिलु' कहते हैं ; (दे १, ३०)।

अवद्धंस पुं [**अवध्वंस**] विनाश ; (ठा ४, ४)।

अवधार सक [**अव+धारय्**] निश्चय करना। कृ—**अवधारियव्व** ; (पंचा ३)।

अवधारण न [**अवधारण**] निश्चय, निर्णय ; (श्रा ३०)।

अवधारिय वि [**अवधारित**] निश्चित, निर्णीत ; (वसु)।

अवधारियव्व देखो **अवधार**।

अवधाव सक [**अप+धाव्**] पीछे दौड़ना। अवधावइ ; (सण)। वकृ—**अवधावंत** ; (स २३२)।

अवधिका स्त्री [**दे**] उपदेहिका, दिमक ; (पराह १, १)।

अवधीरिय वि [**अवधीरित**] तिरस्कृत, अपमानित ; (बृह १, ४)।

अवधुण } सक [**अव+धू**] १ परित्याग करना। २
अवधूण } अवज्ञा करना। संकृ—**अवधुणिअ, अवधूणिअ** ; (माल २३२ ; वेणी ११०)।

अवधूय वि [**अवधूत**] १ अवज्ञात, तिरस्कृत ; (ओघ १८ भा. टी)। २ विक्षिप्त ; (आव ४)।

अवनिद्दय पुं [**अपनिद्रक**] उजागर, निद्रा का अभाव ; (सुर ६, ८३)।

अवन्न देखो **अवण्ण=अवर्ण** ; (भग; उव ; ओघ ३५१)।

अवन्ना देखो **अवण्णा** ; (ओघ ३८२ भा; सुर १६, १३१ ; सुपा ३७२)।

अवपक्का स्त्री [**अवपाक्या**] तापिका, तवी; छोटा तवा ; (गाया १, १ टी—पत्र ४३)।

अवपुट्ठ वि [**अवस्पृष्ट**] जिसका स्पर्श किया गया हो वह; "जीए ससिकंतमणिमंदिराइं निसि ससिकरावपुट्ठाइं। वियलियबाहजलाइं रोयंतिव तरणितविग्राइं" (सुपा ३)।

अवपुसिय वि [**दे**] संघटित, संयुक्त ; (दे १, ३६)।

अवप्पओग पुं [**अपप्रयोग**] उल्टा प्रयोग, विरुद्ध औषधियों का मिश्रण ; (बृह १)।

अवप्फार पुं [**अवस्फार**] विस्तार, फैलाव, "ता किमिमिणा अहोपुरिसियावप्फारपाएणं" (स २८८)।

अवबंध पुं [**अवबन्ध**] बन्ध, बन्धन ; (गउड)।

अवबद्ध वि [**अवबद्ध**] बंधा हुआ, नियन्त्रित ; (धर्म ३)।

अवबाण वि [**अपबाण**] बाण-रहित ; (गउड)।

अवबुज्झ सक [**अव+बुध्**] १ जानना। २ समझना। "जत्थ तं मुज्झसी रायं, पेच्चत्थं नावबुज्झसे" (उत्त १८,१३)। वकृ—**अवबुज्झमाण** ; (स ८५)। संकृ—**अवबुज्झिऊण** ; (स १६७)।

अवबोह पुं [**अवबोध**] १ ज्ञान, बोध ; (सुपा १७)। २ विकास ; (गउड)। ३ जागरण ; (धर्म २)। ४ स्मरण, यादी ; (आचा)।

अवबोहय वि [**अवबोधक**] अवबोध-कारक ; "भवियकमलावबोहय, मोहमहातिमिरपसरभरसूर" (काल)।

अवबोहि पुं [**अवबोधि**] १ ज्ञान ; २ निश्चय, निर्णय; (आचू १, विसे ११५४)।

अवभास अक [**अव+भास्**] चमकना, प्रकाशित होना।

अवभास पुं [**अवभास**] प्रकाश ; (सुज्ज ३)।

अवभासय वि [**अवभासक**] प्रकाशक ; (विसे ३१७; २०००)।

अवभासि वि [**अवभासिन्**] देदीप्यमान, प्रकाशने वाला ; (गउड)।

अवभासिय वि [**अवभासित**] प्रकाशित ; (विसे)।

अवभासिय वि [**अवभाषित**] आकृष्ट, अभिशप्त ; (वव १)।

अवम देखो **ओम** ; (आचा)।

अवमग्ग पुं [**अपमार्ग**] कुमार्ग, खराब रास्ता; (कुमा)।

अवमग्ग पुं [**अपामार्ग**] वृक्ष-विशेष, चिचड़ा, लटजीरा ; (दे १, ८)।

अवमच्चु पुं [**अपमृत्यु**] अकाल मृत्यु, अनमौत मरण ; (दे ६, ३ ; कुमा) ।
अवमज्ज सक [**अव+मृज्**] पोंछना, झाड़ना, साफ करना। संकृ —**अवमज्जिऊण** ; (स ३४८) ।
अवमण्ण सक [**अव+मन्**] तिरस्कार करना। अवमण्णंति ; (उवर १२२) ।
अवमद्द पुं [**अवमर्द**] मर्दन, विनाश ; (पगह १, २)।
अवमद्दग वि [**अवमर्दक**] मर्दन करने वाला ; (गाया १, १६) ।
अवमन्न सक [**अव+मन्**] अवज्ञा करना, निरादर करना। अवमन्नइ ; (महा)। वकृ—**अवमन्नंत** ; (सुअ १,३,४) संकृ—**अवमन्निऊण** ; (महा) ।
अवमन्निय } वि [**अवमत**] अवज्ञात, अवगणित ; (सुर
अवमय } १६, १२७ ; महा ; उव) ।
अवमाण पुं [**अपमान**] तिरस्कार ; (सुर १, २३५)।
अवमाण पुंन [**अवमान**] १ अवज्ञा, तिरस्कार। २ परिमाण ; (ठा ४, १) ।
अवमाण सक [**अव+मानय्**] अवगणना करना। अवमाणइ ; (भवि) ।
अवमाणण न [**अवमानन**] अनादर, अवज्ञा ; (पगह १, ५ ; औप) ।
अवमाणण न [**अपमानन**] तिरस्कार, अपमान; (स १०)।
अवमाणणा स्त्री [**अवमानना**] अवगणना ; (काल) ।
अवमाणि वि [**अवमानिन्**] अवज्ञा करने वाला ; (अभि ६६) ।
अवमाणिय वि [**अपमानित**] तिरस्कृत ; (से १०, ६६; सुपा १०५) ।
अवमाणिय वि [**अवमानित**] १ अवज्ञात, अनादृत ; (सुर २, १७६) । २ अपूरित, " अवमाणियदोहला " (भग ११, ११) ।
अवमार पुं [**अपस्मार**] भयंकर रोग-विशेष ; पागलपन ; (आचा) ।
अवमारिय वि [**अपस्मारित, °रिक**] अपस्मार रोग वाला ; (आचा) ।
अवमारुय पुं [**अवमारुत**] नीचे चलता पवन ; (गउड)।
अवमिच्चु देखो **अवमच्चु** ; (प्राकृ) ।
अवमिय वि [**दे**] जिसको घाव हो गया हो वह, व्रणित ; (बृह ३) ।
अवमुक्क वि [**अवमुक्त**] परित्यक्त ; (पि ५६६) ।
अवमेह वि [**अपमेघ**] मेघ-रहित ; (गउड) ।
अवय देखो **अपय**=अपद ; (सुअ १, ८; ११) ।
अवय न [**अब्ज**] कमल, पद्म ; (पगण १) ।
अवय वि [**अवच**] १ नीचा ; अनुच ; (उत्त ३) । २ जघन्य, हीन ; अश्रेष्ठ ; (सुअ १, १०) । ३ प्रतिकूल ; (भग १, ६) ।
अवयंस पुं [**अवतंस**] १ शिरो-भूषण विशेष ; (कुमा ; गा १७३) । २ कान का आभूषण ; (पाअ) ।
अवयंस सक [**अवतंसय्**] भूषित करना। अवअंसअंति; (पि १४२; ४६०) ।
अवयक्ख सक [**अप+ईक्ष्**] अपेक्षा करना, राह देखना। अवयक्खह ; (गाया १, ६) । वकृ —**अवयक्खंत, अवयक्खमाण** ; (गाया १, ६ ; भग १०, २) ।
अवयक्ख सक [**अव+ईक्ष्**] १ देखना। २ पीछे से देखना। वकृ —**अवयक्खंत** ; (आव १८८ भा) ।
अवयक्खा स्त्री [**अपेक्षा**] अपेक्षा ; (गाया १, ६) ।
अवयग्ग न [**दे**] अन्त, अवसान ; (भग १, १) ।
अवयच्छ सक [**अव+गम्**] जानना। अवयच्छइ ; (स ११३) । संकृ —**अवयच्छिय** ; (स २१०) ।
अवयच्छ सक [**दृश्**] देखना। अवयच्छइ ; (हे ४, १८१) । वकृ—**अवयच्छंत** ; (कुमा) ।
अवयच्छिय वि [**दृष्ट**] देखा हुआ ; (गाया १, ८) ।
अवयच्छिय वि [**दे**] प्रसारित, " फुंकारपवणपिसुणियमवयच्छियमयगरमहा य " (स ११३) ।
अवयज्झ सक [**दृश्**] देखना। अवयज्झइ ; (हे ४, १८१) । संकृ —**अवयज्झिऊण** ; (कुमा) ।
अवयट्टि स्त्री [**अवतष्टि**] तनूकरण, पतला करना ; (आचा) ।
अवयट्ठि वि [**अवस्थायिन्**] अवस्थिति करने वाला ; स्थिर रहने वाला ; (आचा) ।
अवयट्ठि स्त्री [**अवकृष्टि**] आकर्षण ; (आचा) ।
अवयड्ढिअ वि [**दे**] युद्ध में पकड़ा हुआ ; (दे १,४६)।
अवयण न [**अवचन**] कुत्सित वचन, दूषित भाषा ; (ठा ६) ।
अवयर सक [**अव+तॄ**] १ नीचे उतरना। २ जन्म-ग्रहण करना। अवयरइ ; (हे १, १७२) । वकृ —

अवयरंत, **अवयरमाण**; (पउम ८२, ६३ ; सुपा १८१)। संकृ—**अवयरिउं**; (प्रासू)।
अवयरिअ पुं [दे] वियोग, विरह ; (दे १, ३६)।
अवयरिअ वि [अपकृत] १ जिसका अपकार किया गया हो वह। २ न. अपकार, अहित-करण, "को हेऊ तुह गमणे तुह अवयरियं मए किं व" (सुपा ४२१)।
अवयरिअ वि [अवतीर्ण] १ जन्मा हुआ। २ नीचे उतरा हुआ ; (सुर ६, १८६)।
अवयव पुं [अवयव] १ अंश, विभाग। २ अनुमान-प्रयोग का वाक्यांश ; (दसनि १ ; हे १, २४५)।
अवयवि वि [अवयविन्] अवयव वाला (ठा १ ; विसे २३५०)।
अवयाढ देखो **ओगाढ** ; (नाट ; गउड)।
अवयाण न [दे] खींचने की डोरी, लगाम ; (दे १, २४)।
अवयाय पुं [अपवाद] अपराध, दोष; (उप १०३१ टी)।
अवयार पुं [अपकार] अहित-करण ; (स ४३७ ; कुमा ; प्रासू ६)।
अवयार पुं [अवतार] १ उतरना। २ देहान्तर-धारण, जन्म-ग्रहण। ३ मनुष्य रूपमें देवता का प्रकाशित होना "अज्ज! एवं तुमं देवावयारो विय आगईए" (स ४१६; भवि)। ४ संगति, योजना ; (विसे १००८)। ५ प्रवेश ; (विसे १०४३)।
अवयार पुं [दे] माघ-पूर्णिमा का एक उत्सव, जिसमें इख से दतवन आदि किया जाता है ; (दे १, ३२)।
अवयारि वि [अपकारिन्] अपकार करने वाला; (स १७६; विवे ७६)।
अवयालिय वि [अवचालित] चलायमान किया हुआ ; (स ४२)।
अवयास सक [श्लिष्] आलिंगन करना। अवयासइ ; (हे ४, १९०)। कवकृ—**अवयासिज्जमाण** ; (औप)। संकृ—**अवयासिय** ; (गाया १, २)।
अवयास सक [अव+काश्] प्रकट करना। संकृ—**अवयासेऊण** ; (तंदु)।
अवयास देखो **अवगास** ; (गउड, कुमा)।
अवयास पुं [श्लेष] आलिंगन ; (ओघ २४४ भा)।
अवयासण न [श्लेषण] आलिंगन ; (बृह १)।
अवयासाविय वि [श्लेषित] आलिंगन कराया हुआ ; (विपा १, ४)।
अवयासिय वि [श्लिष्ट] आलिंगित ; (कुमा; पाअ)।
अवयासिणी स्त्री [दे] नासा-रज्जु, नाक में डाली जाती डोर ; (दे १, ४६)।
उद्दाल सक [**आ+छिद्**] खींच लेना, हाथ से छीन लेना। उद्दालइ; (हे ४, १२५ ; षड्; महा)। हेकृ—**उद्दालेउं**; (पि ५७७)।

उद्दाल पुं [**अवदाल**] १ दबाव, अवदलन "तंसि तारिसगंसि सयणिज्जंसि...गंगापुलिणवालुअउद्दालसालिसए" (कप्प ; गाया १, १)। २ वृक्ष-विशेष ; (जीव ३)। ३ अवसर्पिणी काल का प्रथम आरा—समय-विशेष ; (जं २)।

उद्दालिय वि [**आच्छिन्न**] छीना हुआ; खींच लिया गया ; (पाअ; कुमा; उप पृ ३२३)। "दो मग्गलिहणवि हु तेहिं उद्दालिया" (सुपा २३८)।

उद्दावणया स्त्री [**उपद्रावणा**] उपद्रव, हैरानी ; (राज)।

उद्दाह पुं [**उद्दाह**] १ प्रखर दाह ; २ आग ; (ठा १०)।

उद्दाहग वि [**उद्दाहक**] आग लगाने वाला; (पण्ह १,३)।

उद्दिट्ठ वि [**उद्दिष्ट**] १ कथित, प्रतिपादित ; (विपा २, १)। २ निर्दिष्ट ; (दस)। ३ दान के लिए संकल्पित (अन्न, पानादि); "णायपुत्ता उद्दिट्ठभत्तं परिवज्जयंति" (सूअ २, ६)। ४ लक्षित; (सूअ २, ६)। ५ न. उद्देश; (पंचा १०)। °**कड** वि [°**कृत**] साधु के उद्देश से बनाया हुआ, साधु के निमित्त किया हुआ (भोजनादि) ; (दस १०)।

उद्दिट्ठा स्त्री [**दे. उद्दिष्टा**] तिथि-विशेष, अमावस्या ; (औप)।

उद्दित्त वि [**उद्दीप्त**] प्रज्वलित ; (बृह १)।

उद्दिस सक [**उद्+दिश्**] १ नाम निर्देश-पूर्वक वस्तु का निरूपण करना। २ देखना। ३ संकल्प करना। ४ लक्ष्य करना। ५ अंगीकार करना। ६ सम्मति लेना। ७ समाप्त करना। ८ उपदेश देना। उद्दिसइ; (वव २, ७)। कर्म—"दस अज्झयणा एक्कसरगा दससु चेव दिवसेसु उद्दिस्संति" (उवा)। कवकृ—**उद्दिसिज्जंत**; (आवम)। संकृ—"गओ तामिं समीवं, पुच्छिय महुरवाणीए एक्कं कन्नगं **उद्दिसिऊण,** कओ तुब्भे" (महा ; वव १, ७) ; "तदवसाणे य एक्का पवरमहिला बंधुमइं **उद्दिस्स** कुमारउत्तमंगे अक्खए पक्खिवइ; (महा); **उद्दिसिय**; (आचा २, १; अभि १०४)। हेकृ-**उद्दिसिउं**, **उद्दिसित्तए** ; (वव १,१० भा; ठा २,१); प्रयो—**उद्दिसावित्तए, उद्दिसावेत्तए**; (बृह १; कस)।

उद्दिसिअ देखो **उद्दिट्ठ** ; (आचा २)।

उद्दिसिअ वि [**दे**] उत्प्रेक्षित, वितर्कित; (दे १, १०६)।

उद्दीवण न [**उद्दीपन**] १ उत्तेजन; २ वि. उत्तेजक; (मै ५८ ; रंभा)।

उद्दीवणिज्ज वि [**उद्दीपनीय**] उद्दीपक, उत्तेजक, "मयणुद्दीवणिज्जेहिं विविहेहिं भूसणेहिं" (रंभा)।

उद्दीविअ वि [**उद्दीपित**] प्रदीपित, प्रज्वालित; (पाअ)। "चीयाए पक्खिविउं तत्तो उद्दीविओ जलणो" (सुर ६, ८८)।

उद्दुय वि [**उद्द्रुत**] पलायित ; (पउम ६, ७०)।

उद्दुय वि [**उपद्रुत**] हैरान किया हुआ ; (स १३१)।

उद्देस देखो **उद्दिस**। उद्देसइ ; (भवि)।

उद्देस पुं [**उद्देश**] १ नाम-निर्देश-पूर्वक वस्तु-निरूपण ; (विसे)। २ शिक्षा, उपदेश; "उद्देसो पासगस्स णत्थि" ३ व्यपदेश, व्यवहार ; (आचा)। ४ लक्ष्य ; ५ अभिप्राय, मतलब ; (विसे)। ६ ग्रन्थ का एक अंश ; (भग

१, १)। ७ प्रदेश, अवयव; "खुब्भंति खुहिअमअरा आवाआलगहिरा समुद्दुद्देसा" (से ५, १६; १, २०)। ८ गुरु-प्रतिज्ञा, गुरु-वचन; (विसे)। ९ जगह, स्थान; (कप्पू)।

उद्देसण न [**उद्देशन**] १ पाठन, वाचना, अध्यापन; "उद्दिसण वायणाति पाठणाया चेव एगट्ठा" (पंचभा; पण्ह २, ५)। २ अधिकारिता, योग्यता; (ठा ४, ३)।

उद्देसणा स्त्री [**उद्देशना**] ऊपर देखो; (पंचभा)।

उद्देसिय न [**औद्देशिक**] १ भिक्षा का एक दोष, साधु के लिए भोजन-निर्माण; २ वि. साधु-निमित्त बनाया हुआ (भोजन); (कस)। "उद्देसियं तु कम्मं एत्थं उद्दिस्स कीरए जंति" (पंचा १७; ठा ९; अंत)।

उद्देह पुं [**उद्देह**] भगवान् महावीर का एक गण—साधु-समुदाय; (ठा ९; कप्प)।

उद्देहलिया स्त्री [**उद्देहलिका**] वनस्पति-विशेष; (राज)।

उद्देहिया, **उद्देही** स्त्री [**दे**] उपदेहिका, दिमक, त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष; (जी १६; स ४३५; ओघ ३२३); "उवदेहीइ उद्देही" (दे १, ९३)।

उद्दोहग वि [**उद्द्रोहक**] घातक, हिंसक (पण्ह १, ३)।

उद्ध देखो **उड्ढ**; (से ३, ३३; पि ८३; महा; हे २, ५९; ठा ३, २)।

उद्धअ वि [**उद्धत**] १ उन्मत्त; (से ४, १३; पाअ)। २ गर्वित, अभिमानी; (भग ११, १०)। ३ उत्पाटित; (णाया १, १)। ४ अतिप्रबल "उद्धततमंधकार—" (पण्ह १, ३)।

उद्धअ देखो **उद्धरिअ**=उद्धृत। "पावल्लेण उवेच्च व उद्धयपयधारणा उ उद्धारो" (वव १, १०)।

उद्धअ वि [**दे**] शान्त, ठंढा; (षड्)।

उद्धंत देखो **उद्धा**।

उद्धंस सक [**उद्+धृष्**] १ मारना। २ आक्रोश करना, गाली देना। उद्धंसेइ; (भग १५)। उद्धंसेंति; (णाया १, १६)।

उद्धंस सक [**उद्+ध्वंस्**] विनाश करना। संकृ—**उद्धंसिऊण**; (स ३९२)।

उद्धंसण न [**उद्धर्षण**] १ आक्रोश, निर्भर्त्सन; २ वध, हिंसा; (राज)।

उद्धंसणा स्त्री [**उद्धर्षणा**] ऊपर देखो; (ओघ ३८ भा); "उच्चावयाहिं उद्धंसणाहिं उद्धंसेंति" (णाया १, १६)।

उद्धंसिय त्रि [**उद्धर्षित**] आक्रुष्ट, जिस पर आक्रोश किया गया हो वह; (निचू ४)।

उद्धच्छवि वि [**दे**] विसंवादित, अप्रमाणित; (दे १, ११४)।

उद्धच्छविअ वि [**दे**] सज्जित, तय्यार; (दे १, ११६)।

उद्धच्छिअ वि [**दे**] निषिद्ध, प्रतिषिद्ध; (दे १, १११)।

उद्धट्टु देखो **उद्धर**।

उद्धड वि [**उद्धृत**] उठा कर रखा हुआ; (धर्म ३)।

उद्धण वि [**दे**] उद्धत, अविनीत; (षड्)।

उद्धत्थ वि [**दे**] विप्रलब्ध, वञ्चित; (दे १, ९६)।

उद्धदेहिय न [**और्ध्वदेहिक**] अग्नि-संस्कार आदि अन्त्येष्टि-क्रिया; (स १०९)।

उद्धम सक [**उद्+हन्**] १ शङ्ख वगैरः फूँकना, वायु भरना। २ ऊँचा फेंकना, उड़ाना। कवकृ—**उद्धम्मंताणं** संखाणं सिंगाणं संखियाणं खरमुहीणं" (राय); "पायालसहस्सवायवसवेगसलिल**उद्धम्ममाण**दगरयरयंधकारं (रयणागरसागरं)" (पण्ह १, ३; औप)।

उद्धर सक [**उद्+हृ**] १ फँसे हुए को निकालना, ऊपर उठाना। २ उन्मूलन करना। ३ दूर करना। ४ खींचना। ५ जीर्ण मन्दिर वगैरः का परिष्कार-संस्कार करना। ६ किसी ग्रन्थ या लेख के अंश-विशेष को दूसरी पुस्तक या लेख में अविकल नकल करना। भवि—उद्धरिस्सइ; (स ५६६)। वकृ—पइनगरं पइगामं पायं जिणमंदिराइं पूयंतो, जिण्णाइं **उद्धरंतो**" (सुपा २२४);

"जयइ धरमुद्धरंतो भरणीसारियमुहम्मचलणेण।
णिअदेहेण करेण व पंचंगुलिणा महाकुम्मो॥" (गउड)।

संकृ—**उद्धरिउं**, **उद्धरिऊण**, **उद्धरित्ता**, **उद्धरित्तु**, **उद्धट्टु**; (पंचा १६; प्रासू)। "तं लयं सव्वसो छित्ता, **उद्धरित्ता** समूलया" (उत्त २३; पंचा १६); "बाहू उद्धट्टु कक्खमणुव्वजे" (सूअ १, ४); "तसे पाणे उद्धट्टु पादं रीइज्जा" (आचा २, ३. १, ४)।

उद्धर (अप) देखो **उद्धुर**; (भवि)।

उद्धरण न [**उद्धरण**] १ ऊपर उठाना; २ फँसे हुए को निकालना; (गउड); "दीणुद्धरणम्मि धणं न पउत्तं" (विवे १३५)। ३ उन्मूलन; ४ अपनयन; (सूअ १, ४; ९)।

उद्धरण वि [**दे**] उच्छिष्ट, जूठा; (दे १,१०६)।

उद्धरिअ वि [**उद्धृत**] १ उत्पाटित, उन्मूलित; "हक्खुत्तं उच्क्खूढं उक्खित्त-उप्पाडिआइं उद्धरिअं" (पाअ)। २ किसी ग्रन्थ या लेख के अंश-विशेष को दूसरे पुस्तक या लेख में अविकल नकल कर देना ;

"एसो जीववियारो, संखेवरुईण जाणणा-हेउं ।
संखित्तो उद्धरिओ, रुंदाओ सुय-समुद्दाओ" (जी ५१) ;
"जेण उद्धरिया विज्जा, आगासगमा महापरिण्णाओ" (आवम)।
३ आकृष्ट, खींचा हुआ ; ४ निष्कासित, बाहर निकाला हुआ; "उद्धरियसव्वसल्ल—" (पंचा १६)। ५ जीर्ण वस्तु का परिष्कार करना, "जिणमंदिरं न उद्धरिअं" (विवे १३३)।

उद्धरिअ वि [**दे**] अर्दित, विनाशित ; (षड्)।

उद्धल पुं [**दे**] दोनों तरफ की अप्रवृत्ति ; (षड्)।

उद्धवअ वि [**दे**] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ ; (दे १, १०६)।

उद्धविअ वि [**दे**] अर्चित, पूजित ; (दे १, १०७)।

उद्धा } सक [**उद्+धाव्**] १ दौड़ना, वेग से जाना। **उद्धाअ** } २ ऊँचे जाना। उद्धाइ ; (पि १६५)। वकृ— **उद्धंत, उद्धाअंत, उद्धायमाण** ; (कप्प ; से ६, ६६ ; १३, ६१ ; औप)।

उद्धाअ अक [**ऊर्ध्वाय्**] ऊँचा होना। वकृ—**उद्धाअमाण** ; (से १३, ६१)।

उद्धाअ वि [**उद्धाव**] उद्धावित, ऊँचा गया हुआ "छिण्णकडए वहंतं उद्धाअणिअत्तगरुडमग्गिअसिहरं" (से ६, ३६)।

उद्धाअ पुं [**दे**] १ विषमोन्नत प्रदेश ; २ समूह ; ३ वि. थका हुआ, श्रान्त ; (दे १, १२४)।

उद्धाइअ वि [**उद्धावित**] १ फैला हुआ, विस्तीर्ण, प्रसृत; (से ३, ५२)। २ ऊँचा दौड़ा हुआ ; (से २, २२)।

उद्धार पुं [**उद्धार**] १ त्राण, रक्षण ; (कुमा)। २ ऋण देना, धार देना; (सुपा ५६७; श्रा १४)। ३ अपहरण ; (अणु)। ४ अपवाद ; (राज)। ५ धारणा, पढ़े हुए पाठ को नहीं भूलना "पावल्लेण उवेच्च व उद्धयपयधारणा उ उद्धारो" (वव १, १०)। °**पलिओवम** न [°**पल्योपम**] समय का एक परिमाण ; (अणु)। °**समय** पुं [°**समय**] समय-विशेष ; (अणु)। °**सागरोवम** न [°**सागरोपम**] समय का एक दीर्घ परिमाण ; (अणु)।

उद्धाव देखो **उद्धा**।

उद्धावण न [**उद्धावन**] नीचे देखो ; (श्रा १)।

उद्धावणा स्त्री [**उद्धावना**] १ प्रबल प्रवृत्ति ; २ दूर-गमन, दूर क्षेत्र में जाना ; (धर्म ३)। ३ कार्य की शीघ्र-सिद्धि ; (वव १, १)।

°**उद्धि** देखो **बुद्धि** ; (षड्)।

उद्धिअ देखो **उद्धरिअ**=उद्धृत ; (श्रा ४० ; औप; राय; वव १, १ ; औप; पच्च २८)।

उद्धीमुह वि [**ऊर्ध्वीमुख**] मुँह ऊँचा किया हुआ ; (चंद ४)।

उद्धुंधलिय वि [**दे**] धुँधलाया हुआ ; (सण)।

उद्धुणिय देखो **उद्धुय** ; (सण)।

उद्धुम सक [**पृ**] पूर्ण करना, पूरा करना। उद्धुमइ ; (हे ४, १६६)।

उद्धुमा सक [**उद्+ध्मा**] १ आवाज करना ; २ जोर से धमनी को चलाना। उद्धुमाइ, उद्धुमाअइ ; (षड् ; प्रामा)।

उद्धुमाइअ वि [**उद्ध्मापित**] ठंडा किया हुआ, निर्वापित ; (से १, ८)।

उद्धुमाय वि [**दे**] १ परिपूर्ण ; "मायाइ उद्धुमाया" (कुमा) ; "पडिहत्थमुद्धुमायं आहिरेइयं च जाण आउण्णे" (गादि)। २ उन्मत्त ; "मअरंदरसुद्धुमाअमुहलमहुअरं" (से ६, ११) ;

उद्धुय वि [**उद्धूत**] १ पवन से उड़ा हुआ; (से ७, १४)। २ प्रसृत, फैला हुआ "गधुद्धुयाभिरामे" (औप)। ३ प्रकम्पित ; "वाउद्धुयविजयवेजयंती" (जीव ३)। ४ उत्कट, प्रबल ; (सम १३७)। ५ व्यक्त, प्रकट ; (कप्प)।

उद्धुर वि [**उद्धुर**] १ ऊँचा, उच्च ; "उद्धुरं उच्चं" (पाअ)। २ प्रचण्ड, प्रबल; (सुर ३, ३६; १२, १०६)।

उद्धुव्वंत } देखो **उद्धू**।
उद्धुव्वमाण }

उद्धुसिय वि [**उद्धुषित**] १ रोमाञ्च, "अन्नोन्नजंपिएहिं हसिउद्धुसिएहिं खिप्पमाणो य" (उव)। २ वि. रोमाञ्चित, पुलकित; (दे १, ११५ ; २, १००) ; "उद्धुसियरोमकूवो सोयलअनिलेण संकुइयगत्तो" (सुर २, १०१) ; "उद्धुसियकेसरसढं" (महा)।

उद्धू सक [**उद्+धू**] १ काँपना, चलाना ; २ चामर वगैरः बीजना, पंखा करना। कवकृ—**उद्धुव्वंत, उद्धुव्वमाण** ; (पउम २, ४० ; कप्प)।

उद्धूणिय देखो **उद्धुय** ; (सण)।

उद्धूद (शौ) देखो **उद्धुय** ; (चारु ३५)।

उद्धूल सक [**उद्+धूलय्**] १ व्याप्त करना। २ धूलि लगाना। **उद्धूलेइ** ; (हे ४, २९)।

उद्धूलण न [**उद्धूलन**] धूलि को अङ्ग पर लगाना।

" जारमसाणसमुब्भवभूइसुहप्फंससिज्जिरंगीए।
ण समप्पइ णवकावालिआइ उद्धूलणारंभो ॥ "
(गा ४०८)।

उद्धूलिय वि [**उद्धूलित**] १ धूलि से लपेटा हुआ। २ व्याप्त " तिमिरोद्धूलिअभवणं " (कुमा)।

उद्धूवणिया स्त्री [**उद्धूपनिका**] धूप देना ;

" केवि हु बिरालत्तयपुरीससमोसेहिं गुग्गुलाईहिं।
उव्वरियम्मि खिविता उद्धवणियं पयच्छंति ॥ "
(सुर १४, १७४)।

उद्धूविअ वि [**उद्धूपित**] जिसको धूप किया गया हो वह ; (विक ११३)।

उद्धोस पुं [**उद्धर्ष**] उल्लास, ऊँचा होना ; (सट्टि ९५)। " जं जं इह मुहुमबुद्धीए चिंतिज्जइ तं सव्वं रोमुद्धोसं जणेइ मह अम्मो " (सुपा ६४)।

उन्न न [**ऊर्ण**] ऊन, भेड़ या बकरी के रोम। °**मय** वि [°**मय**] ऊन का बना हुआ ;

" गोवालियाण विंदं नच्चावइ फारमुत्तियाहारं।
उन्नमयवासनिवसणपीणुन्नयथणहराभोगं ॥ "
(सुपा ४३२)।

उन्न (अप) वि [**विषण्ण**] विषाद-प्राप्त, खिन्न; (षड्)।

उन्नइ देखो **उण्णइ** ; (काल; सुपा २५७; प्रासू २८ ; सार्ध ३४)।

उन्नइज्जमाण देखो **उन्नी**।

उन्नइय वि [**उन्नीत**] ऊँचा लिया हुआ; (पउम १०५, ५७)।

उन्नंद सक [**उद्+नन्द्**] अभिनन्दन करना। कवकृ— " हिययमालासहस्सेहिं **उन्नंदिज्जमाणे** " (कप्प)।

उन्नय देखो **उण्णय** ; (सुपा ४७६ ; सम ७१; कप्प)।

उन्ना देखो **उण्णा**। °**मय** वि [°**मय**] ऊन का बना हुआ; (सुपा ६४१)।

उन्नाडिय न [**उन्नाटित**] हर्ष-द्योतक आवाज ; (स ३७६)।

उन्नाम पुं [**उन्नाम**] १ ऊँचाई। २ अभिमान, गर्व; (सम ७१)।

उन्नामिअ वि [**उन्नमित**] ऊँचा किया हुआ ; (पाअ ; महा ; स ३७७)।

उन्नालिअ वि [**दे**] देखो **उण्णालिअ** ; " उन्नालिअं उन्नामिअं " (पाअ)।

उन्नाह पुं [**उन्नाह**] ऊँचाई ; (पाअ)।

उन्निअ देखो **उण्णिअ**=और्णिक ; (ओघ ७०५)।

उन्निक्खमण न [**उन्निष्क्रमण**] दीक्षा छोड़ कर फिर गृहस्थ होना, साधुपन छोड़कर फिर गृहस्थ बनना ; (उप १३० टी; ३९६)।

उन्नी देखो **उण्णी**। कवकृ—**उन्नइज्जमाण**; (कप्प)।

उन्हाल (अप) पुं [**उष्णकाल**] ग्रीष्म ऋतु; (भवि)।

उपंत न [**उपान्त**] १ पीछला भाग ; २ वि. समं.पस्थ ; (गा ९६३)।

उपरि } **उप्परिं** } देखो **उवरि** ; (विसे १०२१; षड्)।

उपरिल्ल देखो **उवरिल्ल** ; (षड्)।

उपवज्जमाण देखो **उववाय**=उप+वादय्।

उपसप्प देखो **उवसप्प**। उपसप्पइ ; (षड्)। संकृ— **उपसप्पिय** ; (नाट)।

उपाणहिय पुंस्त्री [**उपानह्**] जूता ; " अन्नदिणे जंपाणेपाणहिए मुत्तमाहडा " (सुपा ३९२)। " तह तं निउपाणहियाउवि वाहिस्सं " (सुपा ३९२)।

उप्प देखो **ओप्प**=अर्पय्। उप्पेइ; (पि १०४; हे १, २६९)।

उप्पइअ वि [**उत्पतित**] १ ऊँचा गया हुआ, उड़ा हुआ " संवि य आगासे उप्पइए " (उवा ; सुर ३, ९६)। २ उन्नत, ऊँचा ; (आचा)। ३ उद्भूत, उत्पन्न; (उत्त २)। ४ न. उत्पतन, उड़ना ; (औप)।

उप्पइअ वि [**उत्पाटित**] उत्थापित, उठाया हुआ; " खुडिउप्पइअमुणालं दट्ठूण पिअं व सिढिलवलअं णलिणिं " (से १, ३०)।

उप्पइअव्व } **उप्पइउं** } देखो **उप्पय**=उत्+पत्।

उप्पंक वि [**दे**] १ बहु, अत्यन्त ; २ पुं. पङ्क, कीचड, कादा ; ३ उन्नति ; (दे १, १३०)। ४ समूह, राशि; (दे १, १३० ; पाअ ; गउड ; स ४३७)।

उप्पंग पुं [**दे**] समूह; राशि ;

" णवपल्लवं विसण्णा, पहिआ पेच्छंति चूअरुक्खस्स।
कामस्स लोहिउप्पंगराइअं हत्थभल्लं व ॥ " (गा ५८५)।

उप्पज्ज अक [उत्+पद्] उत्पन्न होना। उप्पज्जंति ; (कप्प)। वकृ—**उप्पज्जंत, उप्पज्जमाण** ; (से ८, ५५ ; सम्म १३४ ; भग ; विसे ३३३२)।

उप्पड सक [उत्+पत्] उड़ना, ऊँचा जाना, कूदना ; (प्रामा)।

उप्पड पुं [उत्पट] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष, क्षुद्र कीट-विशेष; (राज)।

उप्पडिअ देखो **उप्पइअ** ; (नाट)।

उप्पण सक [उत्+पू] धान्य वगैरः को सूप आदि से साफ-सुथरा करना। कर्म—"साली वीही जवा य लुव्वंतु मलिज्जंतु उप्पणिज्जंतु य" (पण्ह १, २)।

उप्पणण न [उत्पवन] सूप आदि से धान्य वगैरः को साफ-सुथरा करना ; (दे १, १०३)।

उप्पण्ण त्रि [उत्पन्न] उत्पन्न, संजात, उद्भूत ; (भग ; नाट)।

उप्पत्त वि [दे] १ गलित; २ विरक्त ; (षड)।

उप्पत्ति स्त्री [उत्पत्ति] उत्पत्ति, प्रादुर्भाव ; (उव)।

उप्पत्तिया स्त्री [औत्पत्तिकी] बुद्धि विशेष, बिना ही शास्त्राभ्यासादि के होने वाली बुद्धि, स्वाभाविक मति ; (ठा ४, ४ ; णाया १, १)।

उप्पन्न देखो **उप्पण्ण** ; (उवा; सुर २, १६०)।

उप्पय अक [उत्+पत्] उड़ना, कूदना। उप्पयइ; (महा)। वकृ—**उप्पयंत, उप्पयमाण** ; (उप १४२ टी; णाया १, १६)। संकृ—**उप्पइत्ता**; (औप)। कृ—**उप्पइअव्व**: (से ६, ७८)। हेकृ—**उप्पइउं** ; (सुर ६, २२२)।

उप्पय देखो **उप्पव**। वकृ—**उप्पअंत** ; (से ५, ५६)।

उप्पय पुं [उत्पात] १ उत्पतन ऊँचे जाना, कूदना, उड्डयन। २ उत्पत्ति ; "अवट्ठिए चले मंदपडिवाउप्पयाई य" (विसे ५७७)। °**निवय** पुं [°निपात] १ ऊँचा-नीचा होना ;

"खरपवणुद्धुयसायरतरंगवेगेहिं हीरए नावा।
गुरुकल्लोलवसुट्ठियनंगरनियरग्ग धरियावि ॥
अणवरयतरंगेहिं उप्पयनिवयं कुणंतिया वहइ"

(सुर १३, १६७)। २ नाट्य-विधि का एक प्रकार ; (जीव ३)।

उप्पयण न [उत्पतन] ऊँचा जाना, उड्डयन ; (ठा १०; से ६, २४)।

उप्पयण न [उत्प्लवन] जल में गोता लगाना ; (से ५, ६०)।

उप्परिं (अप) देखो **उवरिं**; (हे ४, ३३४ ; पिंग)।

उप्परिवाडि,°डी स्त्री [उत्परिपाटि,°टी] उलटा क्रम, विपर्यास, विपर्यय ; "उप्परिवाडीवहणे चाउम्मासा भवे लहुगा" (गच्छ १)।

उपरोप्पर अ [उपर्युपरि] ऊपर ऊपर ; (स १४०)।

उप्पल न [उत्पल] १ कमल, पद्म; (णाया १, १; भग)। २ विमान-विशेष ; (सम ३८)। ३ संख्या-विशेष, 'उप्पलंग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा २, ४)। ४ सुगन्धि द्रव्य-विशेष "परसुप्पलगंधिए" (जं ३)। ५ पुं. परिव्राजक-विशेष; (आचू १)। ६ द्वीप-विशेष ; ७ समुद्र-विशेष ; (पण्ण १५)। °**वेंटग** पुं [°वृन्तक] आजीविक मत का एक साधु-समाज; (औप)।

उप्पलंग न [उत्पलाङ्ग] संख्या-विशेष, 'हुहुय' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (ठा २, ४)।

उप्पला स्त्री [उत्पला] १ एक इन्द्राणी, काल-नामक पिशाचेन्द्र की एक अग्र-महिषी ; (ठा ४, १)। २ इस नाम का 'ज्ञाताधर्मकथा' का एक अध्ययन; (णाया २, १)। ३ स्वनाम-ख्यात एक श्राविका; (भग १२, १)। ४ एक पुष्करिणी ; (जीव ३)।

उप्पलिणी स्त्री [उत्पलिनी] कमलिनी, कमल का गाछ ; (पण्ण १)।

उप्पल्ल वि [दे] अध्यासित, आरूढ ; (षड्)।

उप्पव सक [उत्+प्लु] १ गोता लगाना, तैरना। २ ऊँचा जाना, उड़ना। वकृ—**उप्पवंत, उप्पवमाण** ; (से ५, ६१ ; ८, ८६)।

उप्पवइय वि [उत्प्रव्रजित] जिसने दीक्षा छोड़ दी हो वह, साधु होकर फिर गृहस्थ बना हुआ ; (स ४८५)।

उप्पह पुं [उत्पथ] उन्मार्ग, कुमार्ग ; "पंथाउ उप्पहं नेंति" (निचू ३ ; से ४, २६ ; हेका २५६)। °**जाइ** वि [°यायिन्] उलटे रास्ते जाने वाला, विपथ-गामी ; (ठा ४, ३)।

उप्पा स्त्री. देखो **उप्पाय**=उत्पाद; (ठा १—पत्र १६; ठा ५, ३—पत्र ३४६)।

उप्पाइ वि [उत्पादिन्] उत्पन्न होने वाला ; (विसे २८१६)।

उप्पाइत्ता देखो **उप्पाय**=उत्+पादय्।

उप्पाइत्तु वि [**उत्पादयितृ**] उत्पादक, उत्पन्न करने वाला; (ठा ७)।

उप्पाइय वि [**उत्पादित**] उत्पन्न किया हुआ ; " उप्पाइयाविच्छिण्णकोउहल्लते " (राय)।

उप्पाइय वि [**औत्पातिक**] १ अस्वाभाविक, कृत्रिम; "उप्पाइयपव्वयं व चंकमंतं " २ आकस्मिक, अकस्मात् होने वाला "उप्पाइया वाही" (राज)। ३ न. अनिष्ट-सूचक आकस्मिक उपद्रव, उत्पात ;

"भो भो नाविय़पुरिसा सकन्नधारा समुज्जया होह ।
दीसइ कयंतवयणं व भीममुप्पाइयं जेण "
(सुर १३, १८६)।

उप्पाएउं }
उप्पाएंत } देखो **उप्पाय**= उत+पादय्।
उप्पाएत्तए }

उप्पाड सक [**उत्** + **पाटय्**] १ ऊपर उठाना ; २ उखेड़ना, उन्मूलन करना। उप्पाडेह; (पण्ह १, १ ; स ६५ ; काल)। कृ—**उप्पाडणिज्ज** ; (सुपा २४६)। संकृ—**उप्पाडिय** ; (नाट)।

उप्पाड सक [**उत्**+**पादय्**] उत्पन्न करना । संकृ—**उप्पाडिऊण** ; (विसे ३३२ टी)।

उप्पाड पुं [**उत्पाट**] उन्मूलन, उत्खनन; "नयणोप्पाडो" (उप १४६ टी; ६८६ टी)।

उप्पाडण न [**उत्पाटन**] १ उत्थापन, ऊपर उठाना ; २ उन्मूलन, उत्खनन ; (स २६६ ; राज)।

उप्पाडिय वि [**उत्पाटित**] १ ऊपर उठाया हुआ ; (पाअ ; प्रारू)। २ उन्मूलित ; (आक)।

उप्पाडिय वि [**उत्पादित**] उत्पन्न किया हुआ; "उप्पाडियणाणं खंदगसीसाण तेसिं नमो" (भाव १३)।

उप्पादअ वि [**उत्पादक**] उत्पन्न कर्ता ; (प्रयौ १७)।

उप्पादीअमाण देखो **उप्पाय**=उत+पादय्।

उप्पाय सक [**उत्** + **पादय्**] उत्पन्न करना, बनाना । उप्पाएहि ; (काल)। वकृ—**उप्पाएंत, उप्पायंत** ; (सुर २, ११ ; ६, १३)। संकृ—**उप्पाएत्ता** ; (भग)। हेकृ—**उप्पाइत्ता, उप्पाएउं**; **उप्पाएत्तए**; (राज, पि ४६५; गाया १, ४)। कवकृ—**उप्पादीअमाण** (शौ); (नाट)।

उप्पाय पुंन [**उत्पात**] १ उत्पतन, ऊर्ध्व-गमन ; "नं सग्गं गंतुमणा सिक्खंति नहंगणुप्पायं" (सुपा १८०)। २ आकस्मिक उपद्रव ; "पवहणं च पावइ समुद्दमज्झे उप्पाएण छम्मासे ममंतं ताहे भयेण तं उत्पायं उवसामियं" (महा)। ३ आकस्मिक उपद्रव का प्रतिपादक शास्त्र, निमित्त-शास्त्र-विशेष; (ठा ६; सम ४७; पण्ह १, ४) °**निवाय** पुं [°**निपात**] चढना और उतरना ; (स ४११)।

उप्पाय पुं [**उत्पाद**] उत्पत्ति, प्रादुर्भाव; (सुपा ६; कुमा)। °**पव्वय** पुं [**पर्वत**] एक प्रकार के पर्वत, जहां आकर कई व्यन्तर-जातीय देव-देवियां क्रीडा के लिए विचित्र प्रकार के शरीर बनाते हैं ; (सम ३३; जीव ३)। °**पुव्व** न [°**पूर्व**] प्रथम पूर्व, ग्रन्थांश-विशेष, बारहवें जैन अङ्ग-ग्रन्थ का एक भाग ; (सम २६)।

उप्पायग वि [**उत्पादक**] १ उत्पन्न करने वाला; २ त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष, कीट-विशेष ; (वव १, ८)।

उप्पायण न [**उत्पादन**] १ उत्पादन, उपार्जन; (ठा ३, ४)। २ वि. उत्पादक, उपार्जक ; (पउम ३०, ४०)।

उप्पायणया } स्त्री [**उत्पादना**] १ उपार्जन, उत्पन्न
उप्पायणा } करना ; २ जैन साधु की भिक्षा का एक दोष ; (ओघ ७४६ ; ठा ३, ४ ; पिण्ड १)।

उप्पाल सक [**कथ्**] कहना, बोलना । उप्पालइ ; (हे ४, २)। उप्पालसु ; (कुमा)।

उप्पाव सक [**उत्**+**प्लावय्**] १ गोता खिलाना; २ कूदाना, उड़ाना । उप्पावेइ; (हे २, १०६)। कवकृ—**उप्पियमाण**; (उवा)।

उप्पाहल न [**दे**] उत्कंठा, उत्सुकता ; (पाअ)।

उप्पि सक [**अर्पय्**] देना । उप्पिउ ; (कप्प)।

उप्पिं अ [**उपरि**] ऊपर ; "कहि णं भंते ! जोइसिआ देवा परिवसंति ? गोयमा ! उप्पिं दीवसमुद्दाणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए" (जीव ३ ; णाया १, ६ ; ठा ३, ४ ; औप)।

उप्पिंगलिआ स्त्री [**दे**] हाथ का मध्य भाग, करोत्संग; (दे १, ११८)।

उप्पिंजल न [**दे**] १ सुरत, संभोग ; २ रज, धूली; ३ अपकीर्ति, अपयश ; (दे १, १३५)।

उप्पिंजल वि [**उत्पिञ्जल**] अति-आकुल, व्याकुल ; (कप्प)।

उप्पिंजल अक [**उत्पिञ्जलय्**] आकुल की तरह आचरण करना । वकृ—**उप्पिंजलमाण** ; (कप्प)।

उप्पिच्छ [**दे**] देखो **उप्पित्थ** । "आहित्थं उप्पिच्छं च आउलं रोसभरियं च" "भीयं दुयमुप्पिच्छमुत्तालं च कमसो

मुणेयव्वं" (जीव ३)। "हत्थी अह तस्स सवडहुत्तो पहा- विओ आयरुप्पिच्छो", 'रक्खसमेन्नंपि आयरुप्पिच्छं" (पउम ८, १७५ ; १२, ८७) 'उप्पिच्छमंथरगईहिं" (भत ११६)।

उप्पिण देखो **उप्पण**। वकृ— उप्पिणिंत; (सुपा ११)।

उप्पित्थ वि [**दे**] १ त्रस्त, भीत ; (दे १, १२६ ; से १०, ६१ ; स ५७४ ; पुप्फ ४४३ ; गउड) "किं कायरविमढा सरणविहूणा भउप्पित्था" (सुर १२, १६०)। २ कुपित, क्रुद्ध ; ३ विधुर. आकुल; (दे १, १२६ ; पाअ)।

उप्पिय सक [**उत्+पा**] १ आस्वादन करना । २ फिर २ श्वास लेना । वकृ—**उप्पियंत**; (पण्ह १.३—पत्र ५५; राज)।

उप्पिय वि [**अर्पित**] अर्पण किया हुआ; (हे १, २६६)।

उप्पियण न [**उत्पान**] फिर २ श्वास लेना ; (राज)।

उप्पियमाण देखो **उप्पाव**।

उप्पिलाव देखो **उप्पाव**। उप्पिलाविइ। वकृ -**उप्पिलावंत** "जं भिक्खू सगणं नावं उप्पिलावेइ, उप्पिलावंतं वा साइज्जइ" (निचू १८)।

उप्पीड पुं [**दे. उत्पीड**] समूह, राशि, (से ४, ३७; ८,३)।

उप्पीडण न [**उत्पीडन**] १ कस कर बाँधना। २ दबाना; (से ८, ६७)।

उप्पील सक [**उत्+पीडय्**] १ कस कर बाँधना। २ उठवाना। "सगणं वा णावं उप्पीलावेज्जा ; (आचा २, ३, १, ११)। उप्पोलवेज्जा ; (पि २४०)।

उप्पील पुं [**दे**] १ संघात; समूह ; (दे १, १२६ ; सुपा ६१; सुर ३, ११६; वज्जा ६०; पुप्फ ७३; धम्म १२ टी)। "हुयासणो देहे सव्वं जालुप्पीलो विणासए" (महा)। २ स्थपुट- विषमोन्नत प्रदेश ; (दे १, १२६)।

उप्पीलण न [**उत्पीडन**] पीडा; उपद्रव; (स २७२)।

उप्पीलिय वि [**उत्पीडित**] कस कर बाँधा हुआ "उप्पीलिय- चिंधपट्टगहियाउहपहरणा" (पण्ह १, ३; विपा १, २)।

उप्पुअ वि [**उत्प्लुत**] उच्छलित, कूदा हुआ; (से ६, ४८; पण्ह १, ३)।

उप्पुंसिअ देखो **उप्पुसिअ**; (से ६, ८५)।

उप्पुणिअ वि [**उत्पूत**] सूर्प से साफ-सुथरा किया हुआ ; (पाअ)।

उप्पुण्ण वि [**उत्पूर्ण**] पूर्ण, व्याप्त ; (स २५)।

उप्पुलइअ वि [**उत्पुलकित**] रोमाञ्चित; (स ३८१)।

उप्पुसिअ वि [**उत्प्रोञ्छित**] लुप्त, प्रोञ्छित; (से ६, ८५; गउड)।

उप्पूर पुं [**उत्पूर**] १ प्राचुर्य; (पण्ह १, ३)। २ प्रकृष्ट प्रवाह ; (औप)।

उप्पेक्ख (अप) देखो **उविक्ख**। उप्पेक्ख ; (पिंग)।

उप्पेक्ख सक [**उत्प्र+ईक्ष्**] संभावना करना, कल्पना करना। उप्पेक्खामि ; (स १४७)। उप्पेक्खेमि ; (स ३४६)।

उप्पेक्खा स्त्री [**उत्प्रेक्षा**] १ अलंकार-विशेष ; २ वितर्कणा, संभावना ; (गा ३३६)।

उप्पेक्खिअ वि [**उत्प्रेक्षित**] संभावित, विकल्पित; (दे १, १०६)।

उप्पेय न [**दे**] अभ्यंग, तैलादि की मालिस; "पुव्वं च मंगलट्ठा उप्पेयं जइ करेइ गिहियाणं" (वव १, ६)।

उप्पेल सक [**उद्+नमय्**] ऊँचा करना, उन्नत करना। उप्पेलइ ; (हे ४, ३६)।

उप्पेलिअ वि [**उन्नमित**] ऊँचा किया हुआ, उन्नत किया हुआ ; (कुमा)।

उप्पेस पुं [**उत्पेष**] त्रास, भय, डर ; (से १०, ६१)।

उप्पेहड वि [**दे**] उद्भट, आडम्बर वाला ; (दे १, ११६ ; पाअ ; स ४४६)।

°**उप्फ** देखो **पुप्फ** ; (गा ६३६)।

उप्फंदोल वि [**दे**] चल, अस्थिर ; (दे १, १०२)।

उप्फाल पुं [**दे**] खल, दुर्जन ; (दे १, ६० ; पाअ)।

उप्फाल सक [**उत्+पाटय्**] १ उठाना। २ उखेड़ना। उप्फालेइ ; (हे २, १७४)।

उप्फाल सक [**कथ्**] कहना, बोलना। उप्फालेइ ; (हे २, १७४)।

उप्फाल वि [**कथक**] कहने वाला, सूचक ; (स ६४४)।

उप्फालिअ वि [**कथित**] १ कथित ; २ सूचित ; (पाअ; उप ७२८ टी ; स ४७८)।

उप्फिड अक [**उत् + स्फिट्**] कुण्ठित होना, असमर्थ होना। उप्फिडइ, उप्फेडइ; "एमाइविगप्पणेहिं वाहिज्जमाणो उप्फिड- (प्फे)-डइ परसू" (महा)।

उप्फिडिय वि [**उत्स्फटित**] १ कुण्ठित। २ बाहर निकला हुआ ; "कत्थइ नक्कुक्कत्तियसिप्पिपुडुप्फिडियमोत्तियाइन्नो" (सुर १३, २१३)।

उप्फुंकिआ स्त्री [**दे**] धोबिन, कपड़ा धोने वाली ; (दे १, ११४)।

उप्फुंडिअ वि [**दे**] आस्तृत, बिछाया हुआ ; (दे १,११३)

उप्फुण्ण वि [**दे**] आपूर्ण, भरा हुआ, व्याप्त ; (दे १, ६२ ; सुर १, २३३ ; ३, २१५)।

उप्फुल्ल वि [**उत्फुल्ल**] विकसित ; (पाअ ; से ६, ६६)।

उप्फुल्लिआ स्त्री [**उत्फुल्लिका**] क्रीड़ा विशेष,पाँव पर बैठ कर वारंवार ऊँचा नीचा होना ;

"उप्फुल्लिआइ खेल्लउ, मा णं वारेहि होउ परिऊडा।
मा जहणभारगरुई, पुरिसाअंती किलिम्मिहिइ"
(गा १६६)।

उप्फुस सक [**उत्+स्पृश्**] सिंचना, छिटकना। संकृ—**उप्फुसिऊण** ; (राज)।

उप्फेणउप्फेणिय क्रिवि [**दे**] क्रोध-युक्त प्रबल वचन से; "उप्फेणउप्फेणियं सीहरायं एवं वयासी" (विपा १, ६—पत्र ६०)।

उप्फेस पुं [**दे**] १ त्रास, भय ; (दे १,६४)। २ मुकुट, पगड़ी, शिरोवेष्टन ; "पंच रायककुहा पण्णत्ता, तं जहा—खग्गं छत्तं उप्फेसं उवाहणाउ बालवियणी" (ठा ५, १—पत्र ३०३ ; औप ; आचा २, ३, २, २)।

उप्फोअ पुं [**दे**] उद्गम, उदय ; (दे १, ६१)।

उबुस सक [**मृज्**] मार्जन करना, शुद्धि करना, साफ करना। **उबुसइ** ; (षड्)।

उब्बंध सक [**उद्+बन्ध्**] १ फाँसी लगाना, फाँसी लगा कर मरना। २ वेष्टन करना। वकृ—"जलनिहिनिउम्मि दिट्ठा **उब्बंधंती** इहप्पाणं" (सुपा १६०)। संकृ—**उब्बंधिअ**, **उब्बंधिऊण** ; (नाट ; पि २७० ; स ३४६)।

उब्बंधण न [**उद्बन्धन**] फाँसी लगाना, उल्लम्बन ; (पण्ह २, ५)।

उब्बण वि [**उल्बण**] उत्कट ; (पि २६६)।

उब्बद्ध वि [**उद्बद्ध**] १ जिसने फाँसी लगाई हो वह, फाँसी लगा कर मरा हुआ। २ वेष्टित; "भुअंगसंघायउब्बद्धो" (सुर ८, ५७)। ३ शिक्षक के साथ शर्तों से बँधा हुआ, शिक्षक के आयत्त ; (ठा ३),

"सिप्पाई सिक्खंतो, सिक्खावेंतस्स देइ जा सिक्खा।
गहियम्मिवि सिक्खम्मि, जं चिरकालं तु उब्बद्धो" (बृह)।

उब्बिंब वि [**दे**] १ खिन्न, उद्विग्न ; २ शून्य ; ३ क्रान्त, ४ प्रकट वेष वाला ; ५ भीत, डरा हुआ ; ६ उद्भट ; (दे १, १२७ ; वज्जा ६२)।

उब्बिंबल न [**दे**] कलुष जल, मैला पानी ; (दे १, १११)।

उब्बिंबिर वि [**दे**] खिन्न, उद्विग्न ; (कप्पू)।

उब्बुक्क सक [**उद्+बुक्क्**] बोलना, कहना। उब्बुक्कइ ; (हे ४, २)।

उब्बुक्क न [**दे**] १ प्रलपित, प्रलाप ; २ संकट ; ३ बलात्कार ; (दे १, १२८)।

उब्बुड अक [**उद्+ब्रुड्**] तैरना।

उब्बुड पुं [**उद्ब्रुड**] तैरना। °**निबुड**, °**निब्बुड्डण**
उब्बुड्ड न [**निब्रुड, ण**] उबडुब करना ; (पण्ह १, ३ ; उप १२८ टी)।

उब्बुड्ड वि [**उद्ब्रुडित**] उन्मग्न, तीर्ण ; (गा ३७ ; स ३६०)।

उब्बुड्डण न [**उद्ब्रुडन**] उन्मज्जन ; (कप्पू)।

उब्बूर वि [**दे**] १ अधिक, ज्यादः ; २ पुं. संघात, समूह ; ३ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश ; (दे १, १२६)।

उब्भ सक [**ऊर्ध्वय्**] ऊँचा करना, खड़ा करना। उब्भेउ ; (वज्जा ६४) ; उब्भेह ; (महा)।

उब्भ देखो **उड्ढ** ; (हे २, ५६ ; सुर २, ६ ; षड्)।

उब्भंड पुं [**उद्भाण्ड**] १ उत्कट भाँड, बहुरूपा, निर्लज्ज हुंडा ;

"खरउत्ति कहं जाणसि देहागारा कहिंति से हंदि।
छिक्कोवण उब्भंडो णीयासि दारुणसहावो ॥" (ठा ६ टी)।

२ न. गाली, कुत्सित वचन ; "उब्भंडवयण—" (भवि)।

उब्भंत वि [**दे**] ग्लान, बिमार ; (दे १, ६५ ; महा)।

उब्भंत वि [**उद्भ्रान्त**] १ आकुल, व्याकुल, खिन्न ; (दे १, १४३) ;

" अवलंबह मा संकह ण इमा गहलंघिआ परिब्भमइ।
अत्थक्कगज्जिउब्भंतहित्थहिअआ पहिअजाआ "
(गा ३८६)।

" भवभमणुब्भंतमाणसा अम्हे " (सुर १५, १२३)। २ मूर्च्छित ; (से १, ८)। ३ भ्रान्ति-युक्त, भौचक्का, चकित ; (हे २, १६४)।

उब्भग्ग वि [**दे**] गुण्ठित, व्याप्त ; " तिमिरोब्भग्गणिसाए " (दे १, ६५ ; नाट)।

उब्भज्जि स्त्री [**दे**] कोद्रव-समूह ; (राज)।

उब्भड वि [**उद्भट**] १ प्रबल, प्रचण्ड " उब्भडपवणपकंपिरजयप्पडागाइ अइपयडं " (सुपा ४६) " उब्भडकल्लोल-भीमणागावं " (गामि ४)। २ भयंकर विकराल ; (भग ७, ६)। ३ उद्धत, आडंबरी ; (पाअ)।

"अइरोसो अइतोसो अइहासो दुज्जणेहिं संवासो।
अइउब्भडो य वेसो पंचवि गरुयंपि लहुअंति॥" (धम्म)।

उब्भम पुं [**उद्भ्रम**] १ उद्वेग; २ परिभ्रमण; (नाट)।

उब्भव अक [**उद् + भू**] उत्पन्न होना। उब्भवइ; (पि ४७५; नाट)। वकृ—**उब्भवंत**; (सुपा ५७१; ६५६)।

उब्भव अक [**ऊर्ध्वय्**] ऊँचा करना, खड़ा करना।

उब्भव पुं [**उद्भव**] उत्पत्ति, प्रादुर्भाव; (विसे; गाया १, २)।

उब्भविय वि [**ऊर्ध्वित**] ऊँचा किया हुआ; (उप पृ १३०; वज्जा १४)।

उब्भाअ वि [**दे**] शान्त, ठंढा; (दे १, ६६)।

उब्भाम पुं [**उद्भ्राम**] १ परिभ्रमण; (ठा ४)। २ वि. परिभ्रमण करने वाला; (वव १, १)।

उब्भामइल्ला स्त्री [**उद्भ्रामिणी**] स्वैरिणी, कुलटा स्त्री; (वव १, ४; बृह ६)।

उब्भामग पुं [**उद्भ्रामक**] १ पारदारिक, परस्त्री-लम्पट; (ओघ ६० भा)। २ वायु-विशेष, जो तृण वगैरः को ऊपर ले उड़ता है; (जी ७)। ३ वि. परिभ्रमण करने वाला; (वव १, १)।

उब्भामिगा, **उब्भामिया** स्त्री [**उद्भ्रामिका**] कुलटा स्त्री, स्वैरिणी; (वव १, ६; उप पृ २६४)।

उब्भालण न [**दे**] १ सूर्प आदि से साफ-सुथरा करना, उत्पवन; २ वि. अपूर्व, अद्वितीय; (दे १, १०३)।

उब्भालिअ वि [**दे**] सूर्प आदि से साफ किया हुआ, उत्पूत; "उब्भालिअं उप्पुणिअं" (पाअ)।

उब्भाव अक [**रम्**] क्रीड़ा करना, खेलना। उब्भावइ; (हे ४, १६८; षड्)। वकृ—**उब्भावंत**; (कुमा)।

उब्भावणया, **उब्भावणा** स्त्री [**उद्भावना**] १ प्रभावना, गौरव, उन्नति; "पवयणउब्भावणया" (ठा १०—पत्र ५१४)। २ उत्प्रेक्षा, वितर्कणा; "असब्भावउब्भावणाहिं" (गाया १, १२—पत्र १७४)। ३ प्रकाशन, प्रकटीकरण; (णंदि)।

उब्भाविअ न [**रमण**] सुरत, क्रीड़ा, संभोग; (दे १, ११७)।

उब्भास सक [**उद् + भासय्**] प्रकाशित करना। वकृ—**उब्भासंत, उब्भासेंत**; (पउम २८, ३६; ३, १५५)

उब्भासिय वि [**उद्भासित**] प्रकाशित; (हेका २८२); "भवणाओ नीहरंते जिणम्मि चाउव्विहेहिं देवेहिं।
इंतेहि य जंतेहि य कहमिव उब्भासियं गयणं॥" (सुपा ७७)।

उब्भासुअ वि [**दे**] शोभा-हीन; (दे १, ११०)।

उब्भासेंत देखो **उब्भास**।

उब्भि देखो **उब्भिय** = उद्भिद्; (आचा)।

उब्भिउडि वि [**उद्भ्रुकुटि**] भौं चढ़ाया हुआ; (गउड)।

उब्भिंद सक [**उद् + भिद्**] १ ऊँचा करना, खड़ा करना। २ विकसित करना। ३ अङ्कुरित करना। ४ खोलना। कर्म—उब्भिज्जंति। वकृ—**उब्भिंदमाण**; (आचा २,७)। कवकृ—"भत्तिभरनिब्भरुब्भिज्जमाणबहुपुलयपूरियसरीरा" (सुपा ६५६ ६७; भग १६, ६)। संकृ—**उब्भिंदिय, उब्भिंदिउं**; (पंचा १३; पि ५७४)।

उब्भिग देखो **उब्भिय** = उद्भिद्; (पण्ह १, ४)।

उब्भिडण न [**उद्भेदन**] लग कर अलग होना, आघात कर पीछे हटना;
"जेसुं चिय कुंठिज्जइ, गहमुब्भिडणमुहलो महिहरेसु।
तेसुं चेय णिसिज्जइ, पहिगाहंदोलिरो कुलिसो"॥ (गउड)।

उब्भिण्ण, **उब्भिन्न** वि [**उद्भिन्न**] १ अङ्कुरित; (ओघ ११३); "उब्भिन्ने पाणियं पडियं" (सुर ७, ११४)। २ उद्घाटित, खोला हुआ; ३ जैन साधुओं के लिए भिक्षा का एक दोष, मिट्टी वगैरः से लिप्त पात्र को खोल कर उसमें से दी जाती भिक्षा; "छगणाइणोवउत्तं उब्भिंदिय जं तमुब्भिण्णं" (पंचा १३; ठा ३, ४)। ४ ऊँचा हुआ, खड़ा हुआ "हरिसवसुब्भिन्नरोमंचा" (महा)।

उब्भिय वि [**उद्भिद्**] पृथ्वी को फाड कर उगनेवाली वनस्पति; (पण्ह १, ४)।

उब्भिय वि [**ऊर्ध्वित**] ऊँचा किया हुआ, खड़ा किया हुआ; (सुपा ८६; महा; वज्जा ८८)।

उब्भीकय वि [**ऊर्ध्वीकृत**] ऊँचा किया हुआ "उब्भीकयबाहुजुओ" (उप ५६७ टी)।

उब्भुअ अक [**उद् + भू**] उत्पन्न होना। उब्भुअइ; (हे ४, ६०)।

उब्भुआण वि [**दे**] १ उबलता हुआ, अग्नि से तप्त जो दूध वगैरः उछलता है वह; (दे १, १०५; ७, ८१)।

उब्भुग्ग वि [**दे**] चल, अस्थिर; (दे १, १०२)।

उब्भुत्त सक [**उत्+क्षिप्**] ऊँचा फेंकना। उब्भुत्तइ ; (हे ४, १४४)।

उब्भुत्तिअ वि [**उत्क्षिप्त**] ऊँचा फेंका हुआ ; (कुमा)।

उब्भुत्तिअ वि [**दे**] उद्दीपित, प्रदीपित ; (पाअ)।

उब्भूअ वि [**उद्भूत**] १ उत्पन्न ; (सुर ३, २३६)। २ आगन्तुक कारण ; (विसे १४७६)।

उब्भूइआ स्त्री [**औद्भूतिकी**] श्रीकृष्ण वासुदेव की एक भेरी जो किसी आगन्तुक प्रयोजन के उपस्थित होने पर बजायी जाती थी ; (विसे १४७६)।

उब्भेअ पुं [**उद्भेद**] उद्गम, उत्पत्ति ; "उम्हाअंतगिरियड-सीमाणिब्भडियकंदलुब्भेयं" (गउड) ; "अभिणवजोव्वणउब्भेयसुन्दरा सयलमणहरारावा" (सुर ११, ११६)।

उब्भेइम वि [**उद्भेदिम**] स्वयं उत्पन्न होने वाला ; "उब्भेइमं पुण सयंरुहं जहा सामुद्दं लोणं" (निचू ११)।

उभओ अ [**उभतस्**] द्विधा ; दोनों तरह से, दोनों ओर से ; (उव ; औप)।

उभय वि [**उभय**] युगल, दो, दोनों ; (ठा ४, ४)। °**त्थ** अ (°**त्र**) दोनों जगह ; (सुपा ६४८)। °**लोग** पुं [°**लोक**] यह और पर जन्म ; (पंचा ११)। °**हा** अ [°**धा**] दोनों तरफ से, द्विधा ; (सम्म ३८)।

उमच्छ सक [**वञ्च्**] ठगना, धूतना। उमच्छइ ; (हे ४, ९३)। वकृ—**उमच्छंत** ; (कुमा)।

उमच्छ सक [**अभ्या+गम्**] सामने आना। उमच्छइ ; (षड्)।

उमा स्त्री [**उमा**] १ गौरी, पार्वती ; (पाअ)। २ द्वितीय वासुदेव की माता ; (सम १५२)। ३ गणिका-विशेष ; (आचू)। ४ स्त्री-विशेष ; (कुमा)। °**साइ** [°**स्वाति**] स्वनाम-धन्य एक प्राचीन जैनाचार्य और विख्यात ग्रन्थकार ; (सार्ध ५०)।

°**उमार** देखो **कुमार** ; (अच्चु २६)।

उमीस वि [**उन्मिश्र**] मिश्रित; "पलिलसिरपलिअपीवलकरणाघुसणुमीसण्हवणजलं" (कुमा)।

उम्मइअ वि [**दे**] १ मूढ, मूर्ख ; (दे १, १०२)। २ उन्मत्त ; (गा ४६८ ; वज्जा ४२)।

उम्मऊह वि [**उन्मयूख**] प्रभा-शाली ; (गउड)।

उम्मंड पुं [**दे**] १ हठ ; २ वि. उद्वृत्त ; (दे १, १२४)।

उम्मंथिय वि [**दे**] दग्ध, जला हुआ ; (वज्जा ६२)।

उम्मग्ग वि [**उन्मग्न**] १ पानी के ऊपर आया हुआ, तीर्ण ; (राज)। २ न. उन्मज्जन, तैरना, जल के ऊपर आना ; (आचा)। °**जला** स्त्री [°**जला**] नदी-विशेष, जिसमें पत्थर वगैरः भी तैर सकते हैं ; (जं ३)।

उम्मग्ग पुं [**उन्मार्ग**] १ कुपथ, उलटा रास्ता ; विपरीत मार्ग ; (सुर १, २४३ ; सुपा ६५)। २ छिद्र, रन्ध्र ; (आचा)। ३ अकार्य करना ; (आचा)।

उम्मग्गणा स्त्री [**उन्मार्गणा**] छिद्र, विवर ; (आचा)।

उम्मच्छ न [**दे**] १ क्रोध, गुस्सा ; (दे १, १२५ ; से ११, १६ ; २०)। २ वि. असंबद्ध ; ३ प्रकारान्तर से कथित ; (दे १, १२५)।

उम्मच्छर वि [**उन्मत्सर**] १ ईर्ष्यालु, द्वेषी ; (से ११, १४)। २ उद्भट ; (गा १२७ ; ६७५)।

उम्मच्छविअ वि [**दे**] उद्भट ; (दे १, ११६)।

उम्मच्छिअ वि [**दे**] १ रुषित, रुष्ट ; २ आकुल, व्याकुल ; (दे १, १३७)।

उम्मज्ज न [**उन्मज्जन**] तरण, तैरना। °**णिमज्जिया** स्त्री [°**निमज्जिका**] उबडुब करना ; पानी में ऊँचा नीचा होना ; (ठा ३, ४)।

उम्मज्जग पुं [**उन्मज्जक**] १ उन्मज्जन करने वाला, गोता लगाने वाला ; २ उन्मज्जन से ही स्नान करने वाले तापसों की एक जाति ; (औप ; भग ११, ६)।

उम्मट्टा स्त्री [**दे**] १ बलात्कार, जबरदस्ती ; (दे १, ९७)। २ निषेध, अस्वीकार ; (उप ७२८ टी)।

उम्मण वि [**उन्मनस्**] उत्कण्ठित, उत्सुक ; (उप पृ ५८)।

उम्मत्त पुं [**दे**] १ धतूरा, वृक्ष-विशेष ; २ एरण्ड, वृक्ष-विशेष ; (दे १, ८६)।

उम्मत्त वि [**उन्मत्त**] १ उद्धत, उन्माद-युक्त; (बृह १)। २ पागल, भूताविष्ट ; (पिंड ३८०)। °**जला** स्त्री [°**जला**] नदी-विशेष ; (ठा २, ३)।

उम्मत्थ सक [**अभ्या+गम्**] सामने आना। उम्मत्थइ ; (हे ४, १६५ ; कुमा)।

उम्मत्थ वि [**दे**] अधो-मुख, विपरीत ; (दे १, ९३)।

उम्मर पुं [**दे**] देहली, द्वार के नीचे की लकड़ी ; (दे १, ९५)।

उम्मरिअ वि [**दे**] उत्खात, उन्मूलित ; (दे १, १०० ; षड्)।

उम्मल वि [**दे**] स्त्यान, कठिन, घट्ट ; (दे १, ९१)।

उम्मलण न [**उन्मर्दन**] मसलना ; (पाअ) ।
उम्मल्ल पुं [**दे**] १ राजा, नृप ; २ मेघ; वारिस; ३ बलात्कार; ४ वि. पीवर, पुष्ट; (दे १, १३१) ।
उम्मल्ला स्त्री [**दे**] तृष्णा ; (दे १, ६४) ।
उम्महण वि [**उन्मथन**] नाशक, विनाश-कारी; (सुर ३,२३१) ।
उम्माइअ वि [**उन्मादित**] उन्मत्त किया हुआ; (पउम २४, १५) ।
उम्माण न [**उन्मान**] १ माप, माशा आदि तुला-मान ; (ठा २, ४) । २ जो तौला जाता है वह ; (ठा १०) ।
उम्माद देखो **उम्माय** ; (भग १४, २) ।
उन्मादइत्तअ (शौ) वि [**उन्मादयितृ**] उन्माद कराने वाला; (अभि ४२) ।
उम्माय अक [**उद्+मद्**] उन्माद करना, उन्मत्त होना । वकृ—**उम्मायंत** ; (उप ६८६ टी) ।
उम्माय पुं [**उन्माद**] १ चित्त-विभ्रम, पागलपन ; (ठा ६ ; महा) । २ कामाधीनता, विषय में अत्यन्तासक्ति ; (उत्त १६) । ३ आलिङ्गन ; (विसे) ।
उम्माल देखो **ओमाल** ; (पाअ) ।
उम्मालिय व [**उन्मालित**] सुशोभित ; (भवि) ।
उम्माह पुं [**उन्माथ**] विनाश; "निसेविज्जंतावि (कामभोगा) करेंति अहियमुम्माहयं" (महा) ।
उम्माहय वि [**उन्माथक**] विनाशक ; "अहो उम्माहयत्तं विसयाणं" (महा ; भवि) ।
उम्माहि वि [**उन्माथिन्**] विनाशक; (महा-टि) ।
उम्माहिय वि [**उन्माथित**] विनाशित ; (भवि) ।
उम्मि पुंस्त्री [**ऊर्मि**] १ कल्लोल, तरंग ; (कुमा; दे ३,६); २ भीड़, जन-समुदाय ; (भग २, १) । °**मालिणी** स्त्री [°**मालिनी**] नदी-विशेष ; (ठा २, ३) ।
उम्मिंठ वि [**दे**] हस्तिपक-रहित, महावत-रहित, निरंकुश ; "उम्मिंठकरिवरो इव उम्मूलइ नयसमहं सो" (सुपा ३४८ ; २०३) ।
उम्मिय वि [**उन्मित**] प्रमित, "कोडाकोडिजुगुम्मियावि विहिणो हाहा विचित्ता गदी" (रंभा) ।
उम्मिलिर वि [**उन्मीलितृ**] विकासी "तत्थ य उम्मिलिर-पउमपल्लवारुणियसयलसाहस्स" (सुपा ८६) ।
उम्मिल्ल अक [**उद्+मील्**] १ विकसित होना । २ खुलना । ३ प्रकाशित होना । उम्मिल्लइ; (गउड) । वकृ—**उम्मिल्लंत**; (से १०, ३१) ।
उम्मिल्ल वि [**उन्मील**] १ विकसित ; (पाअ ; से १०, ५०; स ७६) । २ प्रकाशमान ; (से ११, ६४ ; गउड) ।
उम्मिल्लण न [**उन्मीलन**] विकास, उल्लास ; (गउड) ।
उम्मिल्लिय वि [**उन्मीलित**] १ विकसित; उल्लसित; २ उद्घाटित, खुला हुआ; "तओ उम्मिल्लियाणि तस्स नयणाणि" (आवम; स २८०) । ३ प्रकाशित; ४ बहिष्कृत; "पंजरुम्मिल्लियमणिकणगथूभियागे" (जीव ४) । ५ न. विकास; (अणु) ।
उम्मिस अक [**उद्+मिष्**] खुलना, विकसना । वकृ—**उम्मिसंत** ; (विक्र ३४) ।
उम्मिसिय वि [**उन्मिषित**] १ विकसित, प्रफुल्ल ; (भग १४, १) । २ न. विकास, उन्मेष; (जीव ३) ।
उम्मिस्स देखो **उम्मीस** ; (पव ६७) ।
उम्मीलण देखो **उम्मिल्लण** ; (कुमा; गउड) ।
उम्मीलणा स्त्री [**उन्मीलना**] प्रभव, उत्पत्ति ; (राज) ।
उम्मीलिय देखो **उम्मिल्लिय** ; (राज) ।
उम्मीस वि [**उन्मिश्र**] मिश्रित, युक्त ; (सुपा ७८ ; प्रासू ३२) ।
उम्मुअ न [**उल्मुक**] अलात, लूका ; (पाअ) ।
उम्मुंच सक [**उद्+मुच्**] परित्याग करना । वकृ—**उम्मुंचंत** ; (विसे २७५०) ।
उम्मुक्क वि [**उन्मुक्त**] १ विमुक्त, रहित ; "ते वीरा बंधणुम्मुक्का नावकंखंति जीवियं" (सूअ १, ६) । २ उत्क्षिप्त ; (औप) । ३ परित्यक्त ; (आवम) ।
उम्मुग्ग वि [**उन्मग्न**] १ जल के ऊपर तैरा हुआ । २ न. तैरना । °**निमुग्गिया** स्त्री [°**निमग्नता**] उबडुब करना ; "से भिक्खू वा० उदगंसि पवमाणे नो उम्मुग्गनिमुग्गियं करेज्जा" (आचा २, ३, २, ३) ।
उम्मुग्गा } स्त्री. देखो **उम्मग्ग**=उन्मग्न ; (पण्ह १, ३ ;
उम्मुज्जा } पि १०४ ; २३४ ; आचा) ।
उम्मुट्ठ वि [**उन्मृष्ट**] स्पृष्ट, छूआ हुआ ; (पाअ) ।
उम्मुद्दिअ वि [**उन्मुद्रित**] १ विकसित, प्रफुल्ल ; (गउड ; कप्पू) । २ उद्घाटित, खोला हुआ ; "उम्मुद्दिओ समुग्गो, तम्मज्झे लहुसमुग्गयं नियइ" (सुपा १४४) ।
उम्मुयण न [**उन्मोचन**] परित्याग, छोड देना ; (सुर २, १६०) ।
उम्मुयणा स्त्री [**उन्मोचना**] त्याग, उज्झन ; (आव ५) ।
उम्मुह वि [**दे**] दृप्त, अभिमानी ; (दे १, ६६ ; षड्) ।
उम्मुह वि [**उन्मुख**] १ संमुख ; (उप पृ १३४) । २ ऊर्ध्व-मुख ; (से ६, ८२) ।

उम्मूढ वि [**उन्मूढ**] विशेष मूढ, अत्यन्त मुग्ध । °**विसूइया** स्त्री [°**विसूचिका**] रोग-विशेष ; (सुपा १६) ।

उम्मूल वि [**उन्मूल**] उन्मूलन करने वाला, विनाशक ; (गा ३५५) ।

उम्मूल सक [**उद्+मूलय्**] उखेडना, मूल से उखाड़ फेंकना । उम्मूलेइ ; (महा) । वकृ—**उम्मूलंत, उम्मूलयंत** ; (से १, ४; स ५६६) । संकृ—**उम्मूलिऊण** ; (महा) ।

उम्मूलण न [**उन्मूलन**] उत्पाटन, उत्खनन ; (पि २७८) ।

उम्मूलणा स्त्री [**उन्मूलना**] ऊपर देखो ; (पगह १, १)।

उम्मूलिअ वि [**उन्मूलित**] उत्पाटित, मूल से उखाड़ा हुआ ; (गा ४७५ ; सुर ३, २४५) ।

उम्मेंठ [**दे**] देखो **उम्मिंठ** ; (पउम ७१, २६ ; स ३३२) ।

उम्मेस पुं [**उन्मेष**] उन्मीलन, विकास ; (भग १३, ४)।

उम्मोयणी स्त्री [**उन्मोचनी**] विद्या-विशेष ; (सुर १३, ८१) ।

उम्ह पुंस्त्री [**ऊष्मन्**] १ संताप, गरमी, उष्णता ; "सरीर-उम्हाए जीवइ सयावि" (उप ५९७ टी ; णाया १, १ ; कुमा) । २ भाफ, बाष्प ; (से २, ३२ ; हे २, ७४) ।

उम्हइअ } वि [**उष्मायित**] संतप्त, गरम किया हुआ ; (से **उम्हविय** } ४, १ ; पउम २, ६६ ; गउड) ।

उम्हाअ अक [**ऊष्माय्**] १ गरम होना । २ भाफ निकालना । वकृ—**उम्हाअंत, उम्हाअमाण** ; (से ६, १० ; पि ५५८) ।

उम्हाल वि [**ऊष्मवत्**] १ गरम, परितप्त; २ बाष्प-युक्त ; (गउड) ।

उम्हाविअ न [**दे**] सुरत, संभोग ; (दे १, ११७) ।

उयट्ट देखो **उव्वट्ट**=उद् + वृत् । उयट्टेंति ; भूका—उयट्टिंसु ; (भग) ।

उयट्ट देखो **उव्वट्ट**=उद्वृत्त ।

उयचिय [**दे**] देखो **उविय**=परिकर्मित ; " उयचियखोमदुगुल्लपट्टपडिच्छणे" (णाया १, १ पत्र १३) ।

उयर वि [**उदार**] श्रेष्ठ, उत्तम ; ' देवा भवंति विमलोयरकंतिजुत्ता" (पउम १०, ८८) ।

उयाइय न [**उपयाचित**] मनौती ; (सुपा ८ ; ५७८) ।

उयाय वि [**उपयात**] उपगत ; (राज) ।

उयाहु देखो **उदाहु** ; (सुर १२, ५६ ; काल ; विसे १६१०) ।

उय्यकिअ वि [**दे**] इकट्ठा किया हुआ ; (षड्) ।

उय्यल वि [**दे**] अध्यासित, आरूढ ; (षड्) ।

उर पुंन [**उरस्**] वक्षःस्थल, छाती ; (हे १, ३२) । °**अ,** °**ग** पुंस्त्री [°**ग**] सर्प, साँप ; (काप्र १७१) ; " उरगगिरिजलणसागरनहतलतरुगणसमो अ जो होइ । भमरमियधरणिजलरुहरविपवणसमो अ सो समणो ।।"(अणु) । °**तव** पुं [°**तपस्**] तप-विशेष ; (ठा ४) । °**त्थ** न [°**अस्त्र**] अस्त्र-विशेष, जिसके फेंकने से शत्रु सर्पों से वेष्टित होता है ; (पउम ७१, ६६) । °**परिसप्प** पुंस्त्री [°**परिसर्प**] पेट से चलने वाला प्राणी (सर्पादि) ; (जो २०)। °**सुत्तिया** स्त्री [°**सूत्रिका**] मोतियों का हार ; (राज)।

उर न [**दे**] आरम्भ, प्रारंभ ; (दे १, ८६) ।

उरंउरेण अ [**दे**] साक्षात् ; (विपा १, ३)।

उरत्त वि [**दे**] खण्डित, विदारित ; (दे १, ६०) ।

उरत्थय न [**दे**] वर्म, बख्तर ; (पाअ) ।

उरब्भ पुंस्त्री [**उरभ्र**] मेष, भेड़ ; (णाया १, १ ; पगह १, १) ।

उरब्भिज्ज } वि [**उरभ्रीय**] १ मेष-संबन्धी ; २ उत्तरा-**उरब्भिय** } ध्ययन सूत्र का एक अध्ययन ; " तत्तो समुट्ठियमेयं उरब्भिज्जंति अज्झयणं " (उत्तनि ; राज) ।

उरय पुं [**उरज**] वनस्पति-विशेष ; (राज) ।

उररि पुं [**दे**] पशु, बकरा ; (दे १, ८८) ।

उरल देखो **उराल** ; (कम्म १ ; भग ; दं **२२**) ।

उरविय वि [**दे**] १ आरोपित ; २ खण्डित, छिन्न ; (षड्) ।

उरस्स वि [**उरस्य**] १ सन्तान, बच्चा ; (ठा १०) । २ हार्दिक, आभ्यन्तर ; "उरस्सबलसमण्णागय—"(राय) ।

उराल वि [**उदार**] १ प्रबल ; (गय) । २ प्रधान,मुख्य ; (सुज्ज १) । ३ सुन्दर, श्रेष्ठ ; (सूअ १, ६) । ४ अद्भुत ; (चंद २०) । ५ विशाल, विस्तीर्ण ; (ठा ५) । ६ न. शरीर-विशेष, मनुष्य और तिर्यञ्च् (पशु-पक्षी) इन दोनों का शरीर ; (अणु) ।

उराल वि [**दे**] भयंकर, भीष्म ; (सुज्ज १) ।

उरालिय न [**औदारिक**] शरीर-विशेष ; (सण) ।

उरिआ स्त्री [**उड्रिका**] लिपि-विशेष ; (सम ३५) ।

उरित्तिय न [**दे. उरसि-त्रिक**] तीन सर वाला हार ; (औप) ।

°उरिस देखो **पुरिस** ; (गा २८२)।
उरु वि [**उरु**] विशाल, विस्तीर्ण ; (पात्र)।
उरुपुल्ल पुं [**दे**] १ अपूप, पूआ ; २ खिचडी ; (दे १, १३४)।
उरुमल्ल / **उरुमिल्ल** / **उरुसोल्ल** } वि [**दे**] प्रेरित ; (षड् ; दे १, १०८)।
उरोरुह न [**उरोरुह**] १ स्तन, थन ; २ जैन साध्वीओं का उपकरण-विशेष ; (ओघ ३१७ भा)।
°उल देखो **कुल** ; (से १, २६ ; गा ११६; सुर ३, ४१ ; महा)।
उलय / **उलव** } पुंन [**उलप**] तृण-विशेष ; (सुपा २८१ ; प्राप्र)।
उलवी स्त्री [**उलपी**] तृण-विशेष ; " उलवी वीरणं " (पात्र)।
उलिअ वि [**दे**] अ-संकुचित नजर वाला, स्फार-दृष्टि ; (दे १, ८८)।
उलित्त न [**दे**] ऊँचा कुँआ ; (दे १, ८६)।
°उलीण देखो **कुलीण** ; (गा २५३)।
उलुउंडिअ वि [**दे**] प्रलुठित, विरेचित ; (दे १, ११६)।
उलुओसिअ वि [**दे**] रोमाञ्चित, पुलकित ; (षड्)।
उलुकसिअ वि [**दे**] ऊपर देखो ; (दे १, ११५)।
उलुखंड पुं [**दे**] उल्मुक, अलात, लूका ; (दे १, १०७)।
उलुग पुं [**उलुक**] १ उल्लू, पेचक ; २ देश-विशेष ; (पउम ६८, ६६)।
उलुगी स्त्री [**औलुकी**] विद्या-विशेष ; (विसे २४५४)।
उलुग्ग वि [**अवरुग्ण**] बिमार ; (महा)।
उलुग्ग वि [**दे**] देखो **ओलुग्ग** ; (महा)।
उलुफुंटिअ वि [**दे**] १ विनिपातित, विनाशित; २ प्रशान्त ; (दे १, १३८)।
उलुय देखो **उलूअ** ; " अह कह दिणमणितेयं, उलुयाणं हरइ अंधत्तं " (सट्ठि १०८ ; सुर १, २६ ; पउम ६७, २४)।
उलुहंत पुं [**दे**] काक, कौआ ; (दे १, १०६)।
उलुहलिअ वि [**दे**] अतृप्त, तृप्ति रहित ; (दे १, ११७)।
उलुहुलअ वि [**दे**] अ-वितृप्त, तृप्ति-रहित ; (षड्)।
उलूअ पुं [**उलूक**] १ उल्लु, पेचक ; (पात्र)। २ वैशेषिक मत का प्रवर्तक कणाद मुनि ; (सम्म १४६; विसे २५०८)।

उलूखल देखो **उऊखल** ; (कुमा)।
उलूलु पुं [**उलूलु**] मङ्गल-ध्वनि ; (रंभा)।
उलूहल देखो **उऊखल**; (हे १, १७१ ; महा)।
उल्ल वि [**आर्द्र**] गीला, आर्द्र ; (कुमा; हे १, ८२)।
°गच्छ पुं [**°गच्छ**] जैन मुनिओं का गण विशेष ; (कप्प)।
उल्ल सक [**आर्द्रय्**] १ गीला करना, आर्द्र करना। २ अक. आर्द्र होना। उल्लेइ; (हे १, ८२)। वकृ—**उल्लंत, उल्लिंत** ; (गउड)। संकृ—**उल्लेत्ता** ; (महा)।
उल्ल न [**दे**] ऋण, करजा; " तो मं उल्ले धरिऊण " (सुपा ४८६)।
उल्लअण न [**उल्लयन**] अर्पण, समर्पण; (से ११, ५१)।
उल्लंक पुं [**उल्लङ्क**] काष्ठ-मय बारक; (निचू १२)।
उल्लंघ सक [**उत्+लङ्घ्**] उल्लङ्घन करना, अतिक्रमण करना। उल्लंघज्ज; (पि ४५६)। हेकृ—**उल्लंघित्तए** ; (भग ८, ३३)।
उल्लंघण न [**उल्लङ्घन**] १ अतिक्रमण, उत्प्लवन ; (पण्ण ३६)। २ वि. अतिक्रमण करने वाला " उल्लंघणे य चंडे य पावसमणे त्ति वुच्चइ " (उत्त ८)।
उल्लंठ वि [**उल्लण्ठ**] उद्धत ; " जंपंति उल्लंठ-वयणाइं " (काल)।
उल्लंडग पुं [**उल्लण्डक**] छोटा मृदङ्ग, वाद्य-विशेष ; (राज)।
उल्लंडिअ वि [**दे**] बहिष्कृत, बाहर निकाला हुआ ; (पात्र)।
उल्लंबण न [**उल्लम्बन**] उद्बन्धन, फाँसी लगा कर लटकना ; (सम १२५)।
उल्लक्क वि [**दे**] १ भग्न, टूटा हुआ ; २ स्तब्ध ; " उल्लक्कं सिराजालं " (स २६४)।
उल्लट्ट वि [**दे**] उल्लुठित, खाली किया हुआ ; (दे ७, ८१)।
उल्लण वि [**उल्बण**] उत्कट ; (पंचा २)।
उल्लण न [**आर्द्रीकरण**] गीला करना; (उवा; ओघ ३६; से २, ८)।
उल्लणिया स्त्री [**आर्द्रयणिका**] जल पोंछने का गमछा, टॉपिया ; (उवा)।
उल्लहिय वि [**दे**] भाराक्रान्त, जिस पर बोझा लादा गया हो वह " अह तम्मि सत्थलोए उल्लहियसयलवसहनियरम्मि " (सुर २, २)।

उल्लरय न [**दे**] कौडीओं का आभूषण; (दे १, ११०)।

उल्लल अक [**उत् + लल्**] १ चलित होना, चञ्चल होना। २ ऊँचा चलना। ३ उत्पन्न होना। उल्ललइ ; (से ११, १३)। वकृ—**उल्ललंत** ; (काल)।

उल्ललिअ वि [**उल्ललित**] १ चञ्चल ; (गा ५६६)। २ उत्पन्न ; (से ६, ६८)

उल्ललिअ वि [**दे**] शिथिल, ढीला ; (दे १, १०४)।

उल्लव सक [**उत् + लप्**] १ कहना। २ बकना, बकवाद करना, खराब शब्द बोलना। "जं वा तं वा उल्लवइ" (महा)। वकृ— **उल्लवंत, उल्लवेमाण** ; (पउम ६४, ८ ; सुर १, १६६)।

उल्लवण न [**उल्लपन**] १ बकवाद ; २ कथन ; "जइवि न जुज्जइ जह तह मणवल्लहनामउल्लवणं" (सुपा ४६८)।

उल्लविय वि [**उल्लपित**] १ कथित, उक्त ; २ न. उक्ति, वचन ; "अंगपच्चंगसंठाणं चारुल्लवियपेहणं" (उत्त)।

उल्लविर वि [**उल्लपितृ**] १ वक्ता, भाषक ; २ बकवादी, वाचाट ; (गा १७२ ; सुपा २२६)।

उल्लस अक [**उत्+लस्**] १ विकसित होना। २ खुश होना। उल्लसइ ; (षड्)। वकृ —**उल्लसंत** ; (गा ५६०; कप्प)।

उल्लस देखो **उल्लास**; (गउड)।

उल्लसिअ वि [**उल्लसित**] १ विकसित ; २ हर्षित ; (षड् ; निचू १)।

उल्लसिअ वि [**दे.उल्लसित**] पुलकित, रोमाञ्चित ; (दे १, ११५)।

उल्लाय वि [**दे**] लात मारना, पाद-प्रहार; (तदु)।

उल्लाय पुं [**उल्लाप**] १ वक्र वचन ; २ कथन ; (भग)।

उल्लाल सक[**उत्+नमय्**] १ ऊँचा करना। २ ऊपर फेंकना। उल्लालइ ; (हे ४, ३६) वकृ—**उल्लालेमाण** ; (अंत २१)

उल्लाल सक [**उत्+लालय्**] ताडन करना, पीडना। वकृ— **उल्लालेमाण** ; (राज)।

उल्लाल पुंन [**उल्लाल**] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

उल्लालिअ वि [**उन्नमित**] १ ऊँचा किया हुआ ; २ ऊपर फेंका हुआ ; (कुमा; हे ४, ४२२)।

उल्लालिय वि [**उल्लालित**] ताडित ; (राज)।

उल्लाव सक [**उत्+लप्, लापय्**] १ कहना, बोलना। २ बकवाद करना। ३ बुलवाना। ४ बकवाद कराना। वकृ—**उल्लावंत, उल्लावेंत** ; (से ११, १० ; गा ५३६; ६५१ ; हे २, १६३)।

उल्लाव पुं [**उल्लाप**] १ शब्द, आवाज ; (से १, ३०)। २ उत्तर, जवाब ; (ओघ ५६ भा ; गा ५१४)। ३ बकवाद, विकृत वचन; ४ उक्ति, कथन ; (पउम ७०, ५८)। ५ संभाषण ;

"नयणेहिं को न दीसइ; केण समाणं न होंति उल्लावा।
हिययाणंदं जं पुण, जणेइ तं माणुसं विरलं ॥" (महा)।

उल्लाविअ वि [**उल्लपित**] १ उक्त, कथित ; २ न. उक्ति, वचन ; (गा ५८६)।

उल्लाविर वि [**उल्लपितृ**] १ बोलनेवाला, भाषक ; (हे २, १६३ ; सुपा २२६)।

उल्लासग वि [**उल्लासक**] १ विकसित होने वाला ; २ आनन्द-जनक; (श्रा २७)।

उल्लासि } वि [**उल्लासिन्**) ऊपर देखो ; (कप्पू; **उल्लासिर** } लहुअ १ ; प्रासू ६६)।

उल्लाह सक [**उत्+लाघय्**] कम करना, हीन करना। वकृ—**उल्लाहअंत** ; (उत्तर ६१)।

उल्लिअ वि [**दे**] उपसर्पित; उपागत ; (षड्)।

उल्लिअ वि [**आर्द्रित**] गीला किया हुआ ; (गउड ; हे ३, १६)।

उल्लिंच सक [**उद्+रिच्**] खाली करना। हेकृ— "**उल्लिंचिऊण** य समत्थो हत्थउडेहि समुद्दं" (पुप्फ ४०)।

उल्लिंचिय वि [**दे**] उद्रिक्त, खाली किया हुआ;

"तह नाहिदहो जुव्वणघणेण लायन्नवारिणा भरिओ।
नह निट्ठइ जह उल्लिंचिओवि पियनयणकलसेहिं"
(सुपा ३३)।

उल्लिक्क न [**दे**] दुश्चेष्टित, खराब चेष्टा ; (षड्)।

उल्लिया स्त्री [**दे**] राधा-वेध का निशाना "विंधेयव्वा विवरीयभमंतट्ठचक्कोवरिथिउल्लिया" (स १६३)।

उल्लिह सक [**उद्+लिह्**] १ चाटना। २ खाना, भक्षण करना ; "उक्खलिउल्लिहअमुरगी उअ रोरघरम्मि उल्लिहइ" (दे १, ८८)।

उल्लिह सक [**उद्+लिख्**] १ रेखा करना। २ लिखना। ३ घिसना।

उल्लिहण न [**उल्लेखन**] १ घर्षण ; (सुपा ४८)। २ विलेखन ; "वहुमाइ नहुल्लिहणे" (हे १, ७)।

उल्लिहिय वि [**उल्लिखित**] १ घृष्ट, घिसा हुआ ; (गाया १, २)। २ छिला हुआ, तक्षित; (पाअ)। ३ रेखा किया हुआ ; (सुपा १६३ ; प्रासू ७)।
उल्ली स्त्री [**दे**] १ चुल्हा ; (दे १, ८७)। २ दाँत का मैल ; "उल्ली दंतेसु दुग्गंधा" (महा)।
उल्लुअ वि [**दे**] १ पुरस्कृत, आगे किया हुआ; २ रक्त, रँगा हुआ ; (षड्)।
उल्लुंचिअ वि [**उल्लुञ्चित**] उखाड़ा हुआ, उन्मूलित; "मुट्ठीहिं कुंतलकलावा उल्लुंचिया" (सुपा ८०; प्रबो ६८)।
उल्लुंटिअ वि [**दे**] संचूर्णित, टुकड़ा टुकड़ा किया हुआ; (दे १, १०६)।
उल्लुंठ वि [**उल्लुण्ठ**] उल्लंठ, उद्धत ; (सुपा ४६५ ; सुर ६, २१५)।
उल्लुंड सक [**वि+रेचय्**] झरना, टपकना, बाहर निकलना। उल्लुंडइ; (हे ४, २६)। प्रयो, वकृ—**उल्लुंडावंत**; (कुमा)।
उल्लुक्क वि [**दे**] त्रुटित, टुटा हुआ ; (दे १, ६२)।
उल्लुक्क सक [**तुड्**] तोड़ना । उल्लुक्कइ ; (हे १, ११६; षड्)।
उल्लुक्किअ वि [**तुडित**] त्रोटित, तोड़ा हुआ; (कुमा)।
उल्लुग°) स्त्री [**उल्लुका**] १ नदी-विशेष; (विसे २४२६)।
उल्लुगा) २ उल्लुका नदी के किनारे का प्रदेश; (विसे २४-२५)। °**तीर** न [°**तीर**] उल्लुका नदी के किनारे बसा हुआ एक नगर ; (विसे २४२४; भग २६, ३)।
उल्लुज्झण न [**दे**] पुनरुत्थान, कटे हुए हाथ पाँव की फिर से उत्पत्ति ; (उप ३८१)।
उल्लुट्ट अक [**उत्+लुट्**] नष्ट होना, ध्वंस पाना । वकृ— "तहवि य सा रायसिरी उल्लुट्टंती न ताइया ताहिं" (उव)।
उल्लुट्ट वि [**दे**] मिथ्या, असत्य, झूठा ; (दे १, ८६)।
उल्लुरुह पुं [**दे**] छोटा शङ्ख ; (दे १, १०५)।
उल्लुलिअ वि [**उल्लुलित**] चलित ; (गा ५६७)।
उल्लुह अक [**निस्+सृ**] निकला। उल्लुहइ ; (हे ४, २५६)।
उल्लुहुंडिअ वि [**दे**] उन्नत, उच्छ्रित ; (षड्)।
उल्लूढ वि [**दे**] १ आरूढ ; (दे १, १०० ; षड्)। २ अङ्कुरित ; (दे १, १०० ; पाअ)।
उल्लूर सक [**तुड्**] १ तोडना । २ नाश करना । उल्लूरइ; (हे ४, ११६ ; कुमा)।
उल्लूरण न [**तोडन**] छेदन, खण्डन ; (गा १६६)।
उल्लूरिअ वि [**तुडित**] विनाशित, "उल्लूरिअपडिअसत्थेसु" (णमि १० ; पाअ)।
उल्लूह वि [**दे**] शुष्क, सुखा "उल्लूहं च नलवणं हरियं जायं" (ओघ ४४६ टी)।
उल्लेत्ता देखो **उल्ल**=आर्द्रय्।
उल्लेव पुं [**दे**] हास्य, हाँसी ; (दे १, १०२)।
उल्लेहड वि [**दे**] लम्पट, लुब्ध; (दे १, १०४ ; पाअ)।
उल्लोइय न [**दे**] १ पोतना, भीत को चना वगैरः से सफेद करना; (औप)। २ वि. पोता हुआ; (णाया १, १; सम १३७)।
उल्लोक वि [**दे**] त्रुटित, छिन्न ; (षड्)।
उल्लोच पुं [**दे. उल्लोच**] चन्द्रातप, चाँदनी ; (दे १, ६८; सुर १२, १; उप १०७)।
उल्लोय पुं [**उल्लोक**] १ अगासी, छत ; (णाया १, १ ; कप्प ; भग)। २ थोड़ी देर, थोड़ा विलम्ब ; (राज)।
उल्लोय देखो **उल्लोच** ; (सुर ३, ७० ; कुमा)।
उल्लोल अक [**उत्+लुल्**] लुटना, लेटना । वकृ—**उल्लोलंत** ; (निचू १७)।
उल्लोल पुं [**दे**] १ शत्रु, दुश्मन ; (दे १, ६६)। २ कोलाहल ; (पउम १६, ३६)।
उल्लोल पुं [**उल्लोल**] १ प्रबन्ध; "उद्देसे आसि णराहिवाण वियडा कहुल्लोला" (गउड)। २ उद्भट, उद्धत ; "तरुणजण-विब्भमुल्लोलसागरे" (स ६७)। ३ वि. उत्सुक;
"बहुसो घडंतविहडंतसइसुहायासंगमुल्लोले ।
हियए च्चेय समप्पंति चंचला वीइवावारा" (गउड)।
उल्लोव (अप) देखो **उल्लोच** ; (भवि)।
उल्हव सक [**वि+ध्मापय्**] ठंढा करना, आग को बुझाना । उल्हवइ ; (हे ४, ४१६)।
उल्हविय वि [**दे. विध्मापित**] बुझाया हुआ, शान्त किया हुआ ; (पउम २, ६६)।
उल्हसिअ वि [**दे**] उद्भट, उद्धत ; (दे १, ११६)।
उल्हा अक [**वि+ध्मा**] बुझ जाना । उल्हाइ ; (स २८३)।
उव अ [**उप**] निम्न लिखित अर्थों का सूचक अव्यय;— १ समीपता ; जैसे – 'उवदंसिय' (पराह १)। २ सदृशता, तुल्यता ; (उत्त ३)। ३ समस्तपन ; (राय)। ४ एक-वार ; ५ भीतर ; (आव ४)।
उवअंठ वि [**उपकण्ठ**] समीप का, आसन्न ; (गउड)।
उवइट्ठ वि [**उपदिष्ट**] कथित, प्रतिपादित, शिक्षित ; (ओघ १४ भा; पि १७३)।

उवइण्ण वि [**उपचीर्ण**] सेवित ; (स ३६)।

उवइय वि [**उपचित**] १ मांसल, पुष्ट ; (पण्ह १, ४)। २ उन्नत ; (औप)।

उवइय पुंस्त्री [**दे**] त्रीन्द्रिय जीव-विशेष ; देखो **ओवइय** ; (जीव १ टी; पण्ण)।

उवइस सक [**उप+दिश**] १ उपदेश देना, सीखाना। २ प्रतिपादन करना। उवइसइ ; (पि १८४)। उवइसंति ; (भग)।

उवउंज सक **उप+युज्**] उपयोग करना। कर्म—उवउज्जंति; (विसे ४८०)। संकृ—**उवउंजिऊण, उवउज्ज** ; (पि ५८५; निचू १)।

उवउज्ज पुं [**दे**] १ उपकार ; (दे १, १०८)। २ वि. उपकारक ; (षड्)।

उवउत्त वि [**उपयुक्त**] १ न्याय्य, वाजबी। २ सावधान, अप्रमत्त ; (उव; उप ७७३)।

उवऊढ वि [**उपगूढ**] आलिङ्गित ; (पाअ ; से १, ३८; गा १३३)।

उवऊहण न [**उपगूहन**] आलिङ्गन ; (से ५, ४८)।

उवऊहिअ वि [**उपगूहित**] आलिङ्गित ; (गा ६२१)।

उवएइआ स्त्री [**दे**] शराब परोसने का पात्र ; (दे १, ११८)।

उवएस पुं [**उपदेश**] १ शिक्षा, बोध ; (उव)। २ कथन, प्रतिपादन ; ३ शास्त्र, सिद्धान्त ; (आचा ; विसे ८६४)। ४ उपदेश्य, जिसके विषय में उपदेश दिया जाय वह ; (धर्म १)।

उवएसग वि [**उपदेशक**] उपदेश देने वाला ; "हिचाणं पुव्वसंजोगं, सिया किच्चोवएसगा" (सूअ १, १)।

उवएसण न [**उपदेशन**] देखो **उवएस**; (उत्त २८ ; ठा ७; विसे २५८३)।

उवएसणया } स्त्री [**उपदेशना**] उपदेश ; (राज ; विसे
उवएसणा } २५८३)।

उवएसिय वि [**उपदेशित**] उपदिष्ट ; " सामाइयणिज्जुत्तिं वोच्छं उवएसियं गुरुजणेणं" (विसे १०८०; सण)।

उवओग पुं [**उपयोग**] १ ज्ञान, चैतन्य ; (पण्ण १२ ; ठा ४, ४ ; दं ४)। २ ख्याल, ध्यान, सावधानी ; "तं पुण संविग्गेणं उवओगजुएण तिव्वसद्धाए" (पंचा ४)। ३ प्रयोजन, आवश्यकता ; (सुपा ६४३)।

उवओगि वि [**उपयोगिन्**] उपयुक्त, योग्य, प्रयोजनीय ; "पत्ताईण विसुद्धिं साहेउं गिण्हए जमुवओगिं" (सुपा ६४३; स ५)।

उवंग पुंन [**उपाङ्ग**] १ छोटा अवयव, क्षुद्र भाग ; "एवमादी सव्वे उवंगा भण्णंति" (निचू १)। २ ग्रन्थ-विशेष, मूल-ग्रन्थ के अंश-विशेष को लेकर उसका विस्तार से वर्णन करने वाला ग्रन्थ, टीका ; "संगोवंगाणं सरहस्साणं चउण्हं वेयाणं" (औप)। ३ 'औपपातिक' सूत्र वगैरः बारह जैन ग्रन्थ; (कप्प ; जं १ ; सूक्त ७०)।

उवंजण न [**उपाञ्जन**] मृक्षण, मालिस ; (पण्ह २, १)।

उवकंठ देखो **उवअंठ**; (भवि)।

उवकप्प सक [**उप+कॢप्**] १ उपस्थित करना; । २ करना। " उवकप्पइ करेइ उवणेइ वा हाति एगट्ठा" (पंचभा)। प्रयो —उवकप्पयंति ; (सूअ १, १२)।

उवकप्प पुं [**उपकल्प**] साधु को दी जाती भिक्षा, अन्न-पान वगैरः ; (पंचभा)।

उवकय वि [**उपकृत**] जिस पर उपकार किया गया हो वह, अनुगृहीत ; "अणुवकयपराणुग्गहपरायणा" (आव ४)।

उवकय वि [**दे**] सज्जित, प्रगुण, तय्यार ; (दे १, ११६)।

उवकर देखो **उवयर**=उप+कृ। उवकरेउ ; (उवा)।

उवकर सक [**अव+कृ**] व्याप्त करना। भूका—"अहवा पंसुणा उवकरिंसु" (आचा १, ६, ३, ११)

उवकरण देखो **उवगरण** ; (औप)

उवकस सक [**उप+कष्**] प्राप्त होना। "नारीण वसमुवकसंति" (सूअ १, ४)।

उवकसिअ वि [**दे**] १ संनिहित ; २ परिसेवित ; ३ सर्जित, उत्पादित ; (दे १, १३८)।

उवकिइ } स्त्री [**उपकृति**] उपकार ; (वे ४, ३४ ; ८;
उवकिदि } ४५)।

उवकुल न [**उपकुल**] नक्षत्र-विशेष, श्रवण आदि बारह नक्षत्र ; (जं ७)।

उवकोसा स्त्री [**उपकोशा**] एक प्रसिद्ध वेश्या ; (उव)।

उवक्कंत वि [**उपक्रान्त**] १ समीप में आनीत ; २ प्रारब्ध, प्रस्तावित ; (विसे ६८७)।

उवक्कम सक [**उप+क्रम्**] १ शुरू करना, प्रारम्भ करना। २ प्राप्त करना। ३ जानना। ४ समीप में लाना। ५ संस्कार करना। ६ अनुसरण करना। "सीसो गुरुणो भावं जमुवक्कमए" (विसे ६२६)। "ता तुब्भे ताव अवक्कमह लहुं, जाव एयासिं भावमुवक्कमामि त्ति" (महा)। "जेणोवक्कामि

उज्जइ समीवमाणिज्जए" (विसे २०३६)। "जण्णं हलकुलिआईहिं खेत्ताइं उवक्कमिज्जंति से तं खेत्तोवक्कमे" (अणु)। वकृ—**उवक्कमंत**; (विसे ३४१८)।

कंड सक [**कण्ड्**] १ व्रीहि वगैरः का छिलका अलग करना। २ खीचना। ३ खुजवाना। वकृ—**कंडंत** ; (ओघ ४६८ ; गा ६६३) ; **कंडिंत**; (णाया १, ७)।

कंड पुंन [**काण्ड**] १ दण्ड, लाठी ; २ निन्दित समुदाय ; ३ पानी, जल ; ४ पर्व ; ५ वृक्ष का स्कन्ध ; ६ वृक्ष की शाखा ; ७ वृक्ष का वह एक भाग, जहाँ से शाखाएँ नीकलती हैं ; ८ ग्रन्थ का एक भाग ; ९ गुच्छ, स्तबक ; १० अश्व, घोड़ा ; ११ प्रेत, पितृ और देवता के यज्ञ का एक हिस्सा ; १२ रीढ़, पृष्ठभाग की लम्बी हड्डी; १३ खुशामद ; १४ श्लाघा, प्रशंसा ; १५ गुप्तता, प्रच्छन्नता ; १६ एकान्त, निर्जन ; १७ तृण-विशेष ; १८ निर्जन पृथ्वी ; (हे १, ३०)। १९ अवसर, प्रस्ताव ; (गा ६६३)। २० समूह ; (णाया १, ८)। २१ बाण, शर ; (उप ६६६)। २२ देव-विमान-विशेष ; (राज)। २३ पर्वत वगैरः का एक भाग ; (सम ६५)। २४ खण्ड टुकड़ा, अवयव ; (आचू १)। °**च्छारिय** पुं [°**च्छारिक**] १ इस नाम का एक ग्राम; २ एक ग्राम-नायक ; (वव ७)। देखो **कंडग**, **कंडय**।

कंड पुं [दे] १ फेन, फीन ; २ वि. दुर्बल ; ३ विपन्न, विपत्ति-ग्रस्त ; (दे २, ५१) ।

कंडइअ देखो **कंटइअ**; (गा ५५८) ।

कंडइज्जंत देखो **कंटइज्जंत** ; (गा ६७ अ) ।

कंडग पुंन [**काण्डक**] देखो **कंड** = काण्ड ; (आचा ; आवम) । २५ संयम-श्रेणि विशेष ; (बृह ३) । २६ इस नाम का एक ग्राम; (आचू १) । देखो **कंडय** ।

कंडण न [**कण्डन**] व्रीहि वगैरः को साफ करना, तुष-पृथक्करण ; (श्रा २०) ।

कंडपंडवा स्त्री [दे] यवनिका, परदा ; (दे २,२५) ।

कंडय पुंन [**काण्डक**] देखो **कंड** = काण्ड तथा **कंडग** २७ वृक्ष-विशेष , राक्षसों का चैत्य वृक्ष ; " तुलसी भूयाण भवे, रक्खसाणं च कंडओ " (ठा ८) । २८ तावीज, गण्डा, यन्त्र ; " बज्झंति कंडयाइं, पउणीकीरंति अगयाइं " (सुर १६, ३२) ।

कंडरीय पुं [**कण्डरीक**] महापद्म राजा का एक पुत्र, पुण्डरीक का छोटा भाई जिसने वर्षों तक जैनी दीक्षा का पालन कर अन्त में उसका त्याग कर दिया था ; (णाया १, १६; उव) ।

कंडलि } स्त्री [**कन्दरिका**] गुफा, कन्दरा; (पि ३३३; **कंडलिआ** } हे २, ३८ ; कुमा) ।

कंडवा स्त्री [**कण्डवा**] वाद्य-विशेष ; (राय) ।

कंडार सक [**उत्** + **कृ**] खुदना, छील-छाल कर ठीक करना । संकृ—

" णूणं दुवे इह पआवइणो जअम्मि,
जे देहणिम्मवणजोव्वणदाणदक्खा ।
एक्क घडेइ पढमं कुमरीणमंगं,
कंडारिऊण पअडेइ पुणो दुईओ" (कप्पू) ।

कंडावेल्ली स्त्री [**काण्डवल्ली**] वनस्पति विशेष; (पण्ण १) ।

कंडिअ वि [**कण्डित**] साफ-सुथरा किया हुआ ; (दे १, ११५) ।

कंडियायण न [**कण्डिकायन**] वैशाली (बिहार) का एक चैत्य ; (भग १५) ।

कंडिल्ल पुं [**काण्डिल्य**] १ काण्डिल्य-गोत्र का प्रवर्तक ऋषि-विशेष ; २ पुंस्त्री. काण्डिल्य गोत्र में उत्पन्न ; ३ न. गोत्र-विशेष, जो माण्डव्य गोत्र की एक शाखा है; (ठा ७— पत्र ३६०) । °**ायण** पुं [°**ायन**] स्वनाम-ख्यात ऋषि-विशेष ; (चंद १०) ।

कंडु देखो **कंडू** ; (राज) ।

कंडु देखो **कंदु**; (सूअ १, ५) ।

कंडुअ सक [**कण्डूय्**] खुजवाना । कंडुअइ ; (हे १, १२१ ; उव) । कंडुआए ; (पि ४६२) । वकृ— **कंडुअंत** ; (गा ४६०) ; **कंडुअमाण**; (प्रासू २८) ।

कंडुअ पुं [**कान्दविक**] हलवाई, मिठाई बेचने वाला ; "गया चिंतेइ; कओ कंडुयस्स जलकंतरयणसंपत्ती?" (आवम)।

कंडुअ } पुं [**कन्दुक**] गेंद ; (दे ३, ५६ ; राज) ।
कंडुग }

कंडुज्जुय वि [**काण्डर्जु**] बाण की तरह सीधा ; (स ३१७ ; गा ३५२) ।

कंडुयग वि [**कण्डूयक**] खुजाने वाला ; (औप) ।

कंडुयण न [**कण्डूयन**] १ खुजली, खाज, पामा, रोग-विशेष ; २ खुजवाना ; " पामागहियस्स जहा, कंडुयणं दुक्खमेव मूढस्स " (स ५१५ ; उव २६४ टी ; गउड) ।

कंडुयय देखो **कंडुयग** ; " अकंडुयएहिं " (पण्ह २, १— पत्र १००) ।

कंडुरु पुं [**कण्डुरु**] स्वनाम-ख्यात एक राजा, जिसने रामचन्द्र के भाई भरत के साथ जैनी दीक्षा ली थी ; (पउम ८५, ५) ।

कंडू स्त्री [**कण्डू**] १ खुजलाहट, खुजवाना ; (णाया १, ५)) । २ रोग-विशेष, पामा, खाज ; (णाया १, १३) ।

कंडूइ स्त्री [**कण्डूति**] ऊपर देखो; (गा ५३२; सुर २, २३) ।

कंडूइअ न [**कण्डूयित**] खुजवाना ; (सुअ १, ३, ३ ; गा १८१) ।

कंडूय देखो **कंडुअ**=कण्डूय् । कंडूयइ ; (महा) । वकृ - **कंडूयमाण** ; (महा) ।

कंडूयग वि [**कण्डूयक**] खुजवाने वाला ; (ठा ५, १) ।

कंडूयण देखो **कंडुयण** , (उप २५६ ; सुपा १७६ ; २२७) ।

कंडूयय देखो **कंडूयग** ; (महा) ।

कंडूर पुं [दे] बक, बगुला ; (दे २, ६) ।

कंडूल वि [**कण्डूल**] खाज वाला, कण्डू-युक्त; (कुमा) ।

कंत वि [**कान्त**] १ मनोहर, सुन्दर ; (कुमा) । २ अभिलषित, वाञ्छित ; (णाया १, १) । ३ पुं. पति, स्वामी ; (पात्र) । ४ देव-विशेष ; (सुज्ज १६) । ५ न. कान्ति, प्रभा ; (आचा २, ५, १) ।

कंत वि [**क्रान्त**] गत, गुजरा हुआ ; (प्राप)।

कंता स्त्री [**कान्ता**] १ स्त्री, नारी ; (सुर ३, १४ ; सुपा ५७३)। २ रावण की एक पत्नी का नाम ; (पउम ७४, ११)। ३ एक योग-दृष्टि ; (राज)।

कंतार न [**कान्तार**] १ अरण्य, जङ्गल ; (पाअ)। २ दुष्ट, दूषित ; ३ निराश्रय ; ४ पागल ; (कप्पू)।

कंति स्त्री [**कान्ति**] १ तेज, प्रकाश; (सुर २, २३६)। २ शोभा, सौन्दर्य ; (पाअ)। ३ इस नाम की रावण की एक पत्नी ; (पउम ७४, ११)। ४ अहिंसा ; (पण्ह २, १)। ५ इच्छा ; ६ चन्द्र की एक कला ; (राज ; विक १०७)। °**पुरी** स्त्री [°**पुरी**] नगरी-विशेष ; (ती)। °**म**, °**ल्ल** पुं [°**मत्**] कान्ति-युक्त ; (आवम ; गउड; सुपा ८; १८८)।

कंति स्त्री [**क्रान्ति**] १ परिवर्तन, फेरफार ; २ गमन, गति ; (नाट—विक ६०)।

कंतु पुं [**दे**] काम, कामदेव ; (दे २, १)।

कंथक } **°थग** } **°थय** } पुं [**कन्थक**] अश्व की एक जाति ; (ठा ४, ३ ; उत्त २३)। "जहा से कंबोयाणं आइन्ने कंथए सिया" (उत्त ११)।

कंथा स्त्री [**कन्था**] कथडी, गुदड़ी, पुराने वस्त्र से बना हुआ ओढ़ना ; (हे १, १८७)।

कंथार पुं [**कन्थार**] वृक्ष-विशेष ; (उप २२० टी)।

कंथारिया } **कंथारी** } स्त्री [**कन्थारिका, °री**] वृक्ष-विशेष ; (उप १०३१ टी)। °**वण** न [°**वन**] उज्जैन के समीप का एक जंगल, जहां अवन्तीसुकुमार-नामक जैन मुनि ने अनशन व्रत किया था ; (आक)।

कंथेर पुं [**कन्थेर**] वृक्ष-विशेष ; (राज)।

कन्थेरी स्त्री [**कन्थेरी**] कराटकमय वृक्ष-विशेष ; (उप ३, २)।

कंद अक [**क्रन्द्**] काँदना, रोना। कंदइ ; (पि २३१)। भूका—कंदिंसु ; (पि ५१६)। वकृ—**कंदंत**; (गा ५८४), **कन्दमाण** ; (गाया १, १)।

कंद वि [**दे**] १ दृढ, मजबूत ; २ मत्त, उन्मत्त ; ३ न. स्तरण, आच्छादन , (दे २, ५१)।

कंद पुं [**कन्द, कन्दित**] व्यन्तर देवों की एक जाति ; (ठा २, ३—पत्र ८५)।

कंद पुं [**कन्द**] १ गूदेदार और बिना रेशे की जड ; जैसे—जमीकन्द, सूरन, शकरकन्द, बिलारीकन्द, ओल, गाजर, लहसुन वगैरः ; (जी ६)। २ मूल, जड़ ; (गउड)। ३ छन्द-विशेष ; (पिंग)।

कंद पुं [**स्कन्द**] कार्त्तिकेय; षडानन ; (कुमा ; हे २, ५ ; षड्)।

कन्दणया स्त्री [**क्रन्दनता**] मोटे स्वर से चिल्लाना ; (ठा ४, १)।

कंदप्प पुं [**कन्दर्प**] १ कामदेव, अनंग ; (पाअ)। २ कामोद्दीपक हास्यादि ; "कंदप्पे कुक्कुइए" (पडि; गाया १, १)। ३ देव-विशेष ; (पव ७३)। ४ काम-संबन्धी कथाय ; ५ वि. काम-युक्त, कामी ; (बृह १)।

कंदप्प वि [**कान्दर्प**] कन्दर्प-संबन्धी ; (पव ७३)।

कंदप्पि वि [**कन्दर्पिन्**] कामोद्दीपक ; कन्दर्प का उत्तेजक ; (वव १)।

कंदप्पिय पुं [**कान्दर्पिक**] १ मजाक करने वाला भाण्ड वगैरः ; (ओघ; भग)। २ भाण्ड-प्राय देवों की एक जाति; (पण्ह २, २)। ३ हास्य वगैरः भाण्ड कर्म से आजीविका चलाने वाला ; (पराण २०)। ४ वि. काम-संबन्धी; (बृह १)।

कंदर न [**कन्दर**] १ रन्ध्र, विवर ; (गाया १, २)। २ गुहा, गुफा ; (उवा ; प्रासू ७३)।

कंदरा } **कंदरी** } स्त्री [**कन्दरा**] गुहा, गुफा; (से ४, १६ ; राज)।

कंदल पुं [**कन्दल**] १ अङ्कुर, प्ररोह ; (सुपा ४)। २ लता-विशेष ; (गाया १, ६)।

कंदल न [**दे**] कपाल ; (दे २, ४)।

कंदलग पुं [**कन्दलक**] एक खुर वाला जानवर विशेष ; (पराण १)।

कंदलिअ } **कंदलिल्ल** } वि [**कन्दलित**] अङ्कुरित ; (कुमा ; पि ५९५)।

कंदली स्त्री [**कन्दली**] १ लता-विशेष ; (सुपा ६; पउम ५३, ७६)। २ अङ्कुर, प्ररोह ; "दारिद्दद्दुमकंदलीवणदवो" (उप ७२८ टी)।

कंदविय पु [**कान्दविक**] हलवाई, मिठाई बेचने वाला ; (उप २११ टी)।

कंदिंद पुं [**कन्देन्द्र, कन्दितेन्द्र**] कन्दित-नामक देव-निकाय का इन्द्र ; (ठा २, ४ —पत्र ८५)।

कंदिय पुं [**कन्दित**] १ वाणव्यन्तर देवों की एक जाति ; (पण्ह १, ४ ; औप)। २ न. रोदन, आक्रन्द ; (उत्त २)।

कंदिर वि [**कन्दिन्**] काँदने वाला; (भवि)।
कंदी स्त्री [**दे**] मूला, कन्द-विशेष; (दे २, १)।
कंदु पुंस्त्री [**कन्दु**] एक प्रकार का बरतन, जिसमें मांस वगैरः पकाया जाता है, हाँड़ा; (विपा १, ३; सूत्र १, ५)।
कंदुअ पुं [**कन्दुक**] १ गेंद; (पाअ; स्वप्न ३६; मै ६१)। २ वनस्पति-विशेष; (पराग १)।
कंदुइअ पुं [**कान्दविक**] हलवाई, मिठाई बेचने वाला; (दे २, ४१; ६, ६३)।
कंदुग देखो **कंदुअ**; (राज)।
कंदुट्ट (**दे**) देखो **कंदोट्ट**; (पाअ; धर्मा ५, सग)।
कंदोइय देखो **कंदुइअ**; (सुपा ३८५)।
कंदोट्ट न [**दे**] नील कमल; (दे २, ६; प्राप्र; षड्; गा ६२२; उत्तर ११७; कप्पू; भवि)।
कंध देखो **खंध**=स्कन्ध; (नाट; वज्जा ३६)।
कंधरा स्त्री [**कन्धरा**] ग्रीवा, गरदन; (पाअ; सुर ४, १६६; गउड ६)।
कंधार पुं [**दे**] स्कन्ध, ग्रीवा का पीछला भाग; (उप पृ ८६)।
कंप अक [**कम्प्**] काँपना, हिलना। कंपइ; (हे १, ३०)। वकृ—**कंपंत, कंपमाण**; (महा; कप्प)। कवकृ **कंपिज्जंत**; (से ६, ३८; १३, ५६)। प्रयो, वकृ—**कंपाविंत**; (सुपा ५६३)।
कंप पुं [**कम्प**] अस्थैर्य, चलन, हिलन; (कुमा, आउ)।
कंपड पुं [**दे**] पथिक, मुसाफिर; (दे २, ७)
कंपण न [**कम्पन**] १ कम्प, हिलन; (भवि)। २ रोग-विशेष। °**वाइअ** वि [°**वातिक**] कम्प वायु नामक रोग वाला; (अनु ६)।
कंपि वि [**कम्पिन्**] काँपने वाला; (कप्पू)।
कंपिअ वि [**कम्पित**] काँपा हुआ; (कुमा)।
कंपिर वि [**कम्पितृ**] काँपने वाला; (गा ६५६; सुपा १५८; श्रा २७)।
कंपिल्ल वि [**कम्पवत्**] काँपने वाला, अस्थिर; "निच्चमकंपिल्लं परभयाहि कंपिल्लनामपुरं" (उप ६ टी)।
कंपिल्ल पुं [**काम्पिल्य**] १ यदुवंशीय राजा अन्धकवृष्णि के एक पुत्र का नाम; (अन्त ३)। २ पञ्जाब देश का एक नगर; (ठा १०; उप ६४८ टी)। °**पुर** न [°**पुर**] नगर-विशेष; (पउम ८, १४३; उवा)।
कंब वि [**कम्र**] १ कामुक, कामी; २ सुन्दर, मनोहर; (पि २६५)।
कंबं देखो **कंबा**।
कंबर पुं [**दे**] विज्ञान; (दे २, १३)।
कंबल पुंन [**कम्बल**] १ कामरी, ऊनी कपड़ा; (आचा; भग)। २ पुं. स्वनाम-ख्यात एक बलीवर्द; (राज)। ३ गौ के गले का चमड़ा, सास्ना; (विपा १, २)।
कंबा स्त्री [**कम्बा**] यष्टि, लकडी; "दिट्ठो तज्जणाण्णं, निसिडिउं कंबघाएहिं; बद्धो" (सुपा ३६६)।
कंबि } स्त्री [**कम्बि, °म्बी**] १ दर्वी, कड़छी। २ **कंबी** } लीला-यष्टि, छड़ी, शौख से हाथ में रखी जाती लकड़ी; (उप पृ २३७)।
कंबु पुं [**कम्बु**] १ शङ्ख; (पगह १, ४)। २ इस नाम का एक द्वीप; (पउम ४५, ३२)। ३ पर्वत-विशेष; (पउम ४५, ३२)। ४ न. एक देव-विमान; (सम २२)। °**ग्गीव** न [°**ग्रीव**] एक देव-विमान; (सम २२)।
कंबोय पुं [**कम्बोज**] देश-विशेष; (पउम २७, ७; स ८०)।
कंबोय वि [**काम्बोज**] कम्बोज देश में उत्पन्न; (स ८०)।
कंभार पुंब. [**कश्मीर**] इस नाम का एक प्रसिद्ध देश; (हे २, ६८; षड्)। °**जम्म** न [°**जन्मन्**] कुङ्कुम, केसर; (कुमा)। देखो **कम्हार**।
कंभूर (अप) ऊपर देखो; (षड्)।
कंस पुं [**कंस**] १ राजा उग्रसेन का एक पुत्र, श्रीकृष्ण का मातुल; (पगह १, ४)। २ महाग्रह विशेष; (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ काँसा, एक प्रकार की धातु; (णाया १, ७—पत्र ११८)। °**णाभ** पुं [°**नाभ**] ग्रह विशेष; (सुज्ज २०; इक)। °**वण्ण** पुं [°**वर्ण**] ग्रह-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ७८)। °**वण्णाभ** पुं [°**वर्णाभ**] ग्रह-विशेष; (ठा २, ३)। °**संहारण** पुं [°**संहारण**] कृष्ण, विष्णु; (पिंग)।
कंस न [**कांस्य**] १ धातु-विशेष, काँसा; २ वाद्य-विशेष; ३ परिमाण-विशेष; ४ जल पीने का पात्र, प्याला; (हे १, २६; ७०)। °**ताल** न [°**ताल**] वाद्य-विशेष; (जीव ३)। °**पत्ती, °पाई** स्त्री [**पात्री**] काँसा का बना हुआ पात्र-विशेष; (कप्प; ठा ६)। °**पाय** न [°**पात्र**] काँसा का बना हुआ पात्र; (दस ६)।

कंसार पुं [**दे**] कसार, एक प्रकार की मिठाई ; " ता करेऊण कंसारं तालपुडसंजुयं चेगं विसमोयगं गोमि उवणेमि गयाणं " (स १८७) ।
कंसारी स्त्री [**दे**] त्रीन्द्रिय क्षुद्र जन्तु की एक जाति ; (जी १८) ।
कंसाल पुं [**कांस्याल**] वाद्य-विशेष; (हे २, ९२; सुपा ५०) ।
कंसाला स्त्री [**कंसताला, कांस्यताला**] वाद्य का एक प्रकार का निर्घोष, ताल ; (गांदि) ।
कंसालिया स्त्री [**कांस्यतालिका**] एक प्रकार का वाद्य ; (सुपा २८२) ।
कंसिअ पुं [**कांस्यिक**] १ कसेरा, कँसारी, कांस्य-कार; (हे १, ७०) । २ वाद्य-विशेष ; (सुपा २४२) ।
कंसिआ स्त्री [**कंसिका**] १ ताल ; (गाया १, १७) । २ वाद्य-विशेष ; (आचा २) ।
ककुध / **ककुभ** देखो **कउह=ककुद** ; (पि २०६ ; हे २, १७४) ।
ककुह देखो **कउह** = ककुद; (ठा ५, १ ; गाया १, १७ ; विपा १, २) । ५ हरिवंश का एक राजा; (पउम २२, ९९)।
ककुहा देखो **कउहा** ; (षड्) ।
कक्क पुं [**कल्क**] १ उद्वर्तन-द्रव्य, शरीर पर का मैल दूर करने के लिए लगाया जाता द्रव्य ; (सूअ १, ९ ; निचू १) । २ न. पाप ; (भग १२, ५) । ३ माया, कपट ; (सम ७१) । °**गरुग** न [°**गुरुक**] माया, कपट; (पराह १, २—पत्र २८) ।
कक्कंध पुं [**कर्कन्ध**] ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष , (ठा २, ३) ।
कक्कंधु स्त्री [**कर्कन्धु**] बेर का वृक्ष ; (पात्र) ।
कक्कड न [**कर्कट**] १ जलजन्तु-विशेष; कुलीर ; (पात्र) । २ ककडी, फल-विशेष; (पव ४)। ३ हृदय का एक प्रकार का वायु ; (भग १०, ३) ।
कक्कडच्छ पुं [**कर्कटाक्ष**] ककडी, खीरा ; (कप्प) ।
कक्कडिया / **कक्कडी** स्त्री [**कर्कटिका, °टी**] ककडी (खीरा) का गाछ ; (उप ९९१) ।
कक्कणा स्त्री [**कल्कना**] १ पाप; २ माया ; (पराह १, २) ।
कक्कर पुं [**कर्कर**] १ कंकर, पत्थर ; (विपा १, २ ; गउड ; सुपा ५९७ ; प्रासु १६८) । २ कठिन, परुष ; (आचू ४) । ३ कर्कश आवाज वाला; (उत ७) ।
कक्करणया स्त्री [**कर्करणता**] १ दोषोद्भावन; दोषोद्भावन-गर्भित प्रलाप; (ठा ३, ३ – पत्र १४७) ।
कक्कराइय न [**कर्करायित**] १ कर्कर की तरह आच-रित । २ दोषोच्चारण, दोष प्रकटन ; (आव ४) ।
कक्कस वि [**कर्कश**] १ कठोर, परुष ; (पात्र ; सुपा ५८ ; आरा ६४ ; पउम ३१, ६६)। २ प्रखर, चगड; ३ तीव्र; प्रगाढ ; (विपा १, १) । ४ अनिष्ट, हानि-कारक ; (भग ९, ३३) । ५ निष्ठुर, निर्दय ; (उत्रा) । ६ चबा २ कर कहा हुआ वचन ; (आचा २, ४, १) ।
कक्कस / **कक्कसार** पुं [**दे**] दध्योदन, करम्ब ; (दे २, १४) ।
कक्कसेण पुं [**कर्कसेन**] अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न एक स्वनाम-ख्यात कुलकर पुरुष ; (राज) ।
कक्कालुआ स्त्री [**कर्कारुका**] १ कूष्माण्ड-वल्ली, को-हला का गाछ; " कक्कालुआ गोच्छलित्तवेंटा " (मृच्छ ५९) ।
कक्कि पुं [**कल्किन्**] भविष्य में होने वाला पाटलिपुत्र का एक राजा ; (ती) ।
कक्किय न [**कल्किक**] मांस ; (सुप १, ११) ।
कक्केअण पुंन [**कर्केतन**] रत्न की एक जाति ; (कप्प; पउम ३, ७५) ।
कक्केरअ पुं [**कर्केरक**] मणि-विशेष की एक जाति ; (मृच्छ २०२) ।
कक्कोड न [**कर्कोट**] शाक विशेष ; ककरैल, कक्कोडा ; (राज) । देखो **कक्कोडय** ।
कक्कोडई स्त्री [**कर्कोटकी**] कर्कोट का वृक्ष, ककरैल का गाछ ; (पराण १—पत्र ३३) ।
कक्कोडय न [**कर्कोटक**] देखो **कक्कोड** । २ पुं. अनु-वेलन्धर-नामक एक नाग-राज ; ३ उसका आवास-पर्वत ; (भग ३, ६ ; इक) ।
कक्कोल पुं [**कङ्कोल**] १ वृक्ष-विशेष; शीतलचीनी के वृक्ष का एक भेद ; (गउड; स ७१) । २ न. फल-विशेष, जो सुगंधी होता है ; (पराह २, ५) । देखो **कंकोल** ।
कक्ख देखो **कच्छ=कक्ष** ; (उव ; कप्प ; सुर १, ८८ ; पउम ४४, १ ; पि ३१८ ; ४२०) ।
कक्खड देखो **कक्कस**; (सम ४१ ; ठा १, १ ; वज्जा ८४ ; उव) ।

कक्खड वि [**दे**] पीन, पुष्ट ; (दे २, ११ ; कप्प ; आचा ; भवि)।

कक्खडंगी स्त्री [**दे**] सखी, सहेली ; (दे २, १६)।

कक्खल [**दे**] देखो **कक्कस** ; (षड्)।

कक्खा देखो **कच्छा**=कक्षा ; (पाअ ; गाया १, ८ ; सुर ११, २२१)।

कग्घाड पुं [**दे**] १ अपामार्ग, चिरचिरा, लटजीरा ; २ किलाट, दूध की मलाई ; (दे २, ५४)।

कग्घायल पुं [**दे**] किलाट, दूध का विकार, दूध की मलाई ; (२, २२)।

कच्च न [**दे. कृत्य**] कार्य, काम ; (दे २, २ ; षड्)।

कच्च (पै) देखो **कज्ज** ; (प्राप्र)।

कच्च न [**काच**] काच, शीशा ; "कच्चं माणिक्कं च समं आहरणे पउंजीअदि" (कप्पू)।

कच्चंत वि [**कृत्यमान**] पीडित किया जाता ; (सूअ १, २, १)।

कच्चरा स्त्री [**दे**] १ कचरा, कच्चा खरबूजा; २ कचरा को सुखाकर, तलकर और मसाला डालकर बनाया हुआ खाद्य विशेष, एक प्रकार का आचार, गुजराती में जिसको 'काचरी' कहते हैं ; "पुणो कच्चरा पप्पडा दिएणभेया" (भवि)।

कच्चवार पुं [**दे**] कतवार, कूड़ा ; (सुक्त ८४)।

कच्चाइणी स्त्री [**कात्यायनी**] देवी-विशेष, चण्डी ; (स ४३७)।

कच्चायण पुं [**कात्यायन**] १ स्वनाम-ख्यात ऋषि-विशेष; (सुज्ज १०)। २ न. कौशिक गोत्र की शाखा-रूप एक गोत्र ; ३ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न; (ठा ७—पत्र ३६०)।

कच्चायणी स्त्री [**कात्यायनी**] पार्वती, गौरी ; (पाअ)।

कच्चि अ [**कच्चित्**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ प्रश्न ; २ मंगल ; ३ अभिलाप ; ४ हर्ष ; (पि २७१; हे २, २१७; २१८)।

कच्चु (अप) ऊपर देखो (हे ४, ३२६)।

कच्चूर पुं [**कर्चूर**] वनस्पति-विशेष, कचूर, काली हलदी; (श्रा २०)।

कच्चोल } पुंन [**कच्चोलक**] पात्र-विशेष, प्याला ;
कच्चोलय } (पउम १०२, १२० ; भवि ; सुपा २०१)।

कच्छ पुं [**कक्ष**] १ काँख, कखरी ; २ वन, जंगल ; (भग ३, ६)। ३ तृण, घास ; ४ शुष्क तृण ; ५ वल्ली, लता ; ६ शुष्क काष्ठों वाला जंगल ; ७ राजा वगैरः का जनानखाना ; ८ हाथी को बाँधने का डोर ; ६ पार्श्व, बाजु ; १० ग्रह-भ्रमण ; ११ कक्षा, श्रेणी ; १२ द्वार, दरवाजा ; १३ वनस्पति-विशेष, गूगल ; १४ बिभीतक वृक्ष; १५ घर की भींत ; १६ स्पर्धा का स्थान ; १७ जल-प्राय देश; (हे २, १७)।

कच्छ पुं. ब. [**कच्छ**] १ स्वनाम-ख्यात देश, जो आज कल भी 'कच्छ' नाम से प्रसिद्ध है; (पउम ६८, ६४ ; दे २, १ टी)। २ जलप्राय देश, जल-बहुल देश; (णाया १, १—पत्र ३३ ; कुमा)। ३ कच्छा; लँगोट ; (सुर २, १६)। ४ इक्षु वगैरः की वाटिका ; (कुमा ; आचा २, ३)। ५ महाविदेह वर्ष में स्थित एक विजय-प्रदेश ; (ठा २, ३)। ६ तट, किनारा ; "गोलाणईए कच्छे, चक्खंतो राइआइ पत्ताइं" (गा १७१)। ७ नदी के जल से वेष्टित वन ; (भग)। ८ भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र ; (आवम)। ६ कच्छ-विजय का एक राजा; १० कच्छ-विजय का अधिष्टायक देव ; (जं ४)। ११ पार्श्ववर्ती प्रदेश ; १२ राजा वगैरः के उद्यान के समीप का प्रदेश ; (उप ६८६ टी)। १२ छन्द-विशेष, दोधक छंद का एक भेद ; (पिंग)। **°कूड** न [**°कूट**] १ माल्यवन्त-नामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर; २ कच्छ-विजय के विभाजक वैताढ्य पर्वत के दक्षिणोत्तर पार्श्ववर्ती दो शिखर ; (ठा ६)। ३ चित्रकूट पर्वत का एक शिखर ; (जं ४)। **°ाहिव** पुं [**°ाधिप**] कच्छ देश का राजा ; (भवि)। **°ाहिवइ** पुं [**°ाधिपति**] कच्छ देश का राजा; (भवि)।

कच्छगावई स्त्री [**कच्छकावती**] महाविदेह वर्ष का एक विजय-प्रदेश ; (ठा २, ३)।

कच्छट्टी स्त्री [**दे**] कछौटी, लंगोटी, कछनी ; (रंभा— टि)।

कच्छभ पुं [**कच्छप**] १ कूर्म, कछुआ ; (पण्ह १, १; णाया १, १)। २ राहु, ग्रह-विशेष ; (भग १२,६)। **°रिंगिय** न [**°रिङ्गित**] गुरु-वन्दन का एक दोष, कछुए की तरह चलते हुए वन्दन करना ; (बृह ३ ; गुभा)।

कच्छभी स्त्री [**कच्छपी**] १ कच्छप-स्त्री, कूर्मी। २ वाद्य-विशेष; (पण्ह २, ५)। ३ नारद की वीणा; (णाया १, १७)। ४ पुस्तक-विशेष ; (ठा ४, २)।

कच्छर पुं [**दे**] पङ्क, कीच, कर्दम ; (दे २, २)।

कच्छरी स्त्री [**कच्छरी**] गुच्छ-विशेष ; (पण्ण १—पत्र ३२)।

कच्छव (अप) पुं **[कच्छ]** स्वनाम-प्रसिद्ध देश-विशेष ; (भवि)।

कच्छअ देखो **कच्छभ** ; (पउम ३४, ३३ ; दे १, १६७ ; गउड)।

कच्छवी देखो **कच्छभी** ; (बृह ३)।

कच्छह देखो **कच्छभ** ; (पाअ)।

कच्छा स्त्री **[कक्षा]** १ विभाग, अंश; (पउम १६, ७०)। २ उरो-बन्धन, हाथी के पेट पर बाँधने की रज्जू ; "उप्पीलियकच्छे" (विपा १, २—पत्र २३ ; औप)। ३ काँख, बगल ; (भग ३, ६ ; प्रामा)। ४ श्रेणि, पङ्क्ति; "चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो दुमस्स पायत्ताणियाहिवस्स सत्त कच्छाओ पण्णत्ताओ" (ठा ७)। ५ कमर पर बाँधने का वस्त्र ; (गा ६८४)। ६ जनानखाना, अन्तःपुर ; (ठा ७)। ७ संशय-कोटि ; ८ स्पर्धा-स्थान ; ९ घर की भींत; १० प्रकोष्ठ ; (हे २, १७)।

कच्छा स्त्री **[कच्छा]** कटि-मेखला, कमर का आभूषण ; (पाअ)। °**वई** स्त्री **[°वती]** देखो **कच्छगावई** ; (जं ४)। °**वईकूड** न **[°वतीकूट]** महाविदेह वर्ष में स्थित ब्रह्मकूट पर्वत का एक शिखर ; (इक)।

कच्छु स्त्री **[कच्छू]** १ खुजली, खाज, रोग-विशेष; (प्रासू २८)। २ खाज को उत्पन्न करने वाली ओषधि, कपिकच्छु; (पण्ह २, ५)। °**ल**, °**ल्ल** वि **[°मत्]** खाज रोग वाला; (राज ; विपा १, ७)।

कच्छुट्टिया स्त्री **[दे. कच्छपटिका]** कछौटी, लंगोटी ; (रंभा)।

कच्छुरिअ वि **[दे]** १ ईर्षित, जिसकी ईर्ष्या की जाय वह; २ न. ईर्ष्या ; (दे २, १६)।

कच्छुरिअ वि **[कच्छुरित]** व्याप्त, खचित ; (कुम्मा ६ टी)।

कच्छुरी स्त्री **[दे]** कपिकच्छु, केवाँच ; (दे २, ११)।

कच्छुल पुं **[कच्छुल]** गुल्म-विशेष ; (पगण १—पत्र ३२)।

कच्छुल्ल पुं **[कच्छुल्ल]** स्वनाम-ख्यात एक नारद-मुनि; (णाया १, १६)।

कच्छू देखो **कच्छु** ; (प्रासू ७२)।

कच्छोटी स्त्री **[दे]** कछौटी, लंगोटी ; (रंभा—टि)।

कज्ज वि **[कार्य]** १ जो किया जाय वह ; २ करने योग्य; ३ जो किया जा सके ; (हे २, २४)। ४ प्रयोजन, उद्देश्य ; "न य साहेइ सकज्जं" (प्रासू १७ ; कप्पू)। ५ कारण, हेतु ; (वव २)। ६ काम, काज ;

"अम्रह परिचिंतिज्जइ, सहरिसकंडुज्जुएण हियएण।
परिणमइ अन्नह चिय, कज्जारंभो विहिवसेण"

(सुर ४, १६)।

°**जाण** वि **[°ज्ञ]** कार्य को जानने वाला ; (उप ६४८)। °**सेण** पुं **[°सेन]** अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न स्वनाम-ख्यात एक कुलकर-पुरुष ; (सम १५०)।

कज्जउड पुं **[दे]** अनर्थ ; (दे २, १७)।

कज्जमाण वि **[क्रियमाण]** जो किया जाता हो वह; "कज्जं च कज्जमाणं च आगमिस्सं च पावगं" (सुअ १,८)।

कज्जल न **[कज्जल]** १ काजल, मसी; २ अञ्जन, सुरमा; (कुमा)। °**प्पभा** स्त्री **[°प्रभा]** सुदर्शना-नामक जम्बू-वृक्ष की उत्तर दिशा में स्थित एक पुष्करिणी; (जीव ३)।

कज्जलइअ वि **[कज्जलित]** १ काजल वाला; २ श्याम, कृष्ण; (पाअ)।

कज्जलंगी स्त्री **[कज्जलाङ्गी]** कज्जल गृह, दीप के ऊपर रखा जाता पात्र, जिसमें काजल इकट्ठा होता है, कजरौटी ; (अंत; णाया १ १—पत्र ६)।

कज्जला स्त्री **[कज्जला]** इस नाम की एक पुष्करिणी; (इक)।

कज्जलाव अक **[ब्रुड्]** डूबना, बूडना। "आउसंतो समणा ! एयं ते णावाए उदयं उत्तिंगेण आसवइ, उवरुवरिं वा णावा कज्जलावेइ" (आचा २, ३, १, १६)। वकृ—**कज्जलावेमाण** ; (आचा २, ३, १, १६)।

कज्जलिअ देखो **कज्जलइअ** ; (से २, ३६ ; गउड)।

कज्जव } पुं **[दे]** १ विष्ठा, मैला ; २ तृण वगैरः का
कज्जवय } समूह, कूडा, कतवार; (दे २, ११ ; उप १७६; ५६३ ; स २६४ ; दे ६, ५६; अणु)।

कज्जिय वि **[कार्यिक]** कार्यार्थी, प्रयोजनार्थी ; (वव ३)।

कज्जोवग पुं **[कार्योपग]** अठासी महाग्रहों में एक ग्रह का नाम ; (ठा २, ३—पत्र ७८)।

कज्झाल न **[दे]** सेवाल, एक प्रकार की घास, जो जलाशयों में लगती है ; (दे २, ८)।

कटरि (अप) अ **[कटरे]** इन अर्थों का द्योतक अव्यय;— १ आश्चर्य विस्मय ; "कटरि थणंतरु मुद्धडहे, जे मणु विच्चि न माइ" (हे ४, ३५०)। २ प्रशंसा, श्लाघा ;

" कटरि भालु सुविसालु, कटरि मुहकमल पसन्निम " (धम्म ११ टी)।

कटार (अप) न [**दे**] छुरी, छुरिका ; (हे ४, ४४५)।

कट्ट सक [**कृत्**] काटना, छेदना। कट्टइ; (भवि)। संकृ—**कट्टि, कट्टिवि, कट्टिअ** ; (रंभा ; भवि ; पिंग)।

कट्ट वि [**कृत्त**] काटा हुआ, छिन्न ; (उप १८०)।

कट्ट न [**कष्ट**] १ दुःख ; २ वि. कष्ट-कारक, कष्ट-दायी ; (पिंग)।

कट्टर न [**दे**] खगड, अंश, टुकड़ा ; " से जहा चित्तय-कट्टरे इ वा वियाणपट्टे इ वा " (अनु)।

कट्टारय न [**दे**] छुरी, शस्त्र-विशेष ; (स १४३)।

कट्टारी स्त्री [**दे**] छुरिका, छुरी ; (दे २, ४)।

कट्टिअ वि [**कर्त्तित**] काटा हुआ, छेदित ; (पिंग)।

कट्टु वि [**कर्त्तृ**] कर्ता, करने वाला ; (षड्)।

कट्टु अ [**कृत्वा**] करके ; (गाया १, ५ ; कप्प ; भग)।

कट्टोरग पुं [**दे**] कटोरा, प्याला, पात्र-विशेष ; " तओ पामेहिं करोडगा कट्टोरगा मंकुआ सिप्पाओ य ठविज्जंति " (निचू १)।

कट्ठ न [**कष्ट**] १ दुःख, पीड़ा, व्यथा ; (कुमा)। २ पाप ; ३ वि. कष्ट-दायक, पीड़ा-कारक ; (हे २, ३४ ; ६०)। °**हर** न [°**गृह**] कठघरा, काठ की बनी हुई चार-दिवारी ; (सुर २. १८१)।

कट्ठ न [**काष्ठ**] काठ , लकडी ; (कुमा; सुपा ३५४)। २ पुं. राजगृह नगर का निवासी एक स्वनाम-ख्यात श्रेष्ठी। (आवम)। °**कम्मंत** न [°**कर्मान्त**] लकड़ी का कारखाना ; (आचा २, २)। °**करण** न [°**करण**] श्यामक-नामक गृहस्थ के एक खेत का नाम; (कप्प)। °**कार** पुं [°**कार**] काठ-कर्म से जीविका चलाने वाला; (अणु)। °**कोलंब** पुं [°**कोलम्ब**] वृक्ष की शाखा के नीचे झुकता हुआ अग्र-भाग ; (अनु)। °**खाय** पुं [°**खाद**] कीट विशेष, घुण ; (ठा ४)। °**दल** न [°**दल**] रहर की दाल ; (राज)। °**पाउया** स्त्री [°**पादुका**] काठ का जुता, खडाऊँ ; (अनु ४)। °**पुत्तलिया** स्त्री [°**पुत्तलिका**] कठपुतली ; (अणु)। °**पेज्जा** स्त्री [°**पेया**] १ मुंग वगैरः का क्वाथ ; २ घृत से तली हुई तण्डुल की राब ; (उवा)। °**महु** न [°**मधु**] पुष्प-मकरन्द ; (कुमा)। °**मूल** न [°**मूल**] द्विदल धान्य, जिसका दो टुकड़ा समान होता है ऐसा चना, मुंग आदि अन्न ; (बृह १)। °**हार** पुं. [°**हार**] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष, क्षुद्र कीट-विशेष ; (जीव १)। °**हारय** पुं [°**हारक**] कठहरा, लकड़हारा ; (सुपा ३८५)।

कट्ठ वि [**कृष्ट**] विलिखित, चासा हुआ ; " खीरदुमहेट्ठपंथ-कट्ठोल्ला इंधणे य मीसो य " (ओघ ३३६)।

कट्ठण न [**कर्षण**] आकर्षण, खींचाव ; (गउड)।

कट्ठा स्त्री [**काष्ठा**] १ दिशा ; (सम ८८)। २ हद, सीमा ; " कवडस्स अहो परा कट्ठा " (श्रा १६)। ३ काल का एक परिमाण, अठारह निमेष ; (तंदु)। ४ प्रकर्ष ; (सुज्ज ६)।

कट्ठिअ पुं [**दे**] चपरासी, प्रतीहार ; (दे २, १५)।

कट्ठिअ वि [**काष्ठित**] काठ से संस्कृत भीत वगैरः; (आचा २, २)।

कट्ठिण देखो **कढिण** ; (नाट—मालती ५६)।

कड वि [**दे**] १ क्षीण, दुर्बल ; २ मृत, विनष्ट ; (दे २, ५१)।

कड वि [**कट**] १ गण्ड-स्थल, गाल ; (गाया १, १—पत्र ६५)। २ तृण, घास ; ३ चटाई, आस्तरण-विशेष ; (ठा ४, ४—पत्र २७१)। ४ लकडी, यष्टि ; " तेसिं च जुद्धं लयालिट्ठुकडपासाणदंतनिवाएहिं " (वसु)। ५ वंश, बाँस; (विपा १, ६; ठा ४, ४)। ६ तृण-विशेष ; (ठा ४, ४)। ७ छिला हुआ काष्ठ ; (आचा २, २, १)। °**च्छेज्ज** न [°**च्छेद्य**] कला-विशेष ; (औप ; जं २)। °**यड** न [°**तट**] १ कटक का एक भाग; २ गण्ड-तल ; (गाया १, १)। °**पूयणा** स्त्री [°**पूतना**] व्यन्तरी-विशेष ; (विसे २५४६)।

कड वि [**कृत**] १ किया हुआ, बनाया हुआ, रचित ; (भग ; पण्ह २, ४ ; विपा १, १ ; कप्प ; सुपा २६)। २ युग-विशेष, सत्ययुग ; (ठा ४, ३)। ३ चार की संख्या; (सुअ १, २)। °**जुग** न [°**युग**] सत्य युग, उन्नति का समय, आदि युग, १७२८००० वर्षों का यह युग होता है ; (ठा ४, ३)। °**जुम्म** पुं [°**युग्म**] राशि-विशेष, चार से भाग देने पर जिसमें कुछ भी शेष न बचे ऐसी राशि ; (ठा ४, ३)। °**जुम्मकडजुम्म** पुं [°**युग्म-कृतयुग्म**] राशि-विशेष ; (भग ३४, १)। °**जुम्म-**

लिओय [°युग्मकल्योज] राशि-विशेष; (भग ३४, १)। °जुम्मतेओग पुं [°युग्मत्र्योज] राशि-विशेष ; (भग ३४, १)। °जुम्मदावरजुम्म पुं [°जुग्मद्वापरयुग्म] राशि-विशेष ; (भग ३४, १) °जोगि वि [°योगिन्] १ कृत-क्रिय; (निचू १)। २ गीतार्थ, ज्ञानी ; (ओघ १३४ भा)। ३ तपस्वी ; (निचू १)। °वाइ पुं [°वादिन्] सृष्टि को नैसर्गिक न मान कर किसी की बनाई हुई मानने वाला, जगत्कर्तृत्व-वादी ; (सूम १, १, १)। °ाइ पुं [°ादि] देखो °जोगि; (भग; णाया १, १—पत्र ७४)। देखो कय=कृत।

कडअल्ल पुं [दे] दौवारिक, प्रतीहार ; (दे २, १५)।

कडअल्ली स्त्री [दे] कण्ठ, गला ; (दे २, १५)।

कडइअ पुं [दे] स्थपति, वर्द्धई ; (दे २, २२)।

कडइअ वि [कटकित] वलय की तरह स्थित ; (से १२, ४१)।

कडइल्ल पुं [दे] दौवारिक, प्रतीहार ; (दे २, १५)।

कडंगर न [कडङ्गर] तुष, छिलका ; (सुपा १२६)।

कडंत न [दे] मूली, कन्द-विशेष ; २ मुसल ; (दे २, ५६)।

कडंतर न [दे] पुराना सूर्प आदि उपकरण ; (दे २, १६)।

कडंतरिअ वि [दे] दारित, विदारित, विनाशित; (दे २,२०)।

कडंब पुं [कडम्ब] वाद्य-विशेष ; (विसे ७८ टी)।

कडंभुअ न [दे] १ कुम्भग्रीव-नामक पात्र-विशेष; २ घड़े का कण्ठ-भाग ; (दे २, २०)।

कडक देखो **कडग** ; (नाट—रत्ना ५८)।

कडकडा स्त्री [कडकडा] अनुकरण-शब्द विशेष, कड-कड आवाज; (स २५७ ; पि ५५८; नाट—मालती ५६)।

कडकडिअ वि [कडकडित] जिसने कड़-कड़ आवाज किया हो वह, जीर्ण ; (सुर ३, १६३)।

कडकडिर वि [कडकडायितृ] कड-कड आवाज करने वाला ; (सण)।

कडक्ख पुं [कटाक्ष] कटाक्ष, तिरछी चितवन, भाव-युक्त दृष्टि, आँख का संकेत ; (पाअ ; सुर १,४३; सुपा ६)।

कडक्ख सक [कटाक्षय्] कटाक्ष करना। कडक्खइ ; (भवि)। संकृ—**कडक्खेवि** ; (भवि)।

कडक्खण न [कटाक्षण] कटाक्ष करना ; (भवि)।

कडक्खिअ वि [कटाक्षित] १ जिस पर कटाक्ष किया गया हो वह ; (रंभा)। २ न. कटाक्ष ; (भवि)।

कडग पुंन [कटक] १ कडा, वलय, हाथ का आभूषण-विशेष ; (णाया १, १)। २ यवनिका, परदा ; "अन्नस्स सगगमणं होही कडंतरण तं सव्वं। निसुयमुव-ज्झाएणं" (उप १६६ टी)। ३ पर्वत का मूल भाग ; ४ पर्वत का मध्य भाग ; ५ पर्वत की सम भूमि; ६ पर्वत का एक भाग ; "गिरिकंदरकडगविसमदुग्गेसु" (पव ८२ ; पण्ह १, ३ ; णाया १, ४ ; १८)। ७ शिबिर, सेना रहने का स्थान; (बृह २)। ८ पुं. देश-विशेष; (णाया १, १—पत्र ३३)। देखो **कडय**।

कडच्छु स्त्री [दे] कर्छी, चमची, डोई ; (दे २, ७)।

कडण न [कदन] १ मार डालना, हिंसा ; (कुमा)। २ नाश करना ; ३ मर्दन ; ४ पाप ; ५ युद्ध ; ६ विह्वलता, आकुलता ; (हे १, २१७)।

कडण न [कटन] १ घर को छत ; २ घर पर छत डालना; (गच्छ १)।

कडणा स्त्री [कटना] घर का अवयव-विशेष ; (भग ८, ६)।

कडणी स्त्री [कटनी] मेखला ; "सुरगिरिकडणिपरिट्ठिय-चंदाइच्चाण सिग्गिमणुहरंति" (सुपा ६१५)।

कडतला स्त्री [दे] लोहे का एक प्रकार का हथियार, जो एक धार वाला और वक्र होता है ; (दे २, १६)।

कडत्तरिअ [दे] देखो **कडंतरिअ** ; (भवि)।

कडद्दरिअ वि [दे] १ छिन्न, काटा हुआ ; २ न. छिद्रता ; (षड्)।

कडप्प पुं [दे. कटप्र] १ समूह, निकर, कलाप ; (दे २, १३ ; षड् ; गउड ; सुपा ६२ ; भवि ; विक्र ६५)। २ वस्त्र का एक भाग ; (दे २, १३)।

कडय देखो **कडग**; (सुर १, १६३; पाअ ; गउड; महा; सुपा १६२ ; दे ५, ३३)। ६ लश्कर, सैन्य ; (ठा ६)। १० पुं. काशी देश का एक राजा; (महा)। °वई स्त्री [°वती] राजा कटक की एक कन्या ; (महा)।

कडयड पुं [कडकड] कड़-कड़ आवाज; "कत्थइ खरपव-हाणयकडम (? य) डभज्जंतदुमगहणं" (पउम ६४, ४४)।

कडयडिय वि [दे] परावर्त्तित, फिराया हुआ, घुमाया हुआ; "नं कुम्मह कडयडिय पिट्ठि नं पविहिउ गिरिवरु" (सुपा १७६)।

कडसक्करा स्त्री [दे] वंश-शलाका, बाँस की सलाई; (विपा १, ६)।

कडसी स्त्री [**दे**] स्मशान, मसाण ; (दे २, ६)।
कडहू पुं [**कटभू**] वृक्ष-विशेष ; (बृह १)।
कडा स्त्री [**दे**] कडी, सिकली, जंजीर की लडी ; "वियडक-वाडकडाणं खडक्खओ निसुणिओ तत्तो" (सुपा ४१४)।
कडार न [**दे**] नालिकेर, नरियर ; (दे २, १०)।
कडार पुं [**कडार**] १ वर्ण-विशेष, तामड़ा वर्ण, भूरा रंग ; २ वि. कपिल वर्ण वाला, भूरा रंग का, मटमैला रंग का ; (पाअ ; रयण ७७ ; सुपा ३३; ६२)।
कडाली स्त्री [**दे. कटालिका**] घोड़े के मुँह पर बाँधने का एक उपकरण ; (अनु ६)।
कडाह पुं [**कटाह**] १ कड़ाह, लोहे का पात्र, लोहे की बड़ी कड़ाही ; (अनु ६ ; नाट—मृच्छ ३)। २ वृक्ष-विशेष ; (पउम १३, ७६)। ३ पाँजर की हड्डी, शरीर का एक अवयव ; (पगण १)।
कडाहपरहत्थिअ न [**दे**] दोनों पार्श्वों का अपवर्तन, पार्श्वों को घुमाना-फिराना ; (दे २, २५)।
कडि स्त्री [**कटि**] १ कमर, कटी ; (विपा १, २ ; अनु ६)। २ वृक्षादि का मध्य भाग ; (जं १)। °**तड** न [°**तट**] १ कटी-तल ; २ मध्य भाग ; (गय)। °**पट्टय** न [°**पट्टक**] धोती, वस्त्र-विशेष ; (बृह ४)। °**पत्त** न [°**पत्र**] १ सर्गादि वृक्ष की पत्ती; २ पतली कमर; (अनु ५)। °**यल** न [°**तल**] कटी-प्रदेश ; (भवि)। °**ल्ल** वि [°**टीय**] देखो **कडिल्ल** (दे) का २ रा अर्थ। °**वट्टी** स्त्री [°**पट्टी**] कमर का पट्टा, कमर-पट्टा ; (सुपा ३३१)। °**वत्थ** न [°**वस्त्र**] धोती, कमर में पहनने का कपड़ा; (दे २, १७)। °**सुत्त** न [°**सूत्र**] कमर का आभूषण, मेखला; (सम १८३ ; कप्पू)। °**हत्थ** पुं [°**हस्त**] कमर पर रखा हुआ हाथ ; (दे २, १७)।
कडिअ वि [**कटित**] १ कट—चटाई से आच्छादित ; (कप्प)। २ कट से संस्कृत ; (आचा २, २, १)। ३ एक दूसरे में मिला हुआ ; "घणकडियकडिच्छाए" (औप)।
कडिअ वि [**दे**] प्रीणित, खुश किया हुआ; (षड्)।
कडिखंभ पुं [**दे**] १ कमर पर रक्खा हुआ हाथ ; (पाअ; दे २, १७)। २ कमर में किया हुआ आघात ; (दे २, १७)।
कडित्त देखो **कलित्त**; (गाया १, १ टी—पत्र ६)।
कडिभिल्ल न [**दे**] शरीर के एक भाग में होने वाला कुष्ठ-विशेष ; (बृह ३)।

कडिल्ल वि [**दे**] १ छिद्र-रहित; निश्छिद्र ; (दे २, ५२ ; षड्)। २ न. कटी-वस्त्र, कमर में पहनने का वस्त्र, धोती वगैरः ; (दे २, ५२ ; पाअ ; षड् ; सुपा १५२ ; कप्पू ; भवि ; विसे २६००)। ३ वन, जंगल, अटवी ;

"संसारभवकडिल्ले, संजोगवियोगसोगतरुगहणे ।
कुपहपणट्ठाण तुमं, सत्थाहो नाह ! उप्पन्नो ।।"

(पउम २, ४५ ; वव २; दे २, ५२)। ४ गहन, निबिड, सान्द्र ; "झिल्लिभिल्लायइकडिल्लं" (उप १०३१ टी ; दे २, ५२; षड्)। ५ आशीर्वाद, आसीस; ६ पुं. दौवारिक, प्रतीहार ; ७ विपक्ष, शत्रु, दुश्मन ; (दे २, ५२ ; षड्)। ८ कटाह, लोहे का बडा पात्र ; (ओघ ६३)। ९ उपकरण-विशेष ; (दस ६)।
कडी देखो **कडि** ; (सुपा २२६)।
कडु) पुं [**कटुक**] १ कडुआ, तिक्त, रस-विशेष ; (ठा **कडुअ**) १)। २ वि. तित्ता, तिक्त रस वाला; (से १,६१; कुमा)। ३ अनिष्ट ; (पगह २, ५)। ४ दारुण, भयंकर ; (पगह १, १)। ५ परुष, निष्ठुर ; (नाट—रत्ना ६६)। ६ स्त्री. वनस्पति-विशेष, कुटकी ; (हे २, १५५)।
कडुअ (शौ) अ [**कृत्वा**] करके ; (हे २, २७२)।
कडुआल पुं [**दे**] घण्टा, घण्ट ; (दे २, ५७)। २ छोटी मछली ; (दे २, ५७ ; पाअ)।
कडुइय वि [**कटुकित**] १ कडुआ किया हुआ। २ दूषित ; (गउड)।
कडुइया स्त्री [**कटुकी**] वल्ली-विशेष, कुटकी; (पगण १)।
कडुच्छय / **कडुच्छु** / **कडुच्छुय** पुंस्त्री (**दे**) देखो **कडच्छु** ; "धूवकडुच्छय-हत्था" (सुपा ५१; पाअ ; निर ३, १ ; धम्म ६ टी; भग ५, ७)।
कडुयाविय वि [**दे**] १ प्रहत, जिस पर प्रहार किया गया हो वह ; (उप पृ ६५)। २ व्यथित, पीडित, "सा य (चोरधाडी) कुमारपहारकडुयाविया भग्गा परम्मुहा कया" (महा)। ३ हराया हुआ, पराभूत ; ४ भारी विपद् में फँसा हुआ ; (भवि)।
कडूइद (शौ) वि [**कटूकृत**] कटुक किया हुआ ; (नाट)।
कडेवर न [**कलेवर**] शरीर, देह ; (राय ; हे ४, ३६५)।

कड्ढ सक [**कृष्**] १ खींचना। २ चास करना। ३ रेखा करना। ४ पढ़ना। ५ उच्चारण करना। कड्ढइ; (हे ४, १८७)। वकृ—**कड्ढंत, कड्ढमाण**; (गा ६८७; महा)। कवकृ—**कड्ढिज्जंत, कड्ढिज्जमाण**; (से ५, २६; ६, ३६; पगह १, ३)। संकृ—**कड्ढिऊण, कड्ढेउं, कड्ढित्तु, कड्ढिय**; (महा), " कड्ढेत्तु नमोक्कारं " (पंचव), **कड्ढिउं**; (पि ५७७)। कृ—**कड्ढेयव्व**; (सुपा २३६)।

कड्ढ पुं [**कर्ष**] खींचाव, आकर्षण; (उत्त १६)।

कड्ढण न [**कर्षण**] १ खींचाव, आकर्षण; (सुपा २६२)। २ वि. खींचने वाला, आकर्षक; (उप पृ २७७)।

कड्ढणया स्त्री [**कर्षणता**] आकर्षण; (उप पृ २७७)।

कड्ढाविय वि [**कर्षित**] खींचवाया हुआ, बाहर निकलवाया हुआ; (भवि)।

कड्ढिय वि [**कृष्ट**] १ आकृष्ट, खींचा हुआ; (पगह १, ३)। २ पठित, उच्चारित; (स १८२)।

कड्ढोकड्ढ न [**कर्षापकर्ष**] खींचातान; (उत्त १६)।

कढ सक [**क्वथ्**] १ क्वाथ करना। २ उबालना। ३ तपाना, गरम करना। कढइ; (हे ४, २२०)। वकृ—**कढमाण**; (पि २२१)। कवकृ—" राया जंपइ एयं सिंचह रे रे **कढंत**तिल्लेण " (सुपा १२०), **कढीअमाण**; (पि २२१)।

कढकढकढेंत वि [**कडकडायमान**] कड़ कड़ आवाज करता; (पउम २१, ५०)।

कढिअ वि [**क्वथित**] १ उबाला हुआ; २ खूब गरम किया हुआ; " कढिओ खलु निंबरसो अइकडुओ एव जाएइ " (श्रा २७; ओघ १४७; सुपा ४९६)।

कढिआ स्त्री [**दे**] कढ़ी, भोजन-विशेष; (दे २, ६७)।

कढिण, **कढिणग** वि [**कठिन**] १ कठिन, कर्कश, कठोर, परुष; (पगह १, ३; पाअ)। २ न. तृण-विशेष; (आचा २, २, ३)। ३ पर्ण, पत्ती; (पगह २, ५)।

कढोर वि [**कठोर**] १ कठिन, परुष, निष्ठुर। २ पुं. इस नाम का एक राजा; (पउम ३२, २३)।

कण सक [**क्वण्**] शब्द करना, आवाज करना। कणइ; (हे ४, २३९)। वकृ—**कणंत**; (सुर १०, २१८; वज्जा ६६)।

कण सक [**कण्**] आवाज करना। कणइ; (हे ४, २३९)।

कण पुं [**कण**] १ कणा, लेश; " गुणकणमवि परिकहिउं न सक्कइ" (सार्ध ७६)। २ विकीर्ण दाना; (कुमा)। ३ वनस्पति-विशेष; (पगण १)। ४ पुं. एक म्लेच्छ देश; (राज)। ५ ग्रह विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ७७)। ६ तण्डुल, ओदन; (उत्त १२)। ७ कनिक; (आचा २, १)। ८ बिंदु; " बिंदुइअं कणइअं " (पाअ)। °**इअ** वि [°**वत्**] बिन्दु वाला; (पाअ)। °**कुंडग** पुं [°**कुण्डक**] ओदन की बनी हुई एक भक्ष्य वस्तु; "कणकुंडगं चइत्ताणं विट्ठं भुंजइ सूअरो " (उत्त १२)। °**पूपलिया** स्त्री [°**पूपलिका**] भाजन-विशेष, कणिक की बनाई हुई एक खाद्य वस्तु; (आचा २, १)। °**भक्ख** पुं [°**भक्ष**] वैशेषिक मत का प्रवर्तक एक ऋषि; (राज)। °**वित्ति** स्त्री [°**वृत्ति**] भिक्षा, भीख; (सुपा २३४)। °**वियाणग** पुं [°**वितानक**] देखो **कणग-वियाणग**; (सुज्ज २०; इक)। °**संताणय** पुं [°**संतानक**] देखो **कणग-संताणय**; (इक)। °**द्द** पुं [°**ाद**] वैशेषिक मत का प्रवर्तक ऋषि; (विसे २१९४)। °**यण्ण** वि [°**ाकीर्ण**] बिन्दु वाला; (पाअ)।

कण पुं [**क्वण**] शब्द, आवाज; (उप पृ १०३)।

कणइकेउ पुं [**कनकिकेतु**] इस नाम का एक राजा; (दंस)।

कणइपुर न [**कनकिपुर**] नगर-विशेष; जो महाराज जनक के भाई कनक की राजधानी थी; (ती)।

कणइर पुं [**कर्णिकार**] कणेर, वनस्पति-विशेष; (पगण १—पत्र ३२)।

कणइल्ल पुं [**दे**] शुक, तोता; (दे २, २१; षड्; पाअ)।

कणई स्त्री [**दे**] लता, वल्ली; (दे २, २५; षड्; स ४१६; पाअ)।

कणंगर न [**कनङ्गर**] पाषाण का एक प्रकार का हथियार; (विपा १, ६)।

कणकण पुं [**कणकण**] कण-कण आवाज; (आवम)।

कणकणकण अक [**दे**] कण कण आवाज करना। कणकणकणंति; (पउम २६, ५३)। वकृ—**कणकणकणंत**; (पउम ५३, ८६)।

कणकणग पुं [**कनकनक**] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष; (ठा २, ३)।

कणक्कणिअ वि [**क्वणक्वणित**] कण-कण आवाज वाला, (कप्पू)।

कणग देखो **कण** ; (कप्प)।

कणग (**दे**) देखो **कणय**= (दे) ; (पराह १, २)।

कणग पुं [**कनक**] १ ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष ; (ठा २, ३—पत्र ७७)। २ रेखा-सहित ज्योतिः-पिण्ड, जो आकाश से गिरता है ; (ओघ ३१० भा; जी ६)। ३ बिन्दु ; ४ शलाका, सलाई ; (राज)। ५ घृतवर द्वीप का अधिपति देव ; (सुज्ज १६)। ६ बिल्व वृक्ष, बेल का पेड़ ; (उत्तर)। ७ न. सुवर्ण, सोना ; (सं ६४ ; जी ३)। °**कंत** वि [°**कान्त**] १ कनक की तरह चमकता ; (आचा २, ५, १)। २ पुं. देव-विशेष ; (दीव)। °**कूड** न [°**कूट**] १ पर्वत-विशेष का एक शिखर; (जं ४)। २ पुं स्वर्ण-मय शिखर वाला पर्वत ; (जीव ३)। °**केउ** पुं [°**केतु**] इस नाम का एक राजा ; (णाया १, १४)। °**गिरि** पुं [°**गिरि**] १ मेरु पर्वत; २ स्वर्ण-प्रचुर पर्वत ; (औप)। °**ज्झय** पुं [°**ध्वज**] इस नाम का एक राजा ; (पंचा ५)। °**पुर** न [°**पुर**] नगर-विशेष ; (विपा २, ६)। °**प्पभ** पुं [°**प्रभ**] देव-विशेष ; (सुज्ज १६)। °**प्पभा** स्त्री [°**प्रभा**] १ देवी-विशेष; २ 'ज्ञाताधर्मसूत्र' का एक अध्ययन ; (णाया २, १)। °**फुल्लिअ** न [**पुष्पित**] जिसमें सोने के फूल लगाए गये हों ऐसा वस्त्र ; (निचू ७)। °**माला** स्त्री [°**माला**] १ एक विद्याधर की पुत्री ; (उत्त ६)। २ एक स्वनाम-ख्यात साध्वी ; (सुर १५, ६७)। °**रह** पुं [°**रथ**] इस नाम का एक राजा ; (ठा ७ ; १०)। °**लया** स्त्री [°**लता**] चमरेन्द्र के सोम नामक लोकपाल-देव की एक अग्र-महिषी ; (ठा ४, १—पत्र २०४)। °**वियाणग** पुं [°**वितानक**] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ७७)। °**संताणग** पुं [°**संतानक**] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष ; (ठा २, ३—पत्र ७७)। °**ावलि** स्त्री [°**ावलि**] १ सुवर्ण का एक आभूषण, सुवर्ण के मणियों से बना आभूषण ; (अंत २७)। २ तप विशेष, एक प्रकार की तपश्चर्या ; (औप)। ३ पुं. द्वीप-विशेष ; ४ समुद्र विशेष; (जीव ३)। °**ावलिपविभत्ति** स्त्री [°**ावलि-प्रविभक्ति**] नाट्य का एक प्रकार ; (राय)। °**ावलिभद्द** पुं [°**ावलिभद्र**] कनकावलि द्वीप का एक अधिष्ठायक देव ; (जीव ३)। °**ावलिमहाभद्द** पुं [°**ावलिमहाभद्र**] कनकावलिवर-नामक समुद्र का एक अधिष्ठायक देव ; (जीव ३)। °**ावलिमहावर** पुं [°**ावलिमहावर**] कनकावलिवर-नामक समुद्र का एक अधिष्ठाता देव; (जीव ३)। °**ावलिवर** पुं [°**ावलिवर**] १ इस नाम का एक द्वीप ; २ इस नाम का एक समुद्र ; ३ कनकावलिवर समुद्र का अधिष्ठाता देव-विशेष ; (जीव ३)। °**ावलिवरभद्द** पुं [°**ावलिवरभद्र**] कनकावलिवर द्वीप का एक अधिपति देव; (जीव ३)। °**ावलिवरमहाभद्द** पुं [°**ावलिवरमहाभद्र**] कनकावलिवर-नामक द्वीप का एक अधिष्ठाता देव; (जीव ३)। °**ावलिवरोभास** पुं [°**ावलिवरावभास**] १ इस नाम का एक द्वीप ; २ इस नाम का एक समुद्र ; (जीव ३)। °**ावलिवरोभासभद्द** पुं [°**ावलिवरावभासभद्र**] कनकावलिवरावभास द्वीप का एक अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**ावलिवरोभासमहाभद्द** पुं [°**ावलिवरावभासमहाभद्र**] कनकावलिवरावभास द्वीप का एक अधिष्ठाता देव; (जीव ३)। °**ावलिवरोभासमहावर** पुं [°**ावलिवरावभासमहावर**] कनकावलिवरावभास-समुद्र का एक अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**ावलिवरोभासवर** पुं [°**ावलिवरावभासवर**] कनकावलिवरावभास-समुद्र का एक अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**ावली** स्त्री [°**ावली**] देखो °**ावलि** का १ला और २रा अर्थ ; (पत्र २७१)। देखो **कणय**=कनक।

कणगा स्त्री [**कनका**] १ भीम-नामक राक्षसेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ४, २—पत्र ७७)। २ चमरेन्द्र के सोम-नामक लोकपाल की एक अग्र-महिषी ; (ठा ४, १)। ३ 'णायाधम्मकहा' सूत्र का एक अध्ययन; (णाया २, १)। ४ क्षुद्र जन्तु-विशेष की एक जाति, चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष ; (जीव १)।

कणगुत्तम पुं [**कनकोत्तम**] इस नाम का एक देव ; (दीव)।

कणय पुं [**दे**] १ फूलों को इकट्ठा करना, अवचय; २ बाण, शर ; "असिखिडयकणयतोमर—" पउम ८, ८८ ; पराह १, १ ; दे २, ५६ ; पाअ)।

कणय देखो **कणग**=कनक; (ओघ ३१० भा ; प्रासू १५६; हे १, २२८ ; उव ; पाअ ; महा; कुमा)। ८ पुं. राजा जनक के एक भाई का नाम ; (पउम २८, १३२)। ६ रावण का इस नाम का एक सुभट ;

(पउम ५६, ३२)। १० धतूरा, वृक्ष-विशेष ; (से ६, ४८)। ११ वृक्ष-विशेष ; (पण्ण १—पत्र ३३)। १२ न. छन्द-विशेष ; (पिंग)। °पव्वय पुं [°पर्वत] देखो **कणग-गिरि** ; (सुपा ४३)। °**मय** वि [°**मय**] सुवर्ण का बना हुआ ; (सुपा २०)। °**प्पभ** न [°**प्रभ**] विद्याधरों का एक नगर ; (इक)। °**ली** स्त्री [°**ली**] घर का एक भाग; (गाया १, १—पत्र १२)। °**वली** स्त्री [°**वली**] देखो **कणगावली**। ३ एक राज-पत्नी ; (पउम ७, ४५)।

कणयंदी स्त्री [**दे**] वृक्ष विशेष, पाउरी, पाढल; (दे २, ५८)।

कणवीर पुं [**करवीर**] १ वृक्ष-विशेष, कनेर ; (हे १, २५३ ; सुपा १५१)। २ न. कनेर का फूल ; (पण्ह १, ३)।

कणि पुंस्त्री [**दे**] स्फुरण , स्फूर्ति, " कणी फुरणं " (पाअ)।

कणिआर देखो **कण्णिआर** ; (कुमा ; प्राप्र ; हे २, ६५)।

कणिआरिअ वि [**दे**] १ कानी आँख से जो देखा गया हो वह ; २ न. कानी नजर से देखना ; (दे २, २४)।

कणिका स्त्री [**कणिका**] कनेक, रोटी के लिए पानी से भिजाया हुआ आटा ; (दे १, ३७)।

कणिक्क वि [**कणिक्क**] मत्स्य-विशेष ; (जीव १)।

कणिक्का देखो **कणिका**; (श्रा १४)।

कणिट्ठ वि [**कनिष्ठ**] १ छोटा, लघु ; (पउम १५, १२ ; हे २, १७२)। २ निकृष्ट, जघन्य ; (रंभा)।

कणिय न [**कणित**] १ आर्त-स्वर ; २ आवाज, ध्वनि ; (आव ४)।

कणिय° } देखो **कणिका** ; (कप्प)। २ कणिका, चावल
कणिया } का टुकड़ा ; (आचा २, १, ८)। °**कुंडग** देखो **कण-कुंडग** ; (स ४८७)।

कणिया स्त्री [**क्वणिता**] वीणा-विशेष ; (जीव ३)।

कणिर वि [**कणितृ**] आवाज करने वाला ; (उप पृ १०३; पाअ)।

कणिल्ल न [**कनिल्य**] नक्षत्र-विशेष का गोत्र ; (इक)।

कणिस न [**कणिश**] सस्य-शीर्षक, धान्य का अग्र-भाग ; (दे २, ६)।

कणिस न [**दे**] किंशारु, सस्य-शूक, सस्य का तीक्ष्ण अग्र भाग ; (दे २, ६ ; भवि)।

कणीअ } वि [**कनीयस्**] छोटा, लघु ; " तस्स भाया
कणीअस } कणीयसो पहू नामं " (वसु ; वेणी १७६ ; कप्प ; अंत १४)।

कणीणिगा स्त्री [**कनीनिका**] १ आँख की तारा ; २ छोटी उंगली ; (राज)।

कणुय न [**कणुक**] त्वग् वगैरः का अवयव; (आचा २,१,८)।

कणूया देखो **कणिया** = कणिका ; (कस)।

कणेड्डुआ स्त्री [**दे**] गुञ्जा, घुङ्गची ; (दे २, २१)।

कणेर देखो **कण्णिआर** ; (हे १, १६८ ; प २५८)।

कणेरु } स्त्री [**करेणु**] हस्तिनी, हाथिन ; (हे २,
कणेरुया } ११६ ; कुमा ; गाया १, १—पत्र ६४)।

कणोवअ न [**दे**] गरम किया हुआ जल, तेल वगैरः ; (दे २, १६)।

कण्ण पुं [**कन्या**] राशि-विशेष, कन्या-राशि ; " बुहो य कण्णम्मि वट्टए उच्चो " (पउम १७, ८१)।

कण्ण पुं [**कण्व**] इस नामका एक परिव्राजक, ऋषि विशेष ; (औप ; अभि २६२)।

कण्ण पुंन [**कर्ण**] १ कान , श्रवण , श्रोत्र ; " कण्णाइं " (वि ३५८ ; प्रास २)। २ अङ्ग देश का इस नाम का एक राजा , युधिष्ठिर का बड़ा भाई ; (गाया १, १६) °**उर**, °**ऊर** न [°**पूर**] कान का आभूषण; (प्राप्र ; हेका ४५)। °**गइ** स्त्री [°**गति**] मेरु-सम्बन्धी एक डोरी ; (जो १०)। °**जयसिंहदेव** पुं [°**जयसिंहदेव**] गुजरात देश का बारहवीं शताब्दी का एक यशस्वी राजा ; (ती)। °**देव** पुं [°**देव**] विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का सौराष्ट्र-देशीय एक राजा ; (ती)। °**धार** पुं [°**धार**] नाविक , निर्यामक ; (गाया १, ८)। °**पाउरण** पुं [°**प्रावरण**] १ इस नाम का एक अन्तर्द्वीप ; २ उस अन्तर्द्वीप का निवासी ; (पण्ण १)। °**पावरण** देखो °**पाउरण** ; (इक)। °**पीढ** न [°**पीठ**] कान का एक प्रकार का आभूषण ; (ठा ६)। °**पूर** देखो °**ऊर**; (गाया १, ८)। °**रवा** स्त्री [°**रवा**] नदी-विशेष ; (पउम ४०, १३)। °**वालिया** स्त्री [°**वालिका**] कान के ऊपर भाग में पहना जाता एक प्रकार का आभूषण; (औप)। °**वेहणग** न [°**वेधनक**] उत्सव-विशेष, कर्णवेधोत्सव ; (औप)। °**सक्कुली** स्त्री [°**शष्कुली**] १ कान का छिद्र ; २ कान की

लंबाई ; (गाया १, ८) । °सोहण न [°शोधन] कान का मैल निकालने का एक उपकरण ; (निचू ४) । °हार पुं [°धार] देखो °धार ; (अच्चु २४ ; स ३२७) । देखो **कन्न** ।

कण्णउज्ज पुं [**कान्यकुब्ज**] १ देश-विशेष, दोआब, गङ्गा और यमुना नदी के बीच का देश; २ न. उस देश का प्रधान नगर, जिसको आजकल 'कनौज' कहते हैं ; (ती ; कप्पू) ।

कण्णंबाल न [**दे**] कान का आभूषण—कुण्डल वगैरः ; (दे २, २३) ।

कण्णगा देखो **कन्नगा** ; (आव ४) ।

कण्णच्छुरी स्त्री [**दे**] गृह-गोधा, छिपकली ; (दे २, १६) ।

कण्णडय (अप) देखो **कण्ण** ; (हे ४, ४३२; ४३३) ।

कण्णल (अप) वि [**कर्णाट**] १ देश-विशेष, कर्णाटक; २ वि. उस देश का निवासी ; (पिंग) ।

कण्णस वि [**कन्यस**] अधम, जघन्य ; (उत्त ५) ।

कण्णस्सरिय वि [**दे**] १ कानी नजर से देखा हुआ ; २ न. कानी नजर से देखना ; (दे २, २४) ।

कण्णा स्त्री [**कन्या**] १ ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक राशि । २ कन्या, लड़की, कुमारी ; (कप्प, वि २८२) । °**चोल्लय** न [°**चोलक**] धान्य-विशेष, जवनाल ; (गांदि) । °**णय** न [°**नय**] चोल देश का एक प्रधान नगर ; "चोलदेसावयंसे कण्णाणयनयरे" (ती) । °**लिय** न [°**लीक**] कन्या के विषय में बोला जाता झूठ ; (पण्ह १, ३) ।

कण्णाआस न [**दे**] कान का आभूषण—कुण्डल वगैरः (दे २, २३) ।

कण्णाइंधण न [**दे**] कान का आभूषण—कुण्डल वगैरः ; (दे २, २३) ।

कण्णाड पुं [**कर्णाट**] १ देश-विशेष, जो आजकल 'कर्णाटक' नाम से प्रसिद्ध है ; २ वि. उस देश में उत्पन्न, वहां का निवासी ; (कप्पू) ।

कण्णास पुं [**दे**] पर्यन्त, अन्त-भाग ; (दे २, १४) ।

कण्णिआ स्त्री [**कर्णिका**] १ पद्म-उदर, कमल का बीज-कोष ; (दे ६, १४०) । २ कोण, अस्र ; (अणु; ठा ८) । ३ शालि वगैरः के बीज का मुख-मूल, तुष-मुख ; (ठा ८) ।

कण्णिआर पुं [**कर्णिकार**] १ वृक्ष-विशेष, कनेर का गाछ ; (कुमा; हे २, ६५ ; प्राप्र) । २ गोशालक का एक भक्त ; (भग १४, १०) । ३ न. कनेर का फूल ; (गाया १, ६) ।

कण्णिलायण न [**कर्णिलायन**] नक्षत्र-विशेष का एक गोत्र ; (इक) ।

कण्णीरह देखो **कन्नीरह** ।

कण्णुप्पल न [**कर्णोत्पल**] कान का आभूषण-विशेष ; (कप्पू) ।

कण्णेर देखो **कण्णिआर** ; (हे १, १६८) ।

कण्णोच्छडिआ स्त्री [**दे**] दूसरे की बात गुपचुप सुनने वाली स्त्री ; (दे २, २२) ।

कण्णोड्डिआ } स्त्री [**दे**] स्त्री को पहनने का वस्त्र-विशेष,
कण्णोढ्ढ } नीरङ्गी ; (दे २, २० टी) ।

कण्णोढत्ती [**दे**] देखो **कण्णोच्छडिआ** ; (दे २, २२) ।

कण्णोप्पल देखो **कण्णुप्पल** ; (नाट) ।

कण्णोल्ली स्त्री [**दे**] १ चञ्चु, चोंच, पक्षी का ठोंठ; २ अवतंस, शेखर, भूषण-विशेष ; (दे २, ५७) ।

कण्णोवगण्णिआ स्त्री [**कर्णोपकर्णिका**] कर्णाकर्णी, कानाकानी ; (दे २, ६१) ।

कण्णोस्सरिअ [**दे**] देखो **कण्णस्सरिअ**; (दे २, २४)।

कण्ह पुं [**कृष्ण**] १ श्रीकृष्ण, माता देवकी और पिता वसुदेव से उत्पन्न नववाँ वासुदेव; (गाया १, १६) । २ पांचवाँ वासुदेव और बलदेव के पूर्व जन्म के गुरु का नाम ; (सम १५३) । ३ देशावकाशिक व्रत को अतिचरित करने वाला एक उपासक ; (सुपा ५६२) । ४ विक्रम की तृतीय शताब्दी का एक प्रसिद्ध जैनाचार्य, दिगम्बर जैन मत के प्रवर्तक शिवभूति-मुनि के गुरु ; (विसे २५५३) । ५ काला वर्ण ; (आचा) । ६ इस नाम का एक परिव्राजक, तापस ; (औप) । ७ वि. श्याम-वर्ण, काला रङ्ग वाला ; (कुमा) । °**ओराल** पुं [°**ओराल**] वनस्पति-विशेष; (पण्ण १—पत्र ३४) । °**कंद** पुं [°**कन्द**] वनस्पति-विशेष, कन्द-विशेष; (पण्ण १—पत्र ३६)। °**कण्णियार** पुं [°**कर्णिकार**] काली कनेर का गाछ ; (जीव ३) । °**कुमार** पुं [°**कुमार**] राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (निर १, ४) । °**गोमी** स्त्री [°**गोमिन्**] काला शृगाल ; "कण्हगोमी जहा चित्ता, कंटगं वा विचित्तयं" (वव ६) ।

°णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिसके उदय से जीव का शरीर काला होता है ; (राज)। °पक्खिय वि [°पाक्षिक] १ क्रूर कर्म करने वाला ; (सूत्र २, २)। २ बहुत काल तक संसार में भ्रमण करने वाला (जीव) ; (ठा १, १)। °बंधुजीव पुं [°बन्धुजीव] वृक्ष-विशेष, श्याम पुष्प वाला दुपहरिया ; (जीव २)। °भूम, °भोम पुं [°भूम] काली जमीन ; (आवम ; विसे १४५८)। °राइ, °राई स्त्री [°राजि, °जी] १ काली रेखा; (भग ६, ५; ठा ८)। २ एक इन्द्राणी, ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ८; जीव ४)। ३ 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन—परिच्छेद; (णाया २, १)। °रिसि पुं [°ऋषि] इस नाम का एक ऋषि, जिसका जन्म शंखावती नगरी में हुआ था; (ती)। °लेस, °लेस्स वि [°लेश्य] कृष्ण-लेश्या वाला ; (भग)। °लेसा, °लेस्सा स्त्री [°लेश्या] जीव का अति-निकृष्ट मनः—परिणाम, जघन्य वृत्ति ; (भग ; सम ११ ; ठा १, १)। °वडिंसय, °वडेंसय न [°ावतंसक] एक देव-विमान ; (राज ; णाया २, १)। °वल्लि, °वल्ली स्त्री [°वल्लि, °ल्ली] वल्ली-विशेष, नागदमनी लता ; (पण्ण १)। °सप्प पुं [°सर्प] १ काला साँप ; (जीव ३)। २ राहु ; (सुज्ज २०)। देखो कन्ह ।

कण्हा स्त्री [कृष्णा] १ एक इन्द्राणी, ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी ; (ठा ८—पत्र ४२६)। २ एक अन्तकृत् स्त्री ; (अंत २५)। ३ द्रौपदी, पाण्डवों की स्त्री; (राज)। ४ राजा श्रेणिक की एक रानी; (निर १, ४)। ५ ब्रह्म देश की एक नदी ; (आवम)।

कण्हुइ अ [कच्चित्] क्वचित्, कभी ; (सूत्र १, १)। २ कहां से ? (उत्त २)।

कतवार पुं [दे] कतवार, कूड़ा; (दे २, ११)।

कति देखो **कइ** = कति ; (पि ४३३; भग)।

कतु देखो **कउ**=कतु ; (कप्प)।

कत्त सक [कृत्] काटना, छेदना, कतरना। कत्ताहि ; (पण्ह १, १)। वकृ—**कत्तंत** ; (प्राप ४६८)।

कत्त न [दे] कलत्र, स्त्री ; (षड्)।

कत्तण न [कर्त्तन] १ कतरना, काटना ; (सम १२५ ; उप पृ २)। २ काटने वाला, कतरने वाला ; (सुर १, ७२)।

कत्तणया स्त्री [कर्त्तनता] लवन, कतराई ; (सुर १, ७२)।

कत्तर पुं [दे] कतवार, कूड़ा ; "इत्तो य कविलमुस-यकत्तरबहुफ्फागिलिट्ठपभिईहिं ; केसव-किमी विगद्दा" (सुपा २३७)।

कत्तरिअ वि [कृत्त, कर्त्तित] कतरा हुआ, काटा हुआ, लून ; (सुपा ५४६)।

कत्तरी स्त्री [कर्त्तरी] कतरनी, कैंची ; (कप्प)।

कत्तवीरिअ पुं [कार्त्तवीर्य] नृप-विशेष ; (सम १५३ ; प्रति ३६)।

कत्तव्व वि [कर्त्तव्य] १ करने योग्य ; (स १७२)। २ न. कार्य, काज, काम ; (श्रा ६)।

कत्ता स्त्री [दे] अन्धिका-द्यूत की कपर्दिका कौड़ी ; (दे २, १)।

कत्ति स्त्री [कृत्ति] चर्म, चमड़ा ; (स ४३६ ; गउड ; णाया १, ८)।

कत्तिकेअ पुं [कार्त्तिकेय] महादेव का एक पुत्र; षडानन, (दे ३, ५)।

कत्तिगी स्त्री [कार्त्तिकी] कार्तिक मास की पूर्णिमा; (पउम ८६, ३० ; इक)।

कत्तिम वि [कृत्रिम] कृत्रिम; बनावटी ; (सुपा ८३ ; जं २)।

कत्तिय पुं [कार्त्तिक] १ कार्तिक मास ; (सम ६५)। २ इस नाम का एक श्रेष्ठी ; (निर १, ३, १)। ३ भरत क्षेत्र के एक भावी तीर्थङ्कर के पूर्व भव का नाम ; (सम १५४)।

कत्तिया स्त्री [कृत्तिका] नक्षत्र-विशेष ; (सम ११ ; इक)।

कत्तिया स्त्री [कर्त्तिका] कतरनी, कैंची ; (सुपा २६०)।

कत्तिया स्त्री [कार्त्तिकी] १ कार्तिक मास की पूर्णिमा ; (सम ६६)। २ कार्तिक मास की अमावास्या ; (चंद १०)।

कत्तिवविय वि [दे] कृत्रिम, दीखाऊ ; "कत्तिववियाहिं उवहिप्पहाणाहिं" (सूत्र १, ४)।

कत्तु वि [कर्तृ] करने वाला ; "कत्ता भुत्ता य पुन्नपावाणं" (श्रा ६)।

कत्तो अ [कुतः] कहां से, किससे ? (पउम ४७, ८; कुमा)। °च्चय वि [°त्य] कहां से उत्पन्न ? (विसे १०१६)।

कत्थ सक [**कत्थ्**] श्लाघा करना, प्रशंसना। कत्थइ ; (हे १, १८७)।
कत्थ अ [**कुतः**] कहां से ? (षड्)।
कत्थ अ [**क्व, कुत्र**] कहां ? (षड् ; कुमा ; प्रासू १२३)। °**इ** अ [°**चित्**] कहीं, किसी जगह ; (आचा; कप्प ; हे २, १७४
कत्थ वि [**कथ्य**] १ कहने योग्य, कथनीय : २ काव्य का एक भेद ; (ठा ४, ४—पत्र २८७)। ३ वनस्पति-विशेष ; (राज)।
कत्थंत देखो **कह** = कथय्।
कत्थभाणी स्त्री [**कस्तभानी**] पानी में होने वाली वनस्पति-विशेष ; (पराग १—पत्र ३४)।
कत्थूरिया, **कत्थूरी** स्त्री [**कस्तुरी**] मृग-मद , हरिण के नाभि में उत्पन्न होने वाली सुगन्धित वस्तु ; (सुपा २४७ ; स २३६ ; कप्पू)।
कथ वि [**दे**] १ उपरत , मृत ; २ क्षीण , दुर्बल ; (षड्)।
कद्दण देखो **कड्डण** = कदन ; (कुमा)।
कदली देखो **कयली** ; (पराग १— पत्र ३२)।
कदुइया स्त्री [**दे**] वल्ली-विशेष , कद्दू , लौकी ; (पराग १ -पत्र ३३)।
कद्दम, **कद्दमग** पुं [**कर्दम**] १ कादा, कीच ; (पगह १, ४)। २ देव विशेष, एक नाग-राज ; (भग ६ , ३)।
कद्दमिअ वि [**कर्दमित**] पङ्क-युक्त , कीच वाला ; (से ७ , २० ; गउड)।
कद्दमिअ पुं [**दे**] महिष , भैंसा ; (दे २ , १५)।
कन्न देखो **कण्ण** = कर्ण ; (सुर १, २ ; सुर २, १७१; सुपा ५२४ ; धम्म १२ टी ; ठा ४, २ ; सुपा ६५ ; पाञ्च)। °**यंस** पुं [°**वतंस**] कान का आभूषण ; (पाअ)।
कन्नउज्ज देखो **कण्णउज्ज** ; (कुमा)।
कन्नगा स्त्री [**कन्यका**] कन्या, लड़की , कुमारी ; (सुर ३ , १२२ ; महा)।
कन्ना देखो **कण्णा** ; (सुर २ ,१५४ ; पाअ)।
कन्नाड देखो **कण्णाड** ; (भवि)।
कन्नारिय वि [**दे**] विभूषित, अलंकृत, " आगहे कन्नारिउ गइंदु " (भवि)।

कन्नीरह पुं [**कर्णीरथ**] एक प्रकार की शिबिका , धनाढ्य का एक प्रकार का वाहन ; (गाथा १, ३)।
कन्नुल्लड (अप) पुं [**कर्ण**] कान, श्रवणेन्द्रिय ; (कुमा)।
कन्नेरय देखो **कण्णिआर** ; (कुमा)।
कन्नोली (**दे**) देखो **कण्णोल्ली** ; (पाअ)।
कन्ह देखो **कण्ह** ; (सुपा ५६६ ; कप्प)। °**सह** न [°**सह**] जैन साधुओं के एक कुल का नाम ; (कप्प)।
कपिंजल पुं [**कपिञ्जल**] पक्षि-विशेष—१ चातक , २ गौरा पक्षी ; (पगह १ , १)।
कपूर देखो **कप्पूर** ; (श्रा २७)।
कप्प अक [**क्लृप्**] १ समर्थ होना। २ कल्पना, काम में लाना। ३ काटना , छेदना। कप्पइ, कप्पए ; (कप्प; महा; पिंग) कर्म —कप्पिज्जइ; (हे ४, ३५७)। कृ — **कप्पणिज्ज**; (आव ६)। प्रयो —**कप्पाविज्ज**; (निचू १७) । वकृ —**कप्पावंत**; (निचू १७)।
कप्प सक [**कल्पय्**] १ करना, बनाना। २ वर्णन करना। ३ कल्पना करना। वकृ - **कप्पेमाण**, (विपा १, १)। संकृ—**कप्पेऊण**; (पंचव १)।
कप्प वि [**कल्प्य**] ग्रहण योग्य; (पंचा १२)।
कप्प पुं [**कल्प**] १ काल-विशेष, देवों के दो हजार युग परिमित समय; " कम्माणकप्पिआणं काहि कप्पंतरसु गिव्वेसं " (अच्चु १८; कुमा)। २ शास्त्रोक्त विधि, अनुष्ठान; (ठा ६)। ३ शास्त्र-विशेष; (विसे १०७५; सुपा ३२४)। ४ कम्बल-प्रमुख उपकरण; (ओघ ४०)। ५ देवों का स्थान, बारह देव-लोक; (भग ५, ४; ठा २; १०)। ६ बारह देव-लोक निवासी देव, वैमानिक देव; (सम २)। ७ वृक्ष-विशेष, मनो-वाञ्छित फल को देने वाला वृक्ष, कल्प-वृक्ष; (कुमा)। ८ शस्त्र-विशेष; " असिविडयकप्पतोमरविहत्था " (पउम ६,७३)। ९ अधिवास, स्थान; (बृह १)। १० राजा नन्द का एक मन्त्री; (राज)। ११ वि. समर्थ, शक्तिमान्; (गाया १, १३)। १२ सदृश, तुल्य; " केवलकप्पं " (आवम; पगह २, २)। °**ट्ठ** पुं [°**स्थ**] बालक, बच्चा; (वव ७)। °**ट्ठिइ** स्त्री [°**स्थिति**] साधुओं का शास्त्रोक्त अनुष्ठान; (बृह ६)। °**ट्ठिया** स्त्री [°**स्थिका**] १ लड़की, बालिका; (वव ४)। २ तरुण स्त्री; (बृह १)। °**ट्ठी** स्त्री [°**स्था**] १ बालिका, लड़की; (वव ६)। २ कुलाङ्गना, कुल-वधू; (वव ३)। °**तरु** पुं [°**तरु**]

कल्प-वृक्ष; (प्रासू १६८; हे २, ७६)। °त्थी स्त्री [°स्त्री] देवी, देव-स्त्री; (ठा ३)। °दुम, °द्दुम पुं [°द्रुम] कल्प-वृक्ष; (धण ६; महा)। °पायव पुं [°पादप] कल्प-वृक्ष; (पडि; सुपा ३६)। °पाहुड न [°प्राभृत] जैन ग्रन्थ-विशेष; (ती)। °रुक्ख पुं [°वृक्ष] कल्प-वृक्ष; (पगह १, ४)। °वडिंसय न [°ावतंसक] १ विमान-विशेष; २ विमान-वासी देव-विशेष; (निर)। °वडिंसया स्त्री [°ावतंसिका] जैन ग्रन्थ-विशेष, जिसमें कल्पावतंसक देव-विमानों का वर्णन है; (राय; निर १)। °विडवि पुं [°विटपिन्] कल्प-वृक्ष; (सुपा १२६)। °साल पुं [°शाल] कल्प वृक्ष; (उप १४२ टी) °साहि पुं [°शाखिन्] कल्प-वृक्ष; (सुपा ३६६)। °सुत्त न [°सूत्र]-श्रीभद्रबाहु स्वामि-विरचित एक जैन ग्रन्थ; (कप्प; कस)। °सुय न [°श्रुत] १ ज्ञान-विशेष; २ ग्रन्थ-विशेष; (णंदि)। °ाईअ पुं [°ातीत] उत्तम जाति के देव-विशेष, ग्रैवेयक और अनुत्तर विमान के निवासी देव; (पगह १, ५; पगण १)। °ाग पुं [°ाक] विधि को जानने वाला; (कस; औप)। °ाय पुं [°ाय] कर, चुंगी, राज-देय भाग; (विपा १, ३)।

कप्पंत पुं [**कल्पान्त**] प्रलय-काल, संहार-समय; (कप्पू)।

कप्पड पुं [**कर्पट**] १ कपड़ा, वस्त्र; (पउम २५, १८; सुपा ३४४; स १८०)। २ जीर्ण वस्त्र, लकुटाकार कपड़ा; (पगह १, ३)।

कप्पडिअ वि [**कार्पटिक**] भिक्षुक, भीखमंगा; (गाया १, ८; सुपा १३८; बृह १)।

कप्पडिअ वि [**कापटिक**] कपटी, मायावी; (गाया १, ८—पत्र १५०)।

कप्पण न [**कल्पन**] छेदन, काटना; (सुपा १३८)।

कप्पणा स्त्री [**कल्पना**] १ रचना, निर्माण; २ प्ररूपण, निरूपण; (निचू १)। ३ कल्पना, विकल्प; (विसे १६३२)।

कप्पणी स्त्री [**कल्पनी**] कतरनी, कैंची; (पगह १, १; विपा १, ४; स ३७१)।

कप्पर पुं [**कर्पर**] खप्पर, कपाल, सिर की खोपड़ी, (बृह ४; नाट)। देखो **कुप्पर**=कर्पर।

कप्परिअ वि [**दे**] दारित, चीरा हुआ; (दे २,२०; वज्जा ३४; भवि)।

कु अ [**कु**] १ अल्प, थोड़ा ; २ निषिद्ध, निवारित ; ३ कुत्सित, निन्दित ; (हे २, २१७ ; से १, २६; सम्म १)। ४ विशेष, ज्यादः ; (गाया १, १४)। °**उरिस** पुं [°**पुरुष**] खराब आदमी, दुर्जन ; (से १२, ३३)। °**चर** वि [°**चर**] खराब चाल-चलन वाला, सदाचार-रहित ; (आचा)। °**डंड** पुं [°**दण्ड**] पाश विशेष, जिसका प्रान्त भाग काष्ठ का होता है ऐसा रज्जु-पाश ; (पगह १, ३)। °**डंडिम** वि [°**दण्डिम**] दगड देकर लीना हुआ द्रव्य ; (विपा १, ३)। °**तित्थ** न [°**तीर्थ**] १ जलाशय में उतरने का खराब मार्ग ; (प्रासू ६०)। २ दूषित दर्शन ; (सुअ १, १, १)। ३ °**तित्थि** वि [°**तीर्थिन्**] दूषित मत का अनुयायी ; (कुमा)। °**दंडिम** देखो **डंडिम** ; (गाया १, १—पत्र ३७)। °**दंसण** न [°**दर्शन**] दुष्ट मत, दूषित धर्म ; (पगण २)। °**दंसणि** वि [°**दर्शनिन्**] १ दुष्ट दार्शनिक; २ दूषित मत का अनुयायी; (श्रा ६)। °**दिट्ठि** स्त्री [°**दृष्टि**] १ कुत्सित दर्शन ; (उत्त २८)। २ दूषित मत का अनुयायी ; (धर्म २)। °**दिट्ठिय** वि [**दृष्टिक**] दुष्ट दर्शन का अनुयायी, मिथ्यात्वी; (पउम ३०, ४४)। °**प्पवयण** न [°**प्रवचन**] १ दूषित शास्त्र ; २ वि. दूषित सिद्धान्त को मानने वाला ; (अणु)। °**प्पावयणिय** वि [°**प्रावचनिक**] १ दूषित सिद्धान्त का अनुसरण करने वाला ; (सुअ १, २, २)। २ दूषित आगम-संबन्धी (अनुष्ठान); (अणु)। °**भत्त** न [°**भक्त**] खराब भोजन; (पउम २०, १६६)। °**मार** पुं [°**मार**] १ कुत्सित मार ; (सुअ २, २)। २ अत्यन्त मार, मृत-प्राय करने वाला ताडन ; (गाया १, १४)। °**रंडा** स्त्री [°**रण्डा**] राँड़, विधवा ; (श्रा १६)। °**रुव, °रुव** न [°**रूप**] १ खराब रूप ; (उप ३६२ टी ; पगह १, ४)। २ माया-विशेष ; (भग १२, ५)। °**लिंग** न [°**लिङ्ग**] १ कुत्सित भेष ; (दंस)। २ पुं. कीट वगैरः क्षुद्र जन्तु ; (विसे १७५४)। ३ वि. कुतीर्थिक, दूषित धर्म का अनुयायी ; (आवम)। °**लिंगि** पुं [**लिङ्गिन्**] १ कीट वगैरः क्षुद्र जन्तु ; (ओघ ७४८)। २ वि. कुतीर्थिक, असत्य धर्म का अनुयायी ; (पगह १, २)। °**वय** न [°**पद**] खराब शब्द ;
"सो सोहइ दूसंतो, कइयणरइयाइं विविहकव्वाइं ।
जो भंजिऊण कुवयं, अन्नपयं सुंदरं देइ"
(वज्जा ६)।
°**वियप्प** पुं [°**विकल्प**] कुत्सित विचार ; (सुपा ४४)। °**बुरिस** देखो °**उरिस** ; (पउम ६५, ४५)। °**संसग्ग** पुं [°**संसर्ग**] खराब सोबत, दुर्जन-संगति ; (धर्म ३)। °**सत्थ** पुंन [°**शास्त्र**] कुत्सित शास्त्र, अनाप्त-प्रणीत सिद्धान्त ; "ईसरमयाइया सव्वे कुसत्था" (निचू ११)। °**समय** पुं [°**समय**] १ अनाप्त-प्रणीत शास्त्र; (सम्म १)। २ वि. कुतीर्थिक, कुशास्त्र का प्रणेता और अनुयायी ; (सम)। °**सल्लिय** वि [°**शल्यिक**] जिसके भीतर खराब शल्य घुस गया हो वह ; (पगह २, ४)। °**सील** न [°**शील**] १ खराब स्वभाव ; (आचा)। २ अब्रह्मचर्य, व्यभिचार ; (ठा ४, ४)। ३ वि. जिसका आचरण अच्छा न हो वह, दुराचारी , (ओघ ७६३)। ४ अब्रह्मचारी, व्यभिचारी ; (ठा ५, ३)। °**सुमिण** पुंन [°**स्वप्न**] खराब स्वप्न; (श्रा ६)। °**हण** वि [°**धन**] अल्प धन वाला, दरिद्र; (पगह २, १—पत्र १००)।
कु स्त्री [**कु**] १ पृथिवी, भूमि; "कुसमयविसासणं" (सम्म १ टी—पत्र ११४ ; से १, २६)। °**त्तिअ** न [°**त्रिक**] १ तीनों जगत्, स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक ; २ तीन जगत् में स्थित पदार्थ ; (औप)। °**त्तिअ** वि [°**त्रिज**] तीनों जगत् में उत्पन्न वस्तु ; (आवम)। °**त्तिआवण** पुंन [°**त्रिकापण**] तीनों जगत् के पदार्थ जहां मिल सके ऐसी दुकान ; (भग ; गाया १, १—पत्र ५३)।

°वलय न [°वलय] पृथ्वी-मण्डल; (श्रा २७)।
कुअरी देखो **कुआँरी** ; (पि २५१)।
कुअलअ देखो **कुवलय** ; (प्राप्र)।
कुआँरी देखो **कुमारी** ; (गा २६८)।
कुइमाण वि [दे] म्लान, शुष्क ; (दे २, ४०)।
कुइय वि [कुचित] अवस्यन्दित, चरित ; (ठा ६)।
कुइय वि [कुपित] क्रुद्ध, कोप-युक्त ; (भवि)।
कुइयण्ण पुं [कुविकर्ण] इस नाम का एक गृहपति, एक गृहस्थ; (विसे ६३२)।
कुउअ पुंन [कुतुप] स्नेह-पात्र, घी तैल वगैरः भरनेका चमड़े का पात्र-विशेष; "तुप्पाइं को(? कु)उआइं" (पाअ)। देखो **कुतुव** ।
कुउआ स्त्री [दे] तुम्बी-पात्र, तुम्बा ; (दे २, १२)।
कुऊल न [दे] १ नीवी, नारा, इजारबन्द ; २ पहने हुए कपड़े का प्रांत भाग, अञ्चल; (दे २, ३८)।
कुऊहल न [कुतूहल] १ अपूर्व वस्तु देखने की लालसा-- उत्सुकता ; २ कौतुक, परिहास ; (हे १, ११७ ; कुमा)।
कुओ अ [कुतः] कहांसे ? (षड्)। °इ अ [°चित्] कहींसे, किसीसे ; (स १८५)। °वि अ [°अपि] कहीं से भी ; (काल)।
कुंआरी स्त्री [कुमारी] वनस्पति-विशेष, कुवारपाठा, घी कुवार, घीगुवार ; (श्रा २० ; जी १०)।
कुंकण न [दे] १ कोकनद, रक्त कमल ; (पराण १— पत्र ४०)। २ पुं. क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय कीड़े की एक जाति ; (उत्त ३६)।
कुंकण पुं [कोङ्कण] देश विशेष ; (अणु ; सार्ध ३४)।
कुंकुम न [कुङ्कुम] केसर, सुगन्धी द्रव्य-विशेष ; (कुमा; श्रा १८)।
कुंग पुं [कुङ्ग] देश-विशेष ; (भवि)।
कुंच सक [कुञ्च्] १ जाना, चलना ; २ अक. संकुचित होना ; ३ टेढ़ा चलना ; (कुमा; गउड)।
कुंच पुं [क्रौञ्च] १ पक्षि-विशेष ; (पराह १, १ ; उप पृ २०८; उर १, १४)। २ इस नाम का एक असुर; (पाअ)। ३ इस नामका एक अनार्य देश ; ४ वि. उसके निवासी लोग ; (पव २७४)। °रवा स्त्री [°रवा] दराडकारराय की इस नाम की एक नदी ; (पउम ४२, १५)। °वीरग न [°वीरक] एक प्रकार का जहाज ; (निचू १६)। °रि पुं [°रि] कार्तिकेय, स्कन्द ; (पाअ)। देखो **कोंच** ।
कुंचल न [दे] मुकुल, कलि, बौर ; (दे २, ३६ ; पाअ)।
कुंचि वि [कुञ्चिन्] १ कुटिल, वक्र ; २ मायावी, कपटी ; (वव १)।
कुंचिगा देखो **कोंचिगा** ।
कुंचिय वि [कुञ्चित] १ संकुचित ; (सुपा ५८)। २ कुण्डल आकार वाला, गोलाकृति; (औप; जं २)। ३ कुटिल, वक्र ; (वव १)।
कुंचिय पुं [कुञ्चिक] इस नाम का एक जैन उपासक ; (भत्त १३३)।
कुंचिया देखो **कोंचिगा** । रुई से भरा हुआ पहनने का एक प्रकार का कपड़ा; (जीत)।
कुंजर पुं [कुञ्जर] हस्ती, हाथी ; (हे १, ६६ ; पाअ)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष; हस्तिनापुर ; (पउम ६५, ३४)। °सेणा स्त्री [°सेना] ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की एक रानी ; (उत्त २६)। °वत्त न [°वर्त] नगर-विशेष ; (सुर ३, ८८)।
कुंट वि [कुण्ट] १ कुब्ज, वामन ; (आचा)। २ हाथ-रहित, हस्त-हीन ; (पव ११० ; निचू ११ ; आचा)।
कुंटलविंटल न [दे] १ मंत्र-तंत्रादि का प्रयोग, पाखण्ड-विशेष ; (आवम)। २ मंत्र-तंत्रादि से आजीविका चलाने वाला ; (आक)।
कुंटार वि [दे] म्लान, सूखा, मलिन ; (दे २, ४०)।
कुंटि स्त्री [दे] १ गठरी, गाँठ ; (दे २, ३४)। २ शस्त्र-विशेष, एक प्रकार का औजार ; "मुसलुक्खलहलदंताल-कुंटिकुद्दालपमुहसत्थाणं" (सुपा ५२६)।
कुंठ वि [कुण्ठ] १ मंद, अलस; (श्रा १६)। २ मूर्ख, बुद्धि-रहित ; (आचा)।
कुंड न [कुण्ड] १ कूँडा, पात्र-विशेष ; (षड्)। २ जलाशय-विशेष ; (गांदि)। ३ इस नाम का एक सरोवर ; (ती ३४)। ४ आज्ञा, आदेश; "वेसमणकुंडधारिणो तिरियजंभगा देवा" (कप्प)। °कोलिय पुं [°कोलिक] एक जैन उपासक; (उवा)। °ग्गाम पुं [°ग्राम] मगध देश का एक गाँव; (कप्प; पउम २, २१)। °धारि वि [°धारिन्] आज्ञा-कारी ; (कप्प)। °पुर न [°पुर] ग्राम-विशेष ; (कप्प)।
कुंड न [दे] ऊख पीलने का जीर्ण काराड, जो बाँस का बना हुआ होता है ; (दे २, ३३ ; ४, ४५)।

कुंडभी स्त्री [**दे**] छोटी पताका ; (आवम)।

कुंडल पुंन [**कुण्डल**] १ कान का आभूषण ; (भग ; औप)। २ पुं. विदर्भ देश के एक राजा का नाम ; (पउम ३०, ७७)। ३ द्वीप-विशेष ; ४ समुद्र-विशेष ; ५ देव-विशेष; (जीव ३)। ६ पर्वत विशेष; (ठा १०)। ७ गोल आकार; (सुपा ६२)। °**भद्द** पुं [°**भद्र**] कुण्डल-द्वीप का एक अधिष्ठायक देव ; (जीव ३)। °**मंडिअ** वि [°**मण्डित**] १ कुण्डल से विभूषित। २ विदर्भ देश का इस नाम का एक राजा; (पउम ३०, ७४)। °**महाभद्द** पुं [°**महाभद्र**] देव-विशेष ; (जीव ३)। °**महावर** पुं [°**महावर**] कुण्डलवर समुद्र का अधिष्ठाता देव ; (सुज्ज १६)। °**वर** पुं [°**वर**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; ३ देव-विशेष ; (जीव ३)। ४ पर्वत-विशेष ; (ठा ३, ४)। °**वरभद्द** पुं [°**वरभद्र**] कुण्डलवर द्वीप का एक अधिष्ठायक देव; (जीव ३)। °**वरमहाभद्द** पुं [°**वरमहाभद्र**] कुण्डलवर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**वरोभास** पुं [°**वरावभास**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; (जीव ३)। °**वरोभासभद्द** पुं [°**वरावभासभद्र**] कुण्डलवरावभास द्वीप का अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**वरोभासमहाभद्द** पुं [°**वराव-भासमहाभद्र**] देखो पूर्वोक्त अर्थ ; (जीव ३)। °**वरो-भासमहावर** पुं [°**वरावभासमहावर**] कुण्डलवरावभास समुद्र का अधिष्ठायक देव-विशेष; (जीव ३)। °**वरोभासवर** पुं [°**वरावभासवर**] समुद्र-विशेष का अधिपति देव-विशेष ; (जीव ३)।

कुंडला स्त्री [**कुण्डला**] विदेहवर्ष-स्थित नगरी-विशेष ; (ठा २, ३)।

कुंडलि वि [**कुण्डलिन्**] कुण्डल वाला ; (भास ३३)।

कुंडलिअ वि [**कुण्डलित**] वर्तुल, गोल आकार वाला ; (सुपा ६२ ; कप्पू)।

कुंडलिआ स्त्री [**कुण्डलिका**] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

कुंडलोद पुं [**कुण्डलोद**] इस नाम का एक समुद्र ; (सुज्ज १६)।

कुंडाग पुं [**कुण्डाक**] संनिवेश-विशेष, ग्राम-विशेष ; (आवम)।

कुंडि देखो **कुंडी** ; (महा)।

कुंडिअ पुं [**दे**] ग्राम का अधिपति, गाँव का मुखिया ; (दे २, ३७)।

कुंडिअपेसण न [**दे**] ब्राह्मण-विष्टि, ब्राह्मण की नौकरी, ब्राह्मण की सेवा ; (दे २, ४३)।

कुंडिगा } स्त्री [**कुण्डिका**] नीचे देखो ; (रंभा ;
कुंडिया } अनु ५ ; भग ; णाया २, ५)।

कुंडी स्त्री [**कुण्डी**] १ कुण्डा, पात्र-विशेष ; "तेसिमिहा-भूमीए ठविआ कुंडी य तेल्लपडिपुण्णा" (सुपा २६६)। २ कमण्डल, संन्यासी का जल-पात्र ; (महा)।

कुंढ देखो **कुंठ** ; (सुपा ४२२)।

कुंढय न [**दे**] १ चुल्ली, चुल्हा ; २ छोटा बरतन ; (दे २, ६३)।

कुंत पुं [**दे**] शुक, तोता ; (दे २, २१)।

कुंत पुं [**कुन्त**] १ हथियार विशेष, भाला ; (पण्ह १, १ ; औप)। २ राम के एक सुभट का नाम; (पउम ५६,३८)।

कुंतल पुं [**कुन्तल**] १ केश, बाल ; (सुर १, १ ; सुपा ६१ ; २००)। २ देश-विशेष ; (सुपा ६१ ; उव ४६५)। °**हार** पुं [°**हार**] धम्मिल्ल, संयत केश ; (पाअ)।

कुंतल पुं [**दे**] सातवाहन, नृप-विशेष ; (दे २, ३६)।

कुंतला स्त्री [**कुन्तला**] इस नाम की एक रानी; (दंस)।

कुंतली स्त्री [**दे**] करोटिका, परोसने का एक उपकरण ; (दे २, ३८)।

कुंतली स्त्री [**कुन्तली**] कुन्तल देश की रहने वाली स्त्री; कप्पू)।

कुंती स्त्री [**दे**] मञ्जरी, बौर; (दे २, ३४)।

कुंती स्त्री [**कुन्ती**] पाण्डवों की माता का नाम ; (उप ६४८ टी)। °**विहार** पुं [°**विहार**] नासिक-नगर का एक जैन मन्दिर, जिसका जीर्णोद्धार कुन्तीजी ने किया था ; (ती २८)।

कुंतीपोट्टलय वि [**दे**] चतुष्कोण, चार कोण वाला ; (दे २, ४३)।

कुंथु पु [**कुन्थु**] १ एक जिन-देव, इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न सतरहवाँ तीर्थंकर और छठवाँ चक्रवर्ती राजा ; (सम ४३ ; पडि)। २ हरिवंश का एक राजा; (पउम २२, ६८)। ३ चमरेन्द्र की हस्ति-सेना का अधिपति देव-विशेष; (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ४ एक क्षुद्र जन्तु, त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति ; (उत्त ३६ ; जी १७)।

कुंद पुं [**कुन्द**] १ पुष्प-वृक्ष विशेष; (जं २)। २ न. पुष्प-विशेष, कुन्द का फूल; (सुर २, ७६ ; णाया १, १)। ३

विद्याधरों का एक नगर ; (इक)। ४ पुंन. छन्द-विशेष ; (पिंग)।
कुंदय वि [दे] कृश, दुर्बल ; (दे २, ३७) ।
कुंदा स्त्री [**कुन्दा**] एक इन्द्राणी, मानिभद्र इंद्र की पटरानी; (इक)।
कुंदीर न [दे] बिम्बी-फल, कुन्दरुन का फल ; (दे २, ३६)।
कुंदुक्क पुं [**कुन्दुक्क**] वनस्पति-विशेष; (पगण १ —पत्र ४१) ।
कुंदुरुक्क पुं [**कुन्दुरुक**] सुगन्धि पदार्थ-विशेष ; (णाया १, १—पत्र ४१ ; सम १३७) ।
कुंदुल्लुअ पुं [दे] पक्षि-विशेष, ऊलुक, उल्लू ; (पाअ)।
कुंधर पुं [दे] छाटी मछली ; (दे २, ३२) ।
कुंपय पुंन [**कूपक**] तेल वगैरः रखने का पात्र-विशेष ; (रयण ३१) ।
कुंपल पुंन [**कुट्मल, कुड्मल**] १ इस नाम का एक नरक ; २ मुकुल, कलि, कलिका; (हे १, २६ ; कुमा ; षड्)।
कुंबर [दे] देखो **कुंधर** ; (पाअ) ।
कुंभ पुं [**कुम्भ**] १ स्वनाम-प्रसिद्ध एक राजा, भगवान् मल्लिनाथ का पिता ; (सम १५१; पउम २०, ४५) । २ स्वनाम-ख्यात जैन महर्षि, अठारहवें तीर्थंकर के प्रथम शिष्य; (सम १५२) । ३ कुम्भकर्ण का एक पुत्र ; (से १२,६५) । ४ एक विद्याधर सुभट का नाम ; (पउम १०, १३) । ५ परमाधार्मिक देवों की एक जाति ; (सम २६) । ६ कलश, घड़ा ; (महा ; कुमा) । ७ हाथी का गण्ड-स्थल; (कुमा)। ८ धान्य मापने का एक परिमाण ; (अणु) । ६ तरने का एक उपकरण ; (निचू १) । १० ललाट, भाल-स्थल ; (पव २)। ११ °**अण्ण** पुं [°**कर्ण**] रावण के छोटे भाई का नाम ; (से १५, ११) । °**आर** पुं [°**कार**] कुम्हार, घड़ा आदि मिट्टी का बरतन बनाने वाला; (हे १, ८) । °**उर** न [°**पुर**] नगर-विशेष; (दंस) । °**गार** देखो °**आर** ; (महा)। °**ग्ग** न [°**ाग्र**] मगध-देश-प्रसिद्ध एक परिमाण; (णाया १, ८—पत्र १२५) । °**सेण** पुं [**सेन**] उत्सर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर के प्रथम शिष्य का नाम; (तित्थ) ।
कुंभंड न [**कूष्माण्ड**] फल-विशेष, कोहला ; (कप्पू) ।
कुंभार पुं [**कुम्भकार**] कुम्हार, घड़ा आदि मिट्टी का बरतन बनाने वाला ; (हे १, ८) । °**ावाय** पुं [°**ापाक**] कुम्हार का बरतन पकाने का स्थान; (ठा ८) ।
कुंभि पुं [**कुम्भिन्**] १ हस्ती, हाथी ; (सण) । २ नपुंसक विशेष, एक प्रकार का षण्ढ पुरुष ; (पुप्फ १२७) ।

कुंभिणी स्त्री [दे] जल का गर्त ; (दे २, ३८) ।
कुंभिय वि [**कुम्भिक**] कुम्भ-परिमाण वाला ; (ठा ४,२)।
कुंभिल पुं [**दे. कुम्भिल**] १ चोर , स्तेन ; (दे २, ६२ ; विक ५६) । २ पिशुन, दुर्जन ; (दे २, ६२)।
कुंभिल्ल वि [दे] खोदने योग्य ; (दे २, ३६) ।
कुंभी स्त्री [**कुम्भी**] १ पात्र-विशेष, घड़े के आकार वाला छोटा कोष्ठ ; (सम १२५) । २ कुंभ, घड़ा ; (जं ३)। °**पाग** पुं [°**पाक**] १ कुंभी में पकना ; (पण्ह २, ५)। २ नरक की एक प्रकार की यातना ; (सुअ १, १, १) ।
कुंभी स्त्री [**कूष्माण्डी**] कोहले का गाछ; "वलिओ कुंभीफल दंतुरासु" (गउड) ।
कुंभी स्त्री [दे] केश-रचना, केश-संयम ; (दे २, ३४) ।
कुंभील पुं [**कुम्भील**] जलचर प्राणि-विशेष, नक्र, मगर ; (चारु ६४) ।
कुंभुब्भव पुं [**कुम्भोद्भव**] ऋषि-विशेष, अगस्त्य ऋषि ; (कप्पू) ।
कुकुला स्त्री [दे] नवोढ़ा, दुलहिन ; (दे २, ३३) ।
कुकुस [दे] देखो **कुक्कुस** ; (दस ५, ३४) ।
कुकुहाइय न [**कुकुहायित**] चलते समय का शब्द-विशेष ; (तदु) ।
कुकूल पुं [**कुकूल**] कारीषाग्नि, कंडे की आग ; (पण्ह १, १) ।
कुक्क देखो **कोक्क** । कुक्कइ ; (पि १६७; ४८८) ।
कुक्क पुं [दे] कुत्ता, कुक्कुर ; "कुक्केहि कुक्कहि अ बुक्कअंत" (मृच्छ ३६) ।
कुक्कयय न [दे] आभरण-विशेष ; "अदु अंजणिं अलंकारं कुक्कययं मे पयच्छाहि" (सुअ १, ४, २, ७) । देखो **कुक्कुडय** ।
कुक्की स्त्री [दे] कुत्ती, कुकुरी ; (मृच्छ ३६) ।
कुक्कुअ वि [**कुत्कुच**] भाँड की तरह शरीर के अवयवों की कुचेष्टा करने वाला ; (धर्म २ ; पव ६) ।
कुक्कुअ न [**कौकुच्य**] कुचेष्टा, कामोत्पादक अंग-विकार ; (पउम ११, ६७ ; आचा) ।
कुक्कुअ वि [**कुकूज**] आक्रन्द करने वाला ; (उत्त २१) ।
कुक्कुआ स्त्री [**कुचकुचा**] अवस्यन्दन, क्षरण; (बृह ६)।
कुक्कुइअ वि [**कौकुचिक**] भाँड़ की तरह कुचेष्टा करने वाला, काम-चेष्टा करने वाला ; (भग ; औप) ।

कुक्कुइअ न [**कौकुच्य**] काम-कुचेष्टा ; " भंडाईण व नयणाइयाण सवियारकरणमिह भणियं। कुक्कुइयं" (सुपा ५०६; पडि)।

कुक्कुड पुं [**कुक्कुट**] १ कुक्कुट, मुर्गा ; (गा ५८२ ; उवा)। २ वनस्पति-विशेष ; (भग १५)। ३ विद्या द्वारा किया जाता हस्त-प्रयोग-विशेष ; (वव १)। °**मंसय** न [°**मांसक**] १ मुर्गा का मांस ; २ बीजपूरक वनस्पति का गुदा ; (भग १५)।

कुक्कुड वि [**दे**] मत्त, उन्मत्त ; (दे २, ३७)।

कुक्कुडय न [**कुक्कुटक**] देखो **कुक्कयय** ; (सूअ १, ४, २, ७ टी)।

कुक्कुडिया } स्त्री [**कुक्कुटिका, टी**] कुक्कुटी, मुर्गी ;
कुक्कुडी } (णाया १, ३ ; विपा १, ३)।

कुक्कुडेसर न [**कुक्कुटेश्वर**] तीर्थ-विशेष ; (ती १६)।

कुक्कुर पुं [**कुक्कुर**] कुत्ता, श्वान ; (पउम ६८, ८० ; सुपा २७७)।

कुक्कुरुड पुं [**दे**] निकर, समूह ; (दे २, १३)।

कुक्कुस पुं [**दे**] धान्य आदि का छिलका, भूँसा ; (दे २, ३६ ; दस ५, ३४)।

कुक्कुह पुं [**कुक्कुभ**] पक्षि-विशेष ; (गउड)।

कुक्खि [**दे. कुक्षि**] देखो **कुच्छि**; (दे २, ३४; औप ; स्वप्न ६१ ; कप्प ३३)।

कुग्गाह पुं [**कुग्राह**] १ कदाग्रह, हठ ; (उप ८३३ टी)। २ जल-जन्तु विशेष ; " कुग्गाहगाहाइयजंतुसंकुला " (सुपा ६२६)।

कुच पुं [**कुच**] स्तन, थन ; (कुमा)।

कुच्च न [**कूर्च**] १ दाढ़ी-मूँछ ; (पाअ; अभि २१२)। २ तृण-विशेष ; (पण्ह २, ३)। देखो **कुच्चग**।

कुच्चंधरा स्त्री [**कूर्चधरा**] दाढ़ी-मूँछ धारण करने वाली ; (ओघ ८३ भा)।

कुच्चग } देखो **कुच्च** ; (आचा २, २, ३ ; काल)।
कुच्चय } ३ कूची, तृण-निर्मित तूलिका, जिससे दीवाल में चूना लगाया जाता है ; (उप पृ ३८३ ; कुमा)।

कुच्चिय वि [**कूर्चिक**] दाढ़ी-मूँछ वाला ; (बृह १)।

कुच्छ सक [**कुत्स्**] निन्दा करना, धिक्कारना। कृ— **कुच्छ, कुच्छणिज्ज** ; (श्रा २७ ; पण्ह १, ३)।

कुच्छ पुं [**कुत्स**] १ ऋषि-विशेष ; २ गोत्र-विशेष ; " थेरस्स णं अज्जसिवभूइस्स कुच्छसगुत्तस्स " (कप्प)।

कुच्छ देखो **कुच्छ**=कुत्स्।

कुच्छग पुं [**कुत्सक**] वनस्पति-विशेष ; (सूअ २, २)।

कुच्छणिज्ज देखो **कुच्छ**=कुत्स्। " अन्नेसिं कुच्छणिज्जं साणाणं भक्खणिज्जं हि " (श्रा २७)।

कुच्छा स्त्री [**कुत्सा**] निन्दा, घृणा, जुगुप्सा; (ओघ ४४४; उप ३२० टी)।

कुच्छि पुंस्त्री [**कुक्षि**] १ उदर, पेट ; (हे १, ३५ ; उवा; महा)। २ अड़तालीस अंगुल का मान ; (जं २)। °**किमि** पुं [°**कृमि**] उदर में उत्पन्न होता कीड़ा, द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष ; (पण्ण १)। °**धार** पुं [°**धार**] १ जहाज का काम करने वाला नौकर ; " कुच्छिधारकन्नधार-गब्भजसंजत्तागणावावाणियगा " (णाया १, ८—पत्र १३३)। २ एक प्रकार का जहाज का व्यापारी ; (णाया १, १६)। °**पूर** पुं [°**पूर**] उदर-पूर्ति ; (वव ४)। °**वेयणा** स्त्री [°**वेदना**] उदर का रोग-विशेष; (जीव ३)। °**सूल** पुंन [°**शूल**] रोग-विशेष ; (णाया १, १३; विपा १, १)।

कुच्छिंभरि वि [**कुक्षिम्भरि**] एकलपेटा, पेटू, स्वार्थी; "हा तियचरित्तकुच्छिं(? च्छिं)भरिए ! " (रंभा)।

कुच्छिमई स्त्री [**दे. कुक्षिमती**] गर्भिणी, आपन्न-सत्त्वा; (दे २, ४१ ; षड्)।

कुच्छिय वि [**कुत्सित**] खराब, निन्दित, गर्हित ; (पंचा ७ ; भवि)।

कुच्छिल्ल न [**दे**] १ वृति का विवर, बाड़ का छिद्र ; (दे २, ३४)। २ छिद्र, विवर ; (पाअ)।

कुच्छेअय पुं [**कौक्षेयक**] तलवार, खड्ग ; (दे १, १६१; षड्)।

कुज पुं [**कुज**] वृक्ष, पेड़ ; (जं २)।

कुजय पुं [**कुजय**] जूआरी, जूआखोर; (सूअ १, २, २)।

कुज्ज वि [**कुब्ज**] १ कुब्ज, वामन ; (सुपा २ ; कप्पू)। २ पुंन पुष्प-विशेष ; (षड्)।

कुज्जय पुं [**कुब्जक**] १ वृक्ष-विशेष, शतपत्रिका ; (पउम ४२, ८ ; कुमा)। २ न उस वृक्ष का पुष्प ; "बंधेउं कुज्जयपसूणं" (हे १, १८१)।

कुज्झ सक [**क्रुध्**] क्रोध करना, गुस्सा करना। कुज्झइ ; (हे ४, २१७ ; षड्)।

कुट्ट सक [**कुट्ट्**] १ कूटना, पीटना, ताड़न करना। २ काटना, छेदना। ३ गरम करना। ४ उपालम्भ देना। भवि—कुट्टइस्सं ; (पि ५२८)। वकृ—**कुट्टिंत**; (सुर ११,

१)। कवकृ—**कुट्टिज्जंत, कुट्टिज्जमाण** ; (सुपा ३४० ; प्रासू ६६ ; राय)। संकृ—**कुट्टिय**; (भग १४, ८)।

कुट्ट पुं [**कुट**] घड़ा, कुम्भ ; (सूत्र २, ७)।

कुट्ट पुंन [**दे**] १ कोट, किला ; "दिज्जंति कवाडाइं कुट्टवरि भडा ठविज्जंति" (सुपा ५०३)। २ नगर, शहर; (सुर १५, ८१)। °**वाल** पुं [°**पाल**] कोटवाल, नगर-रक्षक ; (सुर १५, ८१)।

कुट्टण न [**कुट्टन**] १ छेदन, चूर्णन, भेदन ; (औप)। २ कूटना, ताड़न ; (हे ४, ४३८)।

कुट्टणा स्त्री [**कुट्टना**] शारीरिक पीड़ा; (सूत्र १, १२)।

कुट्टणी स्त्री [**कुट्टनी**] १ मूसल, एक प्रकार की मोटी लकड़ी, जिसमें चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं ; (बृह १)। २ दूती, कुटनी, कुट्टिनी ; (रंभा)।

कुट्टा स्त्री [**दे**] गौरी, पार्वती ; (दे २, ३५)।

कुट्टाय पुं [**दे**] चर्मकार, मोची ; (दे २, ३७)।

कुट्टिंत देखो **कुट्ट**=कुट्ट् ।

कुट्टिंतिया देखो **कोट्टंतिया** ; (राज)।

कुट्टिंब [**दे**] देखो **कोट्टिंब** ; (पाअ)।

कुट्टिणी स्त्री [**कुट्टिनी**] कुटनी, दूती ; (कप्पू ; रंभा)।

कुट्टिम देखो **कोट्टिम**=कुट्टिम ; (भग ८, ६ ; राय ; जीव ३)।

कुट्टिय वि [**कुट्टित**] १ कूटा हुआ, ताड़ित ; (सुपा १५ ; उत्त १६)। २ छिन्न, छेदित ; (बृह १)।

कुट्ठ पुंन [**कुष्ठ**] १ पमारी के यहां बेची जाती एक वस्तु ; (विसे २६३ ; पराह २, ५)। २ रोग-विशेष, कोढ़ ; (वव ६)।

कुट्ठ पुं [**कोष्ठ**] १ उदर, पेट ; "जहा विसं कुट्ठगयं मंतमूल-विसारया। वेज्जा हणंति मंतेहिं" (पडि)। २ कोठा, कुसूल, धान्य भरने का बड़ा भाजन ; (पराह २, १)। °**बुद्धि** वि [°**बुद्धि**] एक बार जानने पर नहीं भूलने वाला ; (पराह २, १)। देखो **कोट्ठ, कोट्ठग**।

कुट्ठ वि [**कुष्ट**] १ शपित, अभिशप्त ; २ न. शाप, अभि-शाप-शब्द ; "उड्डं कुट्ठं केहिं पेच्छंता आगया इत्थ" (सुपा २५०)।

कुट्ठा स्त्री [**कुष्ठा**] इमली, चिञ्चा ; (बृह १)।

कुट्ठि वि [**कुष्ठिन्**] कुष्ठ रोग वाला ; (सुपा २४३ ; ५७६)।

कुड पुं [**कुट**] १ घड़ा, कलश ; (दे २, ३५ ; गा २२६ ; विसे १४५६)। २ पर्वत ; ३ हाथी वगैरः का बन्धन-स्थान ; (गाया १, १—पत्र ६३)। ४ वृक्ष, पेड़ ; "तड्डवियसिहंडमंडियकुडग्गो" (सुपा ५६२)। °**कंठ** पुं [°**कण्ठ**] पात्र-विशेष, घड़ा के जैसा पात्र ; (दे २, २०)। °**दोहिणी** स्त्री [°**दोहिनी**] घट-पूर्ण दूध देने वाली ; (गा ६३७)।

कुडंग पुंन [**कुटङ्क**] १ कुञ्ज, निकुञ्ज, लता वगैरः से ढका हुआ स्थान ; (गा ६८० ; हेका १०५)। २ वन, जंगल ; (उप २२० टी)। ३ बाँस की जाली, बाँस की बनी हुई छत ; (बृह १)। ४ गह्वर, कोटर ; (राज)। ५ वंश-गहन ; (गाया १, ८ ; कुमा)।

कुडंग पुंन [**दे. कुटङ्क**] लता-गृह, लता से ढका हुआ घर ; (दे २, ३७ ; महा ; पाअ ; षड्)।

कुडंगा स्त्री [**कुटङ्का**] लता-विशेष ; (पउम ५३, ७६)।

कुडंगी स्त्री [**दे. कुटङ्की**] बाँस की जाली ; "एक्कपहारेण निवडिया वंसकुडंगी" (महा ; सुर १२, २०० ; उप पृ २८१)।

कुडंब देखो **कुडुंब** ; (महा ; गा ६०६)।

कुडग देखो **कुड** ; (आवम ; सूत्र १, १२)।

कुडभी स्त्री [**कुटभी**] छोटी पताका ; (सम ६०)।

कुडय न [**दे**] लता-गृह, लता से आच्छादित घर, कुटीर, झोंपड़ा ; (दे २, ३७)।

कुडय पुंन [**कुटज**] वृक्ष-विशेष, कुरैया ; (गाया १,६; पराण १७ ; स १६४), "कुडयं दलइ" (कुमा)।

कुडव पुं [**कुडव**] अनाज नापने का एक माप ; (गाया १, ७ ; उप पृ ३७०)।

कुडाल देखो **कुड्डाल** ; (उवा)।

कुडिअ वि [**दे**] कुब्ज, वामन ; (पाअ)।

कुडिआ स्त्री [**दे**] बाड़ का विवर ; (दे २, २४)।

कुडिच्छ न [**दे**] १ बाड़ का छिद्र ; २ कुटी, झोंपडा। ३ वि. त्रुटित, छिन्न ; (दे २, ६४)।

कुडिल वि [**कुटिल**] वक्र, टेढा ; (सुर १, २० ; २, ८६)।

कुडिलविडल न [**दे. कुटिलविटल**] हस्ति-शिक्षा ; (राज)।

कुडिल्ल न [**दे**] १ छिद्र, विवर ; (पाअ)। २ वि. कुब्ज, कूबड़ा ; (पाअ)।

कुडिल्लय वि [दे. **कुटिलक**] कुटिल, टेढ़ा, वक्र ; (दे २, ४० ; भवि)।

कुडिव्वय देखो **कुलिव्वय** ; (राज)।

कुडी स्त्री [**कुटी**] छोटा गृह, झोंपड़ा, कुटीर; (सुपा १२० ; वज्जा ६४)।

कुडीर न [**कुटीर**] झोंपड़ा, कुटी ; (हे ४, २६४ ; पउम ३३, ८५)।

कुडीर न [**दे**] बाड़ का छिद्र ; (दे २, २४)।

कुडुंग पुं [**दे**] लतागृह, लताओं से ढ़का हुआ घर ; (षड्; गा १७५ ; २३२ अ)।

कुडुंब न [**कुटुम्ब**] परिजन, परिवार, स्वजन-वर्ग ; (उवा ; महा ; प्रासू १६७)।

कुडुंबय पुं [**कुस्तुम्बक**] १ वनस्पति विशेष, धनियाँ ; (पराण १—पत्र ४०)। २ कन्द-विशेष ; " पलंडुलसण-कंदे य कंदली य कुडुंबए " (उत्त ३६, ६८ का)।

कुडुंबि } वि [**कुटुम्बिन्, °क**] १ कुटुम्ब-युक्त, गृहस्थ;
कुडुंबिअ } २ कुनबे वाला, कर्षक ; (गउड)। ३ संबन्धी; " सोभागुणसमुदएणं आणाणकुडुंबिएणं " (कप्प)।

कुडुंबीअ न [**दे**] सुरत, संभोग, मैथुन ; (षड्)।

कुडुंभग पुं [**दे**] जल-मण्डूक, पानी का मेढ़क; (निचू १)।

कुडुक्क पुं [**दे**] लता-गृह ; (षड्)।

कुडुच्चिअ न [**दे**] सुरत, संभोग, मैथुन ; (दे २, ४१)।

कुडुल्ली (अप) स्त्री [**कुटी**] कुटिया, झोंपड़ी; (कुमा)।

कुड्ड पुंन [**कुड्य**] १ भित्ति, भींत ; (पउम ६८, ६ ; हे २, ७८)।

" अज्जं गओत्ति अज्जं गओत्ति अज्जं गओत्ति गणिरीए।
पढमव्विअ दिअहद्धे कुड्डो लेहाहिं चित्तलिओ "
(गा २०८)।

कुड्ड न [**दे**] आश्चर्य, कौतुक, कुतूहल ; (दे २, ३३ ; पाअ ; षड् ; हे २, १७४)।

कुड्डगिलोई [**दे**] गृह-गोधा, छिपकली ; (दे २, १६)।

कुड्डलेवणी स्त्री [दे. **कुड्यलेपनी**] सुधा, खड़ी, खटिका ; (दे २, ४२)।

कुड्डाल न [**दे**] हल का ऊपला विस्तृत अंश ; (उवा)।

कुढ पुंन [**दे**] १ चुरायी हुई वस्तु की खोज में जाना ; (दे २, ६२ ; सुपा ५०३)। २ छीनी हुई चीज को छुड़ाने वाला, वापिस लेने वाला ; (दे २, ६२)।

कुढार पुं [**कुठार**] कुल्हाड़ा, फरसा ; (हे १, १६६ ; षड्)।

कुढावय न [**दे**] अनुगमन, पीछे जाना ; (विसे १४३६ टी)।

कुढिय वि [**दे**] कूढ़, मूर्ख, बेसमझ ; " कुणंति नेउराइं पुणो पुणो कुढियपुरिसोव्व " (सुर ३, १४२)।

कुण सक [**कृ**] करना, बनाना। **कुणइ, कुणउ, कुण** ; (भग ; महा ; सुपा ३२०)। वकृ—**कुणंत, कुणमाण** ; (गा १६५ ; सुपा ३६ ; ११३ ; आचा)।

कुणक्क पुं [**कुणक**] वनस्पति-विशेष ; (पराण १—पत्र ३५)।

कुणव न [**कुणप**] १ मुरदा, मृत-शरीर ; (पाअ ; गउड)। २ वि. दुर्गन्धी ; (हे १, २३१)।

कुणाल पु.ब. [**कुणाल**] १ देश-विशेष ; (गाया १, ८ ; उप ६८६ टी)। २ प्रसिद्ध महाराज अशोक का एक पुत्र; (विसे ८६१)। **°नयर** न [**°नगर**] एक शहर, उज्जैन ; " आसी कुणालनयरे " (संथा)।

कुणाला स्त्री [**कुणाला**] इस नाम की एक नगरी ; (सुपा १०३)।

कुणि } पु [**कुणि**] १ हस्त-विकल, टूँठ, हाथ-कटा
कुणिअ } मनुष्य ; (पउम २, ७७)। २ जन्म से ही जिसका एक हाथ छोटा हो वह ; ३ जिसका एक पाँव छोटा हो, खञ्ज ; (पगह २, ५—पत्र १५० ; आचा)।

कुणिआ स्त्री [**दे**] वृति-विवर, बाड़ का छिद्र ; (दे २, २४)।

कुणिम पुंन [**दे.कुणप**] १ शव, मृतक, मुरदा ; (पगह २, ३)। २ मांस; (ठा ४, ४ ; ओप)। ३ नरकावास-विशेष ; (सुअ १, ५, १)। ४ शव का रुधिर, वसा वगैरः ; (भग ७, ६)।

कुणुकुण अक [**कुणुकुणाय्**] शीत में कम्प होने पर 'कड कड' आवाज करना। वकृ—**कुणुकुणंत** ; (सुर २, १०३)।

कुण्हरिया स्त्री [**दे**] वनस्पति-विशेष ; (पराण १—पत्र ३५)।

कुतत्ती स्त्री [**दे**] मनोरथ, वाञ्छा ; (दे २, ३६)।

कुतुव पुंन [**कुतुप**] १ तैल वगैरः भरने का चमड़े का पात्र; (दे ५, २२)। देखो **कुउअ**।

कुत्त पुं [**दे**] कुत्ता, कुक्कुर ; (रंभा)।

कुत्त न [दे. कुतक] ठेका, इजारा ; (विपा १, १—पत्र ११)।

कुत्तिय पुंस्त्री [दे] एक जात का कीड़ा, चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष ; "करालिय कुत्तिय विच्छू" (आप १७ ; पभा ४१)।

कुत्ती स्त्री [दे] कुत्ती, कुकुरी ; (रंभा)।

कुत्थ अ [कुत्र] कहां, किस स्थान में ? (उत्तर १०४)।

कुत्थ देखो **कढ** । कुत्थसि; कुत्थसु ; (गा ५०१ अ)।

कुत्थण न [कोथन] सड़ना, सड़ जाना ; (वव ४)।

कुत्थर न [दे] १ विज्ञान ; (दे २, १३)। २ कोटर, वृक्ष की पोल, गह्वर ; (सुपा २४६)। ३ सर्प वगैरः का बिल ; (उप ३५७ टी)।

कुत्थुंब पुं [कुस्तुम्ब] वाद्य-विशेष ; (राय)।

कुत्थुंभरी स्त्री [कुस्तुम्बरी] वनस्पति-विशेष, धनियाँ ; (पराग १—पत्र ३१)।

कुत्थुह पुंन [कौस्तुभ] मणि-विशेष, जो विष्णु की छाती पर रहता है ; (हेका २५७)।

कुत्थुहवत्थ न [दे]नीवी, नारा, इजारबन्द ; (दे २, ३८)।

कुदो देखो **कुओ** ; (हे १, ३७)।

कुद्द वि [दे] प्रभूत, प्रचुर ; (दे २, ३४)।

कुद्दण पुं [दे] रासक, रासा ; (दे २, ३८)।

कुद्दव पुं [कोद्रव] धान्य-विशेष, कोदा, कोदव ; (सम्य १२)।

कुद्दाल पुं [कुद्दाल] १ भूमि खोदने का साधन, कुदार, कुदारी ; (सुपा ५२६)। २ वृक्ष-विशेष ; (जं २)।

कुद्ध वि [क्रुद्ध] कुपित, कोध-युक्त ; (महा)।

कुप्प सक [कुप्] कोप करना, गुस्सा करना। कुप्पइ ; (उव ; महा)। वकृ—**कुप्पंत** ; (सुपा १६७)। कृ—**कुप्पियव्व** ; (स ६१)।

कुप्प सक [भाष्] बोलना, कहना। कुप्पइ; (भवि)।

कुप्प न [कुप्य] सुवर्ण और चाँदी को छोड़ कर अन्य धातु और मिट्टी वगैरः के बने हुए गृह-उपकरण ; "लोहाई उवक्खरो कुप्पं" (बृह १ ; पडि)।

कुप्पढ पुं [दे] १ गृहाचार, घर का रिवाज ; २ समुदाचार; सदाचार ; (दे २, ३६)।

कुप्पर न [दे] सुरत के समय किया जाता हृदय-ताड़न-विशेष ; २ समुदाचार, सदाचार ; ३ नर्म, हाँसी, ठट्ठा; (दे २, ६४)।

कुप्पर पुं [कूर्पर] १ कफोणि, हाथ का मध्य भाग; २ जानु, घुटना ; ३ रथ का अवयव-विशेष ; (जं ३)।

कुप्पर पुं [कर्पर] देखो **कप्पर** । भींत की परत, भींत की जीर्ण-शीर्ण थर; "एयाओ पाडलावंडुकुप्परा जुगणभित्तीओ" (गउड)।

कुप्पल देखो **कुंपल** ; (पि २७७)।

कुप्पास पुं [कूर्पास] कञ्चुक, काँचली, जनानी कुरती ; (हे १, ७२ ; कप्पू ; पाअ)।

कुप्पिय वि [कुपित] १ कुपित, क्रुद्ध; २ न. कोध, गुस्सा; "कुप्पियं नाम कुज्झियं" (आचू ४)।

कुप्पिस देखो **कुप्पास** ; (हे १, ७२ ; दे २, ४०)।

कुबर] भगवान् मल्लिनाथ का शासनाधिष्ठायक यक्ष ; (पव २७)।

कुबेर पुं [कुबेर] १ कुबेर, यक्ष-राज, धनेश ; (पाअ ; गउड)। २ भगवान् मल्लिनाथ का शासनाधिष्ठाता यक्ष-विशेष; (संति ८)। ३ काञ्चनपुर के एक राजा का नाम ; (पउम ७, ४५)। ४ इस नाम का एक श्रेष्ठी ; (उप ७२८ टी)। ५ एक जैन मुनि ; (कप्प)। °**दिसा** पुं [°दिश्] उत्तर दिशा ; (सुर २, ८५)। °**नयरी** स्त्री [°नगरी] कुबेर की राजधानी, अलका ; (पाअ)।

कुबेरा स्त्री [कुबेरा] जैन साधु-गण की एक शाखा ; (कप्प)।

कुब्बड वि [दे] कूबड़, कुब्ज, वामन ; (श्रा २७)।

कुब्बर पुं [कूबर] वैश्रमण के एक पुत्र का नाम; (अंत ५)।

कुभंड पुं [कुभाण्ड] देव-विशेष की जाति; (ठा २,३—पत्र ८५)।

कुभंडिंद पुं [कुभाण्डेन्द्र] इन्द्र-विशेष, कुभाण्ड देवों का स्वामी ; (ठा २, ३)।

कुमर देखो **कुमार** ; (हे १,६७; सुपा २४३; ६५६; कुमा)।

कुमरी देखो **कुमारी**; (कप्पू ; पाअ) ।

कुमार पुं [कुमार] १ प्रथम-वय का बालक, पाँच वर्ष तक का लड़का ; (ठा १० ; णाया १, २)। २ युवराज, राज्यार्ह पुरुष ; (पण्ह १, ५)। ३ भगवान् वासुपूज्य का शासनाधिष्ठाता यक्ष ; (संति ७)। ४ लोहकार, लोहार ; "चवेडमुट्ठिमाईहिं कुमारेहिं अयं पिव" (उत्त २३)। ५ कार्त्तिकेय, स्कन्द ; (पाअ)। ६ शुक पक्षी ; ७ घुड़सवार ; ८ सिन्धु नद ; ६ वृक्ष-विशेष, वरुण-वृक्ष ; (हे १, ६७)। १० अ-विवाहित, ब्रह्मचारी ; (सम ५०)। °**ग्गाम** पुं [°ग्राम] ग्राम-विशेष ; (आचा २,३)। °**णंदि**

पुं [°नन्दिन्] इस नाम का एक सोनार ; (आवम)। °धम्म पुं [°धर्म] एक जैन साधु ; (कप्प)। °वाल पुं [°पाल] विक्रम की बारहवीं शताब्दी का गुजरात का एक सुप्रसिद्ध जैन राजा ; (दे १, ११३ टी)।

कुमार पुं [दे] कुआँर का महीना, आश्विन मास ; (ठा२,१)।

कुमारा स्त्री [**कुमारा**] इस नाम का एक संनिवेश ; "तओ भगवं कुमाराए संनिवेसे गओ" (आवम)।

कुमारिय पुं [**कुमारिक**] कसाई, शौनिक ; (बृह १)।

कुमारिया स्त्री [**कुमारिका**] देखो **कुमारी** ; (पि ३५०)।

कुमारी स्त्री [**कुमारी**] १ प्रथम वय की लड़की ; २ अविवाहित कन्या ; (हे ३, ३२)। ३ वनस्पति-विशेष, घीकुआरी ; (पव ४)। ४ नवमल्लिका ; ५ नदी-विशेष ; ६ जम्बू-द्वीप का एक भाग; ७ वनस्पति-विशेष, अपराजिता ; ८ सीता ; ९ बड़ी इलाची ; १० वन्ध्या ककड़ी की लता ; ११ पत्ति-विशेष ; (हे ३, ३२)।

कुमारी स्त्री [**दे. कुमारी**] गौरी, पार्वती ; (दे २, ३५)।

कुमुअ पुं [**कुमुद**] १ इस नाम का एक बानर ; (से१,३४)। २ महाविदेह-वर्ष का एक विजय-युगल, भूमि-प्रदेश-विशेष ; (ठा२, ३— पत्र ८०)। ३ न. चन्द्र-विकासी कमल ; (णाया १, ३—पत्र ९६; से १, २६)। ४ संख्या-विशेष, कुमुदाङ्ग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (जो २)। ५ शिखर-विशेष ; (ठा ८)। ६ वि. पृथ्वी में आनन्द पाने वाला; ७ खराब प्रीति वाला, (से १, २६)। देखो **कुमुद**।

कुमुअंग न [**कुमुदाङ्ग**] संख्या-विशेष, 'महाकमल' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (जो२)।

कुमुआ स्त्री [**कुमुदा**] १ इस नाम की एक पुष्करिणी ; (जं ४)। २ एक नगरी ; (दीव)।

कुमुइणी स्त्री [**कुमुदिनी**] १ चन्द्र-विकासी कमल का पेड़; (कुमा; रंभा)। २ इस नाम की एक रानी ; (उप १०३१ टी)।

कुमुद देखो **कुमुअ** ; (इक)। देव-विमान विशेष ; (सम ३३ ; ३५)। °**गुम्म** न [°**गुल्म**] देव-विमान-विशेष; (सम ३५)। °**पुर** न [°**पुर**] नगर-विशेष ; (इक)। °**प्पभा** स्त्री [°**प्रभा**] इस नाम की एक पुष्करिणी ; (जं ४)। °**वण** न [**वन**] मथुरा नगरी के समीप का एक जङ्गल; (ती २१)। °**ागर** पुं [°**ाकर**] कुमुद-षण्ड, कुमुदों से भरा हुआ वन ; (पगह १, ४)।

कुमुदंग देखो **कुमुअंग** ; (इक)।

कुमुदग न [**कुमुदक**] तृण-विशेष; (सुअ २, २)।

कुमुली स्त्री [**दे**] चुल्ली, चुल्हा ; (दे २, ३९)।

कुम्म पुं [**कूर्म**] कच्छप, कछुआ ; (पाअ)। °**ग्गाम** पुं [°**ग्राम**] मगध देश के एक गाँव का नाम; (भग १५)।

कुम्मण वि [**दे**] म्लान, शुष्क ; (दे २, ४०)।

कुम्मास पुं [**कुल्माष**] १ अन्न-विशेष, उड़िद ; (ओघ ३५९ ; पगह २, ५)। २ थोड़ा भीजा हुआ मुंग वगैरः धान्य ; (पगह २, ५—पत्र १४८)।

कुम्मी स्त्री [**कूर्मी**] १ स्त्री-कछुआ, कच्छपी। २ नारद की माता का नाम ; (पउम ११, ५२)। °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] दो हाथ ऊँचा इस नाम का एक पुरुष, जिसने मुक्ति पाई थी ; (ओप)।

कुम्ह पुंब. [**कुश्मन्**] देश-विशेष ; (हे २, ७४)।

कुय पुं [**कुच**] १ स्तन, थन। २ वि. शिथिल ; (वव ७)। ३ अस्थिर ; (निचू १)।

कुयवा स्त्री [**दे**] वल्ली-विशेष ; (पगण १—पत्र ३३)।

कुरंग पुं [**कुरङ्ग**] १ मृग की एक जाति ; (जं २)। २ कोई भी मृग, हरिण ; (पगह १, १; गउड)। स्त्री °**गी** ; (पाअ)। °**च्छी** स्त्री [°**ाक्षी**] हरिण के नेत्र जैसे नेत्र वाली स्त्री, मृग-नयनी स्त्री ; (वज्जा २०)।

कुरंटय पुं [**कुरण्टक**] वृत्त-विशेष, पियवाँसा ; (उप १०३१ टी)।

कुरकुर देखो **कुरुकुर**। वकृ —**कुरकुराइंत** ; (रंभा)।

कुरय पुं [**कुरक**] वनस्पति-विशेष; (पगण १— पत्र ३५)।

कुरर पुं [**कुरर**] कुरल-पक्षी, उत्क्रोश ; (पगह १, १ ; उप १०२६)।

कुररी स्त्री [**दे**] पशु, जानवर ; (दे २, ४०)।

कुररी स्त्री [**कुररी**] १ कुरर पक्षी की मादा ; २ गाथा-छन्द का एक भेद ; (पिंग)। ३ मेषी, भेड़ी ; (रंभा)।

कुरल पुं [**कुरल**] १ केश, बाल ; "कुरलकुरलीहिं कलिओ तमालदलसामलो अइसणिद्धो" (सुपा २४ ; पाअ)। २ पक्षि-विशेष ; (जीव १)।

कुरली स्त्री [**कुरली**] १ केशों की वक्र सटा , (सुपा १ ; २४)। २ कुरल-पक्षिणी ; "कुरलिव्व नहंगणे भमइ" (पउम १७, ७९)।

कुरवय पुं [**कुरवक**] वृत्त-विशेष, कटसरैया ; (गा ६ ; मा ४० ; विक २९ ; स ४१४ ; कुमा ; दे ५, ९)।

कुरा स्त्री [**कुरा**] वर्ष-विशेष, अकर्म भूमि विशेष ; (ठा २, ३ ; १०)।
कुरिण न [**दे**] बड़ा जंगल, भयंकर अटवी ; (ओघ ४४७)।
कुरु पुं.ब. [**कुरु**] १ आर्य देश-विशेष, जो उत्तर भारत में है ; (गाया १, ८ ; कुमा)। २ भगवान् आदिनाथ का इस नाम का एक पुत्र ; (ती १६)। ३ अकर्म-भूमि विशेष; (ठा ६)। ४ इस नाम का एक वंश ; (भवि)। ५ पुंस्त्री. कुरु वंश में उत्पन्न, कुरु-वंशीय ; (ठा ६)। °**अरा**, °**अरी** देखो नीचे °**चरा**, °**चरी**; (षड्)। °**खेत्त** °**क्खेत्त**, न [°**क्षेत्र**] १ दिल्ली के पास का एक मैदान, जहां कौरव और पाण्डवों की लड़ाई हुई थी ; २ कुरु देश की राजधानी, हस्तिनापुर नगर ; (भवि ; ती १६)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] इस नाम का एक राजा ; (धम्म ; आवम)। °**चर** वि [°**चर**] कुरु देश का रहने वाला। स्त्री— °**चरा**, °**चरी**, (हे ३, ३१)। °**जंगल** न [°**जङ्गल**] कुरु-भूमि ; देश-विशेष ; (भवि ; ती ७)। °**णाह** पुं [°**नाथ**] दुर्योधन ; (गा ४४३ ; गउड)। °**दत्त** पुं [°**दत्त**] इस नाम का एक श्रेष्ठी और जैन महर्षि ; (उत्त २ ; संथा)। °**मई** स्त्री [°**मती**] ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की पटरानी ; (सम १५२)। °**राय** पुं [°**राज**] कुरु देश का राजा ; (ठा ७)। °**वइ** पुं [°**पति**] कुरु देश का राजा ; (उप ७२८ टी)।
कुरुकुया स्त्री [**कुरुकुचा**] पाँव का प्रक्षालन ; (ओघ ३१८)।
कुरुकुरु अक [**कुरुकुराय्**] 'कुरु कुरु' आवाज करना, कुलकुलाना, बड़बड़ाना। कुरुकुराअति ; (पि ५५८)। वकृ— **कुरुकुराअंत** ; (कप्पू)।
कुरुकुरिअ न [**दे**] रणरणक, औत्सुक्य ; (दे २, ४२)।
कुरुगुर देखो **कुरुकुर**। कुरुगुरेंति ; (स ५०३)।
कुरुचिल्ल पुं [**दे**] १ कुलीर, जल-जन्तु-विशेष ; २ न. ग्रहण, उपादान ; (दे २, ४१)। देखो **कुरुविल्ल**।
कुरुच्च वि [**दे**] अनिष्ट, अप्रिय ; (दे २, ३६)।
कुरुड वि [**दे**] १ निर्दय, निष्ठुर ; (दे २, ६३ ; भवि)। २ निपुण, चतुर ; (दे २, ६३ ; भवि)।
कुरुण न [**दे**] राजा का या दूसरे का धन ; (राज)।
कुरुय न [**दे. कुरुक**] माया, कपट ; (सम ७१)।
कुरुया स्त्री [**दे. कुरुका**] शरीर-प्रक्षालन, स्नान; (वव १)।
कुरुर देखो **कुरर** ; (कुमा)।
कुरुल पुं [**दे**] १ कुटिल केश, वक्र बाल ; (दे २, ६३ ; भवि)। २ वि. निर्दय ; ३ निपुण, चतुर ; (दे २, ६३)।
कुरुल अक [**कु**] आवाज करना, कौए का बोलना। कुरुलहि ; (भवि)।
कुरुलिअ न [**कुत**] वायस का शब्द, कौए का आवाज ; (भवि)।
कुरुव देखो **कुरु** ; (पउम ११८, ८३ ; भवि)।
कुरुवग देखो **कुरवय** ; (सुपा ७७)।
कुरुविंद पुं [**कुरुविन्द**] १ मणि-विशेष, रत्न की एक जाति ; (गउड)। २ तृण-विशेष ; (पणण १ ; पगह १, ४—पत्र ७८)। ३ कुटिलक-नामक रोग, एक प्रकार का जंघा रोग ; "एणीकुरुविंदवत्तवट्टाणुपुव्वजंघे" (ओप)। °**वत्त** पुन [°**वर्त**] भूषण-विशेष ; (कप्प)।
कुरुविंदा स्त्री [**कुरुविन्दा**] इस नाम की एक वणिग्-भार्या; (पउम ५५, ३८)।
कुरुविल्ल [**दे**] देखो **कुरुचिल्ल** ; (पाअ)।
कुल पुंन [**कुल**] १ कुल, वंश, जाति ; (प्रासू १७)। २ पैतृक वंश ; (उत्त ३)। ३ परिवार, कुटुम्ब ; (उप ६७७)। ४ सजातीय समूह ; (पगह १, ३)। ५ गोत्र; (सुपा ८ ; ठा ४, १)। ६ एक आचार्य की संतति; (कप्प)। ७ घर, गृह ; (कप्प ; सुअ १, ४, १)। ८ सान्निध्य, सामीप्य ; (आचा)। ६ ज्योतिः-शास्त्र-प्रसिद्ध नक्षत्र संज्ञा; (सुज्ज १० ; इक)। "कुलो, कुलं" (हे १, ३३)। °**उव्व** पुं [°**पूर्व**] पूर्वज, पूर्व-पुरुष; (गउड)। °**कम** पुं [°**क्रम**] कुलाचार, वंश-परम्परा का रिवाज ; (महि ७४)। °**कर** देखो नीचे °**गर** ; (ठा १०)। °**कोडि** स्त्री [°**कोटि**] जाति-विशेष ; (पव १५१ ; ठा ६ ; १०)। °**क्कम** देखो °**कम** ; (महि ६)। °**गर** पुं [°**कर**] कुल की स्थापना करने वाला, युग के प्रारम्भ में नीति वगैरः की व्यवस्था करने वाला महा-पुरुष; (सम १२६; धण ५)। °**गेह** न [°**गेह**] पितृ-गृह ; (सण)। °**घर** न [°**गृह**] पितृ-गृह; (ओप)। °**ज** वि [°**ज**] कुलीन; खानदान कुल में उत्पन्न; (द ५)। °**जाय** वि [°**जात**] कुलीन, खानदान कुल का; (सुपा ५६८ ; पाअ)। °**जुअ** वि [°**युत**] कुलीन ; (पउ ६४)। °**णाम** न [°**नामन्**] कुल के अनुसार किया जाता नाम ; (अणु)। °**तंतु** पुं [°**तन्तु**] कुल-संतान, कुल-संतति ; (वव ६)। °**तिलग** वि [°**तिलक**] कुल में श्रेष्ठ; (भग ११,११)। °**त्थ**

वि [°स्थ] कुलीन, खानदान वंश का; (गाया १, ५)। °त्थेर पुं [°स्थविर] श्रेष्ठ साधु ; (पंचू)। °दिणयर पुं [°दिनकर] कुल में श्रेष्ठ ; (कप्प)। °दीव पुं [°दीप] कुल-प्रकाशक, कुल में श्रेष्ठ; (कप्प)। °देव पुं [°देव] गोत्र-देवता ; (काल)। °देवया स्त्री [°देवता] गोत्र-देवता ; (सुपा ५६७)। °देवी स्त्री [°देवी] गोत्र-देवी; (सुपा ६०२)। °धम्म पुं [°धर्म] कुलाचार, (ठा १०)। °पव्वय पुं [°पर्वत] पर्वत-विशेष, (सम ६६, सुपा ४३)। °पुत्त पुं [°पुत्र] वंश-रक्षक पुत्र ; (उत १)। °बालिया स्त्री [°बालिका] कुलीन कन्या ; (सुर १,४३ ; हेका ३०१)। °भूसण न [°भूषण] १ वंश को दीपाने वाला, २ एक केवली भगवान् ; (पउम ३६, १२२)। °मय पुं [°मद] कुल का अभिमान ; (ठा १०)। °मयहरिया, °महत्तरिया स्त्री [°महत्तरिका] कुल में प्रधान स्त्री, कुटुम्ब की मुखिया ; (सुपा ७६; आवम)। °य देखो °ज ; (सुपा ५६८)। °रोग पुं [°रोग] कुल व्यापक रोग ; (जं २)। °वइ पुं [°पति] तापसों का मुखिया, प्रधान संन्यासी ; (सुपा १६०; उप ३१)। °वंस पुं [°वंश] कुल रूप वंश, वंश ; (भग ११, १०)। °वंस पुं [°वश्य] कुल में उत्पन्न, वंश में संजात ; (भग ६,३३)। °वडिंसय पुं [°वतंसक] कुल-भूषण, कुल-दीपक; (कप्प)। °वहू स्त्री [°वधू] कुलीन स्त्री, कुलाङ्गना ; (आव ५ ; पि ३८७)। °संपण्ण वि [°संपन्न] कुलीन, खानदान कुल का ; (औप)। °समय पुं [°समय] कुलाचार ; (सूत्र १, १, १)। °सेल पुं [°शैल] कुल-पर्वत ; (सुपा ६०० ; सं ११६)। °सेलया स्त्री [°शैलजा] कुल पर्वत से निकली हुई नदी ; "कुलसेलयावि सरिया नणं नीययरमणुसरइ" (सुपा ६००)। °हर न [°गृह] पितृ-गृह, पिता का घर ; (गा १२१ ; सुपा ३६४; से ६,५३)। °जीव वि [°जीव] अपने कुल की बड़ाई बतला कर आजीविका प्राप्त करने वाला; (ठा ५,१)। °य न [°य] पक्षी का घर, नीड़ ; (पाअ)। °यार पुं [°चार] कुलाचार वंश-परम्परा से चला आता रिवाज; (वव १)। °रिय पुं [°र्य] पितृ-पक्ष की अपेक्षा से आर्य ; (ठा३, १)। °लय वि [°लय] गृहस्थों के घर भीख माँगने वाला ; (सूत्र २, ६)।

कुलंकर पुं [**कुलङ्कर**] इस नाम का एक राजा ; (पउम ८२, २६)।

कुलंप पुं [**कुलम्प**] इस नाम का एक अनार्य देश; २ उसमें रहने वाली जाति ; (सूत्र २, २)।

कुलकुल देखो **कुरकुर**। कुलकुलइ ; (भवि)।

कुलक्ख पुं [**कुलक्ष**] १ एक म्लेच्छ देश ; २ उसमें रहने वाली जाति ; (पगह १, १ ; इक)।

कुलडा स्त्री [**कुलटा**] व्यभिचारिणी स्त्री, पुंश्चली ; (सुपा ३८४)।

कुलत्थ पुंस्त्री [**कुलत्थ**] अन्न-विशेष, कुलथी ; (ठा ५, ३ ; गाया १,५)। स्त्री—°त्था ; (श्रा १८)।

कुलफंसण पुं [**दे**] कुल-कलङ्क, कुल का दाग, कुल की अपकीर्ति ; (दे २, ४२ ; भवि)।

कुलल पुं [**कुलल**] १ पक्षि-विशेष ; (पगह १, १)। २ गृद्ध पक्षी ; (उत १४)। ३ कुरर पक्षी ; (सूत्र १,११)। ४ मार्जार, बिड़ाल ; "जहा कुक्कुडपोयस्स णिच्चं कुललओ भयं" (दस ८)।

कुलव देखो **कुडव** ; (जो २)।

कुलमंतइ स्त्री [**दे**] चुल्ली, चुल्हा ; (दे २, ३६)।

कुलाण देखो **कुणाल** ; (गज)।

कुलाल पुं [**कुलाल**] कुम्भकार, कुम्हार ; (पाअ ; गउड)।

कुलाल पुं [**कुलाट**] १ मार्जार, बिलाड़ ; २ ब्राह्मण, विप्र ; (सूत्र २, ६)।

कुलिंगाल पुं [**कुलाङ्गार**] कुल में कलंक लगाने वाला, दुराचारी ; (ठा ४, १—पत्र १८५)।

कुलिक } पुं [**कुलिक**] १ ज्योतिः-शास्त्र में प्रसिद्ध एक **कुलिय** } कुयोग ; (गण १८)। २ न. एक प्रकार का हल ; (पगह १, १)।

कुलिय न [**कुड्य**] १ भींत, भित्ति ; (सूत्र १,२,१)। २ मिट्टी की बनाई हुई भींत; (बृह २ ; कस)।

कुलिया स्त्री [**कुलिका**] भींत, कुड्य ; (बृह २)।

कुलिर पुं [**कुलिर**] मेष वगैरः बारह राशि में चतुर्थ राशि; (पउम १७, १०८)।

कुलिव्वय पुं [**कुटिव्रत**] परिव्राजक का एक भेद, तापस-विशेष, घर में ही रहकर क्रोधादि का विजय करने वाला; (औप)।

कुलिस पुंन [**कुलिश**] वज्र, इन्द्र का मुख्य आयुध; (पाअ ; उप ३२० टी)। °**णिणाय** पुं [°**निनाद**] रावण का इस नाम का एक सुभट ; (पउम ५६, २६)। °**मज्झ** न [°**मध्य**] एक प्रकार की तपश्चर्या ; (पउम २२, २४)।

कुलीकोस पुं [**कुटीकोश**] पक्षि-विशेष; (पण्ह १,१— पत्र ८)।

कुलीण वि [**कुलीन**] उत्तम कुल में उत्पन्न; (प्रासू ७१)।

कुलीर पुं [**कुलीर**] जन्तु-विशेष ; (पाअ ; दे २,४१)।

कुलुंच सक [**दह, म्लै**] १ जलाना। २ म्लान करना। संकृ— "मालइकुसुमाइं **कुलुंचिऊण** मा जाणि णिव्वुओ सिसिरो" (गा ४७६)।

कुलुक्किय वि [**दे**] १ जला हुआ; "विरहदवग्गिकुलुक्किय-कायहो" (भवि)।

कुल्ल पुं [**दे**] १ ग्रीवा, कण्ठ; २ वि. असमर्थ, अशक्त, ३ छिन्न-पुच्छ, जिसका पूँछ कट गया हो वह; (दे २,६१)।

कुल्ल अक [**कूर्द्**] कूदना। वकृ—"मारुईरक्कवगाणा बलं मुक्कबुक्कारपाइक्ककु**ल्लंत**वग्गंतवेणामुहं" (पउम ५३, ७६)।

कुल्लउर न [**कुल्यपुर**] नगर विशेष ; (संथा)।

कुल्लड न [**दे**] १ चुल्ली, चुल्हा; (दे २,६३)। २ छोटा पात्र, पुड़वा; (दे २,६३; पाअ)।

कुल्लरिअ पु [**दे**] कान्दविक, हलवाई, मीठाई बनाने वाला; (दे २,४१)।

कुल्लरिया स्त्री [**दे**] हलवाई की दुकान; (आवम)।

कुल्ला स्त्री [**कुल्या**] १ जल की नाक, सारिणी; (कुमा, हे २,७६)। २ नदी, कृत्रिम नदी; (कप्पू)।

कुल्लाग पुं [**कुल्याक**] संनिवेश विशेष, मगध देश का एक गाँव; (कप्प)।

कुल्लुडिया स्त्री [**कुल्लुडिका**] घटिका, घड़ी; (सुअ१,४,२)।

कुल्हरिअ [**दे**] देखो **कुल्लरिअ** ; (महा)।

कुल्ह पुं [**दे**] शृगाल, सियार ; (दे २,३४)।

कुवणय न [**दे**] लकुट, यष्टि, लकड़ी ; (राज)।

कुवलय न [**कुवलय**]१ नीलोत्पल, हरा रंग का कमल ; (पाअ)। २ चन्द्र-विकासी कमल ; (श्रा २७)। ३ कमल, पद्म ; (गा ५)।

कुविंद पुं [**कुविन्द**] तन्तुवाय, कपड़ा बुनने वाला ; (सुपा १८८)। °**वल्ली** स्त्री [°**वल्ली**] वल्ली-विशेष ; (पण्ण १- पत्र ३३)।

कुविय वि [**कुपित**] क्रुद्ध, जिसको गुस्सा हुआ हो वह ; (पण्ह १, १ ; सुर २, ५; हेका ७३ ; प्रासू ६४)।

कुविय देखो **कुप्प=कुप्य**; (पण्ह१,५; सुपा४०६)। °**साला** स्त्री [°**शाला**] बिछौना आदि गृहोपकरण रखने की कुटिया, घर का वह भाग जिसमें गृहोपकरण रक्खे जाते हैं ; (पण्ह १,४—पत्र १३३)।

कुवेणी स्त्री [**कुवेणी**] शस्त्र विशेष, एक जात का हथियार; (पण्ह १,३—पत्र ४४)।

कुवेर देखो **कुबेर** ; (महा)।

कुव्व सक [**कृ, कुर्व्**] करना, बनाना। कुव्वइ; (भग)। भूका—कुव्वित्था ; (पि ५१७)। वकृ—**कुव्वंत, कुव्वमाण** ; (ओघ १५ भा ; णाया १,६)।

कुस पु न [**कुश**] १ तृण-विशेष, दर्भ, डाभ, काश ; (विपा १,६ ; निचू १)। २ पुं. दाशरथी राम के एक पुत्र का नाम ; (पउम १००, २)। °**ग्ग** न [°**ाग्र**] दर्भ का अग्र भाग जो अत्यन्त तीक्ष्ण होता है ; (उत ७)। °**ग्गनयर** न [°**ाग्रनगर**] नगर-विशेष, बिहार का एक नगर, राजगृह, जो आजकल 'राजगिर' नाम से प्रसिद्ध है ; (पउम २, ६८)। °**ग्गपुर** न [°**ाग्रपुर**] देखो पूर्वोक्त अर्थ; (सुर १, ८१)। °**ट्ट** पु [°**ावर्त्त**] आर्य देश-विशेष ; (सत ६७ टी)। °**ट्ट** पुं [°**ार्त**] आर्य देश-विशेष, जिसकी राजधानी शौयपुर था ; (इक)। °**त** न [°**क्त, °क्त**] आस्तरण-विशेष, एक प्रकार का बिछौना ; (णाया १, १—पत्र १३)। °**त्थलपुर** न [°**स्थलपुर**] नगर-विशेष ; (पउम २१, ७६)। °**मट्टिया** स्त्री [°**मृत्तिका**] डाभ के साथ कुटी जाती मिट्टी; (निचू १८)। °**वर** पुं [°**वर**] द्वीप-विशेष; (अणु)।

कुसण न [**दे**] तीमन, आर्द्र करना ; (दे २, ३५)।

कुसल वि [**कुशल**] १ निपुण, चतुर, दक्ष, अभिज्ञ ; (आचा; णाया १, २)। २ न. सुख, हित ; (राय)। ३ पुण्य ; (पंचा ६)।

कुसला स्त्री [**कुशला**] नगरी-विशेष, विनीता, अयोध्या ; (आवम)।

कुसी स्त्री [**कुशी**] लोहे का बना हुआ एक हथियार ; (दे ८, ५)।

कुसुंभ पुंन [**कुसुम्भ**] १ वृक्ष-विशेष, कसुम, करे ; (ठा ८ —पत्र ४०५)। २ न. कसुम का पुष्प, जिसका रंग बनता है ; (जं २)। ३ रंग-विशेष ; (श्रा १२)।

कुसुंभिअ वि [**कुसुम्भित**] कुसुम्भ रंग वाला ; (श्रा१२)।

कुसुंभिल पुं [**दे**] पिशुन, दुर्जन, चुगलीखोर; (दे२,४०)।

कुसुंभी स्त्री [**कुसुम्भी**]वृक्ष-विशेष, कसुम का पेड़; (पाअ)।

कुसुम न [**कुसुम**] १ पुष्प, फूल; (पाअ; प्रासू ३४)। २ पुं. इस नाम का भगवान् पद्मप्रभ का शासनाधिष्ठायक यक्ष; (संति ७)। °**केउ** पुं [°**केतु**] अरुणवर द्वीप का अधिष्ठायक देव, (दीव)। °**चाय**, °**चाव** पुं [°**चाप**] कामदेव, मकरध्वज, (सुपा ५६; ५३०; महा)। °**ज्झय** पुं [°**ध्वज**] वसन्त ऋतु; (कुमा)। °**णयर** न [°**नगर**] नगर-विशेष, पाटलिपुत्र, आजकल जो 'पटना' नाम से प्रसिद्ध है; (आवम)। °**दंत** पुं [°**दन्त**] एक तीर्थङ्कर देव का नाम, इस अवसर्पिणी काल के नववें जिन-देव, श्री सुविधिनाथ; (पउम १, ३)। °**दाम** न [**दामन्**] फूलों की माला; (उवा)। °**धणु** न [**धनुष्**] कामदेव; (कुमा)। °**पुर** न [°**पुर**] देखो ऊपर °**णयर**; (उप ४८६)। °**बाण** पुं [°**बाण**] कामदेव; (सुर ३, १६२; पाअ)। °**रअ** पुं [°**रजस्**] मकरन्द; (पाअ)। °**रद** पुं [°**रद**] देखो **दंत**; (पउम २०, ५)। °**लया** स्त्री [°**लता**] छन्द-विशेष; (अजि १५)। °**संभव** पुं [°**संभव**] मधु-मास, चैत्रमास; (अणु)। °**सर** पुं [°**शर**] कामदेव; (सुर ३, १०६)। °**ाअर** पु [°**ाकर**] इस नाम का एक छन्द; (पिंग)। °**ाउह** पुं [°**ायुध**] काम, कामदेव; (स ५३८)। °**ावई** स्त्री [°**ावती**] इस नाम की एक नगरी; (पउम ५, २६)। °**ासव** पुं [°**ासव**] किञ्जल्क, पराग, पुष्प-रेणु; (णाया १, १; ओप)।

कुसुमाल पुं [**दे**] चोर, स्तेन; (दे २, १०)।

कुसुमालिअ वि [**दे**] शून्य-मनस्क, भ्रान्त-चित्त; (दे २, ४२)।

कुसुमिअ वि [**कुसुमित**] पुष्पित, पुष्प-युक्त, खिला हुआ; (णाया १, १; पउम ३३, १४८)।

कुसुमिल्ल वि [**कुसुमवत्**] ऊपर देखो; (सुपा २२३)।

कुसुर [**दे**] देखो **झसुर**; (हे २, १७४ टि)।

कुसूल पुं [**कुशूल**] कोष्ठ, अन्न रखने के लिए मिट्टी का बना एक प्रकार का बड़ा पात्र; (पाअ)।

कुह अक [**कुथ्**] सड़ जाना, दुर्गन्धी होना। कुहइ; (भवि; हे ४, ३६५)।

कुह पुं [**कुह**] वृक्ष, पेड़, गाछ; "कुहा महीरुहा वच्छा" (दस ७)।

कुह देखो **कहं**; (गा ५०७ अ)।

कुहंड पुं [**कूष्माण्ड**] व्यन्तर देवों की एक जाति; (ओप)।

कुहंडिया स्त्री [**कूष्माण्डी**] कोहला का गाछ; (राय)।

कुहग पुं [**कुहक**] कन्द-विशेष; "लाहिणीहू य थीहू य, कुहगा य तहेव य" (उत्त ३६, ६६ का)।

कुहड वि [**दे**] कुब्ज, कूबड़ा; (दे २, ३६)।

कुहण पुं [**कुहन**] १ वृक्षों का एक प्रकार, वृक्षों की एक जाति; "से किं तं कुहणा? कुहणा अणेगविहा पगणत्ता" (पगण १—पत्र ३५)। २ वनस्पति-विशेष; ३ भूमि स्फोट; (पगण १—पत्र ३०; आचा)। ४ देश-विशेष, ५ इस में रहने वाली जाति, (पगह १, १—पत्र १४; इक)।

कुहण वि [**कोपन**] क्रोधी, क्रोध करने वाला; (पगह १, ४—पत्र १००)।

कुहणी स्त्री [**दे**] कूर्पर, हाथ का मध्य-भाग; (सुपा ४१२)।

कुहय पुंन [**कुहक**] १ वायु-विशेष, दौड़ते हुए अश्व के उदर-प्रदेश के समीप उत्पन्न होता एक प्रकार का वायु; "धग-गज्जियहयकुहए" (गच्छ २)। २ इन्द्रजालादि कौतुक; "अलोलुए अक्कुहए अमाई" (दस ६, २)।

कुहर न [**कुहर**] १ पर्वत का अन्तराल; (णाया १, १—पत्र ६३)। "गहिंव विवरहिअं गिज्जरकुहरं व सलिल-सुगणविअं" (गा ६०७)। २ छिद्र, बिल, विवर; (पगह १, ४; पासू २)। ३ पुं.ब. देश-विशेष; (पउम ६८, ६७)।

कुहाड पुं [**कुठार**] कुल्हाड, फरसा; (विपा १, ६; पउम ६६, २४; स २१४)।

कुहाडी स्त्री [**कुठारी**] कुल्हाड़ी, कुठार; (उप ६६३)।

कुहावणा स्त्री [**कुहना**] १ आश्चर्य-जनक दम्भ-क्रिया, दम्भ-चर्या; २ लोगों से द्रव्य हासिल करने के लिए किया हुआ कपट-भेष; (जीत)।

कुहिअ वि [**दे**] लिप्त, पोता हुआ; (दे २, ३५)।

कुहिअ वि [**कुथित**] १ थोड़ी दुर्गन्ध वाला; (णाया १, १२—पत्र १७३)। २ सड़ा हुआ; (उप ५६७ टी)। ३ विनष्ट; (णाया १, १)। °**पूइय** वि [°**पूतिक**] अत्यन्त सड़ा हुआ; (पगह २, ५)।

कुहिणी स्त्री [**दे**] १ कूर्पर, हाथ का मध्य भाग; २ रथ्या, महल्ला; (दे २, ६२)।

कुहिल पुंस्त्री [**कुहुमत्**] कोयल पक्षी; (पिंग)।

कुहु स्त्री [**कुहु**] कोकिल पक्षी का आवाज; (पिंग)।

कुहुण देखो **कुहण**=कुहन; (उत ३६, का)।

कुहुव्वय पुं [**कुहुवत**] कन्द-विशेष ; (उत्त ३६, ६८) ।
कुहेड पुं [**दे**] ओषधी-विशेष, गुंरटक, एक जात का हरे का गाछ ; (दे २, ३५) ।
कुहेड) पुं [**कुहेट, °क**] १ चमत्कार उपजाने वाला मन्त्र-
कुहेडअ) तन्त्रादि ज्ञान ; "कुहेडविज्जासवदारजीवी न गच्छई सरणं तम्मि काले" (उत्त २०, ४५) । २ आभाणक, वक्रोक्ति-विशेष ; "तेसु न विम्हयइ सयं आहट्टुकुहेडएहिं व" (पव ७३ ; बृह १) ।
कुहेडगा स्त्री [**कुहटका**] कन्द-विशेष, पिंडालु ; (पव ४)।
कूअण न [**कूजन**] १ अव्यक्त शब्द ; २ वि. ऐसा आवाज करने वाला ; (ठा ३, ३) ।
कूअणया स्त्री [**कूजनता**] कूजन, अव्यक्त शब्द ; (ठा ३, ३) ।
कूइय न [**कूजित**] अव्यक्त आवाज; (महा ; सुर ३, ४८)।
कूचिया स्त्री [**कूचिका**] बुद्‌बुद, बुलबुला, पानी का बुलका ; (विसे १४६७) ।
कूज अक [**कूज्**] अव्यक्त शब्द करना । कूजाहि ; (चारु २१) । वकृ—**कूजंत**; (मै २६) ।
कूजिअ न [**कूजित**] अव्यक्त आवाज ; (कुमा; मै २६)।
कूड पुं [**दे. कूट**] पाश, फाँसी, जाल ; (दे २, ४३ ; गाय ; उत्त ५ ; सूअ १, ५, २) ।
कूड पुंन [**कूट**] १ असत्य, छल-युक्त, झूठा ; "कूडतुलकूडमाणे" (पडि) । २ भ्रान्ति-जनक वस्तु ; (भग ७, ६) । ३ माया, कपट, छल, दगा, धोखा ; (सुपा ६२७)। ४ नरक ; (उत्त ५) । ५ पीड़ा-जनक स्थान, दुःखोत्पादक जगह ; (सूअ १, ५, १ ; उत्त ६)। ६ शिखर, टोंच ; (ठा ४, २ ; रंभा) । ७ पर्वत का मध्य भाग ; (जं २) । ८ पाषाणमय यन्त्र-विशेष, मारने का एक प्रकार का यन्त्र ; (भग १५)। ९ समूह, राशि; (निर १, १) । **°कारि** वि [**°कारिन्**] धोखेबाज, दगाखोर ; (सुपा ६२७) । **°ग्गाह** पुं [**°ग्राह**] धोखे से जीवों को फँसाने वाला ; (विपा १, २) । स्त्री—**°ग्गाहणी** ; (विपा १, २) । **°जाल** न [**°जाल**] धोखे की जाल, फाँसी ; (उत्त १६)। **°तुला** स्त्री [**°तुला**] झूठा नाप, बनावटी नाप ; (उवा १) । **°पास** न [**°पाश**] एक प्रकार की मछली पकड़ने की जाल ; (विपा १, ८) । **°प्पओग** पुं [**°प्रयोग**] प्रच्छन्न पाप ; (आव ४) । **°लेह** पुं [**°लेख**] १ जाली लेख, दूसरे के हस्ताक्षर-तुल्य अक्षर बना कर धोखेबाजी करना ; २ दूसरे के नाम से झूठी चिट्ठी वगैरः लिखना ; (पडि ; उवा) । **°वाहि** पुं [**°वाहिन्**] बैल, बलीवर्द; (आव ५)। **°सक्ख** न [**°साक्ष्य**] झूठी गवाही; (पंचा १)। **°सक्खि** वि [**°साक्षिन्**] झूठी साक्षी देने वाला; (श्रा १४)। **°सक्खिज्ज** न [**°साक्ष्य**] झूठी गवाही ; (सुपा ३७५) । **°सामलि** स्त्री [**°शाल्मलि**] १ वृक्ष-विशेष के आकार का एक स्थान, जहां गरुड-जातीय देवों का निवास है; (सम १३; ठा २,३) । २ नरक स्थित वृक्ष-विशेष ; (उत्त २०) । **°गार** न [**°गार**] १ शिखर के आकार वाला घर; (ठा ४, २) । २ पर्वत पर बना हुआ घर; (आचा २,३,३) । ३ पर्वत में खुदा हुआ घर ; (निचू १२) । ४ हिंसा-स्थान ; (ठा ४,२) । **°गारसाला** स्त्री [**°गारशाला**] षड्‌यन्त्र वाला घर, षड्‌यन्त्र करने के लिए बनाया हुआ घर ; (विपा १,३) । **°हच्च** न [**°हत्य**] पाषाण-मय यन्त्र की तरह मारना, कुचल डालना ; (भग १५) ।
कूडग देखो **कूड** ; (आवम) ।
कूण अक [**कूणय्**] संकुचित होना, संकोच पाना ; (गउड) ।
कूणिअ वि [**कूणित**] संकोच-प्राप्त, संकोचित ; (गउड) ।
कूणिअ वि [**दे**] ईषद् विकसित, थोड़ा खिला हुआ ; (दे २, ४४) ।
कूणिअ पुं [**कूणिक**] राजा श्रेणिक का पुत्र ; (औप) ।
कूय अक [**कूज्**] अव्यक्त आवाज करना । वकृ—**कूयंत**, **कूयमाण** ; (ओघ २१ भा ; विपा १,७) ।
कूय पुं [**कूप**] १ कूप, कुँआ ; (गउड) । २ घी, तैल वगैरः रखने का पात्र, कुतुप ; (णाया १,१—पत्र ५८ ; औप) । **°दद्दुर** पुं [**°दर्दुर**] १ कूप का मेंढक ; २ वह मनुष्य जो अपना घर छोड़ बाहर न गया हो, अल्पज्ञ ; (उप ६४८ टी) । देखो **कूव** ।
कूर वि [**क्रूर**] १ निर्दय, निष्कृप, हिंसक ; (पण्ह १, ३)। २ भयंकर, रौद्र ; (णाया १,८ ; सूअ १, ७) । ३ पुं. रावण का इस नाम का एक सुभट ; (पउम ५६,२६) ।
कूर न [**कूर**] भात, ओदन; (दे २,४३) । **°गडुअ, °गड्डुअ** पुं [**°गडुक**] एक जैन महर्षि ; (आचा ; भाव ८) ।
कूर° अ [**ईषत्**] थोड़ा, अल्प; (हे २,१२६ ; षड्) ।
कूरपिउड न [**दे**] भोजन-विशेष, खाद्य-विशेष ; (आवम) ।
कूरि वि [**क्रूरिन्**] १ निर्दयी, क्रूर चित्त वाला ; २ निर्दय परिवार वाला ; (पण्ह १,३) ।

कूल न [**दे**] सैन्य का पिछला भाग; (दे २,४३ ; से १२, ६२)

कूल न [**कूल**] तट, किनारा ; (पाअ ; णाया १,१६)। °**धमग** पुं [°**ध्मायक**] एक प्रकार का वानप्रस्थ जो किनारे पर खड़ा हो आवाज कर भोजन करता है ; (औप)। °**वालग**, °**वालय** पुं [°**वालक**] एक जैन मुनि ; (आव; काल)।

कूलंकसा स्त्री [**कूलङ्कषा**] नदी, तीर को तोड़ने वाली नदी ; (वेणी १२०)।

कूव पुंन [**दे**] १ चुराई चीज की खोज में जाना ; (दे २, ६२ ; पाअ)। २ चुराई चीज को छुड़ाने वाला, छीनी हुई चीज को लड़ाई वगैरः कर वापिस लेने वाला ; "तए णं सा दोवदी देवी पउमणाभं एवं वयासी—एवं खलु देवा० जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे बारवतीए णयरीए कगहे णामं वासुदेवे मम प्पियभाउए परिवसति ; तं जइ णं से छगहं मासाणं ममं कूवं नो हव्वमागच्छइ, तए णं अहं देवा० जं तुमं वदसि तस्स आणाओवायवयणणिद्देसे चिट्ठिस्सामि" (णाया १, १६—पत्र २१५)। "दोवईए कूवग्गाहा" (उप ६४८ टी; द ६, ६२)।

कूव, **कूवग**, **कूवय** पुं [**कूप**, °**क**] १ कूप, कुँआ, गर्त ; (प्रासू ४५)। २ स्नेह-पात्र, कुतुप; (वज्जा ७२; उप पृ ४१२)। ३ जहाज का मध्य स्तम्भ, जहाँ पर सढ बाँधा जाता है ; (औप; णाया १,८)। °**तुला** स्त्री [°**तुला**] कूपतुला, ढेंकुवा ; (दे १, ६३ ; ८७) । °**मंडुक्क** पुं [°**मण्डूक**] १ कूप का मेढ़क; २ अल्पज्ञ मनुष्य, जो अपना घर छोड़ बाहर न जाता हो ; (निचू १)।

कूवय पुं [**कूपक**] देखो **कूव**=कूप ; (रयण ३२)। स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन मुनि ; (अंत ३)।

कूवर पुंन [**कूवर**] १ जहाज का एक अवयव, जहाज का मुख-भाग ; "संचुणिणयकट्ठकूवरा" (णाया १, ६—पत्र १५७)। २ रथ या गाड़ी वगैरः का एक अवयव, युगन्धर ; (से १२, ८४)।

कूवल न [**दे**] जघन-वस्त्र ; (दे २, ४३)।

कूविय न [**कूजित**] अव्यक्त शब्द ; "तह कहवि कुणइ सो सुरयकूवियं तप्पुरो जेण" (सुपा ५०८)।

कूविय पुं [**कूपिक**] इस नाम का एक संनिवेश—गाँव ; (आवम)।

कूविय वि [**दे**] मोष-व्यावर्तक, चुरायी हुई चीज की खोज कर उसे लेने वाला; (णाया १, १८—पत्र २३६)। २ चोर की खोज करने वाला ; (णाया १, १)।

कूविया स्त्री [**कूपिका**] १ छोटा कूप ; (उप ७२८ टी)। २ छोटा स्नेह-पात्र ; (राज)।

कूवी स्त्री [**कूपी**] ऊपर देखो ; "एयाओ अमयकूवीओ" (उप ७२८ टी)।

कूसार पुं [**दे**] गर्ताकार, गर्त जैसा स्थान, खड्डा ; "कूसारखलंतपओ" (दे २,४४ ; पाअ)।

कूहंड पुं [**कूष्माण्ड**] व्यन्तर देवों की एक जाति ; (पगह १,४)।

के सक [**क्री**] किनना, खरीदना । कइ, केअइ ; (षड्)।

के° वि [**कियत्**] कितना ? °**च्चिरेण** अ [°**चिरेण**] कितने समय में ? (अंत २४)। °**च्चिरं** अ [°**चिरं**] कितने समय तक ? (पि १४६)। °**च्चिरेण** देखो °**चिरेण** ; (पि १४६)। °**दूर** न [°**दूर**] कितना दूर ? "केदूरे सा पुरी लंका ?" (पउम ४८, ४७)। °**महालय** वि [°**महालय**] कितना बड़ा ? (णाया १,८)। °**महालिय** वि [°**महत्**] कितना बड़ा ? (पगण २१)। °**महिड्ढिय** वि [**महर्द्धिक**] कितनी बड़ी ऋद्धि वाला ; (पि १४६)।

केअइ पुं [**केकय**] देश-विशेष, जिसका आधा भाग आर्य और आधा भाग अनार्य है, सिन्धु देश की सीमा पर का देश ; (इक)। "केयइअद्धं च आरियं भणियं" (पगण १ ; सत्त ६७ टी)।

केअई स्त्री [**केतकी**] वृक्ष-विशेष, केवड़ा का वृक्ष ; (कुमा. दे ८, २५)।

केअग, **केअय** पुं [**केतक**] १ वृक्ष-विशेष, केवड़ा का गाछ, केतकी ; (गउड)। २ न. केतकी-पुष्प, केवड़ा का फूल ; (गउड)। ३ चिन्ह, निशान; (ठा १०)।

केअल देखो **केवल** ; (अभि २६)।

केअव देखो **कइअव**=कैतव ; "जं केअवेण पिम्मं" (गा ७४४)।

केआ स्त्री [**दे**] रज्जु, रस्सी ; (दे २, ४४ ; भग १३,६)।

केआर पुं [**केदार**] १ खेत, क्षेत ; (सुर २, ७८)। २ आलवाल, क्यारी ; (पाअ ; गा ६६०)।

केआरवाण पुं [**दे**] वृक्ष-विशेष, पलाश का पेड़; (दे २,४५)।

केआरिआ स्त्री [**केदारिका**] घास वाली जमीन, गोचर-भूमि ; (कप्पू)।

केउ पुं [**केतु**] १ ध्वज, पताका ; (सुपा २२६)। २ ग्रह-विशेष ; (सुज्ज २० ; गउड)। ३ चिन्ह, निशान ; (औप)। ४ तुला-सूत्र, रुई का सूता ; (गउड)। °**खेत्त** न [°**क्षेत्र**] मेघ-वृष्टि से ही जिसमें अन्न पैदा हो सकता हो ऐसा क्षेत्र-विशेष ; (आव ६)। °**मई** स्त्री [°**मती**] किन्नरेन्द्र और किंपुरुषेन्द्र की अग्र-महिषी का नाम, इन्द्राणी-विशेष ; (भग १०, ५ ; णाया २)। °**माल** न [°**माल**] वैताढ्य पर्वत पर स्थित इस नाम का एक विद्याधर-नगर ; (इक)।

केउ पुं [**दे**] कन्द, काँदा ; (दे २, ४४)।

केउग } पुं [**केतुक**] पाताल-कलश विशेष ; (सम ७१ ;
केउय } ठा ४, २—पत्र २२६)।

केऊर पुंन [**केयूर**] १ हाथ का आभूषण-विशेष, अङ्गद, बाजूबन्द ; (पाअ ; भग ६, ३३)। २ पुं. दक्षिण समुद्र का पाताल-कलश ; (पव २७२)।

केऊव पुं [**केयूप**] दक्षिण समुद्र का एक पाताल-कलश ; (इक)।

केंकाय अक [**केङ्काय्**] 'कें कें' आवाज करना। वकृ—"पेच्छइ तम्मो जडागिं **केंकायंतं** महीपडियं" (पउम ४४, ५४)।

केंसुअ देखो **किंसुअ** (कुमा)।

केकई स्त्री [**केकयी**] १ राजा दशरथ की एक रानी, केकय देश के राजा की कन्या ; (पउम २२, १०८ ; उप पृ ३७)। २ आठवें वासुदेव की माता ; (सम १५२)। ३ अपर-विदेह के बिभीषण-वासुदेव की माता ; (आवम)।

केकय पुं [**केकय**] १ देश-विशेष, यह देश प्राचीन वाह्लीक प्रदेश के दक्षिण की ओर तथा सिंधु देश की सीमा पर स्थित है ; २ इस देश का रहने वाला ; (पण्ह १, १)। ३ केकय देश का राजा ; (पउम २२, १०८)।

केकसिया स्त्री [**कैकसिका**] रावण की माता का नाम ; (पउम ७, ५४)।

केका स्त्री [**केका**] मयूर-शब्द। °**रव** पुं [°**रव**] मयूर की आवाज, मयूर-वाणी ; (णाया १, १—पत्र २५)।

केकाइय न [**केकायित**] मयूर का शब्द ; (सुपा ७६)।

केक्कई देखो **केकई**; (पउम ७६, २६)।

केक्कसी स्त्री [**कैकसी**] रावण की माता ; (पउम १०३, ११४)।

केक्काइय देखो **केकाइय** ; (णाया १, ३—पत्र ६५)

केगई देखो **केकई** ; (पउम १, ६४ ; २०, १८४)।

केगाइय देखो **केकाइय** ; (राज)।

केज्ज वि [**क्रेय**] बेचने की चीज ; (ठा ६)।

केढ } पुं [**कैटभ**] १ इस नाम का एक प्रतिवासुदेव
केढव } राजा ; (पउम ५,१५६)। २ दैत्य-विशेष ; (हे १,२४० ; कुमा)। °**रिउ** पुं [°**रिपु**] श्रीकृष्ण, नारायण ; (कुमा)।

केत्तिअ } वि [**कियत्**] कितना ? (हे २, १५७ ; कुमा ;
केत्तिल } षड् ; महा)।

केत्तुल (अप) ऊपर देखो; (कुमा ; षड् ; हे ४,४०८)।

केत्थु (अप) अ [**कुत्र**] कहां, किस जगह ? (हे ४,४०५)।

केद्दह देखो **केत्तिअ** ; (हे २,१५७ ; प्राप्र)।

केम } (अप) देखो **कहं** ; (षड् ; हे ४, ४०१ ;
केम्ब } ४१८)।

केय न [**केत**] १ गृह, घर; २ चिह्न, निशानी ; (पव ४)।

केयण न [**केतन**] १ वक्र वस्तु, टेढ़ी चीज ; २ चंगेरी का हाथा ; (ठा ४, २—पत्र २१८)। ३ संकेत, संकेत-स्थान ; (वव ४)। ४ धनुष की मूठ ; (उत्त ६)। ५ मछली पकड़ने की जाल ; (सूअ १, ३, १)। ६ स्थान, जगह ; (आचा)।

केयय देखो **केकय**; (सुपा १४२)।

केर } वि [**दे. संबन्धिन्**] संबन्धी वस्तु, संबन्धी चीज;
केरय } (स्वप्न ५१ ; हे ४, ३५९ ; ३७३ ; प्राप्र ; भवि)।

केरव न [**कैरव**] १ कुमुद, सफेद कमल ; (पाअ ; सुपा ४६)। २ कैतव, कपट ; (हे १, १५२)।

केरिच्छ वि [**कीदृक्ष**] कैसा, किस तरह का ? (हे १, १०५; प्राप्र ; काल)।

केरिस वि [**कीदृश**] कैसा, किस तरह का ? (प्रामा)।

केरी स्त्री [**ककटी**] वृक्ष-विशेष, करीर का गाछ ; "निंबंब-बोरिकिरि—" (उप १०३१ टी)।

केल देखो **कयल**=कदल ; (हे १, १६७)।

केलाइय वि [**समारचित**] साफसुफ किया हुआ ; (कुमा)।

केलाय सक [**समा + रचय्**] समारचन करना, साफ कर ठीक करना। केलायइ ; (हे ४, ६५)।

केलास पुं [**कैलास**] १ स्वनाम-प्रसिद्ध पर्वत-विशेष ; (से ६, ७३ ; गउड ; कुमा)। २ इस नाम का एक नाग-राज ; (इक)। ३ इस नाग-राज का आवास-पर्वत;

(ठा ४, २)। ५ मिट्टी का एक तरह का पात्र ; (निर १, ३)। देखो **कइलास**।

केलि देखो **कयलि** ; (कुमा)।

केलि } स्त्री [**केलि, °ली**] १ क्रीड़ा, खेल, मज्मत ; (कुमा;
केली } पाअ ; कप्पू)। २ परिहास, हाँसी, ठट्ठा ; (पाअ ; औप)। ३ काम-क्रीड़ा ; (कप्पू ; औप)। **°आर** वि [**°कार**] क्रीड़ा करने वाला, विनोदी ; (कप्पू)। **°काणण** न [**°कानन**] क्रीड़ोद्यान; (कप्प)। **°किल, °गिल** वि [**°किल**] १ विनोदी, क्रीड़ा-प्रिय ; (सुपा ३१४)। २ व्यन्तर-जातीय देव-विशेष ; (सुपा ३२०)। ३ स्थान-विशेष ; (पउम ५५, १७)। **°भवण** न [**°भवन**] क्रीड़ा-गृह, विलास-घर ; (कप्प)। **°विमाण** न [**°विमान**] विलास-महल ; (कप्प)। **°सअण** न [**°शयन**] काम-शय्या ; (कप्प)। **°सेज्जा** स्त्री [**°शय्या**]. काम-शय्या; (कप्पू)।

केली देखो **कयली** ; (हे १, १२०)।

केली स्त्री [**दे**] असती, कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री ; (दे २, ४४)।

केलीगिल वि [**केलीकिल**] केलीकिल स्थान में उत्पन्न; (पउम ५५, १७)।

केव° देखो **के°** ; (भग ; पण्ण १७—पत्र ५४५ ; विसे २८६१)।

केवँ (अप) देखो **कहं** ; (कुमा)।

केवइय वि [**कियत्**] कितना ? (सम १३४ ; विसे ६४६ टी)।

केवट्ट पुं [**कैवर्त्त**] धीवर, मच्छीमार ; (पाअ ; स २५८ ; हे २, ३०)।

केवड (अप) देखो **केत्तिअ** ; (हे ४, ४०८ ; कुमा)।

केवल वि [**केवल**] १ अकेला, असहाय ; (ठा २, १ ; औप)। २ अनुपम, अद्वितीय ; (भग ६, ३३)। ३ शुद्ध, अन्य वस्तु से अ-मिश्रित; (दस ४)। ४ संपूर्ण, परिपूर्ण ; (निर १, १)। ५ अनन्त, अन्त-रहित ; (विसे ८४)। ६ न. ज्ञान-विशेष, सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, भूत, भावि वगैरः सर्व वस्तुओं का ज्ञान, सर्वज्ञता; (विसे ८२७)। **°कप्प** वि [**°कल्प**] परिपूर्ण, संपूर्ण ; (ठा ३, ४)। **°णाण** न [**°ज्ञान**] सर्व-श्रेष्ठ ज्ञान, संपूर्ण ज्ञान ; (ठा २, १)। **°णाणि, °नाणि** वि [**°ज्ञानिन्**] १ केवल-ज्ञान वाला, सर्वज्ञ ; (कप्प; औप)। २ पुं. इस नाम के एक अर्हन् देव, अतीत उत्सर्पिणी-काल के प्रथम तीर्थङ्कर ; (पव ६)। **°ण्णाण, °नाण, °न्नाण** देखो **°णाण** ; (विसे ८२६ ; ८२८ ; ८२३)। **°दंसण** न [**°दर्शन**] परिपूर्ण सामान्य बोध ; (कम्म ४, १२)।

केवलं अ [**केवलम्**] केवल, फक्त, मात्र ; (स्वप्न ६२; ६३; महा)।

केवलाअ सक [**समा+रभ्**] आरम्भ करना, शुरू करना। केवलाअइ ; (षड्)।

केवलि त्रि [**केवलिन्**] केवल ज्ञान वाला, सर्वज्ञ ; (भग)। **°पक्खिय** वि [**पाक्षिक**] १ स्वयंबुद्ध; २ . जिनदेव, तीर्थकर ; (भग ६, ३१)।

केवलिअ वि [**केवलिक**] १ केवलज्ञान वाला ; (भग)। २ परिपूर्ण, संपूर्ण ; " सामाइयं केवलियं पसत्थं " (विसे २६८१)।

केवलिअ वि [**कैवलिक**] १ केवल ज्ञान से संबन्ध रखने वाला ; (दं १७)। २ केवलि-प्रोक्त ; (सूअ १,१४)। ३ केवल-ज्ञानि-संबन्धी; (ठा ४, २)। ४ न. केवल ज्ञान, संपूर्ण ज्ञान ; (आव ४)।

केवलिअ न [**कैवल्य**] केवल ज्ञान ; " केवलिए संपत्ते " (सत ६७ टी ; विसे ११८०)।

केस पुं [**केश**] केश, बाल ; (उप ७६८ टी ; प्रयौ २६)। **°पुर** न [**°पुर**] वैताढ्य पर स्थित एक विद्याधर-नगर ; (इक)। **°लोअ** पुं [**°लोच**] केशों का उन्मूलन ; (भग ; पण्ह २, ४)। **°वाणिज्ज** न [**°वाणिज्य**] केश वाले जीवों का व्यापार ; (भग ८, ५)। **°हत्थ, °हत्थय** पुं [**°हस्त, °क**] केश-पाश, समारचित केश, संयत बाल ; (कप्प ; पाअ)।

केस देखो **किलेस** ; (उप ७६८ टी ; धम्म २२)।

केसर पुं [**कवीश्वर**] उत्तम कवि, श्रेष्ठ कवि ; (उप ७२८ टी)।

केसर पुंन [**केसर**] १ पुष्प-रेणु, किंजल्क ; (से १, ५० ; दे ६, १३)। २ सिंह वगैरः के स्कन्ध का बाल, केसरा ; (से १, ५० ; सुपा २१५)। ३ पुं. बकुल वृक्ष ; (कप्पू ; गउड ; पाअ)। ४ न. इस नाम का एक उद्यान, काम्पिल्य नगर का एक उपवन ; (उत्त १७)। ५ फल-विशेष ; (राज)। ६ सुवर्ण, सोना ; ७ छन्द-विशेष ; (हे १, १४६)। ८ पुष्प-विशेष ; (गउड ११२२)।

केसरा स्त्री [**केसरा**] १ सिंह वगैरः के स्कन्ध पर के बालों की सटा ; "केसरा य सीहाणं" (प्रासू ५१ ; गउड ; प्रामा)।

केसरि पुं [**केसरिन्**] १ सिंह, वनराज, कण्ठीरव ; (उप ७२८ टी ; से ८, ६४ ; पराह १, ४)। २ द्रह-विशेष, नीलवन्त पर्वत पर स्थित एक ह्रद ; (सम १०४)। ३ नृप-विशेष, भरत-क्षेत्र के चतुर्थ प्रतिवासुदेव ; (सम १५४)। °**द्दह** पुं [°**द्रह**] द्रह-विशेष ; (ठा २, ३)।

केसरिआ स्त्री [**केसरिका**] साफ करने का कपड़े का टुकड़ा ; (भग ; विसे २५५२ टी)।

केसरिल्ल वि [**केसरवत्**] केसर वाला ; (गउड)।

केसरी स्त्री [**केसरी**] देखो **केसरिआ** ; "निदंडकुंडिय-छत्तछलुयंकुसपवित्तयंकेसरीहत्थगए" (णाया १, ५—पत्र १०५)।

केसव पुं [**केशव**] १ अर्ध-चक्रवर्ती राजा ; (सम)। २ श्रीकृष्ण वासुदेव, नारायण; (गउड)।

केसि वि [**क्लेशिन्**] क्लेश-युक्त, क्लिष्ट ; (विसे ३१५४)।

केसि पुं [**केशि**] १ एक जैन मुनि, भगवान् पार्श्वनाथ के शिष्य ; (राय ; भग)। २ असुर-विशेष, अश्व के रूप को धारण करने वाला एक दैत्य, जिसको श्रीकृष्ण ने मारा था ; (मुद्रा २६२)।

केसि पुं [**केशिन्**] देखो **केसव** ; (पउम ७५, २०)।

केसिअ वि [**कैशिक**] केश वाला, बाल युक्त। स्त्री °**आ**; (सुअ १, ४, २)।

केसी स्त्री [**केशी**] सातवें वासुदेव की माता ; (पउम २०, १८४)।

°**केसी** स्त्री [°**केशी**] केश वाली स्त्री, "विइण्णकेसी" (उत्त)।

केसुअ देखो **किंसुअ** ; (हे १, २९ ; ८६)।

केह (अप) वि [**कीदृश**] कैसा, किस तरह का ? (भवि; षड्; कुमा)।

केहिं (अप) अ. लिए, वास्ते ; (हे ४, ४२५)।

कैअव न [**कैतव**] कपट, दम्भ ; (हे १, १ ; गा १२४)।

कोअ देखो **कोक** ; (दे २, ४५ टी)।

कोअ देखो **कोव** ; (गउड)।

कोअंड देखो **कोदंड** ; (पाअ)।

कोआस अक [**वि+कस्**] विकसना, खीलना। कोआसइ ; (हे ४ १९५)।

कोआसिय वि [**विकसित**] विकसित, प्रफुल्ल ; (कुमा, जं २)।

कोइल पुं [**कोकिल**] १ कोयल, पिक ; (पराह १, ४ ; उप २३ ; स्वप्न ६१)। २ छन्द का एक भेद ; (पिंग)। °**च्छय** पुं [°**च्छद**] वनस्पति-विशेष, तलकण्टक ; (पण्ण १७—पत्र ५२७)।

कोइला स्त्री [**कोकिला**] स्त्री-कोयल, पिकी ; "कोइला पंचमं सरं" (अणु ; पाअ)।

कोइला स्त्री [**दे**] कोयला, काष्ठ के अंगार; (दे २, ४८)।

कोउआ स्त्री [**दे**] गोइठा का अग्नि, करीषाग्नि ; (दे २, ४८ ; पाअ)।

कोउग } न [**कौतुक**] १ कुतूहल, अपूर्व वस्तु देखने का
कोउय } अभिलाष ; (सुर २, २२६)। २ आश्चर्य, विस्मय ; (वव १)। ३ उत्सव ; (राय)। ४ उत्सुकता, उत्कण्ठा ; (पंचव १)। ५ दृष्टि-दोषादि से रक्षा के लिए किया जाता मषी-तिलक, रक्षा-बन्धनादि प्रयोग ; (राय ; औप ; विपा १, १ ; पराह १, २ ; धर्म ३)। ६ सौभाग्य आदि के लिए किया जाता स्नपन, विस्मापन, धूप, होम वगैरः कर्म ; (वव १ ; णाया १, १४)।

कोउहल } देखो **कुऊहल** ; (हे १, ११७ ; १७१ ; २,
कोउहल्ल } ९९ ; कुमा ; प्राप्र)।

कोउहल्लि वि [**कुतूहलिन्**] कुतूहली, कौतुकी, कुतूहल-प्रिय ; (कुमा)।

कोऊहल } देखो **कुऊहल**; (कुमा ; पि ६१)।
कोऊहल्ल }

कोंकण पुं [**कोङ्कण**] देश-विशेष ; (स ४१२)।

कोंकणग पुं [**कोङ्कणक**] १ अनार्य देश-विशेष ; (इक)। २ वि. उस देश में रहने वाला ; (पराह १, १ ; विसे १४१२)।

कोंच पुं [**क्रौञ्च**] १ नाम का एक अनार्य देश ; (पराह १, १)। २ पक्षि-विशेष ; (ठा ७)। ३ द्वीप-विशेष ; (ती ४५)। ४ इस नाम का एक असुर ; (कुमा)। ५ वि. क्रौञ्च देश का निवासी ; (पराह १, १)। °**रिवु** पुं [°**रिपु**] कार्त्तिकेय, स्कन्द; (कुमा)। °**वर** पुं [°**वर**] इस नाम का एक द्वीप; (अणु)। °**वीरग** पुंन [°**वीरक**] एक प्रकार का जहाज ; (बृह १)। देखो **कुंच**।

कोंचिगा स्त्री [**कुञ्चिका**] ताली, कुञ्जी ; (उप १७०)।

कोंचिय वि [**कुञ्चित**] आकुञ्चित, संकुचित ; (पराह १, ४) ।

कोंटलय न [**दे**] १ ज्योतिष-संबन्धी सूचना ; २ शकुनादि निमित्त-संबन्धी सूचना; "पउंजणे कोंटलयस्स" (ओघ २२१ भा) ।

कोंठ देखो **कुंठ** ; (हे १, ११६ पि) ।

कोंड देखो **कुंड** ; (हे १, २०२) ।

कोंड पुं [**कौण्ड, गौड**] देश-विशेष ; (इक) ।

कोंडल देखो **कुंडल** ; (गज) । °**मेत्तग** पुं [°**मित्रक**] एक व्यन्तर देव का नाम ; (बृह ३) ।

कोंडलग पुं [**कुण्डलक**] पक्षि-विशेष ; (औप) ।

कोंडलिआ स्त्री [**दे**] १ श्वापद जन्तु-विशेष, साही, श्वाविन्; २ कीड़ा, कीट ; (दे २, ५०) ।

कोंडिअ पु [**दे**] ग्राम-निवासी लोगों में फूट करा कर छल से गाँव का मालिक बन बैठने वाला ; (दे २, ४८) ।

कोंडिया देखो **कुंडिया** ; (पराह २, ५) ।

कोंडिण्ण देखो **कोडिन्न** ; (गज) ।

कोंढ देखो **कुंद** ; (हे १, ११६) ।

कोंदुल्लु पुं [**दे**] उलूक, उल्लू, पक्षि-विशेष; (दे २, ४६) ।

कोंत देखो **कुंत**; (पराह १, १ सुर २, २८) ।

कोंती देखो **कुंती** ; (णाया १, १६—पत्र २१३)।

कोक पुं [**कोक**] १ चक्रवाक पक्षी ; (दे ८, ८३) । २ वृक, भेड़िआ ; (इक) ।

कोकंतिय पुंस्त्री [**दे**] जन्तु-विशेष, लोमड़ी, लोखरिआ ; (पराह १, १) । स्त्री —°**या**; (णाया १,१—पत्र ६५) ।

कोकणय न [**कोकनद**] १ रक्त कुमुद ; २ रक्त कमल ; (पराण १; स्वप्न ७२) ।

कोकासिय [**दे**] देखो **कोक्कासिय** ; (पराह १, ४—पत्र ७८) ।

कोकुइय देखो **कुक्कुइअ** ; (ठा ६—पत्र ३७१) ।

कोक्क सक [**व्या+हृ**] बुलाना, आह्वान करना । कोक्कइ; (हे १, ७६ ; षड्) । वकृ — **कोक्कंत** ; (कुमा) । संकृ—**कोक्किवि**; (भवि) । प्रयो—कोक्कावइ; (भवि)।

कोक्कास पु [**कोक्कास**] इस नाम का एक वर्धकि, बढ़ई ; (आचू १) ।

कोक्कासिय [**दे**] देखो **कोआसिअ** ; (दे २, ५०) ।

कोक्किय वि [**व्याहृत**] आहूत, बुलाया हुआ ; (भवि) ।

कोक्कुइय देखो **कुक्कुइअ**; (कस ; औप) ।

कोखुब्भ देखो **खोखुब्भ** । वकृ—**कोखुब्भमाण** ; (पि ३१६) ।

कोच्चप्प न [**दे**] अलीक-हित, झूठी भलाई, दीखावटी हित; (दे २, ४६) ।

कोच्चिय पुंस्त्री [**दे**] शैक्षक, नया शिष्य ; (वव ६) ।

कोच्छ न [**कौत्स**] १ गोत्र-विशेष ; २ पुंस्त्री. कौत्स गोत्र में उत्पन्न ; (ठा ७—पत्र ३६०) ।

कोच्छ वि [**कौक्ष**] १ कुक्षि-संबन्धी, उदर से संबन्ध रखने वाला ; २ न. उदर-प्रदेश ; "गणियायारकणेरुकोत्थ(? च्छ)हत्थी" (णाया १, १—पत्र ६४) ।

कोच्छभास पुं [**दे.कुत्सभाष**] काक, कौआ, वायस ; "न मणी सयसाहस्सो आविज्झइ कोच्छभासस्स" (उव) ।

कोच्छेअय देखो **कुच्छेअय** ; (हे १, १६१ ; कुमा ; षड्)।

कोज्ज देखो **कुज्ज** ; (कप्प) ।

कोज्जप्प न [**दे**] स्त्री-रहस्य; (दे २,४६) ।

कोज्जय देखो **कुज्जय** ; (णाया १,८—पत्र १२५) ।

कोज्जरिअ वि [**दे**] आपूरित, पूर्ण किया हुआ, भरा हुआ; (षड्) ।

कोज्झरिअ वि [**दे**] ऊपर देखो; (दे २, ५०) ।

कोटुंभ पुंन [**दे**] हाथ से आहत जल ; "कोटुंभो जलकरप्फालो" (पात्र) । देखा **कोट्टुंभ** ।

कोट्ट देखो **कुट्ट=कुट्ट्** । कवकृ—**कोट्टिज्जमाण** ; (आवम) । संकृ -- **कोट्टिय** ; (जीव ३) ।

कोट्ट न [**दे**] १ नगर, शहर ; (दे २, ४५) । २ कोट, किला, दुर्ग ; (णाया १,८—पत्र१३४; उत्त ३० ; बृह १; सुपा ११८) । °**वाल** पुं [°**पाल**] कोटवाल, नगर-रक्षक ; (सुपा ४१३) ।

कोट्टंतिया स्त्री [**कुट्टयन्तिका**] तिल वगैरः को चूरने का उपकरण ; (णाया १,७—पत्र ११७) ।

कोट्टग पुं [**कोट्टाक**] १ वर्धकि, बढ़ई ; (आचा२, १,२)। २ न. हरे फलों को सुखाने का स्थान-विशेष ; (बृह १) ।

कोट्टण देखो **कुट्टण** ; (उप १७६ ; पराह १, १) ।

कोट्टर देखो **कोडर** ; (महा ; हे ४, ४२२ ; गा ५६३ अ)।

कोट्टवीर पुं [**कोट्टवीर**] इस नाम का एक मुनि, आचार्य शिवभूति का एक शिष्य ; (विसे २५५२) ।

कोट्टा स्त्री [**दे**] १ गौरी, पार्वती ; (दे २,३५—१,१७४)। २ गला, गर्दन ; (उप ६६१)।

कोट्टिंब पुं [**दे**] द्रोणी, नौका, जहाज ; (दे २,४७)।

कोट्टिम पुंन [**कुट्टिम**] १ रत्नमय भूमि ; (णाया १,१)। २ फरस-बंध जमीन, बँधी हुई जमीन ; (जं १)। ३ भूमि तल ; (सुर ३,१००)। ४ एक या अनेक तला वाला घर; (वव ४)। ५ झोंपड़ा, मढ़ी ; ६ रत्न की खान ; ७ अनार का पेड़ ; (हे १,११६ ; प्राप्र)।

कोट्टिम वि [**कृत्रिम**] बनावटी, बनाया हुआ, अ-कुदरती ; (पउम ६६,३६)।

कोट्टिल } पुं [**कौट्टिक**] मुद्गर, मुगरी, मुगरा ; (राज ;
कोट्टिल्ल } पा १६—पत्र ६६ ; ६६)।

कोट्टी स्त्री [**दे**] १ दोह, दोहन ; २ विषम स्खलना ; (दे २, ६४)।

कोट्टुंभ पुंन [**दे**] हाथ से आहत जल; "कोट्टुंभं करहए तोए" (दे २,४७)।

कोट्टुम अक [**रम्**] क्रीड़ा करना, रमण करना। कोट्टुमइ ; (हे ४, १६८)।

कोट्टुवाणी स्त्री [**कोट्टुवाणी**] जैन मुनि-गण की एक शाखा; (कप्प)।

कोट्ठ देखो **कुट्ठ**=कुष्ठ ; (भग १६, ६ ; णाया १, १७)।

कोट्ठ } देखो **कुट्ठ** =कोष्ठ ; (णाया १, १ ; ठा ३, १ ;
कोट्ठग } पाअ)। ३ आश्रय-विशेष, आवास-विशेष, (ओघ
कोट्ठय } २००; वव १)। ४ अपवरक, कोठरी; (दस ५,१; उप ४८६)। ५ चैत्य-विशेष ; (णाया २,१)। °**गार** न [°**गार**] धान्य भरने का घर ; (ओप ; कप्प)। २ भाण्डागार, भण्डार ; (णाया १, १)।

कोट्ठार पुंन [**कोष्ठागार**] भाण्डागार, भण्डार; (पउम २, ३)।

कोट्ठि वि [**कुष्ठिन्**] कुष्ठ-रोगी ; (आचा)।

कोट्ठिया स्त्री [**कोष्ठिका**] छोटा कोष्ठ, लघु कुशूल ; (उवा)।

कोट्ठु पुं [**क्रोष्टु**] शृगाल, सियार ; (षड्)।

कोडंड देखो **कोदंड** ; (स २५६)।

कोडंडिय देखो **कोदंडिय** ; (कप्प)।

कोडंब न [**दे**] कार्य, काम, काज; (दे २, २)।

कोडय [**दे**] देखो **कोडिअ** ; (पाअ)।

कोडर न [**कोटर**] गह्वर, वृक्ष का पोला भाग, विवर ; (गा ५६२)।

कोडल्ल पुं [**कोरङ्ग**] पक्षि-विशेष ; (राज)।

कोडाकोडि स्त्री [**कोटाकोटि**] संख्या-विशेष, करोड़ को करोड़ से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (सम १०५ ; कप्प ; उव)।

कोडाल पुं [**कोडाल**] १ गोत्र-विशेष का प्रवर्तक पुरुष ; २ न. गोत्र विशेष ; (कप्प)।

कोडि स्त्री [**कोटि**] १ संख्या विशेष, करोड़, १०००००००; (णाया १,८; सुर १, ६७; ४, ६१)। २ अग्र-भाग, अणी, नोक ; (से १२,२६ ; पाअ)। ३ अंश, विभाग, भाग ; 'नत्थिक्कमो पएसो लोए वालग्गकोडिमित्तोवि'' (पउम ३६ ; ठा ६)। °**कोडि** देखो **कोडाकोडि**; (सुपा २६६)। °**बद्ध** वि [°**बद्ध**] करोड़ संख्या वाला ; (वव ३)। °**भूमि** स्त्री [°**भूमि**] एक जैन तीर्थ ; (ती ४३)। °**सिला** स्त्री [°**शिला**] एक जैन तीर्थ ; (पउम ४८, ६६)। °**सो** अ [°**शस्**] करोड़ों, अनेक करोड़ ; (सुपा ४२०)। देखो **कोडी**।

कोडिअ न [**दे**] १ छोटा मिट्टी का पात्र, लघु शराव ; (दे २,४७)। २ पुं. पिशुन, दुर्जन, चुगलीखोर ; (षड्)।

कोडिअ पुं [**कोटिक**] १ एक जैन मुनि ; (कप्प)। २ एक जैन मुनि-गण ; (कप्प ; ठा ६)।

कोडिण्ण } न [**कौण्डिन्य**] १ इस नाम का एक नगर ;
कोडिन्न } (उप ६४८ टी)। २ वासिष्ठ गोत्र की शाखा रूप एक गोत्र ; (कप्प)। ३ पु. कौण्डिन्य गोत्र का प्रवर्तक पुरुष; ४ वि. कौण्डिन्य-गोत्रीय; (ठा ७—पत्र ३६०; कप्प)। ५ पुं. एक मुनि, जो शिवभूति का शिष्य था; (विसे २५५२)। ६ महागिरिसूरि का शिष्य, एक जैन मुनि ; (कप्प)। ७ गोतम-स्वामी के पास दीक्षा लेने वाले पाँच सौ तापसों का गुरू ; (उप १४२ टी)।

कोडिन्ना स्त्री [**कौण्डिन्या**] कौण्डिन्य-गोत्रीय स्त्री; (कप्प)।

कोडिल्ल पुं [**दे**] पिशुन, दुर्जन, चुगलीखोर ; (दे २,४० ; षड्)।

कोडिल्ल देखो **कोट्टिल** ; (राज)।

कोडिल्ल पुं [**कौटिल्य**] इस नाम का एक ऋषि, चाणक्य मुनि ; (वव १ ; अणु)।

कोडिल्लय न [**कौटिल्यक**] चाणक्य-प्रणीत नीति-शास्त्र ; (अणु)।

कोडी देखो **कोडि** ; (उव ; ठा ३, १ ; जी ३७)। °**करण** न [°**करण**] विभाग, विभजन ; (पिंड ३०७)। °**णार** न [°**नार**] इस नाम का सोरठ देश का एक नगर; (ती ५६)। °**मातसा** स्त्री [°**मातसा**] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना ; (ठा ७—पत्र ३९३)। °**वरिम** न [°**वर्ष**] लाट देश की राजधानी, नगर-विशेष ; (इक; पत्र १७४)। °**वरिसिया** स्त्री [°**वर्षिका**] जैन मुनि-गण की एक शाखा ; (कप्प)। °**सर** पुं [°**श्वर**] करोड़-पति, कोटीश; (सुपा ३)।

कोडीण न [**कोडीन**] १ इस नाम का एक गोत्र, जो कौत्स गोत्र की एक शाखा रूप है ; २ वि. इस गोत्र में उत्पन्न ; (ठा ७—पत्र ३९०)।

कोडुंबि देखो **कुडुंबि** ; (ठा ३, १—पत्र १२५)।

कोडुंबिय पु [**कौटुम्बिक**] १ कुटुम्ब का स्वामी, परिवार का स्वामी, परिवार का मुखिया; (भग)। २ ग्राम-प्रधान, गाँव का बड़ा आदमी; (पगह १,५—पत्र ९४)। ३ वि. कुटुम्ब में उत्पन्न, कुटुम्ब से संबन्ध रखने वाला, कुटुम्ब-संबन्धी ; (महा; जीव ३)।

कोडूसग पुं [**कोदूषक**] अन्न-विशेष, कोद्रव की एक जाति ; (राज)।

कोड्ड [**दे**] देखो **कुड्ड** ; (दे २,३३ ; स ६४१ ; ६४२ ; हे ४, ४२२ ; गाया १, १६—पत्र २२४ ; उप ८६२ ; भवि)।

कोड्डुम देखो **कोट्टुम** ; (कुमा)।

कोड्डुमिअ न [**रत**] रति क्रीड़ा-विशेष ; (कुमा)।

कोड्डिय वि [**दे**] कुतुहली, कुतुकी, उत्कण्ठित; (उप ७६८ टी)।

कोड्ढ } पुं [**कुष्ठ**] रोग-विशेष, कुष्ठ-रोग; (पि ६६; गाया **कोढ** } १, १३ ; श्रा २०)।

कोढि वि [**कुष्ठिन्**] कुष्ठ-रोग से ग्रस्त; कुष्ठ-रोगी ; (आचा)।

कोढिक } वि [**कुष्ठिक**] कुष्ठ-रोगी, कुष्ठ-ग्रस्त; (पगह २, ५ ; **कोढिय** } विपा १,७)।

कोण वि [**दे**] १ काला, श्याम वर्ण वाला ; (दे २, ४५)। २ पुं. लकुट, लकड़ी, यष्टि; (दे २, ४५ ; निचू १ ; पाअ)। ३ वीणा वगैरः बजाने की लकड़ी, वीणा-वादन-दण्ड; (जीव ३)।

कोण } पुंन [**कोण**] कोण, अस्त्र, घर का एक भाग; **कोणग** } (गउड ; दे २, ४५ ; रंभा)।

कोणव पुं [**कौणप**] राक्षस, पिशाच ; (पाअ)।

कोणालग पुं [**कोनालक**] जलचर पक्षि-विशेष ; (पगह १,१)।

कोणाली स्त्री [**दे**] गोष्ठी, गोठ; (बृह १)।

कोणिअ } पुं [**कोणिक**] राजा श्रेणिक का पुत्र, नृप-विशेष ; **कोणिग** } (अंत; गाया १, १ ; महा ; उव)।

कोणु स्त्री [**दे**] लेखा, रेखा ; (दे २, २६)।

कोण्ण पुं [**दे. कोण**] गृह-कोण, घर का एक भाग ; (दे २, ४५)।

कोतव न [**कौतव**] मूषक के रोम से निष्पन्न सूता ; (राज)।

कोतुहल देखो **कुऊहल** ; (काल)।

कोत्तलंका स्त्री [**दे**] दारू परोसने का भाजन, पात्र-विशेष ; (दे २, १४)

कोत्तिअ वि [**कौतुकिक**] कौतुकी, कुतुहली; (गा ६७२)।

कोत्तिअ पुं [**कोत्रिक**] १ भूमि-शयन करने वाला वान-प्रस्थ ; (ओप)। २ न. एक प्रकार का मधु ; (ठा ६)।

कोत्थ देखो **कोच्छ** = कौत्स।

कोत्थर न [**दे**] १ विज्ञान ; (दे २, १३)। २ कोटर, गह्वर ; (सुपा २४७ ; निचू १५)।

कोत्थल पुं [**दे**] १ कुशूल, कोष्ठ; (दे २,४८)। २ कोथली, थैला; (स १६२)। °**कारा** स्त्री [°**कारी**] भमरी, कीट-विशेष; (बृह १)।

कोत्थुभ } पुं [**कौस्तुभ**] वासुदेव के वक्षःस्थल का **कोत्थुह** } मणि ; (ती १० ; प्राप्र ; महा ; गा १५१ ; **कोथुभ** } पगह १, ४)।

कोदंड पुं [**कोदण्ड**] धनुष, धनु, कार्मुक, चाप ; (अंत १६)।

कोदंडिम } देखो **कु-दंडिम** ; (जं ३ ; कप्प)। **कोदंडिय** }

कोदूसग देखो **कोडूसग** ; (भग ६, ७)।

कोद्दव देखो **कुद्दव** ; (भवि)।

कोद्दाल देखो **कुद्दाल** ; (पगह १, १—पत्र २३)।

कोद्दालिया स्त्री [**कुद्दालिका**] छोटा कुदार, कुदारी ; (विपा १, ३)।

कोध पुं [**कोध**] इस नाम का एक राजा; जिसने दाशरथि भरत के साथ जैन दीक्षा ली थी ; (पउम ८५, ४)।

कोप्प देखो **कुप्प**=कुप्। कोप्पइ ; (नाट)।

कोप्प पुं [**दे**] अपराध, गुनाह ; (दे २, ४५)।

कोप्प वि [**कोप्य**] द्वेष्य, अप्रीतिकर ; "**अकोप्पजंघजुगला**" (पगह १, ३)।

कोप्पर पुंन [**कूर्पर**] १ हाथ का मध्य भाग ; (ओघ २६६ भा ; कुमा ; हे १, १२४) । २ नदी का किनारा, तट, तीर ; (ओघ ३०) ।

कोबेरी स्त्री [**कौबेरी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १४२) ।

कोभग } पुं [**कोभक**] पक्षि-विशेष ; (अंत ; औप) ।
कोभगक }

कोमल वि [**कोमल**] मृदु, सुकुमार ; (जी १० ; पाअ ; कप्पू) ।

कोमार वि [**कौमार**] १ कुमार से संबन्ध रखने वाला, कुमार-संबन्धी ; (विपा १, ७१) । २ कुमारी-संबन्धी ; (पाअ) । ३ कुमारी में उत्पन्न ; (दे १, ८१) । स्त्री—°**रिया,** °**री** ; (भग १५) । °**भिच्च** न [°**भृत्य**] वैद्यक शास्त्र-विशेष, जिसमें बालकों के स्तन-पान-संबन्धी वर्णन है ; (विपा १, ७—पत्र ७५) ।

कोमारी स्त्री [**कौमारी**] विद्या-विशेष ; (पउम ७, १३७)।

कोमुइया स्त्री [**कौमुदिका**] श्रीकृष्ण वासुदेव की एक भेरी, जो उत्सव की सूचना के समय बजाई जाती थी ; (विसे १४७६ ;) ।

कोमुई स्त्री [**दे**] पूर्णिमा, कोई भी पूर्णिमा ; (दे २, ४८)।

कोमुई स्त्री [**कौमुदी**] १ शरद् ऋतु की पूर्णिमा ; (दे २, ४८) । २ चन्द्रिका, चाँदनी ; (औप ; धम्म ११ टी) । ३ इस नाम की एक नगरी ; (पउम ३६, १००) । ४ कार्त्तिक की पूर्णिमा ; (राय) । °**नाह** पुं [°**नाथ**] चन्द्रमा, चाँद ; (धम्म ११ टी) । °**महूसव** पुं [°**महोत्सव**] उत्सव-विशेष ; (पि ३६६) ।

कोमुदिया देखो **कोमुइया** ; (णाया १, ५—पत्र १००) ।

कोमुदी देखो **कोमुई**=कौमुदी ; (णाया १, १ २) ।

कोयवग } पुं [**दे**] रूई से भरे हुए कपड़े का बना हुआ
कोयवय } प्रावरण-विशेष ; (णाया १, १७—पत्र २२६) ।

कोयवी स्त्री [**दे**] रूई से भरा हुआ कपड़ा ; (बृह ३) ।

कोरंग पुं [**कोरङ्ग**] पक्षि-विशेष ; (पण्ह १, १—पत्र ८)।

कोरंट } पुं [**कोरण्ट, °क**] १ वृक्ष-विशेष ; (पाअ) ।
कोरंटग } २ न. इस नाम का भृगुकच्छ (भडौच) शहर का एक उपवन ; (वव १) । ३ कोरण्टक वृक्ष का पुष्प ; (पण्ह १, ४ ; जं १) ।

कोरय } पुंन [**कोरक**] फलोत्पादक मुकुल, फल की कली;
कोरव } (पाअ) । "चत्तारि कोरवा पन्नत्ता" (ठा ४, १—पत्र १८५) ।

कोरव्व पुंस्त्री [**कौरव्य**] १ कुरु-वंश में उत्पन्न ; (सम १५२ ; ठा ६) । २ कौरव्य-गोत्रीय ; ३ पुं. आठवाँ चक्रवर्ती राजा ब्रह्मदत्त ; (जीव ३) ।

कोरव्वीया स्त्री [**कौरवीया**] इस नाम की षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना ; (ठा ७) ।

कोरिंट }
कोरिंटय } देखो **कोरंट** ; (णाया १, १—पत्र १६ ; कप्प ; पउम ४२, ८ ; औप ; उवा) ।
कोरेंट }

कोल पुं [**दे**] ग्रीवा, नोक, गला ; (दे २, ४५) ।

कोल पुं [**क्रोड**] १ सूअर, वराह; (पण्ह १, १—पत्र ७; स १११) । २ उत्सङ्ग, कोला ; "कोलीकय—" (गउड) ।

कोल पुं [**कोल**] १ देश-विशेष ; (पउम ६८, ६६) । २ घुण, काष्ठ-कीट; (सम ३६) । ३ शूकर, वराह, सूअर; (उप ३२० टी ; णाया १, १; कुमा ; पाअ) । ४ मूषिक के आकार का एक जन्तु ; (पण्ह १, १—पत्र ७) । ५ अस्त्र-विशेष ; (धम्म ५) । ६ मनुष्य की एक नीच जाति ; (आचू ४) । ७ बदरी-वृक्ष, बैर का गाछ ; ८ न. बदरी-फल, बैर ; (दस ५, १ ; भग ६, १०) । °**पाग** न [°**पाक**] नगर-विशेष, जहां श्रीऋषभदेव भगवान् का मंदिर है, यह नगर दक्षिण में है ; (ती ४५) । °**पाल** पुं [°**पाल**] देव-विशेष, धरणेन्द्र का लोकपाल ; (ठा ३, १—पत्र १०७) । °**सुणय,** °**सुणह** पुंस्त्री [°**शुनक**] १ बड़ा शूकर, सूअर की एक जाति, जंगली वराह ; (आचा २, १, ५) । २ शिकारी कुत्ता; (पणण ११) । स्त्री—°**णिया** ; (पणण ११) । °**वास** पुंन [°**वास**] काष्ठ, लकड़ी ; (सम ३६) ।

कोल वि [**कौल**] १ शक्ति का उपासक, तान्त्रिक मत का अनुयायी ; २ तान्त्रिक मत से संबन्ध रखने वाला ; "कोलो धम्मो कस्स णो भाइ रम्मो" (कप्पू) । ३ न. बदर-फल-संबन्धी ; (भग ६, १०) । °**चुण्ण** न [°**चूर्ण**] बैर का चूर्ण, बैर का सत्तु; (दस ५, १) । °**ट्ठिय** न [°**अस्थिक**] बैर की गुठिया ; (भग ६, १०) ।

कोलंब पुं [**दे**] पिठर, स्थाली ; (दे २, ४७; पाअ) । २ गृह, घर ; (दे २, ४७) ।

कोलंब पुं [**कोलम्ब**] वृक्ष की शाखा का नमा हुआ अग्र भाग ; (अनु ५) ।

कोलगिणी स्त्री [**कोली, कोलकी**] कोल-जातीय स्त्री ; (आचू ४) ।

कोलघरिय वि [**कौलगृहिक**] कुल-गृह-संबन्धी, पितृ-गृह-संबन्धी, *पितृ-गृह से संबन्ध रखने वाला* ; (उवा)।

कोलज्जा स्त्री [**दे**] धान्य रखने का एक तरह का गर्त्त ; (आचा २, १, ७)।

कोलर देखो **कोटर** ; (गा ५६३ अ)।

कोलव न [**कौलव**] ज्योतिष-शास्त्र में प्रसिद्ध एक करण; (विसे ३३४८)।

कोलाल वि [**कौलाल**] १ कुम्भकार-संबन्धी ; २ न. मिट्टी का पात्र ; (उवा)।

कोलालिय पुं [**कौलालिक**] मिट्टी का पात्र बेचने वाला; (बृह २)।

कोलाह पुं [**कोलाभ**] साँप की एक जाति ; (पण्ण १)।

कोलाहल पुं [**दे**] पक्षी का आवाज, पक्षि-शब्द ; (दे २, ५०)।

कोलाहल पुं [**कोलाहल**] तुमुल, शोरगुल, गैला, बहुत दूर जाने वाला अनेक प्रकार का अस्फुट शब्द ; (दे २, ५०; हेका १०५ ; उत्त ६)।

कोलाहलिय वि [**कोलाहलिक**] *कोलाहल वाला, शोर-गुल वाला* ; (पउम ११७, १६)।

कोलिअ पुं [**दे**] कोली, तन्तुवाय, कपड़ा बुनने वाला ; (दे २,६५ ; णंदि ; पव २ ; उप पृ २१०)। २ जाल का कीड़ा, मकड़ा ; (दे २, २५ ; पाअ ; श्रा २० ; आव ४ ; बृह १)।

कोलित्त न [**दे**] उल्मुक, लूका ; (दे २, ४६)।

कोलीकय वि [**क्रोडीकृत**] स्वीकृत, अंगीकृत ; (गउड)।

कोलीण न [**कौलीन**] १ किंवदन्ती, लोक-वार्ता, जन-श्रुति; (मा ३७)। २ वि. वंश-परंपरागत, कुलक्रम से आयात ; ३ *उत्तम कुल में उत्पन्न ; ४ तान्त्रिक मत का अनुयायी* ; (नाट—महावी १३३)।

कोलीर न [**दे**] लाल रंग का एक पदार्थ, कुरुविन्द ; *"कोलीररत्तणयणेअं"* (दे २, ४६)।

कोलुण्ण न [**कारुण्य**] दया, अनुकम्पा, करुणा; (निचू११)। °**पडिया**, °**वडिया** स्त्री [°**प्रतिज्ञा**] अनुकम्पा की प्रतिज्ञा; (निचू ११)।

कोल्ल पुंन [**दे**] कोयला, जली हुई लकड़ी का टुकड़ा ; (निचू १)।

कोल्लइर न [**कोल्लकिर**] १ वार्धक्य, बुढ़ापन ; (पिंड)। २ *नगर-विशेष* ; (आव ३)।

कोल्लपाग न [**कोल्लपाक**] दक्षिण देश का एक नगर, जहां श्री ऋषभदेव का मन्दिर है ; (ती ४५)।

कोल्लर पुं [**दे**] पिठर, स्थाली ; (दे २,४७)।

कोल्ला देखो **कुल्ला**; (कुमा)।

कोल्लाग देखो **कुल्लाग** ; (अंत)।

कोल्लापुर न [**कोल्लापुर**] दक्षिण देश का एक नगर ; (ती ३४)।

कोल्लासुर पुं [**कोल्लासुर**] इस नाम का एक दैत्य ; (ती ३४)।

कोल्लुग [**दे**] देखो **कोल्हुअ** ; (वव १; बृह १)।

कोल्हाहल न [**दे**] फल-विशेष, बिम्बी-फल; (दे २,३६)।

कोल्हुअ पुं [**दे**] १ शृगाल, सियार ; (दे २, ६५ ; पाअ ; पउम ७, १७ ; १०५, ४२)। २ कोल्हू, चरखी, ऊख से रस निकालने की कल ; (दे २, ६५ ; महा)।

कोव पुं [**कोप**] क्रोध, गुस्सा ; (विपा १,६ ; प्रासू १७५)।

कोवण वि [**कोपन**] क्रोधी, क्रोध-युक्त; (पाअ; सुपा ३८५ ; सम ३४७ ; स्वप्न ८२)।

कोवासिअ देखो **कोआसिय**; (पाअ)।

कोवि वि [**कोपिन्**] क्रोधी, क्रोध-युक्त ; (सुपा २८१ ; श्रा २०)।

कोविअ वि [**कोविद**] निपुण, विद्वान्, अभिज्ञ; (आचा ; सुपा १३० ; ३६२)।

कोविअ वि [**कोपित**] १ क्रुद्ध किया हुआ। २ दूषित, दोष-युक्त किया हुआ ; "वइरो किर दाही वायणंति नवि कोवियं वयणं" (उव)।

कोविआ स्त्री [**दे**] शृगाली, स्त्री-सियार ; (दे २, ४६)।

कोविआर पुं [**कोविदार**] वृक्ष-विशेष ; (विक्र ३३)।

कोविणी स्त्री [**कोपिनी**] *कोप-युक्त स्त्री* ; (श्रा १२)।

कोस पुं [**दे**] १ कुसुम्भ रंग से रक्त वस्त्र ; २ समुद्र, जलधि, सागर ; (दे २, ६५)।

कोस पुं [**क्रोश**] कोस, *मार्ग की लम्बाई का परिमाण, दो मील* ; (कप्प ; जी ३२)।

कोस पुं [**कोश**, °**ष**] १ खजाना, भण्डार; (णाया १,१३१; पउम ५, २४)। २ तलवार की म्यान ; (सुअ १, ६)। ३ कुड्मल, "कमलकोसव्व" (कुमा)। ४ मुकुल, कली ; (गउड)। ५ गोल, वृत्ताकार; "ता मुहमंलियकर-कोसपिहियपसरंतदंतकरपसरं" (सुपा १७ ; गउड)। ६ *दिव्य-भेद, तप्त लोहे का स्पर्श वगैरः शपथ* ; "एत्थ अम्हे

कोसविसएहिं पच्चाएमो" (स ३१४)। ७ अभिधान-शास्त्र, शब्दार्थ-निरूपक ग्रन्थ, जैसा प्रस्तुत पुस्तक। ८ पुंन. पान-पात्र, चषक ; (पाअ)। ८ न. नगर-विशेष ; "कोसं नाम नयरं" (स १३३)। °पाण न [°पान] सौगन, शपथ ; (गा ४४८)। °हिव पुं [°धिप] खजानची, भंडारी ; (सुपा ७३)।

कोसंब पुं [**कोशाम्र**] फल-वृक्ष-विशेष ; (पण्ण १—पत्र ३१)। °**गंडिया** स्त्री [°**गण्डिका**] खड्ग-विशेष, एक प्रकार की तलवार ; (राज)।

कोसंबिया स्त्री [**कौशाम्बिका**] जैन मुनि-गण की एक शाखा ; (कप्प)।

कोसंबी स्त्री [**कौशाम्बी**] वत्स देश की मुख्य नगरी ; (ठा १० ; विपा १, ५)।

कोसग पुं [**कोशक**] साधुओं का एक चर्म-मय उपकरण, चमड़े की एक प्रकार की थैली ; (धर्म ३)।

कोसट्टइरिआ स्त्री [**दे**] चण्डी, पार्वती, गौरी, शिव-पत्नी; (दे २, ३५)।

कोसय न [**दे. कोशक**] लघु शराव, छोटा पान-पात्र ; (दे २, ४७; पाअ)।

कोसल न [**कौशल**] कुशलता, निपुणता, चातुरी; (कुमा)।

कोसल न [**दे**] नीवी, नारा, इजारबन्द ; (दे २, ३८)।

कोसल } पुं [**कोसल, °क**] १ देश-विशेष ; (कुमा ;
कोसलग } महा)। २ एक जैन महर्षि, सुकोसल मुनि ; (पउम २२, ४४)। ३ कोसल देश का राजा ; ४ वि. कोशल देश में उत्पन्न ; (ठा ५, २)। ५ °**पुर** न [°**पुर**] अयोध्या नगरी; (आक १)।

कोसला स्त्री [**कोसला**] १ नगरी-विशेष, अयोध्या-नगरी; (पउम २०, २८)। २ अयोध्या-प्रान्त, कोसल-देश ; (भग ७, ६)।

कोसलिअ वि [**कौशलिक**] १ कोसल देश में उत्पन्न, कोसल-देश-संबन्धी ; (भग २०, ८)। २ अयोध्या में उत्पन्न, अयोध्या-संबन्धी ; (जं २)।

कोसलिअ न [**दे. कौशलिक**] प्राभृत, भेंट, उपहार ; (दे २, १२ ; सण ; सुपा—प्रस्तावना ५)।

कोसलिआ स्त्री [**दे. कौशलिका**] ऊपर देखो ; (दे २, १२ ; सुपा—प्रस्तावना ५)।

कोसल्ल न [**कौशल्य**] निपुणता, चतुराई ; (कुमा ; सुपा १६ ; सुर १०, ८०)।

कोसल्ल न [**दे**] प्राभृत, भेंट, उपहार ; "तं पुरजणकोसल्लं नरवइणा अप्पियं कुमारस्स" (महा)।

कोसल्लया स्त्री [**कौशल्य**] निपुणता, चतुराई; "तह मज्झनीइकोसल्लया य खीणच्चिय इयाणिं" (सुपा ६०३)।

कोसल्ला स्त्री [**कौशल्या**] दाशरथि राम की माता; (उप पृ ३७४)।

कोसल्लिअ न [**दे. कौशलिक**] भेंट, उपहार; (दे २, १२; महा ; सुपा ४१३ ; ५२७ ; सण)।

कोसा स्त्री [**कोशा**] इस नाम की एक प्रसिद्ध वेश्या, जिसके यहां जैन महर्षि श्रीस्थूलभद्र मुनि ने निर्विकार भाव से चातुर्मास किया था ; (विवे ३३)।

कोसिण वि [**कोष्ण**] थोड़ा गरम ; (नाट—वेणी)।

कोसिय न [**कौशिक**] १ मनुष्य का गोत्र विशेष ; (अभि ४१ ; ठा ३६०)। २ बीसवें नक्षत्र का गोत्र; (चंद १०)। ३ पुं. उलूक, घूक, उल्लू ; (पाअ ; सार्ध ५६)। ४ साँप-विशेष, चण्डकोशिक-नामक दृष्टि-विष सर्प, जिसको भगवान् श्रीमहावीर ने प्रबोधित किया था ; (आवम)। ५ वृक्ष-विशेष ; ६ इन्द्र ; ७ नकुल; ८ कोशाध्यक्ष, खजानची ; ९ प्रीति, अनुराग ; १० इस नाम का एक राजा ; ११ इस नाम का एक असुर ; १२ सर्प को पकड़ने वाला, गारुडिक ; १३ अस्थि-सार, मज्जा ; १४ शृङ्गार रस ; (हे १, १५६)। १५ इस नाम का एक तापस ; (भवि)। १६ पुंस्त्री. कौशिक गोत्र में उत्पन्न, कौशिक-गोत्रीय ; (ठा ७—पत्र ३६०); स्त्री— **कोसिई** ; (मा १६)।

कोसिया स्त्री [**कोशिका**] १ भारतवर्ष की एक नदी; (कस)। २ इस नाम की एक विद्याधर-राज-कन्या; (पउम ७, ५४)। ३ चमड़े का जूता ; "कोसियमालाभूसियसिरोहरो विगयवसणो य" (स २२३)। देखो **कोसी**।

कोसियार पुं [**कोशिकार**] १ कीट-विशेष, रेशम का कीड़ा; (पण्ह १, ३)। २ न. रेशमी वस्त्र ; (ठा ५, ३)।

कोसी स्त्री [**कोशी**] देखो **कोसिया** ; (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। २ गोलाकार एक वस्तु; 'कंचणकोसीपविट्ठदंताणं' (औप)।

कोसुम वि [**कौसुम**] फूल-संबन्धी, फूल का बना हुआ ; "कोसुमा बाणा" (गउड)।

कोसेअ } न [**कौशेय**] १ रेशमी वस्त्र, रेशमी कपड़
कोसेज्ज } (दे २, ३३; सम १५३ ; पण्ह १, ४)। २ तसर का बना हुआ वस्त्र ; (जीव ३)।

कोह पुं [**क्रोध**] गुस्सा, कोप ; (ओघ २ भा ; ठा ४, १)। °**मुंड** वि [°**मुण्ड**] क्रोध-रहित ; (ठा ५, ३)।

कोह पुं [**कोथ**] सड़ना, शीर्णता ; (भग ३, ६)।

कोह पुं [**दे. कोथ**] कोथली थैला ; (विसे २६८८)।

कोह वि [**क्रोधवत्**] क्रोध-युक्त, कोप-सहित; "कोहाए माणाए मायाए लोभाए......आसायणाए" (पडि)।

कोहंगक पुं [**कोभङ्गक**] पक्षि-विशेष ; (औप)।

कोहज्झाण न [**क्रोधध्यान**] क्रोध-युक्त चिन्तन; (आउ ११)।

कोहंड न [**कूष्माण्ड**] १ कुष्माण्डी-फल, कोहला ; (पि ७६; ८६; १२७)। २ न. देव-विमान-विशेष ; (ती ५६)। ३ पुं. व्यन्तर-श्रेणीय देव-जाति-विशेष ; (पव १६४)।

कोहंडी स्त्री [**कूष्माण्डी**] कोहले का गाछ ; (हे१, १२४; दे २, ५० टी)।

कोहण वि [**क्रोधन**] १ क्रोधी, गुस्साखोर ; (सम ३७ ; पउम ३५, ७)। २ पुं. इस नाम का रावण का एक सुभट; (पउम ५६, ३२)।

कोहल देखो **कुऊहल** ; (हे १, १७१)।

कोहलिअ वि [**कुतूहलिन्**] कुतूहली ; कुतूहल-प्रेमी। स्त्री—°**आ**; (गा ७६८)।

कोहलिआ स्त्री [**कूष्माण्डिका**] कोहले का गाछ ;

"जह लंघसि परवइं, नियवइं भरसहंपि मोत्तूणं।
तह मण्णे कोहलिए, अज्जं कल्लंपि फुट्टिहिसि" (गा७६८)।

कोहली देखो **कोहंडी** ; (हे २, ७३ ; दे २, ५० टी)।

कोहल्ल देखो **कोहल** ; (षड्)।

कोहल्ली स्त्री [**दे**] तापिका, तवा, पचन-पात्र विशेष; (दे २, ४६)।

कोहल्ली देखो **कोहंडी** ; (षड्)।

कोहि } वि [**क्रोधिन्**] क्रोधी, क्रोध-स्वभावी, गुस्सा-
कोहिल्ल } खोर ; (कम्म ४, १४० ; बृह २)।

°**क्किसिय** देखो **किसिय**=कृषित ; (उप ७२८ टी)।

°**क्कूर** देखो **कूर**=क्रूर ; (वा २६)।

°**क्केर** देखो °**केर** ; (हे २, ६६)।

°**क्खंड** देखो **खंड** ; (गउड)।

°**क्खंभ** देखो **खंभ** ; (से ३, ५६)।

°**क्खम** देखो **खम** ; (प्रासू २७)।

°**क्खलण** देखो **खलण** ; (गउड)।

°**क्खिंसा** देखो **खिंसा** ; (सुपा ५१०)।

°**क्खु** देखो **खु** ; (कप्पू ; अभि ३७ ; चारु १४)।

°**क्खुत्त** देखो **खुत्त** ; (गउड)।

°**क्खेड्ड** देखो **खेड्ड** ; (सुपा ५५२)।

°**क्खेव** देखो **खेव**; "खारक्खेवं व खए" (उप ७२८ टी)।

°**क्खोडी** देखो **खोडी** ; (पण्ह १, ३)।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे कयाराइसद्दसंकलणो
दसमो तरंगो समत्तो।

ख

ख पुं [**ख**] १ व्यञ्जन-वर्ण विशेष, इसका स्थान कण्ठ है ; (प्रामा ; प्राप)। २ न. आकाश, गगन ; " गज्जंते खे मेहा " (हे १, १८७ ; कुमा ; दे ६, १२१)। ३ इन्द्रिय ; (विसे ३४४३)। °**ग** पुं [°**ग**] १ पक्षी, खग ; (पाअ ; दे २, ५०)। २ मनुष्य की एक जाति, जो विद्या के बल से आकाश में गमन करते हैं, विद्याधर-लोक ; (आरा ५६)। देखो **खय** = खग। °**गइ** स्त्री [°**गति**] १ आकाश-गति ; २ कर्म-विशेष, जो आकाश-गति का कारण है ; (कम्म २, ३; नव ११)। °**गामिणी** स्त्री [°**गामिनी**] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से आकाश में गमन किया जा सकता है ; (पउम ७, १४५)। °**पुप्फ** न [°**पुष्प**] आकाश-कुसुम, असंभवित वस्तु; (कुमा)।

खइ वि [**क्षयिन्**] १ क्षय वाला, नाश वाला। २ क्षय रोग वाला, क्षय-रोगी ; (सुपा २३३ ; ५७६)।

खइअ वि [**क्षपित**] नाशित, उन्मूलित ; (औप ; भवि)।

खइअ वि [**खचित**] १ व्याप्त, जटित ; २ मण्डित, विभूषित ; (हे १, १९३ ; औप ; स ११४)।

खइअ वि [**खादित**] १ खाया हुआ, भुक्त, ग्रस्त ; (पाअ ; स २५० ; उप पृ ४६)। २ आक्रान्त ; " तह य होंति उ कसाया। खइओ जेहिं मणुस्सो कज्जाकज्जाइं न मुणेइ " (स ११४)। ३ न. भोजन, भक्षण ; " खइएण व पीएण व न य एसो ताइओ हवइ अप्पा " (पञ्च ६२ ; ठा ४, ४—पत्र २७६)।

खइअ वि [**क्षयित**] क्षय-प्राप्त, क्षीण ; "किमिकायखइय-देहो " (सुर १६, १६१)।

खइअ पुं [**दे**] हेवाक, स्वभाव ; (ठा ४, ४—पत्र २७६)।

खइअ, **खइग** पुं [**क्षायिक**] १ क्षय, विनाश, उन्मूलन ; "से किं तं खइए? खइए अट्ठण्हं कम्मपयडीणं खइएणं " (अणु)। २ वि. क्षय से उत्पन्न, क्षय-संबन्धी, क्षय से संबन्ध रखने वाला; ३ कर्म-नाश से उत्पन्न ; " कम्मक्खय-सहावो खइओ ". (विसे ३४६५ ; कम्म १, १५ ; ३, १६ ; ४, २२ ; सम्य, २३ ; औप)।

खइत्त न [**क्षैत्र**] खेतों का समूह, अनेक खेत; (पि ६१)।

खइया स्त्री [**खदिका**] खाद्य-विशेष, सेका हुआ व्रीहि ; " दहिघयपायसखइयनिमोए " (भवि)।

खइर पुं [**खदिर**] वृक्ष-विशेष, खैर का गाछ ; (आचा ; कुमा)।

खइर वि [**खादिर**] खदिर-वृक्ष-संबन्धी; (हे १, ६७; सुपा १५१)।

खइव [**दे**] देखो **खइअ** ; (ठा ४, ४—पत्र १७६ टी)।

खउड पुं [**खपुट**] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैनाचार्य; (आवम ; आचू)।

खउर अक [**क्षुभ्**] १ क्षुब्ध होना, डर से विह्वल होना। २ सक. कलुषित करना। खउरइ; (हे ४, १५४; कुमा)। " खउरेंति धिइग्गहणं " (स ५, ३)।

खउर वि [**दे**] कलुषित ; " दरदड्ढविवण्णविद्दुमर-भक्खउरा " (स ५, ४७ ; स ५७८)।

खउर न [**क्षौर**] क्षौर-कर्म, हजामत ; (हेका १८६)।

खउर पुंन [**खपुर**] खैर वगैरः का चिकना रस, गोंद ; (बृह ३ ; निचू १६)। °**कढिणय** न [°**कठिनक**] तापसों का एक प्रकार का पात्र ; (विसे १४६५)।

खउरिअ वि [**क्षुब्ध**] कलुषित ; (पाअ ; बृह ३)।

खउरिअ वि [**क्षौरित**] मुण्डित, लुञ्चित, केश-रहित किया हुआ ; (स १०, ४३)।

खउरिअ वि [**खपुरित**] खरण्टित, चिपकाया हुआ; (निचू५)।

खउरीकय वि [**खपुरीकृत**] गोंद वगैरः की तरह चिकना किया हुआ ;

"कलुसीकओ य किट्टीकओ य खउरीकओ य मलिणिओ।
कम्मेहि एस जीवो, नाऊणवि मुज्झई जेण" (उव)।

खओवसम पुं [**क्षयोपशम**] कुछ भाग का विनाश और कुछ का दबना ; (भग)।

खओवसमिय वि [**क्षयोपशमिक**] १ क्षयोपशम से उत्पन्न, क्षयोपशम-संबन्धी ; (सम १४५ ; ठा २,१; भग)। २ क्षयो-पशम ; (भग ; विसे २१७५)।

खंखर पुं [**दे**] पलाश वृक्ष ; (ती ५३)।

खंगार पुं [**खङ्गार**] राजा खेंगार, विक्रम की बारहवीं शताब्दी का सौराष्ट्र देश का एक भूपति, जिसको गूजरात के राजा सिद्धराज ने मारा था ; (ती ५)। °**गढ** पुं [°**गढ**] नगर-विशेष, सौराष्ट्र का एक नगर, जो आजकल 'जूनागढ़ के नाम से प्रसिद्ध है ; (ती ५)।

खंच सक [**कृष्**] १ खींचना। २ वश में करना। खंचइ ; (भवि)। "ता गच्छ तुरियतुरियं तुरयं मा खंच मुंच मुक्क-लयं" (सुपा १६८)।

खंचिय वि [कृष्ट] १ खींचा हुआ ; (स ५७४) । २ वश में किया हुआ ; (भवि) ।

खंज अक [खञ्ज्] लंगड़ा होना ; (कप्पू) ।

खंज वि [खञ्ज] लंगड़ा, पङ्गु, लूला ; (सुपा २७६) ।

खंजण पुं [खञ्जन] १ पक्षि-विशेष, खञ्जरीट ; (दे २, ७०) । २ वृक्ष-विशेष ; "ताडवडखज्जखंजणसुक्खयरगहीर-दुक्खसंचारं" (स २५६) ।

खंजण पुं [दे] १ कर्दम, कीच ; (दे २,६६ ; पाअ) । २ कज्जल, काजल, मषी ; (ठा ४,२) । ३ गाड़ी के पहिए के भीतर का काला कीच ; (पराग १७—पत्र ५२५) ।

खंजर पुं [दे] सूखा हुआ पेड़ ; (दे २, ६८) ।

खंजा स्त्री [खञ्जा] छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

खंजिअ वि [खञ्जित] जो लंगड़ा हुआ हो, पंगूभूत ; (कप्पू) ।

खंड सक [खण्डय्] तोड़ना, टुकड़ा करना, विच्छेद करना । खंडइ; (हे ४,३६७)। कवकृ—**खंडिज्जंत**; (से १३.३२ ; सुपा १३४) । हेकृ—**खंडिसए**; (उवा) । कृ —**खंडियव्व**; (उप ७२८ टी) ।

खंड पुंन [खण्ड] १ टुकड़ा, अंश, हिस्सा ; (हे २.६७; कुमा) । २ चीनी, मिस्री ; (उर ६,८) । ३ पृथ्वी का एक हिस्सा ; "छक्खंड—" (सण) । °**घडग** पुं [°घटक] भिक्षुक का जल-पात्र ; (णाया १, १६) । °**प्पवाया** स्त्री [°प्रपाता] वैताढ्य पर्वत की एक गुफा ; (ठा २,३) । °**भेय** पुं [°भेद] विच्छेद-विशेष, पदार्थ का एक तरह का पृथक्करण, पटके हुए घड़े की तरह पृथग्भाव ; (भग ५, ४) । °**मल्लय** पुंन [°मल्लक] भिक्षा-पात्र ; (णाया १, १६) । °**सो** अ [°शस्] टुकड़ा टुकड़ा, खण्ड-खण्ड ; (पि ५१६) । °**भेय** देखो °**भेय** ; (ठा १०) ।

खंड न [दे] १ मुण्ड, शिर, मस्तक ; २ दारू का बरतन, मद्य-पात्र ; (दे २, ६८) ।

खंडई स्त्री [दे] असती, कुलटा ; (दे २,६७) ।

खंडग न [खण्टक] शिखर-विशेष ; (ठा ६ ; इक) ।

खंडण न [खण्डन] १ विच्छेद, भञ्जन, नाश ; (णाया १, ८) । २ कण्डन, धान्य वगैरः का छिलका अलग करना ; "खंडणदलणाइं गिहकम्मे" (सुपा १४) । ३ वि. नाश करने वाला, नाशक ; (सुपा ४३२) ।

खंडणा स्त्री [खण्डना] विच्छेद, विनाश; (कप्पू; निचू १) ।

खंडपट्ट पुं [खण्डपट्ट] १ द्यूतकार, जुआरी; (विपा १,३)। २ धूर्त, ठग; ३ अन्याय से व्यवहार करने वाला; (विपा १,३)।

खंडरक्ख पुं [खण्डरक्ष] १ दाण्डपाशिक, कोटवाल; (णाया १,१ ; पण्ह १,३ ; औप) । २ शुल्कपाल, चुंगी वसूल करने वाला ; (णाया १,१ ; विसे २३६० ; औप) ।

खंडव न [खाण्डव] इन्द्र का वन-विशेष, जिसको अर्जुन ने जलाया बतलाया जाता है ; (नाट — वेणी ११४) ।

खंडा स्त्री [खण्ड] मिस्री, चीनी, सक्कर ; (ओघ ३७३)।

खंडा स्त्री [खण्डा] इस नाम की एक विद्याधर-कन्या ; (महा) ।

खंडाखंडि अ [खण्डशस्] टुकड़े टुकड़ा, खण्डखण्ड ; (उवा ; णाया १,६) । °**डीकय** वि [°कृत] टुकड़े टुकड़ा किया हुआ ; (सुर १६, ५६) ।

खंडामणिकंचण न [खण्डामणिकाञ्चन] इस नाम का एक विद्याधर-नगर ; (इक) ।

खंडावत्त न [खण्डावर्त्त] इस नाम का एक विद्याधर-नगर ; (इक) ।

खंडाहंड वि [खण्डखण्ड] टुकड़े टुकड़ा किया हुआ ; (सुपा ३८५) ।

खंडिअ पुं [खण्डिक] छात्र, विद्यार्थी ; (औप) ।

खंडिअ वि [खण्डित] छिन्न, विछिन्न; (हे १, ५३ ; महा) ।

खंडिअ पुं [दे] १ मागध, बिरुद-पाठक ; २ वि. अनिवार, निवारण करने को अशक्य ; (दे २, ७८) ।

खंडिआ स्त्री [खण्डिका] खण्ड, टुकड़ा ; (अभि ६२) ।

खंडिआ स्त्री [दे] नाप-विशेष, बीस मन का नाप ; (सं २४) ।

खंडी स्त्री [दे] १ अपद्वार, छोटा गुप्त द्वार ; (णाया १, १८—पत्र २३६) । २ किले का छिद्र; (णाया १, २—पत्र ७६) ।

खंडुअ न [दे] बाहु-वलय, हाथ का आभूषण-विशेष ; (मृच्छ १८१) ।

खंत देखो **खा** ।

खंत वि [क्षान्त] क्षमा-शील, क्षमा-युक्त; (उप ३२० टी; कप्पू; भवि) ।

खंतव्व वि [क्षन्तव्य] क्षमा-योग्य, माफ करने लायक; (विक्र ३८; भवि) ।

खंति स्त्री [क्षान्ति] क्षमा, क्रोध का अभाव; (कप्प; महा; प्रासू ४८) ।

खंति देखो **खा** ।

खंद पुं [**स्कन्द**] १ कार्त्तिकेय, महादेव का एक पुत्र; (हे २, ५; प्राप्र; गाया १,१—पत्र ३९)। २ राम का इस नाम का एक सुभट; (पउम ६७, ११)। °**कुमार** पुं [°**कुमार**] एक जैन मुनि; (उव)। °**ग्गह** पुं [°**ग्रह**] १ स्कन्द-कृत उपद्रव; स्कन्दावेश; (जं २)। २ ज्वर-विशेष; (भग ३, ६)। °**मह** पुं [°**मह**] स्कन्द का उत्सव; (गाया १,१)। °**सिरी** स्त्री [°**श्री**] एक चोर-सेनापति की भार्या का नाम; (विपा १, ३)।

खंदग, **खंदय** पुं [**स्कन्दक**] १-२ ऊपर देखो। ३ एक जैन मुनि; (उव; भग; अंत; सुपा ४०८)। ४ एक परिव्राजक, जिसने भगवान् महावीर के पास पीछे से जैन दीक्षा ली थी; (पुप्फ ८४)।

खंदिल पुं [**स्कन्दिल**] एक प्रख्यात जैनाचार्य, जिसने मथुरा में जैनागमों को लिपि-बद्ध किया; (गच्छ १)।

खंध पुं [**स्कन्ध**] १ पुद्गल-प्रचय, पुद्गलों का पिण्ड; (कम्म ४, ६९)। २ समूह, निकर; (विसे ६००)। ३ कन्धा, काँध; (कुमा)। ४ पेड़ का धड़, जहां से शाखा निकलती है; (कुमा)। ५ छन्द-विशेष; (पिंग)। °**करणी** स्त्री [°**करणी**] साध्वीओं को पहनने का उपकरण विशेष; (ओघ ६७७)। °**मंत** वि [°**मत्**] स्कन्ध वाला; (गाया १, १)। °**बीय** पुं [°**बीज**] स्कन्ध ही जिसका बीज होता है ऐसा कदली वगैरः गाछ; (ठा ५, २)। °**सालि** पुं [°**शालिन्**] व्यन्तर देवों की एक जाति; (राज)।

खंधग्गि पुं [**दे. स्कन्धाग्नि**] स्थूल काष्ठों की आग; (दे २, ७०; पाश्र)।

खंधमंस पुं [**दे**] हाथ, भुजा, बाहु; (दे २, ७१)।

खंधमसी स्त्री [**दे**] स्कन्ध-यष्टि, हाथ; (षड्)।

खंधय देखो **खंध**; (पिंग)।

खंधयट्ठि स्त्री [**दे**] हाथ, भुजा; (दे २, ७१)।

खंधर पुंस्त्री [**कन्धर**] ग्रीवा, डोक; (सण)। स्त्री—°**रा**; (महा)।

खंधलट्ठि स्त्री [**दे**] स्कन्ध-यष्टि, हाथ, भुजा; (षड्)।

खंधवार देखो **खंधावार**; (महा)।

खंधार पुं. ब. [**स्कन्धार**] देश-विशेष; (पउम ९८, ६६)।

खंधार देखो **खंधावार**; (पउम ६९, २८; महा; विसे २४४१)।

खंधाल वि [**स्कन्धमत्**] स्कन्ध वाला; (सुपा १२६)।

खंधावार पुं [**स्कन्धावार**] छावनी, सैन्य का पड़ाव, शिबिर; (गाया १, ८; स ६०३; महा)।

खंधि वि [**स्कन्धिन्**] स्कन्ध वाला; (औप)।

खंधी स्त्री. देखो **खंध**; (औप)।

खंधोधार पुं [**दे**] बहुत गरम पानी की धारा; (दे २, ७२)।

खंप सक [**सिच्**] सिञ्चना, छिटकना। खंपइ; (भवि)।

खंपणय न [**दे**] वस्त्र, कपड़ा; "बहुसेयसिन्नमलमइलखंपणय-चिक्कणसरीरो" (सुपा ११)।

खंभ पुं [**स्तम्भ**] खंभा, थंभा; (हे १, १८७; २, ८; ९; भग; महा)।

खंभल्लिअ वि [**स्तम्भनिगडित**] खंभे से बाँधा हुआ; (से ६, ८५)।

खंभाइत्त न [**स्तम्भादित्य**] गुर्जर देश का एक प्राचीन नगर, जो आजकल 'खंभात' नाम से प्रसिद्ध है; (ती २३)।

खंभालण न [**स्तम्भालगन**] थम्भे से बाँधना; (पगह १, ३)।

खखरग पुंन [**दे**] सूखी हुई रोटी; (धर्म २)।

खग्ग पुं [**खड्ग**] १ पशु-विशेष, गेंडा; (उप १४८; पगह १, १)। २ पुंन. तलवार, असि; (हे १, ३४; स ५३१)। °**धेणुआ** स्त्री [°**धेनु**] छुरी, चाकू; (दंस)। °**पुरा** स्त्री [°**पुरा**] विदेह-वर्ष की स्वनाम-प्रसिद्ध नगरी; (ठा २, ३)। °**पुरी** स्त्री [°**पुरी**] पूर्वोक्त ही अर्थ; (इक)।

खग्गि पुं [**खड्गिन्**] जन्तु-विशेष, गेंडा; (कुमा)।

खग्गिअ पुं [**दे**] ग्रामेश, गाँव का मुखिया; (दे २, ६६)।

खग्गी स्त्री [**खड्गी**] विदेह वर्ष की नगरी-विशेष; (ठा २, ३)।

खग्गूड वि [**दे**] १ शठ-प्राय, धूर्त-सदृश; (ओघ ३६ भा)। २ धर्म-रहित, नास्तिक-प्राय; (ओघ ३५ भा)। ३ निद्रालु; ४ रस-लम्पट; (बृह १)।

खच सक [**खच्**] १ पावन करना, पवित्र करना। २ कस कर बाँधना। खचइ; (हे ४, ८९)।

खचिअ देखो **खइअ**=खचित; (कुमा)। ३ पिञ्जरित; (कप्प)।

खच्छल्ल पुं [**दे**] ऋक्ष, भल्लूक, भालू; (दे २, ६६)।

खखोल पुं [**दे**] व्याघ्र, शेर; (दे २, ६९)।

खज्ज पुं [**खर्ज**] वृक्ष-विशेष ; (स २५६) ।
खज्ज वि [**खाद्य**] १ खाने योग्य वस्तु; (पराह १, २) । २ न. खाद्य-विशेष ; (भवि) ।
खज्ज वि [**क्षय्य**] जिस का क्षय किया जा सके वह; (षड्) ।
खज्जंत देखो **खा** ।
खज्जग देखो **खज्ज**=खाद्य ; (भग १५) ।
खज्जमाण देखो **खा** ।
खज्जय देखो **खज्ज**=खाद्य ; (पउम ६६, १६) ।
खज्जिअ वि [**दे**] १ जीर्ण, सड़ा हुआ ; २ उपालब्ध, जिसको उलहना दिया गया हो वह ; (दे २, ७८) ।
खज्जिर (अप) वि [**खाद्यमान**] जो खाया गया हो वह ; (सण) ।
खज्जू स्त्री [**खर्जू**] खुजली, पामा; (राज) ।
खज्जूर पुं [**खर्जूर**] १ खजूर का पेड़; (कुमा ; उत्त ३४) । २ न. खजूर-फल ; (पउम ४१, ६ ; सुपा ५७) ।
खज्जूरी स्त्री [**खर्जूरी**] खजूर का गाछ; (पाअ; पराण १) ।
खज्जोअ पुं [**दे**] नक्षत्र ; (दे २, ६६) ।
खज्जोअ पुं [**खद्योत**] कीट-विशेष, जुगनू ; (सुपा ४७ ; णाया १, ८) ।
खट्ट न [**दे**] १ तीमन, कढ़ी ; (दे २, ६७) । २ वि. खट्टा, अम्ल ; (पराण १—पत्र २७ ; जीव १) । °**मेह** पुं [°**मेघ**] खट्टे जल की वर्षा ; (भग ७, ६) ।
खट्टंग न [**दे**] छाया, आतप का अभाव ; (दे २, ६८) ।
खट्टंग न [**खट्वाङ्ग**] १ शिव का एक आयुध; (कुमा) । २ चारपाई का पाया या पाटी ; ३ प्रायश्चित्तात्मक भिक्षा माँगने का एक पात्र ; ४ तान्त्रिक मुद्रा-विशेष ;

"हत्थट्ठियं कवालं, न मुयइ नूणं खणंपि खट्टंगं ।
सा तुह विरहे बालय, बाला कावालिणी जाया"
(वज्जा ८८) ।

खट्टक्खड पुं [**खट्वाक्षक**] रत्नप्रभा-नामक पृथिवी का एक नरकावास ; "कालं काऊण रयणप्पभाए पुढवीए खट्टक्खडाभिहाणे नरए पलिओवमाऊ चेव नारगो उववन्नोत्ति" (स ८६) ।
खट्टा स्त्री [**खट्वा**] खाट, पलंग, चारपाई; (सुपा ३३७; हे १, १६५) । °**मल्ल** पुं [°**मल्ल**] बिमारी की प्रबलता से जो खाट से उठ न सकता हो वह ; (बृह १) ।
खट्टिअ } [**दे**, **खट्टिक**] खटीक, शौनिक, कसाई; (गा
खट्टिक्क } ६८१ ; सुअ २, २ ; दे २, ७०) ।
खड न [**दे**] तृण, घास ; (दे २, ६७ ; कुमा) ।
खडइअ वि [**दे**] संकुचित, संकोच-प्राप्त ; (दे २, ७२) ।
खडंग न [**षडङ्ग**] छः अंग, वेद के ये छः अंग—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, ज्योतिष, छन्द, निरुक्त । °**वि** वि [°**विद्**] छहों अंगों का जानकार ; (पि २६५) ।
खडक्कय पुंन [**खटत्कृत**] आहट देना, ध्वनि के द्वारा सूचना, सिकली वगैरः का आवाज; ' वियडकवाडकडाणं खडक्कओ निसुणिओ तत्तो" (सुपा ४१४) ।
खडक्कार पुं [**खटत्कार**] ऊपर देखो; (सुर ११,११२; विक ६०) ।
खडक्किआ } स्त्री [**दे**] खिडकी, छोटा द्वार ; (कप्पू ;
खडक्की } महा ; दे २, ७१) ।
खडखड पुं [**खडखड**] देखो **खाडखड** ; (इक) ।
खडखडग वि [**दे**] छोटा और लम्बा ; (राज) ।
खडणा स्त्री [**दे**] गैया, गौ ; (गा ६३६ अ) ।
खडहड पुं [**खटखट**] साँकल वगैरः का आवाज, खटत्कार ; (सुपा ५०२) ।
खडहडी स्त्री [**दे**] जन्तु-विशेष, गिलहरी, गिल्ली; (दे २,७२) ।
खडिअ देखो **खट्टिअ** ; (गा ६८२ अ) ।
खडिअ देखो **खलिअ** ; (गा १६२ अ) ।
खडिआ स्त्री [**खटिका**] खड़ी, लड़कों को लिखने की खड़ी; (कप्पू) ।
खडी स्त्री [**खटी**] ऊपर देखो ; (प्राकृ) ।
खडुआ स्त्री [**दे**] मौक्तिक, मोती ; (दे २, ६८) ।
खडुक्क अक [**आविस्**+**भू**] प्रकट होना, उत्पन्न होना । खडुक्कंति ; (वज्जा ४६) ।
खड्ड सक [**मृद्**] मर्दन करना । खड्डइ ; (हे ४, १२६) ।
खड्ड } न [**दे**] १ श्मश्रु, दाढी-मूँछ; (दे २, ६६ ;
खड्डग } पाअ) । २ बड़ा, महान् ; (विसे २५७६ टी) । ३ गर्त के आकार वाला ; (उवा) ।
खड्डा स्त्री [**दे**] १ खानि, आकर ; (दे २, ६६) । २ पर्वत का खात, पर्वत का गर्त; (दे २, ६६) । ३ गर्त, गढ़ा, खड्डा ; (सुर २, १०३ ; स १५२ ; सुपा १५ ; था १६ ; महा ; उत्त २ ; पंचा ७) ।
खड्डिअ वि [**मृदित**] जिसका मर्दन किया गया हो वह ; (कुमा) ।
खड्डुया स्त्री [**दे**] ठोकर, आघात ; " खड्डुया मे चवेडा मे" (उत्त १, ३८) ।

खड्डोलय पुं [**दे**] खड्डा, गर्त, गढ़ा ; (स ३६३) ।
खण सक [**खन्**] खोदना । खणइ ; (महा) । कर्म—खम्मइ, खणिज्जइ ; (हे ४, २४४) । वकृ—खणेमाण ; (सुर २, १०३) । संकृ —**खणेत्तु** ; (आचा) । कवकृ—**खन्नमाण** ; (पि ५४०) ।
खण पुं [**क्षण**] काल-विशेष, बहुत थोड़ा समय ; (ठा २, ४ ; हे २, २० ; गउड; प्रासू १३४) । °**जोइ** वि [°**योगिन्**] क्षणमात्र रहने वाला ; (सुअ १, १, १) । °**भंगुर** वि [°**भङ्गुर**] क्षण-विनश्वर, क्षणिक ; (पउम ८, १०५ ; गा ४२३ ; विवे ११४) । °**या** स्त्री [°**दा**] रात्रि, रात ; (उप ७६८ टी) ।
खणक्खण } अक [**खणखणाय्**] 'खण-खण' आवाज
खणखणखण } करना । खणखणंति ; (पउम ३६, ५३)। वकृ—**खणक्खणंत** ; (स ३८४) ।
खणग वि [**खनक**] खोदने वाला ; (गाया १, १८) ।
खणण न [**खनन**] खोदना ; (पउम ८६, ६० ; उप पृ २२१)।
खणय देखो **खण** = क्षण ; (आचा; उवा) ।
खणय वि [**खनक**] खोदने वाला ; (दे १, ८५) ।
खणाविय वि [**खानित**] खुदाया हुआ; (सुपा ४५४; महा)।
खणि स्त्री [**खनि**] खान, आकर ; (सुपा ३५०) ।
खणित्त न [**खनित्र**] खोदने का अस्त्र, खन्ती; (दे ४, ४)।
खणिय वि [**क्षणिक**] १ क्षण-विनश्वर, क्षण-भंगुर ; (विसे १६७२) । २ वि. फुरसद वाला, काम-धंधा से रहित ; "नो तुम्हे विव अम्हे खणिया इय वुत्तु नीहरिश्रो" (धम्म ८ टी)। °**वाइ** वि [°**वादिन्**] सर्व पदार्थ को क्षण-विनश्वर मानने वाला, बौद्धमत का अनुयायी ; (राज) ।
खणिय वि [**खनित**] खुदा हुआ ; (सुपा २५६) ।
खणी देखो **खणि** ; (पात्र) ।
खणुसा स्त्री [**दे**] मन का दुःख, मानसिक पीड़ा; (दे २, ६८)।
खण्ण न [**दे**] खात, खोदा हुआ ; (दे २, ६६; बृह ३ ; वव १) ।
खण्ण वि [**खन्य**] खोदने योग्य ; (दे २, ३६) ।
खण्णु देखो **खाणु** ; (दे २, ६६ ; षड्) ।
खण्णुअ पुं [**दे**, **स्थाणुक**] कीलक, खूँटी ; (दे २, ६८; गा ६४ ; ४२२ अ) ।
खत्त न [**दे**] १ खात, खोदा हुआ ; (दे २, ६६ ; पात्र)। २ शस्त्र से तोड़ा हुआ ; (ओघ ३४०) । ३ सेंध, चोरी करने के लिए दीवाल में किया हुआ छेद ; (उप पृ ११६ ; णाया १, १८) । ४ खाद, गोबर ; (उप ५६७ टी) । °**खणग** पुं [**खनक**] सेंध लगाकर चोरी करने वाला ; (णाया १,१८)। °**खणण** न [**खनन**] सेंध लगाना; (णाया १, १८)। °**मेह** पुं [**मेघ**] करीष के समान रस वाला मेघ ; (भग ७, ६) ।
खत्त पुं [**क्षत्र**] क्षत्रिय, मनुष्य-जाति-विशेष; (सुपा १६७; उत्त १२) ।
खत्त वि [**क्षात्र**] १ क्षत्रिय-संबन्धी, क्षत्रिय का ; २ न. क्षत्रियत्व, क्षत्रियपन ; "अहह अखत्तं करेइ कोइ इमो" (धम्म ८ टी ; नाट) ।
खत्तय पुं [**दे**] १ खेत खोदने वाला ; २ सेंध लगाकर चोरी करने वाला । ३ ग्रह-विशेष, राहु ; (भग १२, ६)।
खत्ति पुंस्त्री [**क्षत्रिन्**] नीचे देखो; "खत्तीण सेट्ठे जह दंतवक्के" (सूअ १, ६, २२) ।
खत्तिअ पुंस्त्री [**क्षत्रिय**] मनुष्य की एक जाति, क्षत्री, राजन्य ; (पिंग ; कुमा ; हे २, १८५ ; प्रासू ८०) । °**कुंडग्गाम** पुं [°**कुण्डग्राम**] नगर-विशेष, जहां श्रीमहावीर देव का जन्म हुआ था ; (भग ६, ३३) । °**कुंडपुर** न [°**कुण्डपुर**] पूर्वोक्त ही अर्थ ; (आचा २, १५, ४)। °**विज्जा** स्त्री [°**विद्या**] धनुर्विद्या ; (सूअ २, २) ।
खत्तिणी } स्त्री [**क्षत्रियाणी**] क्षत्रिय जाति की स्त्री;
खत्तियाणी } (पिंग ; कप्प) ।
खद्ध वि [**दे**] १ भुक्त, भक्षित ; (दे २, ६७ ; सुपा ६१० ; उप पृ २५२ ; सण ; भवि) । २ प्रचुर, बहुत ; "खद्धे भवदुक्खजले तरइ विणा नेय सुगुरुतरिं" (सार्ध ११४ ; दे २, ६७ ; पव २ ; बृह ४) । ३ विशाल, बड़ा ; (ओघ ३०७; ठा ३, ४) । ४ अ. शीघ्र, जल्दी ; (आचा २, १, ६) । °**दाणिअ** वि [°**दानिक**] समृद्ध, ऋद्धिसंपन्न ; (ओघ ८६) ।
खन्न [**दे**] देखो **खण्ण** ; (पात्र) ।
खन्नमाण देखो **खण**=खन् ।
खन्नुअ [**दे**] देखो **खण्णुअ** ; (पात्र)।
खपुसा स्त्री [**दे**] एक प्रकार का जूता ; (बृह ३) ।
खप्पर पुं [**कर्पर**] १ मनुष्य-जाति-विशेष ; "पत्ते तम्मि दसगणगेसु पवलं जं खप्पराणं बलं" (रंभा) । २ भिक्षा-पात्र, कपाल ; (सुपा ४६५) । ३ खोपड़ी, कपाल ; (हे १, १८१) । ४ घट वगैरः का टुकड़ा ; (पउम २०, १६६) ।

खप्पर } वि [**दे**] रूक्ष, रूखा, निष्ठुर ; (दे २, ६६ ;
खप्पुर } पाअ)।

खम सक [**क्षम्**] १ क्षमा करना, माफ करना। २ सहन करना। खमइ ; (उवर ८३; महा)। कर्म—खमिज्जइ ; (भवि)। कृ—**खमियव्व**; (सुपा ३०७; उप ७२८ टी; सुर ४, १६७)। प्रयो—खमावइ ; (भवि)। संकृ—**खमावइत्ता, खमावित्ता** ; (पडि ; काल)। कृ—**खमावियव्व** ; (कप्प)।

खम वि [**क्षम**] १ उचित, योग्य ; "सचित्तो आहारो न खमो मणसा वि पत्थेउं" (पच्च ५४ ; पाअ)। २ समर्थ, शक्तिमान् ; (दे १, १७ ; उप ६५० ; सुपा ३)।

खमग पुं [**क्षमक, क्षपक**] तपस्वी जैन साधु ; (उप पृ ३६२ ; ओघ १५० ; भत ४४)।

खमण न [**क्षपण, क्षमण**] १ उपवास ; (बृह १ ; निचू २०)। २ पुं. तपस्वी जैन साधु ; (ठा १०—पत्र ५१४)।

खमय देखो **खमग** ; (ओघ ५६४; उप ४८६; भत ४०)।

खमा स्त्री [**क्षमा**] १ पृथिवी, भूमि ; "उव्वूढखमाभारो" (सुपा ३४८)। २ क्रोध का अभाव, क्षान्ति ; (हे २, १८)। °**वइ** पुं [°**पति**] राजा, नृप, भूपति ; (धर्म १६)। °**समण** पुं [°**श्रमण**] साधु, ऋषि, मुनि ; (पडि)। °**हर** पुं [°**धर**] १ पर्वत, पहाड़ ; २ साधु, मुनि ; (सुपा ६२६)।

खमावणया } स्त्री [**क्षमणा**] खमाना, माफी माँगना ;
खमावणा } (भग १७, ३ ; राज)।

खमाविय वि [**क्षमित**] माफ किया हुआ ; (हे ३, १५२ ; सुपा ३६४)।

खम्मक्खम पुं [**दे**] १ संग्राम, लड़ाई ; २ मन का दुःख ; ३ पश्चात्ताप का नीसास ; (दे २, ७६)।

खय देखो **खच**। खअइ ; (षड्)।

खय अक [**क्षि**] क्षय पाना, नष्ट होना। खअइ ; (षड्)।

खय देखो **ख-ग** ; (पाअ)। ३ आकाश तक ऊँचा पहुँचा हुआ; (से ६, ४२)। °**राय** पुं [°**राज**] पक्षिओं का राजा ; गरुड़-पक्षी; (पाअ)। °**वइ** पुं [°**पति**] गरुड़-पक्षी ; (से १५, ५०)।

खय न [**क्षत**] १ व्रण, घाव ; "खारक्खेवं व खए" (उप ७२८ टी)। २ व्रणित, घवाया हुआ; "सुणओव्व कीडखओ" (श्रा १४ ; सुपा ३४६ ; सुर १२, ६१)। °**यार** पुंस्त्री [°**चार**] शिथिलाचारी साधु या साध्वी ; (वव ३)।

खय वि [**खात**] खादा हुआ ; (पउम ६१, ४२)।

खय पुं [**क्षय**] १ क्षय, प्रलय, विनाश ; (भग ११, ११)। २ रोग-विशेष, राज-यक्ष्मा ; (लहुअ १५)। °**कारि** वि [°**कारिन्**] नाश-कारक ; (सुपा ६५५)। °**काल**, °**गाल** पुं [°**काल**] प्रलय-काल ; (भवि; हे ४, ३७७)। °**ग्गि** पुं [°**ग्नि**] प्रलय-काल की आग ; (से १२, ८१)। °**नाणि** पुं [°**ज्ञानिन्**] केवलज्ञानी, परिपूर्ण ज्ञान वाला, सर्वज्ञ ; (विसे ५१८)। °**समय** पुं [°**समय**] प्रलय-काल ; (लहुअ २)।

खयंकर वि [**क्षयकर**] नाश-कारक ; (पउम ७, ८१ ; ६६, ३४ ; पुप्फ ८२)।

खयंतकर वि [**क्षयान्तकर**] नाश-कारक ; (पउम ७, १७०)।

खयर पुंस्त्री [**खचर**] १ आकाश में चलने वाला, पक्षी; (जो २०)। २ विद्याधर, विद्या बल से आकाश में चलने वाला मनुष्य; (सुर ३, ८८; सुपा २४०)। °**राय** पु [°**राज**] विद्याधरों का राजा ; (सुपा १३४)।

खयर देखो **खइर**=खदिर ; (अंत १२ ; सुपा ५६३)।

खयाल पुंन [**दे**] वंश-जाल, बाँस का वन ; (भवि)।

खर अक [**क्षर्**] १ झरना, टपकना। २ नष्ट होना। खरइ ; (विसे ४५५)।

चामीअर न [**चामीकर**] सुवर्ण, सोना ; (पाअ ; सुपा ७७ ; गाया १, ४)।

चामुंडा देखो **चाँउंडा** ; (विसे ; पि)।

चाय देखो **चय**=शक्। वकृ—**चायंत, चाएंत**, सूअ १, ३, १ ; वव ३)।

चाय देखो **चाव** ; (सुपा ५३० ; से १४, १५ ; पिंग)।

चाय पुं [**त्याग**] १ छोड़ना, परित्याग ; (प्रासू ८ ; पंचव १)। २ दान ; (सुर १, ६५)।

चायग, **चायव** पुं [**चातक**] पक्षि-विशेष, चातक-पक्षी; (सण ; पाअ ; दे ६, ६०)।

चार पुं [**चार**] १ गति, गमन ; "पायचारेण" (महा ; उप पृ १२३ ; रयण १५)। २ भ्रमण, परिभ्रमण ; (स १६)। ३ चर-पुरुष, जासूस ; (विपा १, ३ ; महा ; भवि)। ४ कारागार, कैदखाना ; (भवि)। ५ संचार, संचरण ; (औप)। ६ अनुष्ठान, आचरण ; (आचानि ४५ ; महा)। ७ ज्योतिष-क्षेत्र, आकाश; (ठा २, २)।

चार पुं [**दे**] १ वृक्ष-विशेष, पियाल वृक्ष, चिरोंजी का पेड़ ; (दे ३, २१ ; अणु ; पण्ण १६)। २ बन्धन-स्थान ; (दे ३, २१)। ३ इच्छा, अभिलाष ; (दे ३, २१; भवि ; सुपा ५११)। ४ न. फल-विशेष, मेवा विशेष ; (पण्ण १६)। °**क्कय** पुं [°**क्रय**] वेचने वाले की इच्छानुसार दाम देकर खरीदना ; (सुपा ५११)।

चारए देखो **चर**=चर्।

चारग दे [**चारक**] देखो **चार** ; (औप ; णाया १, १ ; पण्ह १, ३ ; उप ३५७ टी)। °**पाल** पुं [°**पाल**] जेलखाना का अध्यक्ष ; (विपा १, ६—पत्र ६५)। °**पालग** पुं [°**पालक**] कैदखाना का अध्यक्ष; जेलर ; (उप पृ ३३७)। °**भंड** न [°**भाण्ड**] कैदी को शिक्षा करने का उपकरण ; (विपा १, ६)। °**ाहिव** पुं [°**ाधिप**] कैदखाना का अध्यक्ष, जेलर ; (उप पृ ३३७)।

चारण पुं [**दे**] ग्रन्थि-च्छेदक, पाकेटमार, चोर-विशेष ; (दे ३, ६)।

चारण पुं [**चारण**] १ आकाश में गमन करने की शक्ति रखने वाले जैन मुनिओं की एक जाति ; (औप ; सुर ३, १५ ; अजि १६)। २ मनुष्य-जाति-विशेष, स्तुति करने वाली जाति, भाट ; (उप ७६८ टी ; प्रामा)। ३ एक जैन मुनि-गण ; (ठा ६)।

चारणिआ स्त्री [**चारणिका**] गणित-विशेष; (ओघ २१ टी)।

चारभड पुं [**चारभट**] शूर पुरुष, लड़वैया, सैनिक; (पण्ह १, २ ; १, ३ ; बृह १)।

चारय देखो **चारग** ; (सुपा २०७ ; स १५)।

चारवाय पुं [**दे**] ग्रीष्म ऋतु का पवन ; (दे ३, ६)।

चारहड देखो **चारभड** ; (धम्म १२ टी ; भवि)।

चारहडी स्त्री [**चारभटी**] शौर्यवृत्ति, सैनिक-वृत्ति ; (सुपा ४४१ ; ४४२ ; हे ४, ३६६)।

चारागार न [**चारागार**] कैदखाना, जेलखाना ; (सुर १६, १७)।

चारि स्त्री [**चारि**] चारा, पशुओं के खाने की चीज, घास आदि ; (ओघ २३८)।

चारि वि [**चारिन्**] १ प्रवृत्ति करने वाला ; (विसे २४३ टी ; उव ; आचा)। २ चलने वाला, गमन-शील ; (औप ; कप्पू)।

चारिअ वि [**चारित**] १ जिसको खिलाया गया हो वह ; (से २, २७)। २ विज्ञापित, जलाया हुआ ; (पउम १७ —पत्र ४६७)।

चारिअ पुं [**चारिक**] १ चर पुरुष, जासूस ; (पण्ह १, २ ; पउम २६, ६५)। "चोरुत्ति चारिउत्ति य होइ जओ परदारगामित्ति" (विसे २३७३)। २ पंचायत का मुखिया पुरुष, समुदाय का अगुआ ; (स ४०६)।

चारित्त देखो **चरित्त**=चारित्र ; (ओघ ६ भा ; उप ६७७ टी)।

चारित्ति देखो **चरित्ति** ; (पुप्फ १५४)।

चारियव्व देखो **चर**=चर्।

चारी स्त्री [**चारी**] देखो **चारि**=चारि; (स ४८७; ओघ २३८ टी)।

चारु वि [**चारु**] १ सुन्दर, शोभन, प्रवर ; (उवा ; औप)। २ पुं. तीसरे जिनदेव का प्रथम शिष्य; (सम १५२)। ३ न. प्रहरण-विशेष, शस्त्र-विशेष ; (जीव १ ; राय)।

चारुइणय पुं [**चारुकिनक**] १ देश-विशेष; २ वि. उस देश का निवासी; (औप; अंत)। स्त्री—°**णिया** ; (औप)।

चारुणय पुं [**चारुनक**] ऊपर देखो ; (औप)। स्त्री—°**णिया** ; (औप ; णाया १, १)।

चारुवच्छि पुं. ब. [**चारुवत्स**] देश-विशेष ; (पउम ६८, ६४)।

चारुसेणी स्त्री [**चारुसेनी**] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

चाल सक [**चालय्**] १ चलाना, हिलाना, कँपाना। २ विनाश करना। चालेइ ; (उव; स ४७४; महा)। कर्म—चालिज्जइ ; (उव)। वकृ—**चालंत, चालेमाण** ; (सुपा २२४ ; जीव ३)। कवकृ—**चालिज्जमाण** ; (णाया १, १)। हेकृ—**चालित्तए** ; (उवा)।
चालण न [**चालन**] १ चलाना, हिलाना ; (रंभा)। २ विचार ; (विसे १००७)।
चालणा स्त्री [**चालना**] शङ्का, पूर्वपक्ष, आक्षेप ; (अणु ; बृह १)।
चालणिया स्त्री [**चालनिका**] नीचे देखो; (उप १३४ टी)।
चालणी स्त्री [**चालनी**] आखा, छानने का पात्र ; (आवम)।
चालवास पुं [**दे**] सिर का भूषण-विशेष ; (दे ३, ८)।
चालिय वि [**चालित**] चलाया हुआ, हिलाया हुआ ; "पुप्फवईए चालियाए सियसंकयपडागाए" (महा)।
चालिर वि [**चालयितृ**] १ चलाने वाला। २ चलने वाला ; "खरपवणचाडुचालिरदवग्गिसरिसेण पेम्मेण" (वज्जा ७०)।
चाली स्त्री [**चत्वारिंशत्**] चालीस, ४० ; (उवा)।
चालीस स्त्रीन [**चत्वारिंशत्**] चालीस, ४० ; (महा ; पिंग)। स्त्री—°**सा** ; (ति ५)।
चालुक्क पुंस्त्री [**चौलुक्य**] १ चालुक्य वंश में उत्पन्न; २ पुं. गुजरात का प्रसिद्ध राजा कुमारपाल ; (कुमा)।
चाव सक [**चर्व्**] चबाना। कृ—**चावेयव्व** ; (उत्त १६, ३८)।
चाव पुं [**चाप**] धनुष, कार्मुक ; (स्वप्न ५५)।
चावल न [**चापल**] चपलता, चंचलता; (अभि २४१)।
चावल्ल न [**चापल्य**] ऊपर देखो ; (स ५२६)।
चावाली स्त्री [**चावाली**] ग्राम-विशेष, इस नाम का एक गाँव ; (आवम)।
चाविय वि [**च्यावित**] मरवाया हुआ ; (पण्ह २, १)।
चावेडी स्त्री [**चापेटी**] विद्या-विशेष, जिससे दूसरे को तमाचा मारने पर बिमार आदमी का रोग चला जाता है; (वव ५)।
चावेयव्व देखो **चाव=चर्व्**।
चावोण्णय न [**चापोन्नत**] विमान-विशेष, एक देव-विमान ; (सम ३६)।
चास पुं [**चाष**] पक्षि-विशेष, स्वर्ण-चातक, लहटोरवा ; (पण्ह १, १ ; पण्ण १७ ; णाया १, १; ओघ ८४ भा ; उत्त १, १४)।

चास पुं [**दे**] चास, हल-विदारित भूमि-रेखा, खेती ; (दे ३, १)।
चाह सक [**वाञ्छ्**] १ चाहना, वाँछना। २ अपेक्षा करना। ३ याचना। चाहइ, चाहसि ; (भवि ; पिंग)।
चाहिय वि [**वाञ्छित**] १ वाञ्छित, अभिलषित ; २ अपेक्षित ; ३ याचित ; (भवि)।
चाहुआण पुं [**चाहुयान**] १ एक प्रसिद्ध क्षत्रिय-वंश ; चौहान वंश; २ पुंस्त्री चौहान वंश में उत्पन्न; (सुपा ५५६)।
चि देखो **चिण**। कर्म—चिव्वइ, चिम्मइ, चिज्जंति ; (हे ४, २४३ ; भग)।
चिअ अ [**एव**] निश्चय को बतलाने वाला अव्यय ; "अणुबद्धं तं चिअ कामिणीणं" (हे २, १८४ ; कुमा ; गा १६, ४६ ; दं १)।
चिअ अ [**इव**] १—२ उपमा और उत्प्रेक्षा का सूचक अव्यय ; (प्राप)।
चिअ वि [**चित**] १ इकट्ठा किया हुआ ; (भग)। २ व्याप्त ; (सुपा २४१)। ३ पुष्ट, मांसल ; (उप ८७५ टी)।
चिआ स्त्री [**त्विष्**] कान्ति, तेज, प्रभा ; (षड्)।
चिआ देखो **चियगा** ; (सुपा २४१ ; महा)।
चिइ स्त्री [**चिति**] १ उपचय, पुष्टि, वृद्धि ; (पव २)। २ इकट्ठा करना ; (उत्त ६)। ३ बुद्धि, मेधा ; (पाअ)। ४ भींत वगैरः बनाना ; ५ चिता; (पण्ह १, १—पत्र ८)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] वन्दन, प्रणाम-विशेष ; (आव ३)।
चिइ देखो **चेइअ** ; (उप ५६७ ; चैत्य १२ ; पंचा १)।
चिइगा देखो **चियगा** ; (जं १)।
चिइच्छ सक [**चिकित्स्**] १ दवा करना, इलाज करना। २ शङ्का करना, संशय करना। चिइच्छइ ; (हे २, २१; ४, २४०)।
चिइच्छअ वि [**चिकित्सक**] १ दवा करने वाला, इलाज करने वाला ; २ पुं. वैद्य ; (मा ३३)।
चिइंय देखो **चिंतिय** ; "जेण एस भुवरियतवोवि सुचिइयजि-णिंदवयणोवि" (महा)।
चिउर पुं [**चिकुर**] १ केश, बाल ; (गा १८८)। २ पीत रङ्ग का गन्ध-द्रव्य-विशेष ; (पण्ण १७—पत्र ५२८ ; राय)।

चिंच } सक [मण्डय्] विभूषित करना, अलंकृत करना।
चिंचअ } चिंचइ, चिंचअइ ; (हे ४, ११५ ; षड्)।

चिंचइअ वि [मण्डित] शोभित, विभूषित, अलंकृत; (पउम १५, १३ ; सुपा ८८; महा ; पाअ; प्राप ; कुमा)।

चिंचइअ वि [दे] चलित, चला हुआ ; (दे ३, १३)।

चिंचणिआ } स्त्री [दे] देखो **चिंचिणी**; (कुमा; सुपा १२ ;
चिंचणिगा } ५८३)।
चिंचणी }

चिंचणी स्त्री [दे] घरट्टिका, अन्न पीसने की चक्की ; (दे ३, १०)।

चिंचा स्त्री [चञ्चा] १ तृण की बनाई हुई चटाई वगैरः। °**पुरिस** पुं [°पुरुष] तृण का मनुष्य, जो पशु, पक्षी आदि को डराने के लिए खेतों में गाड़ा जाता है; (सुपा १२४)।

चिंचा स्त्री [दे. चिञ्चा] इम्ली का पेड़; (दे ३, १० ; पाअ ; विपा १, ६ ; सुपा १२४ ; ५८२ ; ५८३)।

चिंचिअ वि [मण्डित] भूषित, अलंकृत ; (कुमा)।

चिंचिणिआ } स्त्री [दे] इम्ली का पेड़; (ओघ २६ ;
चिंचिणिचिंचा } दे ३, १० ; सुपा ५८४ ; पाअ)।
चिंचिणी }

चिंचिल्ल सक [मण्डय्] विभूषित करना, अलंकृत करना। चिंचिल्लइ ; (हे ४, ११५ ; षड्)।

चिंचिल्लिअ वि [मण्डित] विभूषित, अलंकृत ; (पाअ; कुमा)।

चिंत सक [चिन्तय्] १ चिन्ता करना, विचार करना। २ याद करना। ३ ध्यान करना। ४ फीकिर करना, अफसोस करना। चिंतेइ, चिंतेमि ; (उव ; कुमा)। वकृ—**चिंतंत, चिंतेंत, चिंतिंत, चिंतयंत, चिंतयमाण, चिंतेमाण** ; (कुमा ; उव ; पउम १०, ४ ; अभि ५७ ; हे ४, ३२२ ; ३१०; सुर ४, २३)। कवकृ—**चिंतिज्जंत** ; (गा ६५१)। संकृ—**चिंतिउं, चिंतिऊण**; (महा; गा ३५८)। कृ—**चिंतणीय, चिंतियव्व, चिंतेयव्व** ; (उप ७३२ ; पंचा २; पउम ३१, ७७ ; सुपा ४४५)।

चिंत वि [चिन्त्य] चिन्तनीय, विचारणीय, विचार-योग्य; (उप ६८५)।

चिंतग वि [चिन्तक] चिन्ता करने वाला, विचारक; (उप पृ ३३३ ; ३३६ टी)।

चिंतण न [चिन्तन] १ विचार, पर्यालोचन ; (महा)। २ स्मरण, स्मृति ; (उत्त ३२ ; महा)।

चिंतणा स्त्री [चिन्तना] ऊपर देखो ; (उप ६८६ टी)।

चिंतणिया स्त्री [चिन्तनिका] याद करना, चिन्तन करना; (ठा ५, ३)।

चिंतय वि [चिन्तक] चिन्ता करने वाला ; (स ५६५; निर १, १)।

चिंतव देखो **चिंत**=चिंतय्। चिंतवइ ; (कुमा ; भवि)।

चिंतविय वि [चिन्तित] जिसकी चिंता की गई हो वह ; (भवि)।

चिंता स्त्री [चिन्ता] १ विचार, पर्यालोचन ; (पाअ ; कुमा)। २ अफसोस, शोक, दिलगीरी ; (सुर २, १६१ ; सूअ २, १ ; प्रासू ६१)। ३ ध्यान ; (आव ४)। ४ स्मृति, स्मरण; (गांदि)। ५ इष्ट-प्राप्ति का संदेह ; (कुमा)। °**उर** वि [°तुर] शोक से व्याकुल ; (सुर ६, ११६)। °**दिट्ठ** वि [°दृष्ट] विचार-पूर्वक देखा हुआ ; (पाअ)। °**मइअ** वि [°मय] चिन्ता-युक्त ; "सअणे चिंतामइअं काऊण पिअं" (गा१३३)। °**मणि** पुं [°मणि] १ मनोवाञ्छित अर्थ को देनेवाला रत्न-विशेष, दिव्य मणि ; (महा)। २ वीतशोक नगरी का एक राजा ; (पउम २०, १४२)। °**वर** वि [°पर] चिन्ता-मग्न ; (पउम १०, १३)।

चिंतायग } वि [चिन्तक] चिन्ता करने वाला; (आवम)।
चिंतावग } स्त्री—°**गा** ; (सुपा ११)।

चिंतिय वि [चिन्तित] १ विचारित, पर्यालोचित ; (महा)। २ याद किया हुआ, स्मृत ; (णाया १, १ ; षड्)। ३ जिसको चिन्ता उत्पन्न हुई हो वह ; (जीव ३ ; औप)। ४ न. स्मरण, स्मृति ; (भग ६, ३३ ; औप)।

चिंतिर वि [चिन्तयितृ] चिन्ता-शील, चिन्ता करने वाला ; (श्रा २७; सण)।

चिंध न [चिह्न] १ चिन्ह, लाञ्छन, निशानी; (हे २,५०; प्राप्र ; णाया १, १६)। २ ध्वजा, पताका ; (पाअ)। °**पट्ट** पुं [°पट्ट] निशानी रूप वस्त्र-खण्ड; (णाया १, १)। °**पुरिस** पुं [°पुरुष] १ दाढ़ी-मूँछ वगैरः पुरुष की निशानी वाला नपुंसक ; २ पुरुष का वेष धारण करने वाली स्त्री वगैरः; (ठा ३, १)।

चिंधाल वि [चिह्नवत्] चिह्न-युक्त, निशानी वाला; (पउम १०६, ७)।

चिंधाल वि [**दे**] १ रम्य, सुन्दर, मनोहर; २ मुख्य, प्रधान, प्रवर ; (दे ३, २२)।
चिंधिय वि [**चिह्नित**] चिह्न-युक्त ; (पि २६७)।
चिंफुल्लणी स्त्री [**दे**] स्त्री का पहनने का वस्त्र-विशेष, लहँगा; (दे ३, १३)।
चिकिच्छ देखो **चिइच्छ**। चिकिच्छामि ; (स ४८५)। कृ—**चिकिच्छिअव्व** ; (अभि १६७)।
चिकुर देखो **चिउर** ; (पि ५०६)।
चिक्क वि [**दे**] १ स्तोक, थोड़ा, अल्प; २ न. क्षुत, छींक ; (षड्)।
चिक्कण वि [**चिक्कण**] चिकना, स्निग्ध ; (पण्ह १, १; सुपा ११)। २ निबिड, घना; "जं पावं चिक्कणं तए बद्धं" (सुर १४, २०६)। ३ दुर्भेद्य, दुःख से छूटने योग्य ; (पण्ह १,१)।
चिक्का स्त्री [**दे**] १ थोड़ी चीज; २ हलकी मेघ-वृष्टि, सूक्ष्म छींटा ; (दे ३, २१)।
चिक्कार पुं [**चीत्कार**] चिल्ला, हटचिंघाड़ ; (सण)।
चिक्किण देखो **चिक्कण** ; (कुमा)।
चिक्खअण वि [**दे**] सहिष्णु, सहन करने वाला ; (षड्)।
चिक्खल्ल पुं [**दे**] कर्दम, पंक, कीच ; (दे ३, ११; हे ३, १४२ ; पण्ह १, १)।
चिक्खल्लय न [**चिक्खल्लक**] काठियावाड़ का एक नगर ; (ती २)।
चिक्खिल्ल, **चखल्ल**, **चिखिल्ल** } [**दे**] देखो **चिक्खल्ल**; (गा ६७; ३२४ ; ४४५ ; ६८४ ; औप)।
चिगिचिगाय अक [**चिकचिकाय्**] चकचकाट करना, चमकना। वकृ—**चिगिचिगायंत** ; (सुर २, ८६)।
चिगिच्छग देखो **चिइच्छग** ; (विवे ३०)।
चिगिच्छण न [**चिकित्सन**] चिकित्सा, इलाज ; (उप १३५ टी)।
चिगिच्छय देखो **चिइच्छग** ; (स २७८ ; णाया १, ५—पत्र १११)।
चिगिच्छा स्त्री [**चिकित्सा**] दवा, प्रतीकार, इलाज ; (स १७)। °**संहिया** स्त्री (°**संहिता**) चिकित्सा-शास्त्र, वैद्यक-शास्त्र ; (स १७)।
चिच्च वि [**दे**] १ चिपिट नासिका वाला, बैठी हुई नाक वाला; (दे ३, ६)। २ न. रमण, संभोग, रति; (दे ३, १०)।
चिच्च वि [**त्याज्य**] छोड़ने योग्य, परिहरणीय ; " खर-कम्माइं पि चिच्चाइं " (सुपा ४६८)।
चिच्चर वि [**दे**] चिपिट नासिका वाला ; (दे ३, ६)।
चिच्चा देखो **चय** = त्यज्।
चिच्चि पुं [**चिच्चि**] चीत्कार, चिल्लाहट, भयंकर आवाज; "चिच्चीसर—" (विपा १, २—पत्र २६)।
चिच्चि पुं [**दे**] हुताशन, अग्नि ; (दे ३, १०)।
चिट्ठ अक [**स्था**] बैठना, स्थिति करना। चिट्ठइ ; (हे १, १६)। भूका—चिट्ठिंसु ; (आचा)। वकृ—**चिट्ठंत, चिट्ठमाण** ; (कुमा ; भग)। संकृ—**चिट्ठिउं, चिट्ठिऊण, चिट्ठिण, चिट्ठित्ता, चिट्ठित्ताण** ; (कप्प ; हे ४, १६ ; राज ; पि)। हेकृ—**चिट्ठित्तए** ; (कप्प)। कृ—**चिट्ठणिज्ज, चिट्ठिअव्व** ; (उप २६४ टी ; भग)।
चिट्ठ देखो **चेट्ठ**। वकृ—**चिट्ठमाण** ; (पंचा २)।
चिट्ठइत्तु वि [**स्थातृ**] बैठने वाला ; (भग ११, ११ ; दसा ३)।
चिट्ठणा स्त्री [**स्थान**] स्थिति, बैठना, अवस्थान ; (बृह ६)।
चिट्ठा देखो **चेट्ठा** ; (सुर ४, २४५ ; प्रासू १२५)।
चिट्ठिय वि [**चेष्टित**] १ जिसने चेष्टा की हो वह ; (पण्ह १, ३ ; णाया १, १)। २ न. चेष्टा, प्रयत्न ; (पण्ह २, ४)।
चिट्ठिय वि [**स्थित**] १ अवस्थित, रहा हुआ। २ न. अवस्थान, स्थिति ; (चंद २०)।
चिडिग पुं [**चिटिक**] पक्षि-विशेष; (पण्ह १, १)।
चिण सक [**चि**] १ इकट्ठा करना। २ फूल वगैरः तोड़ कर इकट्ठा करना। चिणइ ; (हे ४, २३८)। भूका—चिणिंसु ; (भग)। भवि—चिणिहिइ ; (हे ४, २४३)। कर्म—चिणिज्जइ ; (हे ४, २४२)। संकृ—**चिणिऊण, चिणेऊण** ; (षड्)।
चिण देखो **चण** ; (श्रा १८)।
चिणिअ वि [**चित**] इकट्ठा किया हुआ ; (सुपा ३२३ ; कुमा)।
चिणोट्ठी स्त्री [**दे**] गुंजा, घुंगची, लाल रत्ती, गुजराती में 'चणोठी' ; (दे ३, १२)।
चिण्ण वि [**चीर्ण**] १ आचरित, अनुष्ठित ; (उत्त १३)। २ अंगीकृत, आदृत ; (उत्त ३१)। ३ विहित, कृत ; (उत्त १३)।

चिण्ह न [**चिह्न**] निशानी, लांछन ; (हे २, ५० ; गउड) ।

चित्त सक [**चित्रय्**] चित्र बनाना, तसवीर खींचना । चित्तेइ; (महा) । कवकृ— **चित्तिज्जंत** ; (उप पृ ३४१) ।

चित्त न [**चित्त**] १ मन, अन्तःकरण, हृदय ; (ठा ४, १ ; प्रासू ६१ ; १५५) । २ ज्ञान, चेतना ; (आचा) । ३ बुद्धि, मति; (आव ४) । ४ अभिप्राय, आशय ; (आचा)। ५ उपयोग, ख्याल ; (अणु) । °**ण्णु** वि [°**ज्ञ**] दिल का जानकार; (उप पृ १७६) । °**निवाइ** वि [°**निपातिन्**] अभिप्राय के अनुसार बरतने वाला ; (आचा) । °**मंत** वि [°**वत्**] सजीव वस्तु ; (सम ३६ ; आचा) ।

चित्त देखो **चइत्त**=चैत्र ; (रंभा ; जं २ ; कप्प) ।

चित्त न [**चित्र**] १ छवि, आलेख्य, तसवीर ; (सुर १, ८६ ; स्वप्न १३१) । २ आश्चर्य, विस्मय ; (उत्त १३) । ३ काष्ठ-विशेष ; (अनु ५) । ४ वि. विलक्षण, विचित्र ; (गा ६१२ ; प्रासू ४२) । ५ अनेक प्रकार का, विविध, नानाविध ; (ठा १०) । ६ अद्भुत, आश्चर्य-जनक ; (विपा १, ६ ; कप्प) । ७ कबरा, चितकबरा ; (णाया १, ८) । ८ पुं. एक लोकपाल ; (ठा ४, १—पत्र १९७) । ६ पर्वत-विशेष ; (पराह १, ५—पत्र ६४)। १० चित्रक, चित्ता, श्वापद-विशेष ; (णाया १, १—पत्र ६५) । ११ नक्षत्र-विशेष, चित्रा नक्षत्र, "हत्थो चित्तो य तहा, दस बुद्धिकराइं नाणस्स" (सम १७) । °**उत्त** पुं [°**गुप्त**] भरतक्षेत्र के एक भावी जिन-देव ; (सम १५४) । °**कणगा** स्त्री [°**कनका**] देवी-विशेष, एक विद्युत्कुमारी देवी ; (ठा ४, १) । °**कम्म** न [°**कर्मन्**] आलेख्य, छवि, तसवीर ; (गा ६१२) । °**कर** देखो °**गर** ; (अणु) । °**कह** वि [°**कथ**] नाना प्रकार की कथाएं कहने वाला ; (उत्त ३) । °**कूड** पुं [°**कूट**] १ सीतानदी के उत्तर किनारे पर स्थित एक वक्षस्कार-पर्वत ; (जं ४) । २ पर्वत-विशेष ; (पउम ३३, ६) । ३ न. नगर-विशेष, जो आजकल मेवाड़ में "चितौड़" नाम से प्रसिद्ध है ; (रयण ६४) । ४ शिखर-विशेष ; (ठा २, ३) । °**क्खरा** स्त्री [°**क्षरा**] छन्द-विशेष ; (अजि २७) । °**गर** पुं [°**कर**] चित्रकार, चितेरा ; (सुर १, १०४; णाया १, ८) । °**गुत्ता** स्त्री [°**गुप्ता**] १ देवी-विशेष, सोम-नामक लोकपाल की एक अग्र-महिषी ; (ठा ४, १)। २ दक्षिण रुचक पर्वत पर बसने वाली एक दिक्कुमारी, देवी-विशेष ; (ठा ८) । °**पक्ख** पुं [°**पक्ष**] १ वेणु-देव-नामक इन्द्र का एक लोकपाल, देव-विशेष ; (ठा ४, १)। २ क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय कीट-विशेष ; (जीव १) । °**फल**, °**फलग**, °**फलय** न [°**फलक**] तसवीर वाला तख्ता ; (महा ; भग १५ ; पि ५१६) । °**भित्ति** स्त्री [°**भित्ति**] १ चित्र वाली भींत; २ स्त्री की तसवीर ; (दस ८) । °**यर** देखो °**गर**; (णाया १, ८) । °**रस** पुं [°**रस**] भोजन देने वाली कल्पवृक्षों की एक जाति ; (सम १७ ; पउम १०२, १२२) । °**लेहा** स्त्री [°**लेखा**] छन्द-विशेष ; (अजि १३) । °**संभूइय** न [°**संभूतीय**] चित्र और संभूत नामक चाण्डाल-विशेष के वृत्तान्त वाला उत्तराध्ययनसूत्र का एक अध्ययन ; (उत्त १२) । °**सभा** स्त्री [°**सभा**] तसवीर वाला गृह ; (णाया १, ८) । °**साला** स्त्री [°**शाला**] चित्र-गृह ; (हेका ३३२) ।

चित्तंग पुं [**चित्राङ्ग**] पुष्प देने वाले कल्प-वृक्षों की एक जाति ; (सम १७) ।

चित्तग देखो **चित्त**=चित्र ; (उप पृ ३०) ।

चित्तट्ठिअ वि [**दे**] परितोषित, खुश किया हुआ ; (दे ३, १२) ।

चित्तदाउ पुं [**दे**] मधु-पटल, मधपुड़ा ; (दे ३, १२) ।

चित्तपरिच्छेय वि [**दे**] लघु, छोटा ; (भग ७, ६) ।

चित्तय देखो **चित्त**=चित्र ; (पाअ) ।

चित्तल वि [**दे**] १ मण्डित, विभूषित ; २ रमणीय, सुन्दर ; (दे ३, ४) ।

चित्तल वि [**चित्रल**] १ चितला, कबरा, चितकबरा ; (पाअ) । २ जंगली पशु-विशेष, हरिण के आकार वाला द्विखुरा पशु-विशेष ; (जीव १ ; पराह १, १) ।

चित्तलि पुंस्त्री [**चित्रलिन्**] साँप की एक जाति; (पराण १)।

चित्तलिअ वि [**चित्रलित, चित्रित**] चित्र-युक्त किया हुआ; "पउम व्विअ दिअहद्धे कुड्डे रेहाहिं चित्तलिओ" (गा २०८)।

चित्तविअअ वि [**दे**] परितोषित ; (षड्) ।

चित्ता स्त्री [**चित्रा**] १ नक्षत्र-विशेष; (सम २)। २ देवी-विशेष, एक विद्युत्कुमारी देवी; (ठा ४, १) । ३ शक्रेन्द्र के एक लोकपाल की स्त्री, देवी-विशेष ; (ठा ४, १—पत्र २०४) । ४ ओषधि-विशेष ; (सुर १०, २२३ ; पराण १७) ।

चित्ति पुं [**चित्रिन्**] चित्रकार, चितेरा; (कम्म १, २३)।
चित्तिअ वि [**चित्रित**] चित्र-युक्त किया हुआ ; (औप ; कप्प; उप ३६१ टी ; दे १, ७५) ।
चित्तिया स्त्री [**चित्रिका**] स्त्री-चित्ता, श्वापद-विशेष की मादा; (पराण ११) ।
चित्ती स्त्री [**चैत्री**] चैत्र मास की पूर्णिमा; (इक) ।
चिद्दविअ } वि [**दे**] निर्णाशित, विनाशित (दे ३, **चिद्दाविअ** } १३ ; पाअ ; भवि) ।
चिन्न देखो **चिण्ण** ; (सुपा ४; सण ; भवि) ।
चिप्पिडय पुं [**दे**] अन्न विशेष ; (दसा ६) ।
चिप्पिण पुं [**दे**] १ केदार, क्यारी ; २ क्यारी वाला प्रदेश; ३ किनारे का प्रदेश, तट-प्रदेश ; (भग ५, ७) ।
चिबुअ न [**चिबुक**] होठ के नीचे का अवयव (कुमा) ।
चिब्भड न [**चिर्भिट**] खीरा, ककड़ी फल विशेष, गुजराती में " चीभडुं "; (दे ६, १४८) ।
चिब्भडिया स्त्री [**चिर्भिटिका**] १ वल्ली-विशेष, ककड़ी का गाछ । २ मत्स्य की एक जाति ; (जीव १) ।
चिब्भिड देखो **चिब्भड** ; (सुपा ६३० ; पाअ) ।
चिमिट्ठ } वि [**चिपिट**] चपटा, बैठा हुआ (नाक) ; **चिमिढ** } (गाया १, ८; पि २०७; २४८) ।
चिमिण वि [**दे**] रोमश, रोमाञ्चित, पुलकित; (दे ३, ११; षड्)।
चियका } स्त्री [**चिता**] मुर्दे को फूंकने के लिए चुनी हुई **चियगा** } लकड़ियों का ढेर; (पराह १,३—पत्र ४५ ; सुपा ६५७ ; स ४१६)।
चियत्त देखो **चत्त** ; (भग २, ५ ; १०, २ ; कप्प ; निच १) ।
चियत्त वि [**दे**] १ अभिमत, सम्मत ; (ठा ३, ३) । २ प्रीतिकर, राग-जनक ; (औप) । ३ न. प्रीति, रुचि; ४ अप्रीति का अभाव ; (ठा ३, ३—पत्र १४७) ।
चियया देखो **चियगा** ; (पउम ६२, २३) ।
चियाग } देखो **चाय**=त्याग ; (ठा ५, १; सम १६) । **चियाय** }
चिर न [**चिर**] १ दीर्घ काल, बहुत काल ; (स्वप्न ८३ ; गा १४७) । २ विलम्ब, देरी ; (गा ३४) । ३ वि. दीर्घ काल तक रहने वाला ; " हियइच्छियपियलंभा चिरा सया कस्स जायंति " (वज्जा ५२) । °**आरअ** वि [°**कारक**] विलम्ब करने वाला; (गा ३४) । °**जीवि** वि [°**जीविन्**] दीर्घ काल तक जोने वाला; (पि ५६७)। °**जीविअ** वि [°**जीवित**] दीर्घ काल तक जीया हुआ, वृद्ध; (वाअ २, ३४) । °**ट्ठिइ**, °**ट्ठिइय**, °**ट्ठिईय** वि [°**स्थितिक**] लम्बा आयुष्य वाला, दीर्घ काल तक रहने वाला ; (भग ; सूअ १, ५, १) । " एयाइँ फासाइँ फुसंति बालं, निरंतरं तत्थ चरट्ठिईयं " (सूअ १, ५, २) । °**राअ** पुं [°**रात्र**] बहु काल, दीर्घ काल ; (आचा) ।
चिर अक [**चिरय्**] १ विलम्ब करना । २ आलस करना । चिरअदि (शौ); (पि ४६०) ।
चिरं अ [**चिरम्**] दीर्घ काल तक, अनेक समय तक ; (स्वप्न २६ ; जी ४६) । °**तण** वि [°**तन**] पुराना, बहुत काल का ; (महा) ।
चिरडी स्त्री [**दे**] वर्ण-माला, अक्षरावली ; " चिरडिंपि अयाणंता लोआ लोएहिं गोरवब्भहिआ " (दे १, ६१) ।
चिरड्डिहिल्ल [**दे**] देखो **चिरिड्डिहिल्ल** ; (पाअ) ।
चिरया स्त्री [**दे**] कुटी, झोपड़ी ; (दे ३, ११) ।
चिरस्स अ [**चिरस्य**] बहुत काल तक ; (उत्तर १७६ ; कुमा) ।
चिराअ देखो **चिर**=चिरय् । चिराअइ ; (स १२६) । चिराअसि ; (मै ६२) । भवि—चिराइस्सं; (गा २०)। वकृ—**चिराअमाण** ; (नाट - मालती २७) ।
चिराइय वि [**चिरादिक**] पुराना, प्राचीन ; (गाया १, १ ; औप) ।
चिराईय वि [**चिरातीत**] पुराना, प्राचीन; (विपा १,१)।
चिराणय (अप) वि [**चिरन्तन**] पुरातन, प्राचीन; (भवि)।
चिराइण वि [**चिरन्तन**] ऊपर देखो; (बृह ३) ।
चिराव अक [**चिरय्**] १ विलम्ब करना । २ आलस करना । ३ सक. विलम्ब कराना, रोक रखना चिरावइ; (भवि) । चिरावेह; (काल) । " मा णे चिरावेहि" (पउम ३, १२६) ।
चिराविय वि [**चिरायित**] १ जिसने विलम्ब किया हो वह; २ विलम्बित, रोका गया । ३ न. विलम्ब, देरी ; "भणिअं। चंदाभाए किं अज्ज चिराविअं मामि ! " (पउम १०५, १०१) ।
चिरिंचिरा स्त्री [**दे**] जलधारा, वृष्टि ; (दे ३, १३) ।
चिरिक्का स्त्री [**दे**] १ पानी भरने का चर्म-भाजन, मशक, २ अल्प वृष्टि ; ३ प्रातः-काल, सुबह ; (दे ३, २१) ।
चिरिचिरा [**दे**] देखो **चिरिंचिरा** ; (दे ३, १३) ।

चिरिडी देखो **चिरडी** ; (गा १६१ अ)।

चिरिड्डिहिल्ल न [**दे**] दधि, दही ; (दे ३, १४)।

चिरिहिट्टी स्त्री [**दे**] गुञ्जा; घुंगची, लाल रत्ती ; (दे ३, १२)।

चिलाअ पुं [**किरात**] १ अनार्य देश-विशेष; २ किरात देश में रहने वाली म्लेच्छ-जाति, भिल्ल, पुलिंद; (हे १, १८३ ; २५४ ; पण्ह १, १ ; औप ; कुमा)। ३ धन सार्थवाह का एक दास—नौकर; (णाया १, १८)।

चिलाइया स्त्री [**किरातिका**] किरात देश की रहने वाली स्त्री ; (णाया १, १)।

चिलाई स्त्री [**किराती**] ऊपर देखो ; (इक)। °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] एक दासी-पुत्र और जैन-महर्षि ; (पडि ; णाया १, १८)।

चिलिचिलिआ स्त्री [**दे**] धारा, वृष्टि; (षड्)।

चिलिचिल्ल, **चिलिच्चिल**, **चिलिच्चील** वि [**दे**] आर्द्र, गिला ; (पण्ह १, ३—पत्र ४५ ; दे ३, १२)।

चिलिण [**दे**] देखो **चिलीण** ; "छक्कायसंजमम्मि अ चिलिणे लेहन्नहाभावो" (ओघ १६५)।

चिलिमिणी, **चिलिमिलिगा**, **चिलिमिलिया**, **चिलिमिली** स्त्री [**दे**] यवनिका, परदा, आच्छादन-पट; (ओघ ६४ भा ; सुअ २, २, ४८; कस ; ओघ ७८ ; ८०)।

चिलीण न [**दे**] अशुचि, मैला, मल-मूत्र ; "सज्जंति चिलीणे मच्छियाओ घणचंदणं मोत्तुं" (उप १०३१ टी)।

चिल्ल पुं [**दे**] १ बाल, बच्चा, लड़का ; (दे ३, १०)। २ चेला, शिष्य ; (आवम)।

चिल्ल पुं [**चिल्ल**] १ वृक्ष-विशेष ; (राज)। २ न. पुष्प-विशेष ;

"पूयं कुणंति देवा, कंचणकुसुमेसु जिणवरिंदाणं।
इह पुण चिल्लदलेसुं, नरेण पूया विरइयव्वा"
(पउम ६६, १६)।

चिल्लअ न [**दे**] देदीप्यमान, चमकता ; "मंडणोइण्णप्पगारएहिं केहिं केहिंवि अवंगतिलयपत्तलेहनामएहिं चिल्लएहिं" (अजि २८ ; औप)।

चिल्लग [**दे**] देखो **चिल्लिय** ; (पण्ह १, ४—पत्र ७१ टी)।

चिल्लड [**दे**] देखो **चिल्लल** (दे); (आचा २, ३, ३)।

चिल्लणा स्त्री [**चिल्लणा**] एक सती स्त्री, राजा श्रेणिक की पत्नी ; (पडि)।

चिल्लल पुं [**चिल्वल**] १ अनार्य देश-विशेष ; २ उस देश का निवासी ; (इक)।

चिल्लल पुंस्त्री [**दे**] १ श्वापद पशु-विशेष, चित्ता ; (पण्ह १, १—पत्र ७ ; णाया १, १—पत्र ६५)। स्त्री—°**लिया**; (पण्ण ११)। २ न. कादा वाला जलाशय, छोटा तलाव आदि; (णाया १, १—पत्र ६३)। ३ देदीप्यमान, चमकता ; (णाया १, १६—पत्र २११)।

चिल्ला स्त्री [**दे**] चील, पक्षि-विशेष, शकुनिका ; (दे ३, ६ ; ८, ८ ; पाअ)।

चिल्लिय वि [**दे**] १ लीन, आसक्त; (णाया १, १)। २ देदीप्यमान ; (णाया १, १ ; औप ; कप्प)।

चिल्लिरि पुं [**दे**] मशक, मच्छर, क्षुद्र जन्तु-विशेष ; (दे ३, ११)।

चिल्लूर न [**दे**] मुसल, एक प्रकार की मोटी लकड़ी जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते है ; (दे ३, ११)।

चिल्हय पुं [**दे**] चक्र-मार्ग, पहिये की लकीर, गुजराती में 'चीलो'; (सुपा २८०)।

चिविड, **चिविड** वि [**चिपिट**] चिपटा, बैठा या धँसा हुआ (नाक) ; "चिविडनासा" (पि २४८ ; पउम २७, ३२; गउड)।

चिविडा स्त्री [**चिपिटा**] गन्ध-द्रव्य-विशेष ; (दे ३, ७१)।

चिविढ देखो **चिविड** ; (सुर १३, १८१)।

चिहुर पुं [**चिकुर**] केश, बाल ; (पाअ ; सुपा ३८१)।

ची, **चीअ** देखो **चेइअ** ; (हे १, १५१ ; सार्ध ५७ ; ६३)।

चीअ न [**चिता**] मुर्दे को फूँकने के लिए चुनी हुई लकडियों का ढेर ; "चीए बंधुस्स व अट्ठिआइं रुअई समुच्चिणइ" (गा १०४)।

चीइ देखो **चेइअ**; (सुर ३, ७५)।

चीण वि [**चीन**] १ छोटा, लघु; "चीणचिमिढवंकभग्गणासं" (णाया १, ८—पत्र १३३)। २ पुं. म्लेच्छ देश-विशेष, चीन देश ; (पण्ह १, १ ; स ४४३)। ३ चीन देश का निवासी, चीना ; (पण्ह १, १)। ४ धान्य-विशेष,

व्रीहि का एक भेद ; (सण)। "चीणाकूरं छलियातक्केण दिन्नं" (महा)। °पट्ट पुं [°पट्ट] चीन देश में होने वाला वस्त्र-विशेष ; (पण्ह १, ४)। °पिट्ठ न [°पिष्ट] सिन्दूर-विशेष ; (राय ; पण्ण १७)।

चीणंसु } पुं [**चीनांशु °क**] १ कीट-विशेष, जिसके
चीणंसुय } तन्तुओं से वस्त्र बनता है ; (बृह १)। २ चीन देश का वस्त्र-विशेष ; "चीणंसुसमूसियधयविराइयं" (सुपा ३४ ; अणु ; जं २)।

चीया स्त्री. देखो **चीअ** = चिता ; "चीयाए पक्खिविउं तत्तो उद्दोविओ जलणो" (सुर ६, ८८)।

चीर न [**चीर**] वस्त्र-खण्ड, कपड़े का टुकड़ा ; (ओघ ६३ भा ; श्रा १२ ; सुपा ३६१)। °**कंडूसगपट्ट** पुं [°**कण्डूसकपट्ट**] जैन साधुओं का एक उपकरण, रजोहरण का बन्धन-विशेष (निचू ५)।

चीरग पुं [**चीरक**] नीचे देखो ; (गच्छ २)।

चीरिय पुं [**चीरिक**] १ रास्ता में पड़े हुए चीथड़ों को पहनने वाला भिक्षुक; २ फटा-टूटा कपड़ा पहनने वाली एक साधु-जाति ; (णाया १, १५—पत्र १९३)।

चीरिया स्त्री [**चीरिका**] नीचे देखो ; (सुर ८, १८८)।

चीरी स्त्री [**चीरी**] १ वस्त्र-खण्ड, वस्त्र का टुकड़ा ; "तो तेण निययवत्थंचलाउ चीरीउ काऊण" (सुपा ५८४)। २ क्षुद्र कीट-विशेष, झींगुर; (कुमा ; दे १, २६)।

चीवट्टी स्त्री [**दे**] भल्ली, भाला, शस्त्र-विशेष ; (दे ३, १४)।

चीवर न [**चीवर**] वस्त्र, कपडा ; (सुर ८, १८८ ; ठा ५, २)।

चीहाडी स्त्री [**दे**] चीत्कार, चिल्लाहट, पुकार, हाथी की गर्जना ; (सुर १०, १८२)।

चीही स्त्री [**दे**] मुस्ता का तृण-विशेष ; (दे ३, १४ ; ६२)।

चु अक [**च्यु**] १ मरना, जन्मान्तर में जाना। २ गिरना। भवि—**चइस्सामि**; (कप्प)। संकृ—**चइऊण, चइत्ता, चइअं** ; (उत्त ६; ठा ८ ; भग)। कृ—**चइयव्व** ; (ठा ३, ३)।

चुअ अक [**श्चुत्**] झरना, टपकना। **चुअइ** ; (हे २, ७७)।

चुअ वि [**च्युत**] १ च्युत, मृत, एक जन्म से दूसरे जन्म में अवतीर्ण ; (भग ; महा ; ठा ३, १)। २ विनष्ट, "चुअकलिकलुसं" (अजि १८)। ३ भ्रष्ट, पतित ; (णाया १, ३)।

चुइ स्त्री [**च्युति**] च्यवन, मरण ; (गज)।

चुंचुअ पुं [**दे**] शेखर, अवतंस, मस्तक का भूषण ; (दे ३, १६)।

चुंचुअ पुं [**चुञ्चुक**] १ म्लेच्छ देश विशेष ; २ उस देश में रहने वाली मनुष्य-जाति ; (इक)।

चुंचुण पुं [**चुञ्चन**] इभ्य जाति-विशेष, एक वैश्य-जाति ; (ठा ६—पत्र ३५८)।

चुंचुणिअ वि [**दे**] १ चलित, गत ; २ च्युत, नष्ट ; (दे ३, २३)।

चुंचुणिआ स्त्री [**दे**] १ गोष्ठी का प्रतिध्वनि ; २ रमण, रति, संभोग ; ३ इम्ली का पेड़ ; ४ यूत विशेष, मुष्टि-यूत; ५ यूका, क्षुद्र कीट-विशेष ; (दे ३, २३)।

चुंचुमालि वि [**दे**] १ अलस, आलसी, दीर्घसूत्री ; (दे ३, १८)।

चुंचुलि पुं [**दे**] १ चञ्चु, चोंच ; २ चुलुक, पसर, एक हाथ का संपुटाकार ; (दे ३, २३)।

चुंचुलिअ वि [**दे**] १ अवधारित, निश्चित , २ न. तृष्णा, सस्पृहता; (दे ३, २३)।

चुंचुलिपूर पुं [**दे**] चुलुक, चुल्लू, पसर ; (दे ३, १८)।

चुंछ वि [**दे**] परिशोषित, सुखाया हुआ ; (दे ३, १५)।

चुंछिअ वि [**दे**] सूखा हुआ, परिशोषित ; "चुंछियगल्लं एयं, मा भत्तारं हला कुणसु" (सुपा ३४६)।

चुंट सक [**चि**] फूल वगैरः को तोड़ कर इकट्ठा करना। वकृ—**चुंटंत** ; (सुपा ३३२)।

चुंढी स्त्री [**दे**] थोड़ा पानी वाला अ-खात जलाशय ; (णाया १, १—पत्र ३३)।

चुंपालय [**दे**] देखो **चुप्पालय** ;

"ताव य सेज्जासु ठिओ, चंदगइखेयरो निसासमए।
चुंपालएण पेच्छइ, निवडंतं रयणपज्जलियं"
(पउम २६, ८०)।

चुंब सक [**चुम्ब्**] चुम्बन करना। **चुंबइ** ; (हे ४, २३९)। वकृ—**चुंबंत** ; (गा १७६ ; ५१६)। कवकृ—**चुंबिज्जंत** ; (से १, ३२)। संकृ—**चुंबिवि** (अप) ; (हे ४, ४३९)। कृ—**चुंबिअव्व** ; (गा ४६५)।

चुंबण न [**चुम्बन**] चुम्बन, चुम्बा, चूमा ; (गा २९३; कप्पू)।

चुंबिअ वि [**चुम्बित**] १ चुम्बा लिया हुआ, कृत-चुम्बन; २ न. चुम्बन, चुम्बा ; (दे ६, ६८)।
चुंबिर वि [**चुम्बितृ**] चुम्बन करने वाला ; (भवि)।
चुंभल पुं [**दे**] शेखर, अवतंस, शिरो-भूषण ; (दे ३, १६)।
चुक्क अक [**भ्रंश्**] १ चूकना, भूल करना। २ भ्रष्ट होना, रहित होना, वञ्चित होना। ३ सक. नष्ट करना, खण्डन करना। चुक्कइ ; (हे ४, १७७ ; षड्)। "सो सव्वविरइवाई, चुक्कइ देसं च सव्वं च" (विसे २६८४)।
चुक्क वि [**भ्रष्ट**] १ चूका हुआ, भूला हुआ, विस्मृत ; "चुक्कसंकेआ", "चुक्कविणअम्मि" (गा ३१८; १६५)। २ भ्रष्ट, वञ्चित, रहित; "दंसणमेत्तपसण्णे चुक्का सि सुहाण बहुआणं" (गा ४६५ ; चउ ३६ ; सुपा ८७)। ३ अनवहित, बे-ख्याल ; (से १, ६)।
चुक्क पुं [**दे**] मुष्टि, मुट्ठी ; (दे ३, १४)।
चुक्कार पुं [**दे**] आवाज, शब्द; (से १३, २५)।
चुक्कुड पुं [**दे**] छाग, बकरा, अज ; (दे ३, १६)।
चुक्ख [**दे**] देखो **चोक्ख** ; (सुक्क ४६)।
चुचुय } न [**चुचुक**] स्तन का अग्र भाग, थन का वृन्त ;
चुच्चुय } (पण्ह १, ४ ; राय)।
चुच्छ वि [**तुच्छ**] १ अल्प, थोड़ा, हलका; २ हीन, जघन्य, नगण्य ; (हे १, २०४ ; षड्)।
चुज्ज न [**दे**] आश्चर्य ; (दे ३, १४ ; सट्टि ८३)।
चुडण न [**दे**] जीर्णता, सड़ जाना ; (ओघ ३४६)।
चुडलिअ न [**दे**] गुरु-वन्दन का एक दोष, रजोहरण को अलात की तरह खड़ा रख कर वन्दन करना ; (गुभा २५)।
चुडली [**दे**] देखो **चुडुली** ; (पव २)।
चुडुप्प न [**दे**] १ खाल उतारना ; (दे ३, ३)। २ घाव, घात ; (गउड)। ३ चमड़ी, त्वचा ; (पाअ)।
चुडुप्पा स्त्री [**दे**] त्वचा, चमड़ी, खाल ; (दे ३, ३)।
चुडुली स्त्री [**दे**] उल्का, अलात, उल्मुक ; (दे ३, १५ ; पाअ ; सुर १३, १५६ ; स २४२)।
चुण सक [**चि**] चुनना, पक्षीओं का खाना। चुणइ ; (हे ४,२३८)। "काओ लिंबोहलिं चुणइ" (सुक्त ८६)।
चुणअ पुं [**दे**] १ चाण्डाल ; २ बाल, बच्चा ; ३ छन्द, इच्छा ; ४ अरुचि, भोजन की अप्रीति ; ५ व्यतिकर, सम्बन्ध; ६ वि. अल्प, थोड़ा ; ७ मुक्त, त्यक्त ; ८ आघ्रात, सूँघा हुआ ; (दे ३, २२)।
चुणिअ वि [**दे**] विधारित, धारण किया हुआ ; (दे ३,१५)।
चुण्ण सक [**चूर्णय्**] चूरना, टुकड़े टुकड़ा करना। संकृ—**चुण्णिय** ; (राज)।
चुण्ण पुंन [**चूर्ण**] १ चूर्ण, चूर, बुकनी, बारीक खण्ड ; (बृह १ ; हे १, ८४ ; आचा)। २ आटा, पिसान ; (आचा २, २, १)। ३ धूली, रज, रेणु ; (दे ३, १७)। ४ गन्ध-द्रव्य की रज, बुकनी ; (भग ३, ७)। ५ चूना ; (हे १, ८४ ; विपा १,२)। ६ वशीकरणादि के लिए किया जाता द्रव्य-मिलान ; (णाया १, १४)। °**कोसय** न [°**कोशक**] भक्ष्य-विशेष ; (पण्ह २, ५)।
चुण्ण न [**चौर्ण**] पद-विशेष, गंभीरार्थक पद, महार्थक शब्द ; (दसनि २)।
चुण्णइअ वि [**दे**] चूर्णाहत, चूरन से आहत ; जिस पर चूर्ण फेंका गया हो वह ; (दे ३, १७ ; पाअ)।
चुण्णा स्त्री [**चूर्णा**] छन्द-विशेष, वृत्त-विशेष ; (पिंग)।
चुण्णाआ स्त्री [**दे**] कला, विज्ञान ; (दे ३, १६)।
चुण्णासी स्त्री [**दे**] दासी, नौकरानी ; (दे ३, १६)।
चुण्णि स्त्री [**चूर्णि**] ग्रन्थ की टीका-विशेष ; (निचू)।
चुण्णिअ वि [**चूर्णित**] १ चूर चूर किया हुआ ; (पाअ)। २ धूली से व्याप्त ; (दे ३, १७)।
चुण्णिआ स्त्री [**चूर्णिका**] भेद-विशेष, एक तरह का पृथग्भाव, जैसे पिसान का अवयव अलग २ होता है ; (पण्ण ११)।
चुद्दस देखो **चउ-द्दस** ; (सुर ८, ११८)।
चुन्न देखो **चुण्ण** ; (कुमा ; ठा ३, ४ ; प्रासू १८ ; भाव २ ; पभा ३१)।
चुन्निअ देखो **चुण्णिअ** ; (पण्ह २, ४)।
चुन्निआ देखो **चुण्णिआ** ; (भास ७)।
चुप्प वि [**दे**] स-स्नेह, स्निग्ध ; (दे ३, १५)।
चुप्पल पुं [**दे**] शेखर, अवतंस ; (दे ३, १६)।
चुप्पलिअ न [**दे**] नया रंगा हुआ कपड़ा; (दे ३, १७)।
चुप्पालय पुं [**दे**] गवाक्ष, वातायन ; (दे ३, १७)।
चुरिम न [**दे**] खाद्य-विशेष ; (पव ४)।
चुलचुल अक [**चुलचुलाय्**] उत्कण्ठित होना, उत्सुक होना। वकृ—**चुलचुलंत** ; (गा ४८१)।
चुलणी स्त्री [**चुलनी**] १ द्रुपद राजा की स्त्री ; (णाया १, १६ ; उप ६४८ टी)। २ ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की माता ;

(महा)। °पिय पुं [°पितृ] भगवान् महावीर का एक मुख्य उपासक ; (उवा)।
चुलसी स्त्री [चतुरशीति] चौरासी, अस्सी और चार, ८४ ; (महा ; जी ४७)। "चुलसीए नागकुमारावाससयसहस्सेसु" (भग)।
चुलसीइ देखो **चुलसी** ; (पउम २०, १०२ ; जं २)।
चुलिआला स्त्री [चुलियाला] छन्द-विशेष ; (पिंग)।
चुलुअ पुंन [चुलुक] चुल्लू, पसर, एक हाथ का संपुटाकार ; (दे ३, १८ ; सुपा २१६ ; प्रासु ५७)।
चुलुचुल अक [स्पन्द्] फरकना, थोड़ा हिलना। चुलुचुलइ ; (हे ४, १२७)।
चुलुचुलिअ वि [स्पन्दित] १ फरका हुआ, कुछ हिला हुआ ; २ न. स्फुरण, स्पन्दन ; (पाअ)।
चुलुप्प पुं [दे] छाग, अज, बकरा ; (दे ३, १६)।
चुल्ल पुं [दे] १ शिशु, बालक ; २ दास, नौकर ; (दे ३, २२)। ३ वि. छोटा लघु ; (ठा २, ३)। °**ताय** पुं [°तात] पिता का छोटा भाई, चाचा ; (पि ३२५)। °**पिउ** पुं [°पितृ] चाचा, पिता का छोटा भाई ; (विपा १, ३)। °**माउया** स्त्री [°मातृ] १ छोटी माँ, माता की छोटी सपत्नी, विमाता-विशेष ; (उप २६४ टी ; णाया १, १ ; विपा १, ३)। २ चाची, पिता के छोटे भाई की स्त्री ; (विपा १, ३—पत्र ४०)। °**सयग**, °**सयय** पुं [°शतक] भगवान् महावीर के दश मुख्य उपासकों में से एक ; (उवा)। °**हिमवंत** पुं [°हिमवत्] छोटा हिमवान् पर्वत, पर्वत-विशेष ; (ठा २, ३ ; सम १२ ; इक)। °**हिमवंतकूड** न [°हिमवत्कूट] १ क्षुद्र हिमवान् पर्वत का शिखर-विशेष; २ पुं. उसका अधिपति देव-विशेष; (जं४)। °**हिमवंतगिरिकुमार** पुं [°हिमवद्गिरिकुमार] देव-विशेष, जो क्षुद्र हिमवत्कूट का अधिष्ठायक है ; (जं ४)।
चुल्लग [दे] देखो **चोल्लक** ; (आक)।
चुल्लि } स्त्री [चुल्लि, °ल्ली] चूल्हा, जिसमें आग रख कर **चुल्ली** } रसोई की जाती है वह; (दे १,८७; सुर २,१०३)।
चुल्ली स्त्री [दे] शिला, पाषाण-खण्ड ; (दे ३, १५)।
चुल्लोडय पुं [दे] बड़ा भाई; (दे ३, १७)।
चूअ पुं [दे] स्तन-शिखा, थन का अग्र भाग ; (दे३,१८)।
चूअ पुं [चूत] १ वृक्ष-विशेष, आम्र, आम का गाछ ; (गउड ; भग; सुर ३, ४८)। २ देव-विशेष ; (जीव ३)। °**वडिंसग** न [°ावतंसक] विमान का अवतंस-विशेष ; (राय)। °**वडिंसा** स्त्री [°ावतंसा] शक्रेन्द्र की एक अग्र-महिषी, इन्द्राणी-विशेष ; (इक ; जीव ३)।
चूआ स्त्री [चूता] शक्रेन्द्र की एक अग्र-महिषी, इन्द्राणी-विशेष ; (इक ; ठा ४, २)।
चूड पुं [दे] चूड़ा, बाहु-भूषण, वलयावली ; (दे ३, १८ ; ७, ५२ ; ५६ ; पाअ)।
चूडा देखो **चूला**; (सुर २, २४२ ; गउड ; णाया १,१ ; सुपा १०४)।
चूडुल्लअ (अप) देखो **चूड** ; (हे ४, ३६५)।
चूर सक [चूरय्, चूर्णय्] खण्ड करना, तोड़ना, टुकड़े टुकड़ा करना। चूरेमि ; (धम्म ६ टी)। भवि—चूरइस्सं ; (पि ५२८)। वकृ—**चूरंत**; (सुपा २६१ ; ५६०)।
चूर (अप) पुंन [चूर्ण] चूर, भुरभुर ; "जिह गिरिसिंगहु पडिअ सिल, अन्नुवि चूरु करेइ" (हे ४, ३३७)।
चूरिअ वि [चूर्ण, चूर्णित] चूर चूर किया हुआ, टुकड़े टुकड़ा किया हुआ ; (भवि)।
चूल° देखो **चूला**। °**मणि** न [°मणि] विद्याधरों का एक नगर ; (इक)।
चूलअ [दे] देखो **चूड** ; (नाट)।
चूला स्त्री [चूडा] १ चोटी, सिर के बीच की केस-शिखा ; (पाअ)। २ शिखर, टोंच; "अवि चलइ मेरुचूला" (उप ७२८ टी)। ३ मयूर-शिखा ; ४ कुक्कुट-शिखा ; ५ शेर की केसरा ; ६ कुंत वगैरः का अग्र भाग ; ७ विभूषण, अलंकार ;

"तिविहा य दव्वचूला, सच्चित्ता मीसगा य अच्चित्ता।
कुक्कुड सीह मोरसिहा, चूलामणि अग्गकुंतादी ॥
चूला विभूसणंति य, सिहरंति य होंति एगट्ठा" (निचू१)।

८ अधिक मास ; ९ अधिक वर्ष ; १० ग्रन्थ का परिशिष्ट ; (दसचू १)। °**कम्म** न [°कर्मन्] संस्कार-विशेष, मुण्डन ; (आवम)। °**मणि** पुंस्त्री [°मणि] १ सिर का सर्वोत्तम आभूषण विशेष, मुकुट-रत्न, शिरा-मणि ; (औप ; राय)। २ सर्वोत्तम, सर्व-श्रेष्ठ ; "तिलायचूलामणि नमो ते" (धण १)।
चूलिय पुं [चूलिक] १ अनार्य देश-विशेष ; २ उस देश का निवासी ; (पण्ह १, १)। ३ क्लीन. संख्या विशेष, चूलिकांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (इक ; ठा २, ४) स्त्री—°**या** ; (राज)।

चूलियंग न [**चूलिकाङ्ग**] संख्या-विशेष, प्रयुत को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा २, ४ ; जीव ३)।

चूलिया देखो **चूला** ; (सम ६६ ; सुर ३, १२ ; णंदि ; निचू १ ; ठा ४, ४)।

चूव (अप) देखो **चूअ** ; (भवि)।

चूह सक [**क्षिप्**] फेंकना, डालना, प्रेरना। चूहइ ; (षड्)।

चे अ [**चेत्**] यदि, जो ; (उत्त १६)। "एवं च कम्मो तित्थं, न चेइचेजंति को गाहो ?" (विसे २५८६)।

चे देखो **चय**=त्यज्। चेइ ; (आचा)। संकृ —**चेच्चा** ; (कप्प ; औप)।

चे } देखो **चि**। चेइ, चेअइ, चेए, चेअए ; (षड्)।
चेअ }

चेअ अक [**चित्**] १ चेतना, सावधान होना, ख्याल रखना। २ सुध आना, स्मरण करना, याद आना। चेयइ ; (स ५३८)। ३ सक. जानना; ४ अनुभव करना। चेयए ; (आवम)।

चेअ सक [**चेतय्**] १ ऊपर देखो। २ देना, अर्पण करना, वितरण करना। ३ करना, बनाना। "जो अंतरायं चेएइ" (सम ५१)। चेएइ, चेएसि, चेएमि ; (आचा)। वकृ —**चेते[ए]माण** ; (ठा ५, २—पत्र ३१४ ; सम ३६)।

चेअ अ [**एव**] अवधारण-सूचक अव्यय, निश्चय बताने वाला अव्यय ; (हे २, १८४)।

चेअ न [**चेतस्**] १ चेत, चेतना, ज्ञान , चैतन्य ; (विसे १६६१ ; भग १६)। २ मन, चित्त, अन्तःकरण ; (दस ५, १ ; ठा ६, २)।

चेइ पुं [**चेदि**] देश-विशेष; (इक ; सत्त ६७ टी)। °**वइ** पुं [°**पति**] चेदि देश का राजा; (पिंग)।

चेइ° } पुंन [**चैत्य**] १ चिता पर बनाया हुआ स्मारक,
चेइअ } स्तूप, कबर वगैरः स्मृति चिह्न ; "मडयदाहसु वा मडयथूभियासु वा मडयचेइएसु वा" (आचा २, २, ३)। २ व्यन्तर का स्थान, व्यन्तरायतन ; (भग ; उवा ; राय ; निर १, १ ; विपा १, १; २)। ३ जिन-मन्दिर, जिन-गृह, अर्हन्मन्दिर ; (ठा ४, २—पत्र ४३० ; पंचभा ; पंचा १२ ; महा ; द्र ४; २७), "पडिमं कासी य चेइए रम्मे" (पव ७६)। ४ इष्ट देव की मूर्ति, अभीष्ट देवता की प्रतिमा ; "कल्लाणं मंगलं चेइयं पज्जुवासामो" (औप ; भग)। ५ अर्हत्प्रतिमा, जिन-देव की मूर्ति ; (ठा ३, १; उवा; पण्ह २, ३ ; आव २ ; पडि), "विइएणं उप्पाएणं नंदीसरवरे दीवे समोसरणं करेइ, तहिं चेइयाइं वंदइ" (भग २०, ६), "जिणबिंबे मंगल-चेइयंति समयन्नुणो बिंति" (पव ७६)। ६ उद्यान, बगीचा ; "मिहिलाए चेइए वच्छे सीअच्छाए मणोरमे" (उत्त ६, ६)। ७ सभा-वृक्ष, सभा-गृह के पास का वृक्ष; ८ चबूतरा वाला वृक्ष ; ६ देवों का चिह्न-भूत वृक्ष ; १० वह वृक्ष जहां जिनदेव को केवलज्ञान उत्पन्न होता है ; (ठा ८ ; सम १३; १५६)। ११ वृक्ष, पेड़ ; "वाएण हीरमाणम्मि चेइयम्मि मणोरमे" (उत्त ६, १०)। १२ यज्ञ-स्थान ; १३ मनुष्यों का विश्राम-स्थान ; (षड् ; हे २, १०७)। °**खंभ** पुं [°**स्तम्भ**] स्तूप, थूभ ; (सम ६३ ; राय ; सुज्ज १८)। °**घर** न [°**गृह**] जिन-मन्दिर, अर्हन्मन्दिर ; (पउम २, १२ ; ६४, २६)। °**जत्ता** स्त्री [°**यात्रा**] जिन-प्रतिमा-संबन्धी महोत्सव-विशेष; (धर्म ३)। °**थूभ** पुं [°**स्तूप**] जिन-मन्दिर के समीप का स्तूप ; (ठा ४, २; ज १)। °**दव्व** न [°**द्रव्य**] देव-द्रव्य, जिन-मन्दिर-संबन्धी स्थावर या जंगम मिलकत ; (वव ६ ; पंचभा ; उप ४०७ ; द्र ४)। °**परिवाडी** स्त्री [°**परिपाटी**] क्रम से जिन मन्दिरों की यात्रा ; (धर्म २)। °**मह** पुं [°**मह**] चैत्य-सबन्धी उत्सव; (आचा २, १, २)। °**रुक्ख** पुं [°**वृक्ष**] १ चबूतरा वाला वृक्ष, जिसके नीचे चौतरा बाँधा हो ऐसा वृक्ष ; २ जिन-देव को जिसके नीचे केवलज्ञान उत्पन्न होता है वह वृक्ष; ३ देवताओं का चिह्न भूत वृक्ष ; ४ देव-सभा के पास का वृक्ष ; (सम १३; १५६ ; ठा ८)। °**वंदण** न [°**वन्दन**] जिन-प्रतिमा की मन, वचन और काया से स्तुति; (पव १; संघ १; ३)। °**वंदणा** स्त्री [°**वन्दना**] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (संघ १)। °**वास** पुं [°**वास**] जिन मन्दिर में यतिओं का निवास ; (दंस)। °**हर** देखो °**घर**; (जीव १ ; पउम ६५ , ६२ ; सुपा १३ ; द्र ६५ ; उवर १६०)।

चेइअ वि [**चेतित**] कृत, विहित ; "तत्थ २ अगारीहिं अगाराइं चेइआइं भवंति" (आचा २, १, २, २), "चेइअं कडमेगट्ठं" (बृह २; कस)।

चेंध देखो **चिंध**; (प्राप्र)।

चेच्चा देखो **चे**=त्यज्।

चेट्ठ अक [**चेष्ट्**] प्रयत्न करना, आचरण करना। वकृ— **चेट्ठमाण** ; (काल)।

चेट्ठ देखो **चिट्ठ**=स्था ; (दे १, १७४)।

चेट्ठण न [**स्थान**] स्थिति, अवस्थान ; (वव ४)।

चेट्ठा स्त्री [**चेष्टा**] प्रयत्न, आचरण; (ठा ३, १ ; सुर २, १०६)।

चेट्ठिय देखो **चिट्ठिय**=चेष्टित ; (औप ; महा)।

चेड पुं [**दे**] बाल, कुमार, शिशु ; (दे ३, १० ; गाया १, २ ; बृह १)।

चेड } **चेडग** } **चेडय** } पुं [**चेट, °क**] १ दास, नौकर ; (औप ; कप्प)। २ नृप-विशेष, वैशालिका नगरी का एक स्वनाम-प्रसिद्ध राजा; (आचू १; भग ७, ६; महा)। ३ मैला देवता, देव की एक जघन्य जाति ; (सुपा २१७)।

चेडिआ स्त्री [**चेटिका**] दासी, नौकरानी; (भग ६, ३३ ; कप्पू)।

चेडी स्त्री [**चेटी**] ऊपर देखो ; (आवम)।

चेडी स्त्री [**दे**] कुमारी, बाला, लड़की; (पाअ)।

चेत्त न [**चैत्य**] चैत्य-विशेष ; (षट्)।

चेत्त पुं [**चैत्र**] १ मास-विशेष, चैत मास ; (सम २६ ; हे १, १५२)। २ जैन मुनिओं का एक गच्छ ; (वृह ६)।

चेदि देखो **चेइ** ; (सण)।

चेदीस पुं [**चेदीश**] चेदि देश का राजा ; (सण)।

चेयग वि [**चेतक**] दाता, देने वाला ; (उप ६५७)।

चेयण पुं [**चेतन**] १ आत्मा, जीव, प्राणी ; (ठा ४, ४)। २ वि. चेतना वाला, ज्ञान वाला ; " भुवि चेयणं च किमरूवं" (विसे १८४५)।

चेयणा स्त्री [**चेतना**] ज्ञान, चेत, चेतन्य, सुध, ख्याल; (आव ६ ; सुर ४, २४५)।

चेयण्ण } **चेयन्न** } न [**चैतन्य**] ऊपर देखो ; (विसे ४७५ ; सुपा २० ; सुर १४, ८)।

चेयस देखो **चेअ**=चेतस् ;

" ईसादोसेण आविट्ठे, कलुसाविलचेयसे।
जे अंतरायं चेएइ, महामोहं पकुव्वइ " (सम ५१)।

चेया देखो **चेयणा** ; " पत्तेयमभावाओ, न रेणुतेल्लं व समुदए चेया " (विसे १६५२)।

चेल } **चेलय** } न [**चेल**] वस्त्र, कपड़ा ; (आचा ; औप)। **°कण्ण** न [**°कर्ण**] व्यजन-विशेष, एक तरह का पंखा ; (स ५४६)। **°गोल** न [**°गोल**] वस्त्र का गेंद, कन्दुक ; (सूअ १, ४, २)। **°हर** न [**°गृह**] तम्बू, पट-मण्डप, रावटी ; (स ५३७)।

चेलय न [**दे**] तुला-पात्र; " दिट्ठीतुलाए भुवणं, तुलंति जे चित्तचेलए निहियं " (वज्जा ५६)।

चेलिय देखो **चेल**; " रयणकंचणचेलियबहुधन्नभरभरिया" (पउम ६६, २५ ; आचा)।

चेलुंप न [**दे**] मुशल, मूषल ; (दे ३, ११)।

चेल्ल } **चेल्लअ** } [**दे**] देखो **चिल्ल** (दे) ; (पउम ६७, १३; १६ ; स ४६६ ; दसनि १ ; उप २६८)।

चेल्लग } **चेल्लय** } [**दे**] देखो **चिल्लग** ; (पण्ह १, ४—पत्त ६८; ती ३३)।

चेव अ [**एव, चैव**] १ अवधारण-सूचक अव्यय, निश्चय-दर्शक शब्द ; " जो कुणइ परस्स दुहं पावइ तं चेव सो अणंत-गुणं " (प्रासू २६ ; महा)। " अवहारणे चेव-सद्दो यं " (विसे ३५६५)। २ पाद-पूरक अव्यय ; (पउम ८, ८८)।

चेव अ [**इव**] सादृश्य-द्योतक अव्यय ; " पेच्छइ गणहर-वसहं सरयरविं चेव तेएणं" (पउम ३, ४; उत्त १६, ३)।

चो° देखो **चउ** ; (हे १, १७१ ; कुमा ; सम ६० ; औप ; भग ; णाया १, १ ; १४; विपा १, १ ; सुर १४, ६७)। **°आला** स्त्री [**°चत्वारिंशत्**] चालीस और चार, ४४ ; (विसे २३०४)। **°वट्ठि** स्त्री [**°षष्टि**] चौसठ, ६४ ; (कप्प)। **°वत्तरि** स्त्री [**°सप्तति**] सत्तर और चार, ७४ ; (सम ८४)।

चोअ सक [**चोदय्**] १ प्रेरणा करना। २ कहना। चोएइ; (उव ; स १५)। कवकृ—**चोइज्जंत, चोइज्जमाण**; (सुर २, १० ; णाया १, १६)। संकृ—**चोइऊण** ; (महा)।

चोअअ वि [**चोदक**] प्रेरक, प्रश्न-कर्ता, पूर्व-पक्षी ; (अणु)।

चोअण न [**चोदन**] प्रेरण, प्रेरणा ; (भत्त ३६ ; उत्त २८)।

चोइअ वि [**चोदित**] प्रेरित; (स १५ ; सुपा १५० ; औप; महा)।

चोक्क [**दे**] देखो **चुक्क**=(दे) ; (महा)।

चोक्ख वि [दे] चोखा, शुद्ध, शुचि, पवित्र ; (णाया १, १ ; उप १४२ टी ; बृह १ ; भग ६, ३३ ; राय ; औप)।
चोक्खा स्त्री [चोक्षा] परिव्राजिका-विशेष इस नाम की एक संन्यासिनी ; (णाया १, ८)।
चोज्ज न [दे] आश्चर्य, विस्मय ; (दे ३, १४ ; सुर ३, ४ ; सुपा १०३ ; सद्दि १५६ ; महा)।
चोज्ज न [चौर्य] चोरी, चोर-कर्म ; "तहेव हिंसं अलियं, चोज्जं अबंभसेवणं" (उत्त ३५, ३ ; णाया १, १८)।
चोज्ज न [चोद्य] १ प्रश्न, पृच्छा ; २ आश्चर्य, अद्भुत; ३ वि. प्रेरणा-योग्य ; (गा ४०६)।
चोट्टी स्त्री [दे] चोटी, शिखा ; (दे ३, १)।
चोड्ड न [दे] वृन्त, फल और पत्ती का बन्धन ; (विक्र २८)।
चोढ पुं [दे] बिल्व, वृक्ष-विशेष, बेल का पेड़; (दे ३, १६)।
चोण्ण न [दे] १ कलह, झगड़ा ; (निवृ २०)। २ काष्ठानयन आदि जघन्य कर्म ; (सूम २, २)।
चोत्त } पुंन [दे] प्रतोद, प्राजन-दण्ड; (दे ३, १६; पाम)।
चोत्तअ }
चोद [दे] देखो **चोय** ; (पण्ह २, ५—पत्र १५०)।
चोद्दग देखो **चोअअ** ; (ओघ ४ भा)।
चोप्पड सक [म्रक्ष्] स्निग्ध करना, घी-तेल वगैरः लगाना। चोप्पडइ; (हे ४, १६१)। वकृ—**चोप्पडमाण** ; (कुमा)।
चोप्पड न [म्रक्षण] घी, तैल वगैरः स्निग्ध वस्तु ; " गेह-व्वयस्स जोग्गं किंचिवि कणचोप्पडाईयं " (सुपा ४३०)।
चोप्पाल न [दे] मत्तवारण, वरण्डा; (जं २)।
चोप्फुच्च वि [दे] स्निग्ध, स्नेह वाला, प्रेम-युक्त; (दे ३, १५)।
चोय } न [दे] त्वचा, छाल; (पण्ह २, ५—पत्र १५० टी)। २ आम वगैरः का छिलका ; (निवृ १५ ; आचा २, १, १०)। ३ गन्ध-द्रव्य विशेष ; (अणु ; जीव १ ; राय)।
चोयग }
चोयग देखो **चोअअ** ; (वंदि)।
चोयणा स्त्री [चोदना] प्रेरणा ; (स १५ ; उप ६४८ टी)।
चोर पुं [चोर] तस्कर, दूसरे का धन चुराने वाला; ([illegible], १३४ ; पण्ह १, ३)। °**कीड** पुं [°कीट] विष्ठा में उत्पन्न होता कीट ; (जी १७)।
चोरंकार पुं [चौर्यकार] चोर, तस्कर ; " चोरंकारकरं जं थूलमदत्तं तयं वज्जे " (सुपा ३३४)।
चोरग वि [चोरक] १ चुराने वाला। २ पुंन. वनस्पति-विशेष ; (पण्ण १—पत्र ३४)।
चोरण न [चोरण] १ चोरी, चुराना ; (सुर ८, १२२)। २ वि. चोर, चोरी करने वाला ; (भवि)।
चोरली स्त्री [दे] श्रावण मास की कृष्ण चतुर्दशी ; (दे ३, १६)।
चोराग पुं [चोराक] संनिवेश-विशेष, इस नाम का एक छोटा गाँव ; (आवम)।
चोरासी } देखो **चउरासी** ; (पि ४३६ ; ४४६)।
चोरासीइ }
चोरिअ न [चौर्य] चोरी, अपहरण ; (हे २, १०७ ; ठा १, १ ; प्रासू ६५ ; सुपा ३७६)।
चोरिअ वि [चौरिक] १ चोरी करने वाला ; (पव ४१)। २ पुं. चर, जासूस ; (पण्ह १, १)।
चोरिअ वि [चोरित] चुराया हुआ ; (विसे ८५७)।
चोरिआ स्त्री [चौर्य,चौरिका] चोरी, अपहरण; (गा २०६; षड्; हे १, ३५ ; सुर ६, १७८)।
चोरिक्क न [चौरिक्य] ऊपर देखो ; (पण्ह १, ३)।
चोरी स्त्री [चौरी] चोरी, अपहरण ; (श्रा २७)।
चोल वि [दे] १ वामन, कुब्ज ; (दे ३, १८)। २ पुं. पुरुष-चिह्न, लिङ्ग ; (पव ६१)। ३ न. गन्ध-द्रव्य विशेष ; मञ्जिष्ठा ; (उर ६, ४)। °**पट्ट** पुं [°पट्ट] जैन मुनि का कटी-वस्त्र ; (ओघ ३४)। °**य** पुं [°ज] मजीठ का रंग ; (उर ६, ४)।
चोल पुं [चोल] देश-विशेष, द्रविड़ और कलिङ्ग के बीच का देश ; (पिंग ; सण)।
चोलअ न [दे] कवच, वर्म ; (नाट)।
चोलअ } न [चौल, °क] संस्कार-विशेष, मुण्डन; "विहिणा चूलाकम्मं बालाणं चोलयं नाम " (आवम ; पण्ह १, २)।
चोलग }
चोलुक्क देखा **चालुक्क** ; (ती ५)।
चोलोयणग } न [चूलापनयन] १ चूलोपनयन, संस्कार-विशेष, मुण्डन; (णाया १, १—पत्र ३८)। २ शिखा-धारण, चूड़ा-धारण; (भग ११, ११—पत्र ५४४ ; औप)।
चोलोवणय }
चोलोवणयण }
चोल्लक [दे] देखो **चोलग** ; (पण्ह २, ४)।

चोल्लक } पुंन [दे] १ भोजन ; (उप पृ १२ ; आवम;
चोल्लग } उत्त ३) । २ वि. क्षुद्रक, छोटा, लघु ; (उप पृ ३१) ।
चोल्लय पुंन [दे] थैला, बोरा, गोन ; " परं मम समक्खं तीलेह चोल्लए "राइणा उक्केल्लाविआइं चोल्लयाइं" (महा)।
चोव्वड देखो **चोप्पड**=म्रक्ष्। चोव्वडइ; (षड्) ।
च्च अ [**एव**] अवधारण-सूचक अव्यय ; (हे २, १८४; कुमा ; षड्) ।
च्चिअ देखो **चिअ**=एव ; (हे २, १८४ ; कुमा) ।
च्चेअ } देखो **चेव**=एव; (पि ६२ ; जी ३२) ।
च्चेव }

इअ सिरि**पाइअसद्दमहण्णवम्मि** चयाराइसद्दसकलणो चउद्दसमो तरंगो समत्तो।

छ

छ पुं [**छ**] १ तालु-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष ; (प्राप; प्रामा) । २ आच्छादन, ढकना ; " छ त्ति य दोसाण छायणे होइ" (आवम) ।
छ त्रि. ब. [**षष्**] संख्या-विशेष; छह, "छ छंडिआओ जिणसासणम्मि" (श्रा ६; जी ३२; भग १, ८)। °**उत्तरसय** वि [°**उत्तरशततम**] एक सौ और छठवाँ ; (पउम १०६, ४६) । °**क्कम्म** न [°**कर्मन्**] छः प्रकार के कर्म, जो ब्राह्मणों के कर्तव्य हैं, यथा—यजन, याजन, अध्ययन, अध्यापन, दान और प्रतिग्रह ; (निचू १३) । °**क्काय** न [°**काय**] छः प्रकार के जीव, पृथिवी, अग्नि, पानी, वायु, वनस्पति और त्रस जीव ; (श्रा ७ ; पंचा १५) । °**गुण**, °**ग्गुण** वि [°**गुण**] छगुना ; (ठा ६ ; पि २७०) । °**च्चरण** पुं [°**चरण**] भ्रमर, भमरा; (कुमा) । °**ज्जीवनिकाय** पुं [°**जीवनिकाय**] देखो °**क्काय**; (भाचा) । °**ण्णउइ**, °**ण्णवइ** स्त्री [°**णवति**] संख्या-विशेष, छानवे, ६६ ; (सम ६८; अजि १०) । °**त्तीस** स्त्रीन [°**त्रिंशत्**] संख्या-विशेष, छत्तीस, ३६ ; (कप्प) । °**त्तीसइम** वि [°**त्रिंशत्तम**] छत्तीसवाँ; (पउम ३६, ४३; पण्ण ३६) । °**द्दस** त्रि. ब. [**षोडशन्**] षोडश, सोलह । °**द्दसहा** अ [**षोडशधा**] सोलह प्रकार का ; (नव ४) । °**द्दिसि** न [°**दिश्**] छः दिशाएं—पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, ऊर्ध्व और अधोदिशा ; (भग) । °**द्धा** अ [°**धा**] छह प्रकार का ; (कम्म १, ३८) । °**नवइ**, °**नुवइ**, °**न्नउइ** देखो °**ण्णउइ**; (कम्म ३, ४ ; १२ ; सम ७०)। °**न्नउय** वि [°**णवत**] छानहवाँ, ६६ वाँ ; (पउम ६६, ५०) । °**प्पण्ण, प्पन्न** स्त्रीन [°**पञ्चाशत्**] छप्पन, ५६ ; (राज ; सम ७३) । °**प्पन्न** वि [°**पञ्चाश**] छप्पनवाँ ; (पउम ५६, ४८) । °**ब्भाय** पुं [°**भाग**] छठवाँ हिस्सा ; (पि २७०) । °**ब्भासा** स्त्री [°**भाषा**] प्राकृत, संस्कृत, मागधी, शौरसेनी, पैशाचिका और अपभ्रंश ये छः भाषाएं ; (रंभा) । °**मासिय**, °**म्मासिय** वि [**षाण्मासिक**] छह मास में होने वाला, छह मास संबन्धी ; (सम २१ ; औप) । °**वरिस** वि [°**वार्षिक**] छह वर्ष की उम्र वाला; (सार्ध २६) । °**वीस** देखो °**व्वीस**; (पिंग) । °**व्विह** वि [°**विध**] छह प्रकार का ; (कस ; नव ३)। °**व्वीस** स्त्रीन [°**विंशति**] छब्बीस, बीस और छह ; (सम ४५)। °**व्वीसइम** वि [°**विंशतितम**] १ छब्बीसवाँ, २६ वाँ; (पउम २६, १०३)। २ लगातार बारह दिनों का उपवास ; (णाया १, १) । °**सट्ठि** स्त्री [°**षष्टि**] संख्या-विशेष, साठ और छह ; (कम्म २, १८)। °**स्सयरि** स्त्री [°**सप्तति**] छिहत्तर; (कम्म २, १७) । °**हा** देखो °**द्धा** ; (कम्म १, ५ ; ८) ।
छइ देखो **छवि**=छवि ; (वा १२) ।
छइअ वि [**स्थगित**] आवृत, आच्छादित, तिरोहित; (हे २, १७ ; षड्) ।
छइल } वि [दे] विदग्ध, चतुर, हुशियार ; (पिंग ; दे ३,
छइल्ल } २४ ; गा ७२० ; वज्जा ४ ; पाअ ; कुमा) ।
छउअ वि [दे] तनु, कृश, पतला ; (दे ३, २५) ।
छउम पुंन [**छद्मन्**] १ कपट, शठता, माया ; (सम १ ; षड्) । २ छल, बहाना ; (हे २, ११२ ; षड्) । ३ आवरण, आच्छादन; (सम १ ; ठा २, १) ।
छउमत्थ वि [**छद्मस्थ**] १ अ-सर्वज्ञ, संपूर्ण ज्ञान से वञ्चित ; २ राग-सहित, सराग ; (ठा ४, १ ; ६ ; ७) ।
छउलूअ देखो **छलूअ** ; (राज ; विसे २५०८) ।
छंकुई स्त्री [दे] कपिकच्छू, वृक्ष-विशेष, केवाँच ; (दे ३, २४) ।

छंट पुं [**दे**] छींटा, जल का छींटा, जल-च्छटा; २ वि. शीघ्र, जल्दी करने वाला; (दे ३, ३३)।

छंट सक [**सिच्**] सींचना। छंटसु ; (सुपा २६८)।

छंटण न [**सेचन**] सिंचन, सिंचना; (सुपा १३६ ; कुमा)।

छंटा स्त्री [**दे**] देखो **छंट** ; (पाअ)।

छंटिअ वि [**सिक्त**] सींचा हुआ ; (सुपा १३८)।

छंड देखो **छड्ड=मुच्**। छंडइ ; (आरा ३२ ; भवि)।

छंडिअ वि [**दे**] छन्न, गुप्त ; (षड्)।

छंडिअ वि [**मुक्त**] परित्यक्त, छाडा हुआ ; (आरा ; भवि)।

छंद सक [**छन्द्**] १ चाहना, वाञ्छना। २ अनुज्ञा देना, संमति देना। ३ निमन्त्रण देना। कवकृ—

" अंतेउरपुरबलवाहणेहि वरसिरिघरेहि मुणिवसभा।

कामेहि बहुविहेहि य **छंदिज्जंतावि** नेच्छंति " (उव)।

संकृ—**छंदिअ** ; (दस १०)।

छंद पुंन [**छन्द**] १ इच्छा, मरजी, अभिलाषा ; (आचा ; गा २०२; स १३६; उव; प्रासू ११)। २ अभिप्राय, आशय; (आचा; भग)। ३ वशता, अधीनता; (उत्त ४; हे १, ३३)। °**चारि** वि [°**चारिन्**] स्वच्छन्दी, स्वैरी; (उप ७६८ टी)। °**इत्त** वि [°**वत्**] स्वैरी ; (भवि)। °**णुवत्तण** न [°**नुवर्तन**] मरजी के अनुसार बरतना ; (प्रासू १४)। °**णुवत्तय** वि [°**नुवर्त्तक**] मरजी का अनुसरण करने वाला; (णाया १, ३)।

छंद पुंन [**छन्दस्**] १ स्वच्छन्दता, स्वैरिता ; (उत्त ४)। २ अभिलाष, इच्छा ; ३ आशय, अभिप्राय ; (सूअ १, २, २ ; आचा ; हे १,३३)। ४ छन्दः-शास्त्र ; (सुपा २८७ ; औप)। ५ वृत्त, छन्द ; (वज्जा ४)। °**ण्णुय** वि [°**ज्ञ**] छन्द का जानकार ; (गउड)।

छंदण न [**वन्दन**] वन्दन, प्रणाम, नमस्कार; (गुभा ४)।

छंदणा स्त्री [**छन्दना**] १ निमन्त्रण ; (पंचा १२)। २ प्रार्थना ; (बृह १)।

छंदा स्त्री [**छन्दा**] दीक्षा का एक भेद, अपने या दूसरे के अभिप्राय-विशेष से लिया हुआ संन्यास ; (ठा २, २ ; पंचभा)।

छंदिअ वि [**छन्दित**] अनुज्ञात, अनुमत ; (ओघ ३८०)। २ निमन्त्रित ; (निचू २)।

°**छो**° देखो **छंद=छन्दस्** ; (आचा ; अभि १२६)।

छक्क वि [**षट्क**] छक्का, छः का समूह; " अंतररिउछक्का-अक्कंता " (सुपा ५१६ ; सम ३५)।

छग देखो **छ=षष्** ; (कम्म ४)।

छग न [**दे**] पुरीष, विष्ठा ; (पण्ह १, ३—पत्र ५४ ; ओघ ७२)।

छगण न [**दे**] गोमय, गोबर ; (उप ५९७ टी , पंचा १३; निचू १२)।

छगणिया स्त्री [**दे**] गोइंठा, कंडा ; (अनु ५)।

छगल पुंस्त्री [**छगल**] छाग, अज ; (पण्ह १, १ ; औप)। स्त्री—°**ली** ; (दे २, ८४)। °**पुर** न [°**पुर**] नगर-विशेष ; (ठा १०)।

छग्ग देखो **छक्क** ; (दं ११)।

छग्गुरु पुं [**षड्गुरु**] १ एक सौ और अस्सी दिनों का उपवास ; २ तीन दिनों का उपवास ; (ठा २, १)।

छच्छुंदर पुंन [**दे**] छछुन्दर, मूसे की एक जाति; (सं १६)।

छज्ज अक [**राज्**] शोभना, चमकना। छज्जइ; (हे ४,१००)।

छज्जिअ वि [**राजित**] शोभित, अलंकृत ; (कुमा)।

छज्जिआ स्त्री [**दे**] पुष्प-पात्र, चगेरी ; (स ३३४)।

छट्टा [**दे**] देखो **छंटा** ; (षड्)।

छट्ठ वि [**षष्ठ**] १ छठवाँ ; (सम १०४ ; हे १, २६५)। २ न. लगातार दो दिनों का उपवास ; (सुर ४, ५५)। °**क्खमण** न [°**क्षमण**, °**क्षपण**]: लगातार दो दिनों का उपवास ; (अंत ६ ; उप पृ ३४३)। °**क्खमय** पुं [°**क्षमक**, °**क्षपक**] दो दो दिनों का बराबर उपवास करने वाला तपस्वी ; (उप ६१२)। °**भत्त** न [°**भक्त**] लगातार दो दिनों का उपवास ; (धर्म ३)। °**भत्तिय** वि [°**भक्तिक**] लगातार दो दिनों का उपवास करने वाला ; (पण्ह १,१)।

छट्ठी स्त्री [**षष्ठी**] १ तिथि-विशेष ; (सम २९)। २ विभक्ति-विशेष, संबन्ध-विभक्ति ; (णंदि ; हे १, २६५)। ३ जन्म के बाद किया जाता उत्सव-विशेष ; (सुपा ५७८)।

छड सक [**आ+रुह्**] आरूढ होना, चढ़ना। छडइ ; (षड्)।

छडक्खर पुं [**दे**] स्कन्द, कार्त्तिकेय ; (दे ३, २६)।

छडछडा स्त्री [**छटच्छटा**] सूर्प वगैरः से अन्न को झाड़ते समय होता एक प्रकार का अव्यक्त आवाज; (णाया १, ७—पत्र ११६)।

छडा स्त्री [**दे**] विद्युत्, बिजली ; (दे ३, २४)।

छडा स्त्री [**छटा**] १ समूह, परम्परा ; (सुर ४, २४३ ; वा १२)। २ छींटा, पानी का बुंद ; (पाअ)।
छडाल वि [**छटावत्**] छटा वाला ; (पउम ३५,१८)।
छड्ड सक [**छर्दय्, मुच्**] १ वमन करना। २ छोड़ना, त्याग करना। ३ डालना, गिराना। छड्डइ ; (हे २, ३६ ; ४, ६१ ; महा ; उव)। कर्म—छड्डिज्जइ ; (पि २६१)। वकृ—**छड्डंत** ; (भग)। संकृ—**छड्डेउं** भूमीए खीरं जह पियइ दुट्ठमज्जारो" (विस १४७१), **छड्डित्तु** ; (वव २)।
छड्डण न [**छर्दन, मोचन**] १ परित्याग, विमोचन ; (उप १७६ ; ओघ ८६)। २ वमन, वान्ति ; (विपा १, ८)।
छड्डवण न [**छर्दन, मोचन**] १ छुड़वाना, मुक्त करवाना। २ वमन कराना। ३ वमन कराने वाला ; ४ छुडाने वाला ; (कुमा)।
छड्डवय वि [**छर्दक, मोचक**] त्याग कराने वाला, त्याजक; (दे २, ६२)।
छड्डावण देखो **छड्डवण** ; (सुपा ५१७)।
छड्डाविय वि [**छर्दित, मोचित**] १ वमन कराया हुआ ; २ छुड़वाया हुआ ; (आवम; बृह १)।
छड्डि स्त्री [**छर्दि**] वमन का रोग ; (षड् ; हे २, ३६)।
छड्डि स्त्री [**छर्दिस्**] छिद्र, दूषण ; 'जा जग्गइ परछड्डिं, सा नियछड्डीए किं सुयइ' (महा)।
छड्डिय } वि [**छर्दित, मुक्त**] १ वान्त, वमन
छड्डियल्लिय } किया हुआ। २ त्यक्त, मुक्त ; (विस २६०६ ; दे १, ४६ ; औप)।
छण सक [**क्षण्**] हिंसा करना। छणे; (आचा)। प्रयो— छणावेइ ; (पि ३१८)।
छण पुं [**क्षण**] १ उत्सव, मह ; (हे २, २०)। २ हिंसा ; (आचा)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] शरद ऋतु की पूर्णिमा का चन्द्रमा ; (स ३७१)। °**ससि** पुं [°**शशिन्**] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (सुपा ३०६)।
छणण न [**क्षणन**] हिंसन, हिंसा ; (आचा)।
छणिंदु पुं [**क्षणेन्दु**] शरद ऋतु की पूर्णिमा का चन्द्र ; (सुपा ३३ ; ४०४)।
छण्ण वि [**छन्न**] १ गुप्त, प्रच्छन्न, छिपाया हुआ ; (बृह १ ; प्राप)। २ आच्छादित, ढका हुआ ; (गा ५८०)। ३ न. माया, कपट; (सूअ १, २, २)। ४ निर्जन, विजन, रहस् ; ५ क्रिवि. गुप्त रीति से, प्रच्छन्न रूप से ;
"जं छण्णं आयरियं, तइया जणणीए जोव्वणमएण।
तं पडिव(? यडि)ज्जइ इण्हिं सुएहिं सीलं चयंतेहिं"
(उप ७२८ टी)।
छण्णालय न [**दे. षण्णालक**] त्रिकाछिक, तिपाई, संन्यासीओं का एक उपकरण ; (भग ; औप ; णाया १, ५)।
छत्त न [**छत्र**] छाता, आतपत्र ; (णाया १, ५ ; प्रासू ५२)। °**धार** पुं [°**धार**] छाता धारण करने वाला नौकर ; (जीव ३)। °**पडागा** स्त्री. [°**पताका**] १ छत्र-युक्त ध्वज ; २ छत्र के ऊपर की पताका ; (औप)। °**पलासय** न [°**पलाशक**] कृतमंगला नगरी का एक चैत्य ; (भग)। °**भंग** पुं [°**भङ्ग**] राज-नाश, नृप-मरण ; (राज)। °**हार** देखो °**धार** ; (आवम)। °**ाइच्छत्त** न [°**ातिच्छत्र**] १ छत्र के ऊपर का छाता ; (सम १३७)। २ पुं. ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध योग-विशेष ; (सुज्ज १२)।
छत्त पुं [**छात्र**] विद्यार्थी, अभ्यासी ; (उप पृ ३३१; १६६ टी)।
छत्तंतिया स्त्री [**छत्रान्तिका**] परिषद्-विशेष, सभा-विशेष ; (बृह १)।
छत्तच्छय (अप) पुं [**सप्तच्छद**] वृक्ष-विशेष, सतौना, छतिवन ; (सण)।
छत्तधन्न न [**दे**] घास, तृण ; (पाअ)।
छत्तवण्ण देखो **छत्तिवण्ण** ; (प्राप्र)।
छत्ता स्त्री [**छत्रा**] नगरी-विशेष ; (आवम)।
छत्तार पुं [**छत्रकार**] छाता बनाने वाला कारीगर ; (पण्ण १)।
छत्ताह पुं [**छत्राभ**] वृक्ष-विशेष ; "णग्गाहसत्तिवण्णे, श्राले पियए पियंगुछत्ताहे" (सम १५२)।
छत्ति वि [**छत्रिन्**] छत्र-युक्त, छाता वाला ; (भास ३३)।
छत्तिवण्ण पुं [**सप्तपर्ण**] वृक्ष-विशेष, सतौना, छतिवन, (हे १, २६५ ; कुमा)।
छत्तोय पुं [**छत्रौक**] वनस्पति-विशेष, वृक्ष-विशेष, (पण्ण १—पत्र ३५)।
छत्तोव पुं [**छत्रोप**] वृक्ष-विशेष ; (औप ; अंत)।
छत्तोह पुं [**छत्रौघ**] वृक्ष-विशेष ; (औप ; पण्ण १— पत्र ३१ ; भग)।
छद्दवण देखो **छड्डवण** ; (राज)।
छद्दी स्त्री [**दे**] शय्या, बिछौना ; (दे ३, २४)।
छन्न देखो **छण्ण** ; (कप्प ; उप ६४८ टी ; प्रासू ८२)।

छप्पइगिल्ल वि [**षट्पदिकावत्**] यूका-युक्त, यूका वाला; (बृह ३)।

छप्पइया स्त्री [**षट्पदिका**] यूका, जू; (ओघ ७२४)।

छप्पंती स्त्री [**दे**] नियम-विशेष, जिसमें पद्म लिखा जाता है; (दे ३, २५)।

छप्पण्ण } वि [**दे. षट्प्रज्ञक**] विदग्ध, चतुर, चालाक;
छप्पण्णय } (दे ३, २४; पाअ; वज्जा ५८)।

छप्पत्तिआ स्त्री [**दे**] १ चपत, थप्पड़, तमाचा; २ चपाती, रोटी, फुलका;

"छप्पत्तिआवि खज्जइ, निप्पसं पुत्ति! एत्थ को देसो?।
निअपुरिसंवि रमिज्जइ, परपुरिसविवज्जिए गामे"
(गा ८८७)।

छप्पन्न [**दे**] देखो **छप्पण्ण**; (जय ६)।

छप्पय पुं [**षट्पद**] १ भ्रमर, भमरा; (हे १, २६५; जीव ३)। २ वि. छः स्थान वाला; ३ छः प्रकार का; (विसे २८६१)। ४ न. छन्द-विशेष; (पिंग)।

छब्बय न [**दे**] वंश-पिटक, घी वगैरः को छानने का उपकरण-विशेष; "मुइंगाईमक्काडएहिं संसत्तगं च नाऊणं। गालेज्ज छब्बएणं" (ओघ ५५८)।

छब्भामरी स्त्री [**षड्भ्रामरी**] एक प्रकार की वीणा; (णाया १, १७—पत्र २२९)।

छमच्छम अक [**छमच्छमाय्**] 'छम् छम्' आवाज करना, गरम चीज पर दिया जाता पानी का आवाज। छमच्छमइ; (वज्जा ८८)।

छम° देखो **छमा**। °**रुह** पुं [°**रुह**] वृक्ष, पेड़, दरख्त; (कुमा)।

छमलय पुं [**दे**] सप्तच्छद, वृक्ष-विशेष, सतौना; (दे ३, २५)।

छमा स्त्री [**क्षमा, क्ष्मा**] पृथिवी, धरिणी, भूमि; (हे २, १८)। °**हर** पुं [°**धर**] पर्वत, पहाड़; (षड्)। देखो **छम°**।

छमी स्त्री [**शमी**] वृक्ष-विशेष, अग्नि-गर्भ वृक्ष; (हे १, २६५)।

छम्म देखो **छउम**; (हे २, ११२; षड्; पउम ४०, ५; सण)।

छम्मुह पुं [**षण्मुख**] १ स्कन्द, कार्तिकेय; (हे १, २६५)। २ भगवान् विमलनाथ का अधिष्ठायक देव; (संति ८)।

छय न [**छद**] १ पर्ण, पत्ती, पत्र; (औप)। २ आवरण, आच्छादन; (से ६, ४७)।

छय न [**क्षत**] १ व्रण, घाव; (हे २, १७)। २ पीड़ित, व्यथित; (सूअ १, २, २)।

छयल्ल [**दे**] देखो **छइल्ल**; (रंभा)।

छरु पुं [**त्सरु**] खड्ग-मुष्टि, तलवार का हाथा; (पण्ह १, ४)। °**प्पवाय** न [°**प्रवाद**] खड्ग-शिक्षा-शास्त्र; (जं २)।

छल सक [**छलय्**] ठगना, वञ्चना। छलिज्जेज्जा; (स २१३)। संकृ—**छलिउं, छलिऊण**; (महा)। कृ—**छलि-अव्व**; (श्रा १४)।

छल न [**छल**] १ कपट, माया; (उव)। २ व्याज, बहाना; (पाअ; प्रासू ११४)। ३ अर्थ-विघात, वचन-विघात, एक तरह का वचन-युद्ध; (सूअ १, १२)। °**ायणय** न [°**ायतन**] छल, वचन-विघात; (सूअ १, १२)।

छलंस वि [**षडस्र**] षट्-कोण, छह कोण वाला; (ठा ८)।

छलण न [**छलन**] ठगाई, वञ्चना; (सुर ६, १८१)।

छलणा स्त्री [**छलना**] १ ठगाई, वञ्चना; (ओघ ७८५; उप ७७६)। २ छल, माया, कपट; (विसे २५४५)।

छलत्थ वि [**षडर्थ**] छह अर्थ वाला; (विसे ६०१)।

छलसीअ स्त्रीन [**षडशीति**] संख्या-विशेष, अस्सी और छह, ८६; (भग)।

छलसीइ स्त्री. ऊपर देखो; (सम ६२)।

छलिअ वि [**छलित**] १ वञ्चित, विप्रतारित, ठगा हुआ; (भवि; महा)। २ शृङ्गार-काव्य; ३ चोर का इसारा, तस्कर-संज्ञा; (राज)।

छलिअ वि [**दे**] विदग्ध, चालाक, चतुर; (दे ३, २४; पाअ)।

छलिअ न [**छलिक**] नाट्य-विशेष; (मा ४)।

छलिअ वि [**स्खलित**] स्खलना-प्राप्त; (ओघ ७८६)।

छलिया देखो **छालिया**; "चोणाकूरं छलियातक्केण दिन्नं" (महा)।

छलुअ } पुं [**षडुलूक**] वैशेषिक मत-प्रवर्तक कणाद ऋषि;
छलुग } (कप्प; ठा ७; विसे २३०२); "दव्वाइछ-
छलूअ } प्पयत्थोवएसणाओ छलूउत्ति" (विसे २५०८; २४५५)।

छल्ली स्त्री [**दे**] त्वचा, वल्कल, छाल; (दे ३, २४; जी १३; गा ११५; ठा ४, १; णाया १, १३)।

छल्लुय देखो **छलुअ**; (पि १४८)।

छव देखो **छिव**। छवेमि; (सुपा ५७३)।

छवडी स्त्री [**दे**] चर्म, चाम, चमड़ा; (दे ३, २५)।

छवि स्त्री [**छवि**] १ कान्ति, तेज ; (कुमा ; पाम) । २ अंग, शरीर ; (पण्ह १, १) । ३ चर्म, चमड़ी; (पाम; जीव ३) । ४ अवयव ; (पडि) । ५ अंगी, शरीरी; (ठा ४, १) । ६ अलङ्कार-विशेष ; (अणु) । °**च्छेअ** पुं [°**च्छेद**] अङ्ग का विच्छेद, अवयव-कर्तन ; (पडि) । °**च्छेयण** न [°**च्छेदन**] अंग-च्छेद ; (पण्ह १, १) । °**त्ताण** न [°**त्राण**] चमड़ी का आच्छादन, कवच, वर्म ; (उत्त २) ।

छविअ वि [**स्पृष्ट**] छूआ हुआ ; (श्रा २७) ।

छव्वग [**दे**] देखो **छव्वय** ; (राज) ।

छव्विअ वि [**दे**] पिहित, आच्छादित ; (गउड) ।

छह (अप) देखो **छ**=षष् ; (पि ४४१) ।

छहत्तर वि [**षट्सप्तत**] छहत्तरवाँ, ७६ वाँ ; (पउम ७६, २७) ।

छाइअ वि [**छादित**] आच्छादित, ढका हुआ ; (पउम ११३, ५४ ; कुमा) ।

छाइल्ल वि [**छायावत्**] छाया वाला, कान्ति-युक्त ; (हे २, १५९ ; षड्) ।

छाइल्ल पुं [**दे**] १ प्रदीप, दीपक; "जोइक्खं तह छाइल्लयं च दीवं मुणेज्जाहि" (वज्जा ७ ; दे ३, ३५) । २ वि. सदृश, समान, तुल्य ; ३ ऊन, अधूरा ; (दे ३, ३५) । ४ सुरूप, सुडौल, रूपवान् ; (दे ३, ३५ ; षड्) ।

छाई देखो **छाया** ; (षड्) ।

छाई स्त्री [**दे**] माता, देवी, देवता ; (दे ३, २६) ।

छाउमत्थिय वि [**छाद्मस्थिक**] केवलज्ञान उत्पन्न होने के पहले की अवस्था में उत्पन्न, सर्वज्ञता की पूर्वावस्था से संबन्ध रखने वाला ; (सम ११ ; पण्ण ३६) ।

छाओवग वि [**छायोपग**] १ छाया-युक्त, छाया वाला ; (वृक्षादि) ; २ पुं. सेवनीय पुरुष, माननीय पुरुष ; (ठा ४,३)।

छागल वि [**छागल**] १ अज-संबन्धी ; (ठा ५, ३) । २ पुं. अज, बकरा ; स्त्री— °**ली** ; (पि २३१) ।

छागलिय पुं [**छागलिक**] छागों से आजीविका करने वाला, अजा-पालक ; (विपा १, ४) ।

छाण न [**दे**] १ धान्य वगैरः का मलना ; (दे ३, ३४) । २ गोमय, गोबर ; (दे ३, ३४ ; सुर १२, १७ ; गाया १, ७ ; जीव १) । ३ वस्त्र, कपड़ा ; (दे ३,३४ ; जीव३) ।

छाणण न [**दे**] छानना, गालन ; " भूमीपेहणजलछाणणाइं जयणाओ होइ न्हाणाई" (सहि ४५ टी) ।

छाणवइ (अप) देखो **छण्णवइ** ; (पिंग) ।

छाणी स्त्री [**दे**] १ धान्य वगैरः का मलन ; २ वस्त्र, कपड़ा ; (दे ३,३४)। ३ गोमय,गोबर ; (दे ३, ३४ ; धर्म २) ।

छाय सक [**छादय्**] आच्छादन करना, ढकना । छायइ ; (हे ४, २१) । वकृ—**छायंत** ; (पउम ७, १४) ।

छाय वि [**दे**] १ बुभुक्षित, भूखा; (दे ३, ३३ ; पाम ; उप ७६८ टी ; ओघ २६० भा) । २ कृश, दुर्बल ; (दे ३, ३३ ; पाम) ।

छायंसि वि [**छायावत्**] कान्तिमान्, तेजस्वी ; (सम १५२) ।

छायण न [**छादन**] आच्छादन, ढकना ; (पिंग ; महा ; सं ११) ।

छायणिया } स्त्री [**दे**] डेरा, पड़ाव, छावनी ; " तो तत्थेव
छायणी } ठिओ एसो कुणिता गिहछायणिं" (श्रा १२ ; महा) ।

छाया स्त्री [**छाया**] १ आतप का अभाव; छाँही; (पाम)। २ कान्ति, प्रभा, दीप्ति; (हे १, २४९ ; औप ; पाम) । ३ शोभा; (औप)। ४ प्रतिबिम्ब, परछाई; (प्रासू ११४ ; उत्त २) । ५ धूप-रहित स्थान, अनातप देश ; (ठा २, ४) । °**गइ** स्त्री [°**गति**] १ छाया के अनुसार गमन ; २ छाया के अवलम्बन से गति ; (पण्ण १६) । °**पास** पुं [°**पार्श्व**] हिमाचल पर स्थित भगवान् पार्श्वनाथ की मूर्ति ; (ती ४५) ।

छाया स्त्री [**दे**] १ कीर्ति, यश, ख्याति ; २ भ्रमरी, भमरी ; (दे ३, ३४) ।

छायाइत्तय वि [**छायावत्**] छाया-वाला, छाया-युक्त । स्त्री—°**इत्तिआ** ; (हे २, २०३) ।

छायाल स्त्री [**षट्चत्वारिंशत्**] छियालीस, चालीस और छह, ४६ ; (भग) ।

छायालीस स्त्रीन. ऊपर देखो; (सम ६९ ; कप्प) ।

छायालीस वि [**षट्चत्वारिंश**] छियालीसवाँ, ४६वाँ; (पउम ४६, ६६) ।

छार वि [**क्षार**] १ पिघलने वाला, झरने वाला ; २ खारा, लवण-रस वाला; ३ पुं. लवण, नोन,-निमक; ४ सज्जी, सज्जी-खार ; ५ गुड़; (हे २, १७ ; प्राप्र) । ६ भस्म, भूति; (विसे १२५६; स ४४; प्रासू १४५; णाया १,२)। ७ मात्सर्य, असहिष्णुता; (जीव ३) ।

छार पुं [**दे**] अच्छभल्ल, भालूक; (दे ३, २६)।
छारय देखो **छार**; (श्रा २७)।
छारय न [**दे**] १ इक्षु शल्क, ऊख की छाल; (दे ३,३४)। २ मुकुल, कली; (दे ३, ३४; पाअ)।
छाल पुं [**छाग**] अज, बकरा; (हे १, १९१)।
छालिया स्त्री [**छागिका**] अजा, छागी; (सुर ७,३०; सण)।
छाली स्त्री [**छागी**] ऊपर देखो; (प्रामा)।
छाव पुं [**शाव**] बालक, बच्चा, शिशु; (हे १, २६५; प्राप्र; वव १)।
छावण देखो **छायण**; (बृह १)।
छावट्ठि स्त्री [**षट्षष्टि**] छाछठ, छियासठ, ६६; (सम ७८; विसे २७६१)।
छावत्तरि स्त्री [**षट्सप्तति**] छिहत्तर, सत्तर और छ, ७६; (पउम १०२,८६; सम ८५)। °**म** वि [°**तम**] छिहत्तरवाँ; (भग)।
छावलिय वि [**षडावलिक**] छः आवलिका-परिमित समय वाला; (विसे ५३१)।
छासट्ठ वि [**षट्षष्ट**] छियासठवाँ; (पउम ६६, ३७)।
छासी स्त्री [**दे**] छाछ, तक, मठा; (दे ३, २६)।
छासीइ स्त्री [**षडशीति**] छियासी, अस्सी और छ। °**म** वि [°**तम**] छियासीवाँ, ८६ वाँ; (पउम ८६, ७४)।
छाहत्तरि (अप) देखो **छावत्तरि**; (पि २४५)।
छाहा, **छाहिया**, **छाही** स्त्री [**छाया**] १ छाँही, आतप का अभाव; २ प्रतिबिम्ब, परछाई; (षड्; प्राप; सुर २, २४७; ६, ६५; हे १, २४९; गा ३४)।
छाही स्त्री [**दे**] गगन, आकाश। °**मणि** पुं [°**मणि**] सूर्य, सूरज; (दे ३, २६)।
छिअ देखो **छीअ**; (दे ८, ७२; प्रामा)।
छिंछई स्त्री [**दे**] असती, कुलटा; (हे २, १७४; गा ३०१; ३५०; पाअ)।
छिंछटरमण न [**दे**] क्रीड़ा-विशेष, चक्षु-स्थगन की क्रीड़ा; (दे ३, ३०)।
छिंछय पुं [**दे**] १ देह, शरीर; २ जार, उपपति; ३ न. फल-विशेष, शलाटु-फल; (दे ३, ३६)।
छिंछोली स्त्री [**दे**] छोटा जल-प्रवाह; (दे ३, २७; पाअ)।
छिंड न [**दे**] १ चूड़ा, चोटी; (दे ३, ३५; पाअ)। २ छत्र, छाता; ३ धूप-यन्त्र; (दे ३, ३५)।
छिंडिआ स्त्री [**दे**] १ बाड़ का छिद्र; २ अपवाद; "छ छिंडिआओ जिणसासणम्मि" (पव १४८; श्रा ६)।
छिंडी स्त्री [**दे**] बाड़ का छिद्र; (णाया १, २—पत्र ७६)।
छिंद सक [**छिद्**] छेदना, विच्छेद करना। छिंदइ; (प्राप्र; महा)। भवि—छेच्छं; (हे ३, १७१)। कर्म—छिज्जइ; (महा)। वकृ—**छिंदमाण**; (णाया १, १)। कवकृ—**छिज्जंत**, **छिज्जमाण**; (श्रा ६; विपा १, २)। संकृ—**छिंदिऊण**, **छिंदित्ता**, **छिंदित्तु**, **छिंदिय**, **छेत्तूण**; (पि ५८५; भग १४, ८; पि ५०६; ठा ३, २; महा)। कृ—**छिंदियव्व**; (पण्ह २, १)। हेकृ—**छेत्तुं**; (आचा)।
छिंदण न [**छेदन**] छेद, खण्डन, कर्तन; (ओघ १५४ भा)।
छिंदावण न [**छेदन**] कटवाना, दूसरे द्वारा छेदन कराना; (महानि ७)।
छिंदाविय वि [**छेदित**] विच्छिन्न कराया गया; (स २२६)।
छिंपय पुं [**छिम्पक**] कपड़ा छापने का काम करने वाला; (दे १, ९८; पाअ)।
छिक्क न [**दे**] क्षुत, छींक; (दे ३, ३६; कुमा)।
छिक्क वि [**दे. छुप्त**] स्पृष्ट, छूआ हुआ; (दे ३, ३६; हे २, १३८; से ३, ४६; स ४४४)। °**परोइया** स्त्री [°**प्ररोदिका**] वनस्पति-विशेष; (विसे १७५४)।
छिक्क वि [**छीत्कृत**] छी छी आवाज से आहूत; "पुव्विंपि वीरसुणिआ छिक्काछिक्का पहावए तुरियं" (ओघ १२४ भा)।
छिक्कंत वि [**दे**] छींक करता हुआ; (सुपा ११९)।
छिक्का स्त्री [**दे**] छिक्का, छींक; (स ३२२)।
छिक्कारिअ वि [**छीत्कारित**] छी छी आवाज से आहूत, अव्यक्त आवाज से बुलाया हुआ; (ओघ १२४ भा. टी)।
छिक्किय न [**दे**] छींकना, छींक करना; (स ३२४)।
छिक्कोअण वि [**दे**] असहन, असहिष्णु; (दे ३, २९)।
छिक्कोट्टली स्त्री [**दे**] १ पैर का आवाज; २ पाँव से धान्य का मलना; ३ गोइठा का टुकड़ा, गोबर-खण्ड; (दे ३, ३७)।
छिक्कोलिअ वि [**दे**] तनु, पतला, कृश; (दे ३, २५)।
छिक्कोवण [**दे**] देखो **छिक्कोअण**; (ठा ६—पत्र ३७२)।
छिच्छोलय पुं [**दे**] देखो **छिच्छोल्ल**; (पाअ)।
छिच्छई देखो **छिंछई**; (षड्)।
छिच्छय देखो **छिंछय**; (षड्)।

छिछि अ [दे. धिक्धिक्] छी छी, धिक् धिक्, अनेक धिक्कार ; (हे २, १७४ ; षड्)।
छिज्ज वि [छेद्य] १ जो खण्डित किया जा सके ; २ छेदने योग्य ; (सूअ २, ५)। ३ न. छेद, विच्छेद, द्विधाकरण; " पावंति:बंधवहरोहछिज्जमरणावसाणाइं " (ओघ ४६ भा ; पुप्फ १८६)।
छिज्जंत वि [क्षीयमाण] क्षय पाता, दुर्बल होता ; "छिज्जंतेहिं अणुदिणं, पच्चक्खम्मिवि तुमम्मि अंगेहिं" (गा ३४७)।
छिज्जंत, **छिज्जमाण** देखो **छिंद**।
छिड्ड न [छिद्र] १ छिद्र, विवर; (पउम २०, १६२ ; अनु ६ ; उप पृ १३८)। २ अवकाश, अवसर ; (पण्ह १, ३)। ३ दूषण, दोष ; (सुपा ३६०)। °**पाणि** पुं [°**पाणि**] एक प्रकार का जैन साधु; (आचा २,१, ३)।
छिण्ण देखो **छिन्न** ; (णाया १, १८ ; सूअ १, ८)।
छिण्ण पुं [दे] जार, उपपति ; (दे ३, २७ ; षड्)।
छिण्णच्छोडण न [दे] शीघ्र, तुरंत, जल्दी ; (दे ३,२९)।
छिण्णयड वि [दे] टंक से छिन्न ; (पाअ)।
छिण्णा स्त्री [दे] असती, कुलटा ; (दे ३, २७)।
छिण्णाल पुं [दे] जार, उपपति ; (दे ३, २७; षड्; उत २७)।
छिण्णालिआ, **छिण्णाली** स्त्री [दे] असती, कुलटा, पुंश्चली ; (मृच्छ ५५ ; दे ३, २७)।
छिण्णोब्भवा स्त्री [दे] दूर्वा, दाभ ; (दे ३, २९)।
छित्त देखो **खित्त**=क्षेत्र ; (औप ; उप ८३३ टी ; हेका ३०)।
छित्त वि [दे] स्पृष्ट, छूआ हुआ ; (दे ३, २७; गा १३; सुपा ५०४ ; पाअ)।
छित्तर [दे] देखो **छेत्तर**; (स ८ ; २२३ ; उप पृ ११७ ; ५३० टी)।
छित्ति स्त्री [छित्ति] छेद, विच्छेद, खण्डन ; (विसे १४५८ ; अजि ५)।
छिद्द देखो **छिड्ड** ; (णाया १,२ ; ठा ५,१ ; पउम ६४,६)।
छिद्द पुं [दे] छोटी मछली; (दे ३, २६)।
छिद्दिय वि [छिद्रित] छिद्र-युक्त, छिद्र वाला ; (गउड)।
छिन्न वि [छिन्न] १ खण्डित, त्रुटित, छेद-युक्त ; (भग ; प्रासू १४६)। २ निर्धारित, निश्चित; (बृह १)। ३ न. छेद, खण्डन; (उत्त १५)। °**गंथ** वि [°**ग्रन्थ**] स्नेह-रहित, स्नेह-मुक्त ; (पण्ह २, ५)। २ पुं. त्यागी, साधु, मुनि, निर्ग्रन्थ ; (ठा ६)। °**च्छेय** पुं [°**च्छेद**] नय-विशेष, प्रत्येक सूत्र को दूसरे सूत्र की अपेक्षा से रहित मानने वाला मत ; (णंदि)। °**च्छाणंतर** वि [°**च्छिन्नान्तर**] मार्ग-विशेष, जहाँ गाँव, नगर वगैरः कुछ भी न हो ऐसा रास्ता; (बृह १)। °**मडंब** वि [°**मडम्ब**] जिस गाँव या शहर के समीप में दूसरा गाँव वगैरः न हो ; (निचू १०)। °**रुह** वि [°**रुह**] काट कर बोने पर भी पैदा होने वाली वनस्पति ; (जीव १० ; पण्ण ३६)।
छिप्प न [क्षिप्र] जल्दी, शीघ्र। °**तूर** न [°**तूर्य**] शीघ्र २ बजाया जाता वाद्य ; (विपा १, ३ ; णाया १, १८)।
छिप्प न [दे] १ भिक्षा, भीख; (दे ३,३६ ; सुपा ११५)। २ पुच्छ, लाङ्गूल ; (दे ३, ३६ ; पाअ)।
छिप्पंत देखो **छिव**=स्पृश्।
छिप्पंती स्त्री [दे] १ व्रत-विशेष ; २ उत्सव-विशेष ; (दे ३, ३७)।
छिप्पंदूर न [दे] १ गोमय-खण्ड, गोबर-खण्ड ; २ वि. विषम, कठिन ; (दे ३, ३८)।
छिप्पाल पुं [दे] सस्यासक्त बैल, खाने में लगा हुआ बैल ; (दे ३, २८)।
छिप्पालुअ न [दे] पूँछ, लाङ्गूल ; (दे ३, २९)।
छिप्पिंडी स्त्री [दे] १ व्रत-विशेष ; २ उत्सव-विशेष ; ३ पिष्ट, पिसान ; (दे ३, ३७)।
छिप्पिअ वि [दे] क्षरित, झरा हुआ, टपका हुआ; (पाअ)।
छिप्पोर न [दे] पलाल, तृण ; (दे ३, २८)।
छिप्पोल्ली स्त्री [दे] अजादि की विष्ठा ; (निचू १)।
छिमिछिमिछिम अक [छिमिछिमाय्] छिम छिम आवाज करना। वकृ—**छिमिछिमिछिमंत** ; (पउम २६, ४८)।
छिरा स्त्री [**शिरा**] नस, नाडी, रग ; (ठा २, १ ; हे १,२६६)।
छिरि पुं [दे] भालूक का आवाज; (पउम ६४, ४५)।
छिल्ल न [दे] १ छिद्र, विवर ; (दे ३, ३५ ; षड्)। २ कुटी, कुटिया, छोटा घर; ३ बाड़ का छिद्र; (दे ३,३५)। ४ पलाश का पेड़ ; (ती ६)।
छिल्लर न [दे] पल्वल, छोटा तलाव ; (दे ३, २८ ; सुर ४, २२९)।
छिल्ली स्त्री [दे] शिखा, चोटी ; (दे ३, २७)।
छिव सक [**स्पृश्**] स्पर्श करना, छूना। छिवइ ; (हे ४, १८२)। कर्म— छिप्पइ, छिविज्जइ ; (हे ४, २५७)।

वकृ—छिवंत ; (गा २६६)। कवकृ—छिप्पंत, छिविज्जमाण ; (कुमा ; गा ४४३ ; स ६३२ ; श्रा १२)।
छिवट्ट [दे] देखो छेवट्ट ; (कम्म २, ४)।
छिवण न [स्पर्शन] स्पर्श, छूना; (उप १८७ टी; ६७७)।
छिवा स्त्री [दे] श्लक्ष्ण कश, चीकना चाबुक; "छिवापहारे य" (णाया १, २—पत्र ८६ ; पण्ह १, ३ ; विपा १,६)।
छिवाडिआ) स्त्री [दे] १ वल्ल वगैरः की फली, सीम;
छिवाडी) (जं१)। २ पुस्तक विशेष, पतले पन्ने वाला ऊँचा पुस्तक, जिसके पन्ने विशेष लंबे और कम चौड़े हों ऐसा पुस्तक ; (ठा ४, २ ; पव ८०)।
छिविअ वि [स्पृष्ट] १ छूआ हुआ; (दे ३, २७)। २ न. स्पर्श, छूना ; (से २, ८)।
छिविअ न [दे] ईख का टुकड़ा ; (दे ३, २७)।
छिवोल्लअ [दे] देखो छिव्वोल्ल ; (गा ६०५ अ)।
छिव्व वि [दे] कृत्रिम, बनावटी ; (दे ३, २७)।
छिव्वोल्ल न [दे] १ निन्दार्थक मुख-विकूणन, अरुचि-प्रकाशक मुख-विकार-विशेष ; २ विकूणित मुख ; (दे ३, २८)।
छिह सक [स्पृश्] स्पर्श करना, छूना। छिहइ ; (हे ४, १८२)।
छिहंड न [शिखण्ड] मयूर की शिखा; (णाया १, १—पत्र ५७ टी)।
छिहंडअ पुं [दे] दही का बना हुआ मिष्टान्न, दधिसर ; गुजराती में जिसे 'सिखंड' कहते हैं ; (दे ३, २६)।
छिहंडि पुं [शिखण्डिन्] १ मयूर, मोर। २ वि. मयूर-पिच्छ को धारण करने वाला ; (णाया १,१ —पत्र ५७टी)।
छिहली स्त्री [दे] शिखा, चोटी ; (बृह ४)।
छिहा स्त्री [स्पृहा] स्पृहा, अभिलाष; (कुमा; हे १,१२८; षड्)।
छिहिंडिभिल्ल न [दे] दधि, दही ; (दे ३, ३०)।
छिहिअ वि [स्पृष्ट] छूआ हुआ ; (कुमा)।
छीअ स्त्रीन [क्षुत] छिक्का, छींक; (हे १, ११२; २, १७ ; ओघ ६४३ ; पडि)। स्त्री—°आ ; (श्रा २७)।
छीअमाण वि [क्षुवत्] छींक करता ; (आचा २,२,३)।
छीण वि [क्षीण] क्षय-प्राप्त, कृश, दुर्बल ; (हे २, ३ ; गा ८४)।
छीर न [क्षीर] १ जल, पानी ; २ दुग्ध, दूध ; (हे २, १७ ; गा ५६७)। °**बिराली** स्त्री [°**बिडाली**] वनस्पति-विशेष, भूमि-कूष्माण्ड ; (पण्ण १—पत्र ३५)।
छीरल पुं [क्षीरल] हाथ से चलने वाला एक तरह का जन्तु, साँप की एक जाति; (पण्ह १, १)।
छीवोल्लअ [दे] देखो छिव्वोल्ल ; (गा ६०३)।
छु सक [क्षुद्] १ पीसना। २ पीलना। कर्म—छुज्जइ; (उव)। कवकृ—छुज्जमाण ; (संथा ६०)।
छुअ देखो छीअ ; (प्राप्र)।
छुई स्त्री [दे] बलाका, बक-पङ्क्ति; (दे ३, ३०)।
छुंछुई स्त्री [दे] कपिकच्छु, केवाँच का पेड़ ; (दे ३, ३४)।
छुंछुमुसय न [दे] रणरणक, उत्सुकता, उत्कण्ठा ; (दे ३, ३१)।
छुंद सक [आ+क्रम्] आक्रमण करना। छुंदइ ; (हे ४, १६० ; षड्)।
छुंद वि [दे] बहु, प्रभूत ; (दे ३, ३०)।
छुक्कारण न [धिक्कारण] धिक्कारना, निंदा ; (बृह २)।
छुच्छ वि [तुच्छ] तुच्छ, क्षुद्र, हलका ; (हे १, २०४)।
छुच्छुक्कर सक [छुच्छु+कृ] 'छु छु' आवाज करना, श्वानादि को बुलाने को आवाज करना। छुच्छुक्करेंति; (आचा)।
छुज्जमाण देखो छु।
छुट्ट अक [छुट्] छूटना, बन्धन-मुक्त होना। छुट्टइ; (भवि)। छुट्टह ; (धम्म ६ टी)।
छुट्ट वि [छुटित] छुटा हुआ, बन्धन-मुक्त ; (सुपा ४०७ ; सुक्त ८६)।
छुट्ट वि [दे] छोटा, लघु ; (पाअ)।
छुट्टण न [छोटन] छुटकारा, मुक्ति ; (श्रा २७)।
छुढ वि [दे] १ क्षिप्त ; २ क्षिप्त, फेंका हुआ ; (भवि)।
छुडु अ [दे] १ यदि, जो; (हे ४, ३८५; ४२२)। २ शीघ्र, तुरन्त ; (हे ४, ४०१)।
छुड्ड वि [क्षुद्र] क्षुद्र, तुच्छ, हलका, लघु ; (औप)।
छुड्डिया स्त्री [क्षुद्रिका] आभरण-विशेष ; (पण्ह २, ५—पत्र १४६ टी)।
छुण्ण वि [क्षुण्ण] १ चूर्णित, चूर २ किया हुआ ; २ विहत, विनाशित ; ३ अभ्यस्त ; (हे २, १७ ; प्राप्र)।
छुत्त वि [छुप्त] स्पृष्ट, छूआ हुआ ; (हे २, १३८ ; कुमा)।
छुत्ति स्त्री [दे] छूत, अशौच ; (सुक्त ८६)।
छुद्दहीर पुं [दे] १ शिशु, बच्चा, बालक ; २ शशी, चन्द्रमा ; (दे ३, ३८)।
छुद्दिया देखो छुड्डिया ; (पण्ह २, ५—पत्र १४६)।

छुद्ध देखो खुद्ध ; (प्राप्र) ।
छुद्ध वि [दे] क्षिप्त, प्रेरित ; (सण) ।
छुन्न देखो छुण्ण ; "जंतम्मि पावमइणा छुन्ना छन्नेण कम्मेण" (संथा ५६) ।
छुप्पंत देखो छुव ।
छुब्भ अक [क्षुभ्] क्षुब्ध होना, विचलित होना । छुब्भंति ; (पि ६६) ।
छुब्भत्थ [दे] देखो छोब्भत्थ ; (दे ३, ३३) ।
छुभ देखो छुह । छुभइ, छुभेइ ; (महा ; रयण २०) । संकृ—छुभित्ता ; (पि ६६) ।
छुमा देखो छमा ; (दसचू १) ।
छुर सक [छुर्] १ लेप करना, लीपना । २ छेदन करना, छेदना । ३ व्याप्त करना ; (वा १२ ; पउम २८,२८) ।
छुर पुं [क्षुर] १ छुरा, नापित का अस्त्र ; २ पशु का नख, खुर ; ३ वृक्ष-विशेष, गोखरू ; ४ बाण, शर, तीर ; (हे २, १७ ; प्राप्र) । ५ न. तृण-विशेष ; (पण्ण १) । °घरय न [°गृहक] नापित की छुरा वगैरः रखने की थैली ; (निचू १) ।
छुरण न [क्षुरण] अवलेपन ; (कप्पू) ।
छुरमड्डि पु [दे] नापित, हजाम ; (दे ३, ३१) ।
छुरहत्थ पुं [दे. क्षुरहस्त] नापित, हजाम; (दे ३,३१) ।
छुरिआ स्त्री [दे] मृत्तिका, मिट्टी ; (दे ३, ३१) ।
छुरिआ, छुरिगा स्त्री [क्षुरिका] छुरी, चाकू ; (महा ; सुपा ३८१ ; स १४७) ।
छुरिय वि [छुरित] १ व्याप्त ; २ लिप्त ; (पउम २८,२८) ।
छुरी स्त्री [क्षुरी] छुरी, चाकू ; (दे २, ४ ; प्रासू ६५) ।
छुल्ल देखो छुड्ड ; (सुपा १५६) ।
छुव सक [छुप्] स्पर्श करना, छूना । कर्म—छुप्पइ, छुविज्जइ ; (हे ४, २४६) । कवकृ—छुप्पंत ; (उप ३३६ ; ७२८ टी) ।
छुह सक [क्षिप्] फेंकना, डालना । छुहइ ; (उव; हे ४, १४३) । संकृ—छोढूण, छोढूणं; (स ८५; विसे ३०१) ।
छुहा स्त्री [सुधा] १ अमृत, पीयूष ; (हे १, २६५ ; कुमा) । २ खड़ी, मकान पोतने का श्वेत द्रव्य-विशेष, चूना ; (दे १, ७८ ; कुमा) । °अर पुं [°कर] चन्द्र, चन्द्रमा ; (षड्) ।
छुहा स्त्री [क्षुध्] क्षुधा, भूख, बुभुक्षा ; (हे १, १७ ; दे २, ४२) ।
छुहाइअ वि [क्षुधित] भूखा, बुभुक्षित ; (पाअ) ।
छुहाउल वि [क्षुधाकुल] ऊपर देखो ; (गा ५८१) ।
छुहालु वि [क्षुधालु] ऊपर देखो; (उप पृ १६० ; १५० टी) ।
छुहिअ वि [क्षुधित] ऊपर देखो ; (उव ; उप ७२८ टी ; प्रासू १८०) ।
छुहिअ वि [दे] लिप्त, पोता हुआ ; (दे ३, ३०) ।
छूढ वि [क्षिप्त] क्षिप्त, प्रेरित ; (हे २, ६२ ; १२७ ; कुमा) ।
छूहिअ न [दे] पार्श्व का परिवर्तन ; (षड्) ।
छेअ सक [छेदय्] १ छिन्न करना । २ तोड़वाना, छेदवाना । कर्म—छेइज्जंति; (पि ५४३) । संकृ—छेएत्ता; (महा) ।
छेअ पुं [दे] १ अन्त, प्रान्त, पर्यन्त ; (दे ३, ३८ ; पाअ ; से ७, ४८ ; कम्म ३, ३६)। २ देवर, पति का छोटा भाई; (दे ३, ३८) । ३ एक देश, एक भाग ; (से १, ७) । ४ निर्विभाग अंश ; (कम्म ४, ८२) ।
छेअ वि [छेक] निपुण, चतुर, हुशियार ; (पाअ ; प्रासू १७२ ; औप ; णाया १, १) । °यरिय पुं [°चार्य] शिल्पाचार्य, कलाचार्य ; (भग ७, ६) ।
छेअ पुं [छेद] १ नाश, विनाश ; "विउजाच्छेओ कओ भद्द" (सुर ५, १६४) । २ खण्ड, विभाग ; (से १, ७) । ३ छेदन, कर्त्तन ; "जीहाछेअं" (गा १५३; से ७, ४८) । ४ छः जैन आगम-ग्रन्थ, वे ये हैं ;—निशीथसूत्र, महानिशीथसूत्र, दशा-श्रुतस्कन्ध, बृहत्कल्प, व्यवहारसूत्र, पञ्चकल्पसूत्र; (विसे २२६५) । ५ छिन्न विभाग, अलग किया हुआ अंश; (से ७, ४८) । ६ कमी, न्यूनता ; (पंचा १६) । ७ प्रायश्चित्त विशेष ; (ठा ४,१) । ८ शुद्धि-परीक्षा का एक अंग, धर्म-शुद्धि जानने का एक लक्षण, निर्दोष बाह्य आचरण ; "सं. छेएण सुद्धोत्ति" (पंचव ३) । °रिह न [°र्ह] प्रायश्चित्त-विशेष ; (ठा १०) ।
छेअअ, छेअग वि [छेदक] छेदन करने वाला, काटने वाला, (नाट ; विसे ५१३) ।
छेअण न [छेदन] १ खण्डन, कर्त्तन, द्विधा करण; (सम ३६ ; प्रासू १४०) । २ कमी, न्यूनता, ह्रास ; (आचा) । ३ शस्त्र, हथियार; (सुअ २, ३)। ४ निश्चायक वचन; (बृह १) ५ सूक्ष्म अवयव; (बृह १)। ६ जल-जीव विशेष ; (सुअ २, ३) ।
छेओवट्ठावण न [छेदोपस्थापन] जैन संयम-विशेष, बड़ी दीक्षा ; (नव २६ ; पंचा ११) ।
छेओवट्ठावणिय न [छेदोपस्थापनीय] ऊपर देखो ; (सक्र)

छेंछई [दे] देखो **छिंछई** ; (गा ३०१)।
छेंड [दे] देखो **छिंड** ; (दे ३, ३५)।
छेंडा स्त्री [दे] १ शिखा, चोटी; २ नवमालिका, लता-विशेष; (दे ३, ३६)।
छेंडी स्त्री [दे] छोटी गली, छोटा रास्ता ; (दे ३, ३१)।
छेग देखो **छेअ**=छेक ; (दे ३, ४७)।
छेज्ज देखो **छिज्ज** ; (दस २ ; महा)।
छेण पुं [दे] स्तेन, चोर ; (षड्)।
छेत्त देखो **खेत** ; (गा ६ ; उप ३५७टी ; स १६४ ; भवि)।
छेत्तर न [दे] शूर्प वगैरः पुराना गृहोपकरण; (दे ३, ३२)।
छेत्तसोवणय न [दे] खेत में जागना ; (दे ३, ३२)।
छेत्तु वि [छेत्तृ] छेदने वाला, काटने वाला ; (आचा)।
छेद देखो **छेअ**=छेदय्। कर्म—छेदीअंति ; (पि ५४३)। संकृ—**छेदिऊण, छेदेत्ता** ; (पि ५८६ ; भग)।
छेद देखो **छेअ**=छेद ; (पउम ४४,६७ ; औप ; वव १)।
छेदअ वि [छेदक] छेदने वाला ; (पि २३३)।
छेदोवट्ठावणिय देखो **छेओवट्ठावणिय** ; (ठा ३, ४)।
छेध पुं [दे] १ स्थासक, चन्दनादि सुगन्धि वस्तु का विलेपन ; २ चोर, चोरी करने वाला ; (दे ३, ३६)।
छेप्प न [दे.शेप] पुच्छ, लाङ्गूल ; (गा ६२ ; विपा १, २ ; गउड)।
छेभय पुं [दे] चन्दन आदि का विलेपन, स्थासक ; (दे ३,३२)।
छेल, छेलग, छेलय पुंस्त्री [दे] अज, छाग, बकरा ; (दे ३, ३२ ; स १५०)। स्त्री—°लिआ, °ली ; (पि २३१ ; पण्ह १, १—पत्र १४)।
छेलावण न [दे] १ उत्कृष्ट हर्ष-ध्वनि ; २ बाल-क्रीडन ; ३ चीत्कार, ध्वनि-विशेष ; "छेलावणमुक्किट्ठाइ बालकीलावणं च सेंटाइ" (आवम)।
छेलिय न [दे] सेण्टित, चीत्कार करना, अव्यक्त ध्वनि-विशेष; (पण्ह १, ३ ; विसे ५०१)।
छेली स्त्री [दे] थोड़े फूल वाली माला ; (दे ३, ३१)।
छेवग न [दे] मारी वगैरः फैली हुई बिमारी ; (वव ५ ; निचू १)।
छेवट्ट, छेवट्ठ न [दे. सेवार्त्त, छेदवृत्त] १ संहनन-विशेष, शरीर-रचना-विशेष, जिसमें मर्कट-बन्ध, बेठन, और खीला न हो कर यों ही हड्डियाँ आपस में जुडी हों ऐसी शरीर-रचना ; (सम ४४ ; १४६ ; भग ; कम्म १, ३६)। २ कर्म-विशेष, जिसके उदय से पूर्वोक्त संहनन की प्राप्ति होती है वह कर्म ; (कम्म १, ३६)।
छेवाडो [दे] देखो **छिवाडो** ; (पव ८० ; निचू १२ ; जीव ३)।
छेह पुं [दे.क्षेप] प्रेरण, क्षेपण ; "तो वम्मपरिणामोणमभुम-आवलिरुम्भमाणदिट्ठिच्छेहो" (से ४, १७)।
छेहत्तरि (अप) देखो **छाहत्तरि** ; (पिंग)।
छोइअ पुं [दे] दास, नौकर ; (दे ३, ३३)।
छोइआ स्त्री [दे] छिलका, ईख वगैरः की छाल; (उप ७६८ टी), "उच्छुखंड पत्थिए छोइयं पणामेइ"(महा)।
छोड सक [छोटय्] छोड़ना, बन्धन से मुक्त करना। छोडइ, छोडेइ ; (भवि ; महा)। संकृ—**छोडिवि**; (सुपा २४६)।
छोडाविय वि [छोटित] छुड़वाया हुआ, बन्धन-मुक्त कराया हुआ ; (स ६२)।
छोडि स्त्री [दे] छोटी, लघु, क्षुद्र ; (पिंग)।
छोडिअ वि [छोटित] १ छोड़ा हुआ, बन्धन-मुक्त किया हुआ; "वत्थाओ छोडिओ गंठी" (सुपा ५०४; स ४३१)। २ घट्टित, आहत ; (पण्ह १, ४—पत्र ७८)।
छोडिअ देखो **फोडिअ** ; (औप)।
छोढूण, छोढूणं देखो **छुह**।
छोब्भ पुं [दे] पिशुन, खल, दुर्जन ; (दे ३, ३३)। देखो **छोभ**।
छोब्भ वि [क्षोभ्य] क्षोभ-योग्य, क्षोभणीय , "होंति सत्त-परिवज्जिया य छोभा(? ब्भा) सिप्पकलासमयसत्थपरि-वज्जिया" (पण्ह १, ३—पत्र ५५)।
छोब्भत्थ वि [दे] अप्रिय, अनिष्ट ; (दे ३, ३३)।
छोब्भाइत्ती स्त्री [दे] १ अस्पृश्या, छूने को अयोग्या ; २ द्वेष्या, अप्रीतिकर स्त्री ; (दे ३, ३६)।
छोभ [दे] देखो **छोब्भ** ; (दे ३, ३३ टि)। २ निस्स-हाय, दीन ; (पण्ह १, ३—पत्र ५५)। ३ न. अभ्या-ख्यान, कलंक-आरोपण, दोषारोप ; (बृह १ ; वव २)। ४ न. वन्दन-विशेष, दो खमासमण-रूप वन्दन ; (गुभा १)। ५ आघात; "कोवेण धमधमंतो दंतच्छोभे य देइ सो तम्मि" (महा)।
छोम देखो **छउम** ; (णाया १, ६—पत्र १५७)।
छोयर पुं [दे] छोरा, लड़का, छोकरा ; (उप पृ ३१५)।
छोलिअ देखो **छोडिअ**=छोटित ; (पिंग)।

छोल्ल सक [**तक्ष्**] छीलना, छाल उतारना। छोल्लइ; (षड्)। कर्म—छोल्लिज्जंतु ; (हे ४, ३६५)।

छोल्लण न [**तक्षण**] छीलना, निस्तुषीकरण, छिलका उतारना ; (गाया १, ७)।

छोल्लिय वि [**तष्ट**] छिलका उतारा हुआ, तुष-रहित किया हुआ ; (उप १७५)।

छोह पुं [**दे**] १ समूह, यूथ, जत्था ; २ विक्षेप ; (दे ३, ३६)। ३ आघात ; "ताव य सो मायंगो छोहं जा देइ उत्तरिज्जम्मि" (महा)।

छोह पुं [**क्षेप**] १ क्षेपण, फेंकना ; "नियदिद्धिच्छोहअमय-धाराहिं" (सुपा २६८)।

छोहर [**दे**] देखो **छोयर** ; (सुपा ५५२)।

छोहिय वि [**क्षोभित**] क्षोभ-प्राप्त, घबड़ाया हुआ, व्याकुल किया गया ; (उप १३७ टी)।

इअ सिरि**पाइअसद्दमहण्णवम्मि** छआराइसद्दसंकलणो पंचदसमो तरंगो समत्तो।

ज

ज पुं [**ज**] तालु-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष ; (प्रामा ; प्राप)।

ज स [**यत्**] जो, जो कोई ; (ठा ३, १ ; जी ८ ; कुमा ; गा १०६)।

°**ज** वि [°**ज**] उत्पन्न ; "आसाइयरसविसेसो होइ विसेसेण गेहजो दहणो" (गा ७६६)। "आरंभज"— (आचा)।

जअड अक [**त्वर्**] त्वरा करना, शीघ्रता करना। जअडइ; (हे ४, १७० ; षड्)। वकृ—**जअडंत** ; (हे ४, १७०)। प्रयो— जअडावंति ; (कुमा)।

जअल वि [**दे**] छन्न, आच्छादित ; (षड्)।

जइ पुं [**यति**] १ साधु, जितेन्द्रिय, संन्यासी ; (औप ; सुपा ४४४)। २ छन्द-शास्त्र में प्रसिद्ध विश्राम-स्थान, कविता का विश्राम-स्थान ; (धम्म १ टी)।

जइ अ [**यदा**] जिस समय, जिस वख्त ; (प्राप्र)।

जइ अ [**यदि**] यदि, जो ; (सम १५५; विपा १,१)।

°**वि** अ [°**अपि**] जो भी ; (महा)।

जइ अ [**यत्र**] जहां, जिस स्थान में ; (षड्)।

जइ वि [**जयिन्**] जीतने वाला, विजयी ; (कुमा)।

जइआ अ [**यदा**] जिस समय, जिस वख्त ; (उव ; हे ३, ६५)।

जइच्छा स्त्री [**यदृच्छा**] १ स्वतन्त्रता ; २ स्वेच्छाचार ; (राज)।

जइण वि [**जैन**] १ जिन-देव का भक्त, जिन-धर्मी; २ जिन भगवान् का, जिन-देव से संबन्ध रखने वाला; (विसे ३८३ ; धम्म ६ टी; सुर ८, ६४)। स्त्री—°**णी**; (पंचा ३)।

जइण वि [**जयिन्**] जीतने वाला; "मणपवणजइणवेगं" (उवा ; गाया १, १—पत्र ३१)।

जइण वि [**जविन्**] वेग वाला, वेग-युक्त, त्वरा-युक्त; "उवइयउप्पइयचवलजइणसिग्घवेगाहिं" (औप)।

जइत्त वि [**जैत्र**] १ जीतने वाला, विजयी ; (ठा ६)। २ पुं. नृप-विशेष; (रंभा)।

जइत्ता देखो **जय**=जि।

जइय वि [**जयिक**] जयावह, विजयी; (गाया १, ८—पत्र १३३)

जइय वि [**यष्टृ**] याग करने वाला; "तुब्भे जइया जन्नाणं" (उत्त २५, ३८)।

जइयव्व देखो **जय**=यत्।

जइवा अ [**यदिवा**] अथवा, या; (वव १)।

जइस (अप) वि [**यादृश**] जैसा, जिस तरह का; (षड्)।

जउ न [**जतु**] लाखा, लाख ; (ठा ४,४ ; उप पृ २४)।

जउ पुं [**यदु**] १ स्वनाम-ख्यात एक राजा ; २ सुप्रसिद्ध क्षत्रिय वंश ; (उव)। °**णंदण** पुं [°**नन्दन**] १ यदु-वंशीय, यदुवंश में उत्पन्न। २ कृष्ण ; (उव)।

जउ पुं [**यजुस्**] वेद-विशेष, यजुर्वेद , (अणु)।

जउण पुं [**यमुन**] स्वनाम-प्रसिद्ध एक राजा ; (उप ४५७)।

जउणा, **जउ णा**°, **जउ णा** } स्त्री [**यमुना**] भारत की एक प्रसिद्ध नदी ; (ठा १, २ ; हे १, ४ ; १७८)।

जओ अ [**यतः**] १ क्योंकि, कारण कि ; (श्रा २८)। २ जिससे, जहां से; (प्रासू ८२, १४८)।

जं अ [**यत्**] १ क्योंकि, कारण कि ; २ वाक्यान्तर का संबन्ध-सूचक अव्यय ; (हे १, २४ ; महा ; गा ६६)। °**किंचि** अ [°**किञ्चित्**] १ जो कुछ, जो कोई; (पडि ; पण्ह १, ३)। २ असंबद्ध, अयुक्त, तुच्छ, नगण्य; (पंचव४)।

जंकयसुकय वि [**दे**] अल्प सुकृत से ग्राह्य, थोड़े उपकार से अधीन होने वाला ; (दे ३, ४५) ।

जंगम वि [**जंगम**] १ चलने वाला, जो एक स्थान से दूसर स्थान में जा सकता हो वह ; (ठा ६ ; भवि) । २ छन्द विशेष ; (पिंग) ।

जंगल पुं [**जङ्गल**] १ देश-विशेष, सपादलक्ष देश ; (कुमा ; सत्त ६७ टी) । २ निर्जल प्रदेश ; (बृह १) । ३ न. मांस; "गयकुंभवियारियमोत्तिएहिं जं जंगलं किणइ" (वज्जा ४२) ।

जंगा स्त्री [**दे**] गोचर-भूमि, पशुओं को चरने की जगह ; (दे ३, ४०) ।

जंगिय वि [**जाङ्गमिक**] १ जंगम वस्तु से संबन्ध रखने वाला, जंगम-संबन्धी । २ न. जंगम जीवों के रोम का बना हुआ कपड़ा; (ठा ३, ३ ; ५, ३ ; कस) ।

जंगुलि स्त्री [**जाङ्गुलि**] विष उतारने का मन्त्र, विष-विद्या ; (ती ४५) ।

जंगुलिय पुं [**जाङ्गुलिक**] गारुडिक, विष-मन्त्र का जानकार ; (पउम १०५, ५७) ।

जंगोल स्त्रीन [**जाङ्गुल**] विष-विघातक तन्त्र, विष-विद्या, आयुर्वेद का एक विभाग जिसमें विष को चिकित्सा का प्रतिपादन है; (विपा १, ७—पत्र ७५) । स्त्री —°**ली** ; (ठा ८) ।

जंघा स्त्री [**जङ्घा**] जाँघ, जानु के नीचे का भाग ; (आचा ; कप्प) । °**चर** वि [°**चर**] पादचारो, पैर से चलने वाला ; (अणु) । °**चारण** पुं [°**चारण**] एक प्रकार के जैन मुनि, जो अपने तपोबल से आकाश में गमन कर सकते हैं ; (भग २०, ८ ; पव ६७) । °**संतारिम** वि [°**संतार्य**] जाँघ तक पानी वाला जलाशय ; (आचा २, ३, २) ।

जंघाच्छेअ पुं [**दे**] चत्वर, चौक ; (दे ३, ४३) ।

जंघामय } वि [**दे**] जंघाल, द्रुत-गामी, वेग से जाने
जंघालुअ } वाला ; (दे ३, ४२ ; षड्) ।

जंत सक [**यन्त्र्**] १ वश करना, काबू में करना । २ जकड़ना, बाँधना ; (उप पृ १३१) ।

जंत न [**यन्त्र**] १ कल, युक्ति-पूर्वक शिल्प आदि कर्म करने के लिए पदार्थ-विशेष, तिल-यन्त्र, जल-यन्त्र आदि; (जीव ३; गा ५५४; पडि; महा; कुमा) । २ वशीकरण, रक्षा वगैरः के लिए किया जाता लेख-प्रयोग; (पराह १, २) । ३ संयमन, नियन्त्रण ; (राय) । °**पत्थर** पुं [°**प्रस्तर**] गोफरा का पत्थर ; (पराह १, २) । °**पिल्लणकम्म** न [°**पीडनकर्मन्**] यन्त्र द्वारा तिल, ईख आदि पीलने का धंधा ; (पडि) । °**पुरिस** पुं [°**पुरुष**] यन्त्र-निर्मित पुरुष, यन्त्र से पुरुष को चेष्टा करने वाला पुतला ; (आवम) । °**वाडचुल्ली** स्त्री [°**पाटचुल्ली**] इक्षु-रस पकाने का चुल्हा ; (ठा ८—पत्र ४१७) । °**हर** न [°**गृह**] धारा-गृह, पानी का फवारा वाला स्थान ; (कुमा) ।

जंत देखो **जा** = या ।

जंतण न [**यन्त्रण**] १ नियन्त्रण, संयमन, काबू । २ रोकने वाला, प्रतिरोधक , (से ४, ४६) ।

जंतिअ पुं [**यान्त्रिक**] यन्त्र-कर्म करने वाला, कल चलाने वाला ; (गा ५५४) ।

जंतिअ वि [**यन्त्रित**] नियन्त्रित, जकड़ा हुआ ; (पउम ५३, १४५) ।

जंतु पुं [**जन्तु**] जीव, प्राणी ; (उत्त ३ ; सण) ।

जंतुग न [**जन्तुक**] जलाशय में होने वाला तृण-विशेष ; (पराह २, ३— पत्र १२३) ।

जंप सक [**जल्प्**] बोलना, कहना । जंपइ ; (प्राप्र) । वकृ—**जंपंत, जंपमाण** ; (महा ; गा १६८ ; सुर ४, २) । संकृ —**जंपिऊण, जंपिऊणं, जंपिय** ; (प्राकृ ; महा) । हेकृ—**जंपिउं** ; (महा) । कृ—**जंपिअव्व** ; (गा २४२) ।

जंपण न [**जल्पन**] उक्ति, कथन ; (श्रा १२ ; गउड) ।

जंपण न [**दे**] १ अकीर्ति, अपयश ; २ मुख, मुँह ; (दे ३, ५१ ; भवि) ।

जंपय वि [**जल्पक**] बोलने वाला, भाषक ; (पराह १, ३) ।

जंपाण न [**जम्पान**] १ वाहन-विशेष, सुखासन, शिबिका-विशेष ; (ठा ४, ३ ; औप ; सुपा ३६३ ; उप ६५६) । २ मृतक-यान, शव-यान ; (सुपा २१६) ।

जंपिच्छय वि [**दे**] जिसको देखे उसी को चाहने वाला ; (दे ३, ४४ ; पाअ) ।

जंपिय वि [**जल्पित**] कथित, उक्त ; (प्रासू १३०) ।

जंपिय देखो **जंप** ।

जंपिर वि [**जल्पितृ**] १ जल्पाक, वाचाट ; (दे २, ६७)। २ बोलने वाला, भाषक ; (हे २, १४५ ; श्रा २७ ; गा १६२ ; सुपा ४०२) ।

जंपेक्खिरमग्गिर } वि [**दे**] जिसको देखे उसीकी याचना करने
जंपेच्छिरमग्गिर } वाला ; (षड् ; दे ३, ४४) ।

यक्षों का अधिपति, कुबेर ; (अणु)। °दित्त न [°दीप्त] देखो नीचे °ादित्तय ; (पव २६)। °दिन्ना स्त्री [°दत्ता] महर्षि स्थूलभद्र की बहिन, एक जैन साध्वी ; (पडि)। °भद्द पुं [°भद्र] यक्षद्वीप का अधिपति देव-विशेष; (चंद २०)। °मंडलपविभत्ति स्त्री [°मण्डलप्रविभक्ति] एक तरह का नाट्य ; (राय)। °मह पुं [°मह] यक्ष के लिए किया जाता महोत्सव ; (आचा २, १, २)। °महाभद्द पुं [°महाभद्र] यक्ष द्वीप का अधिपति देव ; (चंद २०)। °महावर पुं [°महावर] यक्ष समुद्र का अधिष्ठाता देव-विशेष ; (चंद २०)। °राय पुं [°राज] १ यक्षों का राजा कुबेर। २ प्रधान यक्ष; (सुपा ४६२)। ३ एक विद्याधर राजा ; (पउम ८, १२४)। °वर पुं [°वर] यक्ष-समुद्र का अधिपति देव-विशेष ; (चंद २०)। °ाइट्ठ वि [°ाविष्ट] यक्ष का आवेश वाला, यक्षाधिष्ठित ; (ठा ५, १ ; वव २)। °ादित्तय, °ालित्तय न [°ादीप्तक] १ कभी २ किसी दिशा में बिजली के समान जो प्रकाश होता है वह, आकाश में व्यन्तर-कृत अग्नि-दीपन ; (भग ३, ६ ; वव ७)। २ आकाश में दिखाता अग्नि-युक्त पिशाच (जीव ३)। °ावेस पुं [°ावेश] यक्ष-कृत आवेश, यक्ष का मनुष्य-शरीर में प्रवेश; (ठा २, १)। °ाहिव पुं [°ाधिप] १ वैश्रमण, कुबेर, यक्ष-राज। २ एक विद्याधर राजा ; (पउम ८, ११३)। °ाहिवइ पुं [°ाधिपति] देखो पूर्वोक्त अर्थ ; (पाअ ; पउम ८, ११६)।

जक्खरत्ति स्त्री [दे. यक्षरात्रि] दीपालिका, दीवाली, कार्त्तिक वदि अमास का पर्व ; (दे ३, ४३)।

जक्खा स्त्री [यक्षा] एक प्रसिद्ध जैन साध्वी, जो महर्षि स्थूलभद्र की बहिन थी ; (पडि)।

जक्खिंद पुं [यक्षेन्द्र] १ यक्षों का स्वामी, यक्षों का राजा ; (ठा ४, १)। २ भगवान् अरनाथ का शासनाधिष्ठायक देव ; (पव २६ ; संति ८)।

जक्खिणी स्त्री [यक्षिणी] १ यक्ष-योनिक स्त्री, देवीओं की एक जाति ; (आवम)। २ भगवान् श्रीनेमिनाथ की प्रथम शिष्या ; (सम १५२)।

जक्खी स्त्री [याक्षी] लिपि-विशेष ; (विसे ४६४ टी)।

जक्खुत्तम पुं [यक्षोत्तम] यक्ष-देवों की एक अवान्तर जाति ; (पण्ण १)

जक्खेस पुं [यक्षेश] १ यक्षों का स्वामी। २ भगवान् अभिनन्दन का शासन-यक्ष ; (संति ७)।

जग न [यकृत्] पेट की दक्षिण-ग्रन्थि ; (पण्ह १, १)।

जग पुं [दे] जन्तु, जीव, प्राणी ; "पुढो जगा परिसंखाय भिक्खू" (सूअ १, ७, २०)।

जग न [जगत्] जग, संसार, दुनियाँ ; (स २४६ ; सुर २, १३१)। °गुरु पुं [°गुरु] १ जगत् में सर्व-श्रेष्ठ पुरुष ; २ जगत् का पूज्य ; ३ जिन-देव, तीर्थंकर ; (सं २१ ; पंचा ४)। °जीवण वि [°जीवन] १ जगत् को जीलाने वाला ; २ पुं. जिन-देव ; (राज)। °णाह पुं [°नाथ] जगत् का पालक, परमेश्वर, जिन-देव ; (यांदि)। °पियामह पुं [°पितामह] १ ब्रह्मा, विधाता। २ जिन-देव ; (यांदि)। °प्पगास वि [°प्रकाश] जगत् का प्रकाश करने वाला, जगत्प्रकाशक ; (पउम २२, ४७)। °प्पहाण न [°प्रधान] जगत् में श्रेष्ठ; (गउड)।

जगई स्त्री [जगती] १ प्राकार, किला, दुर्ग ; (सम १३ ; चेइय ६१)। २ पृथिवी ; (उत्त १)।

जगजग अक [चकास्] चमकना, दीपना। वकृ—**जगजगंत, जगजगेंत** ; (पउम ७७, १३ ; १४, १३४)।

जगड सक [दे] १ झगड़ना, झगड़ा करना, कलह करना। २ कदर्थन करना, पीड़ना। ३ उठाना, जागृत करना। वकृ—**जगडंत** ; (भवि)। कवकृ— **जगडिज्जंत**; (पउम ८२, ६ ; राज)।

जगडण न [दे] नीचे देखो ; (उव)।

जगडणा स्त्री [दे] १ झगड़ा, कलह। २ कदर्थन, पीड़न ; "सेणा च्चिय वम्महणायगस्स जगजगडणापसत्तस्स" (उप ५३० टी)।

जगडिअ वि [दे] विद्रावित, कदर्थित ; (दे ३, ४४ ; सार्ध ६७ ; उव)।

जगर पुं [जगर] संनाह, कवच, वर्म ; (दे ३, ४१)।

जगल न [दे] १ पङ्क वाली मदिरा, मदिरा का नीचला भाग ; (दे ३, ४१)। २ ईख की मदिरा का नीचला भाग ; (दे ३, ४१ ; पाअ)।

जगार पुं [दे] राब, यवागू ; (पव ४)।

जगार पुं [जकार] 'ज' अक्षर, 'ज' वर्ण ; (निचू १)।

जगार पुं [यत्कार] 'यत्' शब्द ; "जगारुद्दिट्ठाणं तगारेण निद्देसो कीरइ" (निचू १)।

जगारी स्त्री [**जगारी**] अन्न-विशेष, एक प्रकार का क्षुद्र अन्न ; "अमयं मोयणसतुगमुग्गजगारीइ" (पंचा ५)।

जगुत्तम वि [**जगदुत्तम**] जगत्-श्रेष्ठ, जगत् में प्रधान ; (पण्ह २, ४)।

जग्ग अक [**जागृ**] १ जागना, नींद से उठना। २ सचेत होना, सावधान होना। जग्गइ, जग्गि ; (हे ४, ८० ; षड् ; प्रासू ६८)। वकृ—**जग्गंत** ; (सुपा १८५)। प्रयो—जग्गावइ ; (पि ५५६)।

जग्गण न [**जागरण**] जागना, निद्रा-त्याग; (ओघ १०६)।

जग्गविअ वि [**जागरित**] जगाया हुआ, नींद से उठाया हुआ ; (सुपा ३३१)।

जग्गह पुं [**यद्ग्रह**] जो प्राप्त हो उसे ग्रहण करने की राजाज्ञा ; "रगणा जग्गहो घोसिओ" (आवम)।

जग्गाविअ देखो **जग्गविअ** ; (से १०, ५६)।

जग्गाह देखो **जग्गह** ; (आक)।

जग्गिअ वि [**जागृत**] जगा हुआ, त्यक्त-निद्र ; (गा ३८५; कुमा ; सुपा ५६३)।

जग्गिर वि [**जागरितृ**] १ जागने वाला ; २ सावचेत रहने वाला ; (सुपा २१८)।

जघण न [**जघन**] कमर के नीचे का भाग, ऊरु-स्थल ; (कप्प ; औप)।

जच्च पुं [**दे**] पुरुष, मरद, आदमी ; (दे ३, ४०)।

जच्च वि [**जात्य**] १ उत्तम जात वाला, कुलीन, श्रेष्ठ, उत्तम, सुन्दर ; (णाया १, १; श्रा १२ ; सुपा ७७; कप्प)। २ स्वाभाविक, अकृत्रिम ; (तंदु)। ३ सजातीय, विजाति-मिश्रण से रहित, शुद्ध ; (जीव ३)।

जच्चंजण न [**जात्याञ्जन**] १ श्रेष्ठ अञ्जन ; (णाया १, १)। २ मर्दित अञ्जन, तैल वगैरः से मर्दित अञ्जन ; (कप्प)।

जच्चंदण न [**दे**] १ अगरु, सुगन्धि द्रव्य-विशेष, जो धूप के काम में आता है ; २ कुकुम, केसर ; (दे ३, ५१)।

जच्चंध वि [**जात्यन्ध**] जन्म से अन्धा; (सुपा ३६५)।

जच्चण्णिय } वि [**जात्यन्वित**] सुकुल में उत्पन्न, श्रेष्ठ
जच्चन्निय } जाति का ; (सूअ १, १० ; बृह ३)।

जच्चास पुं [**जात्यश्व, जात्याश्व**] उत्तम जाति का घोड़ा; (पउम ५४, २६)।

जच्चिय (अप) वि [**जातीय**] समान जाति का ; (सण)।

जच्चिर न [**यच्चिर**]जहाँ तक, जितने समय तक ; (वव ७)।

जच्छ सक [**यम्**] १ उपरम करना, विराम करना। २ देना, दान करना। जच्छइ ; (हे ४, २१५ ; कुमा)।

जच्छंद वि [**दे**] स्वच्छन्द, स्वैर ; (दे ३, ४३ ; षड्)।

जज देखो **जय**=यज्। वकृ—**जजमाण**; (नाट—शकु ७१)।

जजु देखो **जउ**=यजुष् ; (णाया १, ५ ; भग)।

जज्ज वि [**जय्य**] जो जीता जा सके वह, जीतने को शक्य; (हे २, २४)।

जज्जर वि [**जर्जर**] जीर्ण, सच्छिद्र, खोखला, जाँजर ; (गा १०१ ; सुर ३, १३६)।

जज्जर सक [**जर्जरय्**] जीर्ण करना, खोखला करना। कवकृ—**जज्जरिज्जंत, जज्जरिज्जमाण** ; (नाट—चैत ३३ ; सुपा ६४)।

जज्जरिय वि [**जर्जरित**] जीर्ण किया गया, छिद्रित, खोखला किया हुआ ; (ठा ४, ४ ; सुर ३, १६५ ; कस)।

जट्ट पुं [**जर्त**] १ देश-विशेष ; (भवि)। २ उस देश का निवासी ; (हे २, ३०)।

जट्ठ वि [**इष्ट**] यजन किया हुआ, याग किया हुआ ; (स ५५)।

जट्ठि स्त्री [**यष्टि**] लकड़ी ; "जट्ठिमुट्ठिलउडपहारेहिं" (महा; प्राप्र)।

जड वि [**जड**] १ अचेतन, जीव-रहित पदार्थ ; २ मूर्ख, आलसी, विवेक-शून्य ; (पाअ ; प्रासू ७१)। ३ शिशिर, जाड़े से ठंढा होकर चलने को अशक्त; (पाअ)।

जड देखो **जढ** ; (षड्)।

जड° } स्त्री [**जटा**] सटे हुए बाल, मिले हुए बाल ; (हेका
जडा } २५७ ; सुपा २५१)। **°धर** वि [**°धर**] १ जटा को धारण करने वाला। २ पुं. जटा-धारी तापस, संन्यासी ; (पउम ३६, ७५)। **°धारि** पुं [**°धारिन्**] देखो पूर्वोक्त अर्थ ; (पउम ३३, १)।

जडाउ } पुं [**जटायु**] स्वनाम-प्रसिद्ध गृध्र पक्षि-विशेष ;
जडाउण } (पउम ४४, ५५ ; ४०)।

जडागि पुं [**जटाकिन्**] ऊपर देखो ; (पउम ४१, ६५)।

जडाल वि [**जटावत्**] जटा-युक्त, जटा-धारी ; (हे २, १५६)।

जडासुर पुं [**जटासुर**] असुर-विशेष ; (वेणी १७७)।

जडि वि [**जटिन्**] १ जटा वाला, जटा-युक्त; २ पुं जटाधारी तापस ; (औप ; भत्त १००)।

जत्थ अ [**यत्र**] जहां, जिसमें ; (हे २, १६१ ; प्रासू ७६) ।
जदि देखो **जइ**=यदि; (निचू २) ।
जदिच्छा देखो **जइच्छा** ; (बृह ३ ; मा १२) ।
जदु देखो **जउ**=यदु ; (कुमा ; ठा ८) ।
जधा देखो **जहा** ; (ठा २, ३ ; ३, १) ।
जन्न देखो **जण्ण** ; (पण्ह १, २ ; ४ ; पउम ११, ४६) ।
जन्नत्ता } स्त्री [**दे**] बरात ; गुजराती में 'जान' ; (सुपा
जन्ना } ३६६ ; उप ७६८ टी) ।
जन्नु देखो **जाणु** ; (पउम ६८, १०) ।
जन्नोवईय देखो **जण्णोवईय**; (णाया १, १६ —पत्र२१३)।
जन्हवी देखो **जण्हवी** ; (ठा ६, ६) ।
जप देखो **जव**=जप् ; (षड्) ।
जपिर वि [**जपितृ**] जाप करने वाला; (षड्) ।
जप्प देखो **जंप** । जप्पइ; (षड्) । जप्पंति ; (पि २६६) ।
जप्प पुं [**जल्प**] १ उक्ति, कथन । २ छल का उपालम्भ रूप भाषण ; (राज) ।
जप्प वि [**याप्य**] गमन कराने योग्य । °**जाण** न [°**यान**] वाहन-विशेष, शिबिका ; (दे ६, १२२) ।
जप्पभिइ } अ [**यत्प्रभृति**] जब से, जहां से लेकर ;
जप्पभिइं } (णाया १, १; कप्प) ।
जप्पिअ वि [**जल्पित**] १ उक्त, कथित ; (प्राप) । २ न. उक्ति, वचन ; (अच्चु २) ।
जम सक [**यमय्**] १ काबू में रखना, नियन्त्रण करना। २ जमाना, स्थिर करना । जमेइ; (से १०, ७०) । संकृ— **जमइत्ता** ; (औप) ।
जम पुं [**यम**] १ अहिंसादि पाँच महाव्रत, साधु का व्रत ; (णाया १, ५ ; ठा २, ३) । २ दक्षिण दिशा का एक लोकपाल, देव-विशेष, जम-देवता, जमराज; (पण्ह १,१; पाअ; हे १, २४५) । ३ भरणी नक्षत्र का अधिपति देव ; (सुज्ज १०) । ४ किष्किन्धा नगरी का एक राजा ; (पउम ७, ४६) । ५ तापस-विशेष ; (आवम) । ६ मृत्यु, मौत ; (आव ४ ; महा) । ७ संयमन, नियन्त्रण ; (आवम) । °**काइय** पुं [°**कायिक**] असुर-विशेष, परमाधार्मिक देव, जो नारकी के जीवों को दुःख देते हैं ; (पण्ह १, १) । °**घोस** पुं [°**घोष**] ऐरवत वर्ष के एक भावी जिन-देव ; (पव ७) । °**पुरी** स्त्री [°**पुरी**] जम की नगरी, मौत का स्थान ; "को जमपुरीसमावे समसावे एवमुल्लवइ ?" (सुपा ४६२) । °**प्पभ** पुं [°**प्रभ**] यमदेव का उत्पात-पर्वत, पर्वत-विशेष ; (ठा १०) । °**भड** पुं [°**भट**] यमराज का सुभट ; (महा) । °**मंदिर** न [°**मन्दिर**] यमराज का घर, मृत्यु-स्थान ; (महा) । °**लय** न [°**लय**] पूर्वोक्त ही अर्थ ; (पउम ४५, १०) ।
जमग पुं [**यमक**] १ पक्षि-विशेष ; २ देव-विशेष ; (जीव ३) । ३ पर्वत-विशेष; (जीव ३ ; सम ११४ ; इक) । ४ द्रह विशेष ; (जीव ३ ; इक) । देखो **जमय** ।
जमगं } अ [**दे**] एक साथ, एक ही समय में,
जमगसमगं } युगपत् ; (धम्म ११ टी ; णाया १,४ ; औप ; विपा १, १) ।
जमणिया स्त्री [**जमनिका**] जैन साधु का उपकरण-विशेष; (राज) ।
जमदग्गि पुं [**यमदग्नि**] तापस-विशेष, इस नाम का एक संन्यासी, परसुराम का पिता ; (पि २३७) ।
जमय देखो **जमग** । ५ न. अलंकार-शास्त्र में प्रसिद्ध अनुप्रास-विशेष ; ६ छन्द-विशेष; (पिंग) ।
जमल न [**यमल**] १ जोड़ा, युग्म, युगल ; (णाया १, १ ; हे २, १७३ ; से ५, ५६) । २ समान श्रेणि में स्थित, तुल्य पंक्ति वाला ; (राय) । ३ सहवर्ती, सहचारी; (भग १५) । ४ समान, तुल्य ; (राय ; औप) । °**ज्जुणभंजग** पुं [°**र्जुनभञ्जक**] श्रीकृष्ण वासुदेव ; (पण्ह १, ४) । °**पद**, °**पय** न [°**पद**] १ प्रायश्चित्त-विशेष ; (निचू १) । २ आठ अंकों की संख्या ; (पण्ण १२) । °**पाणि** पुं [°**पाणि**] मुष्टि, मुट्ठी; (भग १६,३) ।
जमलिय वि [**यमलित**] १ युग्म रूप से स्थित ; (राय)। २ सम-श्रेणि रूप से अवस्थित ; (णाया १, १ ; औप) ।
जमलोइय वि [**यमलौकिक**] १ यमलोक-संबन्धी, यम-लोक से संबन्ध रखने वाला ; २ परमाधार्मिक देव, असुरों की एक जाति ; (सुअ १, १२) ।
जमा स्त्री [**यामी**] दक्षिण दिशा ; (ठा १०—पत्र ४७८)।
जमालि पुं [**जमालि**] स्वनाम-ख्यात एक राज-कुमार, जो भगवान् महावीर का जामाता था, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी और पीछे से अपना अलग पन्थ निकाला था ; (णाया १, ८ ; ठा ७) ।
जमावण न [**यमन**] १ नियन्त्रण करना ; २ विषम वस्तु को सम करना ; (निचू १) ।

जमिअ वि [यमित] नियन्त्रित, संयमित, काबू में किया हुआ ; (से ११, ४१ ; सुपा ३) ।
जमुणा देखो जँउणा; (पि १७६ ; २५१) ।
जमू स्त्री [जमू] ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी का नाम ; (इक) ।
जम्म अक [जन्] उत्पन्न होना । जम्मइ ; (हे ४, १३६ ; षड्) । वकृ—**जम्मंत** ; (कुमा), "जम्मंतीए सोगो, वड्ढंतीए य वड्ढए चिंता" (सुक्र ८८) ।
जम्म सक [जम्] खाना, भक्षण करना । जम्मइ ; (षड्) ।
जम्म पुंन [जन्मन्]जन्म, उत्पत्ति; (ठा ६ ; महा; प्रासू ६०) ।
जम्मण न [जन्मन्] जन्म, उत्पत्ति, उत्पाद ; (हे १, १७४; गाया १, १ ; सुर १, ६) ।
जम्मा स्त्री [याम्या] दक्षिण दिशा ; (उप पृ ३७५) ।
जय सक [जि] १ जीतना । २ अक. उत्कृष्टपन से बरतना । जयइ ; (महा) । जयंति ; (स ३६) । संकृ—**जइत्ता**; (ठा ६) ।
जय सक [यज्] १ पूजा करना । २ याग करना । जयइ ; (उत्त २५, ४) । वकृ—**जयमाण** ; (अभि १२५) ।
जय अक [यत्] १ यत्न करना, चेष्टा करना । २ ख्याल करना, उपयोग करना । जयइ ; (उव) । भवि—जइस्सामि; (महा) । वकृ—**जयंत**; **जयमाण** ; (स २६० ; श्रा २६ ; ओघ १२४ ; पुप्फ २४१) । कृ—**जइयव्व** ; (उव ; सुर १, ३४) ।
जय न [जगत्] जगत्, दुनियाँ, संसार ; (प्रासू १५५ ; हे ६, १) । °**त्तय** न [°त्रय] स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक ; (सुपा ७६ ; ६५) । °**नाह** पुं [°नाथ] परमेश्वर, परमात्मा ; (पउम ८६, ६५) । °**पहु** पुं [°प्रभु] परमेश्वर ; (सुपा २८ ; ८६) । °**णंद** वि [°नन्द] जगत् को आनन्द देने वाला ; (पउम ११७, ६) ।
जय वि [यत] १ संयत, जितेन्द्रिय ; (भास ६५) । २ उपयोग रखने वाला, ख्याल रखने वाला ; (उत्त १ ; भाव ४) । ३ न. छठवाँ गुण-स्थानक ; (कम्म ४, ४८) । ४ ख्याल, उपयोग, सावधानता ; (गाया १, १—पत्र ३३), "जयं चरे जयं चिट्ठे" (दस ४) ।
जय पुं [जव] वेग, शीघ्र-गमन, दौड़ ; (पाअ) ।
जय पुं [जय] १ जय, जीत, शत्रु का पराभव ; (औप ; कुमा) । २ स्वनाम-प्रसिद्ध एक चक्रवर्ती राजा ; (सम १५२)। °**उर** न [°पुर] नगर-विशेष ; (स ६) । °**कम्मा** स्त्री [°कर्मा] विद्या-विशेष ; (पउम ७, १३६) । °**घोस** पुं [°घोष] १ जय-ध्वनि ; २ स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन मुनि; (उत्त २५) । °**चंद** पुं [°चन्द्र] १ विक्रम की बारहवीं शताब्दी का एक कन्नौज का अन्तिम राजा। २ पन्दरहवीं शताब्दी का एक जैनाचार्य ; (रयण ६४) । °**जत्ता** स्त्री [°यात्रा] शत्रु पर चढ़ाई ; (सुपा ५४१) । °**पडाया** स्त्री [°पताका] विजय का झंडा ; (श्रा १२) । °**पुर** देखो °उर ; (वसु) । °**मंगला** स्त्री [°मङ्गला] एक राज-कुमारी ; (दंस ३) । °**लच्छी** स्त्री [°लक्ष्मी] जय-लक्ष्मी, विजय-श्री ; (से ४, ३१ ; काप्र ७४३) । °**वंत** वि [°वत्] जय-प्राप्त, विजयी ; (पउम ६६,४६) । °**वल्लह** पुं [°वल्लभ] नृप-विशेष ; (दंस १) । °**संध** पुं [°सन्ध] पुण्डरीक-नामक राजा का एक मन्त्री ; (आचू ४) । °**संधि** पुं [°सन्धि] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (आव ४) । °**सद्द** पुं [°शब्द] विजय-सूचक आवाज; (औप)। °**सिंह** पुं [°सिंह] १ सिंहल द्वीप का एक राजा ; (रयण ४८) । २ विक्रम की बारहवीं शताब्दी का गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा, जिसका दूसरा नाम 'सिद्धराज' था ; "जेण जयसिंहदेवो राया भणिऊण सयलदेसम्मि" (मुणि १०६००) । ३ स्वनाम-ख्यात जैनाचार्य विशेष ; (सुपा ६५८), "सिरिजयसिंहो सूरी सयंभरीमण्डलम्मि सुप्रसिद्धो" (मुणि १०८७२) । °**सिरी** स्त्री [°श्री] विजय-श्री, जय-लक्ष्मी ; (भावम) । °**सेण** पुं [°सेन] स्वनाम-प्रसिद्ध एक राजा ; (महा) । °**ावह** वि [°ावह] १ जय को वहन करने वाला, विजयी ; (पउम ७०, ७ ; सुपा २३४) । २ विद्याधर-नगर विशेष ; (इक) । °**ावहपुर** न [°ावहपुर] एक विद्याधर-नगर ; (इक) । °**ावास** न [°ावास] विद्याधरों का एक स्वनाम-ख्यात नगर ; (इक) ।
जय पुंस्त्री [जया] तिथि-विशेष— तृतीया, अष्टमी और त्रयोदशी तिथि ; (जं १) ।
जय° देखो **जया**=यदा । °**प्पभिइ** अ [°प्रभृति] जब से, जिस समय से ; (स ३१६) ।
जयंत पुं [जयन्त] १ इन्द्र का पुत्र; (पाअ) । २ एक भावी बलदेव ; (सम १५४) । ३ एक जैन मुनि, जो वज्रसेन मुनि के तृतीय शिष्य थे ; (कप्प) । ४ इस नाम के देव-विमान में रहने वाली एक उत्तम देव-जाति ; (सम ५६)। ५ जंबूद्वीप की जगती के पश्चिम द्वार का एक अधिष्ठाता देव ; (ठा ४, २) । ६ न. देव-विमान विशेष ; (सम ५६) ।

७ जम्बूद्वीप की जगती का पश्चिम द्वार ; (ठा ४, २) । ८ रुचक पर्वत का एक शिखर ; (ठा ८) ।

जयंती स्त्री [जयन्ती] १ वल्ली-विशेष ; (पण्ण १) । २ सातवें बलदेव की माता ; (सम १५२) । ३ विदेह वर्ष की एक नगरी ; (ठा २, ३) । ४ अंगारक-नामक ग्रह की एक अग्र-महिषी ; (ठा ४, १) । ५ जम्बूद्वीप के मेरु से पश्चिम दिशा में स्थित रुचक पर्वत पर रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी ; (ठा ८) । ६ भगवान् महावीर की एक उपासिका ; (सम १२, २) । ७ भगवान् महावीर के आठवें गणधर की माता ; (आवम) । ८ अञ्जनक पर्वत की एक वापी ; (ती २८) । ९ नवमी तिथि ; (जं ७) । १० जैन मुनियों की एक शाखा ; (कप्प) ।

जयण न [यजन] १ याग, पूजा ; २ अभय-दान ; (पण्ह २, १) ।

जयण न [यतन] १ यत्न, प्रयत्न, चेष्टा, उद्यम ; "जयण-घडणा-जोग-चरित्तं" (अनु) । २ यतना, प्राणी की रक्षा ; (पण्ह २, १) ।

जयण वि [जवन] वेग वाला, वेग-युक्त ; (कप्प) ।

जयण्ण न [जयन] १ जीत, विजय ; (सुपा २६८ ; कप्पू) । २ वि जीतने वाला ; (कप्प) ।

जयण न [दे] घोड़े का बख्तर, हय-संनाह ; (दे ३, ४०) ।

जयणा स्त्री [यतना] १ प्रयत्न, चेष्टा, कोशिश ; (निचू १) । २ प्राणी की रक्षा, हिंसा का परित्याग ; (दस ४) । ३ उपयोग, किसी जीव को दुःख न हो इस तरह प्रवृत्ति करने का ख्याल ; (निचू १ ; सं ६७ ; ओघ) ।

जयद्दह पुं [जयद्रथ] सिन्धु देश का स्वनाम-प्रसिद्ध एक राजा, जो दुर्योधन का बहनोई था ; (णाया १, १६) ।

जया अ [यदा] जिस समय, जिस वक्त ; (कप्प ; काल) ।

जया स्त्री [जया] १ विद्या-विशेष ; (पउम ७, १४१) । २ चतुर्थ चक्रवर्ती राजा की अग्र-महिषी ; (सम १५२) । ३ भगवान् वासुपूज्य की स्वनाम-ख्यात माता ; (सम १५१) । ४ तिथि-विशेष—तृतीया, अष्टमी और त्रयोदशी तिथि ; (सुज्ज १०) । ५ भगवान् पार्श्वनाथ की शासन-देवी ; (ती ६) । ६ औषधि-विशेष ; (राज) ।

जयिण देखो **जइण**=जयिन् ; (पण्ह १, ४) ।

जर अक [जॄ] जीर्ण होना, पुराना होना, बूढ़ा होना । जरइ ; (हे ४, २३४) । कर्म—जीरइ, जरिज्जइ ; (हे ४, २५०) । वकृ—जरंत ; (भवि ८६) ।

जर पुं [ज्वर] रोग-विशेष, बुखार ; (कुमा) ।

जर पुं [जर] १ रावण का एक सुभट ; (पउम ५६, ३०) । २ वि. जीर्ण, पुराना ; (दे १, ४६) ।

जर वि [जरत्] जीर्ण, पुराना, वृद्ध, बूढ़ा ; (कुमा ; सुर ८६ ; १०४) । स्त्री—°ई ; (कुमा ; गा ४७६ अ) । °गव पुं [°गव] बूढ़ा बैल ; (बृह १ ; अनु ४) । °गावी स्त्री [°गवी] बूढ़ी गौ ; (गा ४९२) । °ग्गु पुं [°गु] १ बूढ़ा बैल ; २ स्त्री. बूढ़ी गौ ; "जरग्गु व्व जरग्गवो पडिअो" (पउम ३३, १६) ।

जर° देखो **जरा** ; (कुमा ; अंत १६ ; वव ७) ।

जरंड वि [दे] वृद्ध, बूढ़ा ; (दे ३, ४०) ।

जरग्ग वि [जरत्क] जीर्ण, पुराना ; (अनु ५) ।

जरठ वि [जरठ] १ कठिन, परुष ; २ जीर्ण, पुराना ; (णाया १, १—पत्र ५) । देखो **जरढ** ।

जरड वि [दे] वृद्ध, बूढ़ा ; (दे ३, ४०) ।

जरढ देखो **जरठ** ; (पि १६८ ; से १०, ३८) । २ प्रौढ़, मजबूत ; (से १, ४३) ।

जरय पुं [जरक] रत्नप्रभा नामक नरक-पृथिवी का एक नरकावास ; (ठा ६—पत्र ३६५) । °मज्झ पुं [°मध्य] नरकावास-विशेष ; (ठा ६) । °वत्त पुं [°वर्त] नरकावास-विशेष ; (ठा ६) । °विसिट्ठ पुं [°विशिष्ट] नरकावास-विशेष ; (ठा ६) ।

जरलद्धिअ }
जरलविअ } वि [दे] ग्रामीण, ग्राम्य ; (दे ३, ४४) ।

जरा स्त्री [जरा] बुढ़ापा, वृद्धत्व ; (आचा ; कम्म ; प्रासू १३४) । °कुमार पुं [°कुमार] श्रीकृष्ण का एक भाई ; (अंत) । °संध पुं [°सन्ध] राजगृह नगर का एक राजा, नववाँ प्रतिवासुदेव, जिसको श्री कृष्ण वासुदेव ने मारा था ; (सम १५३) । °सिंध पुं [°सिन्ध] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (पण्ह १, ४—पत्र ७२) । °सिंधु पुं [°सिन्धु] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (णाया १, १६—पत्र २०६ ; पउम ५, १५६) ।

जराहिरण (अप) देखो **जल-हरण** ; (पिंग) ।

जरि वि [ज्वरिन्] बुखार वाला, ज्वर से पीड़ित ; (सुपा २४३) ।

जरि वि [जरिन्] जरा-युक्त, वृद्ध, बूढ़ा ; ([illegible] ; उर ३, १५) ।

जरिअ वि [ज्वरित] ज्वर-युक्त, बुखार वाला ; (गा [illegible] ; सुपा [illegible]) ।

जल अक [**ज्वल्**] १ जलना, दग्ध होना। २ चमकना। जलइ; (महा)। वकृ—**जलंत** ; (उवा; गा २६४)। हेकृ— **जलिउं**; (महा)। प्रयो, वकृ —**जलिंत** ; (महानि ७)।

जल देखो **जड** ; (श्रा १२ ; श्राव ४)।

जल न [**जाड्य**] जड़ता, मन्दता ; " जलधोयजललेवा" (सार्ध ७३ ; से १, २४)।

जल पुं [**ज्वल**] देदीप्यमान, चमकीला ; (सूअ १, ५, १)।

